गृहे पिता यद्यपि सामवेदगो-
ध्यजीगपद्याजुषमन्त्रविस्तरम् ।
तथापि धीमान्स जगाम पूर्तये
समस्तवेदाध्ययनस्य सद्व्रतः ॥२॥

यद्यपि उनके पिता सामवेद जानते थे और उन्होने उनको यजुर्वेद पढाया भी, पर तोभी सांगोपाग चारो वेद पढने के लिए व्रत धारण करके ये बाहर चले ही गये ॥ २ ॥

न मातरं नो पितरं न बान्धवान्
स बोधयामास निजाङ्गतिं कृती ।
भुवस्तले कीर्तिमुपेयुषो नवां
यतोन्तरायाः प्रभवन्ति बान्धवाः ॥३॥

जाने के समय उन्होने अपना अभिप्राय माता-पिता आदि बाधवो से कहना अच्छा न समझा, क्योकि जगत् म कीर्ति चाहनेवालो के लिए बान्धव विघ्नरूप होते हैं ॥ ३ ॥

क्व गेहमोहः क्व च बान्धवस्मृतिः
क्व शोकदारिद्र्यभयानि भूतले ।
भवन्ति भव्यार्थविचारशालिनां
मनोविकारप्रभवा हि ते यतः ॥४॥

विचारशीलों के लिए घर का मोह, बन्धुओ का याद आना, शोक, दारिद्र्य, भय आदि कुछ नहीं हुआ करते, क्योकि यह सब मन के विकार से उत्पन्न होते हैं ॥ ४ ॥

स वंशबुद्धिर्भवनाद्विनिर्गतो-
विचारयामास पुरः पुरान्तरं ।
किमत्र कर्तव्यमनन्तसौख्यदं
मयामरत्वाय महीतलेचिरात् ॥५॥

बाँस के समान तीक्ष्ण बुद्धिवाले ऋषि घर से निकल कर किसी दूसरे गाँव मे जाबैठे। वे वहाँ बैठ कर यह सोचने लगे कि मनुष्य अमर पदवी को कैसे प्राप्त कर सकता है ॥ ५ ॥

तदेव कर्तव्यमिहास्ति भूतले
जनेन लब्ध्वा जनिमुत्तमे कुले ।
निसर्गरम्या नवकीर्तिसन्तति-
र्भवेद्यथा सभ्यजनेषु निश्चला ॥६॥

इस भूतल में उत्तम कुल में जन्म लेकर मनुष्य को वही कर्म करना उचित है जिससे सभ्यजनो में अपनी कीर्ति निश्चल बनी रहे ॥ ६ ॥

तथा न काचित्किल कल्पना यथा
समस्तमिष्टं प्रभवेन्नृणां यथा ।

अशेषकाम्यार्थफलोपधायिनी
सुधेव विद्या सकलेष्टकामधुक् ॥७॥

जैसी समस्त वांछित फलो की देनेवाला अमृत के तुल्य विद्यारूपिणी कामधेनु है वैसा अन्य कोई पदार्थ नही दीखता ॥ ७ ॥

इति स्वचेतस्यवधार्य सर्वथा
स मुक्तबन्धो जगदेकशासकः ।
तथामरत्वाय चकार शेमुषीं
यथा न चक्रे किल कोपि मानवः ॥८॥

समस्त बन्धनो से मुक्त और जगत् के एक मात्र शासक ऋषि इसी तरह मन में विचार कर अमर होने के लिए ऐसा उपाय सोचने लगे कि जैसा आज तक किसी मनुष्य ने नही सोचा ॥ ८ ॥

बहूनि वेदाङ्गमयानि पुस्तका-
न्यधीत्य कालाल्पतयैव बुद्धिमान् ।
मुदैव मेने वसितिं स्वहृद्गतां
समस्तवेदस्य विचित्रविक्रमः ॥९॥

थोडेही समय में बहुत से निरुक्तादि वेदांगो को पढकर विशिष्ट शक्ति होने से समस्त वेदो की पूर्ति को अपने मन में मानने लगे अर्थात् शीघ्रही समस्त वेदो को मैं पढलूंगा ऐसा साहस करने लगे ॥ ९ ॥

यमीश्वरो वाञ्छति वेदपारगं
विधातुमुत्कृष्टधियातिसत्वरम् ।
नियोजयत्यान्तरतम्यभावना-
वशादिवोदारपरिश्रमे स तम् ॥१०॥

जिस पुरुष को परमात्मा वेद का पारगत बनाना चाहता है उसको विशेष दया से निर्मल बुद्धि देकर शीघ्रही परिश्रम करने मे लगा देता है ॥ १० ॥

यदा निजं नव्यवपुर्मदालसं
परिश्रमे शास्त्रगते समालभत् ।
तदा स्ववेषस्य विपर्यये मनो-
ददौ स धीमानभिधापदस्य च ॥११॥

जब वे अपने नवीन शरीर को शास्त्र के परिश्रम में आलस्ययुक्त देखने लगे तब धैर्य द्वारा मन को रोक निज वेश तथा नाम के बदलने में प्रवृत्त हुए ॥ ११ ॥

कुतोपि दैवादधिगत्य नैष्ठिकं
स वर्णिनं वर्णितमुत्तमैर्जनैः ।
अवाप दीक्षां यतिवस्त्रधारिणीं
विशुद्धचैतन्यपदं च निर्भयम् ॥१२॥

उसी समय कहीं से एक नैष्ठिक ब्रह्मचारी दैवयोग से वहाँ आगये। उन्हीं से ऋषि ने दीक्षा ली, काषाय वस्त्र धारण किये और शुद्ध चैतन ब्रह्मचारी नाम रखाया ॥ १२ ॥

कषायधारी कमनीयकामनः
करेष्युपात्तैककमण्डलुर्यतिः ।
प्रचक्रमे सिद्धपुरं स सिद्धये
सरस्वतीतीरगतं महामनाः ॥१३॥

इसके बाद काषायवस्त्रधारी, मङ्गल कामनावाले ऋषि कमण्डलु हाथ में लेकर अपनी इष्टसिद्धि के लिए सरस्वती के तट पर बसे हुए सिद्धपुर नामी नगर मे पहुँचे ॥ १३ ॥

भ्रमन्सरस्वत्युपकण्ठपत्तने-
ष्वयं सदण्डेषु यतिष्वनन्तरम् ।
चचार दण्डग्रहणैककामनो-
निगूहयन्स्वं मनुजेभ्य आदृतः ॥१४॥

वे दण्डी सन्यासियों के साथ गाँव गाँव फिरते थे और दण्ड ग्रहण करना चाहते थे। जब उनके कुटुम्बी जन उन को ढूँढने के लिए आते थे तब वे छिप जाते थे ॥ १४ ॥

विचारयत्येव यतौ स्वबान्धवान्
समागतास्ते परितोन्ववेष्टयन् ।
मुनिं मनुष्यादिसुरक्षणोद्यमैः
परं ततोपि प्रजगाम यत्नतः ॥१५॥

परन्तु एक दिन वे बहुत छिपे, तो भी उनके बान्धवों ने उनको गुप्त रीति से आ घेरा। किन्तु अपनी चतुरता और यत्न से वे वहाँ से भी वन को चले गये ॥ १५ ॥

शुचान्वितो बान्धवसज्जनोपि तं
यदा विचिन्वन्न समालभत्पदम् ।
तदा परावृत्य निराशतामगा-
त्तदीयसम्मेलनभाषणादिषु ॥१६॥

वन जाने के अनतर अन्वेषण के लिए इधर उधर निकले हुए बाँधवों ने जब उनको न पाया तब उनसे निराश हो कर वे अपने घर को लौट गये ॥ १६ ॥

स वर्णिवेशोपि सवर्णितां गतः
समानवर्णैर्बहुवर्णिभिर्यतिः ।
सवर्णभावं न जहौ सवर्णिनां-
विवर्णभावेपि सवर्णशासनात् ॥१७॥

ब्रह्मचर्य व्रत धारण करने की अवस्था मे स्वामी दयानन्द जैसा वेश रखते थे वैसा ही वेश उनके और साथी ब्रह्मचारी भी रखते थे किन्तु उनके कितने ही साथी ब्रह्मचारियों ने अपना वेश बदल लिया परन्तु स्वामी दयानन्द ने अपना वेश पूर्ववत् ही स्थिर रक्खा, बदला नहीं ॥ १७ ॥

न योगमार्गेण विना स्थिरम्मनो-
भविष्यतीति प्रविचार्य मानसे ।
विशुद्धभावादरमाश्रमान्तरे
ययौ स सत्सङ्गतये च धार्मिकः ॥१८॥

बिना योगाभ्यास के मन कदापि स्थिर न होगा ऐसा निश्चय कर के वे सन्यास धारण तथा सत्संग-द्वारा योग सीखने के लिए दक्षिण देश को गये ॥ १८ ॥

स वर्द्धमानादिपुरेषु विश्रम-
न्न वाप पूर्वं किल चेतनं मठम् ।
नवीनवेदान्तिषु वादकल्पनां
प्रवर्तयन्नैजबलेन वेगवान् ॥१६॥

मार्ग में वर्धमान आदि नगरो मे विश्राम लेते हुए ब्रह्मानदादि नवीन वेदातियो के साथ विवाद करते करते वे सब से पहले चेतनमठ में पहुँचे ॥ १९ ॥

समेत्य यत्नेन यतिं महामतिं
विजित्य शास्त्रैकविचारकल्पनैः ।
चिदाश्रमाद्यैर्विवदन्समाश्रिता
सुनर्मदातीरवनस्थपद्धतिः ॥२०॥

वहाँ जाकर आपने वहीं रहते हुए सच्चिदानद परमहस को शास्त्रार्थ में जीत कर चिदाश्रम आदि सन्यासियो के साथ विवाद करते करते नर्मदातट के वन का मार्ग लिया ॥ २० ॥

तटे तदीये बहुभिः प्रकल्पयन्
स शास्त्रचर्चां सह नम्रसाधुभिः ।
प्रकल्पयामास निवासमुत्तमं
महात्मनां संगतिमेत्य दुर्लभाम् ॥२१॥

उस नर्मदा के तट पर बहुत से महानन्दादि नग्न परमहंसो के साथ शास्त्रचर्चा करते हुए उनके सगम को उत्तम जान वे कुछ दिन वहीं निवास करने लगे ॥ २१ ॥

नवीनवेदान्तमयानि पुस्तका-
न्यधीत्य तत्रैव कुतोपि कानिचित् ।
प्रसङ्गतः प्राप्तमुदारदर्शनं
यतिं प्रपेदे परतः सदण्डकम् ॥२२॥

वहीं पर परमानद नामक एक परमहस से वेदात परिभाषा आदि कुछ पुस्तको को पढ़कर वे अकस्मात् आये हुए उदारदर्शन दडी पूर्णानद सरस्वती से मिले ॥ २२ ॥

निजान्नु तस्मै विनिवेद्य सम्मतिं
निरोधितोपि श्रुतिचोदनादिभिः ।
स तेन संन्यासपदं यथाक्रमं
विधेर्विधानादलभत्ततो यमी ॥२३॥

उनके सामने अपनी इच्छा प्रकट करके उनके मना करने पर भी आपने उन्हींसे विधिपूर्वक सन्यास धारण कर "स्वामी दयानन्द सरस्वती" नाम पाया ॥ २३ ॥

निजस्य वेशस्य विपर्ययन्तथा
शुभस्य नाम्नोपि विधाय निर्भयः ।
समस्तलोकव्यवहारविस्तरे
निजं मनो योगपथे न्यवेशयत् ॥२४॥

अपने वेश तथा नाम को पलट कर समस्त लोक-व्यवहारों में निर्भय हो कर वे अपने मन को योग मार्ग मे लगाने लगे ॥ २४ ॥

स चापि दत्वा विधिवन्महात्मने
यतित्वदीक्षां महितः सदण्डकाम् ।

परां च सर्वोपनिषद्गतिं मुदा
जगाम तीर्थाटनबद्धनिश्चयः ॥२५॥

वे पूर्णानद भी उनके लिए विधिपूर्वक सदण्ड सन्यास-दीक्षा और उपनिषद् रूप परा विद्या को भी देकर आनदपूर्वक तीर्थाटन के लिए चले गये ॥ २५ ॥

परोपकारैकपरः क्व सद्गुरुः
क्व चापि दीक्षावसरः क्व सङ्गमः ।
समस्तमेतत्परमात्मना कृतं
निजेच्छया भाति विचारणे कृते ॥२६॥

कहाँ ऐसे परोपकारी गुरु का मिलना ! कहाँ दीक्षा का होना ! और कहाँ दोनों का परस्पर मिलना ! ये सब बातें ईश्वर ने अपनी इच्छा से ही इकट्ठी करदीं ॥ २६ ॥

समुद्रमध्यादवसानतोदिशा-
मथान्तरीपादुत वा नभस्तलात् ।
झटित्यभीष्टं घटयत्ययन्त्रितः
समक्षमेकान्तमुपागतो विधिः ॥२७॥

जब विधाता अनुकूल होता है तब मनुष्य का काम, चाहे वह समुद्र की नीची तह में हो या आकाश के ऊँचे से ऊँचे परदे पर, शीघ्र ही सिद्ध हो जाता है ॥ २७ ॥

स चापि योगाश्रममाप्य यत्नत-
स्तदेकनिष्ठं विधिनानुमोदितः ।
अशिक्षतानुत्तमसौख्यसत्फलं
सुयोगमार्गं मदनप्रणाशनम् ॥२८॥

स्वामी दयानन्द भी, ईश्वर के अनन्य भक्त और योगी योगाश्रमजी को पाकर उनसे उत्तम सुखदायक और मदनविनाशक योग-विद्या को सीखने लगे ॥ २८ ॥

कृतासनं धारणयानुयन्त्रितं
समाधिमद्ध्यानपरं यमोज्ज्वलम् ।
निरोधयन्तं मरुतोन्तरस्थिता-
निमं न के योगिजनास्तदाभ्ययुः ॥२९॥

जिस समय स्वामी दयानन्द आसन लगा कर समाधि लगाते और धारणा के बल से ध्यान में मग्न हो कर प्राणायाम करते थे तब उनके दर्शन करने के लिए अनेक योगी जन आते थे ॥ २९ ॥

विहाय तत्रैव स दण्डविक्रिया-
मितस्ततो विश्रुतपण्डितव्रजः ।
समस्तवेदाङ्गविलोकनोत्सवे
कृतोद्यमोभूदतिपुण्यदर्शनः ॥३०॥

उसी योगाश्रम में दण्ड त्याग कर, आस पास पण्डितो को सुनते हुए वे समस्त वेदांगो के पढने के लिए उद्यत हुए ॥ ३० ॥

अधीत्य योगागममागमोत्तमं
समध्यगीष्टायमथैकपण्डितात् ।
नवामलं व्याकृतिविस्तृतिं तथा-
वशिष्टवेदागमपद्धतिं च ताम् ॥३१॥

शास्त्रो में उत्तम योगदर्शन को पढ, आप फिर कृष्ण शास्त्री से नवीन व्याकरण और अवशिष्ट वेदो को भी पढते रहे ॥ ३१ ॥

यथा यथा यत्र च या नवा कला
समीक्षिता तेन कुशाग्रबुद्धिना ।
तथा तथा तत्र च सा कलाचिरा-
दशिक्षि शिक्षाविनयेन सुन्दरी ॥३२॥

जो जो जैसी जैसी नवीन कला जहाँ जहाँ पर आपने देखी वह वह कला वहाँ वहाँ से यथोचित विनयपूर्वक ग्रहण की ॥ ३२ ॥

न सर्वलोकः किल सर्वविद्भव-
त्ययं नयो यो जगतीतलेचलः ।
तमेव मत्वा स चचार चारवत्
स्वकार्यसिद्धिप्रवणैकसाधनः ॥३३॥

'सर्वः सर्वं न जानाति" यह दृष्टान्त जो आज कल जगत् में स्थिर है उसी को विचार कर निज कार्य-सिद्धि के लिए आप दूत की तरह भ्रमण करते रहे ॥ ३३ ॥

अथ प्रसङ्गादधिगत्य योगिनौ
पुनः स योगं सकलं सदर्शनम् ।
समीक्ष्य विद्योपगमाय यत्नत-
स्ततोर्बुदं नाम जगाम पर्वतम् ॥३४॥

फिर स्वामी दयानन्द सरस्वती प्रसग से ज्वालानन्द शिवानन्द इन दोनो योगियो से योगदर्शन को दुबारा पढ कर विद्योपार्जन के लिए आबू पहाड को चले गये ॥ ३४ ॥

अगोत्तमे तत्र स राजयोगिभिः-
समं समास्थाय सुखेन साधनैः ।
सुदुस्तरान्योगसमाधिविस्तरा-
नवाप्य तस्मादपरं ययौ गिरिम् ॥३५॥

उस आबू पर भवानीगिरि आदि बडे बडे योगियो के साथ रह कर उनसे अतिदुर्लभ समाधि क्रिया को सीख कर फिर वहाँ से भी भवानीशिखर को चले गये ॥ ३५ ॥

समेत्य तत्पण्डितमण्डलीगतः
समस्तशास्त्राणि सहाङ्गकैरयम् ।
विविच्य तेभ्योधिकविद्बभूव किं
न वा दयानन्दसरस्वती यतिः ॥३६॥

वहाँ पहुँच कर अनेक विद्वानो मे रहते हुए अग सहित छः शास्त्रो को पढ कर क्या वे उनसे अधिक न हुए ? ॥ ३६ ॥

इति क्रमेणाप्य स वाङ्मयोदधेः
परं तटं योगबलेन सत्वरम् ।
निजोन्नतौ दत्तमनास्तथाभव-
द्यथा न कोप्यस्य पुरोभवत्परः ॥३७॥

इस प्रकार वे अपने योगबल से वाङ्मय समुद्र (विद्यासमुद्र) के दूसरे तट पर पहुँच कर अपनी उन्नति मे इस प्रकार लगे रहे कि आज तक उनकी समता किसी ने नहीं की ॥ ३७ ॥

अलम्भि या यत्र नवा कला सता
खवह्निवर्षावधि तेन तत्र ताम् ।
विनीतभावेन समेत्य दर्शिता
निजश्रमस्याधिकता भुवस्तले ॥३८॥

तीस वर्ष की अवस्था तक उनकी यह दशा रही कि जब और जहाँ कोई अच्छी बात उन्हें मिली उसे उन्होने बडी नम्रता से ग्रहण किया। उन्होंने जगत् में अपने परिश्रम की पराकाष्ठा दिखादी ॥ ३८ ॥

दिगम्बरीभूय दिगम्बरैरयं
वृतः समन्तादनुगामिभिस्ततः ।
जगाम कुम्भस्य दिदृक्षया द्रुतं
पुरं हरेर्जह्नुसुतातटस्थितम् ॥३९॥

फिर वे कौपीनमात्रधारी (दिगम्बर) हो कर अन्य दिगम्बर अनुयायियो के साथ कुम्भ देखने की इच्छा से हारेद्वार पधारे ॥ ३९ ॥

निनाय तत्रैव दिनानि कानिचित्
सचण्डिकापर्वतगह्वरोदरे ।

नवीनयोगाभ्यसनक्रियाकला-
निविष्टचेता बहुसाधुभिः समम् ॥४०॥

नवीन योग-क्रिया मे दत्तचित्त हो कर वे हरिद्वार में चडी पर्वत पर बहुत साधुओ के साथ कुछ दिन व्यतीत करते रहे ॥ ४० ॥

गते समस्ते जनताजने पुन-
र्दिदृक्षया दिग्वसनो यतीश्वरः ।
शुभं हृषीकेशमगात्स्वसिद्धये
विहाय सर्वानपि सङ्गमाश्रितान् ॥४१॥

कुम्भ का मेला समाप्त होने पर जब सब लोग अपने अपने घर जाने लगे तब वे भी योग की पुष्टि के लिए साथियो को वहीं छोड कर हृषीकेश चले गये ॥ ४१ ॥

दिनानि तत्रापि बहूनि संवस-
न्यदृच्छया संगतिमागतौ नवौ ।
स पार्वतीयौ समुपेत्य वर्णिनौ
जगाम टीरीनगरं नगाश्रितम् ॥४२॥

वहाँ वे बहुत दिन तक रहे। वहाँ भी उनके पास बहुत से ब्रह्मचारी आकर इकट्ठे हो गये। फिर वे उन्हीं ब्रह्मचारियो के साथ पर्वत पर बसे हुए टिहरी नगर को चले गये ॥ ४२ ॥

निमन्त्रितस्तत्र जनैर्यथायथं
गतागतैर्भोजनवस्तुसंगताम् ।
अशुद्धतामीक्ष्य घृणामुपेयिवा-
न्न शुद्धिभाजो विरमन्त्यशुद्धिषु ॥४३॥

वहाँ पर लोग उन्हें अपने घर लेजा लेजा कर भोजन कराने लगे। पर उन लोगों के घरो की अशुद्धता को देख कर उनको बडी घृणा हुई। क्योंकि शुद्धि से रहनेवालो को अशुद्धि में प्रसन्नता नहीं होती ॥ ४३ ॥

रसादनिच्छन्नपि वासमात्मवित्
स तत्र देशव्यवहारपद्धतेः ।
समक्षभावेन परीक्षणेच्छया
निनाय कालं कमपि क्रमागतम् ॥४४॥

यद्यपि वहाँ पर अधिक रहने की उनकी इच्छा न थी तथापि वहाँ के रीति-व्यवहारों के देखने और जानने की इच्छा से वे कुछ दिन तक वहाँ ठहरे रहे ॥ ४४ ॥

विलोक्य सर्वाण्यपि तन्त्रपुस्तका-
न्ययं सुखेनात्र यतीश्वरो घृणाम् ।
गतः परामामिषमद्यवर्णनै-
रतोहि लक्ष्मीनगरं समागमत् ॥४५॥

वहाँ पर उन्होंने सब तन्त्र-ग्रन्थों को देख डाला। उनमें लिखी हुई मास-मद्य की बातों को पढ कर उनके जी में बडी घृणा हुई। फिर वे वहाँ से श्री-नगर चले गये ॥ ४५ ॥

क्रमेण केदारतटे कृतालयो-
बुधेन गङ्गागिरिणा समं कृती ।
चकार शास्त्रादिषु वादकल्पनां
मुदैव मासद्वितयं स सन्मतिः ॥४६॥

वहाँ उन्होंने केदारघाट को अपना निवास स्थान बनाया और वहीं के रहने वाले गंगागिरि के साथ शास्त्र-विचार करते हुए वे कोई दो मास तक वहीं रहे ॥ ४६ ॥

ततः परं तेन समं महात्मभि-
र्गतेन रुद्रादिपुरीषु संस्थितिम् ।
दिनैककंकल्पयता मुनिस्थली
नगोदरीभूतदरीव सेविता ॥४७॥

वहाँ से चल कर उन्होने महात्माओं के साथ रुद्र प्रयागादि नगरों में एक एक दिन व्यतीत कर पर्वतो में गुहा के समान गुप्त अगस्त्य मुनि के सिद्धाश्रम का सेवन किया ॥ ४७ ॥

शरदृतुं तत्र समाप्य साधनै-
स्ततः परावृत्य यथाक्रमं कृती ।
स गुप्तकाश्यादिषु संवसन्ययौ
हिमालयं सज्जनमार्गणोद्यतः ॥४८॥

वहाँ पर योग साधन द्वारा शरद् ऋतु को बिता कर लौटते समय गुप्त काशी आदि स्थलो में विश्राम ले कर वे सज्जनो की खोज में हिमालय पर चढने लगे ॥ ४८ ॥

यथाकथञ्चित्कतिचिद्दिनान्यहो-
नयन्स तत्रापि विचारवर्द्धनैः ।
महात्मनामेव विलोकनेच्छया
समारुरोहाचलमभ्रसुन्दरम् ॥४९॥

वहाँ पर भी विचार करते हुए वे कुछ दिन बिता कर, सिद्धो के दर्शनो की इच्छा से, मेघो से सुन्दर तुंगनाथ पर्वत पर चढे ॥ ४९ ॥

निरीक्ष्य तत्रातिवनानि तत्परं
मठांश्च नानाविधसिद्धसेवितान् ।
जगाम सोरं बदरीवनाश्रमं
बृहन्नदीर्बाहुबलेन दारयन् ॥५०॥

वहाँ पर अनेक वन और नानाविध मठो को देखते हुए विशेष लाभ के लिए नदियो को पैर कर बदरिकाश्रम गये ॥ ५० ॥

निवासमाकल्पयता महात्मना
सुखेन तस्मिन्बदरीवने शिवे ।
व्यधायि चर्चाखिलवेदविस्तरे
निजोचिता रावलयोगिना समम् ॥५१॥

उन्होने वहाँ पर भी एक रात्रिभर निवास कर वहाँ के रहनेवाले रावल योगी के साथ समस्त वेद विषय मे विचार किया ॥ ५१ ॥

पुनर्दिदृक्षावशतो दिनोदये
समेत्य कूटं हिमवत्परिभ्रमन् ।
ददर्श साभ्रानचलान्न कुत्रचित्
स योगिनां वासमतोवतीर्णवान् ॥५२॥

सूर्योदय के समय फिर वहाँ से सिद्धो की दिदृक्षा से पर्वत के शिखर पर चढ कर जब उन्होने हिमालय के सिवा और कुछ न देखा तब वे धीरे धीरे नीचे को उतरने लगे ।। ५२ ।।

नदीं समुत्तीर्य गतः परंतटं
यदा न तत्राप्यवलोकयत्सुधीः ।
समाधिनिर्धूतमलान्स योगिनो-
निजाश्रमं गन्तुमनास्तदाभवत् ॥५३॥

मार्ग मे एक नदी आगई । उसको पैर कर वे परली पार चले गये । जब वहाँ भी कोई योगी न मिला तब वे बदर्याश्रम को लौट आये ॥ ५३ ॥

दिनात्यये सद्बदरीवनेमुना
हिमादनं यत्परिकाल्पितं क्षुधा ।
तदेव मूर्च्छोदयकारणं मुने-
र्बभूव देहान्तकरं सुदुःसहम् ॥५४॥

बदर्याश्रम में पहुँच कर जब उनको भूक लगी तब सन्ध्या समय उन्होंने बर्फ खालिया । उसके खाने से उनको प्राणान्तक वेदना हुई और मूर्च्छा भी हो आई ॥ ५४ ॥

जनद्वयं दैववशादुपागतं
समीक्ष्य ताभ्यां सममेव तद्गृहम् ।

तदाययावर्थनया ततः परं
जगाम तीर्थान्तरमुद्यमोद्यतः ॥५५॥

उनकी मूर्च्छा दूर हुई ही थी कि इतने मे कहीं से दो आदमी उनके पास आये। उन्होंने स्वामीजी को अपने घर लेजाने के लिए उनसे बहुत प्रार्थना की। स्वामीजी उनके घर चले गये। रात भर रह कर फिर वे वहाँ से भी चल दिये॥ ५५॥

स सङ्गमे सङ्गतिमाप्य योगिनां
प्रसिद्धमेकं वसुधाभिधं पुरम्।
प्रचक्रमे स्वल्पनदीसमुद्भवे
न धर्मभाजो विरमन्ति दुःखतः ॥५६॥

नदियो के सगम के साथ ही साथ उनको योगियो का भी समागम होता गया। वहाँ से फिर वे सिद्धपथ जाने की तैयारी करने लगे। वे दु:खों से नहीं घबराते थे, क्योकि धर्मात्मा जन दुःखो से नही हटा करते॥ ५६॥

अवाप्य तत्रापि गतिप्रयोजनं
ततोऽग्रगं मार्गमलभ्य धैर्यतः।
अवातरत्तं क्रमशो हिमालयं
निजेष्टसंसिद्धिमुदानुमोदितः ॥५७॥

जब सिद्धपथ मे पहुँच कर भी उनके जाने का प्रयोजन सिद्ध न हुआ—वहाँ भी कोई सिद्ध योगी न मिला—तब वे धीरे धीरे हिमालय से नीचे उतरने लगे, क्योकि वहाँ से आगे जाने का मार्ग ही दिखाई न देता था॥ ५७॥

अवाप्य मध्येवसितिस्थलं शिवं
निशां च तत्रैव निवार्य तद्गतम्।
महर्षिमभ्येत्य स नैजनिश्चयं
स्थिरीचकार स्थविरोपमं मुनिः ॥५८॥

मार्ग में एक नये स्थान में आकर आपने रात्रि व्यतीत की और वहाँ के निवासी एक अतिवृद्ध महर्षि के सामने अपने विचारो को दृढ़ किया॥ ५८॥

पुनस्ततो दुर्गमकाननान्यटन्
दिनात्यये रामपुरान्तरास्थिते ।
नवाश्रमे रामगिरेरवस्थितिं
चकार तस्मादगमत्स सागरम् ॥५६॥

वहाँ से चल कर जगलो मे घूमते घामते वे सायकाल रामपुर के नवीन रामगिर्याश्रम मे पहुँचे । वहाँ रात्रि भर निवास करके फिर वे द्रोणसागर चले गये ॥ ५९ ॥

क्रमेण काशीपुरसंश्रिते वने
शरदृतोः कानिचिदप्ययं यमी ।
निनाय योगेन दिनानि तत्परं
मतिं प्रचक्रे मरणाय निश्चिताम् ॥६०॥

द्रोणसागर से चल कर फिर वे काशीपुर में पहुँचे । शरत्काल के कुछ दिन उन्होने वहीं बिताये । फिर उन्होने योगद्वारा शरीरत्याग करने का निश्चय कर लिया ॥ ६० ॥

परं विचारादवरुध्य तां मतिं
परोपकारैकमना यतीश्वरः ।
यथाकथञ्चिन्नगरेषु संवस-
न्नवाप गङ्गातटमुच्चसैकतम् ॥६१॥

परन्तु विचार करके उन्होने उस इच्छा को रोक दिया और वे परोपकार के लिए उद्यत हो गये । मुरादाबाद आदि नगरों मे कुछ दिन विश्राम लेकर फिर वे भागीरथी गगा के तट पर विचरने लगे ॥ ६१ ॥

निवासबुद्धिं परिकल्प्य तत्तटे
नवीनयोगभ्रमपारवश्यतः ।
शवं चलन्तं कमले दिदृक्षया
व्यदारयच्चक्रविशेषमण्डले ॥६२॥

गगा के तट पर रहते हुए उन्होने बहते हुए एक मुर्दे के मस्तक और छाती को चीरा और यह देखना चाहा कि आज कल के योग-ग्रन्थो से शारीरिक का मिलान होता है या नहीं ॥ ६२ ॥

अलभ्य तच्चक्रगतीवयत्नतो-
मनुष्यसंवर्धितसर्वपुस्तके ।
नितान्तमिथ्यामतिमेव सर्वशः
स्थिरीचकार क्रमशो यथोचिताम् ॥६३॥

उन्होने बहुत यत्न किये परन्तु मनुष्य कल्पित सब ग्रन्थो को उन्होने मिथ्या पाया । तब से उनका यही निश्चय हो गया ॥ ६३ ॥

वसन्पुनस्तत्र दिनानि कानिचि-
न्नदीतटे निर्मलबालुकोच्चिते ।
यथायथं प्रारभताप्रमेयभो-
गतिं पवित्रीकृतभूतलो मुनिः ॥६४॥

मुर्दो की परीक्षा करके आप कुछ दिन वही रहे और फिर पवित्र बालुकामय गगा-तट पर आपने भ्रमण करना आरम्भ किया ॥ ६४ ॥

दिनद्वयं कुत्रचिदेकवासरं
दिनाष्टकं वा तटिनीतटे वसन् ।
स योगिवर्यो मुनिदर्शनेच्छया
जगाम वेगादिव नार्मदं तटम् ॥६५॥

इसी तरह भ्रमण करते करते कहीं एक दिन, कहीं दो दिन गगा तट पर ठहरते ठहरते महात्माओ के दर्शनो की लालसा से नर्मदा चले गये ॥६५॥

परिश्रमादाप्य मुनिव्रजोचितं
स नर्मदातीरवनं तदन्तरे ।
ददर्श भल्लूकमतीवभीषणं
समक्ष एवागतमुत्तरोत्तरम् ॥६६॥

बड़े परिश्रम से वे मुनियों के निवास करने योग्य नर्मदा-तट पर पहुँचे। वहाँ जंगल में जाते समय सामने उनको एक रीछ आता दिखाई दिया ॥ ६६ ॥

विमोचयंस्तद्वदनात्स्वजीवनं
सहाययोगेन ततोतिगह्वरम् ।
विवेश भीमं वनमेकसत्पथा
वपुर्लघूकृत्य सरीसृपो यथा ॥६७॥

अपने साहस और भीलों की सहायता से रीछ से बच कर फिर वे एक अति गहन वन में पहुँचे। वहाँ संकीर्ण स्थान होने के कारण साँप के समान छाती के बल लोट लोट कर भीतर चले गये ॥ ६७ ॥

यथाकथञ्चित्क्वचिदुन्नतोभवन्
क्वचिद्विनम्रः स वनान्तभूमिषु ।
महात्मभिः साकमुवास विभ्रमद्-
गवीषु वर्षत्रयमेकमानसः ॥६८॥

वह स्थान बड़ा विषम था। कहीं ऊँचा था और कहीं नीचा। उस वन के अन्त भाग में पहुँच कर वे कोई तीन वर्ष तक महात्मा जनों के साथ उसी नर्मदा तट पर रहे ॥ ६८ ॥

तपो महोग्रं फलमूलभोजनः
समापयित्वा स वनान्तभूमिषु ।
महस्तदोङ्कारसमाख्यमीक्षयन्
प्रचक्रमे भूषितभूतलः क्रमात् ॥६९॥

वहाँ पर तीन वर्ष तक घोर तप करके उन्होंने ओंकार रूप ईश्वर को जाना। फिर वे क्रमशः वहाँ से चल दिये ॥ ६९ ॥

परिभ्रमन्वैदिकधर्मसेविनां
गृहेषु दैवात्कृतभोजनो द्रुतम् ।

करीलकङ्कोलकदम्बसंवृतां
समाजगामाथ स माथुरीं भुवम् ॥७०॥

वहाँ से चल कर वे वैदिक धर्मरत मनुष्यो के यहाँ विश्राम लेते हुए करील, ककोल और कदम्ब आदि वृक्षो से सुशोभित मथुरापुरी में पहुँचे ॥ ७० ॥

अवाप्य तस्यामपि दण्डिनं गुरुं
विनीतवेषेण पुरस्तदाज्ञया ।
नवीनभट्टोजिकृतिं यथाबलं
पदत्रपातैर्नितरामपूपुजत् ॥७१॥

वहाँ दण्डी विरजानन्द सरस्वती के शिष्य बन कर उनकी आज्ञा से पहले भट्टोजिकृत नवीन कैामुदी का आपने पदत्राणो से सत्कार किया ॥ ७१ ॥

पुनः प्रसादादतिभक्तिसञ्चिता-
त्ततोधिगत्याष्टकभाष्यविस्तरम् ।
स योगिवर्यो गुरुदर्शितक्रमं
समाललम्बे गुरुणानुमोदितः ॥७२॥

फिर प्रसन्नतापूर्वक विरजानन्दजी से अष्टाध्यायी महाभाष्य रूप प्रसाद लेकर उनकी आज्ञा से उन्हीं के बतलाये हुए मार्ग का उन्होने अनुसरण किया ॥ ७२ ॥

उपात्तविद्यो ऋषिरेष सादरं
लवङ्गरूपां विनिवेद्य दक्षिणाम् ।
जयोचितामाशिषमाप भूतले
किमस्त्यलभ्यं गुरुपादवन्दनात् ॥७३॥

जब ऋषि दयानन्द विद्या पढ चुके तब उन्होने गुरुदक्षिणा मे गुरुजी को थोडी सी लोंग भेंट की । गुरुजी ने प्रसन्न हो कर आशीर्वाद दिया कि तुम दिग्विजय करो ॥ ७३ ॥

जगत्यमुष्मिन्गुरुभक्तिरुत्तमा
ऋषिप्रदिष्टेषु पथःसु निश्चितिः ।
विशेषतः संगतिरात्मवेदिनां
समस्तवाञ्छा फलदास्ति देहिनाम् ॥७४॥

ससार मे गुरु में भक्ति रखना, ऋषि प्रदिष्ट मार्ग में निश्चय रखना, योगियो का सग करना, मनुष्यो के लिए समस्त वाछितप्रद माना गया है ॥ ७४ ॥

इत्थं समस्तविषयानधिगत्य योगी
पूर्वापरार्थगतिमात्मगतां विलोक्य ।
नानामतानुगतदिग्विजयाय चक्रे
नैजं मनः शमदमादिगुणैरुपेतः ॥७५॥

इस प्रकार समस्त वेद वेदाङ्गो को पढ कर और अपनी पूर्वापर गति को अच्छी तरह जाँच कर अनेक मतपूर्ण दिशाओ के जय करने में अपना मन लगाने लगे ॥ ७५ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
विद्याध्ययनवर्णनो नाम तृतीय सर्ग ।

चतुर्थः सर्गः

अथ जयाय दिशां स महामति-
निजबलेन मनःसु विपश्चिणाम् ।
भयमनल्पममन्दमुपादधे-
रविमहा विमहाः कलयन्दिशः ॥१॥

पूर्वोक्त सर्ग मे विद्याध्ययन का वर्णन कर दिग्विजय से पहले उनके विचारो का वर्णन करने के लिए यह सर्ग आरम्भ किया जाता है:—

वे सूर्य के समान महर्षि दिशाओ को उत्सव-शून्य देख कर दिग्विजय से पूर्व अपने आत्मिक बल से विपक्षियो के मन में भय उत्पन्न करने लगे ॥ १ ॥

प्रथममेव समुन्नतिभावनां
समधिगम्य शुभार्यपथस्य सः ।
निगममन्त्रशतैः परमेश्वरं
प्रमुदितो मुदितोत्कलमस्तुवत् ॥२॥

वे प्रसन्न-चित्त ऋषि पूर्व से ही शुभ आर्य-पथ की उन्नति का अनुमान कर अनेक वेद मन्त्रों से ईश्वर की स्तुति करने लगे ॥ २ ॥

अधमबौद्धमतादुदयङ्गतां
प्रकृतिपूजनविस्तृतिमुद्धुराम् ।
निगमवाग्विशिखैः परितर्जयन्
स सकलां सकलामतनोद् भुवम् ॥३॥

बौद्ध मत से प्रकट हुई इस पाषाण पूजा को वैदिक प्रमाणो से हटा कर ऋषि समस्त भूतल को दुबारा चेतन बना गये ॥ ३ ॥

न जननी जनकोपि न सोदरो-
न तनयो न सुहृन्न बलं स्वकम् ।
अभवदस्य सुदिग्विजयोद्यमे
तदपि स प्रससार सहायकृत् ॥४॥

यद्यपि इस दिग्विजय के कार्य में माता, पिता, भाई, पुत्र, मित्र और बल कोई भी उनका सहायक न था तो भी केवल आत्मिक बल पर विश्वास कर वे अपने उत्साह को प्रति दिन बढाते ही गये ॥ ४ ॥

भवति यस्य सहायकरः प्रभु-
र्न स बलान्तरमिच्छति मानवः ।
इति निदर्शयता किमयं महान्
प्रकटितः किल दिग्विजयोद्यमः ॥५॥

जिस पुरुष का सहायक ईश्वर होता है वह औरो की सहायता नहीं चाहता । क्या इस लोकोक्ति को दिखाते हुए ऋषि ने इस बडे भारी कार्य का आरभ किया । यह उत्प्रेक्षा है ॥ ५ ॥

साम्प्रत महर्षेर्विचारानेवाह—

मनुजनिर्मितभागवतादिका
बहुपुराणकथा जगतीतले ।
प्रथममस्ति निदानमदः कथं
कलयतान्निगमागमविस्तृतिम् ॥६॥

अब उन के विचारो का वर्णन करते है—इस जगत् में मनुष्य-रचित नाना पुराणो की जो कथाये प्रचलित हैं यही नाश का पहला कारण है । यह वैदिक धर्म की उन्नति न होने देगा इसलिए पहले इस का ही निराकरण करना उचित है । यह प्रथम निश्चय किया ॥ ६ ॥

न लिखिता किल वेदचतुष्टये
मृतकदेहनिमित्तपरा क्रिया ।

इयमतोपि कथं परिदर्शये-

ज्जगति सन्निगमोदितकल्पनाम् ॥७॥

चारों वेदो में कहीं भी मृतक श्राद्ध का उल्लेख नहीं इसलिए इस का भी जब तक खडन न होगा तब तक वैदिक धर्म का प्रचार न होगा। यह उन्होंने दूसरा निश्चय किया ॥ ७ ॥

निगदिता सलिलेषु वृथा कृता

क्व ननु तीर्थमतिर्मनुजैरलम् ।

तदियमार्यनिवासविनाशिनी

विलयमेष्यति चेद्भविता शिवम् ॥८॥

ससार में मनुष्यो ने जो जल में तीर्थ बुद्धि मानी है यह भी वेद में कहीं नहीं इसलिए इस भाव के दूर होने पर जगत् का कल्याण होगा। यह तीसरा निश्चय किया ॥ ८ ॥

दृषदुपासनया जडताङ्गतं

जगदिदं कथमेष्यति चेतनाम् ।

यदि न यास्यति नाशमियं प्रथा

सदुपदेशगुणैर्जगतीतलात् ॥९॥

जड मूर्तियो की उपासना करते करते यह जगत् जडता को प्राप्त हो गया। जब तक सदुपदेशो से यह जडपूजा की प्रथा न उठाई जायगी तब तक यह जगत् चेतन न होगा ॥ ९ ॥

इति विचारयतोस्य हृदन्तरे

जनदशां जगतीतलसंश्रिताम् ।

अभवदुन्नतिचिन्तनमार्गगा-

मतिरतीत्य समस्तमनोरथान् ॥१०॥

ससार में मनुष्यों की ऐसी दशा देख कर उनके मन में जो विचार हुआ, उससे उनकी मति सब कामो को छोड कर पहले उन्नति के साधनों का विचार करने लगी ॥ १० ॥

जगति यैरह हाप्य शुभां जनिं
न विहिता परमेश्वरवर्त्मनि ।
निजगतिर्बहुधा सकलं वयः
प्रगमितं ननु तैः खरखर्ववत् ॥११॥

जिन्होने ससार में शुभ जन्म पा कर ईश्वरोक्त वेदमार्ग का अनुसरण नहीं किया उन्होने सब अपनी अवस्था मानो गधे और बौने पुरुष के समान नष्ट की ॥ ११ ॥

सकलमेव जगत्परिवञ्चितं
बहुमतानुगतैर्बहुदुर्जनैः ।
परहितानुरतो न हि दृश्यते
जगति कोपि महान्पुरुषोत्तमः ॥१२॥

नाना मतो में फँसे हुए दुर्जनो ने साराही जगत् ठग रक्खा है, कोई भी पुरुषोत्तम परोपकार में दत्तचित्त नहीं दीखता ॥ १२ ॥

यदपि पूर्वमुनिप्रतिपादिता
विधिमयी नितरां भुवि राजते ।
बहुगुणा सरणिस्तरणीसमा
तदपि दुर्दशया भरितं जगत् ॥१३॥

यद्यपि भूतल में मुनियो के द्वारा बतलाई हुई, अनन्त गुण वाली, वैदिक सरणि तरणि (नौका) के समान विद्यमान है, तो भी यह जगत् दुर्दशा में डूबा हुआ है ॥ १३ ॥

बहव एव भवन्ति गतानुगाः
सकलकृत्यविधौ जगतीतले ।
नयनयोर्न विभाति पुरोगतो-
वतरणे कृतनिश्चयकोग्रणीः ॥१४॥

हर एक कार्य में पीछे पीछे जानेवाले लोग जगत् में बहुत से पाये जाते हैं परन्तु स्वतन्त्रता से नवीन कार्य करनेवाला कोई भी दृष्टिगत नहीं होता ॥ १४ ॥

समवलम्बितमेव जनैर्मतं
निजमनोविषयङ्गतमादरात् ।
न विहितं किल वेदविधौ पदं
मलिनता न दधाति गुणे पदम् ॥१५॥

जगत् में अपने अपने मन के अनुकूल मतो को तो मनुष्यो ने माना परन्तु वेद-मार्ग में किसी ने पैर न रक्खा। ठीक है, मलिनता गुणो में पद नहीं रखती ॥ १५ ॥

विधिविरुद्धविधानपरायणा
न विधिनोदितमर्थमुपासते ।
जगति सम्यगियं वचनीयता
न मधुरेस्ति कषायवतां रुचिः ॥१६॥

वेद के विरुद्ध कार्य करनेवाले पुरुष वेद-प्रतिपादित अर्थ को नहीं माना करते। यह ससार में प्रसिद्ध है कि कसीले पदार्थ के खानेवाले मीठे पदार्थ को पसद नहीं करते ॥ १६ ॥

कथमियं जगतीतलवर्तिनी
विलयमेष्यति भिन्नरुचिर्नृणाम् ।
विमलवेदपथात्समलं गता-
धमपुराणपथं परिपन्थिनम् ॥१७॥

निर्मल वैदिक मार्ग को छोड कर मलिन पौराणिक मार्ग में लगी हुई जनो की भिन्न रुचि ससार से किस प्रकार नष्ट होगी ॥ १७ ॥

अहह मन्मतिमार्गमुपागता
कविजनश्रुतिरत्न सहायिनी ।

दिवसभीतनिशाटनसन्तति-

र्न रविदर्शनमिच्छति कर्हिचित् ॥१८॥

इस समय मेरे लिए उन कवियो की वाणी सहायक बन गई कि दिन से डरे हुए उलूको की सतति कदापि सूर्य का दर्शन करना नही चाहती ॥ १८ ॥

सहजवैरमिदं प्रतिभाति मे

मनसि सज्जनदुर्जनमध्यगम् ।

जलहुताशनयोरिव वैदिके

तदितरे पथि यद्गमनं स्वतः ॥१९॥

जल और अग्नि के समान यह सज्जन-दुर्जनो का विरोध हमे स्वाभाविक प्रतीत होता है जो कि वैदिक तथा अवैदिक मार्ग से स्पष्ट हो है ॥ १९ ॥

विमलवैदिकधर्ममणिप्रभा

न विषयैर्मलिने हृदि राजते ।

विमलदर्पण एव विराजते

मुखशशिद्युतिरुत्तमवर्ष्मणाम् ॥२०॥

जिनके अन्तःकरण विषयरूपी मलो से मैले हैं उनके अन्त.करण में वैदिक धर्ममणि की प्रभा नहीं झलका करती । शुद्ध दर्पण में ही सुन्दर शरीर वालो की मुख-शोभा प्रतिबिम्बित होती है ॥ २० ॥

कतकवृक्षफलं मलिनं पयो-

विमलतां नयतीति जनश्रुतिः ।

फलवती न हि केवलकर्दमे

भवति किन्तु तदाविलवारिणि ॥२१॥

कतक वृक्ष का फल मलिन जल को निर्मल बना देता है, यह दृष्टात केवल कीचड में कदापि फलित नहीं होता, किन्तु वह गदले जल को ही शुद्ध कर सकता है ॥ २१ ॥

सकलवाञ्छितदो जगतीतले
यदपि वेदकुटः प्रतिराजते ।
तदपि नाम जनैरनुसंश्रिताः
कटुफलास्तरवः किमतःपरम् ॥२२॥

यद्यपि इस जगत् में समस्त फलों का देनेवाला वेद-वृक्ष विराजमान है तो भी मनुष्यो ने कटु फलोंवाले अनेक वृक्षों का आश्रय ले रक्खा है ॥ २२ ॥

साम्प्रत कटुफलास्तरूनेवाह—

रुधिरपानपरायणचेतसा
जगति शाक्तमतं प्रतिपादितम् ।
प्रकटमेव यदस्ति महीतले
श्रितमनेकजनैर्नरकोन्मुखैः ॥२३॥

अब कटु फलवाले वृक्षो को ही बतलाते हैं—किसी रुधिर के प्यासे पुरुष ने इस जगत् मे शाक्त मत प्रकट किया है जोकि अनेक नरकोन्मुख पुरुषो से जमा हुआ है ॥ २३ ॥

व्यरचि केनचिदुत्पथगामिना
तदपि वैष्णवमार्गविडम्बनम् ।
भवति यत्र पशोरिव दुर्दशा
जनिमितस्य जनस्य नु तापनैः ॥२४॥

उत्पथगामी किसी अन्य पुरुष ने जगत् मे वैष्णव मत का ढोंग फैलाया है जिस में कि जन्म ले कर मनुष्य को पशु के समान जल कर दुर्दशा भोगनी पड़ती है ॥ २४ ॥

तदितरेण जनेतरवृत्तिना
गतमतद्वयभिन्नमदः कृतम् ।

जगति शैवमतं शिशुबुद्धिना
भवति यत्र सुखेन वनस्थितिः ॥२५॥

दोनो मतो से भिन्न मत चलानेवाले किसी बालबुद्धि पुरुष ने जगत् में शैव मत बना दिया है जिस में फँस कर वनो में ही रहना पडता है ॥ २५ ॥

गणपतिं परिकल्प्य तदाश्रितं
व्यधृत किं न मतं पुरुषाधमैः ।
प्रकृतिभिन्नतया किल वास्तवे
भवति यत्र मुखस्य विपर्ययः ॥२६॥

कल्पित गणेश को मान कर उसके नाम से चलाया हुआ गाणपत मत क्या मनुष्यो ने धारण नही किया कि जिस में प्रकृति से विरुद्ध मुख का भी वास्तव में विपर्यय होजाता है ? ॥ २६ ॥

मनुजतामपहाय कुबुद्धिभि-
र्जनवरेषु गुणान्वितनामसु ।
त्रिमुखता चतुराननता तथा
भुजचतुष्टयताध्यवरोपिता ॥२७॥

मन्द-बुद्धियो ने गुणयुक्त नामवाले अच्छे पुरुषो से मनुष्यत्व को हटा कर उनमें त्रिमुखता, चतुर्मुखता और चतुर्भुजता का आरोप कर दिया ॥ २७ ॥

क्व जडमूर्तिरनार्यफलप्रदा
गुणमयी क्व परेशगुणस्मृतिः ।
परमहो गतबुद्धिभिरादृता
जगति सैव विचित्रमिदं कृतम् ॥२८॥

अनिष्ट फल देनेवाली कहां जड की उपासना, कहाँ परमेश्वर की गुणमयी स्तुती। पर तो भी नष्ट बुद्धियो ने उसको छोड जड का ही आश्रय ले लिया। क्या ही आश्चर्य है ! ॥ २८ ॥

सकलशक्तिमतः करुणाकरा-
दजरभावगतात्परमेश्वरात् ।
जगति ये विमुखाः प्रकृतिं जडा-
मनुनमन्ति कथं न हि ते जडाः ॥२६॥

सर्वशक्तियुक्त करुणाकर अजर परमेश्वर से विमुख हो कर जो पुरुष जड प्रकृति का अवलब लेते हैं वह क्योकर जड नही हैं ? ॥ २९ ॥

मतिलघुत्वमुपेत्य पुराणतां
समधिरोप्य जडैर्निजपुस्तके ।
तदनुकूलकथापरिकल्पनात्
सुमनुजेष्वपि दोषगतिः कृता ॥३०॥

बुद्धि की हीनता से जड मनुष्यो ने स्वय बनाये हुए ग्रन्थो का पुराण नाम धर कर उनके अनुकूल कथा कर करके अच्छे पुरुषो को भी कलकित कर दिया ॥ ३० ॥

गुणचतुष्टयवत्यतिसुन्दरे
धवलिते यशसा धनवद्गृहे ।
निजसुताविषयैककलङ्किता
निजमतानुगमादधिरोपिता ॥३१॥

अब दोषारोपण ही बतलाते है—चार वेदो के जाननेवाले, अति सुन्दर, यशोविभूषित, धनवान् ब्रह्मा के ऊपर अपने मत के अनुरोध से पुत्री-गमन का पाप लगा दिया ॥ ३१ ॥

रजतपर्वतवासिनि सत्कले
त्रिनिगमोदितकर्मपरे कृता ।
अधमभिल्लवधूजनसंगति-
र्नगसुतादयितेधमपण्डितैः ॥३२॥

कैलास पर्वत के ऊपर रहनेवाले शुभ गुणयुक्त तीन वेदों के वेत्ता शिव में अधम जनो ने भीलिनी के साथ पाप करने का पाप लगा दिया ॥ ३२ ॥

यदुकुलैकमणौ गुणसागरे
निखिलयोगिवरेतिबले हरौ ।
सकलगोपवधूजनसंगमं
समधिरोप्य कृतास्ति निरादृतिः ॥३३

यदुवंश के मणिरूप, गुणसागर, योगिराज बलवान् श्रीकृष्ण के ऊपर गोपियों के साथ व्यभिचार करने का पाप लगा कर उनका निरादर कर दिया ॥ ३३ ॥

अतिमतौ गुणवत्तरभावने-
प्यकृत सत्यवतीतनये खलैः ।
बहुपुराणविनिर्मितिकल्पना
परमदोषमयी किमतःपरम् ॥३४॥

इससे अधिक और क्या होगा कि महाबुद्धिमान्, महागुणी श्रीव्यासदेवजी में अज्ञ जन यहाँ तक कल्पना करने लगे, कल्पना ही नहीं किन्तु हठात् स्पष्ट कहते हैं, कि अठारहो पुराण व्यासजी ने ही बनाये हैं। क्या यह व्यासदेव के लिए भारी दोष नहीं है ? ॥ ३४ ॥

दिनमणौ वडवागमनं वृषे-
प्यथ सहस्रभगोदयकल्पनम् ।
द्विजपतौ गुरुतल्पगता न किं
जगति भागवतैरवरोपिता ॥३५॥

हा हन्त ! सूर्य में घोडी के साथ ※ ※ करने का, इन्द्र में सहस्र※ ※ धारण करने का और चन्द्रमा में गुरुपत्नी के साथ व्यभिचार करने का दोष भागवत वालों ने लगा दिया ॥ ३५ ॥

तदपरं किमिहास्ति महीतले
यदुदरम्भरिभिर्न कलङ्कितम् ।
मनुजरूपधरैर्निगमारिभिः
स्वकृतिसिद्धिपरैः पशुबुद्धिभिः ॥३६॥

पृथ्वी-तल पर कौन बचा हुआ है जिसको इन स्वार्था, वेद के शत्रु, स्वार्थी, बुद्धिहीन, मनुष्य नामधारी जीवो ने कलङ्कित नहीं किया ॥ ३६ ॥

अभिमताप्तिकरी गुरुगौरवा-
दभिमुखत्वमुपैत्यपि या चिरात् ।
विमुखतामुपगम्य ततो जनै-
रुदरपूरणहेतव आदृताः ॥३७॥

हा ! अभीष्ट फलो के देने वाली श्रोर गुरु-सेवा से प्राप्त होनेवाली विद्या से विमुख हो कर मूर्ख जनो ने उदर-पूरणार्थ नाना प्रकार के ढकोसले निकाल लिये ॥ ३७ ॥

प्रकृतिपूजनमेव समाश्रितं
बहुविधं परिहाय निजं पथम् ।
तदितरेण कथाकथनाश्रिता
निगममार्गगतिर्न च केनचित् ॥३८॥

कोई स्वार्थ-साधन के लिए प्रकृति की पूजा करने लगा श्रोर कोई कथा-कहानियों के द्वारा ही अपना आजीवन करने लगा, परन्तु वैदिक मार्ग पर चलने के लिए कोई भी आरूढ नहीं हुआ ॥ ३८ ॥

अहह किं कथयाम्यधिकं परे
सकलजीवनदातरि निर्जरे ।
कमठमीनवराहनृसिंहता
व्यरचि वेदपथेष्वपि रूपता ॥३९॥

अहो ! यह कैसे आश्चर्य की बात है कि जो परमेश्वर अजर है श्रोर जो सब को जीवन देनेवाला है उसको भी इन्होंने मच्छ, कछुआ, वराह, नृसिंह श्रोर वामन आदि अवतार धारण करनेवाला बतला दिया श्रोर वेदों में भी मूर्ति की कल्पना कर डाली ! ॥ ३९ ॥

अजमुखो यजुरुद्धतगर्दभा-
ननधरो मृगथाश्वमुखोद्भुतः ।

स किल सामविधिः कपिवक्त्रवा-
नकृतसोंगिरसाविहितः खलैः ॥४०॥

इन मूर्खों ने यजुर्वेद को बकरे के से मुँहवाला, ऋग्वेद को गधे के से मुँहवाला, सामवेद को घोडे के से मुँहवाला और अथर्ववेद को बदर के से मुँहवाला बता दिया[1] ॥ ४० ॥

उपकृतिं जगतामवलोक्य यो-
रविशशिद्युतिमत्रचकारताम् ।
निखिलविश्वगतस्य सुवर्तिका-
द्वितयविद्युतिरादरणे कृता ॥४१॥

जिस ईश्वर ने जगत् के उपकार के लिए सूर्य और चद्रमा का प्रकाश दिया, मूढ जनो ने उसके लिए दो बत्तियो की रोशनी की ॥ ४१ ॥

जगति येन नदीनदसागरा
विरचिताः सकलोपकृतेः कृते ।
बहुलघौ वसने जलकल्पना
व्यतनि तस्य कृते शठमानवैः ॥४२॥

जिस ईश्वर ने सबके उपकार के लिए नदी, नद और सागर बना दिये, मूर्खों ने उसके लिए छोटी सी घटी में पानी देना शुरू किया ॥ ४२ ॥

बहुविधान्नफलार्जुनशर्करा
दधिघृताद्यकरोदिह यः परः ।
स जनदत्तपदार्थविडम्बना-
सहनमाचरतीति महाद्भुतम् ॥४३॥

---

१ हेमाद्रिकृत चतुर्वर्ग चिंतामणि के व्रत खण्ड मे विश्वकर्म शास्त्र के नियम से वेदों के रूप ऐसे ही बताये गये हैं ।

जिस ईश्वर ने नाना प्रकार के अन्न, फल, तृण, मिष्ट, दधि, घृत आदि पदार्थ बनाये हैं वह मनुष्य-दत्त पदार्थों के द्वारा अपनी विडम्बना देख रहा है। बड़ा आश्चर्य है ॥ ४३ ॥

मनुजदण्डवशे पशवोप्यलं
प्रथमतः किल येन नियन्त्रिताः ।
स कथमानडुहं रथमास्थितो-
व्रजति गच्छति चेत्कथमीश्वरः ॥४४॥

जिस ईश्वर ने पूर्व से ही समस्त पशु मनुष्य के वश कर दिये वह निराकार बैल के रथ पर क्योंकर जायगा ? यदि जायगा तो वह परमेश्वर कैसा ? ॥ ४४ ॥

क्व विहितास्ति विधौ पशुमारणा
परमहो बहु सापि महाधमैः ।
निजविनिर्मितवाक्यवशादलं
प्रतिदिनं क्रियते किमतोधिकम् ॥४५॥

वेद में हिंसा कहीं नहीं लिखी, परन्तु तो भी इन मूढ़ों ने स्वयं बनाये हुए वाक्यों से संसार में हिंसा प्रचलित की। इस से अधिक और क्या होगा ! ॥ ४५ ॥

गुरुषु मातृषु पितृषु यार्चना
विलिखिता निगमानुगबुद्धिभिः ।
मरणतः परमत्र भवत्सु सा
जगति किन्न मदेन विधीयते ॥४६॥

जो सत्कार जीते माता, पिता, गुरुओं के लिए वेद में करना लिखा है, मन्द मतियों ने उसको उनके मरने के बाद करना आरम्भ कर दिया ॥४६॥

निखिलशास्त्रनिधौ गुणमञ्जुले
परहितानुविधायिनि सज्जने ।

विमलतीर्थमतिं परिहाय सा
कलुषतोयसमाश्रितिरादृता ॥४७॥

मनुष्यों को शास्त्रवेत्ता गुणयुक्त परोपकारी सज्जन में जो तीर्थ बुद्धि करनी उचित थी उसको छोड गदले पानीवाले गढों में करनी प्रारभ की ॥ ४७ ॥

विलयमेव गतास्ति गृहे गृहे
निजसुतोन्नतिकारणकल्पना ।
गुरुकुलानुमतिर्यमधारणा
सकलसौख्यविवर्धनकारणा ॥४८॥

अपने पुत्रो की उन्नति की कल्पना, गुरुकुलो की अनुमति, यमो का धारण, सारे सुखों के बढने का कारण घर घर से उठ गया ॥ ४८ ॥

अधमपुस्तकविश्वसनादृता
कथनभावमलं जगतीतले ।
विरचना तनयापठनोचिता
फलमतो विधवापरिवर्धनम् ॥४९॥

शीघ्रबोधादि पुस्तको में विश्वास होने से जगत् मे कन्याओ के पढने की प्रथा ही उठ कर चली गई, नष्ट हो गई, जिस का परिणाम विधवाओं की वृद्धि विद्यमान है ॥ ४९ ॥

असमये मरणं बलहीनता
गुणपराङ्मुखता धनशून्यता ।
विषयिता विधवाजनविस्तृतिः
सकलमस्ति पुराणविचेष्टितम् ॥५०॥

अकाल में मृत्यु, बल का न होना, गुण-शून्य रहना, धन-हीन होना, विषयी बनना, वैधव्य फैलना, यह सब पुराणो का ही फल है ॥ ५० ॥

इति विचिन्त्य समस्तजगद्दशां
प्रथमतो यतिरात्मनि धीरधीः ।

कुपथखण्डन एव गुणोत्तरां
निजमतिं प्रददौ विधिदर्शनात् ॥५१॥

समस्त जगत् की पहले से ऐसी दशा देख कर वे धीरमति, गुणी अपनी मति को कुपथो के खडन में ही लगाने लगे ॥ ५१ ॥

कर्तव्यमेव जगतामुपकारकृत्यं
विद्वद्वरैरिति विचारयतोस्य चित्ते ।
याभूत्तया सकलमेव विचारबुध्या
दिङ्मण्डलं समभिवेष्टितमादरेण ॥५२॥

विद्वानो को जगत् का उपकार करना चाहिए ऐसा विचारते हुए जो उनके मन में विचार उठा उसने समस्त ससार को ढक दिया ॥ ५२ ॥

अथ जगदुपकारदत्तचित्तो-
यतिरतिपुण्यवशेन लोकपूर्णाम् ।
बहुमतवितर्तिं निराकरिष्णुः
समचलदात्मबलेन विश्वमध्यम् ॥५३॥

विचार के अनन्तर पुण्यवश से लोकोपकार मे दत्त-चित्त हो कर वे ऋषि, लोक में फैली हुई मत-कल्पनाओ को हटाने के लिए, अपने आत्मिक बल से ससार में विचरने लगे ॥ ५३ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
लोकदशासमीक्षणं नाम चतुर्थ सर्ग ।

पञ्चमः सर्गः

ततः समारब्धजयोत्सवं मुदा
दिदृक्षवो विश्वजनाः समन्ततः ।
ऋषिं दयानन्दमुपागमन्नवं-
पतिं धराया इव हर्षनिर्भराः ॥१॥

जिस तरह नवीन राजा के दर्शन करने के लिए प्रजा हर्षित हो कर उसके दर्शनार्थ उसके समीप जाया करती है उसी तरह लोकदशा के अवलोकन करने के पश्चात् दिग्विजय के लिए उठे हुए ऋषि दयानन्द के दर्शन करने की इच्छा से चारों ओर से मनुष्य आने लगे ॥ १ ॥

समस्तदुःखानि जगत्ययञ्जनो-
विनाशयिष्यत्यतिसाहसोदयात् ।
अदः स्वचेतस्यवधार्य मानवै-
स्तदातिमाङ्गल्यमकारि सर्वशः ॥२॥

सब लोग यही सोच कर कि—यही ऋषि जगत् के सारे दुःखो को, अपने असीम साहस से, नष्ट करेगा—उनके प्रस्थान के समय मंगलाचार करने लगे ॥ २ ॥

पपाठ वेदं बहु कोपि मानवः
परोपि पद्यैः प्रशशंस तद्गुणान् ।
ययौ तमुद्दिश्य करे जनेतरः
फलं रसालस्य निधाय सुन्दरम् ॥३॥

कोई वेद का पाठ करने लगा, कोई श्लोक पढ कर उनके गुणो का कीर्तन करने लगा और कोई मगल-कामना से हाथ में आम ले कर सामने आकर खड़ा हो गया ॥ ३ ॥

निवारयिष्यत्ययमेव सज्जन-
स्तमिस्रमस्मासु चिरादुपागतम् ।
मनागिति स्वान्तपथे विचार्य ता-
दिशोपि हर्षादिव निर्मला बभुः ॥४॥

हमारे भीतर भरे हुए अन्धकार को यही ऋषि दूर करेगा ऐसा जान कर समस्त दिशायें भी उस समय आनन्द से निर्मल हो गई ॥ ४ ॥

समस्तवेदार्थपटीयसी तदा
सरस्वती तं परितोन्ववेष्टयत् ।
प्रमाणदानैकपरायणा कुतो-
भवेन्न माता सुतपक्षपातिनी ॥५॥

जिस समय ऋषि दयानन्द दिग्विजय के लिए निकले उस समय समस्त वेदार्थो के जाननेवाली, प्रमाण देने मे चतुर सरस्वती भी उन को सर्वतः देखने लगी। चलते समय पुत्र का मोह और पक्षपात माता को होता ही है ॥ ५ ॥

अथ प्रसादोदितरश्मिमण्डलः
स पद्मिनीनाथ इवातिदुःसहः ।
क्रमेण रत्नाकरमेखलागता-
न्यभिप्रतस्थे नगराणि कानिचित् ॥६॥

ऋषि दयानन्द भी अति दुःसह सूर्य के समान उदय हो कर पृथिवीस्थ मुख्य मुख्य नगरो को चल पड़े ॥ ६ ॥

पूर्वमर्गलपुरे स महात्मा
धर्ममार्गमुपदेष्टुमुवास ।

सार्धमद्वयुगलं वरलोकै-

रावृतो व्रतपरिग्रहरम्यः ॥७॥

वे महात्मा सबसे पहले धर्मोपदेश करने के लिए आगरे पहुँचे। वहाँ यमुना के किनारे भैरव मन्दिर के समीप लाला गल्लामल की वाटिका में ठहरे और कोई ढाई वर्ष वहीं रहे ॥ ७ ॥

तत्रोपदिश्य बहुवैदिकधर्मदीक्षां

कैलासपर्वतइति प्रथितं यतीशम् ।

सम्प्राप्य तत्कृतबहुस्तवहृष्टचेता-

स्तस्थौ कथाः प्रकथयन्कतिचिद्दिनानि ॥८॥

वहाँ पर वैदिकधर्म का उपदेश करते हुए वे कैलास पर्वत नामक सन्यासी से मिले। उन्होने उनकी बहुत प्रशंसा की। कुछ दिन तक वे वहाँ वेदान्त की कथा कहते रहे ॥ ८ ॥

सन्ध्यानिबोधनपराण्यथ पुस्तकानि

तत्रैव वैदिकविधेरनुगानि तूर्णम् ।

मुद्राप्य लोकहितकामनया नयार्थी

मूल्यं विनैव विततार स योगिराजः ॥९॥

वहीं पर वैदिक विधि के अनुकूल सन्ध्या की पुस्तक बना और रूपलाल के द्वारा छपवा कर वे लोकोपकार के लिए बिनामूल्य ही बाँटने लगे ॥ ९ ॥

ततः परं निःसृतशीतलाकृते

विधाय योगोचितकार्यमद्भुतम् ।

चकार शास्त्रार्थविधिप्रचारणैः

स मूर्तिपूजाकरणस्य खण्डनम् ॥१०॥

तदनन्तर गरमी के कारण निकली हुई फुंसियों को दूर करने के लिए योग [न्यौलीक्रिया] कर, शास्त्रार्थों के द्वारा फिर वे मूर्ति-पूजा का खण्डन करने लगे ॥ १० ॥

अस्योपदेशविधिना बहुभिर्मनुष्यै-
राराधनाविधिमपास्य महाशिलानाम् ।
पूज्येषु मातृगुरुतातपदेषु भक्ति-
राविष्कृता न महतां क्व फलन्ति वाचः ॥११॥

आप के उपदेशो से सैकडो मनुष्यो ने जड-पूजा को छोड सच्चे माता, पिता, गुरु आदि का पूजा प्रारभ कर दी । सच है, महात्माओं के वाक्य सर्वत्र फलते हैं ॥ ११ ॥

विहारालापसंवासजन्यप्रीतिपरैर्जनैः ।
कृताप्याशा निराशाभूत्तन्निरोधे ततःपरम् ॥१२॥

फिर आप के प्रेमी पुरुषो ने आप से वहाँ अधिक रहने की, जो प्रार्थना की वह सब निष्फल हुई ॥ १२ ॥

मार्गणाय सततोथ महात्मा
प्राप्तवान्धवलपत्तनमादौ ।
लश्करं प्रति ततः सह शिष्यै-
राजगाम चपलं निगमानाम् ॥१३॥

फिर आगरे से आप वेदो की तलाश में धौलपुर पधारे । वहाँ से भी अपने शिष्यों के साथ शीघ्र लश्कर चले गये ॥ १३ ॥

राज्ञा पृष्टः पुराणानां माहात्म्यविषये यतिः ।
पुरे तत्र जगादासावुत्तरे दुःखमित्यलम् ॥१४॥

लश्कर में पहुँचने पर जो आप से राजा ने पुराण सुनने का फल पूँछा तो आपने उसका फल केवल अति दुःख ही बतलाया ॥ १४ ॥

वेदमार्गणपरः स यतीश-
स्तत्र किं न धरणीशविरुद्धम् ।
विस्तराद्द्विविधमार्गगतानां
खण्डनं क्रमश एव चकार ॥१५॥

वेदों की खोज करते हुए वे लश्कर में बहुत पंडितों के बीच में राजा से विरुद्ध होने पर भी वैष्णवादि मतों का खंडन करते रहे ॥ १५ ॥

शास्त्रार्थविज्ञापनतः प्रसिद्धान्
पलायमानानवलोक्य लोकान् ।
जयेतिवाग्भिर्मनुजैः प्रशस्तो-
ययौ करौलीनगरं ततोयम् ॥१६॥

बाबा साहब के बाग में उतरे हुए वे (७ मई सन् १८६५ ई० को) शास्त्रार्थ के विज्ञापन से प्रसिद्ध रामाचार्यादि पण्डितों को भागते हुए देख, जय शब्दों के द्वारा प्रशंसा को सुनते सुनते करौली पधारे ॥ १६ ॥

विधाय राज्ञा सह तत्र वार्ता-
मसौ तदीयान्परिभाव्य सूरीन् ।
निनाय कालं कमपिप्रसङ्गा-
द्ययौ ततोरं जयपत्तनं सत् ॥१७॥

करौली में राजा से बात कर उनके पंडितों को तिरस्कृत करके वे कुछ काल वहाँ रहे और फिर वहाँ से जयपुर पधारे ॥ १७ ॥

आरामे वसता सता जयपुरे सिद्धेन साकं शुभां
कृत्वा सम्मतिमन्यपण्डितजनैः सत्रा च वादं द्रुतम् ।
नीताः सर्वश एव मौनविषयं सर्वेपि रम्योत्तरै-
र्वक्तव्यं किमतःपरं सहृदयो भूयोप्यमात्यैः समम् ॥१८॥

जयपुर में स्वामीजी रामकुमार के बाग में ठहरे। वहाँ वे गोपालानन्द सिद्ध से मिले। उन्होंने श्रवणनाथ आदि पण्डितों को शास्त्रार्थ में हराया। यहाँ तक कि मन्त्री सहित राजा को भी निरुत्तर कर दिया ॥ १८ ॥

तत्रैव जैनगुरुमेकमुदारलेखै-
र्मूकं विधाय मतवादपरे विचारे ।

नानाविधैरथ विराजमनन्तशिक्षा
रक्षाबलेन विधिवत्प्रचकार विज्ञम् ॥१६॥

वहाँ आपने एक जैन गुरु को अपने उदार लेखो द्वारा निरुत्तर किया और अचरौल के रणजीतसिंह को अपने उपदेशो से ज्ञानी बनाया ॥ १९ ॥

तेनार्थितो निजगृहोपगमाय योगी
न स्वीचकार गमनं भवनेषु तस्य ।
वन्यानि नव्यकमलानि विहाय कुत्र
हंसाः प्रयान्ति नगरीगतनिम्बवृक्षान् ॥२०॥

एक दिन उसने अपने महलो मे पधारने के लिए आप से अत्यन्त प्रार्थना की परन्तु आपने जाना स्वीकार न किया, क्योकि हस कमलों के पुष्पो को छोड कर नगर के नीबो पर कभी नही जाते ॥ २० ॥

तस्योपदेशवशतोऽचिरन्तराले
मद्याद्बभूव कतिचिद्धनिनां प्रसादात् ।
किं किं न सम्भवति सज्जनसङ्गमेन
पुंसां यदीश्वरकृपावशतः स भूयात् ॥२१॥

आप के उपदेश से जयपुर के कितने ही धनिको के चित्त में मद्य से घृणा उत्पन्न हो गई । यदि ईश्वर की कृपा से सत्सग मिल जाय तो उस से मनुष्यो को कौन से लाभ नहीं होते ॥ २१ ॥

श्रीमद्भागवतादिखण्डनपरस्तत्रैव चक्रे स्थितिं
पूर्णं मासचतुष्टयं जयपुरे भव्यार्थचिन्तापरः ।
मिथ्यावैष्णवशैवयोरनुगतां लीलां जगद्विस्तृता-
मातेने स यथेच्छखण्डनमतिर्योगी दयावानलम् ॥२२॥

भागवत का खण्डन करते हुए वे जयपुर में पूरे चार मास रहे और जगत् में फैले हुए बनावटी वैष्णव तथा शैव मत की लीलाओ की पोल अच्छे प्रकार खोलते रहे ॥ २२ ॥

एतावतैव समयेन समस्तराज्य-
राजन्यकर्णकुहरेषु गता तदीया ।
नामाक्षरालिरतनोदतिदीप्यमाना
सर्वं विहाय निजकृत्यमहो दिदृक्षाम् ॥२३॥

जब स्वामीजी की गुणावली उस राज्य के समस्त क्षत्रियो के कानो तक पहुँची तब वे अपने सब कामो को छोड कर उनके दर्शनो की इच्छा करने लगे ॥ २३ ॥

अभ्यागमन्बहव एव तदीक्षणाय
मूर्धाभिषिक्ततनयाः सनया विनीताः ।
यैरन्तरात्मनि तदीयमतप्रणाली-
माराध्य शिष्यपदवी सफलीकृताभूत् ॥२४॥

आप के देखने के लिए बहुत से नीतिज्ञ विनीत क्षत्रियकुमार आपके पास आये जिन्होने आप के उपदेशो को ग्रहण कर शिष्यता प्राप्त की ॥२४॥

अनन्तरं ततो धीमानयं कृष्णगढाभिधम् ।
नगरं प्राप वेगेन यत्र नीता दिनद्वयी ॥२५॥

जयपुर से फिर आप कृष्णगढ को पधारे । वहाँ पर आपने दो दिन निवास किया ॥ २५ ॥

प्रापास्मादपि तद्दिव्यमजतुन्दपुरं महत् ।
यत्र नीतं दिनस्यैकमारामे वसता सता ॥२६॥

तीसरे दिन अजमेर पहुँच कर उन्होंने दौलत बाग में एक दिन निवास किया ॥ २६ ॥

पुष्करं नाम संवासं ययावस्माद्यतीश्वरः ।
भवत्यनन्ता जनता यत्र तीर्थधियाधियाम् ॥२७॥

अजमेर से आप पुष्कर गये जहाँ भोले भाले हिन्दू तीर्थ-बुद्धि करके इकट्ठे होते हैं श्रोर एक बडा मेला लग जाता है ॥ २७ ॥

तत्र तेन बहुमानवमध्ये
ब्रह्ममन्दिरगतेन समन्तात् ।
मूर्तिपूजननिराकरणेच्छा
सर्वथैव सफला व्यतनिष्ट ॥२८॥

वहाँ आपने ब्रह्मा के मन्दिर में उतर कर इस प्रकार मूर्ति-पूजा का खण्डन किया जिससे सब लोगो की श्रद्धा मूर्ति-पूजा से हट गई ॥ २८ ॥

अभ्यागमद्द्विजजनत्रिशती बलेन
शास्त्रार्थविज्ञपनपत्रमवेक्ष्य तस्य ।
वीरं मृगेन्द्रमिव बालशशालिरेनं
शेके न वीक्षितुमपि क्षणमप्यतोगात् ॥२९॥

वहाँ पर आपके दिये हुए शास्त्रार्थ के विज्ञापन को देख कर तीन सैा पण्डित आये, परन्तु वे आपको देख भी न सके, तुरत लैाट गये। सिंह के सामने कहीं गीदड़ ठहर सकते है ? ॥ २९ ॥

पूर्वं दीक्षितकौमुदीविरचना तेनाहृता खण्डने
पश्चाद्भागवतादिपद्यरचना दुर्गादिपद्यस्तुतिः ।
मिथ्यातीर्थपरम्परापरिणतिः प्रेतक्रिया चापरा
सर्वापीह यथायथं प्रतिदिनं व्यामर्दिताभूत्कृतिः ॥३०॥

वहाँ पर पहले आपने दीक्षितकृत कैामुदी का खण्डन किया फिर भागवतादि पुराण एव दुर्गादि कल्पित स्तोत्रो का खण्डन कर के तीर्थ और मृतक-श्राद्ध का भी अच्छी तरह खण्डन किया ॥ ३० ॥

व्यङ्कटेन पुनरत्र विचारं
कुर्वता मतमतान्तरकोटौ ।
व्यक्तमेव विहिता निजपक्षे
तत्परे च विजयाजयकीर्तिः ॥३१॥

फिर व्यकट शास्त्री के साथ मतमतान्तर विषय में शास्त्रार्थ कर आपने शीघ्रही अपने पक्ष का जय तथा दूसरे पक्ष का पराजय दिखा दिया ॥ ३१ ॥

तदुपदेशबलेन जनैर्गले
परिधृतास्तुलसीनवमालिकाः ।
त्वरितमेव जले विनिपातिताः
क्व महतां न फलन्ति शिवा गिरः ॥३२॥

आपके उपदेश के प्रभाव से हजारो मनुष्यो ने कठ में पहनी हुई कठियाँ तोड कर जल में फेंकदी, क्योकि महात्माओ के शुभ वचन कहाँ पर सफल नहीं होते ? ॥ ३२ ॥

ब्रह्ममन्दिरगतं द्विजमेकं
चर्मभाण्डबहुवादनकृत्यात् ।
ईश्वरोपकरणे विनियोज्य
स्वागतानि स चकार बुधानाम् ॥३३॥

वहीं पर ब्रह्म मन्दिर के एक पुजारी को ढोल के बजाने से हटा कर, ईश्वर की सच्ची भक्ति में लगाकर, आप पण्डितो के स्वागत में दत्त-चित्त रहे ॥ ३३ ॥

रामानुजादिमार्गाणां खण्डनार्थमुपस्थिते ।
महामतौ दयानन्दे नागमत्कोपि पण्डितः ॥३४॥

जब आप वहाँ रामानुजादि मतो के खण्डन के लिए उपस्थित हुए तब आपके सामने कोई पण्डित न आया ॥ ३४ ॥

द्राविडं यतिमप्येकं धावन्तमुपवीक्ष्य सः ।
भयतो मतवादस्य जयमत्र समालभत् ॥३५॥

मतवाद के भय से भागते हुए एक द्रविड सन्यासी को देख कर आप अत्यन्त जय को प्राप्त हुए ॥ ३५ ॥

अनुदात्तेत्वलक्षणस्य तङोऽनित्यत्वान्न दोष । अनुक्तमप्यूहतीतिवत्, इति तत्त्वबोधिनी। भ्वादौ वाह्यप्रयत्न इति धातोर्व्याख्यायाम्।

इतो यद्यपि तस्येच्छा मरुदेशोपवीक्षणे ।
बभूव परमेकस्य प्रार्थनात्तत्पुरं ययौ ॥३६॥

यद्यपि आपकी इच्छा यहाँ से मारवाड जाने की थी तथापि जोधपुर के एक क्षत्रिय की प्रार्थना से आप वहीं को पधारे ॥ ३६ ॥

इतः स गत्वा पुनरुक्तपत्तनं
नवीनविज्ञापनदानतो द्रुतम् ।
नवीननानामतवादविप्लवे
निरुत्तरानेव चकार कोविदान् ॥३७॥

वहाँ से (३० मई सन् १८६६ ई० को) फिर अजमेर पधार कर आपने नवीन विज्ञापन द्वारा मतमतान्तरों के विषय में समस्त पण्डितों को परास्त किया ॥ ३७ ॥

विधाय सत्यस्य बलेन सत्वरं
पुनः स तत्रैव विवादविस्तरे ।
गतोत्तरानीशमतावलम्बिनो-
म्मिमेल सत्रा नवराजशासकैः ॥३८॥

फिर अपने सत्यबल से (राबिन्सन आदि) ईसाइयों को शास्त्रार्थ में निरुत्तर कर आप (डेविन्सन साहब ए० जी०) कमिश्नर से, मिलने को गये ॥ ३८ ॥

गवादिरक्षाविषये यथोचितां
विधाय वार्तां सह तेन स स्वयम् ।
तदुत्तरेणापि तथाविधेन ता-
मगादरं कृष्णगढ़ाभिधं पुरम् ॥३९॥

उनसे गोरक्षा के विषय में स्वय यथोचित बात कर और दूसरे रेपटन साहब से भी मिलते हुए आप दुबारा कृष्णगढ़ पधारे ॥ ३९ ॥

मार्गे तपस्वियुगलेन समं विधाय
वार्तामहङ्कृतिजयाजयपक्षवादे ।
सद्वर्णिभिः समभिपूजित एष चक्रे
श्रीवल्लभस्य मतखण्डनमत्र धीरः ॥४०॥

मार्ग में दो तपस्वियो से अहकार के जय-पराजय मे कुछ बात कर, ब्रह्मचारियो के द्वारा पूजित होकर वे बल्लभ मत का खण्डन करने लगे ॥ ४० ॥

ततः पुनर्जयपुरमाययौ मुनि-
र्जनैः स्तुतो दृढ़तरशासनक्रमः ।
शुभां मतिं बहुविधिभिः प्रवर्तयं-
स्ततो ययौ विधिवशतोर्गलं पुरम् ॥४१॥

कृष्णगढ से फिर आप जयपुर आये और वहाँ अपने सदुपदेशो से मनुष्यो को कृतार्थ करके आप फिर आगरे चले आये ॥ ४१ ॥

तत्र भागवतखण्डनं बला-
द्राजयूथविषये विधाय सः ।
दर्शनार्थमभयो ययौ पुन-
र्माथुरीं भुवमितोपि दण्डिनाम् ॥४२॥

आगरे में (१ नवबर सन् १९६६ ई०) के दरबार मे बहुत से राजाओ के बीच मे भागवतादि ग्रन्थो का खण्डन करके आप दण्डीजी के दर्शनार्थ मथुरा पधारे ॥ ४२ ॥

विधाय तत्रान्तिमदर्शनं यति-
र्महागुरोराप्य तथाशिषं शिवाम् ।
जगाम नानानगरेषु संवसन्
पुनः स कुम्भोपरि पत्तनं हरेः ॥४३॥

मथुरा में विरजानन्दजी का अन्तिम दर्शन तथा आशीर्वाद ग्रहण कर बीच में आये हुए मेरठ आदि नगरों में विश्राम लेते हुए आप दुबारा कुम्भ के मेले पर हरिद्वार पधारे ॥ ४३ ॥

[षड्भिः कुलकम्]

यत्र पर्वतविदारणापटुः
शिल्पशास्त्रपरिशीलनश्रमी ।
उन्नतादगवरात्समानय-
ज्जाह्नवीमतिजलां भगीरथः ॥४४॥

जहाँ पर पर्वतों के भेदन में निपुण भगीरथ नामक शिल्प वेद का विद्वान् उन्नत पर्वत से बहुजल पूर्ण गङ्गा को नीचे उतार लाया ॥ ४४ ॥

एकतः किल विभाति यत्र सा
पर्वतद्वयविचित्रकल्पना ।
रम्यभूमिरचनान्यतः परा
दृश्यते सहृदयैः कवीश्वरैः ॥४५॥

और, जहाँ पर दो पर्वतों का मेल, एक ओर अद्वितीय दृश्य को दिखा रहा है और दूसरी ओर जहाँ बड़ा भारी मैदान दीख रहा है ॥ ४५ ॥

रामणीयकविलोकनोत्सुकै-
र्यत्र योगिभिरपि प्रकल्पिता ।
मुक्तिभूरियमिति प्रकल्पना
सर्वसौख्यसमुदायदर्शनात् ॥४६॥

जिसकी उत्तम सुन्दरता को देख ऋषियों ने भी सुखाधिक्य से मुक्ति-स्थल माना है ॥ ४६ ॥

गाङ्गमम्बु बहु यत्र निर्मलं
तोयमध्यगतमिष्टकल्पनाम् ।

सत्यमेव सफलत्वमानयत्

किन्न भाति बहुविश्वमण्डले ॥४७॥

गङ्गाजी का निर्मल मधुर जल जहाँ पर जल के स्वाभाविक मधुर गुण को बता रहा है ॥ ४७ ॥

द्वादशे भवति यत्र हायने

कुम्भ इत्यतिजनैः प्रशंसिता ।

सर्वदेशमनुजानुवर्तिनी

रम्यकूलवसना जनस्थितिः ॥४८॥

जहाँ बारहवें वर्ष बडा भारी कुम्भ का मेला हुआ करता है ॥ ४८ ॥

यत्समीपविषयेधुना धृतं

सज्जनैर्गुरुकुलं विराजते ।

प्राक्तनार्षपदवीमुपागतं

वास्तवेपि जगदेकमण्डनम् ॥४९॥

जिसके पास आज कल प्राचीन ऋषि प्रणाली के अनुसार विश्व-भूषण गुरुकुल विराजमान हो रहा है ॥ ४९ ॥

स तत्र गत्वा रचयत्समन्ततो-

महान्तमेकं तृणकल्पितं कुटम् ।

यदन्तरे तत्समभावभाविनो-

यतीश्वराश्चक्रुरनन्तकल्पनाः ॥५०॥

उस हरिद्वार मे पहुँच कर सप्तस्रोत के ऊपर आपने एक बहुत बडा लकडी का बाडा बनवाया जिसमें बहुत से सन्यासी आ आकर वैदिक धर्म के उन्नति-मार्ग का विचार करते रहते थे ॥ ५० ॥

सप्तस्रोतोभिधा यत्र निर्मिता परमात्मना ।

वनस्थली ऋषिव्रातानाक्रष्टुमिव सुन्दरी ॥५१॥

जहाँ पर सप्तस्रोत नामक स्थान ईश्वर ने मुनियों के मनों को मोहित करने के लिए बनाया था ॥ ५१ ॥

पाखण्डखण्डिनीं तत्र पताकां विजयोद्यताम् ।
बहुभिः सज्जनैः सार्धं योजयामास योगिराट् ॥५२॥

और उसके सामने ही आपने विजय सूचक पाखण्ड-खण्डिनी नाम की पताका गड़वा दी ॥ ५२ ॥

अत्रान्तरे महाँस्तत्र समुदायोभवत्परः ।
नानामतपरा यत्र नानालोकाः समाययुः ॥५३॥

इसी बीच में वहाँ पर एक बड़ा भारी मेला लगा जिसमें अनेक मत-वादी अनेक जन आये ॥ ५३ ॥

वाराणसीनिवास्येको विशुद्धानन्दनामभाक् ।
समं राजजनैस्तत्र विवादार्थमुपागमत् ॥५४॥

काशी निवासी स्वामी विशुद्धानन्दजी भी कुछ राजाओं के साथ आप से शास्त्रार्थ करने आये ॥ ५४ ॥

मन्त्रं जातिपरं कञ्चित्प्रस्तूय कृतवाग्श्रमः ।
तथा पराभवं प्राप यथानाप परः पुमान् ॥५५॥

वे जातिपरक (ब्राह्मणोस्य०) मन्त्र के छेड़ने पर ऐसे परास्त हुए कि जैसा आजतक कोई नहीं हुआ ॥ ५५ ॥

कैलासपर्वतस्तत्र दृष्ट्वा दुर्धर्षकल्पनाम् ।
दयानन्दस्य मध्यस्थो जयमस्यान्वमोदत ॥५६॥

उस शास्त्रार्थ में श्रीमान् कैलास पर्वतजी मध्यस्थ थे । उन्होंने स्वामी दयानन्द का पक्ष प्रबल देख कर उन्हीं को विजयी प्रसिद्ध किया ॥ ५६ ॥

पौराणिका जनास्तत्र श्रुत्वा तद्गर्जनध्वनिम् ।
सिंहान्मृगा इव दिशो ययुरुद्दिश्य कातराः ॥५७॥

बहुत से पौराणिक पण्डित आपकी गर्जना को सुन कर इस प्रकार भागने लगे कि जैसे सिंह की गर्जना को सुन कर मृग भाग जाते हैं ॥ ५७॥

बह्वः सज्जनास्तत्र दर्शनार्थमुपागताः ।
यतीशं तुष्टुवुर्भक्त्या परेशमिव योगिनः ॥५८॥

बहुत से सज्जन आपके दर्शन के लिए आकर आपको देख कर अति प्रशंसा करने लगे ॥ ५८ ॥

बहून्विपक्षिणोलोकाञ्छ्रुतभाषणविस्तरान् ।
वैदिके पथि संयोज्य जयभागभवन्मुनिः ॥५९॥

ऋषि भी बहुत से विपक्षियो को आर्य्य मार्ग मे लाकर विजय को प्राप्त हुए ॥ ५९ ॥

ज्ञातवान्क इदं वृत्तं दयानन्दो भविष्यति ।
लोकोपकारकरणे सन्नद्धः सर्वशास्त्रवित् ॥६०॥

इस बात को कौन जानता था कि समस्त शास्त्रो का जाननेवाला ऋषि दयानन्द लोकोपकार मे तत्पर होगा ॥ ६० ॥

विहायेमं दयानन्दं कस्य शक्तिरभूत्परा ।
य एवंविधसङ्घेपि मतवादान्निवारयेत् ॥६१॥

आपके सिवा किसकी शक्ति थी जो कि इतने जन-समुदाय में समस्त मतो का मुकाबिला करता हुआ वैदिक धर्म का प्रचार कर सके ॥ ६१ ॥

दृष्ट्वा यतिवराँस्तत्र स्वार्थसाधनतत्परान् ।
हृदये समभूदस्य विचारैकपरा मतिः ॥६२॥

उस मेले मे सन्यासियो को भी स्वार्थ-साधन में तत्पर देख कर आपके मन में बडा दुःख हुआ ॥ ६२ ॥

य एव लोकरक्षायै विधिना विनियोजिताः ।
त एव लोकनाशाय विचेष्टन्ते किमद्भुतम् ॥६३॥

जिनको ईश्वर ने जगत् का रक्षक बनाया था वे ही आज उसके भक्षक बन गये ! ॥ ६३ ॥

केचित्पञ्चशिखाः केचिन्मुण्डिनः केपि केशिनः ।
काषायवस्त्रवन्तोपि मतमित्थं वितन्वते ॥६४॥

कोई पञ्चशिख, कोई मुण्डी, कोई शिखी, काषाय वस्त्र धारण करके भी नाना मतो का प्रचार करते है ॥ ६४ ॥

देशस्याधोगतिं वीक्ष्य पश्चात्तापपरो मुनिः ।
नितरामुन्नतौ तस्य मनः स्वीयं न्यवेशयत् ॥६५॥

इस दुर्दशा को देख कर पश्चात्ताप करते हुए आप उसकी उन्नति में अपना मन लगाने लगे ॥ ६५ ॥

विरागिणामपि दशां बहुरागपरायणाम् ।
उदासीनवदासीनो विलोक्य शुचमागमत् ॥६६॥

विरागियों को भी बहुरागी देख कर वहाँ पर आप और भी चिन्ता मे ग्रस्त हुए ॥ ६६ ॥

दुर्दशा दुर्दशां यातु सुदशा यातु भारतम् ।
इति प्रार्थितवानीशमात्मोत्तेजनया यतिः ॥६७॥

और आप भारत की दुर्दशा के दूर होने और सुदशा की प्राप्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करने लगे ॥ ६७ ॥

सतां परोपकाराय सम्भवन्ति विभूतयः ।
इति मत्वा निजं सर्वं ददौ सर्वेभ्य आदरात् ॥६८॥

यह सोच कर उन्होने निश्चय किया कि सज्जनो की विभूति परोपकार के लिए ही होती है। इसलिए उन्होंने भी अपना सर्वस्व दूसरो को दे डाला ॥ ६८ ॥

महाभाष्यं गुरोरर्थे मथुरामयमात्मवित् ।
सवस्त्रं सधनं साधुः प्रापयामास तत्क्षणम् ॥६९॥

सबसे पहले अपने गुरु के लिए एक महाभाष्य का पुस्तक, दो सुवर्ण-मुद्रा और एक दुशाला मथुरा को भेजा ॥ ६९ ॥

कौपीनवान्दिग्वसनो भस्मोद्धूलितविग्रहः ।
भूत्वा परोपदेशाय मतिमादादनुत्तमाम् ॥७०॥

इस प्रकार अपनी सब वस्तुओं को परोपकार्थ दान कर आप कौपीन-धारी हो गये और भस्म को धारण करके आप परोपकार मे ही निरन्तर मन लगाने लगे ॥ ७० ॥

देशस्यातिपवित्रत्वान्निजवेशोचितं शुभम् ।
गङ्गातटमुपक्रम्य प्रारेभे भ्रमणक्रियाम् ॥७१॥

देश के अति पवित्र होने से आप गङ्गा तट पर भ्रमण करने के लिए उद्यत हुए ॥ ७१ ॥

पूर्वं ययावृषिक्षेत्रं परावृत्य ततस्त्वरम् ।
हरिद्वारादिवासेषु क्रमशो गमनं व्यधात्[1] ॥७२॥

पहले वे हृषीकेश जाकर वहाँ से लौट, कानपुर तक गङ्गा के किनारे किनारे क्रमशः रहने लगे ॥ ७२ ॥

सार्द्धमद्वयुगं कूले जाह्नव्याः स परिभ्रमन् ।
स्वकीये बलविद्येपि तपोयुक्तेकरोन्मुनिः ॥७३॥

इस प्रकार ढाई वर्ष भ्रमण करते हुए वे आत्मिक बल बढाते रहे ॥७३॥

देववाणीव्रतो नित्यमेकाहारपरः शुचिः ।
आकर्णपुरमागच्छन्प्रत्यावृत्तिमुपागमत् ॥७४॥

एक समय भोजन और सस्कृत मे भाषण करते हुए कानपुर से फिर लौटने लगे ॥ ७४ ॥

येषु येषु निवासेषु पूर्वं वासमकल्पयत् ।
तेष्वेव स पुनर्गच्छन्नाप योगित्वमद्भुतम् ॥७५॥

जिन स्थानो मे वे जाते समय ठहरे थे उन्हीं में आते समय भी रहे ॥७५॥

---

१ विपूर्वकस्य धाञ करणार्थकत्व विधत्ता नि शकमित्यादौ दृश्यते ।

सर्वेष्वपि निवासेषु सन्ध्यादिशुभकर्मणाम् ।
विधानमुपदिश्यासौ कर्णवासमवाप्तवान् ॥७६॥

जहाँ जहाँ पर वे रहे वहाँ वहाँ पर सन्ध्यादि कर्मों का उपदेश देते हुए कर्णवास पधारे ॥ ७६ ॥

यत्र मत्पितृचरणैरेभ्य एव यथाविधि ।
समग्राहि शिवादीक्षा शिक्षापि निगमोचिता ॥७७॥

वहाँ पर मेरे पिता पण्डित टीकारामजी ने आप ही से वैदिक दीक्षा एव शिक्षा भी ग्रहण कर शिष्यता प्राप्त की ॥ ७७ ॥

वनभूमिरसम्बाधा यत्र विश्राम्यतां नृणाम् ।
समाकर्षति चेतांसि चिरविश्रामहेतवे ॥७८॥

वहाँ की निरुपद्रव वनभूमि रहनेवाले पुरुषों का मन अधिक रहने के लिए आकर्षित करती है ॥ ७८ ॥

भृगुर्यत्र तपस्तेपे महर्षिः कतिचित्समाः ।
पश्चात्समाधावातस्थौ परमात्मपरायणः ॥७९॥

वहाँ पर महर्षि भृगु ने कुछ वष तप कर फिर समाधि द्वारा परमेश्वर को जाना था ॥ ७९ ॥

कर्णराज्ञो निवसनाद्यत्र नूनमहर्दिनम् ।
अन्वर्थतामुपगता कर्णवासेति कल्पना ॥८०॥

वहाँ पर राजा कर्ण के सर्वदा रहने से कर्णवास नाम सार्थक बन गया ॥ ८० ॥

स तत्र नानाविधपण्डितैः समं
विधाय शास्त्रार्थमयत्नसिद्धिदम् ।
चकार गप्पाष्टकखण्डनं तथा
यथा पतन्मन्दिरमूर्तयो जले ॥८१॥

उस कर्णवास में अम्बादत्तादि बहुत पण्डितो के साथ शास्त्रार्थ कर आपने आठ गप्पों का ऐसा खण्डन किया कि जिसके प्रताप से मन्दिरो की मूर्तियाँ गङ्गा में गिरने लगीं ॥ ८१ ॥

तत्रैव दुष्टजनभीतिमसौ विमुच्य
शस्त्राभिघातमपि तादृशवैरिजातम् ।
सत्योपदेशमकरोन्मनुजेषु नूनं
हुंकारदूरकृतशत्रुजनौघदर्पः ॥८२॥

वहीं पर हुकार मात्र से शत्रुओ को डरा, निर्भय होकर, ठाकुर कर्णसिंह की तलवार का भी भय न करते हुए ऋषि धर्म का उपदेश करते रहे ॥८२॥

अत्रान्तरे जह्नुसुतातटस्थं
स रामघट्टं गतवान्महात्मा ।
महोपदेशाय भवन्ति यत्र
विपश्चितस्तीर्थधिया समेताः ॥८३॥

इसी बीच में कार्तिकी के मेले पर बहुत से मनुष्यो को उपदेश देने के लिए वे गङ्गातटस्थ रामघाट को पधारे ॥ ८३ ॥

निवार्य नानामतगान्मनुष्या-
नयं महात्मा नरकस्य मार्गात् ।
बलेन तत्राथ निवेश्य धर्मे
पुनर्भृगोराप तपःस्थलं तत् ॥८४॥

उस रामघाट मे अनेक मतवाले पुरुषो को दुःख मार्ग से हटा और सच्चे वैदिक धर्म में लगाकर आप फिर (भृगुक्षेत्र) कर्णवास पधारे ॥ ८४ ॥

धैर्येण तत्र निवसन्स जितात्मभावः
पाश्चात्यदेशजमनुष्यगणेन सार्द्धम् ।
वार्ताश्चकार परमेश्वरदत्तचेता
नाशं यथा किल ययुर्निजवैरियूथाः ॥८५॥

उस कर्णवास मे धैर्य से रहकर पञ्जाब के कुछ पुरुषो के साथ वे इस प्रकार की बात करने लगे कि जिससे वहाँ के सब शत्रु नष्ट हो गये ॥ ८५ ॥

सर्वेपि तद्रिपुगणाः क्रमशो महान्तं
क्लेशं समापुरिति वीक्ष्य समेति चित्ते ।
सत्यं वदन्ति ऋषयः परमार्थविज्ञाः
पापस्य यत्फलमहो भवतीह कष्टम् ॥८६॥

ऋषियो का यह कथन सत्य है, कि पाप का फल दुःख ही होता है। जिन जिन दुष्टो ने ऋषि को कष्ट दिया उन उन का अन्त में बुरा ही हुआ ॥ ८६ ॥

सूर्यग्रहागतमनुष्यगणे स तत्र
वेगेन खण्डनमकल्पयदप्रमेयम् ।
मिथ्याविनिर्मितनिजार्थपरायणानां
तीर्थप्रशास्तिवचनस्य किमन्यदस्मात् ॥८७॥

उसी कर्णवास मे सूर्य्य-ग्रहण मे आये हुए मनुष्य-समुदाय मे कर्णवास माहात्म्य का आपने खूब खण्डन किया। यह माहात्म्य वहीं के लोगो ने बना रक्खा था ॥ ८७ ॥

तस्मादनन्तरमितो विजयाय योगी
नानापुरेषु पुनराप जवादनूपम् ।
गङ्गातटस्थितमितोपि ययौ स पश्चात्
तस्मात्परं करुणयाघहरं निवासम् ॥८८॥

वहाँ से समीप ही नगरो मे भ्रमण करते करते आप अनूपशहर में लाला बाबू की कोठी पर कुछ दिन रह कर वहाँ से भी आहार पधारे ॥८८॥

रामादिभूपतिचरित्रभृतो मनुष्यान्
मिथ्याविनोदनपथाच्छुभकर्ममार्गे ।
नानोपदेशविधिना विनियोज्य तत्र
योगासनस्थितिमकल्पयदप्रमेयाम् ॥८९॥

आहार में बहुत से लोग रामलीला आदि में लगे रहते थे। स्वामीजी ने अपने उपदेश से उनको उस खेल से हटा कर वास्तविक धर्म-मार्ग में लगाया और आप कुछ दिन तक वहीं योगाभ्यास करते रहे ॥ ८९ ॥

अत्रान्तरे दलमिषेण जनेन दत्तं
मत्वा महद्गरलमाशु जलान्तरस्थः ।
योगक्रियाविधिवशादयमेकदेशा-
दुज्झाञ्चकार सहसैव महर्षिवर्यः ॥९०॥

उन्हीं दिनों किसी दुष्ट ने उनको पान मे विष दे दिया। खाने पर स्वामीजी को मालूम हो गया। वे तुरन्त गङ्गा में गये और वहाँ जाकर योग मार्ग से उस विष को शरीर से बाहर निकाल दिया ॥ ९० ॥

निःसार्य तद्गरलमीक्ष्य विषप्रदं तं
बन्धे महीपरचिते निरमोचयत्सः ।
संसारबन्धनविमोचनदत्तचित्ताः
नो बन्धनेषु मनुजान्गमयन्ति सत्यम् ॥९१॥

विष निकल जाने पर उन्होने देखा कि विष देनेवाला हवालात में सड रहा है। उसका दुःख उनसे न देखा गया। उन्होने अपनी कृपा से उसको छुडवा दिया। भला बन्धनो को काटनेवाले पुरुष किसी को बन्धन में थोडे ही डालते हैं ॥ ९१ ॥

निवार्य तं बन्धनतः स योगी
ययावितो बिल्ववनं प्रशस्तम् ।
महर्षयो यत्र फलाशनेन
योगानलभ्यानलभन्सुखेन ॥९२॥

बन्धन से उस पुरुष को छुडा कर आप यहाँ से बेलौन पधारे। वह ऐसा स्थान था कि जहाँ पर ऋषियो ने केवल फल खाकर योग-सिद्धि को प्राप्त किया था ॥ ९२ ॥

गत्वा तत्र विधाय खण्डनमलं श्राद्धस्य तस्मात्परं
रामादीनवतारभावरहितान्संबोध्य चायं मुनिः ।
व्याख्यानैरपि वेदमन्त्रमहितैर्विश्वास्य विद्वज्जना-
नन्ते मङ्गलमन्त्रपाठमकरोद्भद्राय विश्वात्मनाम् ॥९३॥

फिर स्वामी दयानन्द सरस्वती बेलौन जाकर मृतक के श्राद्ध तथा अवतारवाद का युक्ति तथा प्रमाणों द्वारा अच्छे प्रकार खण्डन कर और व्याख्यानो द्वारा विद्वानो को भी आनन्दित करते हुए अन्त में जगत् के कल्याण के लिए शान्ति-पाठ करने लगे ॥ ९३ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
सदुपदेशारम्भवर्णनं नाम पञ्चम सर्ग ।

षष्ठः सर्गः

श्रीयुतः स पुनरप्युपदेष्टुं
व्यातनोज्जनहितानि हि तानि ।
कुत्र यान्ति विरतिं निजकृत्या-
दादृताः परशिवेषु महेच्छाः ॥१॥

परोपकार में दत्त-चित्त पुरुष कदापि निज कार्य से नहीं हटा करते; ऐसा जान कर श्रीमान् फिर भी हितोपदेश देने के लिए उद्यत हुए ॥ १ ॥

यत्र यत्र स जगाम महात्मा
तत्र तत्र सुमहार्य्यसमाजः ।
सङ्गतोभवदचिन्त्यगुणाना-
मादरे भवति को न हितैषी ॥२॥

जहाँ जहाँ पर वे ऋषि जाते थे वहाँ वहाँ पर सज्जन-समाज हुआ करता था, क्योंकि अद्भुत गुणो के ग्रहण में कौनसा जन आदर नहीं करता ? ॥२॥

योभिवाञ्छति जनेषु नितान्तं
स्वागतं स तनुते सहसैव ।
निष्प्रयोजनतया सुगुणानां
पूर्णवृष्टिमिव नूतनमेघः ॥३॥

जो पुरुष मनुष्यो में अपनी प्रतिष्ठा चाहता है वह पहले उन से कुछ प्रयोजन न रख कर उनके लिए नवीन मेघ के समान गुणों की वृष्टि किया करता है ॥ ३ ॥

स्वार्थसाधनपरे मनुजे के
विश्वसन्ति मनुजा इह लोके ।
दृश्यते जगति नैव समुद्रं
यान्ति मूढमतयोपि जलाय ॥४॥

जो पुरुष स्वार्थ-साधन में तत्पर रहते हैं लोग उनका विश्वास नहीं करते । यह बात है भी ठीक । यह बात प्रत्यक्ष है कि मूर्ख से मूर्ख मनुष्य भी जल के लिए समुद्र के पास दौड़ा नहीं जाता ॥ ४ ॥

इत्यवेक्ष्य मुनिरार्यनिवासं
कर्तुमेतदखिलं किल विश्वम् ।
मानसे मनुनिबोधितकृत्यां
व्याततान निगमानुगतां ताम् ॥५॥

यही मन में सोच कर वे जगत् को आर्यनिवास बनाने के लिए मनुप्रोक्त वेदानुकूल कार्यों का विचार करने लगे ॥ ५ ॥

मन्दिरेथ लघुभैरवमूर्ते-
र्मानुषं वपुरुपेत्य किमत्र ।
कर्म कर्तुमुचितं जनिमात्रै-
रित्युदारमतिरेष जगाद ॥६॥

यही विचार कर वे वहाँ से अतरौली पहुँचे । वहाँ भैरव के मन्दिर में उन्होंने मनुष्यों के कर्तव्य पर व्याख्यान दिया ॥ ६ ॥

विश्वविश्रुतमनोहरकीर्तिः
सोत्र सज्जनजनानुपदिश्य ।
वन्दितो बहुजनैरुपपेदे
पत्तनं लघु छलेश्वरसञ्ज्ञम् ॥७॥

वे विख्यात कीर्ति ऋषि अतरौली मे सज्जनो को उपदेश देकर वहाँ शीघ्र ही छलेसर चले गये ॥ ७ ॥

मन्दिराणि गमनोत्तरमेव
प्रस्तरैरुपचितानि स योगी ।
विंशतिर्निजकृतैरुपदेशै-
स्तत्र यज्ञसदनानि चकार ॥८॥

छलेसर मे पहुँच कर उन्होने ऐसा उपदेश दिया और उसका ऐसा प्रभाव पडा कि वहाँ के बीसियो मन्दिरो से मूर्तियाँ हटा दी गईं और उनमें यज्ञशालाये बनने लगी ॥ ८ ॥

विधाय तस्मिन्नगरे महात्मा
स पाठशालाः कतिचित्सुखेन ।
जगाम वेगादपरं निवासं
विलोक्य नम्रं जयकृष्णदासम् ॥९॥

उसी शहर मे वे महात्मा राजा जयकृष्णदास से मिले और उन्होंने कई पाठशालाये खुलवाई । फिर वे वहाँ से बगडिया में पहुँच गये ॥ ९ ॥

समेत्य चक्राङ्कितपण्डितानां
स तत्र लीलां बहुशोवलोक्य ।
विजित्य सर्वानथवादमध्ये
जयं प्रपेदे जगति प्रसिद्धम् ॥१०॥

वहाँ पहुँच कर उन्होने चक्राङ्कितो की लीलाये देखी । वहाँ शास्त्रार्थ में सबको जीत कर प्रसिद्ध जयलाभ किया ॥ १० ॥

इतः परां कोलपुरीमयं यति-
र्जगाम तत्रापि बहून्महोदयान् ।

श्रुतेर्मते सम्मिलितानकल्पय-
ज्जनौघमध्ये बलवद्वचोबलः ॥११॥

यहाँ से आप सूकरक्षेत्र में पहुँचे । वहाँ व्याख्यान द्वारा बहुत से सज्जनो को वैदिक मार्ग में लगाकर आप कुछ दिन वही निवास करने लगे ॥ ११ ॥

अथाङ्गदं पण्डितमेकमादरा-
द्विजित्य नानाविषयेषु सत्वरम् ।
तथा वशीभूतमकल्पयद्यथा
सहस्रशस्तद्वशमापुरस्मयाः ॥१२॥

कुछ दिनो के बाद वही पर एक अगद नामक पडित को समस्त विषयों में ऐसा परास्त किया कि जिससे बहुत जन आर्य होगये ॥ १२ ॥

यथोत्तरं सर्वपुराणकल्पनां
नवीनरूपामनुवाद्य सर्वशः ।
स पर्वतं प्रत्यवदन्मतत्रयी-
विभञ्जनार्थे निगमानुशासनः ॥१३॥

वही पर सबके समक्ष पुराणो की रचना नवीन एव मिथ्या बता कर आप कैलास पर्वत से रामानुज, वल्लभ और माध्व मतो के खण्डन के लिए कुछ कहने लगे ॥ १३ ॥

क्रमेण तत्रागतमङ्गदान्तरं
स पूर्वशिष्यो द्रुतमङ्गदाभिधः ।
तथा विवादेनयदेकमूकतां
यथा स गेहं प्रजगाम लज्जितः ॥१४॥

इसी अवसर में पीलीभीत का रहनेवाला एक दूसरा अगद आपसे विवाद करने आया जिसको पहले अगद ने ही परास्त करके भगा दिया॥१४॥

बलदेवगिरिर्विलोक्य बुद्धिं
महतीमस्य जयोद्यमप्रविष्टाम् ।
शरणं गतवानिमं यतीशं
त्रिभिरप्यात्ममनोधनैः समेतः ॥१५॥

वही पर बलदेवगिरि गुसाईं ने आपकी शास्त्रार्थ में जीत देखकर अपना तन मन धन सबही आपके अर्पण कर दिया ॥ १५ ॥

अतः परं कोपि यतिर्दिगम्बरः
कृते विवादस्य समाययौ रसात् ।
परं बलं वीक्ष्य निजं ततोवरं
जगाम देशाटनतत्परो द्रुतम् ॥१६॥

कुछ समय के वाद वहीं पर एक नग्न सन्यासी आपसे विचार करने आया, परन्तु अपना बल अल्प देख कर शीघ्र ही चला गया ॥ १६ ॥

यतीश्वरोपीश्वरदत्तमानसः
पुरान्तरं प्राप्य गुरोर्दिवङ्गमम् ।
निपीय दुःखीसमभूदितो महान्
गुरोर्वियोगे वत को न दूयते ॥१७॥

ईश्वर में मन लगानेवाले ऋषि दयानन्दजी वहाँ से ककोडे चले गये। वहाँ पहुँच कर गुरु विरजानन्दजी का देहान्त सवाद सुनकर वे बहुत शोकाकुल हुए। भला गुरु का शोक किस को दुःख नही देता ? ॥ १७ ॥

वियोगदूनोपि स पत्तनान्तरं
पुरादितः प्राप्य विचारपद्धतौ ।
महोदयान्नष्टविशेषसंशया-
नकल्पयत्सत्वरमेव तत्त्वरः ॥१८॥

शोकाकुलावस्था में ही आप नरौली गये और वहाँ आपने बहुत से लोगो की शकाओं का समाधान करके उन्हें निःसशय कर दिया ॥ १८ ॥

इतः स गत्वा नगरान्तरं याति-
निजोपदेशैर्बहुबोधयज्जनान् ।
ययावितः कायमगंजमंजसा
ततोपि वेगेन नु फल्गुपत्तनम् ॥१९॥

फिर आप नरौली से बहरामपुर गये और वहाँ के लोगो को उपदेश देकर कायमगज होते हुए फर्रुखाबाद पधारे ॥ १९ ॥

धर्मोपदेशमथ तत्र विधाय विद्या-
सम्बन्धिनं सुविषयं खलु बोधयित्वा ।
गङ्गातटे वटविशोभितकूलयुग्मे
तस्थौ समाधिविधिवर्धनदत्तचित्तः ॥२०॥

वहाँ पर जाकर धर्म एव विद्या विषय मे व्याख्यान देकर वट-वृक्षाच्छादित गगा-तट मे समाधि-क्रम बढाते हुए रहने लगे ॥ २० ॥

श्रुत्वा तमद्भुतविचारपरं यतीन्द्रं
पौराणिका भयविशुष्कमुखाः कथञ्चित् ।
वाराणसीविलिखितं लघुमानपत्रं
शीघ्रं निवेद्य पुरतोस्य शनैरतिष्ठन् ॥२१॥

वहाँ के भयभीत पौराणिक विचारशील ऋषि के सामने स्वय कुछ भी विचार शक्ति न रखने के कारण काशी के पण्डिता के दिये हुए मानपत्र पेश करने लगे ॥ २१ ॥

दृष्ट्वा तदीयलिपिमादरतोस्य चित्ते
हर्षोत्कताद्यातिविलोकनतोभवद्या ।
वाराणसीबुधगणस्य पराजये सा
प्राकट्यमेष्यति किमत्र विलेखनेन ॥२२॥

काशीस्थ पण्डितो के हाथ के लिखे हुए पत्र में अशुद्धियो को देख कर स्वामीजी के मन में उनके जीतने की जो प्रबल इच्छा उत्पन्न हुई वह इसी सर्ग केअन्त में वर्णन की जायगी। यहाँ अधिक कहने से क्या प्रयोजन ? ॥ २२॥

अत्रान्तरे दिनविनिश्चयपूर्वकं यः
शास्त्रार्थनिश्चयपणः समभूद्बुधानाम्।
पीताम्बरः समभवत्परिषत्प्रधानो-
गोपालकश्च लघु तत्र वचःप्रधानः ॥२३॥

इतने में ही वहाँ शास्त्रार्थ का दिन निश्चित होगया जिसमें प्रधान पीतांबर जी बनाये गये और वक्ता पण्डित गोपालजी नियत हुए ॥ २३ ॥

मूर्तिप्रपूजनविधावभवद्विचारः
सर्वैः समं बुधवरैः प्रहरत्रयं सः।
यस्मिन्ययुर्विमुखतां विबुधाः क्रमेण
पौराणिकास्तदपरे लघुहर्षमापुः ॥२४॥

वह शास्त्रार्थ मूर्त्ति-पूजन विषय में हुआ जिसमें पैाराणिक लोग हार गये और विद्वानो को बहुत बडा हर्ष हुआ ॥ २४ ॥

एतावतैव समयेन दलं द्वितीयं
वाराणसेयमनयन्विबुधाः पुरोस्य।
यत्तस्य खण्डनमयं विदधे महात्मा
सम्यक्कृतया प्रतिपदं तिलशः किमन्यत् २५

इतने ही में दूसरे शास्त्रार्थ का निश्चय होने पर जो दूसरा काशी का पत्र आपके समक्ष आया उसका आपने खूब खडन किया ॥ २५ ॥

कामार्थिनोपि शिवइत्यवगम्य तस्य
शीर्षे निजांसधृतगाङ्गजलप्रपूरान्।
आपातयञ्छिवकरं जगतामवेक्ष्य
सत्यं तदद्भुतमभूच्छिवमेव यूनाम् ॥२६॥

वहाँ पर कुछ कामरियो ने स्वामी जी को शिव समझ कर अपने कंधे पर रक्खी हुई गगाजल की मारी शीशियाँ उनके सिर पर चढा दीं। वास्तव में उनका भी कल्याण होगया ॥ २६ ॥

अत्रान्तरे हलधरो बहुभिर्मनुष्यैः
सत्राजगाम किल तत्र महाभिमानी ।
यत्राश्रितिः समुचिता मुनिना वनान्ते
ध्यानोपयोगितटमाप्य कृता निसर्गात् ॥२७॥

इसी बीच में अभिमानी हलधर (ओझा) बहुत से पुरुषो को साथ लेकर वहीं पर आये जहाँ कि गगा-तट पर आप ठहरे हुए थे ॥ २७ ॥

दृष्ट्वेश्वरं बुधगणस्य स तत्र मानाद्
द्रव्यात्मकं विनिमयं परिकल्प्य तूर्णम् ।
मौर्तं प्रकल्प्य विषयं निगमप्रमाण-
भावान्निरुत्तरइवाभवदश्रमेण ॥२८॥

वह गर्व से उनके सामने चार सहस्र की जमा रखकर मूर्तिपूजन विषय मे कुछ बोला, परन्तु वेद-प्रमाणाभाव से स्वय मूक होगया ॥ २८ ॥

सर्वं विहाय मतपक्षमयं विपक्षी
रात्रौ कृञः प्रकरणं प्रथयन्न चक्रे ।
यद्भाषणं मलिनतां महतीं जनेषु
तत्सत्यमाप बलवन्मुनिना परास्तः ॥२९॥

दूसरे दिन रात के समय श्रौर सब बाते को छोड कर केवल 'कृञ' धातु का प्रकरण उठाया गया, परन्तु जब वह कुछ भी न बोला तब उसकी बडी निन्दा हुई ॥ २९ ॥

पश्चादसौ मलिनशाक्तमतैकपक्षो-
वार्तामकल्पयदनल्पविषादवेषः ।

यस्मिन्पराजयमवाप्य परं न पश्चा-
दास्यं प्रकर्तुमशकन्मनुजेषु नूनम् ॥३०॥

फिर ओझा महाशय ने क्रोध मे भर कर शाक्त-मत की बाते छेडीं, परन्तु उनमे भी वह ऐसा परास्त हुआ कि उसको मुँह दिखाना भारी होगया ॥ ३० ॥

अनन्तरं तत्र निवेश्य रम्यां
स पाठशालां मनुजैः प्रशस्तम् ।
पुरान्तरं प्राप लघु क्रमेण
जनौघसन्दर्शितमञ्जुमार्गः ॥३१॥

शास्त्रार्थ के अनतर आप वहाँ पर एक पाठशाला स्थापन कर वहाँ से शीघ्रही सिहीरामपुर पधारे ॥ ३१ ॥

तत्र तर्जितमतान्तरवादः
सत्यशास्त्रविनिवेशितभावः ।
यापयन्दिनयुगं मनुजौघा-
नश्रुपूर्णनयनानकरोत्सः ॥३२॥

वहाँ पर दो दिन रह के मतो का खण्डन एव सत्य शास्त्रो का मडन करते हुए अत में वियोग के लिए उद्यत हुए ॥ ३२ ॥

इतो गमिष्याम्यधुनेति सादरं
वदत्यमुष्मिन्यमिनाम्बरे परा ।
निरस्तधैर्याभवदेव सर्वथा
शुचा बुधाली किमतः परं वचः ॥३३॥

जब आपने अपने जाने का मनोरथ विद्वानो को सुनाया तब समस्त विद्वान् शोक से अत्यन्त शोकाकुल हुए ॥ ३३ ॥

पुरान्तरं गतवति पुण्यदर्शने
मुनौ ततः परतरमेकतः स्थिता ।

मुदाभवत्प्रमुषितशोकसागरा
शुचान्यतः प्रमुषितहर्षसागरा ॥३४॥

जलालाबाद जाने के समय आपके एक भाग में स्थित जन तुष्ट हुए, दूसरी तरफ के शोकाकुल हुए ॥ ३४ ॥

विश्रम्य तत्र दिवसैककमादरेण
सम्भाषणैर्बुधजनान्परितोष्य चारम् ।
गङ्गातटस्थितमयं प्रययौ क्रमेण
स्तुघ्नं सुरामिषपरायणकान्यकुब्जम् ॥३५॥

जलालाबाद पहुँच कर एक दिन वहाँ के विद्वानो को भाषण से सतुष्ट कर आप वहाँ से कन्नौज पधारे ॥ ३५ ॥

गत्वा स तत्र विबुधद्वयमञ्जसैव
मूर्तिप्रपूजनपथे बलवद्विजित्य ।
सर्वासु दिक्षु जनगीतशुभावदान-
स्तस्थौ दिनानि कतिचिन्निजयोगचित्तः ॥३६॥

कन्नौज में गुलजारीलाल हरिशकर नामक दो पण्डितो को मूर्त्तिपूजन विषय में परास्त कर स्वामीजी सर्वत्र निज कीर्ति को सुनते हुए कुछ दिन वही योग क्रिया करने लगे ॥ ३६ ॥

ब्रह्मावर्तं पुरवरमथ प्राप्य योगीश्वरोयं
नानासिद्धैः सह परिचयं वर्धयित्वा महद्भिः ।
नानायोगाभ्यसनपटुतां वीक्षयन्मोक्षशिक्षा-
भिक्षामिक्षाव्रतपरिचये दत्तचित्तो बभूव ॥३७॥

वहाँ से फिर आप ब्रह्मावर्त गये वहाँ के सिद्धो से परिचय कर उनसे कुछ योग की बाते करते हुए रहने लगे ॥ ३७ ॥

ततः परं कर्णपुरं महात्मा
ययौ तटस्थानि बहूनि पश्यन् ।

पुराणि सामध्वनिसुन्दराणि
मनुष्यवर्यैरपि सेवितानि ॥३८॥

फिर आप वहाँ से गगा तट पर बसे हुए अनेक ग्रामो को देखते हुए क्रमशः कानपुर पधारे ॥ ३८ ॥

गत्वा तत्र तटोत्तमाश्रितलसद्विश्रान्तघट्टाश्रमे
विश्रान्तिं समुपेत्य सज्जनवरैरामोदितः सत्कथाः ।
कुर्वन्वार्षिकयोगसाधनविधावम्भोजिनीमञ्जुले
देशे हंस इवातिहर्षमगमत्सत्यं परिव्रूडायम् ॥३९॥

वहाँ पर विश्रात घाट पर विश्राम कर आप वहाँ के पण्डितो से बात करते हुए, वर्षा काल के योग्य योग-क्रिया करने लगे ॥ ३९ ॥

न भवति नवबिल्वैः प्रीतिमानीश्वरस्त-
न्निगमलिखितमन्त्रैः स्तूयतामादरेण ।
इति वदति यतीन्द्रे सज्जना बिल्वपर्णैः
करभशिशुबुभुक्षामेव दूरं प्रचक्रुः ॥४०॥

वहीं पर श्रावण में बेलपत्र चढाने वालो से आपने कहा कि ईश्वर इनसे प्रसन्न नही होता, वेद मन्त्रो से उसकी प्रार्थना करो। ऐसा कहने पर पण्डितों ने सब पत्ते ऊँटों को चरा दिये ॥ ४० ॥

भैरवो यदि विभीषणमूर्तिः
कारणं त्रिजगतां न हि पूर्तिः ।
सर्वमेतदनृतं क्व महेशो-
भैरवः क्व महदन्तरमेतत् ॥४१॥

वहीं पर निवासस्थान मे भैरव का भय दिखानेवालो से आपने कहा कि यदि भयानक भैरव ही जगत् का कारण है तो ससार कदापि स्वस्थ नही रह सकता, इसलिए यह सब मिथ्या है ॥ ४१ ॥

जनेन मुक्तिमिच्छता विधेय एव सर्वदा
स पञ्चयज्ञसङ्ग्रहः श्रमेण भक्तिपूर्वकम् ।
विलोक्यते जगत्ययं विमुक्तिमार्गउत्तमो-
न मूर्तिपूजनादिकं कदापि मुक्तिदं भवेत् ॥४२॥

वहीं पर जनो से आप कहने लगे कि मुक्ति चाहनेवालो को सर्वदा पञ्चयज्ञ से हवन करना ही शास्त्रों में बतलाया है। मूर्त्ति-पूजनादि से कदापि मुक्ति नहीं होती ॥ ४२ ॥

न मूर्तयः प्रस्तरनिर्मिताङ्ग्यो
भवन्ति शीतादिभिरत्रतान्ताः ।
अतः किमर्थं वसनव्ययोयं
मनुष्यवर्यैः क्रियते मुधैव ॥४३॥

वहीं पर आपने यह भी कहा कि पत्थर की मूर्त्तियो को कभी शीत नहीं लगता इसलिए उन्हें कपड़ा पहनाना व्यर्थ है ॥ ४३ ॥

इति निगदति योगिवृतपूज्ये नितान्तं
सकलविपणिभाजां मन्दिरे मन्दिरेरम् ।
वसनरहितवेषा मूर्तयः सम्बभूवुः
क्व न फलति बुधानां वाक्यमेकान्तरम्यम् ॥४४॥

ऐसा कहने पर वैश्यो के सब मन्दिरों में मूर्त्तियो से वस्त्र उतरवा दिये गये ॥ ४४ ॥

न वास्तवेऽयं शिवइत्युदीरय-
त्यरं मुनौ तत्र तदा गृहे गृहे ।
उपस्करीभूतपदार्थपेषणं
बभूव पाषाणशिवैर्यथोचितम् ॥४५॥

यदि शिव हो तो क्योंकर यह संसार का कल्याण न करे ? इसलिए यह शिव नहीं। ऐसा कहने पर वहाँ के मनुष्य महादेवों से घर घर मसाला पीसने लगे ॥ ४५ ॥

एकस्मिन्दिवसे विलोक्य रचनां चक्राङ्कितानां मुनि-
स्तानित्थं निजगाद कुत्र लिखितं मांसाशनं पुस्तके ।
नोचेत्तर्हि वितप्तमुद्रणशिलासंपृक्तमांसास्रजां-
पानं यत्क्रियते तदत्र न कथं पापोदयः सम्भवेत् ॥४६॥

एक दिन आप चक्राङ्कितों से कहने लगे कि आपके किस पुस्तक में मांस खाने का विधान है ? यदि नहीं तो दुग्ध में तप्त मुद्रा बुझाकर पीना कहाँ तक विहित है ? ॥ ४६ ॥

'तोबाह' शब्दकथनेन लयन्नयान्ति
पापानि कस्यचिदपीह तदेतदत्र ।
केनापि मन्दमनसा वचनं प्रयुक्तं
पापान्वितो भवति पापमना मनुष्यः ॥४७॥

वहाँ पर आये हुए यवनों से आप कहने लगे कि "तोबाह" के करने से किसी के पाप दूर नहीं होते । किया हुआ अवश्य भोगना ही पड़ता है ॥४७॥

एवं वादिनि देवे
सकलापरिषत्पुरोस्य यवनानाम् ।
सत्यं ते किल कथनं
प्रावददित्थं समास्थिता हर्षात् ॥४८॥

ऐसा सुन कर सब लोग प्रसन्नता से सत्य है सत्य है कहने लगे ॥ ४८ ॥

अधमकार्यवशाज्जगतीतले
सुमनसामपि निन्दनमीक्ष्यते ।
इति वदत्युचितं विदुषांपतौ
परिषदस्य वचोन्ववदच्छिवम् ॥४९॥

बुरे काम के करने से अच्छे पुरुषों की भी बुराई ही हुआ करती है, आप के इस प्रकार कहने पर सब मान गये ॥ ४९ ॥

इत्थं विनीतसमयः
स्वामी विश्रान्तघट्टभवनेषु ।
अनयद्वर्षाकालं
वेदोदितमार्गमुपदिशन्नखिलम् ॥५०॥

इस प्रकार उपदेश देते हुए आप विश्रात पर वर्षा-काल बिताते रहे ॥५०॥

अथ प्रवृत्तां शरदं विलोक्य
जयागमाशामपि पत्तनेषु ।
बभूव हंसः परमः स योगी
विभागचुञ्चुर्गुणदोषवाराम् ॥५१॥

फिर शरद् तथा जयाशा को देख आप गुण दोष-रूप जल के विभाग में हंस बन विचरने का प्रारंभ करने लगे ॥ ५१ ॥

प्रवृत्तमेनं प्रसमीक्ष्य योगिनं
विपश्चितां दिग्विजयेषु सर्वथा ।
मनस्यभूत्सा भयवेपथुव्यथा
न शक्यते या मयकापि वर्णितुम् ॥५२॥

आपको दिग्विजयोद्यत देख जो दुःख पण्डितों के हृदय में हुआ वह अकथनीय है ॥ ५२ ॥

निजोपदेशैर्भयमादधानः
स तत्र पौराणिकमण्डलेषु ।
नवीनकोलाहलकार्यमाने

अपने उपदेशो से पौराणिको मे भय जमाते हुए वे जगत् में नवीन कोलाहल के कारण बन गये ॥ ५३ ॥

जनैः समस्तैर्नगरे समस्ते
विमर्दनां वीक्ष्य पुराणभाजाम् ।
कथाविलोपानुगमादरोदि
सतारमुत्तारितवस्त्रभूषैः ॥५४॥

पौराणिको ने नगर मे कथा वालो की दुर्दशा देखकर और वस्त्राभूषणों को उतार कर रोना आरभ कर दिया ॥ ५४ ॥

परस्परं केप्यवदन्मुखे मुखे
किमत्र कुर्मो वयमस्य भाषणैः ।
पुराणि सर्वाणि गतानि चेतनां
न कोपि शेते वत निद्रयावृतः ॥५५॥

कोई कोई आपस में कहने लगे कि अब हम क्या करे । इनके भाषण से सभी पुरुष सचेत होगये, किसी को रात में नींद तक नहीं आती ॥ ५५ ॥

एवं विचारयति तत्र जने सशोकं
प्रादुर्बभूव नितरां मनुजेषु हर्षः ।
सन्द्रष्टुमद्भुततयोभयतः प्रवृद्धं
वादं यतीन्द्रहलयोर्जगति प्रसिद्धम् ॥५६॥

जब इस प्रकार पौराणिक लोग दुःख के साथ विचार कर रहे थे तब लोगों ने ऐसा सोचा कि हम स्वामीजी के साथ हलधर पण्डित का शास्त्रार्थ करावे गे ॥ ५६ ॥

वेदोपवेदमुनिकल्पितशास्त्रजातं
वेदाङ्गजातमितरन्मुनिभिः प्रदिष्टम् ।
सिद्धान्तकोटिमुपनीय जगत्प्रसिद्धः
शास्त्रार्थकल्पनपटुर्यतिराजगाम ॥५७॥

यह सुन कर स्वामी जी भी वेद, वेदाङ्ग और उपागो को सिद्धान्त कोटि में रखकर शास्त्रार्थ के लिए तयार होगये ॥ ५७ ॥

घट्टे भैरवनाम्नि विष्टरवरैराभूषिते सर्वतः
सर्वे तत्पुरवासिनोतिधनिनो मान्यास्तथा सूरयः।
अन्ये राजजनाः प्रबन्धविषये न्यस्ताः सभानायकं
चक्रुस्थैनपदाभिधं पुनरभूत्संभाषणस्योदयः ॥५८॥

भैरवघाट में विस्तर बिछाने पर नगर के सब धनी एव गुणियो की उपस्थिति में सस्कृतज्ञ (मिष्टर थैन साहब को) सभापति बनाकर शास्त्रार्थ का आरम हुआ ॥ ५८ ॥

पूर्वं तत्र हलः पराजितमुखः प्रस्तावनाडम्बरं
कृत्वाख्यन्मुनिमैतिहासिकमतं सत्यं न वेत्यावद ।
मिथ्येति प्रतिगद्य तद्यतिवरः सर्वाञ्जनानावद-
द्यूयं वैदिकमार्गसंश्रितिपरास्तूर्णं भवन्त्वादरात् ॥५९॥

उसमें पूर्व परास्त हलधरजी कुछ देर प्रस्तावना पढकर आपसे पूँछने लगे कि पुराण आपके मत में सत्य है या मिथ्या हैं ? स्वामीजी ने मिथ्या कहकर कहा कि सबके सब वैदिक मार्ग का अवलबन करो ॥ ५९ ॥

लज्जासन्नतमेनमीक्ष्य सकला गोष्ठी परास्तं मुदा
मेने तत्र हलं जयोन्मुखमियं योगीन्द्रमेकान्ततः ।
अन्ते तन्मतपक्षपातमकरोत्सर्वं विहाय भ्रमं
के लोके मनुजा भवन्ति न सदा सन्मार्गसंसेविनः ॥६०॥

इस शास्त्रार्थ में हलधरजी का पराजय एव आपका जय देखकर सब लोग अत में गत-सदेह हो, वैदिक-मार्ग का आश्रय लेने लगे ॥ ६० ॥

सभापतिरनन्तरं निजविचारपक्षोचितं

प्रणम्य च ततो ययौ मुनिवरं हलस्याज्ञतां
वदञ्जनशतैर्वृतः स्वभवनं समन्ताद्धनम् ॥६१॥

अन्त में सभापति भी अपने विचार से स्वामीजी को जयपत्र देकर और हलधरजी की हार बतला कर अपने बँगले को चले गये ॥ ६१ ॥

अथारभन्निपातनां सरिद्वराजलेष्वरं
गृहे गृहेऽग्निहोत्रिणो जना बभूवुरेकतः ।
शिवागणेशकालिकामहेशकेशवाश्मनां
क्रमेण वीक्ष्ययन्निदं हलो जगाद मानवान्॥६२॥

अब नगर के मनुष्यो ने जब अग्निहोत्री बन मूर्त्तियों को गगा मे फेंकना आरभ किया तब हलधरजी उनसे कहने लगे ॥ ६२ ॥

मा पातयन्तु सलिलेषु शिवादिदेवान्
मा धारयन्तु हृदयेषु मतं नवीनम् ।
मा विश्वसन्तु विदुषोस्य वचःसु लोकाः
किं किं न भञ्जितमनेन पुराणकृत्यम् ॥६३॥

नवीन मत को धारण कर मूर्त्तियो को मत फेंको । तुम इसकी बात का विश्वास मत करो । इसने किस का खण्डन नहीं किया ॥ ६३ ॥

यदि मतमस्य नैव हृदयादधुना भवतां
व्रजति लयं ततो मम गृहस्य पुरः क्रियताम् ।
बहुविधमूर्तिसञ्चयइति प्रदिशन्मनुजा-
नयमतिशोकपूरिततनुः समभूदवरः ॥६४॥

उन्होंने कहा कि यदि तुम्हारे हृदय से इसका मत नहीं निकलता तो अपनी अपनी मूर्त्तियाँ मेरे घर के द्वार पर धर आओ ॥ ६४ ॥

वाचं यदा हलधरस्य जनाः समन्तात्
सामाजिकं समधिगत्य मतं न केचित् ।

आकर्णयन्नतिविशुष्कमुखस्तदानी-
मेषः स्वगेहमुदगाददतिरोषयुक्तः ॥६५॥

अंत में जब किसी ने न सुना तब अपना सा मुँह लेकर महाराज घर बैठ गये ॥ ६५ ॥

अन्ते समाजनवमन्दिरमत्र योगी
सम्यग्विधाय सुजनैरभितः प्रशस्तः ।
हैमीभिरादरवशाद्बहुमुद्रिकाभि-
राराधितो जयमनन्तमवाप दैवात् ॥६६॥

स्वामीजी ने शास्त्रार्थ के अंत में वहाँ पर समाज-मन्दिर की स्थापना कराई। फिर सुवर्ण-मुद्राओं से अभिपूजित मुनि जय को प्राप्त हुए ॥ ६६ ॥

इतः प्रतस्थे मनुजैरभिष्टुतः
सपत्तनान्युत्तमशिष्यसंवृतः ।
क्रमेण पश्यन्पुरमेकमद्भुतं
सराजमध्येकपथादराजकम् ॥६७॥

यहाँ से फिर आप बीच मे आये हुए नगरों को क्रमशः देखते हुए उत्तम शिष्यो सहित "रामनगर" को पधारे ॥ ६७ ॥

तत्र रामनगरे स महात्मा
वैदिकं मतमशेषजनेषु ।
दर्शयन्न विरराम बुधाना-
मन्तरेषु विनिवेशितभीतिः ॥६८॥

वहाँ पर (२१ सितम्बर सन् १८६९ ई० को) पहुँच कर रामलीला में उसका खण्डन कर वैदिक धर्म प्रचार करने लगे ॥ ६८ ॥

तद्भयादविदुषां तु कथा का
निःसृतिर्न विदुषामपि मन्ये ।

सम्बभूव भवनादपरं किं
मूर्छिताभवदशेषबुधाली ॥६६॥

आपके भय से मूर्खों की तो बात ही क्या विद्वान् भी अपने अपने घरो में मे नहीं निकले ॥ ६९ ॥

अन्धकारकृतकुद्युतिलेशा
ज्योतिरिङ्गणकुर्काटकभेदाः ।
नो विभान्ति हरिदश्वसमक्षे
सत्यतामयमगाज्जनवादः ॥७०॥

सूर्य के समक्ष पटबीजना नहीं चमकता। वह अँधेरे में ही चमका करता है। यह दृष्टान्त उस समय में सत्य होगया ॥ ७० ॥

परतरमितः स योगी
कुत्सितमार्गप्रचारपटुलोकम् ।
उपकण्ठस्थितमारात्
काशीनगरं समाजगामारम् ॥७१॥

वहाँ पर धर्मोपदेश देकर आप उस काशी मे गये जहाँ के लोग निन्दित मार्ग का प्रचार करते थे ॥ ७१ ॥

तत्रानन्दारामे
नितरामानन्दयँल्लोकान् ।
सानन्दं किल कृतवान्
वसतिं श्रीमान्दयानन्दः ॥७२॥

२२ अक्टूबर सन् १८६९ ई० को आप आनन्दबाग मे उतर कर निवास करने लगे ॥ ७२ ॥

तद्गतबुधजनविजये
दत्तमनास्तन्निवासिनो विबुधान् ।

नानाविधमनुजोचित-
भेदव्यासैरपृच्छदयमखिलान् ॥७३॥

वहाँ के पण्डितो के पराजय का ध्यान करते हुए स्वामीजी वहाँ के पुरुषों से वहाँ की व्यवस्था पूछते रहे ॥ ७३ ॥

तत्राययुस्त्रिचतुराः क्रमशो महीशा
ये नास्तिका इव निरादरणीयवेदाः ।
तानुत्तरोत्तरविवादसमृद्धशङ्कान्
नव्योत्तरैरयमकल्पयदार्यभद्रान् ॥७४॥

इतने में ही दो तीन नास्तिक से राजा लोग आकर आपसे कुछ पूछने लगे, जिनका उत्तर देकर आपने उनको आस्तिक बना दिया ॥ ७४ ॥

अत्रान्तरे कतिचिदुन्नतगर्ववन्तो-
नूनं विपश्चिदवराः सहसोपगम्य ।
शङ्कासमाधिविषयैः प्रसमीक्ष्य पूर्णं
तं प्रार्थनापटुवचोभिरलं प्रणेमुः॥७५॥

कुछ देर बाद कई अभिमानी पण्डित और आये जो आपको देखकर आपकी प्रशंसा करने लगे कि आपके समान यहाँ पर कोई विद्वान् नहीं है ॥ ७५ ॥

एवं विनीतदिवसः स सुखेन योगी
विद्यामवेक्ष्य विदुषां सहसैव तत्र ।
विज्ञापनैरहरहः सकलप्रतोली-
भित्तीश्चकार खचिता इव चित्रभेदैः ॥७६॥

दूसरे दिन स्वामी जी ने गली गली मे शास्त्रार्थ के विज्ञापन लगवा दिये ॥ ७६ ॥

तार्तीयीकदिने प्रधानमनुजद्वारा दलं मुद्रितं
स्सर्वेषां विदुषां गृहेषु बलवानेषः समप्रापयत् ।

यद्दृष्ट्वा समकालमेव सभयाः कैलासचन्द्रादयः
कर्णाकर्णि गतागतैर्बहुविधं मन्त्रं प्रचक्रुः स्वयम् ॥७७॥

तीसरे दिन आपने एक प्रधान पुरुष के हस्ताक्षराङ्कित विज्ञापन छपवा कर समस्त विद्वानो के घर पर पहुँचवा दिया, जिसको देखकर कैलासचन्द्रजी जैसे विद्वान् भी भयभीत होकर विचार करने लगे ॥ ७७ ॥

अस्मादप्यपरं दलं नरपतेः संप्रेष्य पार्श्वेवद-
द्विद्वद्भिः सह कारयाशु महितं शास्त्रार्थमेकं मम ।
नोचेत्स्वीकुरु वेदमार्गममलं हित्वा मतानिक्रमा-
द्यत्ते रम्यतरं चकास्ति हृदये तत्स्वीकुरुष्वानयोः ॥७८॥

चैाथा पत्र आपने श्रीमान् काशीनरेश के पास भेजा । उसमें लिखा था कि याता आप काशी के पण्डितो से मेरा शास्त्रार्थ करावे श्रैार या आप वैदिक-सिद्धान्तो को माने । इसमे जो उचित हो सो कीजिए ॥ ७८ ॥

निरीक्ष्य दलमीदृशं नरपतिः समाहूयतां
समस्तबुधमडलीं गदितवानिदं श्रूयताम् ।
अनेन मुनिना समं कुरुत वादमेकान्ततो-
न चेत्परमतो निजे मनसि मानमानीयताम् ॥७९॥

स्वामीजी के पत्र का देखते ही काशि-राज ने पण्डितों को बुलाकर कहा कि या ता आप लोग स्वामीजी के साथ शास्त्रार्थ करे श्रैार या आज से पाण्डित्य का अभिमान छोडदे ॥ ७९ ॥

इति श्रुतवचोलवाः सकलपण्डिताः प्रावदन्
न वेदविषयेषु नो गतिरतः प्रदेयो ध्रुवम् ।
कथंचिदवधिस्ततो वयमितस्ततः स्वेच्छया
निरीक्ष्य कथनक्रमे प्रचलिता भविष्यामहे ॥८०॥

काशि राज के वचन सुनकर पण्डितों ने कहा कि हम वेद बिल्कुल नहीं जानते। वहाँ वेद का विषय छिड़ेगा। इसलिए आप हमको कुछ दिन का अवकाश दें तो हम कुछ देख भाल कर शास्त्रार्थ की तैयारी करें ॥ ८० ॥

इति श्रुत्वा वाचं परिषदुदितां पञ्चदशकं
दिनानां विद्वद्भ्यो नरपतिरदान्मार्गणकृते।
प्रबन्धं दीपानामथ नियतसंवादभवने
प्रकर्तुं भृत्यादीनवददितिवृत्तव्यसनवान् ॥८१॥

यह सुनकर राजा ने उन्हें पन्द्रह दिन का अवकाश दिया और शास्त्रार्थ के स्थान की सफाई आदि के लिए नौकरों को आज्ञा देदी ॥ ८१ ॥

एकस्तेषु ययौ महर्षिसविधे कालात्यये पण्डितः
प्रष्टुं के भवतां मतेभिमततां प्राप्ताः प्रमाणोचिताः।
ग्रन्थाइत्यधिगत्य शास्त्रनिचयं तं प्रावदत्सादरं
विद्वन्मण्डलनायकानुतलसत्पादारविन्दद्वयः ॥८२॥

नियत समय बीत जाने पर एक विद्वान् स्वामीजी के पास आये और आकर पूछने लगे कि आप किन किन ग्रन्थों का प्रमाण मानते हो? स्वामीजी ने यह उत्तर दिया कि ॥ ८२ ॥

स्वातन्त्र्येण मते ममास्ति सुमते प्रामाण्यमेषां क्रमा-
द्वेदानां परतः प्रमाणपदवी शास्त्रेषु मे संमता।
अङ्गब्राह्मणपुस्तकेष्वपि मतिस्तादृग्विधा वर्तते
नातः किञ्चिदपि प्रमाणपदवीमाप्तं मते मे कृतम् ॥८३॥

मैं वेदों को स्वतःप्रमाण और ब्राह्मण तथा अङ्गशास्त्र आदि को परतः प्रमाण मानता हूँ। इनके अतिरिक्त मैं और किसी ग्रन्थ का प्रमाण नहीं मानता ॥ ८३ ॥

इति निगदितवाचं स्वामिनं वीक्ष्य लोकाः
कथमपि न वचांसि प्रावदंस्तत्समक्षे।

परमितरभयेन प्राप्तकालान्तभागा-
नियतमगुरनेके वाहनैः पारिषद्याः ॥८४॥

इस प्रकार उत्तर देते हुए उनके समक्ष कुछ न कह कर राजा के भय से सब पण्डित सवारियो में बैठ कर नियत स्थान पर जा पहुँचे ॥ ८४ ॥

द्रष्टुं महत्त्वमिह वासवताम्बुधाना-
मत्रान्तरेऽतिमहती जनता समेता ।
यामाहुरानुमिकभावविदश्चिरत्ना
विद्वद्वरा इति ह षष्टिसहस्रदेश्याम् ॥८५॥

इतने ही में यहाँ के पण्डितो का पाण्डित्य देखने के लिए बाहर से कोई ६०००० मनुष्यो का समूह आकर उपस्थित हुआ ॥ ८५ ॥

तस्यां स सत्वरमुपेत्य विवादवेश्म
संवेष्टितो बुधजनैर्मतिमानतिष्ठत् ।
कौशेयतन्तुपरिगुम्फितहारमध्ये
सर्वोत्तमो मणिरिवातिरुचानुविद्धः ॥८६॥

उस भीड में आप भी विद्वानो के बीच उच्चासन पर ऐसे जा बैठे कि जैसे हार के बीच में मणि ॥ ८६ ॥

दृष्ट्वाभितो निखिलपण्डितमण्डलन्तत्
सन्नद्धमुद्धततया निगमप्रमाणैः ।
सार्द्धं चकार कतिचिद्घटिकाः प्रवादं
पूर्वं प्रतर्जितसमस्तबुधः स पश्चात् ॥८७॥

सब विद्वानो को सभा मे बैठा देख कर पहले तो स्वामीजी वेद-मन्त्रों के सम्बन्ध में कुछ वार्तालाप करते रहे ॥ ८७ ॥

मूर्तिप्रपूजनपरं परिकल्प्य वादं
स्वामी समस्तबुधमण्डलतो ययाचे ।

वेदप्रमाणमतिगर्जनतुल्यवाचा
मन्ये न कश्चिदशकत्पुरतोऽस्य वक्तुम् ॥८८॥

फिर स्वामीजी अति उच्चस्वर से गर्ज कर सबसे मूर्त्तिपूजन के सम्बन्ध में वेदमन्त्रो का प्रमाण माँगने लगे। पर किसी ने एक भी प्रमाण नहीं दिया ॥ ८८ ॥

अत्रान्तरेतिगलितं नितराञ्चिरत्नं
दष्टं घुणैरपगताक्षरमेकपत्रम् ।
वेगादुपेत्य मुनये समदाच्छलेन
काशीबुधैः पुरत एव निसृष्टमेकः ॥८९॥

जब कोई न बोला तब एक मनुष्य ने एक गला, सड़ा, फटा पुराना सा पत्र लाकर स्वामीजी को दिया। यह सब चालाकी वहाँ के पण्डितों ने पहले से ही रच रक्खी थी ॥ ८९ ॥

सायङ्कालवशादनन्तरमतिध्वान्तोदये तद्दलं
यावद्दीपरुचौ विलोक्य विपलद्वन्द्वेन नष्टाक्षरम् ।
वक्तुं प्रारभताशु तावदखिला मिथ्याजयोद्घोषिणी
साऽविद्वज्जनमण्डली समचलद्गेहानि यानैः स्वकैः ९०

समय सायकाल का था, अँधेरा हो चला था और वायु के कारण लालटेन की ज्योति हिल रही थी। ऐसी दशा में जब स्वामीजी उस पत्र को पढ़कर उसका उत्तर देना ही चाहते थे तब इतने मे ही वह अविद्वानो की मण्डली जय बोलती हुई अपने घर को चली गई ॥ ९० ॥

यातेषु तेषु विबुधेष्वयमेकयोगी
दत्वा तदुत्तरमुपान्तजनेषु सत्यम् ।
वासं जगाम रघुनाथबुधश्च तेषां
सन्तर्जनं गतवतामकरोद् बुधानाम् ॥९१॥

उनके चले जाने पर और कितने ही विद्वानो के सामने स्वामीजी उस पत्र का उत्तर देकर अपने स्थान को चले आये। स्वामीजी के चले आने पर पण्डित रघुनाथप्रसादजी ने काशी के पण्डितों को खूब फटकारा ॥९१॥

प्रातः समस्तनगरेषु जयप्रशस्तिं
गीतां जनैरुपनिशम्य स योगिवर्यः।
तुष्टिम्परामुपजगाम बुधास्तथान्ये
रुष्टा बभूवुरतिनिन्दनया किमन्यत् ॥९२॥

प्रात.काल होते ही समस्त नगर मे एव समाचार-पत्रो में अपना जय देख स्वामीजी अतिप्रसन्न हुए और काशीस्थ पण्डित उन्हीं पत्रो से अपनी हार देख अति शोकाकुल हुए ॥ ९२ ॥

यातेषु केषुचिदयं दिवसेषु योगी
भूयोपि विद्वदवरान्नवसूचनाभिः।
वेगादिवाह्वयदहो परमेषु कोपि
चूंकारमात्रमपि नैव शशाक कर्त्तुम् ॥९३॥

कुछ दिनो के बाद आपने फिर भी शास्त्रार्थ का नोटिस दिया। परन्तु उनके तपोबल से किसी ने चू तक नहीं की ॥ ९३ ॥

वसन्निवासे मधुसूदनस्य
यथाकरोत्खण्डनमेष देवः।
पुराणदीक्षाविषये समस्ता
पुरी तथा साक्ष्यपदेऽस्ति नूनम् ॥९४॥

लाला मधुसूदनदास के यहाँ जिस प्रकार आपने पुराणों का खण्डन किया उसकी साक्षिणी समस्त काशी विद्यमान है ॥ ९४ ॥

यदा संस्कृतस्याशयं मूढलोका
विपर्यस्तभावेन चक्रुस्तदानीम्।

गिरा मानवानामदाद् वक्तृतां ता-
मतो जन्तवः सर्वे एव प्रसन्नाः ॥९५॥

जब संस्कृत का आशय मनुष्य उलटा लगाने लगे तब आपने भाषा में व्याख्यान देना आरंभ किया। अब तक जितनी बातें हुईं वे सब संस्कृत में ही होती रहीं, भाषा में व्याख्यान सुन कर सब लोग बहुत प्रसन्न हुए ॥ ९५ ॥

त्रयं व्याख्यानानामतिबलवदाकर्ण्य सभया-
बुधा न्यायाधीशालयकृतपदं नष्टसुषमाः ।
अभूवन्राजापि द्रुतमुपगतः पादपतनान्
निजं मन्तुं क्षन्तुं समवददिदश्चित्रमभवत् ॥९६॥

जब जज साहब के बँगले पर आपके तीन व्याख्यान हुए तब तो सभी विद्वान् डर गये और काशिराज भी आपके चरणों में गिर कर अपने अपराध की क्षमा माँगने लगे ॥ ९६ ॥

देवोप्यथोत्तमगिरेरुपवाटिकं द्राग्
वेगाद् विजित्य विदुषः सकलान्पुनश्च ।
विज्ञाप्य सर्वमतगानपि सर्वभावै-
रन्ते निरीक्ष्य विबुधान्मुदितो बभूव ॥९७॥

आपने भी उत्तमगिरि के बाग में समस्त विद्वानों को शास्त्रार्थ में फिर जीत अंत में विज्ञापन द्वारा सूचना दी। पर फिर भी जब किसी को आता न देखा तब शांति को प्राप्त होकर आप अपना कार्य करते रहे ॥ ९७ ॥

लोकाः पुनर्मुनिमिमं समवेक्ष्य तत्र
पुष्पाभिषेकमुचितं प्रमदादकुर्वन् ।
प्राचीनतामुपगतामथ नैजमैत्रीं
नव्यामनुत्तमफलामपि सर्वभावैः ॥९८॥

शास्त्रार्थों के बाद नाना देशों से आये हुए पुरुषों ने हर्ष से आपके ऊपर पुष्प-वृष्टि कर प्राचीन मैत्री को नवीन बनाया ॥ ९८ ॥

द्वाविंशतिः समभवन्नृगिरा यदानीं
सम्भाषणानि महतोस्य तदा पुरेत्र ।
हर्षेण सज्जनवरैर्महदार्यधर्म-
संवर्धनाय रचितं भवनं विशालम् ॥९९॥

जब आपके २२ व्याख्यान भाषा में हुए तब वहाँ के पुरुषो ने आनन्द से काशी में भी समाज-मन्दिर बनवाया ॥ ९९ ॥

तत्र वैदिकमतप्रचारिणी
पाक्षिकी समभवच्छुभा सभा ।
यां विलोक्य शुचमेव सङ्गताः
सर्व एव किल कोविदाधमाः ॥१००॥

वहाँ पर वैदिक-मत प्रचारिणी एक पाक्षिक सभा होने लगी जिसको देख वहाँ के पण्डित और भी जल गये ॥ १०० ॥

इत्थं विजित्य विबुधान्मुनिरत्न सर्वा-
नेकान्तमात्मिकबलेन स सप्तवारम् ।
वेदोदितं सकलमत्र निवेश्य कार्य्यं
दैवात्परिश्रमफलं समवाप पूर्णम् ॥१०१॥

इस प्रकार एक बार नहीं स्वामीजी ने सात बार काशी के विद्वानो को परास्त किया और वहाँ वैदिक धर्म का बीज बोते हुए आपने अपना परिश्रम सफल माना ॥ १०१ ॥

लब्ध्वा केन्द्रस्थले स्वं
जयमयमखिलं व्याप्य कीर्त्या महेशं ।
न्यायाधीशं दयालुं
विमलमखिलदं निर्जरं निर्विकारम् ।

सर्वाधारं समस्ते
जगति विजयदं वीक्ष्य मन्त्रैरसंख्यै-
भूयोभूयः प्रसन्ना-
च्चरललितपदं वर्णयन्नाप लक्ष्मीम् ॥१०२॥

भारतवर्ष के मुख्य विद्यापीठ काशी में, ईश्वर की कृपा से, विजय प्राप्त कर स्वामीजी सब दिशाओं में अपना यश फैलाने लगे। विजय पाकर अन्त में आपने वेद मन्त्रों से उस महेश, दयालु, निर्मल, अजर, निर्विकार, सर्वाधार और विजयप्रद परमेश्वर की प्रार्थना की जिससे आपकी बड़ी शोभा हुई ॥ १०२ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
वाराणसी विजयो नाम षष्ठ सर्ग ।

सप्तमः सर्गः

अथ प्रतस्थे सानन्दो दयानन्दः प्रतापवान् ।
गङ्गायमुनयोरन्तः पुलिनायितपत्तनम् ॥१॥

काशी के पण्डितों को जीतने के पश्चात् परमानन्दी, परमप्रतापी श्रीस्वामीजी महाराज गंगा-यमुना के बीच में बसे हुए प्रयाग में, कुम्भ के अवसर पर पधारे ॥ १ ॥

यत्र प्रकृष्टयज्ञानामनुष्ठानादहर्निशम् ।
नामानुगुणतां याता प्रयाग इति कल्पना ॥२॥

जहाँ पर प्रतिदिन शुभ यज्ञों के होने से प्रयाग नाम अन्वर्थ पड गया ॥२॥

यत्र माघे महाकुम्भसंभवा जनता नवाम् ।
गङ्गायमुनयोः शोभां वर्धयत्यागमैर्गमैः ॥३॥

जहाँ माघ में कुम्भ का मेला मनुष्यो के आने जाने से, गंगा और यमुना के दोनों तटो की शोभा बढाया करता है ॥ ३ ॥

सप्ताशीति सहस्राणि ऋषयो यत्र सङ्गताः ।
मीमांसनपराश्चक्रुर्वैदिकं कर्म शाश्वतम् ॥४॥

जहाँ पर सतासी सहस्र ऋषि जन आपस में विचार करते हुए वैदिक कर्म करते थे ॥ ४ ॥

तत्र गंगातटे श्रीमान्कल्पयित्वा निजस्थितिम् ।
वैदिकं धर्ममाख्यातुं चकमे काम्यकल्पनः ॥५॥

सुन्दर कल्पना करनेवाले श्रीमान् स्वामीजी महाराज वहाँ अपने निवास का प्रबंध करके वैदिक धर्मोपदेश के लिए उद्यत हुए ॥ ५ ॥

चत्वार्युद्देश्य भूतानि कल्पयित्वातिवेदवित् ।
लक्ष्याणि प्रारभत्तेषां खण्डनामुत्तरोत्तराम् ॥६॥

स्वामीजी जडपूजन, मृतकश्राद्ध, कल्पित पुराण, जलतीर्थ इन चार उद्देश्यो को लक्ष्य मे धर कर क्रमशः इनका खण्डन करने लगे ॥ ६ ॥

कृतार्थान्विदधँल्लोकानुपदेशैर्महाशयैः ।
महाशयेतिपदवीमाप तत्र महाशयाम् ॥७॥

अपने भावगर्भित उपदेशों से मनुष्यो को कृतार्थ कर स्वामीजी ने वहाँ महाशय की पदवी को प्राप्त किया ॥ ७ ॥

साधवाः पण्डिताश्चैनं तत्र शङ्कासमाधिभिः ।
सहस्रशो व्यवृणवन्त दातारमिव याचकाः ॥८॥

जिस तरह माँगनेवाले दाता के समीप आया करते हैं इसी तरह बहुत से साधु और पण्डित जन अपनी शकाओ को दूर करने के लिए स्वामीजी को घेरे रहते थे ॥ ८ ॥

एकस्तमवदत्तत्र मानवो मानगर्वितः ।
नग्नस्य शीतबाधा ते कथं भवति न प्रभो ! ॥९॥

जिन दिनो स्वामीजी प्रयाग के कुम्भ मेले में आये थे उन दिनो वे नग्न रहा करते थे । वे रात को भी कौपीन के अतिरिक्त और कोई वस्त्र नही पहनते थे । उन्हीं दिनो किसी अभिमानी पुरुष ने आप से पूँछा कि महाराज, ऐसे शीतकाल मे आपको शीत की बाधा क्यो नहीं होती ? ॥ ९ ॥

नासिकामिव देहं मे तव मानवशीतता ।
बाधते नेति कथिते तस्मिन्स निरगादरम् ॥१०॥

स्वामी जी ने इस प्रश्न का तुरतही कैसा अच्छा उत्तर दिया वह सुनने के योग्य है । उन्होने कहा, जिस प्रकार तुम्हारी नाक को शीत नहीं लगता उसी प्रकार हमारे सारे शरीर को शीत की बाधा नहीं होती । इतना सुन और निरुत्तर होकर वह आदमी चला गया ॥ १० ॥

रचितां कविपद्यानां वीक्ष्य टीकामयं सुधीः ।
अशुद्धेति समाभाष्य तत्कर्तारमतर्जयत् ॥११॥

प्रयाग में पण्डित शिवसहायजी एक बडे विद्वान् गिने जाते थे । उन्होंने वाल्मीकिरामायण की टीका बनाई थी । उस टीका मे स्वामीजी ने अनेक अशुद्धियाँ निकाली और टीकाकार को खूब फटकारा ॥ ११ ॥

जनताजनसंजातनिजवादप्रचारणः ।
स परं हर्षमापेदे वेदमार्गप्रवर्तनात् ॥१२॥

वहाँ पर बहुत से मनुष्यो के समुदाय मे अपने व्याख्यानो द्वारा वैदिक धर्म को बढता देखकर आप अत्यन्त प्रसन्न हुए ॥ १२ ॥

पुरान्तरमथो गत्वा भागीरथ्यास्तटे वसन् ।
वेदोदितानि कर्माणि व्याख्यानैरुपदिष्टवान् ॥१३॥

वहाँ से फिर स्वामीजी मिर्जापुर पहुँच गगा तट पर रहते हुए व्याख्यानो द्वारा वैदिक-कर्मो का प्रचार करने लगे ॥ १३ ॥

अस्योपदेशैर्मनुजाः पुराणप्रतिपादितम् ।
विहाय मनुसंदिष्टमग्निहोत्रादि चक्रिरे ॥१४॥

आपके उपदेशो से वहाँ पर मनुष्यो ने पुराण प्रोक्त बातों को छोडकर मनु-प्रोक्त अग्निहोत्रादिक करना प्रारभ कर दिया ॥ १४ ॥

कृतां तत्रापि केनापि टीकां भारतमूर्द्धनि ।
समालोच्य प्रणेतारमशुद्धत्वादनिन्दयत् ॥१५॥

मिर्ज़ापुर में भी किसी बालकृष्ण नामी पण्डित ने महाभारत की टीका बनाई थी । उसको स्वामीजी ने देखा तो वह भी ठीक नहीं थी । अशुद्ध होने के कारण आपने उस टीकाकार की भी खूब खबर ली ॥ १५ ॥

वक्तुकामा अपि जनाः पुराणोदारकल्पनाम् ।
पुरतस्तस्य नास्थातुमशकञ्छङ्कितान्तराः ॥१६॥

वहाँ कितने ही पौराणिक पण्डित आपके सामने आकर कुछ पौराणिक बातो के विषय में आपसे कुछ कहने की इच्छा तो करते थे, परन्तु वे इतने भयभीत हो रहे थे कि कुछ न कह सके ॥ १६ ॥

वर्षैकक्रमयं गङ्गातटे निजानिवेशिताः ।
पाठशालाः प्रपश्यन्सन्नुपदेशानदात्परान् ॥१७॥

एक वर्ष तक गगा तट पर स्वय स्थापित की हुई पाठशालाओं को देखते हुए आप उपदेश देते रहे ॥ १७ ॥

इतो गत्वा दिशं पूर्वां पुरमेकमवाप्य सः ।
तस्थौ दिनद्वयं तस्मात्पुनराप पुरान्तरम् ॥१८॥

वहाँ से यथाक्रम पूर्व की ओर चलते हुए आप डुमरावँ पहुँचे और वहाँ दो दिन रहकर आरा पहुँचे ॥ १८ ॥

प्राड्विवाकस्य भवने कृतावासो महायशाः ।
नानोपदेशैर्मनुजान् गतशङ्कानिवाकरोत् ॥१९॥

वहाँ पहुँच कर आपने एक वकील (बाबू हरिवंशराय) की कोठी पर निवास किया। वहाँ आपने अपने उपदेशो से बहुत से लोगो की शङ्काओ को दूर किया ॥ १९ ॥

अनन्तरमितः श्रीमान्ययौ पाटलिपुत्रकम् ।
यत्र कीर्तिः पुरो गत्वा सर्वं कार्यमकल्पयत् ॥२०॥

वहाँ से फिर आप उस पटने को पधारे कि जहाँ पर आपकी कीर्त्ति आपसे पहले ही पहुँच चुकी थी ॥ २० ॥

एकस्मिन्दिवसे तत्र पञ्चाशत्पण्डिताऽवराः ।
अर्द्धं शास्त्रार्थमुत्सृज्य वेगेन प्रययुर्गृहान् ॥२१॥

पुराणं गारुडं तत्र दुर्गां सप्तशतीमपि ।
मनुजान् बोधयामास मिथ्यासंवादपूरिताम् ॥२२॥

आपने फिर वहाँ गरुड पुराण और सप्तशती दुर्गा का खण्डन कर उसका जाल सब मनुष्यो को बता दिया ॥ २२ ॥

प्रभावादुपदेशस्य विबुधैस्तत्र सत्वरम् ।
गङ्गायां पूजनाश्मानो विनिक्षिप्ता विचारणात् ॥२३॥

आपके भाषणो के प्रभाव से वहाँ पर सज्जनो ने विचारपूर्वक पाषाण मूर्तियाँ गङ्गा मे डाल दीं ॥ २३ ॥

गुरुप्रसादस्तत्रैव बाँकीपुरत आगतः ।
गृहशब्दस्य नैरुक्त्यं पृष्ट्वा मौनमधारयत् ॥२४॥

बाँकीपुर से गुरुप्रसाद नामी एक मनुष्य ने आकर आपसे 'गृह' शब्द का निर्वचन पूछा । यथार्थ उत्तर पाकर वह चुप होगया ॥ २४ ॥

पुरान्तरागतः कश्चित्पण्डितस्तत्र खण्डनम् ।
पुराणानां समाकर्ण्य योगीन्द्रमिदमब्रवीत् ॥२५॥

इतने में तिलहर से आये हुए यज्ञदत्त आपके द्वारा पुराणो का खण्डन सुनकर कहने लगे ॥ २५ ॥

सरलं खण्डनं मन्ये रचनं कठिनं मुने ।
पुराणानामदः श्रुत्वा वचो मुनिरभाषत ॥२६॥

हे मुने, खण्डन करना तो सरल है, पर पुराणो का बनाना कठिन है, यह सुनकर आपने कहा—॥ २६ ॥

उपानत्पादुके कृत्वा प्रश्नोत्तरपरायणे ।
क्रियते पद्यरचना मया लिखतु तां भवान् ॥२७॥

मैं जूते और खडाऊँ का कल्पित संवाद बनाकर श्लोक रचना करता हूँ आप लिखते जायँ ॥ २७ ॥

विश्वासो यदि ते नास्ति वचने मे महामते ।
कुरु नेत्रगतामेनां को विलम्बः क्रियावताम् ॥२८॥

हे बुद्धिमन, यदि आपको विश्वास नहीं आता तो इस बात को प्रत्यक्ष करके देख लो । देरी का कुछ काम नहीं ॥ २८ ॥

इति वादिनि योगीन्द्रे सामग्रीमुपपाद्य सः ।
लेखनाय प्रवृत्तोभूद्यतिश्च कथने द्रुतम् ॥२९॥

ऐसा कहने पर वे लिखने बैठ गये । स्वामीजी घडाधड श्लोक बनाने लगे ॥ २९ ॥

किञ्चित्कालं विलिख्यासौ मुनेर्दुर्धर्षभाषिताम् ।
वीक्ष्य लज्जानतो भूत्वा जगाम निजमन्दिरम् ॥३०॥

थोडी देर लिखकर वे स्वामीजी की शीघ्र रचना शक्ति को देखकर लज्जित होगये और अपने घर को चले गये ॥ ३० ॥

पुराणखण्डनां वीक्ष्य हतोत्साहा जनास्तदा ।
दिनास्तकमलश्रीणि वदनानि दधुर्भृशम् ॥३१॥

उस समय आपके द्वारा पुराणों का खण्डन सुनकर मनुष्यों के मुख सायङ्कालिक कमलो के तुल्य मलिन होगये ॥ ३१ ॥

दिनोदयलसत्पद्मश्रीमुखो यमिनां वरः ।
जयश्रियापि संयुक्तोभवदेव न संशयः ॥३२॥

सूर्योदय के समय खिले हुए कमल के समान आपका मुख अत्यन्त शोभित हो गया और जयलक्ष्मी को प्राप्त होकर आपकी बडी शोभा हुई ॥ ३२ ॥

गतः पुरान्तरमितो मूर्तिपूजनभञ्जने ।

वहाँ से आप भागलपुर गये। वहाँ पण्डितो मे आपकी ऐसी शोभा हुई कि जैसे प्रजा के बीच में राजा की होती है ॥ ३३ ॥

मौनवेषधरस्तत्र कोपि साधुरसाधुताम् ।
विहाय तद्वचः श्रुत्वा सत्यं साधुरिवाभवत् ॥३४॥

वहाँ पर एक मौनी साधु आपके भाषण सुनकर वास्तव में सच्चा साधु बन गया और उसने मौन छोडकर सत्य बोलना आरम्भ कर दिया ॥ ३४ ॥

पुरान्तरमभिप्रेत्य यतिर्धर्मप्रचारकृत् ।
विबुधैः संवृतो रेजे राजेव विलसत्प्रभः ॥३५॥

यहाँ से आप भागलपुर पहुँचे। वहाँ आप पण्डितो में जनवृन्दगत भूप के तुल्य भासने लगे ॥ ३५ ॥

यत्रायमवसत्तत्र जनतामभिवीक्ष्यते ।
उरव्याः पण्यवस्तूनि विक्रेतुमगमन्पुरात् ॥३६॥

जहाँ पर आप रहा करते थे वहाँ पर वैश्यों ने सर्वदा मेला सा देख नगर से अपनी दूकाने वहीं पर लगादीं ॥ ३६ ॥

वर्धमानपुराधीशो भूपस्तत्कीर्तिमुत्तमाम् ।
विद्वज्जनगणाच्छ्रुत्वा चकितोभवदात्मनि ॥३७॥

उसी समय वर्धमान के राजा ने अनेक विद्वानो से आपका यश सुनकर अपने मन में बडा आश्चर्य माना ॥ ३७ ॥

परीक्षणाय विदुषां चतुष्टयमयं ततः ।
सविधे प्रेषयामास विदुषोस्य महामतेः ॥३८॥

और उनकी परीक्षा के लिए उन्होंने राजाराम आदि चार पण्डित भेजे ॥ ३८ ॥

न्यायशास्त्रप्रवीणास्ते वीक्ष्य वेदविदांवरम् ।

वे नैयायिक पण्डित आपके पास जाकर शास्त्रार्थ में निरुत्तर हो नम्र हो गये ॥ ३९ ॥

परावृत्य पुरन्नैजम्बुधास्ते सत्यभाषिणः ।
समस्तां क्षितिपस्याग्रे घटनां जगदुर्भृशम् ॥४०॥

और अपने नगर मे जा राजा के समक्ष सत्य सत्य अपनी सब व्यवस्था कहने लगे ॥ ४० ॥

श्रुतवाक्यस्तदा राजा दर्शनाय महामतेः ।
सप्रजो निकटं प्राप भक्तिप्रह्वीकृतान्तरः ॥४१॥

उनकी बाते सुन कर राजा का हृदय स्वामीजी की भक्ति से उमड पडा । वे अपनी प्रजा के साथ स्वामीजी के चरणो मे आ गिरे ॥ ४१ ॥

दर्शनावसरे वादं वीक्ष्य नानामतानुगैः ।
सहयोगेश्वरस्यायं राजा हर्षमुपागमत् ॥४२॥

नाना मतवादियो के साथ स्वामीजी के वाद विवाद को सुन कर राजा को बडा हर्ष हुआ ॥ ४२ ॥

मतमस्य महोत्साहैराविश्य विबुधान्वितः ।
पूजयामास चरणौ यथाशक्ति धनादिभिः ॥४३॥

और वह निज पण्डितो के साथ आर्यमत में प्रविष्ट हो यथाशक्ति धनादि से आपका सत्कार करने लगा ॥ ४३ ॥

अनुज्ञामधिगत्याथ गुरुवर्य्यान्निजं पुरम् ।
प्रतस्थे परमोदारवचनैर्निगदन्गुणान् ॥४४॥

अन्त में आपसे आज्ञा माँग अनेक प्रकार से गुणानुवाद गाते हुए अपने नगर को चले गगा ॥ ४४ ॥

गते राजनि योगीशोप्ययमानन्दनैर्जनैः ।

उसके जाने पर भी अनेक मनुष्यों के साथ वाग्विलास करते हुए ६ दिन वहीं पर निवास करते रहे ॥ ४५ ॥

अनार्यमतगः कश्चिद् द्विजो मनसि योगिनम् ।
वीक्ष्य भाग्यमलं शोकान्निनिन्द किमतः परम् ॥४६॥

उसी समय एक ब्राह्मण, जो ईसाई होगया था, स्वामीजी को देखकर अपने भाग्य को सोचता हुआ यों कहने लगा ॥ ४६ ॥

यद्ययं योगिनां राजा मिलेत् प्रागेव दैवतः ।
भवेयं किमहं तर्हि नीचमार्गव्यवस्थितः ॥४७॥

यदि स्वामीजी महाराज यहाँ पर पहले ही आजाते तो मुझको काहे को धर्म-भ्रष्ट होना पडता । फिर मैं कभी ईसाई न होता ॥ ४७ ॥

इति शोकमलंप्राप्त ब्राह्मणं वीक्ष्य योगिराट् ।
हृदये परमात्मानं सस्मार निजगाद च ॥४८॥

ब्राह्मण-ईसाई की ऐसी व्याकुलता को देखकर स्वामीजी महाराज ईश्वर का ध्यान करके इस प्रकार कहने लगे ॥ ४८ ॥

आर्यावर्तमनार्याणामावर्त बहवो नराः ।
कल्पयन्ति मनुष्याणां धर्मनाशनतत्पराः ॥४९॥

बहुत से मनुष्य, लोगों के धर्म बिगाडने के लिए, इस आर्यावर्त को अनार्यावर्त बनाने का प्रयत्न कर रहे हैं ॥ ४९ ॥

दयामय ! निराधार ! जगदीश्वर ! सत्वरम् ।
भारते करुणादृष्टिं कुरु भारतवत्सल ! ॥५०॥

हे दयामय, हे निराधार, हे जगदीश्वर, हे भारतवत्सल, आप भारतवर्ष पर कृपादृष्टि कीजिए ॥ ५० ॥

इति नानाविधाभासभासितात्मा स सन्मतिः ।
देशोपकारकरणे द्विगुणं यत्नमादधे ॥५१॥

इस प्रकार नाना प्रकार के सोच विचार करके सुमति स्वामीजी ससार

राजधानीन्धनाधानीं गुणाधानीमतःपरम् ।
प्रतस्थे यानमाग्नेयमधिरुह्य बुधाग्रणीः ॥५२॥

पण्डितो मे अग्रणी स्वामीजी आग्नेय (अग्नि से चलने वाली) रेलगाडी पर सवार होकर गुण और धन से परिपूर्ण राजधानी कलकत्ते पधारे ॥ ५२ ॥

तडिन्मार्गश्रुतारम्यागमनास्तत्र सज्जनाः ।
दर्शनाकाङ्क्षिणो नूनं बाष्पयानस्थलीमगुः ॥५३॥

जब लोगो ने स्वामीजी के आने का समाचार तार के द्वारा सुना तब स्वामीजी के दर्शन की इच्छा रखनेवाले कितने ही सज्जन रेलवे स्टेशन पर जा पहुँचे ॥ ५३ ॥

आगमोत्सवसम्भारबहुमानवभूषिता ।
सा स्थली रम्यतामाप किमतो वर्णनं परम् ॥५४॥

स्वामीजी के दर्शन और स्वागत करने के लिए लोगो की इतनी भीड स्टेशन पर लग गई कि जिसका वर्णन नहीं हो सकता । उस भीड से स्टेशन भी जगमगाने लगा ॥ ५४ ॥

स्वागताचारसञ्चारविचारवति तज्जने ।
समभूदुदयो यानादस्य योगीश्वरस्य सः ॥५५॥

लोग आपके स्वागत का विचार करही रहे थे कि इतने में आप रेलगाडी से उतर आये ॥ ५५ ॥

जाते तस्योदये पादपतिते मनुजव्रजे ।
या शोभा समभूत्सा किं वर्णनीयास्ति केनचित् ५६

जब स्वामीजी प्लेटफार्म पर आये तब लोगों की भारी भीड आपके चरणो मे गिर पडी । उस समय जो शोभा थी क्या उसको कोई वर्णन कर सकता है ? ॥ ५६ ॥

चन्द्रशेखरसेनाद्या जनाः स्वागततत्पराः ।

श्रीयुत चन्द्रशेखरसेन आदि सज्जनो ने आपका स्वागत किया और आपके ठहरने का प्रबध प्रमोद-कानन में किया गया ॥ ५७ ॥

नन्दनादधिका तस्य दयानन्दसमागमात् ।
वनस्य ववृधे शोभा यया विश्वमिदं ततम् ॥५८॥

ऋषि दयानन्द के आने और ठहरने से देवताओ के नन्दन वन से भी कहीं अधिक उस वन की शोभा बढ गई ॥ ५८ ॥

प्रातरेव समस्तेषु समाचारदलेष्वरम् ।
तदागमनसञ्चारा मुद्रिता अभवञ्छिवाः ॥५९॥

आपके आने का शुभ समाचार सवेरे ही समस्त समाचार पत्रो में प्रकाशित होगया ॥ ५९ ॥

पण्डिता अपि तत्रत्याः समागत्य यथायथम् ।
निजां निजामनुमतिं तस्याग्रे क्रमशोवदन् ॥६०॥

वहाँ के बहुत से पण्डित जनो ने आपके सामने आ आकर अपनी अपनी अनुमति प्रकाशित की ॥ ६० ॥

असावपि महोदारवचनैरार्यमानवान् ।
नितरां तोषयामास वेदमार्गप्रवर्तकैः ॥६१॥

आप भी अपने उदार और वेदमार्ग प्रवर्तक वचनो से आगत आर्य जनो को सन्तुष्ट करते थे ॥ ६१ ॥

न सा कापि पुरे तत्र प्रतोली समभून्मुदा ।
जना यस्यां मुनेरस्य जगदुर्न यशस्ततिम् ॥६२॥

उस महानगरी मे कोई गली ऐसी न रही कि जिसमें लोग आपकी कीर्ति का गान न करते हो ॥ ६२ ॥

अथैनं कोपि पप्रच्छ साङ्ख्यकर्ता किमीश्वरम् ।

कुछ दिनों के बाद हेमचन्द्र चक्रवर्ती ने आपसे आकर पूँछा कि साम्ख्यकार वद ग्रार ईश्वर को मानते हैं या नहीं ?॥ ६३ ॥

उभयस्वीकृतिपरः कपिलोभूदसंशयम् ।
भाष्य भागुरिसम्भूतं वीक्ष्यतामल दर्शनम् ॥६४॥

यह सुनकर आपने उत्तर दिया कि वह दोनो को मानते थे । भागुरि मुनि का भाष्य इसमे प्रमाण देखिए ॥ ६४ ॥

इत्युक्तवति योगीन्द्रे केपि ब्राह्ममतानुगाः ।
समागत्य यथायोग्यमदो वचनमूचिरे ॥६५॥

इतना कहने पर ब्रह्म समाज के देवेन्द्रनाथ आदि आकर आपसे पूछने लगे ॥ ६५ ॥

ब्राह्मं समाजमास्तानामस्माकं धारणाविधौ ।
निषेधे वा विधिर्वास्ति यज्ञसूत्रस्य शाधि नः ॥६६॥

महाराज, हम लोग ब्रह्मसमाजी हैं । आप कृपा करके हमें बतलाइए कि हम लोगो को यज्ञोपवीत धारण का अधिकार है या नहीं ? ॥ ६६ ॥

इति पृच्छापरानेतान्गुणकर्मविभागशः ।
तद्विधानाविधानेषु कृतार्थानकरोज्जनान् ॥६७॥

इसके उत्तर मे आपने उनको गुण कर्म विभाग के द्वारा अधिकार एव अनधिकार बता दिया ॥ ६७ ॥

श्रुत्वा तद्वचनं तेपि वेदसिद्धान्ततत्पराः ।
समभूवन्निदं चित्रं विस्मितामकरोत्पुरीम् ॥६८॥

स्वामीजी का वचन सुनकर कितने ही ब्रह्मसमाजी वैदिक सिद्धान्तो को मानने लगे । इस विचित्र वृत्तान्त से सारी पुरी आश्चर्य में निमग्न हो गई ॥ ६८ ॥

केपि तत्रोपनिषदां पठनादिविधौ रताः ।

कोई पुरुष आपसे उपनिषद् पढने लगे, कोई वैदिक धर्म मे अत्यन्त आविष्ट हुए ॥ ६९ ॥

विद्वांसो बहवस्तत्र नानाशास्त्रपरायणाः ।
निजबुद्ध्यनुसारेण लाभमापुर्यथायथम् ॥७०॥

बहुत से विद्वान् अपनी अपनी बुद्धि के अनुसार आपसे अनेक प्रकार के लाभ उठाते रहे ॥ ७० ॥

पुनर्जन्मपरं वादं हवनानुगतं तथा ।
कृतवन्तौ बुधौ मूकीकृतवानयमात्मधीः ॥७१॥

पुनर्जन्म एव हवन विषय मे विचार करने लगे । श्रीसुरेन्द्रनाथ और श्रीराजेन्द्रलाल को आपने यथोचित उत्तर से पराजित कर दिया ॥ ७१ ॥

नानाभवनभागेषु कृतव्याख्यानविस्तरा ।
नगरी शुशुभे तस्य दर्शनैरतिदर्शनैः ॥७२॥

बहुत से स्थानो में प्रति दिन व्याख्यान होने के कारण वह नगरी आपके दर्शनो से अत्यन्त शोभा को प्राप्त हुई ॥ ७२ ॥

नानाहवनपीठेषु यज्ञादिकमसौ मुनिः ।
कारयन्नवनीभागान्गन्धयुक्तानिवाकरोत् ॥७३॥

बडे बडे स्थानो में यज्ञ करते हुए वे सब स्थानो को सुगन्धित करते रहे ॥ ७३ ॥

एकस्मिन्दिवसे तत्र बहुमानवमण्डिते ।
भवने देववाचासौ व्याख्यानं संमदाददात् ॥७४॥

एक दिन एक मकान में बहुत से मनुष्यो की भीड में आपने संस्कृत में व्याख्यान दिया ॥ ७४ ॥

भाषान्तरे ततः कोपि विपरीतार्थकल्पनम् ।

परन्तु किसी बगाली ने आपके व्याख्यान का तात्पर्य कुछ उलटा करके मनुष्यो को सुना दिया ॥ ७५ ॥

प्रार्थयामासुरितरे तदातङ्केपि सूरयः ।
भगवन्नृगिरा देयं व्याख्यानमिति वादिनः ॥७६॥

यह गडबडी देखकर कुछ समझदार वैदिक लोग आपसे कहने लगे कि महाराज ! इससे तो आप कृपा करके आर्य भाषा (हिन्दी) में ही व्याख्यान दें तो उत्तम हो ॥ ७६ ॥

भवदुक्तविपर्यासकल्पना मनुजैः कृता ।
दुनोत्यस्माकमत्यन्तं मानसानि विमर्शनात् ॥७७॥

क्योंकि आपके संस्कृत व्याख्यान का अनुवाद जो बंगभाषा में करके लोगों को सुनाया जाता है वह आपके सिद्धान्त से सर्वथा प्रतिकूल होता है। यह देखकर हम लोगो को बहुत दु:ख होता है ॥ ७७ ॥

इति श्रुतवचोव्रातः स महात्मा ततः परम् ।
मानवानां गिरा चक्रे भाषणं बहुविस्तरम् ॥७८॥

यह सुनकर फिर श्रीमान् स्वामीजी महाराज आर्य भाषा (हिन्दी) में बडे बडे व्याख्यान देने लगे ॥ ७८ ॥

नानामन्त्रप्रमाणानि विषये विषये वदन् ।
कृतव्याख्यानसंपूर्तिर्जगामावासकाननम् ॥७९॥

इसी तरह आप वेद-मन्त्रों के प्रमाणो से युक्त अनेक विषयों में व्याख्यान दे दे कर विश्राम के लिए प्रमोद कानन मे आजाते थे ॥ ७९ ॥

प्रमोदकाननान्तस्थसरोवरतटाश्रितम् ।
योगिनं विबुधैर्व्यासं मनुजः कोप्यचिन्तयत् ॥८०॥

योगदृष्ट्या ततः श्रीमान्विचार्य तदभीप्सितम् ।
समाहूय मनाक्चक्रे तत्कार्यमपि गौरवात् ॥८१॥

उसी क्षण योग-दृष्टि से उसे जानकर और बुलाकर उसका काम पूर्ण किया ॥ ८१ ॥

कालान्तरे समीपस्थनिवासभवनेष्वयम् ।
नानावैषयिकीर्व्याख्याः कर्तुमारभतादरात् ॥८२॥

कुछ दिनो के अनन्तर [२ मार्च सन् १८७३ ई० को] निज निवासस्थान के समीपस्थ भवनो में भिन्न भिन्न विषय के व्याख्यान देने आपने आरंभ कर दिये ॥ ८२ ॥

क्वचिदीश्वरसद्भावविषयाभिमुखः क्रमात् ।
प्रमाणघटनाश्चक्रे तद्गताः समयोचिताः ॥८३॥

कहीं आपने ईश्वर की सत्ता के विषय मे अनेक प्रमाणगर्भित और समयोचित व्याख्यान दिये ॥ ८३ ॥

जातिभेदपरं कञ्चित्प्रस्तूय विषयं ततः ।
सुमतिं कुमतिं सर्वलोकगामवदत्पराम् ॥८४॥

फिर आपने एक व्याख्यान जातिभेद के विषय मे दिया । जाति-भेद-सम्बन्धी भी ससार की सभी सुमति और कुमति का किया ॥ ८४ ॥

बालवैधव्यदग्धानां कुलस्त्रीणां क्वचिद्दशाम् ।
वर्णयन्नश्रुसम्पूर्णनयनानकरोज्जनान् ॥८५॥

किसी जगह आपने कुलीन बाल-विधवाओ की दुर्दशा का ऐसा उतारा कि सुननेवालों के नेत्रो से आँसू गिरने लगे ॥ ८५ ॥

ब्रह्मचर्य्यविधानादि क्वचित्प्रस्तुय

कहीं ब्रह्मचर्यरक्षा पर आपने व्याख्यान दिया और ब्रह्मचर्य रक्षा के प्रभाव से जैसी कुछ दुर्दशा देश की हो रही थी उसका अच्छी तरह वर्णन किया ॥ ८६ ॥

इति नानानिबन्धेषु कल्पनाः पारमार्थिकीः ।
कल्पयन्नल्पकालेन कृतार्थामकरोत्पुरीम् ॥८७॥

इस प्रकार थोडे से दिनो में ही आपने समस्त कलिकाता राजधानी को अपने सदुपदेश से कृतार्थ कर दिया ॥ ८७ ॥

पाठशालाप्रबन्धेपि राजकीये निजश्रमैः ।
वेदादिसत्यशास्त्राणां निवेशनमकारयत् ॥८८॥

राजकीय विश्व-विद्यालय मे भी आपने निज परिश्रम से वेदादि सत्य शास्त्रों को रखवाया ॥ ८८ ॥

व्याख्यानान्यस्य विद्वद्भिर्लेखितुं यद्यपि श्रमः ।
कृतोपि मन्दभाग्यत्वान्नाप पूर्तिं यथोचिताम् ॥८९॥

यद्यपि वहाँ के विद्वानो ने आपके व्याख्यान लिखने आरभ कर दिये तथापि वह दुर्भाग्य से पूर्ण न हुए ॥ ८९ ॥

तारानाथप्रभृतिभिर्विद्वद्भिः सह विस्तृतैः ।
प्रश्नोत्तरैर्नयव्याख्यामेव तत्राकरोन्मुनिः ॥९०॥

तारानाथ आदि अनेक विद्वानो के साथ नीति-विषय मे विचार करते हुए आप कुछ दिन तक वहाँ रहे ॥ ९० ॥

राजधानीश्रिया युक्तः स महात्मा भुवस्तले ।
कीर्तिमेकां व्यवस्थाप्य गमनाय मनो दधे ॥९१॥

फिर राजधानी की लक्ष्मी से विभूषित होकर वे वहाँ पर अद्वितीय कीर्ति को स्थापन कर चलने के लिए उद्यत हुए ॥ ९१ ॥

इतः स्थलान्तरं योगी बहुविद्वदुपावृतः ।

वहाँ से आप विद्वन्मण्डली से युक्त हुगली पहुँचे। वहाँ अपने सदुपदेशो से मनुष्यो को कृतार्थ करने लगे ॥ ९२ ॥

वेदवेदाङ्गशास्त्राणि प्रमाणीकृत्य मण्डले ।
सत्वरं विदुषां वाणीनिग्रहस्थानमानयत् ॥९३॥

वेद, वेदाङ्ग और शास्त्रो के प्रमाणो से आपने विपक्षियो को परास्त कर दिया ॥ ९३ ॥

बुद्धिमन्तो जनास्तस्य दर्शनेनैव हर्षिताः ।
अभवन्परिपूर्णेन्दोर्दर्शनेनेव सागराः ॥९४॥

जिस प्रकार पूर्ण चन्द्र को देखकर सागर आनन्दित होता है उसी प्रकार आपके दर्शन करके वहाँ के सज्जन बहुत हर्षित हुए ॥ ९४ ॥

विपक्षिणो जनास्तत्र सभामेकामकल्पयन् ।
वञ्चनाय धनाढ्यानां वाणिजामलसात्मनाम् ॥९५॥

उसी समय कुछ चक्राङ्कितो ने वहाँ पर एक "आर्य्यसन्मार्ग-सन्दर्शिनी" सभा वैश्यो के बहकाने को नियत की ॥ ९५ ॥

वृन्दावनपराभूतिसञ्जातकलुषान्तराः ।
यस्यां परिषदि प्रायो मूढा एव निमन्त्रिताः ॥९६॥

जिसमें आपके द्वारा वृन्दावन मे फटकारे हुए चक्राङ्कित ही निमन्त्रित किये गये ॥ ९६ ॥

प्रागेव भयभीतास्ते ऋषेरस्य कथामपि ।
न कर्तुमभवञ्छक्ताः किमाह्वानादिकं पुनः ॥९७॥

उन्होंने आपके डर से आपका नाम तक नहीं लिया, बुलाना तो अलग रहा ॥ ९७ ॥

इतस्ततः समागत्य पण्डितास्तत्र पक्षिणः ।

इधर उधर से बहुत से पण्डितो ने आकर सभा में चूँ चाँ करके उसको ऐसा बना दिया कि जैसा पक्षियो से सयुक्त वृक्ष ॥ ९८ ॥

इन्द्रजालसमानाभिः प्रश्नोत्तरसमाधिभिः ।
वणिजामलसान्तानां द्रव्याधानीरवञ्चयन् ॥९९॥

इन्द्रजाल के समान प्रश्नोत्तर करके उन लोगो को अपने जाल मे फाँस श्रोर उनका कितनाही रुपया बिगाड डाला ॥ ९९ ॥

समाचारदले वीक्ष्य निन्दां ते वंचनोत्थिताम् ॥
वास्तवेऽपि मसीम्लानवदना अभवन्स्वयम् ॥१००॥

परन्तु समाचार-पत्रो मे अपनी निन्दा सुन कर वे सबके सब मलिन मुख हो गये ॥ १०० ॥

परं मूढा न मन्यन्ते निन्दां जगति किंत्वरम् ।
धनमेवाभिवाञ्छन्ति सर्वोपायैर्नु ते जनाः ॥१०१॥

परन्तु मूर्ख जन निन्दा की कुछ परवा न करते हुए केवल येन केन प्रकारेण धन ही कमाया करते है ॥ १०१ ॥

दयानन्दोपि महित समाजभवनं क्रमात् ।
विधाय तत्र गमने मतिमाधादनुत्तमाम् ॥१०२॥

फिर स्वामी दयानन्दजी वहाँ समाज-मन्दिर बनवा कर चलने को उद्यत हुए ॥ १०२ ॥

अवाप्य पत्तनं तस्मात्परमद्भुतदर्शनः ।
वेदोदितमतव्याख्यामयं तस्तार सर्वशः ॥१०३॥

फिर वहाँ से भागलपुर जाकर आपने व्याख्यान दिये श्रोर लोगों को वैदिककर्म का प्रकार बतलाया ॥ १०३ ॥

तत्र नानाजनैरस्मादार्यधर्मप्रवर्धिनी ।

वहाँ पर बहुत से सज्जनो ने आपसे आदरपूर्वक आर्यधर्म के बढाने वाली दीक्षा ग्रहण की । सत्समागम से सभी बाते सुलभ हो जाती हैं ॥ १०४ ॥

विधाय वस्त्रावरणं विदुषा केनचित्कृताम् ।
वक्तृतामल्पयत्नेन खण्डयन्मूकतामदात् ॥१०५॥

(वहाँ से छपरे मे पहुँचे । वहाँ) एक पण्डित परदे की ओट मे शास्त्रार्थ करने लगा । उस पण्डित का नाम जगन्नाथ था । स्वामीजी ने उसकी बातो का तुरत खण्डन कर दिया । वह सर्वथा निरुत्तर हो गया ॥ १०५ ॥

अनन्तरमसौ पूर्वपत्तनेषु यथायथम् ।
विश्राम्यन्नाप मथुरां प्रयोजनवशाद्द्रुतम् ॥१०६॥

वहाँ से फिर आप पूर्व परिचित स्थलो मे विश्राम लेते हुए चक्राकितो के खण्डनार्थ मथुरा पधारे ॥ १०६ ॥

विद्वज्जनैस्तत्र सार्धं विधाय कथनं मनाक् ।
चपलं तत्र समगाद्यत्र रङ्गोत्सवोभवत् ॥१०७॥

मथुरा मे भी कुछ विद्वानो से बात कर आप रगजी के मेले पर वृन्दा-बन पधारे ॥ १०७ ॥

गत्वैव वैष्णवादीनां मतानि विदितक्रमात् ।
खण्डयामास योगीन्द्रो वैदिकैरेव साधनैः ॥१०८॥

वहाँ जातेही योगीन्द्र ने वेद-मन्त्रो द्वारा वैष्णवमत का खूब खण्डन किया ॥ १०८ ॥

बहवो द्वेषभाजोपि तत्रासन्मनुजाधमाः ।
परं ते नाशकन्कर्तुं किमप्यस्य महामतेः ॥१०९॥

मासैकमुपस्थाय तत्र खण्डनमण्डनैः ।
प्रवाहे यामुने मूर्तीः पातयामास गेहिनाम् ॥११०॥

एक मास तक बराबर वहाँ रह कर खण्डन करते हुए आपने सैकडों गृहस्थो की मूर्तियाँ यमुना मे गिरवा दीं ॥ ११० ॥

प्रभावं तत्र विन्यस्य ससमाजं गिरामयम् ।
प्रत्यावृत्तौ मनश्चक्रे नानास्थानेषु शान्तधीः ॥१११॥

अन्त मे वहाँ समाज स्थापन करके फिर आप ने लौटने के लिए मन मे विचार किया और मुरसान पधारे ॥ १११ ॥

जघान यत्र यत्नेन मुरं श्रीमधुसूदनः ।
दिनमेकं वसंस्तत्र वेदमार्गमचीकथत् ॥११२॥

जहाँ पर श्रीकृष्ण ने मुर नामक दैत्य को मारा था । उस मुरशयन मे आकर स्वामीजी ने वैदिक-धर्म का प्रचार किया ॥ ११२ ॥

हस्ताभिधं ततो योगीपुरमेत्य मनोरमैः ।
योगदीक्षाक्रमैरेव हर्षितानकरोज्जनान् ॥११३॥

एक दिन मुरसान मे रहकर फिर आप हाथरस पधारे और योग मार्ग का व्याख्यान देकर आपने वहाँ के लोगो को बहुत सतुष्ट किया ॥ ११३ ॥

कौलं नाम ततः श्रीमानयमेत्य पुरं लघु ।
समाजकल्पनामत्र विधाय प्रययौ शनैः ॥११४॥

यहाँ से फिर आप अलीगढ पहुँचे । वहाँ कुछ दिन ठहर कर आप छलेसर चले गये ॥ ११४ ॥

यथायथं निवासेषु पूर्वदृष्टेषु संवसन् ।
दक्षिणा दिशमुद्यम्य यग्रावेकं पुरं महत् ॥११५॥

परं निधाय तत्रापि प्रभावं वचसामयम् ।
जगाम सत्वरं योगी शिवां पञ्चवटीमरम् ॥११६॥

वहाँ भी अपने वचनो का प्रभाव जमाकर स्वामीजी जल्दही वहाँ से कल्याणकारिणी पचवटी पर चले गये ॥ ११६ ॥

पत्तने द्वे ततो गत्वा भिक्षावृत्तिपराञ्जनान् ।
विनिन्दन्देशसौन्दर्यनिरीक्षणपरोभवत् ॥११७॥

वहाँ से नासिक और त्र्यम्बक होते हुए स्वामीजी भिक्षुक वृत्तिवालो को फटकार कर देश की सुन्दरता को देखने लगे ॥ ११७ ॥

मूर्तिपूजाविधानानां खण्डनैस्तत्कृतैः शुभाः ।
दिशः प्रपूरयामासुर्मानवा वानवाः स्वयम् ॥११८॥

आपके किये हुए मूर्ति पूजन-खण्डन को वहाँ के मनुष्य स्वय सर्वत्र फैलाने लगे ॥ ११८ ॥

दिनैः कतिपयैरेव विचरन्विदुषांवरः ।
दक्षिणाया दिशः प्राप राजधानीमलंकृताम् ॥११९॥

थोडेही दिनो मे उस देश का सौंदर्य देखकर आप दक्षिण देश की राजधानी मुम्बई पधारे ॥ ११९ ॥

ऋषेरस्यागमं श्रुत्वा विबुधा हर्षनिर्भराः ।
समभूवन्नथो मूढा विषण्णा युगपद्द्रुतम् ॥१२०॥

ऋषि का आना सुनकर वास्तविक विद्वान् तो अपने मन मे अत्यन्त मुदित हुए परन्तु साथही मूढ जन अप्रसन्न भी हुए ॥ १२० ॥

बालकेश्वरविख्यातभवने तस्य सज्जनैः ।
समकारि मनेरस्य निवासविधिरादरात ॥१२१॥

भाषाचतुष्टयाभिज्ञैर्विबुधैर्धर्मनिर्णयम् ।
समुद्दिश्य मुनेरस्य विज्ञापनदलं कृतम् ॥१२२॥

ठहरने के बाद चार भाषाओं मे प्रवीण विद्वानों ने एक एक विज्ञापन बनाया ॥ १२२ ॥

यस्मिन्मुद्रापिते पश्चात्प्रेषितेथ समुद्भवौ ।
नानापुरेषु विख्यातिरस्य सर्वजनश्रुता ॥१२३॥

जिसके छपने और बटने पर आस पास के सब नगरो में आपकी प्रसिद्धि होगई ॥ १२३ ॥

अनन्तर समाजग्मुस्तत्र पौराणिका जनाः ।
परं हुङ्कारमात्रेण गता निजगृहाङ्गणम् ॥१२४॥

विज्ञापन देखते ही पहले वहाँ पर पौराणिक आये परन्तु स्वामीजी की एकही फटकार से वे अपने अपने घरो को भाग गये ॥ १२४ ॥

एकाङ्गपाठिनः केचिदेकशास्त्रपरा बुधाः ।
कथं सर्वज्ञसविधे विदध्युः स्थितिमित्यलम् ॥१२५॥

फिर एकही विषय के ज्ञाता कई पण्डित आये परन्तु वे बहुज्ञ स्वामीजी के सामने क्योकर ठहर सकते थे ? ॥ १२५ ॥

वाल्लभस्य मतस्याथ सर्वतः पूर्वमादरात् ।
विभञ्जनामयं चक्रे तिलशः सर्वरीतिभिः ॥१२६॥

इसके बाद सबसे पहले आपने वहाँ पर आदरपूर्वक वल्लभमत का खण्डन किया॥ १२६ ॥

दुर्धर्षं वीर्यमेतस्य खण्डने तन्मतानुगाः ।
समीक्ष्य दन्तमध्येषु स्वाङ्गुलीः समवेशयन् ॥१२७॥

उपायाभावतः पश्चाद्गरलं दातुमुद्यताः ।
समभूवन्परं यत्नो नाभवत्कर्मणीदृशे ॥१२८॥

जब उनसे कुछ न बन पडा तब वे जहर देने को उद्यत हुए, परन्तु दे न सके ॥ १२८ ॥

परमात्मा मनुष्यस्य यस्य रक्षार्थमुद्यतः ।
कथं तस्य विनाशः स्यादिति सत्यं कथानकम् १२९

ठीक है, परमेश्वर जिसका रक्षक होता है उसका विनाशक कौन हो सकता है ? ॥ १२९ ॥

योगिराडपि दस्यूनामभिचारादि वीक्षणे ।
परमं यत्नमुद्यम्य तस्थौ तत्र यथा हरिः ॥१३०॥

आपभी फिर दुष्टों की दुष्टता जानकर बडे सावधान होकर वहीं आनन्द-पूर्वक रहने लगे ॥ १३० ॥

एतावतैव कालेन गुप्तः कोपि सुमुद्रितान् ।
चतुर्विंशति सम्प्रश्नानकरोद्वाचिधीमताम् ॥१३१॥

इतने में किसी गुप्त नामक पुरुष ने संस्कृत में चौबीस प्रश्न छपवाकर आपके पास भेजे ॥ १३१ ॥

उत्तरं मुद्रितं तेषामयमप्यातिवेगतः ।
सम्प्रदायावदद्धर्मे गुप्तता का महात्मनाम् ॥१३२॥

जिनका उत्तर आपने भी तुरतही संस्कृत में छपवाकर भेज दिया और लिख दिया कि धर्म-कार्य मे गुप्त नाम क्यो ? ॥ १३२ ॥

पापभीता जना लोके यान्ति गुप्तत्वमुद्धताः ।
प्रकाशन्ते गुणस्यार्थे गुप्ता अपि महोदयाः ॥१३३॥

एतस्मिन्नन्तरे विद्वद्वराः केप्यकल्पयन् ॥
गोष्ठीं वैष्णवलोकानां पक्षपातेन गर्विताः ॥ १३४ ॥

इसी बीच में पक्षपात से गर्वित किन्ही मूर्खो ने एक वैष्णवो की सभा की ॥ १३४ ॥

गट्टूलालादयो यस्यां सभापतिपदे स्थिताः ।
प्रमाणाभावतो मूर्तिपूजने मूकतां गताः ॥१३५॥

जिसमें गट्टूलालजी महाराज प्रधान बन मूर्ति-पूजन के शास्त्रार्थ में परास्त हुए ॥ १३५ ॥

धनलोभप्रभावेन यत्र विद्वद्वरा अपि ।
मूर्तिखण्डनवाक्यानि नावदन्किमतः परम् ॥१३६॥

धन के लोभ से विद्वान् भी सत्य छोड असत्य वादी होते है, इसीसे किसी ने मूर्त्तिखण्डन के वचन न कहे ॥ १३६ ॥

यतिराडपि तां गत्वा गोष्ठीमबुधमण्डिताम् ।
नानामन्त्रपदैश्चक्रे मतानां खण्डनं क्रमात् ॥१३७॥

आपने भी उसमें जाकर वेद मन्त्रो से जड-पूजा का खूब खण्डन किया ॥ १३७ ॥

यदाकर्ण्य बुधास्तत्र शीघ्रमेव सहस्रशः ।
वेदमार्गमुपक्रम्य तस्थुरत्यंतहर्षिताः ॥१३८॥

उस शास्त्रार्थ के विजय का लोगो के हृदय पर ऐसा प्रभाव पडा कि सैकडो मनुष्य प्रसन्नता से वेदमार्ग पर चलने लगे ॥ १३८ ॥

बलवत्तरमालोक्य मतमस्य जयोन्मुखम् ।
ययुः सर्वेपि वेश्मानि वैष्णवाः पापबुद्धयः ॥१३९॥

येन केन प्रकारेण मारणे कृतनिश्चयाः ।
मरणं स्वयमेवापुर्जगन्मध्ये पराभवम् ॥१४०॥

उन्होने विष द्वारा आपके मारने के लिए प्रयत्न किये परन्तु मरण से भी अधिक पराजय-रूप मृत्यु को स्वय प्राप्त हुए। स्वामीजी का कुछ भी न बिगडा ॥ १४० ॥

पुस्तकालयमध्येपि कृतशास्त्रार्थकल्पनाः ।
सहसैव पराभूतिं प्रापुरुद्धतपण्डिताः ॥१४१॥

फिर पुस्तकालय मे कई पण्डित शास्त्रार्थ के लिए आपके पास आये जो बात की बात मे परास्त होगये ॥ १४१ ॥

जयकृष्णादयोप्यन्ये वाटिकागतचत्वरे ।
जीवेश्वरपरं वादं कृत्वा मौनमुपागमन् ॥१४२॥

सेठ लीलाधर के बाग म चबूतरे पर जयकृष्ण आदि कई पण्डित जीवेश्वर विषय मे कुछ बोलने लगे परन्तु अन्त मे मूकही हुए ॥ १४२ ॥

नानामतपरा लोकाः प्रभावादस्य सत्वरम् ।
सत्यमार्गपरा एव समभूवन्नहोद्भुतम् ॥१४३॥

अनेक मतो में फँसे हुए अनेक जन आपके प्रताप से फिर भी आर्य-समाज में प्रविष्ट होगये ॥ १४३ ॥

जनानां किल साहस्री संख्यया षष्ठिसंमिता ।
मतमस्य महोदारा स्वीचकार महाधना ॥१४४॥

साठ हजार पुरुषों के बडे भारी समुदाय ने वेदमत को स्वीकार किया ॥ १४४ ॥

नियमान्वेदविहितान्विलोक्य समकल्पयत् ।
समाजरचनां भक्त्या गिरिग्रामे यथोचिताम् ॥१४५॥

एतस्मिन्नन्तरे तत्र रामानुजमताश्रितैः ।
परिषत्काल्पिता यस्यां मतवादो महानभूत् ॥१४६॥

इसी बीच में रामानुजो ने एक सभा नियत की जिसमे निज पक्ष का बहुत कुछ मण्डन किया जाता था ॥ १४६ ॥

खेमराजादयो यस्यां व्यवस्थायै व्यवस्थिताः ।
स्वागतानि यथायोग्यं जनानां चक्रिरेचिरात् ॥१४७॥

उसके इन्तजाम के लिए सेठ खेमराज आदि नियत किये गये । उन्होने सब का स्वागत किया ॥ १४७ ॥

नियतं समयं प्राप्य नानाभरणभूषिता ।
बभूव समितौ तस्यां जनानां क्रमशः स्थितिः ॥१४८॥

ठीक समय पर अनेक भूषणो से भूषित सभ्य जन यथोचित स्थानो पर बैठने लगे ॥ १४८ ॥

उभयाश्रितपक्षस्य लेखनाय व्यवस्थिताः ।
पत्रसंपादकाः सर्वे पदशोऽक्षरशोलिखन् ॥१४६॥

दोनो तरफ से सवाद लिखने के लिए पत्र-सम्पादक नियत हुए जो कि एक एक अक्षर लिखने वाले थे ॥ १४९ ॥

यतीश्वरोपि मतिमान्महासनमधिष्ठितः ।
समारेभे वचो व्यासं रामानुजजनैः समम् ॥१५०॥

सब काम जुडने पर आपभी उच्चासन पर बैठकर रामानुजियो से शास्त्रार्थ करने लगे ॥ १५० ॥

नियतग्रन्थसंवादप्रमाणपदभूषितः ।
ववृधे मूर्तिपूजायां विवादो विबुधोत्थितः ॥१५१॥

आवाहनविसर्गादिप्रमाणाभावतः स्वयम् ।
रामानुजमताविष्टो जनोभयमुपागमत् ॥१५२॥

जिसमें आवाहन और विसर्जन के मन्त्राभाव से सब रामानुजी परास्त हुए ॥ १५२ ॥

पराभूतिमुपालभ्य रामानुजदले गते ।
किमेतदपि वक्तव्यं योगीजयमुपागमत् ॥१५३॥

पराजय को प्राप्त हुए रामानुजियो के भागने पर आपका विजय सर्वत्र प्रसिद्ध होगया ॥ १५३ ॥

दिनान्तरे महामान्यैरेका व्यरचि सा सभा ।
राज्ञामवनतेर्यस्यां निदानान्ययमुक्तवान् ॥१५४॥

सभा के दूसरे दिन आर्यपुरुषो ने अपनी सभा की जिस मे भारतीय राजों का अध.पतन का कारण खूब बतलाया ॥ १५४ ॥

ज्योतिर्वित्क्लीबकरभतैलिकानां निदर्शनैः ।
चातुर्विध्यं महायोगी मन्त्रिणामवदत्स्फुटम् ॥१५५

और जोतिषी, हीजडे, ऊँटवाले, तेलवाले, चार प्रकार के दृष्टातों से चार प्रकार के मन्त्रियो को बना कर आपने बडे जोर के साथ क्षत्रियों की दुर्दशा कही ॥ १५५ ॥

ईसवीयमताः केचिदनेन सह संविदम् ।
कुर्वन्नगुरहो द्वित्रैः प्रश्नैरेव बहुश्रमम् ॥१५६॥

इतने ही में विलसन साहब आदि कई ईसाई पादरी आपसे कुछ बोलने आये परन्तु वे भी न बोल सके ॥ १५६ ॥

मूर्तिपूजापरानन्ते रामलालादिपण्डितान् ।
विज्ञापनदलैरेव मूकीभूतानयं व्यधात् ॥१५७॥

नानामौक्तिकसम्प्रोतजयमालाविभूषितः ।
स बभौ तत्र परया शोभया परितो वृतः ॥१५८॥

मोतियों की माला से सुशोभित होकर आप जयध्वनियों से प्रसन्न हुए ॥ १५८ ॥

एकलक्षमितं द्रव्यं जनैर्दत्तमुपायने ।
समादाय ततो भव्यं पुण्यपत्तनमागमत् ॥१५९॥

भेट में आये हुए एक लक्ष द्रव्य वैदिकधर्मप्रचारार्थ ले कर [२० जुलाई सन् १८७५ ई० को] आप पूना पधारे ॥ १५९ ॥

विद्वज्जनवरैरेषः सत्रा सम्भाषणादिकम् ।
विधाय वैदिकं मार्ग तत्रायमुपदिष्टवान् ॥१६०॥

वहाँ दो मास तक पण्डितो से शास्त्रार्थ करते हुए वैदिकधर्मप्रचार करते रहे ॥ १६० ॥

नानानगरसंवासैरथायं विगतश्रमः ।
धर्मोपदेशदानाय निजं देशं समाययौ ॥१६१॥

अन्त में रतलाम आदि नगरो मे जा कर [१८७५ ई० में] अपने देश काठियावाड में पहुँचे ॥ १६१ ॥

निजदेशगतेष्वेवं समस्तेषु पुरेष्वयम् ।
वेदोदितानि कर्माणि समन्तादुपदिष्टवान् ॥१६२॥

स्वामीजी पूर्वोक्त प्रकार से निज देशस्थ समस्त नगरो में वैदिक धर्म का उपदेश देते रहे ॥ १६२ ॥

यज्ञशाला गवां शालाः पाठशालाश्च सत्वरम् ।
विषये कल्पयामास निजे धर्मपरायणः ॥१६३॥

कहीं यज्ञशाला, कहीं गोशाला, कहीं पाठशाला बनवाते हुए स्वामीजी

एवं त्रिशङ्कुतिलकां दिशमुद्यमेन
सम्यग्विजित्य निगमोक्तमतं वितन्वन् ।
योगी परां श्रियमलम्भत सत्यमेव
सिध्यन्ति कुत्र सुकृतानि न पुण्यभाजाम् ॥१६४॥

इन्द्र की दिशा (पूर्व) को तो स्वामीजी पहले ही विजय कर चुके थे अब उन्होने उस यम दिशा को भी, कि जो त्रिशकुतिलका के नाम से भी प्रसिद्ध है, विजय कर लिया । इन दोनो दिशाओ को अच्छी तरह जीतकर स्वामी दयानन्दसरस्वतीजी महाराज सर्वत्र वैदिक धर्म का प्रचार करते हुए वास्तव मे सर्वोत्तम शोभा को प्राप्त हुए । ठीक है, पुण्यात्माओ के किये हुए परिश्रम कहाँ पर सफल नही होते ? सर्वत्र ही सफल होते है ॥ १६४ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजय महाकाव्ये
मोहमयी प्रत्यावृत्तिनाम सप्तम सर्ग ।

अष्टमः सर्गः

अथ जगदुपकारं सर्वशः कर्तुमिच्छ-
न्नयमतिकरुणार्द्रः कल्पयामास नव्यान् ।
निगमनियमपूर्णानप्रमेयप्रभावा-
नखिलगुणसमुद्रामुत्तमान्ग्रन्थपूगान् ॥१॥

अब आपके बनाये हुए ग्रन्थो का वर्णन करने के लिए आठवाँ सर्ग प्रारम्भ किया जाता है। दक्षिण दिग्विजय के अनन्तर हर तरह से जगत् का उपकार करने के लिए वे करुणा सागर स्वामीजी वेदानुकूल, अचिन्त्य प्रभावशाली, सम्पूर्ण गुणो के समुद्र, उत्तमोत्तम नवीन ग्रन्थो के बनाने के लिए प्रवृत्त हुए ॥ १ ॥

भवति सकलविज्ञो दर्शनैर्यत्कृतानां
जगति मनुजवर्यः पुस्तकानामयत्नात् ।
सकलगुणनिधानं नायकः सज्जनानां
कथमतिलघुवाचां मे पदं स्यात्स देवः ॥२॥

जिनके बनाये हुए ग्रन्थो के दर्शनो से ही मनुष्य जगत् मे अनायास सम्पूर्ण बातो से अभिज्ञ बन जाता है वे सकल गुणनिधान, सज्जनों के नायक, दिव्यगुणवाले स्वामीजी अत्यन्त छोटीसी मेरी वाणी से किस प्रकार वर्णन के योग्य बन सकते हैं ॥ २ ॥

यदनुभवसमुत्था भारती भारते सा
विलसति विबुधानां पुष्पमालेव कण्ठे ।

गुणगणपरिपूर्णामन्दसौरभ्यरम्या
जगति स चिरकाल कीर्तिमाप्नोति भव्याम् ३

जिसके अनुभव से उत्पन्न हुई गुणयुक्त, उत्कट कीर्तिकर रचना विद्वानों के कण्ठ मे पुष्पमाला के समान शोभा दे रही हो वही पुरुष चिरकाल तक इस ससार मे यश का भागी होता है ॥ ३ ॥

इति मनसि स योगी चिन्तयित्वातिहर्षा-
ल्लिखनविधिविधाने दक्षिणानष्ट विज्ञान् ।
नियमयदतुलश्रीर्वेतनादानयुक्त्या
निखिलकरणयुक्तान्सर्वतः पूर्वमारात् ॥४॥

अपने मन मे ऐसा निश्चय कर सबसे पहले लिखने म चतुर सब बातो मे दक्ष, आठ पण्डितो को नोकर रखकर आप अपना विचार करने लगे ॥ ४ ॥

अवसरमथ लब्ध्वा भूमिका वेदवाचा-
मरचयदयमात्मज्ञानवेत्ता प्रशस्ताम् ।
यदनुकरणकृत्ये सूरिणां बुद्धिरुग्रा
कथमपि बहुयत्नैः कल्पयामास कृत्यम् ॥५॥

विचार के अनन्तर, ईश्वरीय ज्ञान के वेत्ता ऋषि, प्रशस्त ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका का आरभ करने लगे जिसके लिखने मे बडे बडे पण्डितो की बुद्धि चक्कर खाकर बडे परिश्रम से काम दिया करती थी। अर्थात् जिसका लिखना भी कठिन था ॥ ५ ॥

अविरलविषयाणां दर्शनाद्यत्र चेतः
प्रसरति निगमानां दर्शने बुद्धिभाजाम् ।
भवति च सकलार्थप्राप्तिराश्वेव भक्ति-
र्जननमरणशून्ये सच्चिदानन्दरूपे ॥६॥

---

१ इन्नन्तोय शब्द शब्दस्तोममहानवौ द्रष्टव्य ।

जिस भूमिका में लिखे हुए विषयो के दर्शन से बुद्धिमान् मनुष्यों का चित्त स्वय वेद की ओर प्रवृत्त होकर उनके अर्थो की प्राप्ति होने पर अजन्मा, अजर, अमर, ईश्वर मे भक्तियुक्त हो जाता है ॥ ६ ॥

अनुभवति स एनां भूमिकां येन मन्ये
गुरुकुलमधिगत्यानेकविद्या व्यलोकि ।
न कथमपि समानव्याकृतिव्यासवेत्ता
विषयनिरतमर्त्यो वीक्षणेस्याः समर्थः ॥७॥

वही पुरुष इस भूमिका का विचार कर सकता है जिसने गुरुकुलो में जाकर बडे बडे कष्ट उठाये हो और अनेक विद्याओ का अभ्यास किया हो । छोटे मोटे व्याकरण, न्याय आदि शास्त्रों का जाननेवाला विषयी पुरुष इसको कदापि नहीं देख सकता ॥ ७ ॥

अखिलनिगममन्त्रैर्यत्र देवेन दैवात्
सकलविषयवार्ता मूलभूतां निबध्य ।
व्यरचि निखिलविश्वेनातपः संश्रिताना-
मतुलसुखनिदानं वेदवृक्षस्य नीचैः ॥८॥

जिसमे ऋषि ने चारो वेदो के मन्त्रो द्वारा मूल भूत समस्त बातो को दिखाकर भवताप से तपे हुए मनुष्यो के लिए पूर्ण सुखो की देनेवाली वेद वृक्ष की छाया समस्त भारतवष में फैलादी ॥ ८ ॥

तिमिरगतजनानां दीपिका दर्शयित्री
निरयगतनराणां वारिका बोधयित्री ।
कुमतिमनुगतानां वर्तिका खण्डयित्री
व्यरचि सुमतिभाजां मोदिका भूमिकेयम् ॥९॥

यह भूमिका अन्धकार मे जानेवाले मनुष्यो के लिए प्रकाश देनेवाली कर-दीपिका, नरक मे जानेवाले मनुष्यो के लिए हटानेवाली परिखा, कुमति के पीछे जानेवाले जनो को पछाडने वाली तलवार की धार, सुमति के पीछे चलनेवाले भद्र पुरुषो के लिए आनन्द देनेवाली है ॥ ९ ॥

अपगततिमिराणां पण्डितानां मुखश्री-
विधिविहितमतीना सज्जनाना कुलश्रीः ।
नवनवयुवकानां बोधनार्थां दिनश्री-
रियमियमनुगृह्या सर्वदा भारतश्रीः ॥१०॥

यह भूमिका निर्मल चित्तवालो के लिए मुख की शोभा, वैदिक-धर्मवालों के लिए कुल की शोभा और अविद्या रात्रि मे सोये हुए लोगो के लिए दिन की श्री है। यह भारत वर्ष के समस्त पुरुषो के ग्रहण करने योग्य है ॥ १० ॥

किमिदमपि मयैवाभाष्यमस्यान्न कश्चि-
न्निगमविषयभिन्नो वर्णितः सर्वथैव ।
विलसनपटुविद्वन्मानसोद्यत्प्रकाशे
सकलमपि निसर्गाद्दृश्यते बुध्यते च ॥११॥

यह भी क्या मुझे ही कहना पडेगा कि इस मे वेद-विरुद्ध कोई विषय ऋषि ने नहीं लिखा ? यह तो बुद्धिमानो के अंत करण में स्वय प्रतीत हो सकता है, कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है ॥११॥

परमिदमपि लोके दृश्यते दीपकानां
भवति किल तमिस्रं मूलदेशे निसर्गात् ।
परहितकरणार्थे दत्तचित्ता महेच्छा
नहि निजविधुराणि चालयन्तीति हेतोः ॥१२॥

परन्तु दीपक के नीचे अँधेरा, यह दृष्टान्त लोक में प्रसिद्ध है। इस का कारण यह है कि परोपकार मे दत्तचित्त पुरुष अपने दोषो को चन्द्रमा के समान नहीं देखा करते ॥१२॥

इति मनसि विचार्य प्रायशो वच्मि काँश्चि-
न्निखिलजनसमृद्ध्यैतद्गतान् रत्नभेदान् ।

नियमितमनसा यान्वीक्ष्य सिद्धाञ्जनाभा-
नधिगतपरमार्थाः सर्वलोका भवेयुः ॥१३॥

ऐसा विचार कर समस्त पुरुषो के लाभार्थ उस के कुछ विषय प्रकाशित करता हूँ जिससे समस्त जन उन को देख कर अपने जन्म की सफलता अनायास प्राप्त करें ॥१३॥

निगमविधिविचारः पूर्वमेवास्ति तस्यां
परतरमथ यानाद्यङ्गनिर्माणमार्गः ।
जलगमनसमीक्षा विद्युदाकर्षणान्ता
गणितविधिरथान्ते वेदभाष्यप्रकारः ॥१४॥

उसमें पहले ही वेदोत्पत्ति विषय है, फिर शिल्प विद्या का विषय है, तदनन्तर जलयान, बिजली का खींचना, गणित आदि करना और अन्त में वेद-भाष्य करने का प्रकार है ॥ १४ ॥

तदपरमिह लोके वस्तुजातं न मन्ये
यदतिमधुरवाचा वर्णितं नात्र हर्षात् ।
इति मनसि विचिन्त्यालोक्यतां भूमिकेयं
परतरमिह किं किं वर्णयाम्यल्पसिद्धिः ॥१५॥

ससार मे वह कौन पदार्थ है जो ऋषि ने इसमे न बतलाया हो ? यह जानकर इस ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका को समस्त जन देखे ॥ १५ ॥

इति परमदयालोरीश्वरस्य प्रभावै-
रवसितिमथ नीत्वा भूमिकां शीघ्रमेव ।
परमकरुणचेताः सत्यमार्गप्रकाशं
रचयितुमवतस्थे श्रीदयानन्ददेवः ॥१६॥

इस प्रकार ईश्वर की कृपा से भूमिका को शीघ्रही पूर्ण कर स्वामीजी फिर " सत्यार्थप्रकाश " के बनाने मे प्रवृत्त हुए ॥ १६ ॥

विरचितमिव यस्मिन्वेदसिद्धान्तसारं
सकलविषयभूतं सूत्रवत्कोविदेन ।
विलसति विबुधानां मानसेष्वद्य मन्ये
मुनिजनहृदयान्तर्धामयद्वद्वरेण्यम् ॥१७॥

जिसमें महर्षि रचित सूत्ररूप से धरा हुआ सकलार्थप्रद वेदों का सार आज पण्डितो के चित्त में इस प्रकार वर्तमान है कि जिस प्रकार मुनीश्वरो के चित्त में परमेश्वर का रूप वर्त रहा हो ॥ १७ ॥

कथमलमतिमानं यापयेयन्तमेतं
लघु लघुनिजबुद्ध्या यत्र योगेश्वरेण ।
भुवनमितविभागैः पूर्वपश्चार्धरीत्या
प्रतिभुवनमनन्तो दर्शितो वेदमार्गः ॥१८॥

मै अपनी मन्दबुद्धि से उस ग्रन्थ की किस प्रकार प्रशसा कर सकता हूँ कि जिसमें ऋषि ने पूर्वार्ध तथा उत्तरार्ध के चौदह समुल्लास बनाकर चौदह भुवनो में वेद-मार्ग प्रकाशित कर दिया ॥ १८ ॥

निगमकुसुमजातात्सारभागांशवेत्ता
मधुपइव महर्षिः प्रायशो वेदवृत्तम् ।
कठिनमखिलशाखं यत्नतो व्याप्नुवानः
कथमपि मधुकल्पं ग्रन्थमेनं चकार ॥१६॥

भ्रमर के समान सार लेने वाले ऋषि ने ग्यारह सौ सत्ताईस शाखावाले वेद-वृक्ष को अत्यन्त परिश्रम से सर्वत व्याप्त कर मन्त्र रूपी पुष्पो से सार लेकर यह मधुरूपी ग्रन्थ बनाया ॥ १९ ॥

ऋषिमुनिकृतवाचां हंसतुल्यः स योगी
जलमयबहुभागं दूरमुत्सार्य हर्षात् ।
कथमपि निजबुद्ध्या सङ्गमादुद्धरन्सन्
पयइव मधुधारं पाययामास देवान् ॥२०॥

उस हंसरूप महर्षि ने दुग्ध रूप ऋषियों की वाणी में मनुष्यों की वाणी-रूप मिले हुए जल को अपनी विवेक बुद्धि से अलग कर दिया। वे मीठा मीठा दूध आर्यपुरुषों को पिला गये ॥ २० ॥

अहह परतरं किं दर्शनाद्यस्य भीताः
कथमपि न समक्षे मानवाः स्थातुमीशाः ।
निखिलभुवनदीपे भास्करे दीप्यमाने
परिषदि बहुयत्नैरप्यलं ते दिवान्धाः ॥२१॥

जिस तरह समस्त लोक में प्रकाशमान सूर्य के प्रकाशित होने पर दिवान्ध (उल्लू) पक्षी प्रकाश में नहीं आते, इसी तरह जिस सभा में स्वामीजी का यह सत्यार्थप्रकाश ग्रन्थ विद्यमान रहता है वहाँ इतर धर्मावलम्बी जन ठहर भी नहीं सकते, कुछ कहने की तो बात ही अलग है ॥ २१ ॥

कतिपयदिनलब्धां गाढनिद्रां प्रमादान्
मनुजकमलसङ्घे सङ्गतामेष दीपः ।
सततविलयमार्गं प्रापयँल्लोकमध्ये
दिनमणिरिव हर्षाद्भ्राजते देवजातः ॥२२॥

कुछ दिनों से मनुष्यों में प्रमाद द्वारा आई हुई अविद्यारूप गाढ रात्रि को सर्वथा हटाकर यह ग्रन्थ संसार में सूर्य के समान प्रकाशित हो रहा है ॥ २२ ॥

किमयमुत स किंवा तत्परो न्याय्यमार्गः
परतरमपि वेत्थं मानवानीहमानान् ।
विगलितनिजमार्गान्मार्गमध्ये नियन्तुं
ममतु मतपथेयं रत्नदीपो विभाति ॥२३॥

हमारा चलने का मार्ग यह है या वह ? अथवा उससे भी कोई अन्य है इस प्रकार अपने मार्ग को भूले हुए मनुष्यों के लिए यह ग्रन्थ वैदिक मार्ग में चलाने के लिए मेरी अनुमति में तो रत्नदीप सा प्रतीत हो रहा है ॥ २३ ॥

अनुचितविषयोत्थाविद्यया मुद्रिताङ्गान्
निगमभुवनदीपज्वालयोच्चैः स्वरेण ।
निजनिजशुभकर्मण्यादरात्सन्नियोज्या-
नुकरणमिव धत्ते रात्रिपान्थस्य सैषः ॥२४॥

नाना मतरूपी अन्धकारो मे सोये हुए मनुष्यों को वेदरूपी लालटैन दिखाता हुआ ऊँची आवाजों से जगाकर अपने कर्मो में चेतन कर यह ग्रन्थ चौकीदार के समान आज जगत् मे प्रतीत हो रहा है ॥ २४ ॥

पठति किल य एनं ग्रन्थमाद्यन्तभागं
सकलमतसमूहाञ्जालबुद्ध्या विमुच्य ।
जगति स परमार्थप्रार्थनाचाटुकारः
शरणमिव समेति प्रायशो देवदेवम् ॥२५॥

जो पुरुष इस ग्रन्थ को एकबार साद्यन्त पढता है वह समस्त जाल-रूपी मतो को छोड, ईश्वर में ध्यान लगाता हुआ जगत् में ओ३म् के झण्डे के नीचे आकर ईश्वर से रक्षा पाता है ॥ २५ ॥

दिनविकसनभागे मृग्यतारागणौघो-
निजरुचिपरिवेषैर्यामिनीशेषवेषम् ।
विदधदुदयभावं मानवानां मनःसु
प्रजनयति समन्तादेष सूर्यस्य सत्यम् ॥२६॥

स्वामीजी का यह सत्यार्थप्रकाश ग्रन्थ प्रभातसमय के समान है जिस तरह अल्पतारागणवाला प्रभात समय सूर्योदय से पहले अपने प्रकाश से रात्रि को हटा कर लोगो को सूर्योदय का समाचार सुनाता है इसी तरह यह ग्रन्थ भी अपनी शक्ति से अविद्या रात्रि को दूर कर लोगो को, वैदिकसूर्य के उदयहोने की सूचना देता है ॥ २६ ॥

---

१ विशेषणवशाद्विशेष्य प्रभातसमयोत्राध्याह्रियते ।

विलसति किल यस्मिन्भागयुग्मेपि धर्मा-
चरणकरणवाक्यं धर्मशास्त्रोपदिष्टम् ।
इतरमतपथानां खण्डनाय प्रदिष्टं
सहृदयहृदयेन स्वामिना सज्जनेन ॥२७॥

इस ग्रन्थ के पूर्वार्ध और उत्तरार्ध इन दो बडे बडे भागो में महर्षि ने अन्य मतों का खण्डन तथा वैदिक धर्म का मण्डन करने के लिए वेदानुकूल धर्मशास्त्रो के वचनो का अच्छा सग्रह किया है ॥ २७ ॥

अतिमधुरिमवृत्तो ग्रन्थ एषः समेयात्
कथमपि पुरुषं तं साम्यभावेन शङ्के ।
निजलघुकरशाखासूचनैः सूर्यलोकं
शयितमनुजदृष्ट्या योजयेन्निर्दिशन्यः ॥२८॥

अत्यन्त सुन्दर विषयवाला यह सत्यार्थप्रकाश किसी प्रकार उस पुरुष के समान बन सकता है जो सोते हुए पुरुषो को एक हाथ से सूर्य की रोशनी दिखलाता हो ॥ २८ ॥

इतरकरबलेनालम्बनं दातुमग्रे-
कृतनिजकरशाखाकृष्टतद्गात्रभङ्गम् ।
विदधदखिलयत्नैर्जाग्रतानां नराणा-
मतिमहदुपकारे योजयेद्यः स्वदेहम् ॥२९॥

और दूसरे हाथ से उनको जगाने के लिए झटका देकर उनके उपकार में अपना शरीर भी अर्पण करता हो ॥ २९ ॥

कथमपि स समेयाद्वैद्यराजोस्य साम्यं
निजकरयुगले यो वस्तुनी द्वे विदध्यात् ।
प्रथमकरतले तद्भेषजं भेषजाना-
मितरकरतले तत्पथ्यमारोग्यमूलम् ॥३०॥

इस ग्रन्थ की बराबरी किसी अंश में वह वैद्यराज कर सकता है जो अपने दोनो हाथो में एक एक चीज लिये रहे। एक मे रोगी के लिए औषध और दूसरे में पथ्य का कटोरा। इस ग्रन्थ के पूर्वार्ध और उत्तरार्ध ऐसेही समझने चाहिएँ ॥ ३० ॥

इति कृतबहुमान्ये ग्रथरत्ने यदारात्
परमपुरुषवर्यैर्गुप्तरीत्या निबद्धम् ।
तदखिलमधुनाहं विस्तराविस्तरेण
प्रकथयितुमनल्पं साहसं कर्तुमीहे ॥३१॥

इस प्रकार उस प्रशंसनीय ग्रन्थ मे महर्षि ने जो विषय गुप्तरीति से वर्णन किया है उसको संक्षेप से वर्णन करने के लिए मै अपना साहस प्रकट करता हूँ ॥ ३१ ॥

विहितमतिशयेन स्वामिनाद्ये विभागे
परमपुरुषनाम्नां वर्णनं विस्तरेण ।
यदुदितवचनानां पालने दत्तमारा-
द्वपुरपि किल तेन प्रीतिमासेन हर्षात् ॥३२॥

उस पहले समुल्लास में ऋषि ने परमेश्वर के सौ नामो का वर्णन किया है जिसके वेद रूप निर्देश के पालन मे उन्होने अपना शरीर भी अर्पण कर दिया था ॥ ३२ ॥

अतिशयरमणीया पुत्रकाणां द्वितीये
कथमिह करणीया बाल्यभावे सुरक्षा ।
निगदितमितिवृत्तं योगिराजेन दैवा-
दवसितिसमये सा शिक्षणा बालकानाम् ॥३३॥

दूसरे में बतलाया है कि जन्मकाल में बालको की रक्षा किस प्रकार करनी चाहिए? उनका बर्ताव कैसा रखना चाहिए और उनकी शिक्षा कैसी होनी चाहिए ॥ ३३ ॥

ऋषिमुनिरचितानां पुस्तकानामभिख्या
यमनियमसमेता ब्रह्मचर्यव्यवस्था ।
गुरुकुलगतभव्याभव्यदीक्षासमीक्षा
निखिलपठनरीतिर्बालकानां तृतीये ॥३४॥

तीसरे में ऋषि मुनि-प्रणीत पुस्तकों के नाम तथा यम नियम समेत ब्रह्मचर्य की व्यवस्था और गुरुकुल में जाकर आचार विचार का बर्ताव करना और ब्रह्मचारियों की लिखने पढने की प्रक्रिया यथायोग्य वर्णन की है ॥ ३४ ॥

परिणयविधिरस्मिन् ब्रह्मचर्यान्तभागे
निजगृहविगतानां पुत्रिकापुत्रकाणाम् ।
व्यरचि विबुधवर्यैः कर्मदीक्षासमेतो-
गृहविधिरपि पश्चादद्भुतोस्मिंश्चतुर्थे ॥३५॥

चौथे मे ब्रह्मचर्य के अनन्तर गुरुकुल से घर जाने के बाद कन्याओं की तथा पुत्रों की विवाह की रीति वर्णन की है और गृहस्थाश्रम में जाकर किस प्रकार कर्मो को करना चाहिए यह बात भी स्पष्ट दिखला दी है ॥३५॥

प्रकरणवशतोस्मिन्वासरीतिः समुक्ता
गृहसुतसमुदायन्यस्तभारा वनेषु ।
विधिजनिखिलकर्मन्यासदीक्षा परस्ता-
च्छतगणितविभागैर्देहिनां पंचमेपि ॥३६॥

पॉचवे में प्रकरणवश अपने पुत्रों के ऊपर घर का भार छोड वन में जा वानप्रस्थाश्रम का पालन तथा अपनी आयु का चौथा भाग, सन्यासाश्रम को धारण कर, देशोपकार में लगाने का वर्णन किया गया है ॥ ३६ ॥

विलसति किल षष्ठे यद्विभागे नितान्तं
नयविलसनरीतिर्दण्डनीतिश्च राज्ञाम् ।

सरलविरलदुर्गादुर्गभूभागरीत्या
करनियमरुमीक्षा मानवानां विचारात् ॥३७॥

छठे मे राजनीति और दण्डनीति का वर्णन तथा सम विषम विभाग से पृथिवी का कर लेना और उसका भी ब्राह्मणादिको मे विवेचन करना आपने स्पष्ट बतलाया है ॥ ३७ ॥

निगमविषयरीतिः सप्तमे सम्प्रयुक्ता
प्रकृतिविकृतिभेदाभेदवैशिष्ट्यरम्या ।
गुणविभजनभङ्गासङ्गवैकल्प्यलीला-
विलसितिरिति वृत्तैरावृता लोकभाजाम् ॥३८॥

सातवे मे प्रकृतिविकृतिभावशून्य, भेदाभेदवैशिष्ट्य सुन्दर वैदिक विषय की रीति तथा सासारिक पदार्थों के वर्णन से पूर्ण गुण-विभाग से शून्य वेदप्रतिपाद्य ईश्वरोपासना का विषय भी पूर्ण रूप से वर्णन किया है ॥ ३८ ॥

किमपरमतिसूक्ष्मा वेदमन्त्रैर्निबद्धा
जगदुदय विनाशस्थापना चाष्टमेपि ।
कलितसकलशक्तेरीश्वरस्यानुमत्या
जगदुपकरणं यत्सर्वमेवास्ति बद्धम् ॥३९॥

आठवे मे अत्यन्त सूक्ष्म ससार का उत्पत्ति स्थिति विनाश क्रम, यथायोग्य वैदिक मन्त्रो से स्पष्ट कर दिया और परमेश्वर के इच्छानुकूल जो जो सासारिक व्यवहार है उन सबका भी वर्णन कर दिया है ॥ ३९ ॥

उपनिषदुपगम्या बन्धमोक्षव्यवस्था
विलसति नवमेपि प्रायशो न्यस्तवेशा ।
अनुभवति यदन्ते विद्ययाविद्ययाथ
प्रलयविलयभावं विश्वलोकः सुखेन ॥४०॥

नववें में बहुत करके उपनिषदों द्वारा जानने योग्य बन्ध मोक्ष की व्यवस्था वर्णित की है कि जिसके अन्त में यह मनुष्य एक प्रलयरूप में आकर आनन्द में मग्न रहा करता है॥ ४०॥

असमयमृतिहेतुः कोस्ति लोके नराणां
भवति कथमनल्पं दुःखदारिद्र्यजातम्।
इति सकलसमीक्षा विस्तरेण प्रदिष्टा
महितदशमखण्डे योगिराजेन नूनम् ॥४१॥

दशम मे महर्षिजी ने, ससार में मनुष्यो की मृत्यु का कारण क्या है और क्योकर बहुत प्रकार के दारिद्र्य आदि प्रतीत होते है इस बात की समीक्षा विस्तारपूर्वक की है ।। ४१ ।।

अखिलमतसमीक्षा मूर्तिपूजानिरीक्षा
जनकगुरुपरीक्षा देवतीर्थप्रतीक्षा।
तिलकविकृतियुक्तिर्नाममात्रेण मुक्ति-
र्निगमपदविभागैः खण्डितास्मिन्विभागे ॥४२॥

ग्यारहवे मे वैष्णवादि मतो का तथा मूर्तिपूजा का खण्डन, सच्चे माता-पिता की भक्ति करना, देवता और तीर्थो की परीक्षा, तिलक छाप का खण्डन, एव नाम मात्र से मुक्ति के पाने का खण्डन किया गया है ।। ४२ ।।

अगमनिगमवाचां नास्तिकैर्या प्रणीता
जगति कुमतिपूर्णैर्बौद्धजैनादिभिः सा।
निजमतिकृतयुक्त्या खण्डनापीह शक्त्या
विलयपरमभागं प्रापिता देवदेवैः ॥४३॥

बारहवे में जो अपनी बुद्धि के अनुसार जैन, चार्वाक आदि मतानुयायी पुरुषो ने वेदों के ऊपर हस्तक्षेप किया है उसका निवारण कर आपने उन जैनादि को का ऐसा खण्डन किया कि जिसका लिखना अशक्य है। वह केवल ग्रन्थ के देखने से ही विदित हो सकता है ।। ४३ ।।

कलिसमयविभागप्राप्तराज्यप्रतिष्ठै-
जंगति बहुविभक्तं यन्मतं ताम्रवक्त्रैः ।
तदपि सकलमेव स्वामिभिर्युक्तिमन्त्रैः
कणश इव समाप्तिं नीतमस्मिन्विभागे ॥४४॥

तेरहवे म उस ईसाई मत का खण्डन किया है कि जो दूरदेश से आये हुए गौराङ्गों ने यहाँ फैलाया है। इसका खण्डन भी स्वामीजी ने बडी अकाट्य युक्तियो से किया है ॥ ४४ ॥

अथ यवनसमुत्थं यन्मतं लोकमध्ये
सकलमपि जनौघ नाशयिष्यन्प्रवृत्तम् ।
तदपि परमविद्वानेष नानाप्रमाणै-
स्तिलश इव विनाशं प्रापयामास देवः ॥४५॥

चौदहवें में ससार के भीतर जो मनुष्यो के नाश करनेवाला यवनों ने अपना मत फैलाया था उस की पूर्णरूप स खबर लेकर अत मे अपने वेदानुकूल मतव्यो को प्रकट कर दिखला दिया ॥ ४५ ॥

इति सकलगुणानामेकपात्रं विधाय
प्रथितमतिरपूर्वं ग्रन्थरत्नं स योगी ।
गुरुजनतटलब्धज्ञानजात स्वचित्ते
सफलमिति विचार्य प्राप हर्षस्य सीमाम् ॥४६॥

इस प्रकार सपूर्ण गुणो का एक आधारभूत, अति मनोहर ग्रथ को पूर्ण कर, गुरुओ की सेवा से मिली हुई अपनीविद्या को सफल मान आनन्द की परम सीमा को प्राप्त हो गये ॥ ४६ ॥

प्रशमितबहुभारः प्रत्तदस्युप्रहारः
प्रकटितबहुसारो धीमतां चाटुकारः ।
अधरितमतभारः प्राप्तविद्याब्धिपारः
सकलनिगमचारः सर्वविद्यावतारः ॥४७॥

भार को शान्त करने वाले, दस्युओं पर प्रहार करने वाले, सार बातों के प्रकाशक, सदा स्वतन्त्र रहनेवाले, विद्यासागर के पार पहुँचनेवाले, समस्त वेदों के जाननेवाले और समस्त विद्याओं के अवतार (स्वामीजी महाराज) ॥ ४७ ॥

पुनरपि मधुगीर्भिर्वेदभाष्यं चिकीर्षुः
करुणरसपदाङ्गैर्वेदमन्त्रैः परेशम् ।
अजमजरमनन्तं निर्विकारं दयालुं
प्रमुदितमनसासौ प्रार्थयामास देवः ॥४८॥

वेदभाष्य निर्माण करने की इच्छा से करुणरस पूर्ण वेदमन्त्रों से परेश, अजन्मा, अजर, अनन्त, निर्विकार, दयालु परमात्मा की स्तुति करने लगे कि—॥ ४८ ॥

जय जय जय विष्णो ! देहि मे शक्तिमुग्रां
निरवयव ! विधाने वेदभाष्यस्य पूर्णाम् ।
कुरु कुरु कुरु बुद्धिं सर्वथा निर्मलाभा-
मिति बहु परमात्मध्यानमादौ चकार ॥४९॥

हे विष्णो, आपका जय हो, जय हो, जय हो । मुझको वेदभाष्य निर्माण करने के लिए शक्ति प्रदान कीजिए । मेरी बुद्धि को निर्मल बनाइए । इस प्रकार स्वामीजी ने पहले परमात्मा की स्तुति और प्रार्थना की ॥ ४९ ॥

अथ कथमपि चित्ते चिन्तयन्निर्विकारं
स किल यजुपदानामातनोद्भाष्यमुग्रम् ।
पृथगिव विलसन्तो यत्र सर्वेपि मन्त्राः
स्वरऋषिविनियोगालङ्कृतिव्यासतन्त्राः[1] ॥५०॥

तदनन्तर निर्विकार परमात्मा का ध्यान करते हुए स्वामीजी महाराज ने यजुर्वेद का भाष्य करना आरम्भ कर दिया। एक एक मन्त्र का अलग अलग भाष्य किया और साथही स्वर, ऋषि, विनियोग और अलङ्कारों का भी वर्णन कर दिया ॥ ५० ॥

---

१ प्रतिभान्तीति वाक्यशेष ।

यदपि बहुभिरस्मिन्वेदभागे मनुष्यै-
र्व्यरचि विवृतिरल्पा सा न भव्या कथञ्चित् ।
निजनिजमतलेशावेषतो दूषितान्ता
कृतिरपि किल तेषां वर्तते तासु यस्मात् ॥५१॥

यद्यपि इस वेद की महीधर, सायण आदि पुरुषो ने थोडी थोडी वृत्ति बनाई है, परन्तु वह सर्वथा देखने योग्य नही, क्योकि उनमें महीधरादि पण्डितो ने अपने अपने मत के अनुकूल बहुत सी बाते वेदो के विपरीत भी लिख दी हैं ॥ ५१ ॥

अनुकरणवशाद्ये कुर्वते भाष्यलेखं
कुकृतिपटुमनीषास्तस्करास्ते जगत्याम् ।
न सुखमनुभवन्ति प्रायशः कीर्त्तिजातं
परवसुहरणानामेष मार्गः प्रशस्तः ॥५२॥

जो पुरुष दूसरे पुस्तक से कुछ बात चुराकर अपना नाम करने के लिए नया पुस्तक बनाते है वे चोर कहाते ह। उनकी कीर्ति कदापि नहीं होती क्योकि ससार मे चोरो की तो निन्दा ही प्रसिद्ध है ॥ ५२ ॥

ऋषिमुनिरचितानामत्र तत्तत्पदेषु
प्रकरणवशतः सा राजते सूत्रभक्तिः ।
न नयति बहुदूरं या पदार्थं निसर्गा-
द्बुधजनकृतभाष्ये सारमेतन्निविष्टम् ॥५३॥

ऋषि मुनियो के बनाये हुए भाष्यो में प्रकरणवश उन उन स्थलों में पाणिनि आदि मुनियो के बनाये सूत्रो की वह मर्यादा शोभायमान हो रही है जो स्वभाव से ही पदो के अर्थो को दूर नहीं जाने देती। यही एक बात पण्डितो के भाष्य मे अद्वितीय होती है ॥ ५३ ॥

अखिलकरणयुक्तं भाष्यमेतन्महात्मा
व्यरचयदतिभक्त्या यत्र दोषावकाशः ।

प्रभवति न कथञ्चिद्वीक्षिते धीरमत्या
पदविभजनमस्मिन्कारणं मूलभूतम् ॥५४॥

महर्षि ने इस भाष्य को अत्यन्त प्रयत्न से समस्त साधनों समेत ऐसा अच्छा बनाया है कि जिसके देखने से ही हृदय के सब संशय दूर हो जाते है। कारण यह कि इसमे पदो का विभाग बहुत ही अच्छा किया गया है ॥ ५४ ॥

अधिगतगुरुपादप्रह्वविद्यो मनुष्यः
सकलमपि सुखेनालोकयेद् भाष्यमेतत् ।
परमितरविलासानन्दसन्दोहभाजां
न हृदि कथमपीदं यास्यति स्थानमुग्रम् ॥५५॥

वही पुरुष इस भाष्य को अनायास देख सकेगा जिसने गुरु के चरणार विंदो की उपासना कर सांगोपांग विद्या पढी हो। दो चार संस्कृत पुस्तको को पढकर पण्डित बना हुआ पुरुष पढना तो क्या देख भी नहीं सकता ॥५५॥

निरवयवसमुत्थो ज्ञानरूपः स वेदो-
जगति विभजनात्प्रागेकरूपोवतस्थे ।
विधिनियमविभागात्तस्य चत्वारि मन्ये
कथमपि शकलानि प्रस्फुरन्तीह सम्यक् ॥५६॥

निराकार ईश्वर का ज्ञानरूप वेद सृष्टि से पहले वेद के नाम से ही प्रसिद्ध था, परन्तु सृष्टि के अनन्तर कर्म, उपासना, ज्ञान, विज्ञान इन चार विषयों में प्रवृत्त होकर चार नामो से प्रसिद्ध होगया ॥ ५६ ॥

विलसति ऋगभिख्ये वेदमध्ये समस्ता
सकलगुणगणानां विस्तृतिर्लोकभाजाम् ।
विमलकरणभाजां दर्शनादेव यस्याः
प्रभवति हृदि मन्ये देवदेवेनुरागः ॥५७॥

पहले ऋग्वेद मे सम्पूर्ण सासारिक गुणो का विस्तार पूर्णरूप से प्रतीत होता है जिस विस्तार के अवलोकन से शुद्धात करण पुरुषों की परमात्मा मे प्रीति उत्पन्न हो जाती है ॥ ५७ ॥

कथमिह करणीयं वैदिकं कर्म लोकैः
प्रभवति च किमस्माद्यज्ञभागात्फलं तत् ।
भवति विधिविधानं कुत्र कैः कैरुपायै-
रिति यजुषि समस्तं दृश्यते कार्यजातम् ॥५८॥

इस ससार मे किस प्रकार वैदिक कर्म करना उचित है और उससे क्या फल होता है तथा किन किन साधनो से वह सिद्ध होता है, यह सब विषय पूर्णरूप से यजुर्वेद में विद्यमान है ॥ ५८ ॥

भवति हृदि जनानां सामवेदावलोका-
न्निरवधिपदसंगज्ञानमज्ञानवैरि ।
यदनुभवनवेत्तानन्दमाप्नोति लोके
जनिमृतिगतचक्रान्मुच्यते चेतरत्र ॥५६॥

सामवेद के देखने से मनुष्यो के चित्त मे अज्ञान का शत्रु ज्ञान उत्पन्न होता है, जिस ज्ञानवाला पुरुष इस लोक मे आनन्दो को भोग फिर मुक्त हो सर्वथा सुख मे रहा करता है ॥ ५९ ॥

लसति परमविद्याथर्वणे या न लभ्या
क्वचिदपि बुधवर्यैः संशयच्छेदरूपा ।
प्रसरति शतधारं तद्वरेण्यं स्वचित्ते
नयनकमलपात्री सादरं धारयेच्चेत् ॥६०॥

अथर्व वेद में वह प्रशस्त पदार्थ विद्या विद्यमान है जो और कहीं भी दृष्टि-गोचर नहीं होती और जिसके विचारने से अनन्त प्रकाशमय परमात्मा का स्वरूप हृदय मे स्वय आविर्भूत हो जाता है और अज्ञान रूपी अन्धकार स्वय ही नष्ट हो जाता है ॥ ६० ॥

इति गुणवशतोस्मिन्वेदमार्गे प्रवृत्ते
जगति परमविज्ञः श्रीदयानन्दयोगी ।
महदुपकृतिरस्मात्संभविष्यत्यतः किं
जगति बहुगुणाढ्यं कल्पयामास भाष्यम् ॥६१॥

इस प्रकार गुणो के भेदो से प्रवृत्त हुए वेद में परम विद्वान् दयानन्दजी इसीसे बहुधा लोकोपकार जान सम्पूर्ण गुणो करके युक्त अति सुन्दरभाष्य को बनाने के लिए प्रवृत्त हुए ॥ ६१ ॥

अवसितिमथ नीत्वा वेदभाष्यं पुरस्तात्
प्रचलितमतिशीघ्रं व्यातनोत्तत्परेपि ।
ऋगिति निगमभागे पूर्ववद्योगिवर्यः
सकलकलितशक्तेरीश्वरस्य प्रभावैः ॥६२॥

सर्वशक्तिमान् ईश्वर की कृपा से स्वामीजी अति शीघ्र प्रचलित यजुर्वेद भाष्य को [१८७५] ईसवी मे पूर्ण कर उसी प्रकार ऋग्वेद भाष्य को बनाने लगे जिसकी सकलना १०५८९ इतने मन्त्रो की है अर्थात् ७ मण्डल ५ अष्टक ५ अनुवाक ३ वर्ग २ मन्त्र तक महर्षिजी ने ऋग्वेद का भाष्य किया ॥ ६२ ॥

ऋगिति निगमभागं व्याददाने मुनीन्द्रे
हतविधिलसितानां निर्विशङ्कं प्रचारात् ।
अहह तदभवद्यत्कर्णशूलायमानं
विलिखितुमधुना मे लेखनी मौनमाप्ता ॥६३॥

ऋग्वेद के भाष्य बनाने के समय दैववश वे कर्णशूल के समान वृत्त होगये जिसके यहाँ पर वर्णन से लेखनी रुकती है और जिह्वा बन्द होती है वह शोक २० बीसवें सर्ग में वर्णन किया जायगा ॥ ६३ ॥

इतिकृतनिजभाष्याद्वेदरूपं समुद्रं
सुतरमनुविचार्य प्रायशः सज्जनेशः ।

तदनुगमकृतेपि प्रोन्नतं ग्रन्थमेकं
रचयितुमवतस्थे मङ्गलारम्भचित्तः ॥६४॥

इस प्रकार अपने बनाये हुए भाष्य से वेदरूप समुद्र को सुगम जानकर स्वामीजी भाष्य के देखने योग्य बोध करानेवाले एक अद्वितीय ग्रन्थ को बनाने के लिए उद्यत हुए ॥ ६४ ॥

श्रवणमननरीत्या वेदवेदाङ्गमध्ये
प्रविशति मतियुक्तो मानवो यस्य तूर्णम् ।
अतिलघुरसनोद्यच्छ्लोकपुष्पैः स्तुमस्तं
कथमिव कथयन्तु श्रीमतामेव मान्याः ॥६५॥

जिस ग्रन्थ के श्रवणमात्र से ही मनुष्य समस्त वेद वेदांगो में प्रवीण हो जाता है उस ग्रन्थ को छोटी वाणी से किस प्रकार प्रतिष्ठा पदवी को पहुचायें, जरा आप ही कहिए ॥ ६५ ॥

वररुचिरसनोत्था वार्तिकाली विशाला
विरचयति नितान्तं यत्र शोभामनल्पाम् ।
मुनिपदगतदाक्षीपुत्रसूत्रानुविद्धा
स कथमखिलयोगान्न प्रकुर्यादधस्तात् ॥६६॥

जिस ग्रन्थ में खासकर पाणिनि मुनि प्रणीत सूत्रो के अनुसार वररुचि के बनाये हुए वार्तिक अत्यन्त शोभा दे रहे हो वह समस्त कौमुद्यादि ग्रन्थों को किस प्रकार नीचा न दिखावे ॥६६॥

प्रकरणवशतोस्मिन्धातुपाठः स्वरूपै-
र्विलसति गणपाठः कोषदीक्षासमेतः ।
समसनपरिभाषासन्धिशिक्षादिभागो-
द्विगुणयति यदीयां विस्तृतिं मूलभूतः ॥६७॥

जिस ग्रन्थ में प्रकरणवश अपने अपने रूपो से युक्त धातुपाठ, गणपाठ, उणादिपाठ रक्खे गये और जिस ग्रन्थ की शोभा को मूलभूत समास, परिभाषा, सधि, शिक्षादि प्रकरण अद्वितीयता से बढा रहे हैं ॥ ६७ ॥

नवकुसुममयीनामञ्जलीनां सहस्रं
परिचरणविधाने यस्य विद्वज्जनानाम् ।
पतति स यदकार्षीद् व्याकृतेर्भाष्यमुग्रं
तदपि लसति वेगादत्र विद्यावतारः ॥६८॥

जिन की आराधना सहस्रो विद्वान् प्रतिदिन किया करते है वह पतजलि जिस व्याकरण महाभाष्य को बना गये वह भी इस वेदाग प्रकाश मे प्रकरणानुसार विद्यमान है ॥ ६८ ॥

अवसितिगतभागे सोऽपि नैघण्टुकोऽर्थः
प्रसरति किल यस्मिन्यास्कदेवप्रदिष्टः ।
यदधिगमवशेन ध्वस्तशब्दान्धकारा
जगति सकलमेव प्राप्नुयुः शब्दजातम् ॥६९॥

अत मे यास्काचार्य का बनाया हुआ निघण्टु भी इस मे विशेष करके शोभायमान हो रहा है, जिस के बोध से सशयहीन विद्वान् समस्त विषयो को प्राप्त कर सकते हैं ॥ ६९ ॥

इति निखिलपदानां बोधिकां देवराजो-
निवसितिमिव कृत्वा पेटिकामादरेण ।
इतरविरचनेषु स्वागतानां प्रशस्तिं
प्रकटयितुमिवाधान्मानसे हर्षजातम् ॥७०॥

इस प्रकार समस्त अर्थो के बतलानेवाली इस वेदांग प्रकाशरूपी पिटारी को ऋषि बनाकर और ग्रन्थो के बनाने के लिए ईश्वर की प्रार्थना में दत्तचित्त हो ध्यान करने लगे ॥ ७० ॥

अथ मुनिरचितानामष्टकान्तर्गतानां
सरलविवृतिमेषः कर्तुमैच्छद्यदैव ।
अभवदतिनृशंसन् तावदेवात्र यस्मिन्
न चलति मम जिह्वा वर्णनीये किमन्यत् ॥७१॥

वेदांगप्रकाश के अनन्तर जब महर्षि पाणिनीय सूत्रो के ऊपर वृत्ति बनाना चाहते थे तब एक ऐसी दुर्घटना हुई कि जिस का वर्णन उन्नीसवे सर्ग मे किया गया है ॥ ७१ ॥

अतिथिजनसपर्या देवयज्ञादिचर्या
हवनविधिनियुक्तिस्तर्पणादिप्रयुक्तिः ।
जगदिदमभिवीक्ष्याचारहीनं बुधेन
व्यरचि निजनिबन्धे सर्वलोकेक्षणाय ॥७२॥

फिर इस जगत् को आचार विचारो से शून्य देख कर समस्त भारतवर्ष के उपकार के लिए आपने पचमहायज्ञविधि" पुस्तक बनाया जिस में सागोपाग अतिथि पूजन, देवपूजन, हवन, तर्पण, वर्णन किये गये हैं ॥ ७२ ॥

इति जगदुदितानां नित्यशिक्षाविधीनां
कलनमनुविधाय प्रत्ननैमित्तिकानाम् ।
विषयमपि जगत्यामादरेण प्रवृत्तं
व्यकथयदयमाराद्रक्षितुं ग्रन्थमेकम् ॥७३॥

पूर्वोक्त रीति से महर्षि ससार के हित के लिए नित्य नैमित्तिक क्रियाओ से युक्त भारत वर्ष को सुमार्ग में चलाने के लिए 'सस्कारविधि" नामक एक ग्रन्थ बनाने लगे ॥ ७३ ॥

अभिहितमिव यस्मिँल्लभ्यते कार्यजातं
सकलमपि सुधीभिः केनचित्कोविदेन ।
भवनगतधरित्रीन्यस्ततातादिभाण्ड-
प्रगतधनमिवालं कास्य पश्चात्प्रशस्तिः ॥७४॥

जिस में पहलेही से किसी पण्डित का धरा हुआ सा समस्त विषय विद्वानो को ऐसा मिल जाता है जैसे पूर्व पुरुषो का रक्खा हुआ द्रव्य-पूर्ण कलश घर में मिल जाता है। इस से अधिक और क्या प्रशसा करें ॥ ७४ ॥

ऋतुसमयविधानान्नूनमारभ्य मन्ये
सकलमपि यथावद्धस्मयावत्प्रदिष्टम् ।
परमविषयविज्ञैर्यत्र योगीन्द्रवर्यैः
किमपरमिह वाच्यं नास्ति साम्येस्य बन्धः ॥७५॥

जिस में महर्षिजी ने गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि सस्कार पर्यन्त समस्त वेदोक्त सस्कार पूर्णरूप से वर्णन किये है। और कोई ग्रन्थ इस की समता नहीं कर सकता ॥ ७५ ॥

सदृशमिव तदेतन्नामधेयस्थ मन्ये
यदतिकरुणभावान्निर्मितं ग्रन्थरत्नम् ।
विलसति किल यस्मिन्वेदमन्त्रप्रमाणैः
सकलजनुभृतामारक्षणं किं परस्तात् ॥७६॥

यह तो एक महर्षिजी की करुणा ही थी जो "गोकरुणानिधि" नामक एक ग्रन्थ उन्होने बनाया जिसमें कि स्पष्ट रीति से वेदो के मन्त्रो से अहिसा को ही पूर्ण रूप से दर्शाया है ॥ ७६ ॥

विधिविहितमहिंसावाक्यमेकत्र कृत्वा
पशुबलिजनितन्तन्मारणं नेति नेति ।
प्रतिदिशति मुनौ यल्लोकमध्ये समन्ता-
दभवदिति समस्तं तस्य मन्ये चरित्रम् ॥७७॥

इस ग्रन्थ में आपने समस्त वेदो के मन्त्रो को इकट्ठा कर जो मासभक्षी हिसको ने यज्ञादि कर्मो में गोहिसा का विधान बतलाया था उसका ऐसा खण्डन किया कि जिसका प्रभाव भारतवष मे पूर्णरूप से दृष्टि-गोचर हो रहा है ॥ ७७ ॥

मिलति किल न हिंसा वेदमन्त्रेषु लोके
पुनरपि गतधीभिः कार्यते या मनुष्यैः ।

निजवचननिवेशाद्धर्मशास्त्रादिमध्ये
कथमपि तत एषा लोकमध्ये न शस्ता ॥७८॥

वेदो मे कहीं हिसा का विधान नही है और जो मन्वादि धर्मशास्त्रो में पाया जाता है वह केवल दूसरे लोगो ने अपनी इच्छा से उसमे मिला दिया है और इसी लिए वह ठीक नहीं है ॥ ७८ ॥

प्रदिशति यदि हिंसां वेद एवाश्वमेधे
कथयति कथमेतां वारणावाक्यदीक्षाम् ।
शतपथविनिविष्टामध्वरेतिप्रशस्तिं
तदनुमतमिदं मे नास्ति वेदेषु घातः ॥७९॥

जो वेद ही हिसा का विधान करता तो वेद मे ही हिसा का निषेध क्यो पाया जाता और ब्राह्मणो म यज्ञ का नाम क्यो अध्वर होता ? इसलिए मालूम होता है कि वेदो मे हिसा का विधान नहीं हे ॥ ७९ ॥

इति बहुविधवादावेष्टितं ग्रन्थमेकं
सपदि विरचयित्वा योगिराजः प्रसन्नः ।
निगदितुमिव चक्रे रत्नमालां मनः स्वं
गत इव परमात्मध्यानमार्गं निसर्गात् ॥८०॥

इस प्रकार शकासमाधानपूर्वक इस पुस्तक को बनाकर "आर्योद्देश्य रत्नमाला" बनाने के लिए जब तक आप उद्यत हुए तभी तक योगाभ्यास का समय आगया, सूर्य भी चलते चलत देशातर को प्राप्त हो गया ॥ ८० ॥

शतमितनवरत्नैर्गुम्फितामुज्ज्वलाङ्गीं
स्रजमिव गलदेशं प्रापयिष्यत्यलं यः ।
स सलिलनिधिकाञ्चीभूषितायां धरित्र्यां
निजसुरभिविलासं यापयिष्यत्यवश्यम् ॥८१॥

जो पुरुष सौ रत्नो से गुम्फित इस "आर्योद्देश्यरत्नमाला" को माला के समान कण्ठ में धारण करेगा वह इस जगत् में अवश्य ही अपनी कीर्ति फैलावेगा ॥ ८१ ॥

जननमरणविद्याप्रार्थनातीर्थनिन्दा-
नरकविलयधर्म्माधर्मसत्सङ्गजीवैः ।
सगुणविगुणसत्यासत्यवर्णादिरत्नै-
रियमतिललिताङ्गी निर्मिता देवदेवैः ॥८२॥

जन्म, मरण आदि सौ रत्न इसमें देखने योग्य हैं जो कि मेरे बनाये हुए [आर्य शिरोभूषण काव्य मे] स्पष्ट वर्णित हैं ॥ ८२ ॥

क्रमगतमथ काशीविभ्रमोच्छेदनाख्यं
पटुतरमतिरारात्पुस्तकं तच्चकार ।
भवति हृदि नितान्तं यत्र दृष्टे जनानां
बहुकथनपथैः किं सत्यमेव प्रभावः ॥८३॥

आर्योद्देश्यरत्नमाला के अनन्तर आपने काशी के विद्वानो का सन्देह दूर करने के लिए एक "भ्रमोच्छेदन" नामक पुस्तक बनाया, जिसके देखने से स्वय ही हृदय में प्रभाव उत्पन्न होता है ॥ ८३ ॥

शतनयनदिगन्ते यास्ति तोयाब्धितीरे
बहुधनकलिकाता तत्र योगेश्वरोयम् ।
विविधविबुधबुद्धिभ्रान्तिविध्वंसनाढ्यं
ललितपदनिबन्धं व्यातनोद् ग्रन्थमेकम् ॥८४॥

पूर्व की तरफ समुद्र के किनारे जो कलकत्ता राजधानी है वहाँ के विद्वानो का सन्देह दूर करने के लिए आपने एक "भ्रातिनिवारण" नामक पुस्तक बनाया ॥ ८४ ॥

कथमिह परमात्मप्रार्थनोपासनाद्याः
समयविनिमयेपि प्रायशः कर्तुमर्हाः[1] ।
इति सकलसमीक्षा यत्र मन्ये निबद्धा
तमभिविनयमार्याः सादरं वीक्षयन्तु ॥८५॥

---

१ गमेरत्र प्रापणार्थकत्वम्

इस ससार मे मनुष्यों को परमेश्वर की स्तुति, प्रार्थना, उपासना किस प्रकार करनी चाहिए, इसी उद्देश्य को लेकर आपने एक "आर्याभिविनय" नामक पुस्तक बनाया ॥ ८५ ॥

जगति विबुधवाणी दर्शनाद्यस्य नूनं
विलसति शिशुकण्ठे कण्ठभूषेव साक्षात् ॥
स किल नवजनानां बोधनाय प्रबोधः
प्रचितइतिलोका ज्ञातवृत्ता भवन्तु ॥८६॥

जिसके दर्शन मात्र से बालको के कण्ठ में सस्कृत विद्या निवास करती है ऐसा "सस्कृत-वाक्य प्रबोध" नामक पुस्तक बनाया ॥ ८६ ॥

व्यवहरणपराणां मानवानां कथं स्या-
ज्जगति बहुपदार्थज्ञानमित्याकलय्य ।
बहुविधबुधवाणीपात्रमेषः प्रचक्रे
व्यवहृतिपदपूर्वं भानुमेकं नवीनम् ॥८७॥

व्यवहारों में मग्न मनुष्यों के लिए पदार्थ ज्ञान किस प्रकार हो, यही सोचकर महर्षिजी ने "व्यवहारभानु" नामक एक ग्रन्थ बनाया ॥ ८७ ॥

जगति मतपथानां वेदमार्गेतराणां
समुपचितिमनल्पां वीक्ष्य नानाजनेषु ।
प्रबलतरसमाधिध्वस्तमूढोक्तशङ्कः
समरचयदनन्तं खण्डनं योगिवर्यः ॥८८॥

मनुष्यो में फैली हुई वेदबाह्य प्रवृत्ति को देखकर उसके खण्डन में आपने "वेद-विरुद्ध-मत-खण्डन" नामक एक अद्वितीय पुस्तक बनाया ॥८८॥

मतमथ विधिशून्यं स्वामिनारायणानां
प्रचलितमतिवेगाद् गुर्जरोद्भूतलोके ।
विलयमलमनैषीदेषदेवः प्रमाणै-
र्यदनुगतमिहास्ते पुस्तकं विश्वमध्ये ॥८९॥

आज कल गुजरात देश में जो वेद-विरुद्ध स्वामिनारायणमत फैल रहा है उसके खण्डन मे भी स्वामीजी ने एक पुस्तक बनाया कि जिसका नाम "स्वामिनारायणमतखण्डन" है ॥ ८९ ॥

प्रकृतिविकृतिशून्यैर्ब्रह्मजीवैक्यवादै-
र्जगति किल यदुक्तं शुद्धमद्वैतमेव ।
तदपि कणश एवामेलयद् धूलिमध्ये
प्रखरतरविचारैर्नाशितध्वान्तवादः ॥९०॥

यहाँ शुद्धाद्वैत वादियो ने जो अपना मत चला रक्खा है उसके खण्डन में भी आपने एक पुस्तक बनाया कि जिसका नाम "वेदान्ति-ध्वान्त-निवारण" रक्खा ॥ ९० ॥

इतरदिति महात्मा ग्रन्थजातं वितन्वन्
सकलभुवनमध्ये सूर्यवत्सन्दिदीपे ।
निजवचनमयूखध्वस्तलोकान्धकारः
प्रशमितमतवादः श्रीदयानन्ददेवः ॥९१॥

इसी प्रकार आप और भी "सत्य-धर्म-प्रचार" आदि तीन पुस्तको को बनाकर इस जगत् में सूर्य के समान प्रकाशित हुए । और आपने अपने वचनरूपी किरणो से अज्ञानान्धकार को दूर करके मतवाद को शान्त कर दिया ॥ ९१ ॥

अवसितिमथ नीत्वा पुस्तकानामयत्ना-
द्वसनवितरणाद्यैर्लेखकान्मोदयित्वा ।
गुरुचरणसरोजद्वन्द्वमाधाय चित्ते
मुदमलभत लोकालोकगीतप्रशस्तिः ॥९२॥

इस प्रकार थोडेही परिश्रम से समस्त ग्रन्थों को पूर्ण कर तथा लेखको को वस्त्र धन दे गुरु-चरण-कमलो का ध्यान करके आप बड़े प्रसन्न हुए ॥ ९२ ॥

निखिलमतविवादध्वान्तविध्वंसकारी
क्व मनुजवपुरेषः श्रीदयानन्ददेवः ।
क्व च निगमपदानां भाष्यनिर्माणमेतत्
सकलमिदमवर्ण्यं सच्चिदानन्दकृत्यम् ॥९३॥

कहाँ सम्पूर्ण मतो के नाश करनेवाले मनुष्य शरीर-धारी ऋषि और कहाँ वेदो का भाष्य बनाना! यह सब लीला समस्त जगदाधार ईश्वर की प्रतीत होती है ॥ ९३ ॥

प्रभवति परमात्मा यस्य मन्ये सहायः
सकलमपि स लोके साधयत्येव कार्यम् ।
इति लघु न मनस्यायाति चेत्तर्हि नूनं
निरवसितसहायो दृश्यतां देव एकः ॥९४॥

ससार मे जिस पुरुष का ईश्वर सहायक होता है वह समस्त कार्यो को अनायासही समाप्त करता है। इसमें यदि विश्वास न हो तो महर्षि का ही देखिए ॥ ९४ ॥

जगति विदितमेतत्पूर्तिभासे विचारे
विरमति किल लोकः सर्वएव प्रयासात् ।
परमिदमिह नैवालोक्यते योगिवर्यैः
पुनरपि समभूद्यद्दिग्जये दत्तचित्तः ॥९५॥

ससार मे प्रसिद्ध है कि मनुष्य कार्यो के अन्त मे कुछ विश्राम लिया करते हैं, परन्तु महर्षिजी में यह बात देखने मे नहीं आती, क्योकि अभी तो ग्रन्थों को समाप्तकिया और अभी दिग्विजय में फिर प्रवृत्त होगये ॥ ९५ ॥

क्षणमपि नहि नेयः शून्यभावेन लोकै-
रनुपमगतिचक्रः कालकल्पोपि यत्नात् ।
इति विदधति ये ये मानसे निश्चयं ते
कथमपि न भजन्ते दुःखदारिद्र्यजातम् ॥९६॥

संसार में आकर क्षण भर भी यह अमूल्य समय व्यर्थ नहीं बिताना चाहिए । जो लोग ऐसा मानते है वे कदापि दुःख नही उठाते ॥ ९६ ॥

अयति फलमवश्यं मानवो विश्वमध्ये
निजविहितगतीनां कर्मणामप्रयत्नात् ।
इति मनसि विचिन्त्य प्रायशः कार्यजातं
विधिगदितमवश्यं कार्यमेवेति सिद्धम् ॥९७॥

जगत् में अपने किये हुए कर्मों का मनुष्य अवश्य ही फल भोगा करता है, इसलिए मनुष्यों को उचित है कि वेद विहित कर्मों का ही पूर्ण रूप से आश्रयण करे ॥ ९७ ॥

न भवति किल चित्ते सज्जनानां विचारो-
यदि भवति स हर्षात्पूर्तिमाप्नोति तूर्णम् ।
इति निगदति चित्ते स्वामिना दिग्जये सा
पुनरपि मतिराराात्संप्रदत्तेति बोध्यम् ॥९८॥

पहले तो सज्जनों के मन में कोई विचार ही उत्पन्न नहीं होता, और यदि होता भी है तो शीघ्र ही पूर्ण हो जाता है । मन मे यही सोच कर महर्षि ने अपनी चित्त वृत्ति फिर भी दिग्विजय में लगाई ॥ ९८ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
ग्रन्थनिर्माणवर्णनो नामाष्टम सर्ग ।

नवमः सर्गः

अथेश्वरासादितजीवनोद्यमो-

महीश्वराभः स दयासरित्पतिः ।

विभिन्नदेशेषु वसन्नकल्पयत्

महोदयं वैदिकधर्मशासनम् ॥१॥

अब ग्रन्थनिर्माण के अनन्तर उनके यश का वर्णन नाटकरूप से करने के लिए नवम सर्ग प्रारम्भ करते हैं । ईश्वर की प्रार्थना करनेवाले करुणा-सागर महर्षि दयानन्द राजा के समान नाना देशों में निवास करते हुए वैदिक धर्म का प्रचार करने लगे ॥ १ ॥

जयोत्सवे सर्वदिशां समन्ततः

समुत्थिता दिग्विजयप्रशस्तिका ।

पुरः पुरो लास्यपटीयसी ययौ

गुणानुरागिण्यनुरागवर्धना ॥२॥

सम्पूर्ण दिशाओं के जयोत्सव से उठी हुई समस्त प्रयोगों में कुशल गुणानुरागवाली प्रशस्तिकारूप नटी आपके आगे आगे चलने लगी ॥ २ ॥

दिशं समुद्दिश्य स यां स्वमानसे

विचारमारादकरोत्पुरो गता ।

विहायसा तामनुगम्य तद्गता

यशोविभूतिर्विभराम्बभूव ताम् ॥३॥

महर्षि जी अपने मन में जिस दिशा को जाने के लिए तैयारी करते थे उसी दिशा मे वह आकाश मार्ग से जा पहले ही से उसको अपने वश में कर लेती थी, वहाँ पहुँच जाती थी ॥ ३ ॥

चतुर्दिशामन्तरमेकचत्वरं
प्रकल्प्य तन्नायकनाटकोत्सवम् ।
प्रकर्तुकामा जनरञ्जनक्रमं
तथाकरोदाप यथा कृतार्थताम् ॥४॥

चारो दिशाओ के मध्यभाग को एक चत्वर समझकर श्रीदयानन्द विजय नाटक करनेवाली वह कीर्तिरूपिणी नटी मनुष्यो के चित्तो को ऐसे अपने वश मे करती थी कि वह बहुत ही शीघ्र कृतार्थता को प्राप्त होगई ॥ ४ ॥

समाहृतान्तःकरणा समन्ततः
समानमेवं प्रविधाय साधनम् ।
समानमानेषु मनाङ्मनस्विनी
मनोविनोदाय मनः समादधत् ॥५॥

समस्त मनुष्यो के चित्तो को अपने वश मे करके वह कीर्ति-नटी उनके चित्त को बहलाने के लिए अपने मन मे कुछ ऐसा उपाय सोचने लगी जिसका वर्णन आगे होगा ॥ ५ ॥

वितानमाकाशमयं सतारकं
भुवस्तलं सत्वरमाप्य मण्डपम् ।
न सम्ममौ हर्षवशेन नर्तकी
यदीयकीर्तिस्त्रिजगज्जयोत्सवे ॥६॥

जिनकी कीर्ति नर्तकी तीनो लोको के जयोत्सव में तारागणरूपी पुष्पो से अलकृत आकाशरूपी वितान तना हुआ देख और नीचे की ओर समस्त भूमण्डल को रगशाला समझ खुशी के मारे अपने शरीर में नहीं समाती थी ॥ ६ ॥

---

१ अन्तरशब्दो मध्यार्थक अकारान्त शब्दस्तोममहानिधौ द्रष्टव्य ।

रवीन्दुदीपप्रभया मनोरमं
दिनक्षपाकाण्डपटोपशोभितम् ।
यदन्तरङ्गोपगृहं विलोक्यते
जगत्त्रयेऽद्यापि समस्तकोविदैः ॥७॥

जिस नाटक का सूर्यचन्द्ररूपी प्रदीपो द्वारा सुन्दर दिन रात्रि-रूपी दो परदो से ढका हुआ अंतरङ्ग का घर आज भी विद्वानो के मन में विस्मय को उत्पन्न कर रहा है ॥ ७ ॥

लसन्ति यत्राग्निरविप्रभञ्जनाः
करे दधाना निगमत्रयीपटान् ।
गुणत्रयीनाटकसूत्रताङ्गताः
प्रधानभृत्या इव सूचनोद्यताः ॥८॥

जिसमे सत्त्वगुण, रजोगुण, तमोगुणयुक्त ऋग्वेद, यजुर्वेद, और सामवेद को हाथो मे लिये हुए अग्नि, वायु, रवि सम्पूर्ण कार्यों को बतलाने के लिए प्रधान पात्र से प्रतीत हो रहे है ॥ ८ ॥

जगाम यत्राद्भुतसूत्रधारता-
मथर्वणः सर्वपदार्थविस्तरे ।
विनिर्मिता येन समस्तनाटक-
प्रयोगसंचितिरशेषविभ्रमा ॥९॥

जिसने समस्त पदार्थों मे अपना सत्त्व जमा रक्खा है ऐसा श्रीमान् अथर्ववेद उस नाटक में सूत्रधार बन गया। भला जिस नाटक में सूत्रधार अथर्ववेद हो, उसका वर्णन कोई कर सकता है ? ॥ ९ ॥

गतापि यस्मिन्नवनाटकोत्सवे
षडङ्गवेशादुपनायिकावली ।

विलोक्य मन्ये जनमालयं गतो
निराकृता सूत्रधरेण[१] चत्वरात् ॥१०॥

जिस नाटक मे छः अङ्को के वेशो से आई हुई उपनायिकाओ की पक्ति बहुत से मनुष्यों को देख लज्जित हो सूत्रधार के कहने से फिर भी अपनी नाट्यशाला को ही चली गई ॥ १० ॥

विदूषकत्वं प्रगतोपि यद्गतो-
विभूषकत्वं प्रजगाम सत्वरम् ।
महर्षिसंसूचितशास्त्रविस्तरो-
यतः प्रमाणं परतोस्य भाषितम् ॥११॥

जहाँ पर महर्षियों द्वारा बनाया हुआ छ. शास्त्रो का समूह नास्तिकों की युक्तियो से विदूषक पदवी को पहुँच कर भी वेदानुकूल होने से विभूषण पदवी को प्राप्त होगया ॥ ११ ॥

पुराणभावं प्रगतोपि कञ्चुकी
बभूव किं ब्राह्मणपुस्तकोच्चयः ।
इति प्रहासो नु ममापि विद्यते
नितान्तवार्धक्यवशाद्गलं मते ॥१२॥

शतपथ आदि ब्राह्मण ग्रन्थो का समूह अत्यन्त प्राचीन होने से पुराण-पदवी को पहुँच कर भी अत्यन्त शिथिलता से न मालूम कञ्चुकी बना या न बना ! यह हँसी हमें भी आती है ॥ १२ ॥

नियामका यत्र विभान्ति मानव-
प्रदिष्टयोगा नियमा यमा अपि ।
निरीक्षकाणामनिमेषदर्शने
रुचिं दधाना बहुलास्य शोभिताः ॥१३॥

---

१ धरतीति धर । सूत्रस्य धर सूत्रधर । मूलविभुजादित्वात्क ।

जिसमे देखनेवाले पुरुषो के चित्त मे अत्यन्त उत्कठा बढाने वाले, अत्यन्त सुन्दर, धर्मशास्त्रो मे कहे हुए यम और नियम नाना उपद्रव के दूर करने के लिए नियामक अर्थात् चपरासी रूप से सुशोभित हो रहे हैं ॥ १३ ॥

इति प्रशस्ते नवरङ्गमण्डपे
समागते चापि समस्तमानवे ।
प्रवक्तुकामा पदविक्रमक्रमं
पुरो दिदीपे ननु तद्यशोनटी ॥१४॥

इस प्रकार नवीन रगशाला के बन जाने पर तथा समस्त मनुष्यों के आने के बाद कुछ कहने के लिए उद्यत हुई कीर्तिनटी रगशाला में सुशोभित हुई ॥ १४ ॥

हिरण्यगर्भः समवर्ततेत्यरं-
प्रवर्तिते मन्त्रपदे पटागमम् ।
प्रकल्पयामास समीरणस्ततो-
यजुप्रधानं प्रबभूव नाटकम् ॥१५॥

उस नाटक में पहले ही "हिरण्यगर्भ.०" इस नादी मन्त्र के पढने के बाद सत्त्वगुणप्रधान परदे के बदलने पर वायु ने यजुर्वेदप्रधान नाटक प्रारभ किया ॥ १५ ॥

क्वचिन्निराकारपरेशवर्णना
जनं समस्तं परमात्मदर्शने ।
तथा नियुक्तं प्रचकार सादरं
यथाप तस्यैव परं निदर्शनम् ॥१६॥

उसमें कहीं पर तो निराकार ईश्वर की वर्णना समस्त जनो को इस प्रकार ध्यान में लगा देती थी जिससे साक्षात् ईश्वर का स्वरूप हृदय में आविर्भाव को प्राप्त हो जाता था ॥ १६ ॥

क्वचित्सुवेदीपरिशोभितस्थले
नितान्तधूमायितसभ्यमण्डला ।
बभूव यज्ञस्य परम्परा परा
यया समस्तं जगदेव शोभितम् ॥१७॥

कही पर वेदि के ऊपर चारो ओर से ऐसी यज्ञ क्रिया प्रारभ की जिसके धूम से सारा जगत् सुगन्धित हो गया था ॥ १७ ॥

क्वचित्समाधिप्रविधानसाधिका
जनावली नाटितवत्यलं तथा ।
यथा मुनीशानिव नाट्यमण्डले
विलोकयामास महाशयोत्तमान् ॥१८॥

वह नाटक-पात्र-मण्डली कहीं पर उस तपश्चर्या का अनुकरण करने लगी जिसको देखकर समस्त मनुष्यो की मण्डली मुनीश्वरो के समान उन नाटक-पात्रो को देखकर चकित हो गई ॥ १८ ॥

अथान्तरे तत्र विदूषकायितं
प्रकुर्वती शास्त्रपरम्परा परा ।
विशोभयामास विलासचत्वरं
महाशयैरागदितेव सत्वरम् ॥१९॥

कुछ देर के बाद शास्त्रो की वह परम्परा वहाँ आकर ऐसा विदूषक का अनुकरण करके मनुष्यो को हँसाने लगी जिससे कि सब मनुष्य हँसते हँसते प्रसन्न हो आनन्द में मग्न हो गये ॥ १९ ॥

अलं हसन्ती जनता यदा पुन-
र्विलोकनेच्छामगमत्पुरोगता ।
विमुद्रिता काण्डपटी ततःपरं
बभूव ऋग्वेदसमुत्थनाटकम् ॥२०॥

बहुत देर तक हँसती हँसती वह सभ्यमण्डली जब फिर भी देखने की इच्छा प्रकट करने लगी तब पहला परदा बदल गया। कुछ देर के बाद दूसरा परदा बदलने पर ऋग्वेद का नाटक होने लगा ॥ २० ॥

प्रवर्तिते रङ्गपटानुवर्तने
विशेषपात्री परिवर्तनच्छलात् ।
जगाम नेपथ्यगृहं धृतप्रभा
पुनर्दिदीपे नवनाटकोत्थितिः ॥२१॥

दूसरे नाटक से पूर्व अपने वेष के बदलने के लिए प्रधान रूप कुछ नाटक-पात्र नेपथ्य को चले गये। वहाँ से रूप बदल कर आतेही दूसरा नाटक प्रारभ किया ॥ २१ ॥

क्वचिद्विधानं नियमस्य कुर्वती
समस्तशक्तेः परमेश्वरस्य सा ।
जनानलं चित्रितभित्तिभावतां
निनाय या विस्मयमाप च स्वयम् ॥२२॥

वह नाटक-पात्रो की प।कि पहले ही ईश्वर के नियमों का अनुकरण करती हुई न केवल अन्य पुरुषो को ही प्रत्युत अपने आप भी विस्मित होकर चित्र-लिखित सी होगई ॥ २२ ॥

क्वचिदृतूनामभिगम्य वर्णना-
मनल्पसन्दर्शितविभ्रमां पुनः ।
विमुक्तसर्वास्तरणामकल्पय-
ज्जनावलीमादृतनाटकोत्सवाम् ॥२३॥

कहीं पर नाना ऋतुओं का विषय छेडकर नाना प्रकार के अपने व्यवहारो को दर्शाती हुई वह लोगा को इस प्रकार चमत्कृत करती थी कि जिसका कुछ ठिकाना नहीं ॥ २३ ॥

क्षणप्रभादर्शितनाटकोद्गमे
क्षणप्रभावा जनवर्यमण्डली ।

क्षणप्रभावां जगतः समुन्नतिं
क्षणप्रभावैरवदत्पुनःपुनः ॥२४॥

वर्षा-ऋतु-प्रधान नाटक के खेलने पर थोडे प्रभाववाली मनुष्यो की मण्डली ससार की उत्पत्ति को क्षण-भगुर समझकर उत्सव के नाना प्रकारो से नाटक पात्रो को धन्यवाद देने लगी ॥ २४ ॥

समागते शान्तिपटे ततः स्वयं
सुबुद्धिसंसर्गभवे जनावली ।
सुबोधभावं प्रजगाम तादृशं
यथाखिलानन्दमवाप सत्वरम् ॥२५॥

वर्षा ऋतु के अनन्तर शरद् ऋतु के प्रस्ताव में सुबुद्धि-जन्य शाति पट के अकस्मात् आने पर वह मनुष्य-मण्डली उसी सुबोधभाव को प्राप्त होगई कि मानो अखिलानन्द को अपने आपही पहुँचने लगी ॥ २५ ॥

विहाय मृत्युं किल विद्यया यदा
समस्तपात्री विभराम्बभूव सा ।
विशोकभावं तमवेक्ष्य तद्गता
महाशयाली मुमुदे हृदन्तरे ॥२६॥

जब मृत्यु को छोड विद्या के द्वारा वह नाटक-पात्री अमर पदवी का दृश्य दिखलाने लगी तब समस्त विद्वन्मण्डली अति विस्मित हो उसी आनन्द में आप भी विस्मित हो गई ॥ २६ ॥

पटप्रयोगं प्रविधाय तत्परं
यदा नवीनद्युतिविभ्रमोत्सुका ।
बभूव पात्री न बभूव किं तदा
सुनेत्रपात्री मनुजेषु हर्षिता ॥२७॥

उसके बाद परदा गिरने पर वह नाटकपात्री जब नवीन वेषधारण करके रूपान्तर दिखाने लगी तब क्या मनुष्यो की नयन-पक्ति प्रसन्न न हुई ? अवश्य हुई ॥ २७ ॥

यदाभवद्वृत्रवधोद्यमे रता
मृषैव पात्री धृतमेघविभ्रमा ।
तदा जनस्तत्र बभूव को ययौ
न वीरभावं किल यः समुद्धतः ॥२८॥

परदा गिरने के बाद मेघ का रूप धारण करनेवाली वह नाटकपात्री जब वृत्र के वध में तत्पर होरही थी तब कौन सा ऐसा पुरुष था जो वीर रस में मग्न न हुआ हो ॥ २८ ॥

विदूषकोपि स्ववचोविभूषितं
यदान्तरे सूक्तमवाचयत्स्वयम्[1] ।
तदा ययौ हास्यमहो रसोद्गता
समस्तविद्वज्जनमण्डिता नटी ॥२९॥

जब बीच में मनुष्यों को हँसाने के लिए अपनी वाणी से विदूषक भी ऋग्वेद का सूक्त तारस्वर से पढने लगा तब तो विद्वानो के बीच में बैठी हुई यशोनटी भी कुछ देर तक हँसती रही ॥ २९ ॥

विभुक्तताम्बूलदला ततः सभा
विलोक्य भावान्तरवेषधारिताम् ।
बभूव मग्ना करुणारसार्णवे
दयामयं प्रार्थितवत्यपि स्फुटम् ॥३०॥

इसी बीच मे पान खाने मे दत्तचित्त वह समस्त सभा दूसरे रूप में सजे हुए नाटक पात्रो को जब देखने लगी तब तो सब काम छोडकर करुणा रस में भरी हुई ईश्वर की प्रार्थना करने लगी ॥ ३० ॥

अथो निदेशादधिपस्य मानिनी
यशोमयी कापि नटी जनान्तरे ।

---

१ प्रेरणाया णिजन्तादददोरूपम् ।

ननर्त मञ्जीरमनोहरस्वना
नवानि वेदस्य पदानि विन्यसन् ॥३१॥

इसके बाद मनोहर वेषवाली, यशोरूपनटी नायक के अनुरोध से नवीन नवीन वेदो के पदो को गाती हुई विद्वानो के बीच में नृत्य करने लगी। अर्थात् अधिकतर यश फैल गया, यह भाव ॥ ३१ ॥

अनन्तरं सापि मनुष्यमण्डली
मुहुर्मुहुर्दर्शितभक्तिसाधना ।
शुभं नटन्तीमधिपस्य नर्तकी-
मवर्धयत्सर्वश एव साहसैः ॥३२॥

कुछ देर के बाद अत्यन्त भक्ति से भरी हुई वह नाना देशगत विद्वानो की सभा, अच्छे प्रकार नटी को देखकर, नाना प्रकार से उसकी प्रशंसा करने को उद्यत हुई ॥ ३२ ॥

प्रवर्तिते रङ्गविधानविस्तरे
पटेपि नीचैः पतिते समन्ततः ।
स सामवेदध्वनिरुत्तरोत्तरो-
बभूव नानालयलास्यशोभितः ॥३३॥

फिर भी नेपथ्य मे रङ्ग-विधान होने पर काडपट के खोलने के साथही नाना स्वर तालो समेत उत्तरोत्तर बढता हुआ सामवेद का अश्रुतपूर्व गान होने लगा ॥ ३३ ॥

अशेषतौर्यत्रिकदक्षिणे मुदा
पुरः स्थिते पात्रगणे यथा यथा ।
विपश्चिदाली मुदमाप निर्भरा
तथा तथा वृद्धिमवाप साधना ॥३४॥

---

१ अस गतौ भ्वादि ।

समस्त कार्यो मे चतुर नाटक-पात्रो के सामने आने पर उनके प्रयोगो से जैसे जैसे विद्वानो की सभा प्रसन्न होती थी वैसे ही वैसे समस्त नाटक-साधना दूनी वृद्धि को प्राप्त होगई ॥ ३४ ॥

स्वरे लयं पञ्चममागते बला-
द्विमूर्च्छिते चापि गुणेन मानवे ।
मुधैव मन्ये बुधलोकमण्डली
निवर्तयामास तदीयविस्तृतिम् ॥३५॥

कुछ देर के बाद पञ्चम स्वर के आनन्द आने पर वह सभ्य मण्डली जब मूर्च्छा को प्राप्त हो गई तब उस नाटकी विस्तृति को कम करने के लिए नायक ने अपनी कुछ चेष्टा प्रकट की ॥ ३५ ॥

जने कथञ्चिद्गतवाग्विकल्पने
मुदं वितन्वन्नितरां विदूषकः ।
विभूषयामास समस्तमादरा-
त्तदन्तरङ्गं बहिरङ्गमप्यलम् ॥३६॥

नाटक-क्रम के कम होने पर शान्त रस में मग्न हुई सभा को देख जब विदूषक ने हास्य रस का प्रस्ताव किया तब अन्तरङ्ग तथा बहिरङ्ग के जितने सभ्य मनुष्य थे सबने उस हास्यरस को बढाया, जिससे समस्त परिश्रम दूर होगया ॥ ३६ ॥

गुणैः प्रशस्ते नवनाटकक्रमे
निरीक्षिते केपि महाशयाऽवराः ।
यदा यथेच्छं जगदुस्तदैव सा
नियामकाली समतर्जयद्बलात् ॥३७॥

अति सुन्दर गुणाढ्य नाटक देखने के बाद जब कोई महाशय यथेच्छ सम्भाषणादि व्यवहार करने लगे तभी वह व्यवस्था के लिए नियत हुए चपरासी उनको फटकार बतलाने के लिए उद्यत होगये ॥ ३७ ॥

मुदं वितन्वन्नलमस्य नर्तकी
बुधेषु पश्चादबुधेष्वपि द्रुतम् ।
मुहुः प्रसन्नाभवदन्तरे मया
समस्तमेतत्स्ववशे नियन्त्रितम् ॥३८॥

कुछ देर के बाद वह महर्षिजी की यशोरूप नटी सामान्यता से विद्वानो तथा अविद्वानो के बीच में प्रसन्नता फैला कर अपने मन में अत्यन्त प्रसन्न हुई ॥ ३८ ॥

प्रधानभृत्या अपि दानमानना-
तिसांत्वनाभिर्बहुधैव भूषिताः ।
पुरो निषेदुः किल नायकेक्षणे
निबद्धनेत्राः खलु वेत्रपाणयः ॥३९॥

नाटक के अन्त में प्रधान नाटक-पात्र भी दान-मानो से तुष्ट हो महर्षिजी को देखते हुए हाथो में वेद लेकर सामने खडे हो गये । अर्थात् कुछ विशेष प्रार्थना के लिए उद्यत हुए ॥ ३९ ॥

ससूत्रधारे परमा विदूषके
बभूव या सा किल केन वर्ण्यताम् ।
समन्ततः सादरणीयकल्पना
विकल्पना चापि सरामणीयका ॥४०॥

उस अवसर में सूत्रधार और विदूषक के ऊपर जो शोभा छा रही थी उसका वर्णन अब कौन कर सकता है ॥ ४० ॥

जना अपि ध्वस्तसमस्तकिल्बिषाः
समीक्ष्य वेदोदितनाटकक्रमम् ।
महानुभावैरधिपं प्रतुष्टुवु-
र्दयामयं श्रीपरमेश्वरोपमम् ॥४१॥

उसी समय नष्ट हृदयाधकार जन भी वेदोक्त नाटक-क्रम को देख नाना वाक्यो से महर्षिजी की बहुत प्रशसा करने लगे ॥ ४१ ॥

जगाद कश्चिद्बहुशो जनान्तरे
श्रुतं न दृष्टं क्वचिदित्थमद्भुतम् ।
मया निराकारयशोविशोभितं
जगत्त्रये नाटकमागमप्रभम् ॥४२॥

उसी अवसर में कोई पुरुष तो मनुष्यो के बीच में वारवार ऐसा कहने लगा कि मैंने ऐसा ईश्वर की प्रभुता को दिखानेवाला सच्चा वेदोक्त नाटक आज तक न सुना, न कहीं देखा ॥ ४२ ॥

महाशयः कोप्यपरोपि सर्वशो-
विलोक्य रम्यं नवकीर्तितागडवम् ।
मुहुर्मुहुर्नायकमेव वर्णय-
न्नवाप काव्यस्य परम्परां पराम् ॥४३॥

कोई महाशय नाटक की अत्युत्तमता को देख कर महर्षिजी का ही पूर्ण-रूप से वर्णन करने के लिए उद्यत हुए ॥ ४३ ॥

भवे समस्ते भविता न कोप्यलं
समो जनस्ते न बभूव कर्हिचित् ।
पुरापि भाग्येन गतोसि पात्रतां
सुनेत्रयोरद्य विधेरनुग्रहात् ॥४४॥

वर्णन का ही वर्णन करते हैं। हे महर्षिजी, आपके समान इस ससार में न तो कोई मनुष्य आगे उत्पन्न होगा, न कोई पहले हुआ। अब भी जो आपका दर्शन है सो बडे भाग्योदय से मिला है ॥ ४४ ॥

विलोकनेनैव हरत्यघम्भवा-
न्पुगभवं सम्प्रति तद्भवः कथम् ।

भविष्यतीत्यप्यतिमुग्धकल्पना
यतस्त्वमाप्तोसि दृशोः परं पदम् ॥४५॥

आप पहले सञ्चित पाप को तो अपने दर्शनो के साथही नष्ट करते हैं। अब उनका होना सम्भव नहीं है। उनका आगे होना असम्भव है। इसलिए आपका दर्शन तीनो कालो की व्यवस्था में पापों को नष्ट करनेवाला प्रतीत होता है ॥ ४५ ॥

इति प्रशस्तिर्न समाप्तिमागम-
द्यदा तदैवेतरवागभिष्टुतिः।
पुरो हसन्ती कथयाम्बभूव तां
नवीनवाणीघटनाप्रशस्तिकाम् ॥४६॥

जब तक पूर्वोक्त प्रकार से एक मनुष्य की प्रशसा पूर्ण न हुई तभी दूसरे पुरुष की वाणी ने भी पूर्वोक्त रचना को हटाकर अपना प्रभाव दिखलाने का उद्योग किया ॥ ४६ ॥

किमत्र चित्रं यदि शङ्करोद्गमे
बभूव जैनादिमतप्रभञ्जनम्।
अवर्णनीयो महिमा तु ते विभो
यते दयानन्द वदामि किं परम् ॥४७॥

यदि शकराचार्यजी के समय में शाक्त, जैन आदि मतो का खण्डन हुआ तो इसमें क्या आश्चर्य है? परन्तु हे महर्षिजी, आपकी महिमा तो अवर्णनीय होने से उनसे भी अधिक प्रतीत होती है ॥ ४७ ॥

पुरातनैरार्यजनैरलङ्कृतं
किमेषु लोकेष्ववदानसाधनम्।
गृहे गृहे ते महिमा तु वर्ण्यते
जनैरलं वेदमतानुयायिभिः ॥४८॥

प्राचीन आर्य पुरुषो ने इस ससार मे ऐसा कोई परोपकार का काम न किया, यदि किया भी ते अपनी प्रतिष्ठा के लिए किया होगा, परन्तु महर्षिजी, आपकी महिमा को ते वेद के अनुकूल चलनेवाले पुरुष घर घर गाया करते हैं ॥ ४८ ॥

कुतस्तवास्मिञ्जगतीतले जनि-
र्बभूव नेदं प्रतिबुध्यते मया ।
अतीतलोकत्रितयो गुणस्तु ते
विभाति भूमण्डलरत्नवत्परः ॥४६॥

हे महर्षिजी, इस लोक मे आपका जन्म किन कारणो से हुआ यह ते हम नहीं कह सकते, परन्तु इतना कह सकते है कि आपके गुण तीनो लोकों से भिन्न और अवर्णनीय हैं ॥ ४९ ॥

गता कथं मे तव मूर्तिरुत्तमा
दृशोरलं वेद्मि न तत्पुराभवम् ।
किमस्ति पुण्यं किमहोधुना कृतं
यते कथं स्याः पथि नैव तद्भवेत् ॥५०॥

जो आपका अब दर्शन हुआ है वह न मालूम प्राक्तन पुण्यो का फल है या अब किये हुए पुण्यो का फल है, परन्तु इतना अनुमान कर सकता हूं कि जो पुण्य न होता तो आपका दर्शन भी न होता ॥ ५० ॥

न कारणानामनुमोदनं विना
भवन्ति कार्याणि कथञ्चिदप्यतः ।
मयानुमानादवगम्यते यते
पुरातनं पुण्यफलं विचारणैः ॥५१॥

कारणो के बिना कार्यो की उत्पत्ति नहीं हुआ करती, यह न्याय तार्किकों का प्रत्यक्ष फलित है। इसलिए अनुमान किया जाता है कि जरूर ही पिछले पुण्यो का फल है ॥ ५१ ॥

मते ममेदं प्रतिभाति सर्वथा
भुवस्तले वेदमलंविकाशयन् ।
द्वितीयभानुः परमात्मना मुदा
विनिर्मितोसीति किमत्र कृत्रिमम् ॥५२॥

मेरी समझ में तो यह आता है कि परमात्मा ने इस ससार में वेद का पूर्ण रूप से प्रकाश तथा अविद्या-रात्रि को दूर करने के लिए आपको दूसरा सूर्य बना दिया ॥ ५२ ॥

जनिं न यायाद् यदि लोकमण्डले
भवेत्कथंतर्हि तमिस्रभञ्जनम् ।
इति ब्रुवत्येव जने जनेतरो-
निवार्य तं प्रावददित्थमद्भुतम् ॥५३॥

यदि आप इस लोक मे जन्म न लेते तो नाना मतरूपी अन्धकार किस तरह दूर होता ? यहाँ तक उस मनुष्य ने अपनी बात आधी भी न कही थी कि इतने में दूसरा मनुष्य आकर यो कहने लगा—॥ ५३ ॥

अलं समस्तैरपि कल्पनाक्रमैः
कृतं मते मे बहुवादसाधनैः ।
प्रवर्तितामार्यमतप्रशस्तिकां
विलोक्य याता सकलान्धकारता ॥५४॥

मेरी समझ में तो और सब कल्पनाये व्यर्थ हैं। बहुत विवादों से भी कुछ प्रयोजन नहीं है। केवल इतना ही कहना उचित है कि महर्षिजी के चलाये हुए एक आर्य-समाज ही से इस भारतवर्ष का ही क्या सारे ससार का समस्त अधकार दूर होजायगा ॥ ५४ ॥

न मूर्तिपूजा न पुराणकल्पना
न तीर्थभक्तिर्न मृतक्रियाकृतिः ।

ममान्तरे दर्शनमाप्य ते विभो
　　विराजते वेदपथादृतेऽधुना ॥५५॥

हे महर्षिजी , आपका दर्शन पाकर मेरे अंत.करण मे सिवा एक वेद-मार्ग के न तो मूर्ति पूजा, न पुराणो का मानना, न जलो में तीर्थ बुद्धि रखना, न मृतक श्राद्ध को करना, कुछ भी नहीं रहा ॥ ५५ ॥

हृतोन्धकारः प्रभया विभो त्वया
　　महाशयानां हृदयाद्विशेषतः ।
निवेशितो देवलकेषु दृश्यते
　　गतोन्यथा कुत्र विलुप्तदर्शनः ॥५६॥

हे महर्षिजी, ऐसा प्रतीत होता है कि आपने अपनी प्रभा से महाशयो के अन्त.करणो से अविद्यारूपी अन्धकार को हटा कर पुजारियों के अन्तः-करणो में रख दिया, नहीं तो जाता कहाँ ? ॥ ५६ ॥

न यावदित्थं कथनापरो ययौ
　　विमूकभावं प्रवणो महाशयः ।
महाशयस्तावदनन्यभक्तिमा-
　　निमं समस्तौदितरेतरेतरः ॥५७॥

इस प्रकार जब तक एक महाशय अपनी वाणी को पूर्ण न कर पाया तभी तक अत्यन्त भक्तिवाला दूसरा महाशय महर्षिजी की प्रशंसा इस प्रकार करने लगा—॥ ५७ ॥

कृतः प्रजाक्षेमकृता विभो त्वया
　　नियोगमार्गो विधवादयालुना ।
निरस्तनाथादिनिबन्धनस्ततः
　　परं किमुग्रं तव कीर्तिवर्णनम् ॥५८॥

---

१ नाथ काशीनाथ । नामैकदेशग्रहणे नाममात्रग्रहणम ।

हे महर्षिजी, प्रजाओं के कल्याण में दत्तचित्त होकर, विधवाओं के ऊपर दयादृष्टि करके जो आपने काशीनाथ की मर्यादा को तोड दिया, यही आपके लिए धन्यवाद है ॥ ५८ ॥

पुराणविज्ञैरनुमोदिताशया
जगत्स्थलं यान्धपरम्परा परा ।
त्वयैव सा वाक्यबलैर्निवारिता
हृदन्तराद्भूतलवासिनां बलात् ॥५९॥

इस संसार के बीच मे जो मनुष्यो के अन्तःकरण में पौराणिको ने अविद्यारूपी अन्धकार रख छोडा था उसका हटाना एक आपही का काम था ॥ ५९ ॥

इति ब्रुवत्येव सरस्वतीपतौ
यशोनटी तस्य पुरः समुत्थिता ।
ललाट बाल्यप्रभयेव वर्धिता
जनान्वशीकर्तुमयत्नसाधना ॥६०॥

कवीश्वरो के ऐसे कहने पर महर्षिजी के सामने खडी हुई यशोरूपिणी नटी मनुष्यों को वश मे करने के लिए फिर भी दुबारा अपनी प्रबल शक्तियो से नाटक का प्रारम्भ करने लगी ॥ ६० ॥

पुनः प्रवृत्ते नवनाटकोत्सवे
यशः समुत्था दशदिग्विसृत्वरी ।
जनावली दर्शनलालसावशा-
दवाप तन्मध्यमरं प्रधाविनी ॥६१॥

नाटक के दुबारा प्रारम्भ होने पर पहले के समान देखने की अभिलाषा करके चारो तरफ से आई हुई महाशयो की पंक्तियाँ नाट्य-शाला में आकर फिर नाटक का दृश्य देखने लगी ॥ ६१ ॥

भविष्यति प्रातरियं प्रकल्पना
नवेत्र नेपथ्यविशालमन्दिरे ।

इति श्रुतानन्दकथाः समन्ततो-
न सम्ममुर्हर्षवशेन कोविदाः ॥६२॥

सवेरे यहाँ पर मूर्तिपूजन, श्राद्ध, पुराण, तीर्थों का खण्डनरूप नाटक खेला जायगा। ऐसा भविष्यद्वाक्य कहने पर वह पण्डितो की मण्डली अपने मन में फूली न समाई। अर्थात् सायकाल होने पर अगले दिन का प्रस्ताव सुना दिया गया ॥ ६२ ॥

यथोचिते यानविशेषविष्टरे
निविश्य गेहोचितमार्गभूषिताम्।
भुवं ययौ कृत्यविशेषहेतवे
करस्थवेला धृतनेत्रनर्तना ॥६३॥

प्रस्ताव सुनने के बाद अपनी अपनी सवारियो पर चढ कर वह नाटक देखनेवाली सभ्य मण्डली अपने गृह-कार्यों को करने के लिए सायङ्काल के समय अपने अपने घरो को चलने लगी ॥ ६३ ॥

गतेषु लोकेषु यथायथं गृहा-
नियं समस्तापि विशेषमण्डली।
निवर्तयामास दिनैकनाटकं
चकार च प्रार्थनमस्य सत्पतेः ॥६४॥

महाशयो के अपने घर जाने पर वह समस्त नाटक-पात्र मण्डली भी पहले दिन का नाटक पूरा करके महामहिम महर्षिजी की नाना प्रकार से स्तुति करने लगी ॥ ६४ ॥

असावपि ध्वस्तसमस्तविस्तरो-
मनस्यनन्तं परमात्मदर्शनम्।
चकार योगानुगकल्पनोद्यमैः
समाधिनिर्धूतमले सुखाश्रितः ॥६५॥

महर्षिजी भी एकान्तस्थल में आनन्द से बैठ कर समस्त कृत्यों को छोड हुए अपने निर्मल अन्त.करण में योगाभ्यास के वश से सुखपूर्वक अनन्त ईश्व का दर्शन करने लगे ॥ ६५ ॥

इति विरचितलीलालास्यलेशास्यकीर्ति-
र्ललितललितभावैर्लालयँल्लालनीयान् ।
सकलभुवनमध्ये विभ्रमन्सज्जनानां
कलनमिव विधातुं वायुमार्गं प्रतस्थे ॥६६॥

जब सब लोग घर चले गये तब नाटक-पात्रो के विश्राम लेने पर, महर्षिजी के योगावस्थित होने पर, वह कीर्तिरूपिणी नटी, ससार में खिलाने लायक महाशयो को अपने सुन्दर भावो से खिलाती हुई, समस्त भारतवर्ष के सज्जन पुरुषो के गिनने के बहाने से, वायुरूप हो आकाश-मार्ग में सब पुरुषो के देखते देखते चली गई ॥ ६६ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
यशोविलसन नाम नवम सर्ग ।

दशमः सर्गः

प्रातः समागतवति प्रचुरे दिगन्ता-
लोके पुनः प्रववृते नवनाटकोत्थः ।
सामाजिकोन्नतिमहः प्रबभूव यस्मि-
न्नानन्दएव सकले जगति प्रशस्तः ॥१॥

अब नाटकरूप से मर्तिपूजादि विषयो का खण्डन करने के लिए दशम सर्ग प्रारम्भ किया जाता है। प्रात काल होते ही मनुष्यो के आने पर वह सामाजिक जनो का उत्सव फिर भी प्रारम्भ होगया था जिसके प्रस्ताव होने पर सम्पूर्ण जगत् में एक अद्वितीय आनन्द छागया ॥ १ ॥

नेदं मयापि गदनीयमयं[1] जगत्या-
माश्चर्यमापयति यन्नितरा दिदृक्षून् ।
नानाविधानकरणोचितचारुवेशो-[2]
यस्मात्स्वयं प्रतिविभाति निदानरूपः ॥२॥

यह उत्सव भारतवर्ष मे अद्वितीय है—ऐसा कहने के लिए मुझे कुछ आवश्यकता प्रतीत नहीं होती, क्योकि इस विषय मे तो सब कामो को छोडकर एक रूप से देखने मे दत्तचित्त मनुष्य समुदाय ही पूर्णरूप से साक्षि-भूत माना जाता है ॥ २ ॥

---

१ उत्सव । २ मनुष्यसमु ाय इति शेष ।

लोके तदेव रुचिरं प्रतिभाति शङ्के
यस्मिन्समस्तमनुजानुमतेर्निदेशात् ।
भिन्नं किमप्यभिनवं समुदेति वृत्तं
वीक्षावतामखिलमानसवृत्तिहारि ॥३॥-

ससार मे वही चरित्र रमणीय मालूम होता है जिसमें लोक-प्रचलित समस्त चरित्रों से भिन्न अभिनवता के वश से मनुष्यो की चित्त वृत्ति को हरने वाला कोई नया कृत्य समस्त सभ्य पुरुषो की अनुमति से प्रकट हुआ हो ॥ ३ ॥

एवं विचिन्तयति रङ्गगते मनुष्ये
यावन्न साधनविधिः प्रबभूव तावत् ।
प्रादुर्बभूव करुणाब्धिसमः स कोपि
यस्यागमेन सकलापि सभावतस्थे ॥४॥

रङ्गशाला के अन्तर्गत मनुष्यो ने जब तक ऐसा विचार पूर्ण न किया तभी तक वह करुणावरुणालय महर्षिजी अपने उज्ज्वल रूप से सभा में उपस्थित हुए जिनके आने से पहले ही समस्त सभा उठ कर खडी होगई ॥ ४ ॥

हैमं समाविशति वेत्रवतां निदेशैः
सिंहासनं सकलरत्नरुचिप्रदीप्तम् ।
या श्रीः स्वयं समभवत्सकलेपि रङ्गे
सा केन वक्तुमपि शक्यतइत्युदीर्यम् ॥५॥

रत्न-जटित उज्ज्वल सिहासन पर अधिकारियो के निदेश से महर्षिजी के बैठने पर जो शोभा नाट्यशाला मे हुई उसका वर्णन कौन कर सकता है ॥ ५ ॥

एतन्निदेशगतमानववाङ्गिदेशै-
रध्याश्रितेषु निखिलेष्वपि मानवेषु ।

नानानिबन्धनपरापि सरस्वती सा
चित्तानि मन्त्रपदएव दधौ बुधानाम् ॥६॥

रङ्गशाला में महर्षि के प्रधान जनो के निर्देशो से महाशयो के बैठने पर नाना विषयो मे चलने वाली सरस्वती विद्वानो के चित्तो को मन्त्र विषयो की तरफ लगाकर शास्त्रार्थ का प्रस्ताव करने को पूर्णरूप से उद्यत हुई ॥ ६ ॥

मीमांसमानमपि कश्चिदलं बुधेशं
वैशेषिकाः प्रचुरवादपराः कथञ्चित् ।
किं तत्यजुर्न किल वेति ममापि चित्ते
शङ्कास्ति सत्वरजसां विकृतौ विनोदात् ॥७॥

उस रङ्गशाला मे प्रकृति विषय का शास्त्रार्थ छिडने पर मीमासा शास्त्र के जानने वाले एक पण्डित को पदार्थ विद्या मे प्रवीण वैशेषिक शास्त्रो के जानने वालो ने छोडा या न छोडा इस विषय मे मुझे भी कुछ शङ्का प्रतीत होती है ॥ ७ ॥

वेदान्तदर्शनपरैर्विहितं विवादे
जीवेश्वरैक्यकथनं विविधप्रमाणैः ।
नैय्यायिकाः प्रसभमेव विभागभेद-
वैशिष्ट्यतः प्रविलयं गमयाम्बभूवुः ॥८॥

जीव श्रैार ईश्वर के विषय मे अभेद बतलाने वाले नवीन वेदान्तियो को परस्पर विरोध के जानने वाले नैय्यायिको ने सूत्रो के प्रमाणो द्वारा पछाड़ा, जैसा कि आज तक उनके दिलो में नैय्यायिकों का डर विद्यमान है ॥ ८ ॥

केचित्प्रयोगविधिवादचणाः प्रकामं
नित्योप्यनित्यइति शब्दकृतप्रतिष्ठाः ।
पातञ्जले हृदयवर्तिनि सर्वमेव
जालात्मकं निजगदुः किल पुस्तकौघम् ॥६॥

शब्दशास्त्र-प्रवीण कोई वैय्याकरण महर्षि पतञ्जलि-प्रणीत व्याकरण महाभाष्य के हृदयगम होने पर नैय्यायिको के प्रस्तुत किये हुए शब्दो के अनित्यत्व विषय मे शब्दो की नित्यता को पूर्ण रूप से ठहरा कर आधुनिक कौमुद्यादि ग्रन्थो को जालरूप बतलाने लगे ॥ ९ ॥

एवं विवादमनुकुर्वति सज्जनौघे-
यावन्न निर्णयपणः प्रबभूव तावत् ।
विद्वज्जनाकलनकार्यगता समन्ता-
दाविर्बभूव नभसो नवकीर्तिराराात् ॥१०॥

इस प्रकार नाट्यशाला में छेड़ा हुआ शास्त्र विषय जब तक पूर्ण भी न हुआ था तभी तक विद्वानो के परिगणन के लिए चली हुई यशोरूप नटी आकाश-मार्ग से उतर कर महाशयो के सामने नवीन रूप से उपस्थित हो गई ॥ १० ॥

दृष्ट्वा समस्तभुवनाधिगमैरनन्तां
कीर्तिं नटीमिव समस्तगुणैरुदाराम् ।
तौर्यत्रिकोत्सवविधानपराः प्रचक्रुः
सर्वाणि तत्र करणानि जनाः प्रशस्ताः ॥११॥

उस अवसर में समस्त गुणो से उज्ज्वल और सम्पूर्ण भुवनो में व्याप्त होने से अनन्त यशोरूप नटी को सामने खडी हुई देखकर समस्त नाटक-पात्र अपनी अपनी क्रियाओ मे दत्तचित्त हो, समस्त साधनो से उद्यत होगये ॥ ११ ॥

सर्वेऽपि मध्यविषयं प्रविहाय तूर्णं
भागेषु रङ्गभवनस्य जनाः कथञ्चित् ।
गत्वापि नालऽमतएव दिशां निषेदुः
कोणेषु नूनमलभन्त यतः स्थलानि ॥१२॥

रङ्गशाला में जैसे तैसे महाशयो ने मध्यभाग को छोड उसके आस पास जाकर बैठना प्रारभ किया, परन्तु जब वहाँ पर भी स्थान न मिला तब दिशाओं के कोनो में बैठने का उद्योग करने लगे ॥ १२ ॥

लोके समस्तविषयानपहाय मूके
वीक्षाप्रतीक्षणपरे विदुषामधीशे ।
प्रादुर्बभूव नवनाटकसूत्रधारः
कोप्यद्भुतो भवनमध्यतलादुदारः ॥१३॥

उस समय मे मनुष्यो के मूक दत्तचित्त होने पर महर्षि के अनुरोध वश नेपथ्य से निकल कर अति मनोहर वष वाला सूत्रधार नान्दी कहने के लिए उद्यत होगया। (सूत्रधार नान्दी को पढता है, यह नियम है) ॥ १३ ॥

विश्वानि देव सवितुर्दुरितानि लोकान्
नूनं परासुव तथाऽऽसुव सर्वदेव ।
यद्भद्रमस्ति सकलं प्रविधेहि तन्नो-
यूथेष्विति प्रतिवदन्विरराम नान्दीम् ॥१४॥

हे परमात्मन्, आप इस लोक में सर्वदा दुष्ट भूतो को दूर करे और जो जगत् के कल्याणकारक सर्व सुखकारी पदार्थ हो उन्हे आप सर्वदा भेजा करे । ऐसी मन्त्रार्थ रूप नान्दी को पढकर सूत्रधार प्रस्ताव करने लगे ॥ १४ ॥

नान्दीपदे निगदिते विरतेपि पश्चात्
तत्सूत्रधारकथनान्निखिलं बभूव ।
निःशब्दमस्तामितमागमनादिशून्यं
यत्राजगाम नवकीर्तिनटी तदीया ॥१५॥

पहले नान्दी मन्त्र को पढकर पीछे प्रस्तावना करते हुए सूत्रधार के वचन से वह समस्त सभा-मण्डप शब्द-रहित और गमनागमन शून्य होगया। फिर वहाँ यशोरूपिणी नटी आगई ॥ १५ ॥

नानानियोगकुशलामनुवीक्ष्य चैनां
सर्वेपि मण्डपगृहागतसभ्यलोकाः ।

नैजेन्द्रियानुगमनोमयरङ्गशाला-
मध्यस्थतल्पसुखमन्वगमन्प्रसादैः ॥१६॥

इस यशोरूपिणी नटी को नाना प्रयोगो में चतुर देख मण्डप के अतर्गत सभ्यगण अपने इन्द्रियो द्वारा अनुगत मनोमय रङ्गशाला में जा जा कर बैठने लगे। अर्थात् एकाग्र चित्त होकर सुनने लगे ॥ १६ ॥

मञ्जीरमञ्जुवलयक्कणितानुरूपं
काञ्चीनिनादविलसद्गुरुमध्यशोभम्।
हारानुहारि तिलकार्चितरम्यवक्त्रं
तौर्यत्रिकं किमपि तत्समभूदनल्पम् ॥१७॥

अब यशोरूपिणी नटी का रूपकालङ्कार से वर्णन करते हैं। मंजीरों द्वारा सुन्दर कंकण ध्वनियो से मनोहर, काची शब्दो से अलकृत, हार से अनुहारि, तिलकयुक्त मुख से विभूषित, वह अद्भुत तौर्यत्रिक समस्त भारतवर्ष का विस्मयकारक होगया ॥ १७ ॥

यद्वीक्ष्य भैरवमिता निखिलापि नूनं
सा कापि सभ्यपरिषन्न चकार तत्र।
वार्तां मुखामुखि यथा लवमात्रतोपि
नेत्राणि भिन्नविषयान्तरमभ्युपेयुः ॥१८॥

जिस लीला को देख आश्चर्य्य को प्राप्त हुई महाशयो की सभा प्रत्यक्ष तो क्या, काना फूँसी में भी अपनी सब बातो को बन्द कर एकरूप से दत्त चित्त हो निश्चल होगई ॥ १८ ॥

अत्रान्तरे करगृहीतनवीनवेत्रो-
यः कञ्चुकी निखिलजर्जरबालनेत्रः।
पात्रं बभूव सुदृशामखिलस्य जन्तो-
स्तं सा नटी समभिगूहत हास्यवेशात् ॥१९॥

इसी अवसर मे हाथ मे [illegible] नया वेत्र लिए हुए अत्यन्त वृद्धावस्था से सफेद पलकोवाला कञ्चुकी निकल कर धर्मोपदेश देने के लिए आया, जिसे देख कर सब लोग अचम्भे मे रह गये। अभिप्राय यह कि शतपथ, गोपथ आदि ब्राह्मण ग्रन्थो में विचार होने लगा ॥ १९ ॥

सोपि प्रशस्तपरमात्मनिदेशभावं
तस्यै निवेद्य नवनायकबद्धभावम्।
लब्धाखिलप्रकरणानुगमः प्रतस्थे
तेनैव मार्गनिवहेन यथागतेन ॥२०॥

वह कञ्चुकी भी नायक के निर्देश से परमात्मा के समस्त भावो को उस नटी से कहकर समस्त विषयो से अपनी बातो को अनुगत देख धीरे धीरे उसी पुराने रास्ते से चला गया ॥ २० ॥

मध्ये विदूषकविभूषितमध्यदेशं
तन्नाटकं किमपि कल्पितमाबभूव।
यस्मिन्नितान्तपरिहासविकासवासा-
दाविर्बभूव निखिलापि सभा नवेव ॥२१॥

इसी बीच मे विदूषक द्वारा विभूषित मध्यदेश वह दयानन्द विजय नाटक ऐसा अद्भुत हास्यरस को दिखाने लगा कि जिससे समस्त सभ्यगण फिर भी नवीन से होगये ॥ २१ ॥

एवं बहूनि दिवसानि समस्तपात्री
नानामहैरनुगतानि विधाय हर्षात्।
लोकं समुद्ररशनाऽऽगतपत्तनोत्थं
विस्मापयन्ननु चकार परात्मभावम् ॥२२॥

इस प्रकार वह नाटकपात्री बहुत दिनो तक नाना प्रकार के उत्सवो से भारतवर्ष के समस्त नगरो से आये हुए महाशयो को विस्मित कर आप आनन्द में मग्न होगई ॥ २२ ॥

काले गते बहुतिथे मनुजार्थनाभि-
योगीश्वरोऽपि किल यामवदद्गिरं ताम्।
सर्वे विशुद्धहृदयान्तरदीपनाय
शृण्वन्तु भक्तिभरिताः किमतोऽन्यदेवम् ॥२३॥

बहुत दिन बीत जाने के बाद समस्त भारतवर्ष के महाशयो की प्रार्थना करने पर महर्षिजी ने भी वेद-मार्ग के अनुकूल जिस अमृत वाणी को कहा वह भी अपने मनो को प्रफुल्लित करने के लिए समस्त सभ्यगण सुनें ॥२३॥

श्राद्धं तदेव निगदन्ति महात्मवर्या
यस्मिन्परोपकरणाय जनोत्तमेषु।
सच्छ्रद्धया किमपि वस्तु तदर्थितं वा
विश्राणयन्ति मनसा वचसापि विज्ञाः॥२४॥

अब यहाँ से (७२) श्लोक पर्यन्त मृतक-श्राद्ध का खण्डन किया जाता है। इस ससार मे महात्मा जन श्राद्ध उसी को कहते है जिसमें अपनी श्रद्धा के अनुसार परोपकार की दृष्टि से अच्छे गुण वाले पुरुषो के लिए कुछ पदार्थ मन या वाणी के द्वारा दिया जाय ॥ २४ ॥

श्रद्धाविहीनमथ ये प्रददत्यनिच्छा-
विस्फूर्जितप्रतिमभावगताः कथञ्चित्।
सर्वं तदर्थगतमर्थफलं न सूते
शान्ताग्निकुण्डहुतवज्जडबुद्धिदत्तम् ॥२५॥

अविद्या के फदे में पडे हुए जो पुरुष दूसरो के कहने सुनने से श्रद्धा-रहित जड-बुद्धियो को दान देते हैं वह सब राख में हवन करने के समान कुछ फल नहीं देता। इस लिए विद्वानो को देना चाहिए। मूर्खों को नहीं ॥ २५ ॥

देशानुकूलमथ कालकलानुकूलं
पात्रे तपोगुणवति प्रतिदानशून्यम्।

यद्दीयते बुधजनैरुपकारबुद्ध्या
तच्छ्राद्धमित्यनुवदन्ति विपश्चिदग्र्याः ॥२६॥

विद्या और तप से युक्त पात्रो में अच्छे देश तथा काल में जो उपकार की बुद्धि से दान दिया जाता है उसे ही पण्डित जन सच्चा श्राद्ध कहते हैं ॥ २६ ॥

पिण्डादिकं बहुविधाय मनुष्यलोके
ये कुर्वते किमपि वेदमतानभिज्ञाः ।
ते सर्वमेव नरकोद्गमनप्रतीक्षा-
वीक्षापराः फलविहीनतयैव कृत्यम् ॥२७॥

वैदिक धर्म के न जाननेवाले जो पुरुष इस ससार में पिण्डादि बना कर कुकर्म करते हैं वह मानो नरक में जाने के लिए अपने आपही रास्ता ढूँढते हैं ॥ २७ ॥

दत्तं पुरा नु लभते जननेऽत्रदत्तं
जन्मान्तरे नु लभते किल जीवलोकः ।
मन्ये समस्तकथनेष्विदमस्ति सिद्धं
कुत्रापि नो मिलति दानफलं प्रयाते ॥२८॥

पूर्व जन्म में किये हुए कर्मो का फल जीव इस जन्म मे भोगता है और इस जन्म में किये हुए कर्मो का फल आगे भोगेगा । यह सर्व शास्त्र समत है परन्तु यहाँ का दिया हुआ लोकातर मे कोई दूसरा कदापि नहीं पा सकता ॥ २८ ॥

जीवेऽमरे वसनवद्वपुरप्यपास्य
देहान्तरं कृतिवशात्प्रगते न कोपि ।
तत्रास्य बान्धव इति व्यवहार एव
वेविद्यते कथमपि क्वचिदप्यशस्तः ॥२६॥

वस्त्र के समान शरीर को भी इस लोक मे छोडकर अमर जीवात्मा के लोकातर जाने पर उस जीवात्मा का यहाँ के पुरुषो से कुछ बान्धव-व्यवहार ही नही रहता है ॥ २९ ॥

कुत्रेदृशं वचनमस्ति बुभुक्षितास्ते
जन्मान्तरेपि गतजन्मगतैः प्रदत्तम् ।
भुक्तान्नपानवसनादिकमादरेण
तृप्यन्ति सर्वमिदमत्र जनैः प्रदिष्टम् ॥३०॥

दूसरे जन्म मे भी भूखे प्यासे जीवात्मा पहले जन्म के मनुष्यो के दिये हुए वस्त्र, जल, भोजन पाकर तृप्त हो जाते हैं—ऐसा वचन किस महर्षि के बनाये हुए पुस्तक में पाया जाता है ? किसी मे नहीं ॥ ३० ॥

नव्यानि कर्मवशतो जननानि लब्ध्वा
नव्येषु बान्धवजनेषु करोति सख्यम् ।
नव्यानि तत्र लभते सकलानि मन्ये
वस्तूनि दुग्धजलभोजनभाजनानि ॥३१॥

वह जीवात्मा यहाँ से चल, अपने कर्मो के वश से नवीन जन्म को पा, दूसरे जन्म में नये बान्धवो में प्रीति करलेता है और उस जन्म में समस्त दुग्ध, जल, अन्न, वस्त्र, पात्र आदि वस्तुओ को नवीन रूपसे ही पाता है ॥३१॥

प्रेतेतिशब्दकथनादपि तस्य लोकान्-
मन्ये प्रकर्षगमनं कविभिः प्रदिष्टम् ।
तच्चेत्कथं यदि कथंचिदपीह तस्य
सम्बन्धबन्धनफलं मनुजानुविद्धम् ॥३२॥

इस लोक मे बिलकुल सम्बन्ध को हटाकर लोकातर जाना ही प्रेत शब्द का अर्थ है । यदि उसका यहाँ के लोगो से सम्बन्ध रहा तो प्रेत शब्द का अर्थ कहाँ घटा ? यदि घटा तो उसका यहाँ के बान्धवो से सम्बन्ध नहीं रहता ॥ ३२ ॥

प्रेतः कथं यदि जलादिकवस्तुभोजी
नोचेत्क्व तर्हि विहितं जलदानकृत्यम् ।
अन्योन्यदुर्घटनमेतदलङ्करोति
सम्बन्धभञ्जनमनुग्रहनिग्रहाभ्याम् ॥३३॥

यदि वह जीव यहाँ के दिये हुए पदार्थों का अनुभव करता है तो प्रेत नहीं। यदि प्रेत है तो यहाँ के दिये हुए पदार्थ नहीं भोग सकता यह अन्योन्य दुर्घटना अनुग्रह तथा निग्रह से सम्बन्ध के तोडने में अपना जोर लगाती है ॥ ३३ ॥

लोकान्तरं यदि गते मनुजे प्रदत्तं
तद्बान्धवैरिह जलादिकमेति जन्तुः ।
देशान्तरं प्रति गते विफलैव तर्हि
पाथेयबन्धनकृतिर्मनुजैः प्रदिष्टा ॥३४॥

जो मनुष्य के मरने पर उसके बान्धवो से दिया हुआ पदार्थ उसके पास पहुँच जाता है तो देशान्तर को गये हुए पुरुष के लिए चबेनी आदि पदार्थों को बाँधने की कुछ आवश्यकता नही होनी चाहिए ॥ ३४ ॥

पाथेयबन्धनमिति प्रदिशत्यलं नो
जीवस्य पूर्वपुरुषैः सह सम्प्रयोगः ।
केनापि कारणवशेन भवत्यलं तत्
सर्वं नवीनमनुजैरिदमत्र सृष्टम् ॥३५॥

जा इस लोक मे देशान्तर को गये हुए पुरुष के साथ चवेनी आदि का प्रबन्ध किया जाता है यह इस बात को पूर्ण रूप से जतलाता है कि मरे हुए पुरुषो का पूर्व पुरुषो से कुछ सम्बन्ध नही रहता ॥ ३५ ॥

विद्युत्पथेन यदिदं मनुजैः प्रदिष्टं
देशान्तरे धनगतागतमेतदत्र ।

लोकान्तरे न तदपि प्रथितं कथञ्चि-
द्रूपान्तरेण न समक्षफलोपभोग्यम् ॥३६॥

जो इस लोक मे तार के द्वारा द्रव्य आदि पदार्थ देशान्तर के लिए भेजे जाते हैं वह इसी मर्त्य लोक के लिए है दूसरे लोको के लिए नहीं। वह भी एक रूप से दूसरे रूप मे बदल कर पाये जाते है, उसी रूप से नहीं ॥ ३६ ॥

पौराणिकोदरतडिद्यदि भोज्यजातं
लोकान्तरेपि मनुजेषु ददाति तर्हि ।
आकस्मिकान्यपि कथं न वसूनि मन्ये
तत्रैव विन्यसति मुग्धगुणा जनाली ॥३७॥

यदि श्राद्धभोजियो की पेटरूप बिजली यहाँ के दिये हुए भोज्य पदार्थो को तार के समान लोकान्तर को पहुँचा देती है तो उसी बिजली के रास्ते से यहाँ के जन, वस्त्र, पात्र आदि पदार्थो को उसी जगह पर क्यो नहीं पहुँचवाते ॥ ३७ ॥

नैवेश्वरानुमतिभिन्नतया कदापि
तोयाग्निवायुषु हुतं तनुते फलानि ।
चेदस्ति तर्हि निगमेषु कथं न मृग्या
सा तस्य सम्मतिरलं बहुभिः प्रमाणैः ॥३८॥

ईश्वरोक्त वेद की विरुद्धता से जो कोई पदार्थ, अग्नि, वायु और जल में फेका जाता है वह कदापि फलदायक नही होता। यदि होता हो तो वेद-विरुद्ध काम करने के लिए भी वेद का प्रमाण मिल जाना चाहिए ॥ ३८ ॥

अग्निप्रदत्तघृतमिष्टपदार्थजातं
वेदोदितेन विधिना परमेश्वरेण ।
भूवायुशुद्धिवशतो यदनुप्रदिष्टं
तद्भौतिकाग्निवचनं निगमे विलोक्यम् ॥३६॥

परमेश्वर ने वेद के द्वारा जो हवन वायु की शुद्धि के लिए बतलाया है वह भी भौतिक अग्नि के द्वारा बन सकता है, वैद्युत अग्नि से नहीं। इसलिए अग्नि भी परमात्मा के नियुक्त कामों मे ही सहायक बन सकता है, औरो में नहीं ॥ ३९ ॥

यागादिकोपि परमेश्वरशासनेन
वेदेन चेदहरहः क्रियते मनुष्यैः ।
सोपि प्रशस्तपरलोकपलोपधायी
नो लभ्यते निगमवर्त्मनि मार्गितेपि ॥४०॥

यह जो यज्ञ करने का विधि ईश्वरोक्त वेद के द्वारा प्रति दिन किया जाता है वह भी दूसरे जन्म मे जाकर फल देने वाला नहीं माना जाता, प्रत्युत पुत्र पौत्रादि रूप में उसका भी फल यहीं भोगना पडता है ॥ ४० ॥

वेदेतरेषु यदि तद्वचनानि नूनं
ग्रन्थेषु तानि परतो न निसर्गभावात् ।
प्रामाण्यवादपरकाणि मतानि सर्वै-
रस्मान्न तत्कथनमस्ति मतं मतं मे ॥४१॥

जो वेद से भिन्न ग्रन्थ ब्राह्मणादिकों मे परलोक विषयक यज्ञ करने का विधान पाया जाता है वह उन ग्रन्थों के परतः प्रमाण से स्वय प्रमाण के योग्य नहीं माना जाता, प्रत्युत वेद के अनुकूल होने से ही उन ग्रन्थों का प्रमाण मानने योग्य है इसलिए मै उन ग्रन्थों के प्रमाण को कदापि नहीं मान सकता ॥ ४१ ॥

सर्वे धनञ्जयमुखाः परमेश्वरेण
स्वे स्वे नियोगकरणे नितरां नियुक्ताः ।
भाग्योपलब्धनिजकार्यविधानएव
कालं नयन्ति कथमप्यपराधभीताः ॥४२॥

जितने अग्नि, वायु, रवि, चन्द्रादि पदार्थ हैं वे सब ईश्वर के आज्ञानुसार अपनी अपनी क्रियाओं में लगे हुए भाग्यवश से पाये हुए अपने अपने कामों को करते हैं। ईश्वर की आज्ञा के बिना कोई भी स्वतन्त्रता से काम नहीं कर सकता ॥ ४२ ॥

भानुः स्वकालपरिमाणवशाज्जडोपि
भूगोलमण्डलपरिभ्रमणे नियुक्तः ।
नैजैर्मयूखनिचयैः सलिलानि लोका-
ल्लोकान्तरं नयति सर्वशएव साक्षात् ॥४३॥

जड सूर्य्य भी प्रत्यक्ष ही सब प्रकार से ईश्वर की आज्ञा का पालन करता हुआ प्रति दिन पृथिवी का जो गोल मण्डल है उसके आस पास भ्रमण में लगा हुआ अपने नियत समय मे किरणों के द्वारा भूलोक से जल के किरणों को भुवर्लोक में पहुँचवाता रहता है ॥ ४३ ॥

नैसर्गिकी यदि रवेर्जलजातमात्रे-
ष्वादानशक्तिरवधानपरास्तिशङ्के ।
दत्तं कराञ्जलिजलं कथमाप्य तुष्टो-
नूनं भविष्यति स दीप्तमयूखभूमिः ॥४४॥

जो सूर्य मे स्वभाव से ही जल के खींचने की शक्ति है तो वह चुल्लू में भरकर दिये हुए पानी से किस तरह तृप्त हो सकता है? कदापि नहीं ॥४४॥

नैवेदृशं मिलति वाक्यमपीह वेदे
देयं कराञ्जलिजलं मनुजैः प्रभाते ।
रात्रेर्मुखे च तदहो विफलन्नु तस्मै
तत्तोयदानकरणं जगति प्रदिष्टम् ॥४५॥

प्रातःकाल और सायङ्काल सूर्य के उद्देश्य से जल को देना किसी भी वेद-मन्त्र से सिद्ध नहीं होता। इस लिए यह ढग विफल ही समझना चाहिए ॥ ४५ ॥

कुत्रापि पाकमुपलम्भयता परत्र
तापं नितान्तमुपयोजयता स्फुटैव ।
सन्दर्श्यते नियमसङ्गतिरात्मदत्ता
सूर्येण सर्वभुवनोदरदीपकेन ॥४६॥

इस लोक में प्रकाश करनेवाला सूर्य फलादि वस्तुओ में परिपाक को दिखलाता हुआ प्रत्यक्ष बतला रहा है कि मैं ईश्वर की प्रेरणा से समस्त पदार्थों को घटाता बढाता हुआ अपना काम कर रहा हूँ ॥ ४६ ॥

तस्यैव रश्मिषु जलोद्धरणादिशक्ति-
र्नाग्नौ न विद्युति न मानसवह्निभेदे ।
सृष्टा चकास्ति तदहो मनुजैर्मुधैव
सामान्यलोकजठराग्निषु हूयतेऽन्नम् ॥४७॥

ईश्वर ने जल आदि पदार्थों के खींचने की शक्ति केवल सूर्य के ही किरणो में दी है। अग्नि, बिजली आदि मे नहीं कि जो इस लोक से दूसरे लोक में चीज पहुँचा दे । इसलिए सामान्य जनो की पेटरूपी अग्नि में पदार्थ डालना व्यर्थ ही है ॥ ४७ ॥

सामान्यदानपरकं यदि भोजनादि
सन्दीयते निजफलागमवाञ्छयात्र ।
तस्मिन्न कोपि विधिरस्ति निषेधको वा
सर्वत्र विस्तृतिमियं कथना गतैव ॥४८॥

जो भद्र पुरुष अपने लिए सामान्यतया दान की इच्छा से ब्राह्मण-भोजन कराते हों तो इसमें न विधि है, न निषेध है, क्योंकि अपना दिया हुआ आपही पाना माना जाता है। वह दान सामान्यतया सबही दीन जनों को देना उचित है ॥ ४८ ॥

पञ्चत्वमास्तवति पञ्चकसंप्रसूते
पञ्चाग्निसेविनि दशेन्द्रियभावभूते ।

देहे समस्तपरमाणुविशीर्णरूपे
कस्मै प्रदेयमिह सम्प्रति तोयदानम् ॥४६॥

पाँच तत्त्वो से बने हुए पाँच अग्नियो के सेवन करने वाले पाँच ज्ञानेन्द्रिय और पाँच कर्मेन्द्रियो से युक्त मनुष्य देह के पञ्चत्व होने पर कहिए किसके लिए जलदान दिया जाय ? ॥ ४९ ॥

तोयेषु तोयपतनं न फलानुबन्धि
किं वा करिष्यति फलं विफलोऽग्निरेकः ।
कोऽर्थो भविष्यति गवां गवि योजनेन
भिन्नेषु पञ्चसु नियोजकसूचनाभिः ॥५०॥

यदि जल में जल गिरा दिया जाय तो क्या फल होगा ? यदि अग्नि को जल दिया तो सिवा बुझने के और क्या होगा ? यदि पृथिवी के परमाणुओ को उनसे जोड दिया जाय तो जड पदार्थ क्या कर सकता है ? इसलिए मरने के बाद जल आदि पदार्थों का देना सर्वथा व्यर्थ है ॥ ५० ॥

जीवोऽमरः प्रकृतिबन्धनमाप्य मन्ये
यावन्नु तिष्ठति जडं बहुयोनिभेदैः ।
भूमेस्तले तदवधि प्रतिभाति देही
भिन्नस्ततो निजफलानि समीहते नु ॥५१॥

अमर जीवात्मा जब जब जड रूप प्रकृतियो के बन्धनो को प्राप्त हो जाता है तभी देही कहाता है । उससे भिन्न होकर अपने कर्मो का फल अनुभव करता है ॥ ५१ ॥

अन्धन्तमः प्रतिविशन्ति भवन्ति ये ये
सम्भूतिसंश्रयपरा इति वेदमन्त्रः ।
किं संवदत्यविरतं न समीक्ष्यते किं
विद्वद्वरैरहरहः क्रियते यदेतत् ॥५२॥

---

१ पार्थिवपरमाणूना पार्थिवपरमाणुसमूहे ।

जो जो पुरुष जड पदार्थ का सेवन करते है वह अन्धतम को प्राप्त होते हैं। यह वेद मन्त्र का अर्थ क्या आप लोगो ने नहीं सुना ? यदि सुना होता तो फिर जड देह के उद्देश्य से क्यो जलदान देते हो ? ॥ ५२ ॥

कर्मानुबन्धिनि फले गतचेतनानां
केषां न सिध्यति गतागततारतम्यम् ।
तच्चेन्न तर्हि विफलं नु मनुप्रदिष्टं
लोकान्तरानुगमनं मनुजस्य शङ्के ॥५३॥

फल के कर्मानुरूप होने पर मरे हुए किन पुरुषो का आवागमन सिद्ध नहीं होता ? यदि होता है तो मनुस्मृति मे कहे हुए लोकातर की प्राप्ति सिद्ध है ॥ ५३ ॥

सूक्ष्माणि कर्मपरिपाकफलानि सूक्ष्मे
जीवात्मनि प्रतिभवन्तु न मे विषादः ।
दृश्यानि भोज्यकवलानि कथं प्रयान्ति
रूपान्तरं प्रतिगतेऽणुनि जीवरूपे ॥५४॥

सूक्ष्मरूप कर्मो के फल सूक्ष्मरूप जीवात्मा के साथ जायँ इसमे कुछ आश्चर्य नहीं। क्योकि सूक्ष्म पदार्थ सूक्ष्म पदार्थ के साथ मिलाही करता है। परन्तु मोटे मोटे ग्रास सूक्ष्म जीवरूप के साथ किस प्रकार जाते है ? यह बडे आश्चर्य की बात है ॥ ५४ ॥

विद्यातपोनिधिनिभेषु हुतं नितान्तं
विप्राननाग्निषु सुदुर्गपथान्मनुष्यान् ।
निस्तारयेदिति वचो मनुना प्रणीतं
रूपान्तरेण विनियोज्यमितीह भेदः ॥५५॥

जो कि मनुस्मृति में "विद्वानो को देना पापों से छुडाता है" ऐसा वचन लिखा है वह यों लगाना चाहिए कि उनको धन, वस्त्र, अन्नादि देकर विद्या का ग्रहण करना, विद्या होने से ज्ञान, ज्ञान होने से पापों से बचना स्वतः सिद्ध है ॥ ५५ ॥

विद्वद्व्रजादधिगता बहुभिः प्रयासै-
विंद्येति या जनवरैरनुमोदिताऽऽस्ते ।
सैवामरत्वमजरत्वमलं तनोति
निस्तारयत्यपि च दुर्गपथान्मनुष्यान् ॥५६॥

नाना परिश्रमों के द्वारा विद्वानों से ग्रहण की हुई एक विद्या ही मनुष्यों को अजर, अमर बनाकर दुःखों से छुडाती है और कोई नहीं ॥ ५६ ॥

दिष्टं न वेदविषये ऋषिभिर्न सृष्टं
दृष्टं न धर्मसदनेष्वपि यत्कथं स्यात् ।
प्रामाण्यमस्य मनुजैः परिकल्पितस्य
श्राद्धस्य मन्दमतिमद्भिरलं कृतस्य ॥५७॥

वेद में जिसका नाम नहीं, ऋषियों ने जिसको कहा नहीं, धर्मशास्त्र में जिसको लिखा नहीं, ऐसे अज्ञ जनों के द्वारा चलाये हुए मृतक श्राद्ध को किस प्रकार सिद्ध माना जाय ? ॥ ५७ ॥

युक्तिर्न यत्र विषये बुधकल्पितास्ते
मुक्तिश्च दूरतरमेव यतः परास्ते ।
तस्मिन्गतं यदि मनो विषये ततः किं
वेदादिशीलनफलं विफलं समस्तम् ॥५८॥

जिस विषय में विद्वानों की सम्मति नहीं, मुक्ति का पता नहीं, ऐसे मृतक-श्राद्ध में यदि मन लगता हो तो विद्याभ्यास का होना व्यर्थ ही है ॥ ५८ ॥

विद्याविहीनमतिमन्दमदान्धलोकै-
रात्मम्भरित्वमुपचर्य मनुष्यलोके ।
विस्तारितं मिषमिदं प्रभवेत्सुखेन
यस्मादनल्पजठरानलहोम इत्थम् ॥५९॥

यह जो मृतक श्राद्ध है सो केवल विद्याहीन मूर्खों ने दुनिया मे पेट भरने का बहाना बनाया है जिससे उदर पोषण होता रहे ॥ ५९ ॥

नूनं विचारविपर्योयमिहास्ति लोके
कर्मानुबन्धनपरः पुनरस्य पिण्डैः ।
सन्तर्पणापरिकरः कथनानिबन्धो-
नो यौगपद्यमिदमत्र चकास्ति रम्यम् ॥६०॥

यह जरा विचार करने की बात है कि कहाँ तो यह कहना कि जीवात्मा कर्मो के बन्धनो में फँसा हुआ जन्म लेता है और कहाँ फिर चावलो के पिंडो से उसका श्राद्ध तर्पण करना ये दोना बाते एक साथ नहीं बन सकतीं ॥६०॥

संस्कारविध्यनुमतं नरमेधयज्ञं
कृत्वा न कापि कृतिरेव दिवङ्गतस्य ।
जीवस्य नैगमगतास्ति कुतोत्र लोके
कर्माणि तस्य कलयन्ति जनाः सुमन्दाः ॥६१॥

संस्कारविधि के अनुकूल नरमेधयज्ञ करके मरे हुए शरीर के उद्देश्य से कोई कर्म करना वेद में लिखा ही नहीं है। फिर अज्ञ जन क्यो पिण्डादि दिया करते हैं ॥ ६१ ॥

नो जाङ्गलो नरपथो न नदी न तप्ता
सा वालुका न किल वत्सरगम्यमार्गः ।
जीवेऽमरे भवति तत्क्षणलब्धदेहे
सर्वं पुराणमनुजैरिदमत्र सृष्टम् ॥६२॥

अमर जीवात्मा के कर्मानुसार उसी समय में गर्भ के अन्दर या अंतरिक्षस्थ वायु मण्डल में जाने पर न कही जङ्गल का रास्ता, न कहीं वैतरणी नदी, न कहीं गरम रेत, न कही साल भर का रास्ता पड़ता है। ये सब बाते लोगों ने बनाली हैं ॥ ६२ ॥

जीवः शुभाशुभवशेन निजोद्गतेन
नानाफलानुगतजन्मफलानि भुक्त्वा ।

स्वैरेव कर्मपरिपाकफलैरनन्तै-
रात्मानमाविशति कर्मफलानुरूपम् ॥६३॥

जीव अपने किये हुए कर्मों के वश, नाना प्रकार के कर्मों के फलों को भोगकर, अपने अनन्त कर्मों के परिपाक फल से कर्मफल के अनुरूप देह में प्रविष्ट हो जाता है ॥ ६३ ॥

चिच्छक्तिमानपि जडप्रकृतिप्रसक्तो-
जीवोवकाशवति दुःखमये प्रकोष्ठे ।
मृत्योरनन्तरमवश्यमनुप्रयाति
कर्मानुबन्धपरिपाकवशेन मातुः ॥६४॥

चेतन शक्तिवाला भी जीव जडरूप प्रकृति के बन्धनो में फॅसकर एक शरीर छोडने के बाद, अपने कर्मों के वश, आकाश के समान, माता के गर्भाशय मे प्रविष्ट हो जाता है ॥ ६४ ॥

तत्रापि वेदमितमासदिनान्तएव
मातुश्चलत्ययमलं जठरे प्रविष्टः ।
निर्गत्य मासि दशमे पुनराप्य लोकं
तेष्वेव रज्यति सुहृज्जनबान्धवेषु ॥६५॥

उस गर्भाशय में भी चार महीने के मास पिंड में प्रविष्ट हो माता के उदर मे खूब फडफडाता है और कर्मों को याद करता है। वहाँ से दश महीने में जन्म लेकर फिर अपने उन्हीं बाँधवो में (जिनमें कि जन्म लिया है) प्रीति-पूर्वक वर्ताव करता है ॥ ६५ ॥

मानुष्यमेति यदि तर्हि गृहे तदीये
ये बान्धवाः सपदि ते सुत इत्यवेक्ष्य ।
सर्वामपि प्रतिपदं जनयन्ति तस्य
सेवामहो जगति रीतिरियं प्रसिद्धा ॥६६॥

यदि वह जीव मनुष्य के यहाँ जन्म लेता है तो जिसके जन्म लेता है उसके जितने बान्धव है वे पुत्र जान कर उसकी सेवा करने के लिए उद्यत हो जाते है। यह ससार मे स्पष्ट है ॥ ६६ ॥

गोत्वं यदाशु लभते निजकर्मवेगा-
त्तत्रापि दुग्धजलबालतृणानि भुङ्क्ते ।
शेते वसत्यनुवदत्यनुमोदते वा
तेष्वेव बान्धवजनेषु कृतानुबन्धात् ॥६७॥

यदि निज कर्मो के अनुसार पशुता को प्राप्त होता है तो वहाँ भी दूध, पानी, घास पाया करता है और वही सोता है, बैठता है, बोलता है और प्रसन्न होता है ॥६७॥

एवं पतङ्गकृमिकीटभवेषु नाना-
मार्गेषु तत्तदुपसाधनभूषितेषु ।
जीवो जगत्यनुदिनं जनने मृतौ वा
तिष्ठन्प्रयाति भुवनेषु कृतैः स्वकृत्यैः ॥६८॥

इस प्रकार उन उन सामग्रियो से सुन्दर पतग, कृमि आदि जन्य नाना मार्गो में रहता हुआ जीव प्रति दिन ससार म जन्म या मरण-रूप से आवागमन मे फँसा हुआ अपने किये हुए कर्मो से नाना लोको म घूमता रहता है ॥ ६८ ॥

अत्यन्तनीचतरकर्मवशेन लोके
वृक्षाभिधामपि गतिं समवाप्य शङ्के ।
रूपान्तराणि परिवर्तयते समन्ता-
ज्जीवोयमीश्वरफलानुगमैरुपेतः ॥६९॥

अत्यन्त नीच कर्मो के वश से वृक्षरूपता को प्राप्त होकर ईश्वर के दिये हुए अपने कर्मो का फल भोगता हुआ जीव नाना रूपो में आया जाया करता है ॥ ६९ ॥

लोके रथाङ्गपरिवर्तिनि लक्षशोत्र
जीवो गतागतफलानि समापयन्सन् ।
मुक्तिं न याति यदि याति तदान्तरिक्षे
सूक्ष्माणुभिः सह स तिष्ठति वातबद्धः ॥७०॥

रथ चक्र के समान चलते फिरते इस ससार मे जीव लाखो योनियो में आवागमनो के द्वारा आता जाता हुआ पहले तो मुक्ति को प्राप्त ही नहीं होता और जो होता भी है तो वायु रूप मे सबद्ध होकर अतरिक्ष के बीच परमाणुओ के साथ रहा करता है ॥ ७० ॥

एवं वदत्यखिलयोगपतौ समस्ता
विद्वद्गणैरुपचितापि सभावतस्थे ।
विश्रान्तवीचिरधरीकृतसर्वतोया
वेलेव सागरवरस्य विमूकभावात् ॥७१॥

महर्षिजी के ऐसे कहने पर नाना विद्वानो से भरी हुई वह सार्वभौम सभा गम्भीर समुद्र-वेला के समान शान्ति को प्राप्त होगई ॥ ७१ ॥

वेदान्तरे जवनिकापतनाय संस्थे
विश्रम्य नागदलचर्वणदत्तचेताः ।
नानादिदृक्षुजनसंशयनिर्णयाय
योगी जगाद पुनरप्यपरां गिरं ताम्[१] ॥७२॥

कुछ देर के बाद दूसरे वेद का पर्दा बदलने पर वह महर्षि पान खाने से अपना परिश्रम दूर कर नाना विद्वानो का सशय दूर करने के लिए फिर भी अमृतरूप व्याख्यान देने लगे ॥ ७२ ॥

तीर्थं तदेव निगदन्ति बुधाः प्रशस्तं
वेदानवाप्य सकलाङ्गपरान्नु यस्मिन् ।

---

१ तां प्रसिद्धाम् ।

मृत्योर्मुखाच्च्युतिमवाप्य विमुक्तदुःखो-
जीवोमरत्वमुपयाति निरस्तदोषः ॥७३॥

पण्डित जन तीर्थ उसी को कहते हैं जहाँ पर जाकर छ अङ्गो सहित चारों वेदों को पढकर, निरस्तदोष जीव मृत्यु के डर से छुटकारा पा, अमर पदवी को प्राप्त हो जाता है। ऐसा स्थान केवल गुरुकुल ही हो सकता है ॥ ७३ ॥

गङ्गादिसङ्गमपयोधिजलेषु यर्हि
तीर्थत्वबुद्धिमधिगम्य जनोऽमरः स्यात्।
मन्ये न कोपि भुवनेषु नदानुतिष्ठे-
त्तिष्ठेच्च तर्हि न फलोपगमः समेयात् ॥७४॥

गङ्गा आदि नदियों के सगमों में तथा समुद्रों में जो तीर्थ बुद्धि से स्नान करके मनुष्य अमर हो जाय तो सारा ही भारतवर्ष अमर पदवी को प्राप्त होना चाहिए। यदि नहीं होता तो इन तीर्थों का माहात्म्य विफल मानना चाहिए ॥ ७४ ॥

गङ्गेति नाम कथनेन जनो यदि स्या-
न्मुक्तः शतैकमितयोजनतोपि मन्ये ।
नाना नदीनदपयोनिधिकीर्तनेन
सर्वेपि मुक्तदुरिताः प्रभवेयुरारात् ॥७५॥

जो मनुष्य एक गङ्गा के नाम लेने से ४०० चार सौ कोस पर बैठे हुए भी मुक्ति को प्राप्त हो जाय तो सारे भारतवर्ष मे फैली हुई नर्मदा आदि और नदी तथा शोणभद्र आदि नद और समुद्रों के नाम से तो फिर पृथिवी मनुष्यों से सर्वथा खाली होजानी चाहिए ॥ ७५ ॥

तीर्थोपकण्ठगतपत्तनमानवाना-
मेकान्ततः प्रतिगतेऽविफलेऽमरत्वे ।
कुत्राकृतं क्व विकृतं क्व कृतं क्व सत्यं
पाप क्व पुण्यमपि कुत्र शुभाशुभं क ॥७६॥

जो तीर्थों का माहात्म्य सच्चा है तो उनके आस पास बसे हुए ग्रामों में रहने वाले मनुष्यों को एक तरफ से मुक्ति हो जाने पर सब बस्तियाँ उजाड हो जानी चाहिए और फिर अच्छा-बुरा, पाप-पुण्य, करा-धरा, कुछ भी नहीं होना चाहिए ॥ ७६ ॥

कालं यमाप्य किल तीर्थमतिर्जलेषु
लोकैः कृता तदवधेरहहप्रकामम् ।
दारिद्र्यदुःखभयशोकविमोहयोगाः
प्रादुर्बभूवुरतिमन्दमतिप्रयोगाः ॥७७॥

जब से भारतवर्ष मे मनुष्यो ने जल में तीर्थ बुद्धि की है तभी से नाना मतो का समावेश, दरिद्रता, भय, रोग, शोक, मोह अधिक बढने लगे हैं ॥ ७७ ॥

सत्यानि तातगुरुमातृपदोदकानि
तीर्थानि मूढमतिभिः प्रविहाय लोके ।
कुण्डोदकेषु बहुकोलविलोडितेषु
तीर्थत्वबुद्धिरधुना विहिता ततोदः ॥७८॥

जबसे अज्ञानी मनुष्यो ने सच्चे माता, पिता, गुरु की सेवा छोड कर तालाबो के पानी में तीर्थ-बुद्धि की है तभी से नाना पापो का प्रादुर्भाव हो गया है ॥ ७८ ॥

मिथ्याप्रशस्तियुततीर्थजलोपकण्ठे
वासानवाप्य सुलभोदरपूरणार्थान् ।
विद्या समस्तसुखदा मनुजैर्विसृष्टा
लब्धा च दीनतरहीनगतिः समन्तात् ॥७९॥

झूठी प्रशसाओ से युक्त तीर्थो के ऊपर अपना निवास बनाकर लोगो ने अपनी वेद विद्या को छोड और मागने खाने पर कमर बाँधली इसीसे वे प्रति दिन विद्या-हीन, दरिद्र और दुःखी होते जाते हैं ॥ ७९ ॥

मिथ्यैव कल्पितमिदं प्रतिभाति लोके
तोयेषु तीर्थमनन न बुधैः कदापि ।
विश्वासबुद्धिमधिगम्य विवेचनीयं
बोध्यञ्च सर्वनरकोदयगोपुराभम् ॥८०॥

जलों में तीर्थ-बुद्धि की कल्पना मिथ्या ही है। विद्वान ऐसा नहीं मानते। इसीलिए आर्य जन इसमें विश्वास न करे और सम्पूर्ण नरकों का दरवाजा इसे जान इससे सर्वदा बचे रहे ॥ ८० ॥

अद्भिर्वपूंषि विमलानि भवन्ति सत्यै-
श्चेतांसि भूतपदवाच्यमिदं शरीरम् ।
विद्यातपोबलवशाद्धिषणाविशिष्ट-
ज्ञानेन शुद्धिमुपयाति न तीर्थतोयैः ॥८१॥

शुद्ध जल से शरीर, सत्य से चित्त, विद्या और तप से भूतात्मा और ज्ञान से बुद्धि शुद्ध होती है, तीर्थ जल से नहीं ॥ ८१ ॥

यस्मिन्कृताप्लवन एष मनुष्यलोको-
देवे नियोजितमनाः प्रभवत्यलन्तत् ।
तीर्थं न तीर्थमिदमस्ति जलैः प्रपूर्णं
यन्मध्यगाः सुमतयो मरणं लभन्ते ॥८२॥

जिसके बीच में स्नान करके मनुष्य ईश्वर में दत्त-चित्त होता है बुद्धिमान् जन उसी को तीर्थ कहते हैं। जहाँ पर स्नान करते करते आपही डूब जाय ऐसे कुण्डों के पानी को तीर्थ नहीं कहते ॥ ८२ ॥

लब्ध्वापि मानवशरीरमिदं प्रशस्तं
ये मानवा निगममार्गमपास्य लोके ।
याहच्छिकान्यभिसरन्ति मतानि तेऽरं
नाशम्प्रयान्ति किमतःपरमत्र वाच्यम् ॥८३॥

इस संसार में जो हजारो वर्षो के कमाये हुए पुण्यो के बदले में पाये हुए इस मनुष्य देह को जैसे तैसे पाकर वेदोक्त कर्मो को नहीं करते और यथेच्छ नाना मतो का अवलम्बन करते हैं वे सर्वथा नाश को प्राप्त हो जाते हैं ॥ ८३ ॥

एवं निरस्तबहुतीर्थपथः स योगी
लोके पुराणकथनामपि नाशमूलाम् ।
मत्वा तदुन्मुखमपि स्वमनः प्रचक्रे
चक्रे च खण्डनमलं निजवाग्विनोदैः ॥८४॥

इस प्रकार पूर्णरूप से तीर्थो की लीला का खण्डन कर महर्षि ने इस संसार में पुराणो की कथाओ को भी नाश का मूल समझ कर व्याख्यान देते समय उनका खण्डन किया ॥ ८४ ॥

येयं पुराणरचना मनुजैर्नवीना
विख्यापितास्ति भुवने नरकप्रधाना ।
सापीदृशं विषयभावफलं प्रसूते
यत्प्राप्य मानवशरीरमिदं न यायात् ॥८५॥

नरको में ले जाने वाली यह जो पुराणो की नवीन रचना मनुष्यो ने इस संसार में फैलाई है वह भी ऐसा बुरा फल देती है जिसको प्राप्त हो मनुष्य कदापि मनुष्य-जन्म नही पा सकता ॥ ८५ ॥

ऋष्यादिसज्जनमिषेण नवानि तेषु
वाक्यानि वेदविधिभेदपराणि यत्नात् ।
विन्यस्य पूर्वऋषयोपि कलङ्कलिप्ताः
किं नो कृताः कपिलदेवमुखा विमूढैः ॥८६॥

उन पुराणों में यत्नो से वेदो के विरुद्ध वचनो को नवीन रूप से रख कर नाना ऋषियो के नामो को कलंकित करने के लिए क्या मूर्खो ने बीडा नहीं उठाया है ? ॥ ८६ ॥

---

१ जीव इति शेष ।

वेदान्तदर्शनकरः क्व मुनीश्वरोसौ
व्यासः क्व भागवतलेखकवोपदेवः ।
मन्दैरमन्दचरितोपि समं प्रयुक्तो-
मन्येऽसमानरचनापटुभिः पुराणैः ॥८७॥

वेदांतदर्शन के बनाने वाले कहाँ महर्षि व्यास और कहाँ भागवत का बनाने वाला वोपदेव ! तथापि अज्ञो ने उन दोनो की रचनाओ मे भेद न जानकर वोपदेव की रचना को व्यासजी के नाम से प्रसिद्ध कर दिया ॥ ८७ ॥

कृष्णं शिवं हरिमुखानपि राजवर्यान्
मिथ्यावचोभिरभितः परिवेष्टयन्ती ।
शङ्के परस्परविरोधवशान्नितान्तं
विश्वं निपातयितुमेव पुराणदीक्षा ॥८८॥

शक्ति, शिव, हरि इनको भी पौराणिको ने झूठा दोष लगा लगा कर दुनिया मे विद्वेष बढाने की गरज से कहीं शिवपुराण, कहीं विष्णुपुराण बना कर तैयार कर दिया ॥ ८८ ॥

वेदोदितं विलयमेव जगाम सर्वं
पापोदयः प्रतिपदं प्रजगाम वेगम् ।
नाशं गता ऋषिमुनीशपरम्परा सा
कालाद्यतः किल नवीनकृतिर्बभूव ॥८९॥

जब से इस भारतवर्ष मे नवीन पुराणो का प्रादुर्भाव होने लगा तभी से वेद का प्रचार उठ गया, प्रति दिन पापो का उदय होने लगा, ऋषि-मुनियो की चलाई हुई प्रथा नष्ट हो गई ॥ ८९ ॥

वक्तव्यमस्ति किमतः परमत्र लोके
वर्णाश्रमादिरचनैव मनुप्रदिष्टा ।

नीता लयं पुनरिदं जगदप्यनन्तम्
सम्प्रापितं नवमतानुगतैः पुराणैः ॥९०॥

इससे अधिक क्या कहना है कि इस ससार में मनुस्मृति में बतलाई हुई वर्णाश्रमो की व्यवस्थाही इन नये पुराणों ने नाश कर दी। भारतवर्ष को भी उच्च पदवी से पाताल मे गिरादिया ॥ ९० ॥

कुत्रापि कंसचरितं क्वचिदप्युपात्तं
रामादिमानवकृतेरनुवर्तनं तत् ।
गोपीविलासकरणं दधिचौर्यलीला
कुत्रापि चीरहरणादिकमप्रशस्तम् ॥९१॥

इन पुराणो में कहीं रामलीला, कहीं कृष्णलीला, वर्णन कर सारे विश्व को बहका दिया। कस का युद्ध, दही का चुराना, चीरों को लेकर वृक्षो पर चढ जाना, यह कृष्ण का माहात्म्य वर्णन कर अच्छा काम नहीं किया ॥ ९१ ॥

एवं समस्तमनुजैर्निजकर्मदीक्षा-
मुक्ता पुराणकथनानुगतिः प्रदिष्टा ।
लोके यतः समभवत्तत एव मन्ये
नाशो मुनीश्वरगिरामतिबुद्धिगम्यः ॥९२॥

जबसे भारतवर्ष में पौराणिक-लीलाये फैलने लगी तबसे मनुष्य अपने अपने कर्मों को छोडकर कुकर्मों में लगने लगे और तभी से ऋषि-प्रणीत ग्रन्थो का पठन पाठन का क्रम कम होगया ॥ ९२ ॥

वैधव्यवर्धनपरामपि काञ्चिदत्र
लोके नवीनरचनामपरेण पुंसा[1] ।
निर्माय सर्वजगतीतलतो नियोगो-
निर्वासितः प्रतिगतोस्ति दिशाम्मुखेषु ॥९३॥

---

१ पातालम् । २ काशीनाथेन ।

एक काशीनाथ ने वैधव्य की वृद्धि के लिए एक 'शीघ्रबोध' पुस्तक को बनाकर इस देश से नियोग को दूर कर दिया। इसीलिए आज कल विधवाओं की अधिकता होने लगी ॥ ९३ ॥

किं किं ब्रवीमि चरितं नववाक्यभाजां
मिथ्याभिचारवचनैरभिपूरितानाम् ।
वाक्येषु विश्वसनमेव पुराणनाम्नां
नो कार्यमार्यपदवीं प्रगतैर्मनुष्यैः ॥९४॥

पुराणों का चरित्र मैं कहाँ तक वर्णन करूँ। यही कहना उचित है कि इनके बनाये हुए पुराणों में आर्य पुरुषों को कदापि विश्वास नहीं करना चाहिए ॥ ९४ ॥

यद्दर्शनादपि मतिर्विमतित्वमेति
चित्तं विकारमुपयाति वचोपि भेदम् ।
सा दूरतः कविजनैरलमाशु हेया
सर्वा पुराणचरितानुगता कथापि ॥९५॥

जिनके दर्शनों से मति भ्रष्ट हो जाती है, मन विकार को प्राप्त होजाता है, वाणी मिथ्या दोषग्रस्त हो जाती है, ऐसे पुराणों को बुद्धिमान् जन कदापि न देखें ॥ ९५ ॥

एवं न यावदयमात्मपरः स्ववाचं
पूर्तिं निनाय कथमप्यपरार्थनाभिः ।
तावत्तदीयनवकीर्तिनटी सभाया-
मागत्य लास्यमकरोन्महनीयवेशा ॥९६॥

इस प्रकार जब तक महर्षिजी ने अपना वक्तव्य भी पूर्णरूप से समाप्त न किया तभी तक मनुष्यों को विश्राम देने के लिए कीर्ति विलसित प्रारम्भ होने लगा ॥ ९६ ॥

दृष्ट्वा समस्तमनुजानयमेकदेवो-
रङ्गान्तरङ्गपरिहासविलासवद्धान् ।

योगक्रियामनुचकार परात्मनिष्ठा-
मन्ते च वाचमुचितां गदितुं समस्थात् ॥९७॥

महर्षिजी भी समस्त सभ्यो को रङ्गशाला मे मग्न देखकर अपनी योग-क्रिया में तत्पर होगये। तदनन्तर बहुत मनुष्यो की प्रार्थना से कुछ विषय कहने के लिए फिर उपस्थित होगये ॥ ९७ ॥

दृष्ट्वा मुनिं किमपि वक्तुमुदारभावं
मन्दा बभूव नवनाटकपात्रशोभा ।
भासाम्पतौ समुदयं प्रगते क्व भाति
दीपावली करणकारणभावबद्धा ॥९८॥

महर्षिजी को कुछ कहने के लिए तैयार देख कर समस्त नाटक पात्रो की मण्डली मन्द होगई। ठीक है, सूर्य के उदय हो जाने पर कारण कार्य-भाव वाली दीपको की शोभा मन्द होही जाती है ॥ ९८ ॥

अत्रान्तरे विबुधवृन्दमनोविनोदं
कर्तुं पुनर्बुधगुरुः प्रकटीचकार ।
वाचं महाश्मपरिपूजनखण्डनोत्थां
भावाभिरामवचनो यमिनां वरिष्ठः ॥९९॥

उसी समय महर्षि विद्वानो का चित्त फिर भी प्रसन्न करने के लिए मूर्ति-पूजा का भारी विषय लेकर नाना युक्ति और प्रमाणों के द्वारा खण्डन करने लगे ॥ ९९ ॥

लब्धं न वेदविषये मुनिभिर्न यत्र
दत्तास्ति सम्मतिरलं विहितं न शास्त्रे ।
पाषाणपूजनमिदं कथमत्र लोके
सम्भूतिमाप्तमिति मे नितरां विषादः ॥१००॥

जो ढूंढने पर भी वेदो मे नही पाया जाता, मुनियो ने जिसमें सम्मति नहीं दी, शास्त्रों में जिसका नाम तक नही मिलता ऐसा यह पाषाण पूजन कब से चला ? यह बडे दुःख का अवसर है ॥ १०० ॥

कुत्रेश्वरः सकलविश्वगतः क चेयं
तद्भावना लघुदृषच्छकले प्रवृत्ता ।
मन्येऽनुजैनमतमेव समाश्रितेयं
मन्दैर्महान्धनिरयाभिगमप्रवृत्तिः ॥१०१॥

कहाँ सर्वशक्तिमान् ईश्वर, कहाँ छोटे से पत्थर के टुकडे मे उसकी भावना ! मालूम होता है, कि जैन और बौद्ध मत के बादही यह लीला फैलाई गई है । क्योंकि उनसे पहले इतिहासो मे इन बातो का वर्णन नही मिलता ॥ १०१ ॥

वेदोपि यं करणवर्जितमेव धत्ते
शास्त्रेपि यस्य जठरागमनं न दिष्टम् ।
तस्येश्वरस्य कथमेकतनौ विकारो-
मृग्यः कपोलपरिकल्पितवाग्विलासैः ॥१०२॥

वेद भी जिसको अरूप बतला रहा है, शास्त्रो मे भी जिसका पेट के भीतर आना नहीं लिखा, उस ईश्वर का मनुष्यो की बनाई हुई कपोल-कल्पनाओं से एक शरीर मे आना किस प्रकार माना जाय ? ॥ १०२ ॥

यः कारणं सकलसंसृतिसम्भवस्य
वेदेष्वलं विलिखितोस्ति कथं नु तस्य ।
आवाहनं किमुपले परतो विसर्गः
प्राणागमश्च रचितो निगमानभिज्ञैः ॥१०३॥

---

१ करण शरीरम । २ कुत्सितोपले ।

जो ईश्वर समस्त ससार का वेद में कारण माना गया है, उस ईश्वर का पाषाण की बनाई हुई मूर्ति म आवाहन और विसर्जन तथा प्राण-प्रतिष्ठापन वेद के न जाननेवाले अज्ञानी लोग न मालूम किस तरह करते हैं ? ॥१०६॥

कुत्राश्मनिर्मितमुखादिमयी जडा सा
मूर्तिः क्व शक्तिमहितो जगदेकनाथः ।
मन्दैर्मुधैव रचितेयमहो नवीना
लीला निजोदरमहोदधिपूरणाय ॥१०४॥

कहाँ शास्त्रो के द्वारा बनी हुई जड़-पाषाणों की मूर्तियाँ और कहाँ ससार भर का प्रबन्ध करने वाला परमेश्वर ! मेरी सम्मति मे तो उद्यम शून्य अज्ञ लोगो ने अपने पेट भरने का यह खेल बना रक्खा है ॥ १०४ ॥

येन स्वसृष्टिसमये सकलेष्टदानि
भूतोयवह्निरविचन्द्रनिभानि तानि ।
वस्तूनि विस्तृतिमलं बहु यापितानि
तस्येश्वरस्य मनुजैः क्रियते प्रहासः ॥१०५॥

जिस ईश्वर ने अपनी बनाई हुई सृष्टि भर मे समस्त प्राणियो के लिए सुख देनेवाली हजारो चीजें बनाकर पहले ही से तैयार कर दी , उस ईश्वर की इन लोगो ने कैसी हँसी उडाई है ॥ १०५ ॥

शून्यां विधाय विकृतिं परमेश्वरस्य
नैवेद्यदीपकजलादिपदार्थजातम् ।
संस्थाप्यते तदपि दर्शनमात्रमेव
नो वस्तुतो गतधियां धिगिमां प्रवृत्तिम् ॥१०६॥

आज कल के लोगो ने उस सर्वव्यापी परमेश्वर की शून्य कोठरी में एक छोटी सी मूर्ति रखकर उसके सामने दे' बताशे, थोडा सा पानी रखकर क्या दिल्लगी उडाई है ! ॥ १०६ ॥

जैनैः पुरा सुगतमूर्तिरलं प्रदिष्टा
लोपङ्गते सुगतनाम्नि जने कथञ्चित् ।

पौराणिकैरपि ततो रचिता नराणां
रामादिनामखचिता प्रतिमा जगत्याम् ॥१०७॥

सबसे पहले जैनो ने सुगताचार्य के मरने पर उसकी प्रतिमा बना कर मन्दिरो म रक्खी थी । उनकी देखादेखी पौराणिको ने भी रामचन्द्र आदि महात्मा की मूर्तियाँ बना बना कर अपने मन्दिरो मे रखली ॥ १०७ ॥

तेषाम्मते वसनभूषणवर्जिताऽऽस्ते
मूर्तिः परत्रवसनाभरणादिरम्या ।
वेविद्यते जगति या सकलेपि वेगात्
सर्वापि शङ्करपदैरिह नाशितैव ॥१०८॥

जैनो के मत में वस्त्राभूषणो रहित नग्न मूर्ति का स्थापन हुआ करता था। पौराणिकों ने भी उनसे विरुद्ध वस्त्रालकार सहित युगल मूर्ति को मान लिया। परन्तु जगद्गुरु शकर स्वामी ने दोनो प्रकार की मूर्तियो का पूर्णरूप से खण्डन किया और शाक्त, पाशुपत, कापालिक आदि मतों का भी अच्छे प्रकार खण्डन किया ॥ १०८ ॥

कुत्रापि कश्चिदवशेषमितो जगत्यां
जैनो बभूव समये किल शङ्करस्य ।
तेनेदृशी पुनरियं जडता जगत्यां
तेने ततः प्रचलितेयमहोत्रपूजा ॥१०९॥

जब शकर स्वामी ने राजा सुधन्वा को अपने मत में कर एक ओर से सब जैन-बौद्धो को नामावशेष कर दिया उसी समय कोई दबा-छिपा जैनी बच गया था। उसने फिर भारतवर्ष में अपना ढग फैलाया जिसकी देखा-देखी पौराणिक भी वैसे ही करने लगे ॥ १०९ ॥

सन्त्यज्यतामतइयं विबुधैः प्रकामं
पूजा दृषच्छकलकाल्पितमूर्तिभावा ।

भावावलोकनपरा परमेश्वरस्य
चित्ते सदैव भवताद्भवतां सुबुद्धिः ॥११०॥

इसलिए हे विद्वानो, पाषाण के टुकडो मे तुम ईश्वर-बुद्धि को छोडो। ईश्वर तुम्हारे लिए वेद विषयो के देखने वाली सुबुद्धि को सर्वदा दे। यह महर्षिजी का आशीर्वाद पूर्वार्ध के अंत मे जानना ॥ १ ० ॥

एवं यतौ वदति पुण्यगिरं समस्ता
विद्वत्सभा फलितभाववती बभूव।
मेघे यथाऽविरतवर्षिणि सा धरित्री
सस्यानुरूपफलिनी भवति प्रसन्ना ॥१११॥

पूर्णरूप से वर्षा करने वाले मेघो के समागम मे जैसे पृथिवी प्रफुल्लित होकर नाना प्रकार के आनन्दो को दिखाती है वैसेही महर्षिजी की अमृत-रूपी वाणी सुनने पर समस्त विद्वानो की सभा नि.सन्देह होकर परमानन्द को प्राप्त होगई ॥ १११ ॥

दृष्ट्वा नटीविलसितं समवाप्य चाज्ञां
योगीश्वरस्य निजयानवरैर्जगाम।
नानाभुवस्तलगतानि पुराणि हर्षा-
देषा सभान्तरजनावलिरादरेण ॥११२॥

महर्षिजी के व्याख्यान के अनन्तर रङ्ग-मण्डप के अन्तर्गत समस्त विद्वानो की मण्डली थोडी सी देर तक यशोरूपिणी नटी का विलास देख योगीश्वर से आज्ञा पाकर, आदरपूर्वक भारतवर्ष के अन्तर्गत अनेक नगरो को यथोचित यानों में बैठ बैठ कर चलने लगी ॥ ११२ ॥

लोके गते नवनटीयमलं प्रयाता
चन्द्रोपकण्ठमितरापि ययौ यथेच्छम्।
पात्री[1] दिगङ्गनगतानि शुभस्थलानि
गायन्यशोस्य परमं परितः प्रसादात् ॥११३॥

---

१ पात्राणां समूहः पात्री। समूहार्थेऽणन्तत्वान्ङीप्।

विद्वानो के जाने पर यशोरूपिणी नटी भी चन्द्रलोक को चली गई। कीर्ति के शुक्लत्व होने से चन्द्रलोक में समावेश होना उचित है। वेदरूप नाटक-पात्री भी दिशाओं के अन्तर्गत नाना शुभ स्थलों को अपनी अपनी इच्छा के अनुकूल आनन्दपूर्वक चली गई। समस्त भारतवर्ष में वेदों का प्रकाश हो गया, यह अभिप्राय है॥ ११३॥

योगीश्वरोपि जयबद्धमनाः प्रकामं
मत्वा जगत्रयमिदं भवनं जयस्य।
हर्षेण वर्षितुमशेषजनावलोक्यं
मेघत्वमाप निगमोदितधर्ममध्यम्॥११४॥

विजय में दत्त-चित्त योगीश्वर भी तीनो लोकों को जय का स्थान समझ कर समस्त सुखो के देने वाले धर्मरूप जल के वर्षाने की इच्छा से मेघ के समान माननीय बन गये॥ ११४॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
अवैदिक मत निराकरणो नाम दशम सर्ग।

समाप्तमद. पूर्वार्धम्

एकादशः सर्गः

अथ स्वविद्याविषयोत्सुको यति-
दिगन्तरेषु प्रविसारयन्प्रभाम् ।
मुहुर्दिदीपे तिमिरं विदारयन्
दिनोदये भानुरिवातिदुःसह. ॥१॥

इसके अनन्तर वेद विद्या के प्रचार में मन लगानेवाले समस्त दिशाओ में प्रकाश फैलानेवाले, अधकार के मिटानेवाले, उदयकाल के सूर्य्यरूप स्वामी दयानन्द सरस्वती प्रकाश करने लगे ॥ १ ॥

यथायथं फल्गुपुरे विनिर्मितं
समस्तवेदोदितपुस्तकोच्चयम् ।
विमुद्रयिष्यन्प्रययौ स काशिकां
निजप्रतापैरधरीकृतामपि ॥२॥

फर्रुखाबाद मे बनाये हुए अपने ग्रन्थो को छपाने के लिए अपने बल से अनेक बार परास्त की हुई काशी को आप फिर भी पधार ॥२ ॥

स कोम्पिनीशाय[1] समर्प्य पुस्तका-
न्यगादरं जौनपुरं दिनत्रयम् ।

---

१ कम्पयति चाल्लयति जनानिति कम्पिनी ।

विरम्य तत्राप्युपदिश्य निर्ययौ
पुरीमयोध्यामति हर्षनिर्भरः ॥३॥

वहाँ—लाजरस कपनी के मैनेजर को—अपनी पुस्तके देकर आप जौनपुर पहुँचे और तीन दिन वहाँ ठहर कर उपदेशो द्वारा समाज स्थापित करके वहाँ से आनन्दपूर्वक अयोध्या को चले गये ॥ ३ ॥

निरुध्य तीरे सरयूनदीगते
गतिं निजामेष विशेषदीप्तिमान् ।
तथा प्रचक्रे रघुनाथखण्डनं
यथा न कोप्यत्र चकार निर्भयः ॥४॥

अयोध्या पहुँच कर सरयू नदी के तट पर आपने अपने ठहरने का प्रबन्ध किया और निर्भय होकर अवतारवाद का ऐसा खण्डन किया जैसा कि आज तक यहाँ पर किसी ने नहीं किया था ॥ ४ ॥

किमस्ति रामे परमात्मलक्षणं
विलक्षणं किं प्रतिभाति लक्ष्मणे ।
अजस्य सूनावपि किं मुनीश्वरो-
विवासितो येन मतङ्ग[1]बुद्धिना ॥५॥

अब उसी को दर्शाते हैं—रामचन्द्रजी में परमात्मा का कौनसा लक्षण घटता है ? कोई नही । लक्ष्मण मे औरो से क्या विलक्षणता है ? कुछ भी नहीं । हाथी समझकर जिसने रात्रि मे श्रवण ऋषि के इकलौते पुत्र को मारडाला ऐसे अज के पुत्र दशरथ मे भी क्या विशेषता थी ? कुछ नहीं ॥५॥

न कर्मभोगो विलयं प्रयात्यलं
सहस्ररामैरपि कैकवर्णना ।
विनिर्मितं यत्परमात्मना स्वके
ललाटदेशे तदहो विलोक्यताम् ॥६॥

---

१ मतङ्गस्य बुद्धिरिव बुद्धिर्यस्य स मतङ्गबुद्धिस्तेन ।

जो परमात्मा ने हमको कर्मो का भोग दिया है वह एक रामचन्द्र के नाम से क्या, हजारा रामचन्द्रो के नाम लेने से भी नही मिट सकता। इसलिए कर्मो के अनुकूल फल भोगते हुए अच्छे मार्ग मे प्रवृत्त हो ॥ ६ ॥

शरीरमेतन्न पुनर्भवादृशां
भविष्यतीति प्रविचार्य मे मनः ।
भवादृशेष्वेव जनेषु सर्वदा
निजोपदेशैः प्रकरोति सम्मदम् ॥७॥

यह मनुष्य शरीर आप लोगो को फिर दुबारा सहज नही मिलेगा। ऐसा विचार कर मैं आप लोगों म उपदेश देने को उद्यत हुआ हूँ, और मेरा कुछ प्रयोजन नहीं ह ॥ ७ ॥

इतिप्रकारैः कतिचिद्दिनान्ययं
विरम्य योगी सरयूनदीतटे ।
जगाम लोकैरनुमोदितस्ततो-
विलक्षणं लक्ष्मणपत्तनं क्रमात् ॥८॥

इस प्रकार कुछ दिन सरयू नदी के तट पर आप उपदेश देते रहे। फिर बहुत से मनुष्यो के बुलाने पर आप यहाँ से लखनो चले गये ॥ ८ ॥

विधाय तत्रोत्तममन्दिरे स्थिति
महोपदेशानपि चोत्तमोत्तमान् ।
मुदैव मेने विजयं जनोद्धतं
स योगिवर्यो नुतपादपङ्कजः ॥९॥

वहाँ पर आप रायबहादुर विक्रमसिंह की कोठी में ठहरे और बराबर उपदेशों द्वारा अनेक पुरुषो को वैदिक धर्म मे प्रवृत्त देख कर अत्यन्त सतुष्ट हुए ॥ ९ ॥

समागतैरात्मसमीपमादरान्
महाशयैः साकमयं यतीश्वरः ।

समाधिवाग्भिर्विनयन्विशङ्कितां
निनाय कालं कमपीह नीतिगः ॥१०॥

लाला ब्रजलाल आदि कई महाशय आप से धार्मिक विषय पर बातचीत करते थे और अपने सन्देह निवारण किया करते थे ॥ १० ॥

विदेशवर्णागमवाञ्छया मुनि-
र्विदेशवासोत्सुकचित्तकल्पनैः ।
विनीय कालं विनयैर्नयैरलं
जगाम तस्मादपि पत्तनादरम् ॥११॥

लोगों के कहने सुनने से यहाँ पर आपने कई भाषाओं मे लिखना आरम्भ कर दिया था। वह इसलिए कि यदि इस देश से बाहर जाने का काम पड़े तो ये भाषाये काम आवे ॥ ११ ॥

पुरान्तरे विश्रममाप्य योगिना
कृता तथा सा महती जनस्थितिः[1] ।
महोपदेशैरधुनापि सा यथा
विवर्धते चन्द्रकलेव नित्यशः ॥१२॥

कुछ दिनों के बाद स्वामीजी लखनौ से शाहजहाँपुर चले गये और वहाँ जाकर उपदेशो के प्रभाव से बड़ा भारी समाज स्थापन किया ॥ १२ ॥

निशम्य तज्जैत्रयशोविजृम्भितं
बुधाः समेता इह दर्शनोत्सुकाः ।
न सम्ममुर्हर्षवशेन योगिनां-
निदर्शनं किं न करोति मङ्गलम् ॥१३॥

आपके यश को सुनकर वहाँ पर इधर उधर के बहुत से पण्डित आकर आपका दर्शन किया करते थे, क्योंकि योगियो का दर्शन क्या क्या मङ्गल नहीं करता ? ॥ १३ ॥

---

१ सामाजिकजनस्थिति ।

पुनर्बरेलीत्यभिधे पुरान्तरे
धनप्रगोप्तुर्नववाटिकामितः ।
कृतार्थयन्दर्शनभाषणोत्सुका-
नयं प्रतस्थे नगरान्तरं जनान् ॥१४॥

यहाँ से फिर आप बरेली चले गये और वहाँ पर खजाची लक्ष्मीनारायण की कोठी में जो कि बगीचे के भीतर थी निवास किया। साथही उपदेशों द्वारा दर्शन एवं भाषण के लिए आये हुए मनुष्यों को कृतार्थ करते रहे ॥ १४ ॥

स कर्णवासे निजपूर्वमानवै-
रलं वृतोऽनल्पदिनानि संवसन् ।
समं समन्तादभिवर्द्धितोत्सव
ययौ हरिप्रस्थमनन्तकीर्तिदम् ॥१५॥

यहाँ से चलकर आप कुछ दिन कर्णवास ठहरे और पहले मिले हुए ठाकुर लोगों से मिलकर दिल्ली दरबार में, जो कि सन् १८७७ ई० को हुआ था, उपदेश देने के लिए पहुँचे ॥ १५ ॥

समागते पूर्वत एव निर्मिते
यथायथं दाडिमवाटिकोदरे ।
विरम्य रम्ये पटमण्डपे यति-
स्ततान सर्वात्मतयैव सद्यशः ॥१६॥

आपके आने से पहले ही दिल्ली में शेरमल के अनारबाग में कई सज्जनों ने आपके ठहरने के लिए शामियाने और डेरे लगा दिये थे। उन्हीं में आपने जाकर विश्राम किया और अपना काम आरम्भ किया ॥ १६ ॥

निजं समुद्देश्यमिदं समभ्यधा-
दयं महात्मा नितरां भुवस्तले ।

महाशयान्वैदिकधर्मवृद्धये
समागतोहं पुरमेतदादरात् ॥१७॥

आपको न जानते हुए कई पुरुषो ने आपके पास आकर दरबार में आने का कारण पूँछा। आपने उसके उत्तर मे यही कहा कि मैं यहाँ पर वैदिक धर्म के प्रचार के लिए आया हूँ ॥ १७ ॥

यथा समस्ते भुवने विजृम्भतां
स वैदिको धर्मपथः सदातनः ।
तथा भवद्भिः क्रियतामसंशयं
जयो भविष्यत्यखिलेपि भूतले ॥१८॥

समस्त भारतवर्ष में जिस प्रकार शीघ्र ही सनातन वैदिक धर्म की प्रवृत्ति होसके ऐसा आप भी प्रयत्न करे। अवश्य ही आप लोगो का जय होगा ॥ १८ ॥

इति ब्रुवत्येव यतौ महाशयाः
परस्पराभाषणजातलालसाः ।
प्रचक्रुरेतत्कथनं फलोदयो-
यथाऽऽशु नूनं प्रबभूव सर्वशः ॥१९॥

आपके ऐसे वचन सुनकर वहाँ पर आये हुए समस्त महाशयों ने वैदिक धर्म के प्रचारार्थ ऐसा उद्योग किया, जिसका परिणाम शीघ्र ही निकल आया ॥ १९ ॥

अयं च योगी बहुसज्जनावृतं
निजं महं वीक्ष्य महोपदेशनैः ।
सपाण्डितं वेदमतप्रचारणं
चकार कारुण्यरसोर्मिहर्षितः ॥२०॥

आपने भी अपने उत्सव को अनेक सज्जन एवं पण्डितों से भरा हुआ देखकर आनन्दपूर्वक वेदिक धर्म का प्रचार करना आरम्भ कर दिया ।।२०।।

समागतः कोपि दिगन्तरादरं
विभिन्नभाषाकथनो जनेतरः ।
परं समाभाष्य जनेतरव्यपा-
दयं ययौ हृर्षमनन्तभावदम् ॥२१॥

एक दिन एक ईरान के मौलवी जो केवल फारसी बाल सकते थे, आप के पास आये। आपने भी एक कायस्थ के द्वारा उनसे बात चीत की। अनन्तर वह प्रसन्न होकर अपने स्थान को चले गये ।। २१ ।।

प्रसङ्गतो जाम्बवतीपुरेश्वर-
स्तथा च काश्मीरभुवो महेश्वर· ।
महोदयस्यास्य विलोकनेच्छया
निजानुजं दूतकृतावयोजयत् ॥२२॥

कुछ दिनों के बाद महाराजा जबू और महाराजा कश्मीर ने आपके दर्शन के लिए आपके पास अति शीघ्र बाबू नीलाबरजी को भेज दिया ॥२२॥

स चापि धीमच्चरणाब्जयोरलं
प्रणम्य नीचैःकृतमौलिमण्डलः ।
बभाण वाचं निजवृत्तभूषितां
यथाकथञ्चिद्बहुहर्षगद्गदः ॥२३॥

वे भी तुरन्तही आपके समीप जाकर, शिर झुकाकर प्रणाम करके अत्यन्त हर्ष से गद्गद हो, पूँछने पर यों कहने लगे ॥ २३ ॥

दिदृक्षवस्ते मम पूर्वजाः प्रभो
नितान्तमाहूतिकृते समादिशन् ।

इमं जनं तद्वदनीयमुत्तरं
किमत्र कर्तव्यमिहास्ति मादृशाम् ॥२४॥

महाराज ! मेरे पूर्वजो ने आपके दर्शनों की लालसा से आपके समीप मुझको सूचना के लिए भेजा है। इसलिए कहिए, अब उनसे जाकर मैं क्या कहूँ ? ॥ २४ ॥

इति प्रसन्नाक्षरमौक्तिकाङ्किता
निशम्य वाचं सदयो यतीश्वरः ।
तदुत्तरे स्वीकृतिबोधिका गिरं
जगाद तस्मै स जगाम तत्परम् ॥२५॥

इस प्रकार विनय से भरी हुई उसकी वाणी को सुनकर दया के सागर स्वामीजी उनसे कहने लगे कि अच्छा मैं उनसे अवश्य मिलूँगा। इतना कहने पर वे अति शीघ्र ही लौट गये ॥ २५ ॥

अथान्तरे तत्र गणेशशास्त्रिणा
विरोधभावं गदता महीश्वरे ।
निवेशितो मन्दिरभञ्जनोदयो-
यतो न सङ्गः प्रबभूव योगिनाम् ॥२६॥

इसी बीच मे गणेशशास्त्री ने महाराज से मिलकर आपसे न मिलने के लिए इतना आग्रह किया कि जिससे महाराज रणधीरसिंहजी न मिल सके ॥ २६ ॥

परन्तु पश्चान्नितरां विधेर्वशा-
द्बभूव सामाजिकधार्मिकोदये ।
विधर्म्मिणां तत्र गणेशसूरिणां
पराजयः कोपि समस्तहर्षदः ॥२७॥

परन्तु जब सन् १८९२ ई० में वर्तमान महाराजा प्रतापसिंहजी के सामने आर्यसमाज के साथ पौराणिकों का शास्त्रार्थ हुआ तब गणेश शास्त्री हार गये ॥ २७ ॥

अनन्तरं तत्र यतीश्वराज्ञया
सहुल्कराधीशवरो महाशयान् ।
निमन्त्रयामास विचारहेतवे
समाजकृत्यस्य यथोचितव्ययैः ॥२८॥

इसके अनन्तर स्वामीजी की आज्ञा से महाराजा हुलकर ने अपने खर्च से समस्त राजाओं को एकत्र कर विचार के लिए प्रस्ताव किया ॥ २८ ॥

निजापराधं समयानुपस्थितौ
निवेद्य सर्वाननुयोज्य साधने ।
जगाम पश्चात्प्रबभूव पत्तनं
महाशयानां परमं विचारणम् ॥२९॥

परन्तु किसी आवश्यक कार्य के वश महाराजा स्वयं न ठहर सके। सभा का यथोचित प्रबन्ध करके, स्वामीजी से क्षमा माँग कर, चले गये। उनके चले जाने पर समस्त महाशय सभा में उपस्थित हुए ॥२९ ॥

उपस्थिते सर्वमहाशयव्रजे
यतिर्नियोगादुपगम्य तां सभाम् ।
जगाद सर्वानपि दन्तकान्तिभि-
र्विवर्धयञ्चन्द्रिकयेव सादरम् ॥३०॥

सब महाशयों के एकत्र होने पर स्वामीजी भी उपस्थित हुए और अपने मुख की प्रभा से समस्त सभा को प्रकाशित कर अति मधुर वाणी से बोले ॥ ३० ॥

उपस्थितोयं समयोस्ति धार्मिकाः
परस्परं मैत्र्यमलं विभाव्यताम् ।

विसृज्यतां भिन्नमतानुवर्तनं
प्रवर्धतां वेदमतानुवर्धनम् ॥३१॥

हे धार्मिक जनो! बहुत दिनो के बाद यह समय उपस्थित हुआ है। इसलिए परस्पर मित्रता से बर्ताव कीजिए। अनेक मतो को छोडकर एक वैदिक मार्ग लीजिए। एक भाषा, एक लिपि, एक भोजन और एक ही इष्टदेव मानिए॥ ३१ ॥

न यावदस्मिञ्जगतीतलेऽखिले
नवीननानामतवादकल्पनाः।
विनाशमेष्यन्ति नु तावदागता
भविष्यति श्रीः कथमेकदेशगा ॥३२॥

जब तक इस भारतवर्ष मे अनेक प्रकार के मत मतातरो का अच्छे प्रकार नाश न होगा तब तक आई हुई लक्ष्मी कदापि निश्चल न हो सकेगी॥ ३२ ॥

विलोक्यतां वेदचतुष्टयी परा
निवार्य्यतामन्धपरम्पराऽपरा।
निवेश्यतां धर्मपथे मतिः स्थिरा
न काप्यतो मे कथनाप्यलं परा ॥३३॥

इसलिए चारो वेदो का पठन-पाठन आरम्भ कीजिए, बहुत दिनो से चली हुई अंधपरम्परा को हटाइए, धर्म में अपनी रुचि लगाइए, बस यही मेरा कथन है॥ ३३ ॥

इति ब्रुवत्येव यतीश्वरे सभा
विसर्जिताभूत्परमात्मवर्णनैः।
निवारिता यत्र नितान्तमुद्धता
मदादिपानाशनवृत्तिरादरात् ॥३४॥

स्वामीजी के इस कथन को सुनकर सभा में आये हुए समस्त जनो ने मद्य-मांस का परित्याग किया और उनके कथन का अनुमोदन किया। अत में मङ्गल-पाठ होकर सभा विसर्जित हुई ॥ ३४ ॥

समाप्तिमाप्ते जनतामहोत्सवे
दयामयो निर्मितभाष्यसूचनाम् ।
वितीर्य विज्ञेषु निजम्परिश्रमं
मुदैव मेने फलितं कृपावशात् ॥३५॥

सभा के विसर्जन होने पर स्वामीजी ने वेद-भाष्य के विज्ञापन और आर्यसमाज के छपे हुए नियम वितरित किये और मुख्य मुख्य महाशयो को स्वरचित पुस्तके भी दी ॥ ३५ ॥

अनन्तरं पश्चिमदिग्भवैर्जनै-
र्निमन्त्रितोयं यमिनामधीश्वरः ।
सदुत्तरैरापरितोष्य सत्वरं
मतिं प्रचक्रे गमनाय कुत्रचित् ॥३६॥

दरबार के समाप्त होने पर पंजाब के कई महाशयो ने आपको पंजाब में भ्रमण करने के लिए निमन्त्रित किया। आपने भी उनकी प्रार्थना स्वीकार की ॥ ३६ ॥

स सूर्यकुण्डोपगते महाऽऽलये
कृताधिवासो महतामधीश्वरः ।
समस्तपौराणिकमेघमण्डलीं
विदारयन्वैदिकसूर्यवद्बभौ ॥३७॥

१६ जनवरी सन् १८७७ ई० को स्वामीजी दिल्ली से प्रस्थित होकर मेरठ पहुँचे और सूर्यकुण्ड पर डिप्टी महताबसिंह की कोठी में ठहरे ॥ ३७ ॥

पुरान्तरं प्राप्य ततः स पण्डिता-
नरं विवादेऽधरतां नयज्जनान् ।

निबोधयामास विधिं विधेरलं-
निमन्त्रितोभूत्तत एव केनचित् ॥३८॥

कुछ दिन वहाँ विश्राम करके फरवरी के आरम्भ में आप सहारनपुर पहुँचे और पहुँचते ही कुछ ग्रन्थ लिखते रहे और साथही धर्मोपदेश भी करते रहे ॥ ३८ ॥

निमन्त्रितस्थानगतो समुत्सुकै-
र्महाशयैरुच्चपदे निवेशितः ।
स योगिराजो जनतामहोत्सवं
जगाम जैत्रं यशएव वर्धयन् ॥३९॥

इन्हीं दिनो में प्रसिद्ध चाँदापुर के मेले के मैनेजर ने आपको निमन्त्रित किया और सहारनपुर के कई प्रतिष्ठित पुरुषो के कहने से आपने जाना स्वीकार किया ॥ ३९ ॥

समन्ततस्तत्र पुराणपण्डिता-
नयं विचारे निजवाग्विपत्रिभिः ।
निरुत्तरानेव चकार सत्वरं
यदुत्तरं तद्यशएव विस्तृतम् ॥४०॥

वहाँ जाने पर अवहटा निवासी चंडीप्रसाद आदि अनेक पण्डितों ने आपसे धर्म सम्बन्धी प्रश्न किये, जिनका उत्तर आपने बडी उत्तमता के साथ दिया ॥ ४० ॥

नवीननानामतविज्ञमण्डिते
नितान्तरम्ये जनतामहोत्सवे ।
निवेशितात्मा स दयामयो बभौ
दिनोदये पङ्कजबोधको यथा ॥४१॥

अनेक मतो के पण्डितो से सुशोभित उस चाँदापुर के मेले में आप इस प्रकार शोभा को प्राप्त हुए जिस प्रकार दिन निकलने पर सूर्य शोभा को प्राप्त होता है ॥ ४१ ॥

कृते विचारस्य कृते महोत्सवे
जनेन केनापि तथाकृतं कृतम् ।
यथा समस्ते भुवनेपि तद्गता
विजृम्भते कीर्तिसुधांशुचन्द्रिका ॥४२॥

१५ मार्च सन् १८७७ ई० को मुंशी प्यारेलालजी रईस शाहजहाँपुर ने अनेक मतो की छानबीन के लिए एक ऐसा प्रबन्ध किया जैसा आज तक किसी ने न किया हो ॥ ४२ ॥

प्रजानियन्तुः सविधे निजार्थनां
निवेद्य तत्सूचितराजपूरुषैः ।
समं प्रबन्धं प्रविधाय सर्वशो-
निमन्त्रिताः सर्वमतानुवर्तिनः ॥४३॥

जिले के अधीश कलेक्टर साहब को इत्तिला देकर, उनके दिये हुए कर्मचारियो के द्वारा प्रबन्ध कर अनेक मतानुयायियो को आपने निमन्त्रण दे दिया ॥ ४३ ॥

द्रुतं समागत्य समन्ततो जनाः
प्रचक्रुरत्यन्तविचारकल्पनाम् ।
परं यतीशस्तिलशो यथायथं
विभञ्जयामास नवीनतर्कणैः ॥४४॥

निमन्त्रण देने के साथ समस्त पण्डित एकत्र होकर अनेक प्रकार के विचारो को प्रस्तुत करते थे जिनको स्वामीजी अपने तर्क से छिन्न भिन्न करते रहे ॥ ४४ ॥

इहाभवद्यः सकलोपि विस्तरः
स पुस्तकाकारतया विमुद्रितः ।

प्रलभ्यतेऽजन्मपुरे विलोक्यतां
विलोकनीयोस्ति यतोस्य सम्भवः ॥४५॥

इस मेले में जो सवाद हुआ वह अक्षरश. अजमेर मे छपकर पुस्तकाकार होगया है। उसको वहा से मँगाकर समस्त सज्जन पढे, पुस्तक देखने योग्य है ॥ ४५ ॥

निरीक्ष्य यं दुर्धरयुक्तिगर्वितं
सहस्रशोऽवैदिकमार्गगामिनः ।
समाजमेवाययुराशु के बुधा
न सत्यमार्गाश्रयणं प्रकुर्वते ॥४६॥

अनेक युक्तियो से मण्डित सवाद को पढ कर हजारो पैाराणिक जन आर्यसमाज में आकर प्रविष्ट हुए क्योकि सत्य का ही अवलम्बन जगत् में बलवान् होता है ॥ ४६ ॥

यथा समक्षे यमिनोस्य सत्वरं
निरुत्तराः सर्वमतानुवर्तिनः ।
समं बभूवुः सहसैव सर्वश-
स्तदस्ति लोके सकले प्रतिष्ठितम् ॥४७॥

जिस प्रकार अनेक मतो के मानने वाले जन स्वामीजी के सामने आकर शीघ्र ही निरुत्तर होते थे वह सब जगत् में विदित ही है ॥ ४७ ॥

न दत्तमासीद्विबुधैः सदुत्तरं
न दास्यते कोपि जनो यथा मुनिः ।
स्फुटं ददौ सर्वमतप्रभञ्जनं
समुत्तरं सत्वरमेव वेगवान् ॥४८॥

अनेक अवैदिक मतो को छिन्नभिन्न करने वाला जैसा उत्तर अति शीघ्र स्वामीजी ने दिया ऐसा न किसी ने पहले दिया और न कोई आगे देगा ॥ ४८ ॥

न यावनाः केपि जना यतीश्वरं
न सर्वथा तेपि मसीहमानिनः ।
विभञ्जनार्थे कृतवाक्परिश्रमं
सभोदरे रोद्धुमुदारतां ययुः ॥४६॥

जिस समय स्वामीजी अपनी युक्तियो से खण्डन करना प्रारम्भ करते थे उस समय उनको न कोई मौलवी रोक सकता था, न कोई पादरी रोक सकता था ॥ ४९ ॥

अनन्तरं पूर्तिमिते महोत्सवे
यतित्वधर्म्मेपि जयश्रियावृतः ।
प्रयाणमाकल्पयदुत्तरोत्तरं
पुरान्तरं प्रत्यनुवर्तिभिः समम् ॥५०॥

मेला चाँदापुर के समाप्त होने पर विजय-लक्ष्मी से सुशोभित स्वामीजी महाराज ३१ मार्च सन् १८७७ ई० को कई भद्र जनो के साथ लुधियाना पहुंचे ॥ ५० ॥

महोपदेशैस्तिमिराणि नाशयन्
पुराणभाजां हृदयादयं यतिः ।
महोन्नते विश्रममाप्य[1] मन्दिरे
निवारयामास मतान्तराज्जनान् ॥५१॥

वहाँ पर सबसे उत्तम एक कोठी मे उनके ठहरने का प्रबन्ध किया गया। उसीमें स्वामीजी ठहरे और प्रति दिन व्याख्यानो द्वारा प्रचार करने लगे ॥ ५१ ॥

निशम्य यन्नाम समस्तकोविदाः
प्रतिक्षणं वैदिकमार्गसेवकाः ।

---

१ आङ्पूर्वादप्यापे क्त्वो ल्यप् ।

विवर्धयामासुरिवार्य्यमण्डलं
न कस्य वेदानुमता भवेन्मतिः ॥५२॥

थोड़े ही दिनो में आप के आने की खबर दूर दूर तक फैल गई जिससे अनेक पुरुष वहाँ आ आ कर व्याख्यान सुनते हुए समाज में प्रविष्ट होने लगे ॥ ५२ ॥

अथैकदा खिस्तमतप्रचारकः
स कोपि वेरीत्यभिधो महाशयः ।
महामतेराश्रममाप्य सादरं
प्रसङ्गतः प्रावददित्थमुद्धुरम् ॥५३॥

एक दिन पादरी वेरी साहब आपसे मिलने के लिए आपके आश्रम पर आये और बात चीत के प्रसङ्ग मे आपसे यो पूँछने लगे—॥ ५३ ॥

यदस्ति कृष्णस्य चरित्रमुद्धृतं
पुराणपद्येषु यतीन्द्र तन्मते ।
न सर्वथाऽऽयाति वदस्व सूत्तरं
क्व योगिराजः क्व च जारनायकः ॥५४॥

श्रीकृष्णजी के विषय में जो कुछ भागवत मे लिखा हुआ है उसे पढकर बुद्धि इस बात को स्वीकार नहीं करती कि वे महात्मा थे ॥ ५४ ॥

इति ब्रुवत्येव मसीहमार्गगे
मुनिर्बभाषे व्यभिचारकल्पनम् ।
न योगिवर्ये परिदृश्यते मया
यदस्ति तन्मूर्खजनैः प्रकल्पितम् ॥५५॥

इस तरह पूँछने पर आपने उत्तर दिया कि श्रीकृष्णजी में किसी प्रकार का दोष मेरे चित्त में नहीं जंचता । जो कुछ कलङ्क लगाया है वह मूर्खो की कल्पना है ॥ ५५ ॥

परं भवद्ग्रन्थविलोकनान्मया
विचार्यते यत्तदतीव विस्मितम्।
विभाति लोकेपि समस्तमानवै-
रदृष्टमेतत्प्रतिभाति वर्णनम् ॥५६॥

परन्तु आपकी बाइबिल के देखने से जो कुछ मुझे अनुभव हुआ है वह सर्वथा ही असङ्गत एव लोक विरुद्ध सा प्रतीत होता है ॥ ५६ ॥

कपोतरूपः परमेश्वरः कथं
कुमारिकाया अजनिष्ट खात्पतन्।
प्रविश्य गर्भाशयमाशु ते मते
नितान्तमेतत्परिकल्पितं जनैः ॥५७॥

परमेश्वर का आत्मा कबूतर के रूप म आकाश से उतरा और मरियम के गर्भाशय में प्रविष्ट होगया। फिर कुमारी (अविवाहिता) होने पर भी मरियम के पेट से ईसा हुए। यह सवथा ही कपोल कल्पित बात है ॥ ५७ ॥

इति ब्रुवत्येव यतीश्वरे स्फुटं
निरुत्तरत्वादधरीकृताननः।
स वेरिनामा समवाप्य चाशिषं
जगाम भृत्यैरनुमोदितो गृहम् ॥५८॥

इतना कहने पर ही पादरी साहब चुप हो गये। कुछ जवाब न दे सके। अत मे आपसे आज्ञा माँगकर नोकरो के अनुरोध से बगले को चले गये ॥ ५८ ॥

अनन्तरं वेदमतप्रवर्धनं
विधास्यमाने यमिनांवरेऽपरे।
निरुत्तरास्तेपि पुराणपण्डिता
निजानि वेश्मान्यवलोकयज्जवात् ॥५९॥

स्वामीजी भी प्रति दिन व्याख्यानो द्वारा वैदिक धर्म का इस तरह प्रचार करते थे जिस प्रकार आज तक किसी ने न किया हो। साथ ही पौराणिको से शास्त्रार्थ भी करते थे जिसमे निरुत्तर हो पौराणिक लोग परास्त हो जाते थे ॥ ५९ ॥

प्रभातएवाप्य मुनेरलङ्कृतं
निवासमेको निजगाद कोविदः ।
मुखावलोकात्तव पापकल्पना
विवर्धते मे हृदये यथायथम् ॥६०॥

एक दिन प्रात.काल ही अयोध्याप्रसाद नामक एक पण्डित आपके स्थान पर आकर कहने लगा कि आपका मुख देखने से हमको पाप होता है ॥ ६० ॥

इति ब्रुवाणं तमयं समब्रवी-
न्नितम्बदेशो मम दृश्यतां त्वया ।
समीक्षणाभ्यां परिपीयतां वचो-
मनोरमं कर्णयुगेन सादरम् ॥६१॥

स्वामीजी ने इसके उत्तर में कहा कि यदि आपको मेरे मुख के दर्शन से पाप लगता है तो आप व्याख्यान के समय मेरे पीछे की तरफ बैठकर देखा कीजिए, पर साथ ही कानो से व्याख्यान सुनते रहिए ॥ ६१ ॥

विलज्जितस्तद्वचनश्रुतेः परं
पुराणविज्ञो निजमालयं ययौ ।
यतीश्वरोपि प्रतिवर्धयन्निजं
मतं समस्थापयदत्र निर्भयः ॥६२॥

आपका ऐसा उत्तर सुनकर वह लज्जित होकर अपने घर को चला गया। स्वामीजी भी वैदिक-धर्म का महत्त्व प्रति दिन सज्जनो को सुनाते रहे ॥ ६२ ॥

मुहुर्मुहुस्तानभिसूचयन्बुधान्
न वीक्षयामास कमप्यलं यदा ।
मतानुवादार्थमुपस्थितं तदा
विराममागादतिशङ्करो यतिः ॥६३॥

व्याख्यान के अन्त में स्वामीजी प्रति दिन मनुष्यो को सूचित करते थे कि यदि किसी को कुछ प्रष्टव्य हो, या किसी को मेरे कथन में सदेह हो, तो वह नि.शक होकर प्रकट करे, तुरन्त उत्तर दिया जायगा। परन्तु कोई सामने नहीं आता था ॥ ६३ ॥

वितीर्णमस्य प्रसमीक्ष्य सद्दल
न कोपि चूंकारमपि व्यकल्पयत् ।
क्व सम्मुखाभाषणकल्पनादिकं
विकल्पनं चापि महामुनेर्गिराम् ॥६४॥

जब आपका विज्ञापन शास्त्रार्थ के लिए निकलता था तब कोई चू तक नहीं करता था। सामने आकर उत्तर देना तो जहाँ तहाँ रहा ॥ ६४ ॥

निशम्य गौडं कमपि द्विजं यति-
र्विभिन्नधर्म्मे गमनार्थमुद्यतम् ।
निवारयामास निजेन तेजसा
जगाम चास्मात्परतो लवस्थितिम् ॥६५॥

इसी लुधियाने में एक पण्डित देवीदत्तजी, जो कि गौड ब्राह्मण थे, ईसाई होने को तैयार थे, परन्तु उनके भाग्य से स्वामीजी मिल गये। उनके उपदेशों से वे ईसाई होने से बच गये। अन्त में १९ एप्रिल सन् १८७७ ई० को आप यहाँ से लाहौर पधारे ॥ ६५ ॥

अवाप्य बाष्पीयपथेन तत्पुरं
वृतो जनैः स्वागतकर्मचारिभिः ।

स रत्नचन्द्रोदयवाटिकोदरे
निवासमाकल्पयदुन्नतेः करम् ॥६६॥

आपके स्वागत के लिए रेलवे स्टेशन पर हरसुखराय आदि कई प्रतिष्ठित जन उपस्थित थे। उतरने के साथ ही बड़े सम्मान से आपको रत्नचन्द्र के बाग में ठहराया ॥ ६६ ॥

बुधास्तु तत्रैव सहस्रशो मुदा
निवारयन्तो हृदयोत्थितास्तदा ।
समस्तशङ्काः परमां मुदं ययु-
र्न को निजार्थानुपलभ्य मोदते ॥६७॥

हजारो मनुष्य यहीं पर आपके मनोहर उपदेश सुनने और अपने संशय निवृत्त करने के लिए आते थे और अत्यन्त प्रसन्न होते थे ॥ ६७ ॥

अथैकदा तत्र सुखेन वक्तृता-
मलं ददाने यमिनामधीश्वरे ।
बभूव लक्षैकमिता जनावली
वचःप्रभावादरमार्य्यपक्षगा ॥६८॥

एक दिन आपने "वैदिक धर्म हमको क्या क्या सिखलाता है" इस विषय पर एक बड़ा प्रभावशाली व्याख्यान दिया जिसमे अनुमान एक लक्ष से अधिक दर्शकों की भीड़ एकत्रित हुई ॥ ६८ ॥

किमस्ति रूपं निगमस्य तत्र किं
विवर्णितश्चेति निबोधनोद्यता ।
विवर्धिता तेन तथा गिरान्तति-
र्यथा न केनापि पुरा विवर्धिता ॥६९॥

कुछ दिनों के बाद आपने "वेद का क्या स्वरूप है ? उसमें किस बात का वर्णन है ?" इस विषय को प्रस्तुत कर बड़ा अनुपम व्याख्यान दिया ॥ ६९ ॥

परन्तु पौराणिकपक्षखण्डनं
प्रकुर्वता तेन न केवला सभा ।
निजस्थितिश्चापि विपर्य्ययोन्मुखी
प्रकल्पिता पापजनानुकोपनैः ॥७०॥

वहाँ के पौराणिक आपके व्याख्यानो से असन्तुष्ट होकर और तो कुछ न कर सके परन्तु उन्होने दीवान रत्नचन्द्र को बहुत कुछ भडकाया जिसका परिणाम यह हुआ कि स्वामीजी इस स्थान का परिवर्तन कर डाकृर रहीमखाँ की कोठी में चले गये ॥ ७० ॥

स्थलान्तरे संवसता दयालुना
विहाय भीतिं निजवक्तृताबलात् ।
सहस्रशो वेदमतप्रचारणे
नियोजिताः पण्डितमण्डिता जनाः ॥७१॥

यहाँ आकर आपने निर्भय होकर और भी जोर के साथ कार्य करना आरम्भ किया जिसमें सहस्रो पुरुष आर्यसमाज में प्रविष्ट हुए ॥ ७१ ॥

न कोपि तस्मिन्विषये बुधोऽभव-
न्मुहूर्तमात्रं किल यो महर्षिभिः ।
समं समाभाषणमप्यहोमदा-
द्गिरामराणां प्रथयेदशङ्कितः ॥७२॥

उस समय समस्त पजाब में एक भी पौराणिक पण्डित इस योग्यता का न था जो स्वामीजी के साथ दो घटे भी सस्कृत में बात कर सके ॥ ७२ ॥

तथापि पौराणिकलोकमण्डली
कुशब्दवादानवदद्यतः स्वयम् ।
पराजिताभूदिति निश्चयः पुरे
ततान वृद्धेष्वपि हर्षसूचनाम् ॥७३॥

तो भी पौराणिक लोगो ने अपने कुवाच्य शब्द कहने बन्द न किये जिससे समस्त शहर में उनकी हार मानी गई ॥ ७३ ॥

दिनेषु तेष्वेव जगाद कोपि तं
यतीश्वरं मन्दमतिर्भवेदरम् ।
स मित्रभावः सकलेपि ते यते
यदि प्रकुर्या न हि मूर्तिखण्डनम् ॥७४॥

इन्हीं दिनों शहर में धार्मिक हलचल देखकर एक दिन पण्डित मनफूल ने आपसे कहा कि यदि आप मूर्तिपूजा का खण्डन छोडदे तो सब आपसे मित्रता करने लगे और विरोध शात हो जाय ॥ ७४ ॥

इति प्रगल्भं मनुजैरुदीरितं
निशम्य योगी तमुवाच सत्वरम् ।
न वेदनिर्देशमपास्य मे मति-
र्निदेशमिच्छत्यधुना भवादृशाम् ॥७५॥

इसके उत्तर में आपने कहा कि मै मनुष्यो के प्रसन्न रखने के लिए उस ईश्वर की आज्ञा का, जो कि वेदो में लिखी हुई है, कदापि उल्लङ्घन न करूँगा। मनुष्य प्रसन्न रहे या अप्रसन्न रहे ॥ ७५ ॥

विभिन्नधर्म्मार्थ तदैव योगिनं
समेत्य वाङ्गः प्रगदन्स्वशङ्कनाः ।
यथोचितं प्राप्य सदुत्तरं मुदा
जगाम पश्चात्प्रणमन्यथागतम् ॥७६॥

एक दिन एक बगाली पादरी ने आपके सामने आकर वेद और यज्ञ विषय में कुछ प्रश्न किये जिनका यथोचित उत्तर आपने दिया और वह प्रसन्न होकर चला गया ॥ ७६ ॥

बुधेतरः कोपि तदार्य्यतां गतः
पुनर्निजैरप्यववासितो ययौ ।

निजामलं पाप-पुराणमण्डली
क्व दुर्जनैर्वञ्चित एति सत्यताम् ॥७७॥

एक भानुदत्तजी पण्डित थे जो कि स्वामीजी के पास आकर मूर्तिपूजा का कभी कभी खण्डन भी करते थे परन्तु एक दिन कई पौराणिक पण्डितों ने मिलकर उन्हें धमकाया, जिससे वे ज्यो के त्यो रह गये ॥ ७७ ॥

अथाग्निहोत्री निगमोदिते विधौ
विकत्थमानः किल कोपि योगिना ।
वितर्जितः प्राप गृहं विलज्जितो-
न पक्षपातो हृदयेषु योगिनाम् ॥७८॥

एक शिवनारायण अग्निहोत्री आपके पास प्राय आया करते थे। एक दिन विना सोचे-समझे वे आपकी बातो में दखल दे बैठे जिस पर आपने उनको खूब ही फटकार बतलाई ॥ ७८ ॥

विभिन्नतायामपि देशवासिनां
न वैमनस्यन्तिरयाम्बभूव किम् ।
महोपदेशो मुनिराजदर्शितः
क्व दीपदीप्तौ तिमिरव्यवस्थितिः ॥७९॥

आपके पास अनेक प्रकार के मत मतातरों के मानने वाले बडे बडे महाशय आया करते थे, परन्तु आपके उपदेशो को सुन वे सबके सब प्रीति-पूर्वक एकसा बर्ताव करने को तैयार हुए। दीपक के प्रकाश होने पर अन्धकार का क्या काम ? ॥ ७९ ॥

अनन्तरं तत्र महानलङ्कृतः
स कोपि सामाजिकमन्दिरोदयः ।
ततान मोदं यमिनां हृदन्तरे
नितान्तमार्येङ्करणः प्रभाववान् ॥८०॥

एक दिन बहुत से आर्य महाशयों ने मिलकर यह प्रस्ताव उठाया कि जैसे मुम्बई और पूना आदि शहरों में आर्यसमाज स्थापित हो गये हैं वैसे ही यहाँ लाहौर में भी स्थापित होने चाहिएँ। विचार होने पर प्रस्ताव पास हुआ ॥ ८० ॥

विनिर्मिते वैदिकधर्म्ममन्दिरे
प्रवर्तिते चार्य्यमतप्रचारणे ।
बभूव यो यो नियमोदयो बुधैः
स दृश्यतां पद्यविशेषसुन्दरः ॥८१॥

कुछ दिनों के बाद जब कि समाज का मन्दिर स्थापित हो गया और अच्छे प्रकार प्रचार भी होगया तब आपने समाज के दस नियम बनाये जो कि निम्नलिखित पद्यों द्वारा वर्णन किये जाते हैं—॥ ८१ ॥

(१) यदत्र लोके निगमादि तत्कृपा-
वशात्पदार्थान्तरमप्यशेषतः ।
प्रमीयते तस्य निदानमुत्तमं
महाशयैरीश्वरएव बुध्यताम् ॥८२॥

"सब सत्य विद्या और जो पदार्थ विद्या से जाने जाते हैं उन सबका आदि मूल परमेश्वर है" [१] सत्य विद्या से यहाँ पर वेद विद्या से अभिप्राय है जो कि ईश्वरोक्त होने से सर्वांश में सत्य है। पदार्थ शब्द का अर्थ कार्य जगत् है और आदि मूल के अर्थ मुख्य निमित्त कारण के है। साङ्ख्य-दर्शन में मूल शब्द कारण के अर्थों मे ही आया है, जैसे कि मूल का मूल नहीं होता ॥ ८२ ॥

(२) स सच्चिदानन्दमयो निराकृतिः
समेधितश्चाथ समस्तशक्तिभिः ।
प्रगीयते वेदचतुष्टयैरपि
प्रकामतो न्यायमयीति यत्कथा ॥८३॥

वह ईश्वर, जो कि पहले नियम के द्वारा बतलाया गया है सद्रूप, चिद्रूप तथा आनन्दरूप है, निराकार—आकार-रहित-है, * सर्वशक्तिमान्—समस्त शक्तियो का भडार है, चारो वेद जिसको न्यायकारी—न्याय के अनुकूल काम करनेवाला बतला रहे है ॥ ८३ ॥

दयालुता यस्य गुणैः प्रतीयते
विजन्मतानन्तपदेपि यं गते ।
यएव यातः किल निर्विकारता-
मनादिताञ्चापि वदन्ति यद्गताम् ॥८४॥

जिसके गुणो से दयालुता स्वय प्रतीत होती है तथा जिसको अजन्मा—जन्म-रहित एव अनन्त—अपार कहते है, जो निर्विकार—विकार शून्य और अनादि है। सत्यार्थप्रकाश के सप्तम समुल्लास मे आपने न्यायकारी और दयालु इन दोनो शब्दो को पर्याय वाचक बतलाया है और यह भी बतलाया है कि ईश्वर किसी के भी अपराध को क्षमा नही करता ॥ ८४ ॥

न विद्यते येन समो जगत्त्रये
समस्तमेतत्किल येन धार्यते ।
यथायथं व्यापकतामुपागतो-
य एव सर्वान्तरधिष्ठितो महान् ॥८५॥

जिस ईश्वर के समान तीनो लोको मे और कोई नही है, तथा जो ईश्वर समस्त विश्व के धारण करने से सर्वाधार कहाता है और परमाणु से लेकर पदार्थ मात्र मे व्यापक होने से सर्वव्यापक एव अन्तर्यामी होने से सर्वान्तर्यामी कहाता है ॥ ८५ ॥

वदन्ति यं विश्वतलेऽजरं तथा-
ऽमरं पुनश्चाप्यभय विपश्चितः ।

---

* सत्यार्थप्रकाश के ७ व समुल्लास मे सर्वशक्तिमान् का अर्थ यह दर्शाया है कि जो अपने काम करने मे किसी के अधीन न हो।

निसर्गतो नित्यपवित्रनामनी
यमादराद्बोधयतः परस्परम् ॥८६॥

जिस ईश्वर को विद्वान् लोग जरामरण रहित होने से अजर, अमर, निर्भय होने से अभय, नित्य और पवित्र इन नामों से प्रति दिन कहा करते है ॥ ८६ ॥

समुच्यते[1] यः परतः कवीश्वरैः
समस्तसृष्टेरपि कर्तृताङ्गतः ।
उपासनीयः परमो महाशयैः
स एव सर्वैरपि वेदमार्गगैः ॥८७॥

जिस ईश्वर को समस्त सृष्टि के कर्ता होने से विद्वज्जन सृष्टिकर्ता कहते है उसी परमात्मा की सब महाशयों को उपासना करनी योग्य है ॥ ८७ ॥ [२]

(युग्मम्)

(३) समस्तसत्याश्रितविद्यया युतः
स वेदएवास्ति निरस्तदूषणः ।
भवन्ति यस्याध्ययनेन भूतले
विशारदाः शारदयापि सेविताः ॥८८॥
स एव नित्यं पठनीय आदरा-
त्स पाठनीयश्च समस्तमानवैः ।
विहाय सर्वं श्रवणीय उत्तमो-
यथायथं श्रावणमस्य तन्यताम् ॥८९॥

दोषो से रहित, गुणो से पूरित इस जगत् में एक 'वेद ही सब सत्य विद्याओ का पुस्तक है' जिसके अध्ययन से मूर्ख भी चतुर हो जाते हैं । इसलिए और सब पुस्तकों को छोडकर आदर से 'उसीका पढना, पढाना और सुनना और सुनाना सब आर्यो का परम धर्म है, ॥ ८८ ॥ ॥ ८९ ॥ [३]

---

१ उदीर्यते इति पाठान्तरम ।

(४) समुद्यतैर्भाव्यमलं परिग्रहे
सदैव सत्यस्य तथा विसर्जने ।
महोदयैर्वेदपथप्रवर्तकै-
रसत्यवाचां किमतोऽधिकं वचः ॥६०॥

वैदिक मार्ग में चलने वाले पुरुषो को 'सत्य के ग्रहण करने और असत्य के छोडने में सदा उद्यत रहना चाहिए, ॥ ९० ॥ [४]

(५) समस्तकृत्यानि विचार्य्य सत्यता-
मसत्यताञ्चाप्यनुसारतो जनैः ।
सदैव धर्मस्य यथायथ पथि
क्रमेण कार्य्याणि महेश्वरोदिते[1] ॥६१॥

आर्य पुरुषों को हर समय 'सब काम धर्मानुसार अर्थात् सत्य और असत्य को विचार करके करने चाहिएँ' ॥ ९१ ॥ [५]

(६) प्रधानमुद्देश्यमिदं विमृश्यतां
समस्तभावैरुपकारकल्पनम् ।
भवस्य[2] शारीरिकदैविकोदया-
त्पराऽथ सामाजिकधार्मिकोन्नतिः ॥६२॥

हर प्रकार से 'ससार का उपकार करना आर्य समाज का प्रधान उद्देश्य है अर्थात् शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना' ॥ ९२ ॥ [६]

(७) समं समस्तैरपि मानवैः सदा
परस्परं प्रेम परम्पराश्रितम् ।

---

१ महेश्वरोदिते वैदिके पथि समर्पितपदैरार्य्यैरिति भाव । २ भवन्ति जना अस्मिन्निति भव, ससारस्तस्य ।

स्वतन्त्रभावैर्नियमेषु वर्तता-
मयं प्रधानो नियमो विलोक्यताम् ॥९७॥

सब मनुष्यो को सर्वथा विरोध छोडकर 'सामाजिक सर्वहितकारी नियम पालने में परतन्त्र रहना चाहिए और प्रत्येक हितकारी नियम म सब स्वतन्त्र रहें ॥ ९६ ॥ ॥ ९७ ॥ [१०]

इति प्रशस्ते नियमव्रजे तदा
दयामयेनैव निदर्शिते सभा ।
मुदः कलामाप परा जगत्त्रये
न को जनो मार्गमवाप्य मोदते ॥९८॥

इस प्रकार स्वामीजी के द्वारा नियमों के निश्चित होने पर समस्त सभा अति प्रसन्न हुई और तदनुकूल कार्य करने के लिए उद्यत हुई ॥ ९८ ॥

विभिन्नदेशेष्वधिवेशनोदयै-
स्तथा च सामाजिकमन्दिरोद्गमैः ।
नितान्तमन्तःकरणे प्रहर्षितो-
बभूव योगी श्रुतिमार्गविस्तरात् ॥९९॥

भिन्न भिन्न स्थानो में साप्ताहिक अधिवेशनो के होने से तथा नगर नगर में समाज-मन्दिरो के बन जाने से स्वामीजी अति प्रसन्न हुए ॥ ९९ ॥

अथैकदा तत्रभवैर्महाशयैः
प्रधानतायै विनिवेदितो मुनिः ।
गुरुत्वमूलोत्खननोचिताम्बला-
दुदीर्य मूकीकृतवान्गिरं जनान् ॥१००॥

एक दिन वहाँ के कई पुरुषों ने आपके पास आकर कहा कि आप

भी एक पन्थ बन जायगा। मुझे यह पन्थ नहीं बनाना है। मैं तो गुरुपन की जड़ काटता हूँ न कि गुरु बनता हूँ। इसलिए समाज का गुरु केवल वही ईश्वर हो सकता है और कोई नहीं॥ १००॥

पुनर्जनैर्भक्तिरयेण कल्पितां
सहायतामीश्वरपादयोर्न्यसन्[1]।
दधार योगी हठतो यथायथं
स सेवकत्वं सकलार्य्यधर्मिणाम् ॥१०१॥

फिर कई महाशयों ने आपसे प्रार्थना की कि यदि आप इसके आचार्य नहीं बनते तो परम सहायक तो बनिए। ऐसा सुनकर आप कहने लगे कि यदि आप मुझे परम सहायक मानेंगे तो परमेश्वर को क्या मानेंगे? अन्त में कई पुरुषों के आग्रह करने पर आपने सेवक होना स्वीकार कर लिया॥१०१॥

अतः परं तन्नगरोपकण्ठतां
पुरीषु यातासु दिनानि कानिचित्।
निनाय योगी पुनराप सत्वरं
पुरं लवेनारचितं यथायथम् ॥१०२॥

इसके पश्चात् स्वामीजी कुछ दिन के लिए लाहौर के आस पास के नगरों में प्रचार के लिए गये। फिर लौटकर लाहौर ही आ गये॥ १०२॥

दिनेषु गच्छत्सु स वार्षिकोत्सवो-
महोदयैर्ब्राह्ममतानुगैः कृतः।
बभूव तत्रापि यतिर्ययौ मुदा
जनैः समस्तैरभिवेष्टितो निजैः ॥१०३॥

कुछ दिनों के बाद २१ अक्तूबर सन् १८७७ ई० को बड़े समारोह के साथ लाहौर में ब्रह्म-समाज का उत्सव हुआ जिसमें सहस्रों समाजी महाशयों के साथ आपभी पधारे॥ १०३॥

---

१ अस गतौ भ्वादि धातूनामनेकार्थत्वात्स्थापनमर्थः।

निवृत्य तस्मान्निजमार्गगामिभि-
निर्मन्त्रितो न प्रजगाम तैः कृते ।
तदन्तरङ्गे पुनरेत्य वाटिकां
चकार तद्यावनवाक्यखण्डनम् ॥१०४॥

यहाँ से लौटते समय आर्यसमाज की अतरग सभा म आने के लिए आपको निमन्त्रित किया गया । आपने कहा कि मै उसका सभासद् नहीं हूँ इस लिए मुझे उसमे सम्मति देने का अधिकार नहीं है इतना कहकर नवाब नवाजिश अलीखाँ के बाग मे जाकर आपने मुहम्मदी मत का खण्डन करना प्रारम्भ किया ॥ १०४ ॥

ततः परं कैश्चिदयं बहुस्थितौ
निमन्त्रितस्तानवदद्यथात्र मे ।
विभाति सावश्यकता तथा न किं
पुरेषु सर्वेषु विचार्यतामिदम् ॥१०५॥

तदनन्तर एक महाशय ने लाहोर म अधिक समय तक रहने की आपसे प्रार्थना की जिसके उत्तर मे आपने कहा कि जैसी मेरी यहाँ पर आवश्यकता है इसी प्रकार समस्त भारतवर्ष में है इसलिए यहाँ अधिक नहीं रहूँगा ॥ १०५ ॥

इति ब्रुवत्येव यतीश्वरे मुदा
तदा सभा सा शिथिलीचकार ताम् ।
विचारणामाप वियोगशोकतां
न के जनाः सज्जनदर्शनोत्सुकाः ॥१०६॥

आपके इतना कहने पर सब मनुष्यो के मन म वियोग का शोक उत्पन्न हुआ और उन्होंने जो बहुत दिन तक आपके रहने की आशा कर रक्खी थी वह भी शिथिल हो गई ॥ १०६ ॥

प्रमुदितजनलोकं तत्प्रतापप्रभावै-
रभवदहह दैवादेकतस्तत्पुरन्नु ।
शिथिलितनिजकृत्यं शून्यमेकत्र देशे
समभवदतिवेगाद्देवदेवस्य शोकैः ॥१०७॥

जिस नगर में स्वामीजी जाने को उद्यत होते थे उस नगर के सहस्रों मनुष्यों का एक भाग आपके आने से पूर्व ही हर्ष को प्राप्त होता था और जिस नगर से स्वामीजी जाते थे उस नगर का एक भाग पहुँचाने के लिए आये हुए सहस्रो मनुष्यों के शोक से शून्य सा प्रतीत होता था ॥ १०७ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
लवपुरगमन नामैकादश सर्ग ।

द्वादशः सर्गः

अथ तस्मादवसरतो-
ऽमृतसरसि पुरे समेत्य योगी सः ।
रामारामसमीपे
कृतवान् विश्रामहेतवे वासम् ॥१॥

लाहौर से प्रस्थित होकर स्वामीजी ५ जुलाई सन् १८७७ ई० को अमृतसर पहुँचे और रामबाग के पास एक कोठी में ठहरे ॥ १ ॥

नानकगुरुमतदीक्षा
यत्र समीक्षावशेन तेनापि ।
अभिवीक्षितेति मन्ये
यस्मात्सा तेन खण्डिता नितराम् ॥२॥

यहाँ पर आते ही आपने गुरुनानक के पुस्तकों का पर्यालोचन करना प्रारम्भ कर दिया जिससे कि उनके मत का अच्छे प्रकार खण्डन कर सके ॥ २ ॥

एतस्यागमनात्प्रा-
गेतद्वासाय सज्जनैः क्रीतम् ।
यदभूदभिनवभवनं
तस्य कथं केन तुल्यता क्रियताम् ॥३॥

आपके आने से पहले ही आपके निवास के लिए जो कोठी सज्जनों ने यहाँ पर खरीदी थी उसकी समता किसके साथ करें ॥ ३ ॥

गमनानन्तरमेव-
प्रथिता नगरेऽस्य सा यशोविततिः ।
यामभिवीक्ष्य समस्ता
ध्वस्तेवाभूत्पुराणजनतात्र ॥४॥

आपके पहुँचते ही सारे शहर मे आपके आने की चर्चा फैल गई जिस को सुनकर पौराणिक लोग मन मे घबराने लगे ॥ ४ ॥

वीक्ष्योत्साहं तस्मिन्
नगरे व्याख्यानवर्धनामेषः ।
चक्रे बहुशङ्कानां-
मुत्तरदानेपि सत्वरं भावम् ॥५॥

आपने लोगो का उत्साह देखकर कोठी मे ही उपदेश देना आरम्भ कर दिया और साथही आप प्रत्येक जिज्ञासु के सदेह भी मिटाते रहे ॥ ५ ॥

मुख्यास्तन्नगरस्था
बहिर्भवाश्चापि वक्तृतां तस्य ।
आकर्णयितुमुदारा-
माययुरानन्ददायिनीं हर्षात् ॥६॥

आपके अमृतमय व्याख्यानो को श्रवण करने के लिए प्रति दिन शहर के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठित लोग तथा अन्यान्य बाहर के पुरुष भी आया करते थे ॥ ६ ॥

पौराणिकविबुधाली
मुहूर्तमात्रं न तस्य शक्ताभूत् ।

पुरतः संस्कृतगदने
शास्त्रार्थं केन तन्यतां तत्र ॥७॥

यद्यपि पौराणिक लोग शहर में कोलाहल मचाने के लिए पूरा पूरा प्रयत्न करते थे तथापि आपके समक्ष आकर देवभाषा संस्कृत में भाषण करने के लिए कोई भी न निकला ॥ ७ ॥

बहवः पण्डितवर्य्याः
पक्षं नैजं विहाय तत्पक्षम् ।
सत्वरमादरभावा-
दादृतवन्तो निरस्तदोषत्वात् ॥८॥

बहुत से सत्यवादी पण्डित अपने पथ को झूठा समझ कर वैदिक सिद्धान्तों को मानने और आपको देववत् समझने लगे ॥ ८ ॥

यद्यपि बहवो धूर्ताः
समयं तस्य व्यनाशयन्वादैः ।
परमादरमतिरेष-
स्तानपि सम्बोध्य सद्गुणानकरोत् ॥९॥

यहाँ के कुछ लोग कभी कभी किसी कोरे पण्डित को कुछ सिखाकर आपका समय नष्ट करने को भेजा करते थे, परन्तु आप उसको भी संतुष्ट करते थे ॥ ९ ॥

बहवस्तत्र मनुष्याः
स्थापितवन्तः समाजमार्य्याणाम् ।
यस्य विशेषाख्यानं
पत्रेष्वासीद्विमुद्रितं बहुषु ॥१०॥

मनुष्यों के अधिक उत्साह से १२ अगस्त सन् १८७७ ई० को यहाँ पर भी आर्यसमाज स्थापित हो गया जिसका विज्ञापन बहुत से पत्रों में दिया गया ॥ १० ॥

विज्ञापनदलदानैः
सूचितवृत्तापि पापमनुजाली ।
चूंकृतिमपि न हि चक्रे
का वार्ता तत्र भिन्नवादानाम् ॥११॥

आपने यहाँ पर सबको विज्ञापन दिया कि यदि किसी को मुझसे शास्त्रार्थ करना हो, या मेरे कथन पर आक्षेप करना हो, तो मैं सर्वदा उद्यत हूँ। परन्तु किसीने चू तक नही की, शास्त्रार्थ तो जहाँ तहाँ रहा ॥ ११ ॥

आर्य्यमहाशयमनुजै-
र्यदा नितान्तं विलज्जिता मन्दाः ।
शरणं ययुरतिवेगा-
त्तदा मनागेव रामदत्ताख्यम् ॥१२॥

जब सामाजिक लोगो ने पौराणिक पण्डितो को लज्जित करना आरम्भ कर दिया तब लाचार होकर उन्होने पण्डित रामदत्त की शरण ली ॥ १२ ॥

सत्यपरः स बुधेशो-
निषिध्य सर्वानवाञ्चितस्तैस्तैः ।
प्राप कृते भजनानां
पुरं हरेराशु तीरगं नद्याः ॥१३॥

पण्डित रामदत्तजी सत्यवक्ता थे। उन्होने स्पष्ट कह दिया कि मुझमें स्वामीजी के समक्ष जाने की शक्ति नहीं है। उस पर भी जब वे न माने तब आप हरद्वार चले गये ॥ १३ ॥

अवददथैको देवं
विहाय मूर्तेः प्रभञ्जनां जगति ।
विचरेद्यदि किल तर्हि
प्रशंसना ते परा भवेत्सकले ॥१४॥

एक दिन पण्डित विहारीलाल ने, जो कि एसिस्टेंट कमिश्नर थे, आप से आकर कहा कि यदि आप मूर्ति पूजा का खण्डन छोड़ दें तो आपकी बड़ी प्रशंसा हो ॥ १४ ॥

इत्थं निगदितवन्तं
कञ्चिन्मनुजं जगाद योगीन्द्रः ।
मास्त्वथवास्तु यशो मे
न वेदबाह्यं मतेऽस्ति मे रक्ष्यम् ॥१५॥

आपने उनको उत्तर दिया कि चाहे मेरी प्रशंसा हो अथवा न हो, परन्तु मैं वेद-विरुद्ध बातों का खण्डन कदापि न छोड़ूँगा ॥ १५ ॥

वेदोदितशुभमार्गे
नितरां गमनं ममास्ति कर्तव्यम् ।
मनुजानामपि तस्मिन्
नियन्त्रणं नाम तत्परं कृत्यम् ॥१६॥

वेदों की आज्ञा पर स्वयं चलना मेरा पहला काम है तथा दूसरे पुरुषों को उस पर चलाना मेरा दूसरा काम है। इसके अतिरिक्त मेरा कोई कामही नहीं है ॥ १६ ॥

एवं कथयति देवे
विवर्णतामाप पूर्वपक्षस्थः ।
आपदनन्तं मोदं
सार्य्यसमाजप्रतिष्ठिता जनता ॥१७॥

आपके ऐसा कहने पर लज्जित होकर वे तो अपने घर को चले गये और आर्यसमाज के पुरुष अत्यन्त आनन्द को प्राप्त हुए ॥ १७ ॥

एकस्मिन्नथ दिवसे
स्थूलतरः कोपि मानवो देवम् ।

द्रष्टुं सविधमुपागा-
द्वेष्टितमभितो यथायथं विबुधैः[1] ॥१८॥

एक दिन आप बगीचे में कई सज्जनो के साथ बैठे बात कर रहे थे कि अचानक सरदार हरचरणदास आपसे मिलने को आ गये ॥ १८ ॥

दृष्ट्वा तमथ स योगी
विचारयामास मानसे लोके ।
कामुपकृतिमिह चक्रे
योयं शक्तो न गन्तुमप्याशु ॥१६॥

आपने उनकी मुटाई देखकर कहा कि जो पुरुष दस कदम अपने बल से नहीं चल सकता उसने संसार का क्या उपकार किया ? ॥ १९ ॥

मीमांसयति तदेत्थं
कश्चिद्राजप्रधानभावस्थः ।
धार्मिकविषयविचारं
कृत्वा तेन[2] प्रसन्नतामागात् ॥२०॥

इतने ही मे मिस्टर परकन्सन साहब कमिश्नर, अमृतसर, आपसे मिलने के लिए आये और धार्मिक विषय पर कुछ बात चीत कर प्रसन्न हो लौट गये ॥ २० ॥

तत्पुरतटगतनगरे
नगरे गत्वा स योगिनामीशः ।
वैदिकमतबहुदीक्षां
दत्वा दत्वा पुनस्तदेवापत् ॥२१॥

---

१ विविधा विशिष्टा वा बुधा विबुधास्तै । २ महर्षिणा सहेति शेष ।

स्वामीजी भी अमृतसर के आस पास के शहरो मे वैदिक धर्म का उपदेश देने चले जाया करने थे, फिर लौटकर अमृतसर ही मे आकर ठहरते थे ॥ २१ ॥

आगत्य द्विः स्वामी
 भगवत्सिंहस्य वाटिकामध्ये ।
निवसन्नैजोद्देश्यै-
 रापूरयदाशु सर्वतो नगरम् ॥२२॥

एक बार स्वामीजी उपदेश देने के लिए बहुत दूर चले गये थे। दुबारा १५ मई सन् १८७७ ई० को अमृतसर मे पधार और सरदार भगवानसिंह के बगीचे में आकर अपना कार्य करने लगे ॥ २२ ॥

व्याख्यानानि महर्षेः
 श्रोतुं सर्वेपि तद्गता मनुजाः ।
रात्रिंदिवमनुवक्त्रं
 नेत्राण्यस्मिन्निवेशयामासुः ॥२३॥

आपके व्याख्यानो को सुनने के लिए अमृतसर के सब लोग आपके मुख की ओर दृष्टि लगाये थे ॥ २३ ॥

एकस्मिन्नथ दिवसे
 भगवत्सिंहानुजो यथेच्छं यत् ।
कथयामास तदर्थं
 नितान्तमेवान्वभञ्जयद्देवः ॥२४॥

एक दिन सरदार भगवान्सिंह के छोटे भाई गागरमलजी आपके पास आकर कुछ असगतसी बाते कहने लगे जिनका आपने खूब खण्डन किया ॥ २४ ॥

अन्ये तत्कथनानुग-
कथगा यद्यन्निवेदयामासुः ।
सर्वं तत्किल तिलशो-
निवारयामास नैगमैर्मन्त्रैः ॥२५॥

गागरमलजी की हाँ मे हाँ मिलाने वाले और भी जो कुछ कहते थे स्वामीजी ने उनका भी बीच बीच मे वेद-मन्त्रो का प्रमाण दे दे कर खूब खण्डन किया ॥ २५ ॥

प्रथिते निजपरगदने
घटिकायन्त्रं पुरो निवेश्यारम् ।
नियतैर्विपलविशेषैः
सर्वानेवाकरोदलं मूकान् ॥२६॥

सरदार दयालुसिंहजी आपसे कुछ बात करना चाहते थे । आपने अपने और उनके बीच मे घडी रख कर नियत समय मे उनको भी निरुत्तर कर दिया ॥ २६ ॥

दिवसान्तरगतकाले
वेदप्रामाण्यमाननेऽनिच्छान् ।
मूढानाग्रहबद्धा-
न्नानावाक्यैरतर्जयद्देवः ॥२७॥

एक दिन कुछ पुरुषो ने आपके पास आकर आग्रह से कहा कि हम वेदो का प्रमाण नही मानते । उनको आपने अच्छे प्रकार फटकारा ॥ २७ ॥

आकर्णितगमनेच्छाः
केचिद्धूर्ता नवीनमायाभिः ।
लोकानावञ्चयितुं
विज्ञापनदानमादराच्चक्रुः ॥२८॥

कुछ दिनो के बाद, जब स्वामीजी जाने का थे तब पौराणिको ने चाल चलकर प्रसिद्ध कर दिया कि हम स्वामीजी से शास्त्रार्थ करने को उद्यत हैं ॥ २८ ॥

तानप्यार्य्यसमाजे
नियताः सभ्या यथोत्तरादानैः ।
नितरां वाचंयमता-
मनयन्सत्यस्य किं जयो न स्यात् ॥२६॥

आर्यसमाज के प्रधान ने इस पर विज्ञापन दिया कि स्वामीजी शास्त्रार्थ के लिए सर्वदा तैयार हैं । आइए । परन्तु किसीने उत्तर तक नहीं दिया ॥ २९ ॥

सामाजिकजनवर्य्यैः
प्रार्थयमानो यथायथ योगी ।
अल्पाहानि निवासितुं
स्वीकृतिमाराञ्चकार वादाय ॥३०॥

शास्त्रार्थ की सम्भावना देख कर समाज के कुछ पुरुषो ने और भी थोडे से दिन यहीं पर रहने की प्रार्थना की । स्वामीजी ने शास्त्रार्थ के नाम से स्वीकार करली ॥ ३० ॥

नियते पुनरपि दिवसे
नियतेर्योगात्समस्तनगरस्थाः ।
सर्वे सज्जनसिंहाः
सादरमाजग्मुरुत्तमैर्यानैः ॥३१॥

कुछ समय के बाद यह नियत हुआ कि सरदार भगवानसिंह के मकान में शास्त्रार्थ होगा । नियत समय पर दश सहस्र पुरुष दर्शनार्थ एकत्र हो गये ॥ ३१ ॥

परमेतस्य समक्षे
वक्तुं शक्तो बभूव नो कश्चित् ।
पौराणिकमतवादी
वादावादौ तु जग्मतुर्दूरम् ॥३२॥

जब शास्त्रार्थ का नियत समय आगया उस समय आपके समक्ष एक भी पण्डित न आया, शास्त्रार्थ करना न करना तो जहाँ तहाँ रहा ॥ ३२ ॥

अस्मिन्नेवावसरे
धूर्तैः पाषाणवर्षणा यैर्यैः ।
प्रकृता सर्वे ते ते
राज्ञो दूतैर्नियन्त्रिताः पाशैः ॥३३॥

कुछ धूर्त पुरुषों ने आपके ऊपर ईंट और पत्थर फेंकने आरम्भ कर दिये थे परन्तु उन सब को पुलिस के सिपाहियो ने अपने दण्ड-पाश से बाँध लिया ॥ ३३ ॥

एकः स्वामिहितैषी
कश्चिन्मनुजो जगाद तं देवम् ।
भगवन्नद्य भवन्तं
रात्रौ दुष्टाः प्रपीडयिष्यन्ति ॥३४॥

एक दिन आपके एक मित्र ने आपको सूचना दी कि आप सिक्खो का खण्डन करते है, इसलिए आज रात को सब सिक्ख लोग आपको मारने के लिए आवे गे ॥ ३४ ॥

तस्मादेतद्भवनं
विसृज्य नव्ये नियम्यतां वासः ।
नो चेद्राजनियोग-
स्थिता जनाः सर्वतो योज्याः ॥३५॥

इसलिए या तो इस मकान को छोडकर किसी दूसरे मकान में जाकर रहिए या आज सब रात के लिए चारो ओर पुलिस का पहरा बिठला दीजिए ॥ ३५ ॥

एवं गदनपरं तं
नानायोगैर्निबोधयन्रात्रौ ।
शिष्टानपि निजमनुजान्
दूरे कृत्वाऽद्वितीय एवास्थात् ॥३६॥

यह सुन स्वामीजी उससे बोले कि जो कुछ होगा देखा जायगा । तुम चिन्ता मत करो । इतना कह कर उन्होने ग्रैर मनुष्यो को भी जो आपके पास रहते थे, रात को बाहर भेज दिया ॥ ३६ ॥

यो जगतामनुयन्ता
यस्याज्ञायां मया मनो दत्तम् ।
ईश्वरएव स देहं
रक्षितुमीष्टे ममेत्यलं यत्नः ॥३७॥

ग्रैर कहने लगे कि जो ईश्वर सब जगत् का रक्षक है ग्रैर जिसकी आज्ञा-पालन करने के लिए मैंने नियम किया है वही मेरे शरीर की रक्षा करेगा ग्रैर कोई नहीं ॥ ३७ ॥

निश्चित्यैवं शयितं
योगिनमेनं न कोपि तद्रात्रौ ।
तिमिरौघेपि बबाधे
सर्वत्रैवास्ति रक्षिता देवः ॥३८॥

इतना कहकर आप ग्रैर भी खुले मैदान मे सोये ग्रैर अधकार भी रात्रि भर रहा परन्तु कुछ भी न हुआ । क्यो हो जब कि ईश्वर सर्वत्र रक्षक ग्रैर विद्यमान है ॥ ३८ ॥

योगाभ्यासपरायण-
मेनं प्रातर्निरीक्ष्य मित्राणि ।

मित्रोदय इव चित्ते
मोदस्यान्तं न सर्वथालम्भन् ॥३६॥

प्रातःकाल उठते ही आपको योगाभ्यास मे बैठा देख कर समस्त आर्यगण इतने प्रसन्न हुए जिसका वर्णन करना मेरी शक्ति से सर्वथा बाहर है ॥ ३९ ॥

ये मनुजा इह पूर्वं
समागमादस्य पत्तने मार्गे ।
मन्त्रोच्चारणमपि न हि
चक्रुस्तेऽलं पठन्ति गायत्रीम् ॥४०॥

जो पुरुष आपके पधारने से पहले सर्व साधारण के समक्ष वेद मन्त्र भी नहीं पढा करते थे वे आपके प्रताप से आज सर्वत्र गायत्री मन्त्र सुनाने लगे ॥ ४० ॥

एवं निगदति मनुज-
व्राते योगी जगाद तान्सर्वान् ।
जीविष्ये यदि लोके
सर्वान्वेदं निबोधयिष्यामि ॥४१॥

यह सुनकर स्वामीजी उनसे कहने लगे कि यदि मेरा शरीर कुछ दिन तक जीवित रहा तो मैं मनुष्यमात्र के लिए वेद पढने का प्रबन्ध करूँगा ॥४१॥

धूर्तैरिह बहुलोकै-
र्यस्मादेषः प्रगोपितो वेदः ।
तस्मादेव जगत्यां
मनुजा मूढाः समाभवन्सर्वे ॥४२॥

जबसे पौराणिक लोगो ने सर्व साधारण तक वेद पहुँचाना बन्द कर दिया तभी से भारतवर्ष में समस्त पुरुष मूर्ख होने लगे और वेद भी लुप्तप्राय होने लगे ॥४२॥

निगदत्येवं देवे
साध्य्यसमाजोपसङ्गता जनता ।
वर्षसहस्रमितावधि-
कालं जीवेति सर्वथावोचत् ॥४३॥

आपके इस प्रकार कहने पर समस्त आर्यजन ईश्वर से प्रार्थना करने लगे कि हे परमात्मन्! आपका यश विस्तृत कीजिए और आपको दीर्घजीवी बनाइए ॥ ४३ ॥

प्रथमागमनावसरे
चत्वारिंशन्नवीनछात्रास्ते ।
अज्ञानोपहृतज्ञा
नष्टं धर्म्मं ग्रहीतुमातिष्ठन् ॥४४॥

जब आप पहले पहल आये थे उस समय चालीस हिन्दू विद्यार्थी अपने धर्म से विमुख होकर ईसाई होने के लिए सर्वथा तैयार थे और उद्यम कर रहे थे ॥ ४४ ॥

दैववशेन तदैव
स्वामी तानाप्य बोधयन्धर्मम् ।
वारितदस्युपथाँस्ता-
नार्य्ये मार्गे निवेशयामास ॥४५॥

परन्तु दैववश आप यहाँ पर विद्यमान थे। आपने उनको वैदिक धर्म का उपदेश देकर ईसाई होने से बचा कर वैदिक धर्म का अनुगामी बना लिया ॥ ४५ ॥

गतवति बहुतिथकाले
विभिन्नधर्मा जगाद योगीन्द्रम् ।

यद्येकत्र सपीति-

भंवेदवश्यं तदाशु नौ प्रीतिः ॥४६॥

कुछ दिनो के बाद एक पादरी साहब ने आपसे कहा कि यदि आप हमारे साथ बैठकर एक साथ मेज पर खाना खावे तो हम में और आप में बडा प्रेम बढे ॥ ४६ ॥

कथयति कथमपि तस्मिन्

द्विरुद्धधर्मप्रवर्तके देवः ।

एकासनाऽशनेष्वपि-

तेषु विरोधं निवेद्य तुष्टोभूत् ॥४७॥

पादरी के इतना कहने पर आपने कहा कि यदि एक साथ भोजन करने से ही प्रेम बढे तो ईसाइयों मे जो द्वेष सह भोजन होने पर भी पाया जाता है वह क्यों मिले ? ॥ ४७ ॥

कलिकातानगरान्तै-

राहूतः कोपि पादरीत्याख्यः ।

नामश्रवणभयादिव

दयानिधेरत्र नागतो मन्ये ॥४८॥

यह सुन पादरी चुप होगये और घबराकर आपसे शास्त्रार्थ के लिए उन्होने एक बंगाली पादरी को कलकत्ते से बुलाया परन्तु वह आना स्वीकार करके भी आपके सामने नहीं आया ॥ ४८ ॥

एवं निखिलमतस्थैः

सत्रा वादे समेत्य जयपक्षम् ।

सानन्दो यतिवर्य्यो-

जगाम तस्मान्नवीननगराणि ॥४९॥

इस प्रकार अनेक मतों के विद्वानों से शास्त्रार्थ में विजय पाकर आप अति प्रसन्न हुए और यहाँ से किसी दूसरे शहर को जाने के लिए तैयार हुए ॥४९॥

आकर्ण्यागमनोत्थं
महोत्सवं भिन्नपत्तनान्तरजाः ।
मनुजाः स्वागतकरणे
नगरादर्वाक्समुद्यतास्तस्थुः ॥५०॥

अमृतसर से चलकर १२ अगस्त सन् १८७७ ई० को आप गुरुदासपुर पहुँचे । आपके स्वागत के लिए शहर के बारह जिले के प्रतिष्ठित रईस तथा राजकर्मचारी पहुँच गये थे ।। ५० ।।

आयुर्वेदविदांवर-
एको मनुजः प्रबन्धकर्तृत्वम् ।
अध्यारोप्य स्वस्मिन्
नानायोगैश्चकार तत्सेवाः ॥५१॥

डाक्टर बिहारीलालजी ने आपके आतिथ्य का जितना कुछ भार था सब अपने ऊपर ले लिया और अनेक प्रकार से आपकी सेवा की ।। ५१ ।।

गत्वैवैष महात्मा
वैदिकधर्मप्रचारमातेने ।
निगमोदितशुभवाक्यै-
र्मूर्तेः पूजामभञ्जयत्पापाम् ॥५२॥

आपने भी पहुँचते ही धर्मोपदेश करना प्रारम्भ कर दिया और साथ ही वैदिक मन्त्रों द्वारा मूर्ति-पूजा का बडे जोर शोर से खण्डन किया ।। ५२ ।।

आकर्णितशुभवादाः
केचिन्मनुजा विरोधभावेन ।
नाम्ना गणेशदासं
विद्वद्देशीयमाययुः शरणम् ॥५३॥

आपके व्याख्यानो को सुन कर कुछ मनुष्यो ने विरोध-भाव से गणेशगिरि नामक एक थोडे पढे हुए साधु को आपसे शास्त्रार्थ के लिए बहुत उकसाया ॥ ५३ ॥

सूचितशास्त्रविवादो-
गणेशदासो निवार्य्य तान्सर्वान् ।
स्वामिनमेवाश्वन्ते
शरणं लोकैरनुद्रुतः प्रापत् ॥५४॥

परन्तु उन्होने आपका विद्याबल देखकर पौराणिको को फटकारा । जब वे बहुत कुछ स्थिर होगये तब गणेशगिरि ने भी अन्त मे स्वामीजी की ही शरण ली ॥ ५४ ॥

दृष्ट्वा तन्मतमध्ये
समाविशन्तं गणेशदासमपि ।
पौराणिकजनमध्ये
महान्विषादः समूर्छनः समभूत् ॥५५॥

जब कि गणेशगिरि भी स्वामीजी के मत मे होगये तब तो पौराणिकों में बडी हलचल मची और शोक के मारे बहुत से पौराणिक मूर्छित भी होगये ॥ ५५ ॥

दिवसानन्तरमेतै-
र्दौलतरामस्तथापरोप्येकः ।
शास्त्रार्थाय नियुक्तो-
जगाम मार्गे सकम्पनामापत् ॥५६॥

दूसरे दिन पौराणिको ने पण्डित लक्ष्मीधर और पण्डित दौलतराम को दीनानगर से बुलवाया, परन्तु ये दोनो पण्डित भी शास्त्रार्थ के नाम से कॉपने लगे ॥ ५६ ॥

नष्टा वागप्यनयो-
र्दृष्ट्वा देवस्य भारतीवेगम् ।

अतएवाशु ततस्तौ
विनिर्गतावेव भाषणस्थानात् ॥५७॥

जब कि स्वामीजी की वक्तता सुनकर दोनो के दोनो मूक रह गये तब वे अंत में कुछ मन म बडबडाते हुए सभा से चले गये ॥ ५७ ॥

अतिरमणीयैः कथनै-
र्दयानिधेरस्य पत्तने तस्मिन् ।
सत्वरमेव मनुष्यै-
रार्य्यसमाजो निवेशितः सम्यक् ॥५८॥

स्वामीजी के लगातार व्याख्यानो से यहा पर भी २४ अगस्त सन् १८७७ ई० को आर्यसमाज स्थापित होगया और भद्रजन उसके अधिकारी चुने गये ॥ ५८ ॥

विहिते सज्जनवर्य्यै-
रार्य्यसमाजे महामुनिर्मुदितः ।
नगरान्तरजनशुद्ध्यै
मनसापूर्वं पुनर्ययौ वपुषा ॥५९॥

अपने समक्ष आर्यसमाज को स्थापित देखकर स्वामीजी बडे प्रसन्न हुए और यहाँ से १३ दिसम्बर सन् १८७७ ई० को जलन्धर शहर पधारे ॥ ५९ ॥

भवने तत्र विशाले
सुचेतसिंहस्य संवसन्योगी ।
वैदिकधर्म्मसमीक्षा-
विषये व्याख्यानमादरादादात् ॥६०॥

यहाँ पर कुवर सुचेतसिंह की कोठी पर आपके ठहरने का प्रबंध किया गया और आपकी हवेली म ही व्याख्यानो का प्रबंध होने लगा ॥ ६० ॥

भवनस्यातिलघुत्वा-
ज्जनताधिक्याच्च योगिनामीशः ।
विक्रमसिंहविनिर्मित-
भवने गत्वा स्ववक्तृतां तेने ॥६१॥

जब मनुष्यो की भीड अधिक होने लगी और स्थान का सकोच होने लगा तब दूसरे दिन कुवॅर विक्रमसिह के मकान पर व्याख्यान का प्रबध किया गया ॥ ६१ ॥

मासादधिकैर्दशभि-
र्दिवसैर्योगी पुरेत्र निवसन्सन् ।
वैदिकधर्म्मविचारं
क्रमशः सर्वत्र पूरयामास ॥६२॥

यहाँ पर स्वामीजी ने लगातार चालीस दिन तक चालीस व्याख्यान देकर गली गली मे वैदिक धर्म का प्रचार अच्छी तरह कर दिया ॥ ६२ ॥

अभ्यर्णस्थपुरस्थाः
श्रोतुं व्याख्यानमस्य देवर्षेः ।
सत्वरमु त्वरमाणा-
धावं धावं समभ्ययुर्मनुजाः ॥६३॥

जलंधर के आस प स के नगरो के पुरुष आपके व्याख्यानो को सुनने के लिए बडे प्रेम से दौडकर आया करते थे ॥ ६३ ॥

बहुविधविद्वत्पूर्णे
समाजमध्ये दयामयो योगी ।
वैदिकमन्त्रविशेषैः
सम्यक् श्राद्धं विमर्दयामास ॥६४॥

एक दिन आपने अनेक विद्वानो से भरे हुए व्याख्यान भवन में वेद मन्त्रो के प्रमाण दे दे कर इस प्रकार श्राद्ध का खण्डन किया कि सब देखते के देखते ही रह गये ॥ ६४ ॥

अस्मिन्नेवावसरे
बहवो मूर्तेः प्रपूजका मनुजाः ।
अखिलं त्यक्त्वा जालं
शरणं प्रापुर्दयानिधेश्चरणम् ॥६५॥

इसी अवसर में बहुत से मूर्तिपूजक पौराणिक लोग अपनी अपनी पूजा छोड कर आपके समीप आये और वैदिक धर्म के सच्चे अनुगामी बन गये ॥ ६५ ॥

सकलैरपि किल विज्ञैः
सत्यं देवस्य भाषणं मत्वा ।
निजनिजसम्मतिदाने-
वैदिकमार्गो विभूषितः परमः ॥६६॥

बहुत से पण्डितो ने भी आपके व्याख्यानो को सुन कर पौराणिक धर्म को तिलाञ्जलि दे दी और वे अपनी अपनी सम्मतियो से वैदिक धर्म को ही पुष्ट करने लगे ॥ ६६ ॥

धर्मसमाजबुधा अपि
गलितां वृत्तिं विलोक्य मन्दानाम् ।
शरणं वैदिकधर्म्मं
मत्वा नूनं समाजमेवापुः ॥६७॥

धर्मसभा के छोटे मोटे पण्डितो ने भी मूर्खो की जीविका छूटती देख कर अन्त में वैदिक धर्म का ही आसरा लिया और वे समाज में प्रविष्ट हुए ॥ ६७ ॥

गतवति दिवससमूहे
राज्याधीशेन रामदत्तेन ।

पौराणिकजनपक्षं
धृत्वाप्यस्यैव पक्ष आदरितः ॥६८॥

कुछ दिनो के बाद आनरेरी मजिस्ट्रेट पण्डित रामदत्त ने श्राद्ध का पक्ष लिया था परन्तु सिद्ध न करने पर अन्त में स्वामीजी का ही पक्ष स्वीकार किया ॥ ६८ ॥

यवनैरपि किल योगी
सत्रावादं विधाय बहुवारम् ।
मन्दं तन्मतवादं
निर्बलतायां निरुध्य जयमापत् ॥६९॥

मौलवी अहमदहुसेन के साथ एक दिन कुरान के विषय में स्वामीजी का विचार हुआ परन्तु निष्पक्ष होकर मौलवी साहब स्वामीजी से हार मान गये और उन्होने शास्त्रार्थ छपा दिया ॥ ६९ ॥

एवं प्रशमितवादः
सर्वमतज्ञो दयामयोऽवादः ।
विन्यस्यार्य्यसमाजं
तस्मिन्नगरे पुरान्तरं प्राप ॥७०॥

इस प्रकार समस्त मतो के पण्डितो को शास्त्रार्थ मे परास्त कर आपने समाज स्थापित कराया और अन्त मे यहाँ से चलने की प्रबल इच्छा प्रकट की ॥ ७० ॥

तत्र विहारीलाला-
भिधजनभवने विरम्य योगीन्द्रः ।
वैदिकधर्म्मप्रधनं
क्रमशः सर्वत्र पूरयामास ॥७१॥

२६ अक्तूबर सन् १८७७ ई० को आप यहाँ से फीरोजपुर की छावनी मे पधारे। वहाँ लाला विहारीलाल की कोठी म ठहर- कर वदिक-धर्म का प्रचार करने लगे ॥ ७१ ॥

पौराणिकजनशङ्काः
क्रमशो वम्भज्य सूक्तैरेष: ।
सकलानपि पुरमनुजा-
न्निदर्शयामास वेदसिद्धान्तम् ॥७२॥

यहाँ पर समस्त पौराणिका ने मिलकर कुछ प्रश्न बनाये जिन का उत्तर स्वामीजी ने नम्बर वार दे दिया। फिर कोई शका करने को नही आया ॥७२॥

वाचंयमपदवीस्थे
पुराणलोकतिदुर्दशामासे ।
आर्येतरमनुजाना-
मनार्यशब्देन साभवद्धूतिः ॥७३॥

जब यहाँ के समस्त पौराणिक मूक हो गये और इनकी दुर्दशा आरम्भ हुई तब सब नगर के पुरुष इनको अनार्य (पोप) शब्द से पुकारने लगे ॥७३॥

मन्दिरपूजक एकः
पप्रच्छारं दयानिधि दैवात् ।
शब्दस्यास्य निरुक्ति
पूजारीति प्रसिद्धिमासस्य ॥७४॥

एक दिन यहाँ के बडे मन्दिर के पुजारी आपके पास आकर पूँछने लगे कि यह जो ससार मे पुजारी शब्द प्रचलित हो रहा है इसका क्या अर्थ है? ॥ ७४ ॥

पूजाया अरिरित्थं
समासमस्मिन्विधाय षष्ठीस्थम् ।

---

१ इतिराकारणाऽऽह्वानमिति कोश ।

पूजनशत्रुभवार्थं
प्रबोधयामास सूक्तैर्देवः ॥७५॥

आपने उत्तर दिया कि यह शब्द वास्तव मे पुजारी नहीं है किन्तु "पूजारि" है जिसका अर्थ (पूजाया अरिः पूजारि) इस षष्ठी समास से पूजा का शत्रु होता है ॥ ७५ ॥

श्रुत्वा गतवति पूजन-
शत्रौ रोषाद्यथागतं तस्मिन् ।
पुनरपि वैदिकधर्म्म
प्रधानभावेन भूषयामास ॥७६॥

इतना सुन कर पुजारी रघुनाथजी क्रोध मे भर गये और शीघ्र ही उठ कर चल दिये। आपने भी उनके जाने के वाद व्याख्यान देना प्रारम्भ कर दिया ॥ ७६ ॥

व्याख्यानावसितौ किल
शङ्काऽनुज्ञामलं ददानेस्मिन् ।
विद्वदनुत्थितिभावा-
देको धूर्तः पपाठ दोहडिकाम्[1] ॥७७॥

एक दिन नियमानुसार व्याख्यान देने के वाद आपने कहा कि यदि किसी को कुछ शंका करनी हो तो करे। जब कोई न उठा तब एक धूर्त उठ कर दोहा पढने लगा जो कि इस प्रकार है "कर खेल चौगान मैदान में" ॥ ७७ ॥

तामयमात्मपराणां-
पुरतः शीघ्रं विभज्य वैयर्थ्यम् ।
यावत्तं बोधितवाँ-
स्तावन्मूकत्वमागमद्वादी ॥७८॥

---

१ दोहडिका प्राकृतपद्यमयश्छन्दोविशेष ।

आपने उसको सुन कर सबके सामने अर्थ करना प्रारम्भ कर दिया जिसको सुन कर वह लाल पीला हो गया और उठ कर चल दिया ॥ ७८ ॥

अवसितमेवं प्राप्ते
सद्व्याख्याने निवेशिते चालम् ।
आर्य्यसमाजे तस्मा-
द्गन्तुं चक्रे पुरान्तरं स्वेच्छाम् ॥७९॥

इस प्रकार लगातार वैदिक धर्म के प्रचार से जब यहाँ पर समाज स्थापित हुआ तब आप यहाँ से चलने को उद्यत हुए ॥ ७९ ॥

आप्य पुरं नवलोकं
भवने विश्रम्य वैश्यवर्य्यस्य ।
विज्ञापनदलयोगैः
सर्वा रथ्या विभूषिताश्चक्रे ॥८०॥

७ नवम्बर सन् १८७७ ई० को यहाँ से आप रावलपिंडी पधारे और यहाँ पर सेठ जामनजी की कोठी में ठहर कर आपने सर्वत्र व्याख्यान के विज्ञापन लगवा दिये ॥ ८० ॥

मासद्वयमनुवसता
पुराणग्रन्थप्रभञ्जनां दधता ।
वैदिकधर्मारीणां
किं किं न कृतं दुरत्ययं कृत्यम् ॥८१॥

लगातार दो महीने रह कर यहाँ पर आपने वैदिक धर्म का प्रचार और पौराणिक मत का अच्छे प्रकार खण्डन किया ॥८१॥

खण्डनमारभमाणे
यतिनासीरो विभिन्नमतवादी ।

काश्चित्परिषदि मौढ्या-
देनं तारस्वरेण समवोचत् ॥८२॥

जब ईसाई मत के खण्डन का अवसर आया तब एक पादरी ने सभा में उठ कर बडे जोर से कहा कि सुनिए महाराज, सुनिए ! ॥ ८२ ॥

वचनैरिञ्जीलस्थै-
र्लूताभिख्यस्य मर्त्यभेदस्य ।
यत्क्रियते बहुखण्डन-
मेतत्सर्वं न विद्यते तस्मिन् ॥८३॥

आप जो इजील के प्रमाण से हजरत लूत के विषय में कुछ कह रहे हैं वह नितात असत्य है । इजील में ऐसा कहीं नहीं लिखा है ॥ ८३ ॥

निगदत्येवं मनुजे
तन्मूर्खत्वं प्रदर्श्य तद्ग्रन्थे ।
तद्गतवाक्यविशेषे-
र्मौनव्रतितामदादरं देवः ॥८४॥

स्वामीजी ने यह सुन कर उनसे कहा कि मालूम होता है आपने इजील नहीं देखा । देखिए । यह क्या लिखा है । इतना कह कर इजील का पुस्तक सब के सामने खोल कर दिखा दिया । पादरीजी लज्जित और चुप हो गये ॥ ८४ ॥

उत्तरदानपरं तं
निरीक्ष्य नानामतानुगैः सार्धम् ।
पौराणिकमतविज्ञाः
सर्वे दोषानलम्भयन्देवे ॥८५॥

पौराणिक लोगो ने जब आपको ईसाइयो के साथ बातचीत करते देखा तब वे आपको भी ईसाई समझ कर आपके लिए आक्षेप करने लगे ॥ ८५ ॥

यीशुमतप्रथनार्थं
समागतोयं पुरेऽत्र नन्नूनम् ।
भवनाद्दूरीक्रियता-
मित्थं नद्गृहनायक जगदुः ॥८६॥

और शहर मे जाकर यह फैलाया कि यह स्वामी छिपा हुआ ईसाई है। जब उनकी कुछ न चली तब मकान वाले को जाकर भडकाया ॥ ८६ ॥

अर्वागेव तदायं
कथनात्तस्याऽऽय तत्पर भवनम् ।
द्वैगुण्ये न पुनस्ता-
न्पुराणभाजो विभञ्जयाञ्चक्रे ॥८७॥

आप पहलेही से उस मकान को छोड कर सुजानसिह की कोठी में जा ठहरे। फिर आपने पौराणिको की पहले से भी दुनी खबर ली ॥ ८७ ॥

तस्मिन्नेवावसरे
कनखलवासी निरत्तरः साधुः ।
संवादाय नियुक्तो-
लोकैर्नापद्दयामयं भीतः ॥८८॥

इसी अवसर में कनखल की गद्दी के महत साधु सुसपनगिरि आये हुए थे। लोगों ने उनको शास्त्रार्थ के लिए उकसाया परन्तु वे आपके सामने नहीं आये ॥ ८८ ॥

काश्मीराधिपतेरिह
विनयाबद्धं निमन्त्रणापलम् ।
आगतमभिवीक्ष्याऽरं
गमनानिच्छां निदेशयामास ॥८६॥

यहीं पर आपके पास महाराज काश्मीर ने आपको अपनी रियासत में बुलाने के लिए निमन्त्रण पत्र भेजा जो कि आपने स्वीकार नहीं किया ॥ ८९ ॥

राजा चेज्जडमूर्तीः
कूपे नैजेन हस्तयुगलेन ।
विनिपातयेत्तदानीं
मेलनजन्यः समापतेद्धर्षः ॥९०॥

आपने कहा कि यदि महाराज कश्मीर अपने दोनो हाथो से मूर्तियाँ कूप में डाल दे तो मुझसे मिलना हो सकता है । अन्यथा नहीं ॥ ९० ॥

क्वाहं खण्डनपक्षो-
मण्डनपक्षः क्व मानवाधीशः ।
उभयोरपि वैपक्ष्याद्
द्रोहादितरत्किमस्ति सत्कृत्यम् ॥९१॥

कहाँ तो मूर्तिपूजा का सर्वथा खण्डन करनेवाला मैं और कहाँ प्रति दिन मूर्तिपूजा करनेवाले महाराज काश्मीर ! दोनो पुरुषो के परस्पर विरुद्ध कार्य होने पर केवल द्वेष के और कुछ नहीं हो सकता ॥ ९१ ॥

यद्यपि सत्यपराणां
विजयः सर्वत्र पूर्वतो याति ।
तदपि प्रथितमिहास्ते
हेतोरल्पस्य नो महान्यत्नः ॥९२॥

यद्यपि सत्य का सर्वत्र जय हुआ करता है यह बात प्रसिद्ध है तथापि थोड़ी सी बात के लिए बहुत सा परिश्रम उठाना नीति के विरुद्ध है ॥ ९२ ॥

एवं प्रवदति देवे
राज्ञो दूता निजं पुरं जग्मुः ।

देवोपि प्रतिवादै-

मूकीकृतवान्समस्तपौराणान् ॥९३॥

इस प्रकार आपके कहने पर महाराज काश्मीर के यहाँ से आये हुए दूत वापस लौट गये। आप भी पौराणिकों को अच्छे प्रकार शिक्षा देते रहे ॥ ९३ ॥

अथ कश्चिज्जनपालः

कल्पितरुद्राक्षधारणाजालः ।

गौरीशङ्करमानी

द्रष्टुं देवं समभ्यगाद्दूरात् ॥९४॥

कुछ दिनों के बाद महाराज राघवसिंह, जो कि अपने शरीर पर बहुत से रुद्राक्ष के दाने लाद कर अपने को गौरीशंकर मानते थे, आपके पास आये ॥ ९४ ॥

दृष्ट्वाऽऽयातं क्षितिपं

योगी मत्वाऽतिभारवाहाभम् ।

दयया तं समवोचद्

विसर्जयेमं महाभरं दूरम् ॥९५॥

आपने उनसे कहा कि यह वृक्ष के फल हैं। इनके धारण करने से केवल भार सहना है और कुछ फल नहीं। आप इनको उतार दीजिए ॥९५॥

प्रदिशत्येवं देवे

नानायुक्तिप्रमाणमन्त्रौघैः ।

सर्वाण्यपि किल राजा

दूरं चिक्षेप काष्ठजातानि ॥९६॥

युक्तिपूर्वक आपके इतना कहने पर राजा ने उन सबको उतार उतार कर फेंक दिया और परमात्मा का मुख्य नाम ओ३म् ग्रहण कर लिया ॥९६॥

उत्तारितबहुभारं
यतीश्वरं सोथ मानवाधीशः ।
नानाविधवसुदानैः
संपूज्यारं जगाम निजदेशम् ॥९७॥

आपके उपदेशो से जब महाराजा हलके होगये तब आपको अपना गुरु मान और आपका पूजन कर आप अपने देश को चले गये ॥ ९७ ॥

गतवत्यथ बहुकाले
पुराणविज्ञः स कोपि दौरात्म्यात् ।
लिखितप्रश्ननिबद्धं
यतये पत्रं समभ्यदादारात् ॥९८॥

महाराज के जाने के बाद एक पौराणिक पण्डित ने आपके साथ शास्त्रार्थ करने के लिए आपको एक पत्र लिख कर दिया ॥ ९८ ॥

दृष्ट्वा तद्दलमेषः
श्रीमान्बहुशो विविच्य चाशुद्धीः ।
कथयामास तमज्ञं
लेखाशुद्धिर्निवार्य्यतां पूर्वम् ॥९९॥

आपने उस पत्र को देख कर कहा कि पहले आप अपने पत्र की अशुद्धियाँ दूर करे जो कि हर एक पंक्ति मे विद्यमान है ॥ ९९ ॥

साधारणदललेखो-
यस्य न बुद्धौ विभाति बहुदोषः ।
वादं कथं करिष्यति
मया सहायं विमृश्यतामेतत् ॥१००॥

साधारण पत्र का लिखना भी जिस पुरुष को नहीं आता वह शास्त्रार्थ करने के लिए पत्र भेज रहा है। यह कितने आश्चर्य की बात है! ॥ १०० ॥

शक्तो यदि बहु वक्तुं
समक्षमागत्य सवदेत्तर्हि ।
नोचेत्किमिति मुधैव
स्वामपकीर्त्तिं जगत्त्रये तनुते ॥१०१॥

यदि कुछ बोलने की शक्ति हो तो सामने आकर कुछ कहिए। यदि न हो तो व्यर्थ अपनी निन्दा आप क्या कराते हो? चुपही रहा कीजिए ॥१०१॥

इत्थ कथनपरेऽस्मिन्
यमिनामीशे न कोपि तत्रागात् ।
दर्शनमपि किल दातुं
वक्तुं श्रोतु तु का कथान्येषाम् ॥१०२॥

इतना आपके कहने पर कोई पौराणिक आपके पास दर्शन देने तक नही आया, शास्त्रार्थ करने न करने की तो बात ही अलग रही ॥ १०२ ॥

दृष्ट्वा तत्र मनुष्यै-
रार्य्यसमाजं निवेशितं योगी ।
मुदितमना बहुरम्यं
पुरान्तरस्थं जगाम मनुजौघम् ॥१०३॥

यहाँ पर भी कई सज्जनों के उत्साह से आर्यसमाज को स्थापित देख कर स्वामीजी अत्यन्त प्रसन्न हुए और उन्होंने यहाँ से जाने की इच्छा प्रकट की ॥ १०३ ॥

गच्छन्दूरगदेशं
मार्गे योगी निवासकामनया ।

बाष्पीयोद्गमनीय-
स्थाने यानादवातरन्मध्ये ॥१०४॥

यहाँ से गुजरात के लिए जाते हुए स्वामीजी ३१ दिसम्बर, सन् १८७७ ई० को झेलम के रेलवे स्टेशन पर उतर पडे ॥ १०४ ॥

किञ्चित्कालस्य कृते
विभ्रमदेषः स योगिनामीशः ।
विस्तृतदेशपरत्वाद्
दूरतरं दिक्षु सत्वरं गतवान् ॥१०५॥

उतर कर थोडी देर के लिए भ्रमण करते हुए आप मैदान को साफ देख कर चलते चलते बडी दूर तक बातो ही बातो में निकल गये ॥ १०५ ॥

लक्ष्मीप्रसादनाम्ना
प्रसङ्गवशतः समागतेनायम् ।
पूर्वजमैत्रीहेतोः
प्रार्थितआसीद्दिनत्रयं वस्तुम् ॥१०६॥

यहाँ के रिसाले के मास्टर लक्ष्मीप्रसाद ने पहले लखनौ के परिचय के कारण आपसे कुछ दिन रहने की प्रार्थना की जिसको आपने स्वीकार किया ॥ १०६ ॥

तत्र विशाले भवने
व्याख्यानानां पदे पदे दानात् ।
सर्वानपि तन्मनुजान्
वैदिकधर्मे नियोजयामास ॥१०७॥

यहाँ पर गवर्नमेन्ट हाई स्कूल में व्याख्यान होने के कारण बहुत आपका नाम दूर तक फैल गया और बहुत से जन आर्यसमाज में प्रविष्ट हो गये ॥ १०७ ॥

एकः कोपि विपक्षी
लिखितप्रश्नः पुरोस्य यद्वक्तुम् ।
प्रारम्भं प्रतिचक्रे
कम्पामापत्प्रकामतस्तावत् ॥१०८॥

एक दिन एक पादरी साहब कुछ घर से प्रश्न लिख लाये थे परन्तु जब आपके सामने सभा में आकर खड़े हुए तब काँपने लगे। उनसे बोला नहीं गया ॥ १०८ ॥

अन्ते निर्जितवादी
स कोप्यपक्षीयमाणनिजपक्षः ।
नामं नामं गतवा-
न्नैजं गेहं कथञ्चिदानम्रः ॥१०९॥

अंत में आपके प्रताप के सामने वे हार मान गये और आपके लिए प्रणाम करते हुए लज्जित हो अपने घर को चले गये ॥ १०९ ॥

यतिवर्य्यस्य वचोभि-
स्तत्पुरएवार्य्यमन्दिरं तस्मिन् ।
समभूदतिबहुशालं
विशालमारादहर्निशं करणैः ॥११०॥

आपके प्रभावशाली उपदेशों के प्रभाव से यहाँ पर भी आपके सामने ही आर्यसमाज स्थापित हो गया और समाज मन्दिर बनने लगा ॥ ११० ॥

दूरीकृतनिजपक्षाः
सत्यपराः केपि यावनास्तत्र ।
तन्मतमाविविशुस्ते
बुद्धिमतां का कथास्ति विबुधानाम् ॥१११॥

यहाँ के कई बुद्धिमान् सत्यग्राही मुसलमानो ने भी आपकी बडी प्रशसा की और बडे उत्साह के साथ आपका पक्ष स्वीकार किया॥ १११ ॥

येषु दिनेष्वयमासी-
त्तेष्वेव दिनेषु तत्परः कोपि ।
तत्रागतवान्योगी
झेलमनद्यास्तटेषु विश्रान्तः ॥११२॥

जिन दिनो आप यहाँ पर विद्यमान थे उन्हीं दिनो झेलम नदी के किनारे पर एक वृद्ध योगी भी आकर निवास करते रहे ॥ ११२ ॥

संस्कृतभाषणपरया
गिरा स योगी दयानिधेः पक्षम् ।
बहुशः स्तावं स्तावं
रम्या वार्ताश्चकार मित्रत्वात् ॥११३॥

आपके साथ उनकी प्राय. सस्कृत म बातचीत होती थी और वह आपकी बडी प्रशसा करते थे। उनके मन्तव्यो म आपसे कुछ भेद नहीं था ॥११३॥

स्थापितनिजमतचर्चः
स योगिराजस्ततोपि विजयित्वात् ।
अनुमत इतरमुनीशै-
र्गुर्जरदेशं जगाम यानेन ॥११४॥

इस प्रकार यहाँ वैदिक धर्म का उपदेश कर आप १३ जनवरी सन् १८७७ ई० को यहाँ से अनेक मनुष्यो के बुलाने पर गुजरात पधारे ॥११४॥

गत्वा तत्र महात्मा
विष्णोर्दासेन सत्कृतातिथ्यः ।

भूपतिपाठनभवने
नितरां व्याख्यानमादरादादात् ॥११५॥

यहां पर ठाकुर विष्णुदास ने आपके आतिथ्य का भार अपने ऊपर ले लिया और गवर्नमेन्ट स्कूल म आपके व्याख्यानो का प्रबन्ध हो गया ॥ ११५ ॥

आनन्देन ददाने
व्याख्यानानां परम्परामस्मिन् ।
बहुव. सज्जनवर्याः
पक्षे तस्यैव सङ्गता आसन् ॥११६॥

आनन्दपूर्वक लगातार आपके कई व्याख्यान होने के पश्चात् बहुत से सज्जन आर्यसमाज में प्रविष्ट हो गये ॥ ११६ ॥

एतस्मिन्नथ काले
पुराणविज्ञौ गतप्रभौ कौचित् ।
मनुजौ देवसभाया-
मागत्यारं व्यतिष्ठतामारात् ॥११७॥

इसी अवसर मे गोस्वामी विष्णुदास और होशनाकराय इन दो पण्डितों ने प्रतिष्ठा के लोभ म आकर कुछ छेड छाड आरम्भ की ॥ ११७ ॥

सञ्चितबहुविधपुस्तक-
मेलनलब्धानि कानिचित्ताभ्याम् ।
वचनानि तत्र काले
सत्वरमागत्य दर्शितान्यस्मै ॥११८॥

कुछ सस्कृत के शब्दों को अनेक पुस्तकों से जोड जाड कर एक पत्र में लिखा और सभा में आकर बडे अकड के साथ बैठ गये ॥ ११८ ॥

वेदानामेतानि
द्रष्टव्यानि त्वया दलानीत्थम् ।
यावत्तौ नावदतां
तावद्योगी जगाद तावारात् ॥११६॥

और कहने लगे कि यह वेदो की श्रुतियाँ हैं। स्वामीजी ने उनका भाव जान लिया और दोनो पण्डितो से कहा—॥ ११९ ॥

वेदचतुष्टयमेत-
द्ध्रियत एवात्र दर्श्यतां मन्त्रः ।
सत्वरमेव किमर्थं
विलम्ब्यते वाक्यविस्तरो मास्तु ॥१२०॥

चारो वेदों की मन्त्र संहिता ये मौजूद हैं। इनमे से जिस वेद की ये श्रुतियाँ हो निकालिए। इतना कहने पर वे दोनो चुप होकर चलदिये ॥१२०॥

एवं निगदति देवे
नैजे वेदे प्रदर्शनावाचौ ।
द्वावपि तौ हृतकान्ती
वितर्जितौ गेहमापतुर्दैवात् ॥१२१॥

चलते चलते मनुष्यो से कहने लगे कि ये श्रुतियाँ हमारे लिखे वेदो में मौजूद है। छपे हुए वेदो मे नही हैं। इतना सुनने पर आपने उनको और भी फटकारा ॥ १२१ ॥

मूर्खाविति मनुजेशै-
र्विज्ञाते सर्वभावतो योगी ।
वैदिकधर्म्मसमीक्षा-
रक्षणविषये प्रवक्तृतामतनोत् ॥१२२॥

उपस्थित सभ्यो ने वहाँ पर उनकी चाल देख कर दोनो को अज्ञ बतलाया। स्वामीजी भी उनके जाने पर वैदिक धर्म के विषय मे कुछ कहने लगे ॥ १२२ ॥

एकस्मिन्नथ दिवसे
पुराणभाजां सुदुर्दशामीक्ष्य।
परिषद्येव यतीशं
जगाद कश्चिद्विपक्षिणां पक्षी ॥१२३॥

एक दिन पौराणिक पण्डितो की दुर्दशा देख कर मिस्टर वोकेनन साहब सभा मे आकर स्वामीजी से यो कहने लगे—॥ १२३ ॥

बलरहितानामेषा
हस्तादाच्छिद्य मन्दभावानाम्।
गमनोचितलघुयष्टिं
प्रदीयते किं सहायभावार्थम् ॥१२४॥

आप इन बिचारे बलहीन पौराणिको के हाथ से, जो टेकने की मूर्तिपूजारूप लकडी है, छीन कर उसके बदले मे क्या देते है ? ॥ १२४ ॥

आभणतीत्थं मनुजे
जगाद योगी नमादरादेवम्।
सिद्धाञ्जनपरिवेषां
ददामि वर्तिं प्रदीप्तबहुदेशाम् ॥१२५॥

आपने उत्तर दिया कि मैं इनको उसके बदले मे सिद्धाजन की एक बडी बत्ती, जो कि समस्त भुवनों को प्रकाशित करती है, देने को उद्यत हूँ ॥ १२५ ॥

यस्याः किल परिवेषै-
रज्ञानान्धा नराः सुनेत्रत्वम्।

प्राप्य निरस्तसहायाः
स्वयं चलन्ति प्रकाशमार्गेण ॥१२६॥

जिसके प्रभा-मण्डल मे आकर अज्ञान से अन्धे पुरुष विशाल नेत्र हो कर किसी दूसरे सहाय की अपेक्षा नहीं रखते और स्वय प्रकाश मे चलते है ॥ १२६ ॥

अजरामरवदहर्दिव-
मनुगतयोगा निसर्गतो मन्दाम् ।
पौराणिकजनवृत्तिं
विसृज्य मुक्ता भवन्ति दोषेभ्यः ॥१२७॥

और योगाभ्यास के प्रभाव से अपने को अमर और अजर मान कर स्वभाव ही से निकृष्ट वृत्ति को छोडकर दोषों से मुक्त हो जाते हैं ॥ १२७ ॥

एवं निगदति रम्यं
यमिनांवर्य्ये निरस्तवाग्वक्ता ।
तन्मूकत्वमवाप-
द्यन्नावाप्तं जनेन केनापि ॥१२८॥

आपके इतना कहने पर उन पादरी साहब ने, जो कि पौराणिकों के पक्ष-पाती थे, ऐसी चुप्पी साधी जैसी किसी ने भी न साधी हो ॥ १२८ ॥

गायत्रीमन्त्रार्थं
कथयति देवेऽथ कोपि सद्यवनः ।
यतिवरमेनमगादीत्
सम्मत्यर्थं निरस्तनिजपक्षः ॥१२९॥

एक दिन सभा में आप गायत्री मत्र का अर्थ करके सबको सुना रहे थे कि मौलवी मुहम्मद अली आपसे निष्पक्ष होकर समति के लिए पूंछने लगे ॥ १२९ ॥

यद्ययमेव महात्मन्
गायत्र्याः सार्वदेशिको भावः ।
तर्ह्यस्मज्जपकरणे
का हानिर्नेति तं मुनिः स्ववदत् ॥१३०॥

महाराज ! यदि गायत्री का यही अर्थ है तो हम भी इसका जप किया करे । क्या हानि है ? स्वामीजी ने कहा कुछ हानि नहीं। आप शौक से किया करे ॥ १३० ॥

दिवसे चैकस्मिन्नथ
केचिद् धूर्ताः समेत्य योगीन्द्रम् ।
पप्रच्छुर्वद विद्वन्
विज्ञस्त्वं वाऽनभिज्ञ इति तूर्णम् ॥१३१॥

एक दिन कुछ चालाक लोगो ने आपस में सलाह करके स्वामीजी के पास जाकर यह प्रश्न किया कि " आप ज्ञानी हैं या अज्ञानी ? " ॥ १३१ ॥

तेषामाशय एषः
कापटिकानां यदायमात्मानम् ।
ज्ञानीति प्रगदिष्यति
साहङ्कारीति तद्वदिष्यामः ॥१३२॥

इस प्रश्न से उनका अभिप्राय यह था कि यदि स्वामीजी अपने को ज्ञानी बतलावेंगे तो हम उनको अभिमानी प्रकट करेंगे ॥ १३२ ॥

यदि निगदिष्यति योगी
नाहं ज्ञानी तदा वयं सर्वे ।
उपदेशानधिकारं
तस्मिन्नारोप्य निर्वृताः स्याम ॥१३३॥

यदि स्वामीजी अपने के। अज्ञानी बतलावेंगे तो हम उनसे कहेंगे कि आपके। उपदेश देने का अधिकार नहीं ॥ १३३ ॥

एवं तेषामाशय-
मारादुबुध्वोभयप्रधानार्थम् ।
महितं सूत्तरमादाद्
दयामयोयं महर्षिणामीशः ॥१३४॥

इस प्रकार दोनो प्रश्नो मे उनका आशय समझ कर अपने के। सर्वथा बचाने के लिए आपने इस प्रकार उत्तर दिया—॥ १३४ ॥

बहवस्ते किल विषया
येष्वनभिज्ञोस्मि जीवभावत्वात् ।
बहवस्तेऽपि जगत्यां
विज्ञो येष्वस्मि शास्त्रदर्शित्वात् ॥१३५॥

बहुत से विषय इस प्रकार के हैं जिनमे जीवात्मा होने से मै अज्ञानी हूँ और बहुत से विषय ऐसे हैं जिन के। मै शास्त्रो के द्वारा जानता हूँ ॥ १३५ ॥

एवं कथयति देवे
मूकाः सर्वेपि मन्दकर्माणः ।
सत्वरमेव यथेच्छं
यथागतं जग्मुरानमन्तस्तम् ॥१३६॥

ऐसा उत्तर सुनकर वे सब चालाक लोग दाँतो के नीचे उँगली दबाने लगे और आपके। प्रणाम कर अपने अपने घरो के। चले गये ॥ १३६ ॥

अत्रान्तरेति धूर्ताः
केचित्तस्योपरीष्टकाखण्डान् ।

वर्षन्तो नरपतिना
कारागारे निवेशिताः सम्यक् ॥१३७॥

इसके अनन्तर कुछ धूर्तो ने आपस में सलाह करके आपके ऊपर ईंट और पत्थर फेंकने आरम्भ किये पर वे राजदण्ड से दण्डित हुए ॥ १३७ ॥

अवशिष्टा अपि ये ये
गुप्ता धूर्ताः पुरेत्र ते सर्वे ।
राजिकशासनदक्षै-
र्धावं धावं प्रधाविता देशात् ॥१३८॥

कुछ धूर्त लोग जो इधर उधर छिप कर घात देखा करते थे उनको भी पुलिस के कर्मचारियों ने भगा दिया ॥ १३८ ॥

एवं निरवसितानां
दुष्टजनानामभावतस्तत्र ।
सकलोप्यार्यजनौघो-
द्विगुणोत्साहैरकल्पयद्गोष्ठीम् ॥१३९॥

इस प्रकार जब सब दुष्ट लोग पकड कर इधर उधर भेजे गये तब सामाजिकों ने अपना कार्य आरम्भ कर दिया ॥ १३९ ॥

संस्थाप्यात्र समाजं
योगी यातः पुरान्तर यस्मिन् ।
गमनानन्तरमेव
प्राभवदारात्प्रवक्तृता हर्षैः ॥१४०॥

स्वामीजी भी यहाँ पर समाज स्थापित करके २ फर्वरी सन् १८७७ ई० को वजीराबाद पहुँचे और आते ही समनबुर्ज पर ठहर कर धूमधाम से वैदिक धर्म का प्रचार करने लगे ॥ १४० ॥

पौराणिकविदुषामपि
जंगाम नाशं यदा बलं बुद्धेः ।
असमाप्तेपि तदा ते
तद्व्याख्याने द्रुतं ययुर्दूरम् ॥१४१॥

पौराणिक पण्डितो का जब बुद्धि का कुछ बल न चल सका तब झुँझला कर आपके आधे व्याख्यान से ही उठ कर चल दिये ॥ १४१ ॥

अन्यानपि निजवशगा-
नुत्थाप्योत्थ्याप्य मध्यतो मूर्खाः ।
अनयन्मनुजसमूहा-
नेतर्त्किं नाम योग्यताकृत्यम् ॥१४२॥

जहाँ तक उनका बस चल सका वहाँ तक वे आस पास बैठे हुए और मनुष्यों को भी सभा से उठा कर बाहर ले जाने लगे ॥ १४२ ॥

एकस्तैरातिधूर्तैः
पुराणपक्षावलम्बिभिर्भिक्षुः ।
मन्दः स्वामिसमक्षे
शास्त्रार्थाय प्रकल्पितः समभूत् ॥१४३॥

एक दिन उन्होंने एक भिक्षुक, जो मूर्ख होने के सिवा पागल भी था, आपके सामने लाकर शास्त्रार्थ के लिए खड़ा किया ॥ १४३ ॥

मात्सर्य्येण सभायां
त्रुटिते वेत्रोपविद्धपर्यङ्के ।
संस्थाप्य स प्रसिद्धिं
नीतः सर्वत्र शास्त्रवादाय ॥१४४॥

और बिना किसी के कहे सुने ही सभा में एक टूटी सी कुर्सी पर ला कर उसे बिठलाया और शास्त्रार्थ के लिए प्रसिद्ध किया ॥ १४४ ॥

दिवसत्रयमपि तं ते
सङ्गे शास्त्रार्थकारिण मत्वा ।
कानिचिदध्याप्य पुरः
संस्कृतवाक्यानि नीतवन्तस्तत् ॥१४५॥

इस प्रकार वे तीन दिन तक उस पौराणिक को दो चार संस्कृत के शब्द रटवा कर अपने साथ सभा में लाते रहे ॥ १४५ ॥

दृष्ट्वेदं बहु तेषां
स्वामी वाक्यैरतर्जयन्मौढ्यम् ।
निरवासयदपि तस्मा-
द्भवनाद्यस्मिन्बभूव संवादः ॥१४६॥

जब स्वामीजी ने उनकी यह धृष्टता देखी तब एक दिन उनको खूब फटकारा और सभा से बाहर निकलवा दिया ॥ १४६ ॥

इत्थं बहुभिरहोभि-
स्तत्राप्यच्छं विधाय योगीन्द्रः ।
आर्य्यसमाजं गतवा-
नग्रे तस्मान्निमन्त्रितो लोकैः ॥१४७॥

बहुत दिनों के बाद इस प्रकार यहां पर भी समाज स्थापित करके ७ फरवरी सन् १८७८ ई० को यहां से आप गुजरानवाले में पहुँचे ॥ १४७ ॥

गत्वा तत्र विशाले
भवने विश्रम्य योगिनामीशः ।
वैदिकधर्मव्याख्या-
मारभताख्यातिनाशिनीमुग्राम् ॥१४८॥

पहुँचने के साथ ही एक बडे मकान मे ठहर कर आपने बडी धूमधाम के साथ वैदिक धर्म का प्रचार करना आरम्भ कर दिया ॥ १४८ ॥

गमनानन्तरमस्य
प्रतिष्ठिताः केपि निर्गता दूरम् ।
पौराणिकबुधवर्य्याः
कस्य न भीतिर्भयाय नो महताम् ॥१४६॥

आपके पधारते ही दो चार नगर के प्रसिद्ध पौराणिक पण्डित अपना अपना घर छोड कर बाहर चले गये । डर ऐसा ही होता है ॥ १४९ ॥

यद्यत्र स्थास्याम-
स्तर्हि विवादाय योजयिष्यन्ति ।
मनुजाः केपि तदस्मा-
द्गमनं श्रेयो न चात्र संवासः ॥१५०॥

उन पौराणिक पण्डितो ने अपने मन मे यह विचार किया कि यदि हम यहाँ पर रहेंगे तो शहर के मनुष्य शास्त्रार्थ के लिए अवश्य ही कहेंगे और हम में इतना सामर्थ्य नही जो स्वामीजी से शास्त्रार्थ करें ॥ १५० ॥

इति निश्चित्य गतेषु
प्रातर्दूरं पुराणविज्ञेषु ।
ईशमतानुगमनुजाः
कर्णाकर्णि प्रवादमाचक्रुः ॥१५१॥

अपने मन में ऐसा निश्चय कर वे सवेरे ही चले गये और ईसाइयों ने स्वामीजी के साथ छेड़ छाड़ करनी आरम्भ कर दी ॥ १५१ ॥

तद्व्याख्यानावसरे
सर्वे संवीक्ष्य वक्तृतां तस्य ।

भीता इव चकिता इव

नितरा चित्तेषु विस्मयं प्रापुः ॥१५२॥

जिस समय स्वामीजी व्याख्यानो में ईसाई मत का अच्छी तरह खण्डन करते रहे उस समय सब ईसाई लोग डर जाते थे और चुप रहते थ ॥ १५२ ॥

सामर्थ्यं न समक्ते

यदा प्रवक्तुं विलोकितं तस्य ।

देवर्षैरहह तदा

गिरिजाभवने निमन्त्रितः श्रीमान् ॥१५३॥

जब ईसाइयो ने आपके सामने अपनी बोलने की ताकत न देखी तब आपको गिरजाघर में आने का निमन्त्रण दिया ॥ १५३ ॥

नियतं किल दिवसैकक-

मारात्कृत्वा दिनस्य पश्चार्द्धे ।

युगमितवादनसमयं

नियतं चक्रुः समक्तवादाय ॥१५४॥

और एक दिन नियत कर लिया जिसमें दुपहर के बाद जाना निश्चय हो गया और चार बजे का समय भी तै कर लिया गया ॥ १५४ ॥

एवं कृतसमया अपि

खण्डितसन्धा विपश्चिणस्तेऽरम् ।

गिरिजानामकभवने

समयात्पूर्वं समागताः सर्वे ॥१५५॥

इस प्रकार समय और दिन के नियत होने पर भी ईसाइयो ने अपनी प्रतिज्ञा भङ्ग करके चार पॉच घण्टे पहले ही गिरजे में आकर अपना काम आरम्भ कर दिया ॥ १५५ ॥

अनुगतछात्रजनौघा-
नस्मिन् भवने निवेश्य ते लोकाः ।
कञ्चिद्यतिवरसविधे
नैजं दूतं विसर्जयामासुः ॥१५६॥

अपने मिशन स्कूल के कुछ लडकों को एकत्र करके उन्होंने स्वामीजी को बुलाने के लिए अपना एक नौकर भेज दिया ॥ १५६ ॥

गत्वा सोपि यतीशं
निवेदयामास देवदेवेश !
मद्द्वारा ते मनुजाः
समाह्वयन्ति प्रकामतो युष्मान् ॥१५७॥

वह नौकर स्वामीजी के समीप तुरन्त जाकर कहने लगा कि हे महात्मन्! आपको सब लोग गिरजाघर मे बुलाते हैं। पधारिए ॥ १५७ ॥

इत्थं श्रुतमधुवादः
समयादर्वाक्समागतन्दूतम् ।
संवीक्ष्य कालयन्त्रं
तमादरादेव निर्बभाषेऽरम् ॥१५८॥

स्वामीजी ने नौकर की यह बात सुन कर अपनी घडी देखी जिसमें अभी बारह भी नहीं बजे थे। वे देख कर नौकर से बोले ॥ १५८ ॥

नायं नो गतिसमयो-
यामादूर्ध्वं समागमिष्यामः ।
निश्चितसमयात्पूर्वं
नियमवतां नैव सङ्गमो भाव्यः ॥१५९॥

यह मेरे जाने का समय नहीं है। मैं ठीक चार बजे के समय उपस्थित हूँगा। समय निश्चित होने पर समय से पहले जाना ठीक नहीं है ॥ १५९॥

एवं कृतपणबन्धे
यमिनामीशे जगाम दूतः सः।
श्रीमानपि निजकृत्ये
समाससञ्ज प्रसङ्गतः प्राप्ते ॥१६०॥

इस प्रकार आपके कहने पर वह उनका नौकर चला गया और स्वामीजी भी अपने लिखने लिखाने के काम मे लग गये ॥ १६० ॥

कपटोद्गतमतभेदे
नूनं जाते समन्ततः सर्वे।
नागरिका अपि लोकाः
सभा निजामाशु कल्पयामासुः ॥१६१॥

जब नगर के लोगो ने यह बात सुनी तब ईसाइयो पर सब नगर के पुरुष आक्षेप करने लगे और ठीक उसी दिन उसी समय पर एक बडे भारी मकान में स्वामीजी के व्याख्यान का प्रबन्ध किया गया ॥ १६१ ॥

गमनादवरोध्यैनं
स्वामिनमग्रे निजोत्सवारम्भे।
तानभिमन्त्र्य समस्ता-
नारम्भश्चक्रुरुत्सवस्यालम् ॥१६२॥

और गिर्जाघर के जाने से स्वामीजी को रोक कर अपने यहाँ बुलाया और ईसाइयो को भी सूचना दी कि यदि शास्त्रार्थ करना हो तो इस समय यहाँ पर आकर कर ले ॥ १६२ ॥

सर्वत एव निरुद्धे
भवने योगी निरस्तपरवादः।

ईशमतप्रतिखण्डन-
मादरतोयं यथायथं चक्रे ॥१६३॥

चारो ओर से सब ठीक प्रबन्ध होने पर स्वामीजी का व्याख्यान ठीक चार बजे आरम्भ हुआ जिसमें ईसाईमत के धुर्रे उडा दिये गये ॥ १६३ ॥

दत्तप्रतिपदसूचन-
पत्रा अपि ते यदात्र नाजग्मुः ।
आरामेण तदानीं
योगी चक्रे प्रकामतः सर्वम् ॥१६४॥

सूचना देने पर भी जब वे ईसाई शास्त्रार्थ करने के लिए नहीं आये तब स्वामीजी आनन्दपूर्वक अपने कार्य में लग गये ॥ १६४ ॥

ध्वस्तसमस्तविवादः
स्वामी तत्रार्यमन्दिरं पश्यन् ।
सत्वरमेव ततोपि
प्रापल्लाहौरपत्तनं दृष्टम् ॥१६५॥

इस प्रकार अनेक मत मतातरो के झगड़ो को नष्ट कर स्वामीजी यहाँ पर भी आर्यसमाज एव आर्यमदिर स्थापित कर यहाँ से पूर्व परिचित पञ्जाव के प्रसिद्ध लाहौर शहर को चले गये ॥ १६५ ॥

तत्र महाशयवर्य्यै-
र्नितरामुत्साहसन्ततिः कापि ।
तत्पुनरागमनेन
व्यवर्धिताभूत्समन्ततो नगरे ॥१६६॥

आपके दुबारा आने से यहाँ के पुरुषों के मन में वह आनन्द का समुद्र उमड़ने लगा जिस का वर्णन करना भी अशक्य सा प्रतीत होता है ॥१६६॥

देवोपि प्रतिपालित-
वचनः सर्वैर्यथायथ योगात् ।
सङ्गममाप्य नितान्तं
मुमुदे लोकैरभिष्टुतो बहुशः ॥१६७॥

स्वामीजी भी अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण करने पर, जो कि उन्होंने पहले जाने के समय यहाँ फिर दुबारा आने की की थी, पूर्व परिचित मनुष्यो से मिलकर अत्यन्त ही प्रसन्न हुए ॥ १६७ ॥

पञ्चनदान्तरदेशे
यस्मिन्यस्मिन्यदा कृतं कृत्यम् ।
आर्य्यमहाशयवर्य्या-
स्तत्तत्सर्वं निबोधयामास ॥१६८॥

पञ्जाब के जिन जिन नगरो मे जितने जितने दिन जो जो आपने काम किया वह सबका सब आप यहाँ के आर्यो को बतलाते रहे ॥ १६८ ॥

अवशिष्टेपि विभागे
वैदिकधर्म्मप्रचारकामोयम् ।
परमात्मानमनन्तं
मन्त्रैस्तुष्टाव नैगमैर्भूयः ॥१६९॥

प्रचार से बचे हुए नगरो मे भी प्रचार की इच्छा रखनेवाले ऋषि वैदिक मन्त्रों से परमात्मा की स्तुति करने लगे जिससे यह भी मनोरथ पूर्णरूप से फलित हो जावे ॥ १६९ ॥

इति प्रथितशासनो यतिवरः समारोहणै-
र्दिशं वरुणलाञ्छना समभिजित्य वेदोदितम् ।
मतं शिवमनल्पया प्रतिभयाऽत्र संवेशयन्
मुदा परमया युतो जगदधीशमेवास्मरत् ॥१७०॥

इस प्रकार प्रस्तुत कामनावाले, स्वामी दयानन्द सरस्वती जी, पञ्जाब के पौराणिकों को परास्त कर, वहाँ वैदिक धर्म का अपनी शक्ति से यथोचित प्रचार करते हुए, अपने मन में अति प्रसन्न हुए। जिस के बल से इस बड़े भारी कार्य में सफलता प्राप्त हुई, उस जगदीश्वर का आप अनेक प्रकार से स्मरण करने लगे॥ १७०॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये

पश्चिमदिग्विजयो नाम द्वादश सर्ग।

त्रयोदशः सर्गः

अथेप्सितन्धर्ममतप्रचारणं
प्रकर्तुकामो मुनिवृन्दनायकः ।
नवीनभावेन नवे नवे पुरे
नवं नवं प्रारभतार्य्यशासनम् ॥१॥

जो वैदिक धर्म का प्रचार आपके लिए अत्यन्त अभीष्ट था उसके लिए फिर भी उद्यत होकर आप नवीन नवीन नगरो में (जिनमे कि समाज स्थापन करना था) नवीन नवीन भावो को लेकर, नवीन नवीन रूप से प्रचार करने लगे ॥ १ ॥

वशात्प्रसङ्गस्य नवीनपत्तनं
समेत्य लोकैरनिरीक्षितप्रभः ।
स योगिवर्योऽथ चकार सादरं
बलेन वेदोक्तमतप्रकाशनम् ॥२॥

प्रसङ्गवश लाहौर से प्रस्थित होकर आप अकस्मात् १२ मार्च सन् १८७८ ई० को मुलतान पहुँचे और एक अनुपम उद्यान (बगीचे) में ठहर कर बड़े जोर के साथ वैदिक सिद्धातो का प्रकाश (प्रचार) करने लगे ॥ २ ॥

दिनेषु येष्वेव जगाम तत्पुरं
तदैव योगेन स होलिकोत्सवः ।

समेधितोभूत्सहसैव सज्जनै-
रसज्जनैश्चापि विशेषमञ्जुलः ॥३॥

जिन दिनो श्री १०८ स्वामीजी मुलतान पधारे थे उन दिनों वहाँ होली का उत्सव मनाया जा रहा था। उसको देखने के लिए आस पास के शहरों के रहनेवाले सहस्रों भले बुरे मनुष्य बडे उत्सव के साथ एकत्रित होते थे ॥३॥

महोत्सवस्यागमनेन मानवाः
सहस्रशस्तत्कथनानुवर्तिनः ।
महं समभ्येत्य महान्तमादरा-
दवर्धयन्नार्य्यमहामहोत्सवम् ॥४॥

जिस मकान में आपका व्याख्यान हुआ करता था वह उस प्रान्त में एक अद्वितीय था इस लिए सहस्रों नर नारी, जो कि वैदिक धर्म के जिज्ञासु थे, आपके पास आया करते थे और आपके कथन से उत्सव को बढाते रहते थे ॥ ४ ॥

नितान्तभक्तिप्रवणीकृतात्म[१]भि-
र्महाशयैरार्य्यमहामहोत्सवे ।
विवर्धिते तत्र बभूव कोप्यलं
पुराणविज्ञेषु निरादरोदयः ॥५॥

अत्यन्त भक्ति के साथ जिन्होंने अपना आत्मा तक अर्पण कर दिया ऐसे महाशयो के असीम साहस और उत्साह से जब यहाँ पर वैदिक धर्म की चर्चा पूर्णरूप से फैली उस समय पौराणिक पण्डितों का भले प्रकार निरादर होने लगा ॥ ५ ॥

पदे पदे वैदिकधर्म्मचारिभि-
र्नियन्त्रिताः पापकथानुवर्तिनः ।

---

१ आत्मा देहे धृतौ जीवे स्वभावे परमात्मनीति विश्व ।

यथाकथञ्चित्परिकल्प्य साहसं
जगुर्यशो देववरस्य दुस्तरम् ॥६॥

वैदिक धर्म के सच्चे प्रचारको ने जब पौराणिक पण्डितो को पद पद पर रोक दिया और कुछ भी उनकी बात न चलने दी तब अन्त में हार मान कर सब स्वामीजी के ही शरण आये और आपका ही यश गाने लगे ॥ ६ ॥

इमे गतास्तेनुवदन्ति दुर्जनाः
क्व सागताऽवैदिककार्यकारिणी ।
सभेति सर्वत्र निरस्तयन्त्रणा
महाशयाली परमामगान्मुदम् ॥७॥

पौराणिक लोग वे चले जा रहे हैं, कुछ आपस मे बाते सी कर रहे हैं, इनको यहाँ बुलाओ, आज इनकी सनातन-धर्म सभा कहाँ चली गई ? इस प्रकार अपने साहस से पजाब के सामाजिक जन पौराणिक मण्डली की हसी उडा कर मगन होने लगे ॥ ७ ॥

यथायथं धार्मिकशासनस्थितौ
लयं गते चाप्यधमानुवर्तने ।
दयामयोपि प्रतिवर्धयन्सभां
जगाद विस्पष्टमिदं महाशयान् ॥८॥

जब यहाँ पर अच्छे प्रकार आर्यसमाज का काम चलने लगा और साथही पौराणिकमण्डली का प्रपच नष्ट हो गया तब यहाँ के पुरुषो का उत्साह बढाने के लिए ऋषि दयानन्द उनसे इस प्रकार कहने को उद्यत हुए जो निम्न लिखित है—॥ ८ ॥

वदन्तु के केऽत्र जना दुराशया
विनाशयन्ति प्रथितं सदागमम् ।

नवैरहो मन्दमतप्रचारणै-
विनाशयाम्यद्य सुखेन तन्मतम् ॥९॥

इस नगर के उन पुरुषों को सूचना देदो जिनके मन का भाव बुरा हो तथा जो वैदिक मार्ग का नाश करते हो, जिन्होने मनमाना मत स्वीकार किया हो, आज मै अच्छे प्रकार उनकी पोल खोलूँगा ॥ ९ ॥

इति स्वदन्तद्विजराजकान्तिभि-
र्निवारितान्तःकरणाघसञ्चया ।
सभा समाभाषत सूनृतां गिरं
महामुनेरस्य पुरो निषेदुषी ॥१०॥

इस प्रकार मुक्ता-मणि-प्रभ दाँतो की चमक से नष्ट किया है मनुष्यो के हृदय देश में धरा हुआ पाप जिन्होने ऐसे श्री १०८ स्वामीजी के समक्ष बैठे हुए समस्त महोदय आपसे यह बात कहने लगे कि—॥ १० ॥

वदन्ति यान्गोकुलपत्तनस्थिते-
रनुग्रहात्केवलगोपतीनलम् ।
तएव रम्येत्र पुरे स्वकल्पनां
प्रकाशयन्तो विचरन्ति निर्भयाः ॥११॥

गोकुल नामक ग्राम मे अधिकतर रहने से जिनका नाम गोकुलस्थ पड गया है वही इस नगर मे अधिकतर अपनी कल्पना का प्रचार करते फिरते हैं ॥ ११ ॥

तएव देवेन विवादपद्धतौ
नियन्त्रणीया इति मञ्जुवादिनी ।
जनावली तन्मुखपद्मवीक्षणा-
मवर्धयल्लोचनपङ्कजोद्गमैः ॥१२॥

कृपा करके आप इनका ही यहाँ पर खण्डन कीजिए और शास्त्रार्थ में बुला कर हराइए। इतना कह कर सब सभा के महोदय अपने कमल के समान नेत्रों से आपका मुखारविन्द देखते रहे ॥ १२ ॥

स गोकुलस्थानभिवीक्ष्य निर्भया-
नवाच्यमेषा मनुजेतरैरलम् ।
विभञ्जयामास रहस्यमद्भुतं
बलेन योगी किल वैष्णवोद्गतम् ॥१३॥

आपने भी जब उनको वास्तव में उद्धत और निर्भय देखा, साथ ही यह भी निश्चय कर लिया कि मेरे बराबर इनकी पोल खोलने को कोई तैयार न होगा तब इनकी गुप्त लीला का आपने खण्डन करना आरम्भ कर दिया ॥ १३ ॥

निशम्य गोस्वामिमतप्रभञ्जनां
मुनीश्वरेणागदितामितस्ततः ।
निवासिनोभ्यर्णपुरस्थिता जनाः
प्रचक्रिरे वादविवादकल्पनाम् ॥१४॥

जब मनुष्यो के कानो तक इनका वल्लभ मत खण्डन पहुँच चुका और साथ ही समस्त साधारण पुरुष भी जब इनके भेदो से परिचित हो गये तब इस शहर मे तथा इसके समीपस्थ नगरो में एक साथ बड़ी हलचल मचने लगी ॥ १४ ॥

विभञ्जितं वीक्ष्य रहस्यमागमैः
स्वकं प्रहृष्टाः प्रतिकूलभावनाः ।
प्रचक्रिरे यत्किल तत्र केवलं
मुधान्तरायो मनुजागमोभवत् ॥१५॥

अपनी पोल खुली हुई देखकर वैष्णवों ने स्वामीजी को बहुत बड़ी हानि पहुँचाने का उद्योग किया, पर ईश्वर की कृपा से उनका मनोरथ सफल न हुआ ॥ १५ ॥

अनन्तरं तेऽतिरुषा समेधिताः
सभान्तरे शङ्खविशेषनिस्वनैः ।
स्वकं प्रभुत्वं रभसा[1]दर्शय-
ञ्जयेतिवादैश्च समं जनाधमाः ॥१६॥

एक दिन जब कि स्वामीजी व्याख्यान दे रहे थे सब वल्लभकुली रुष्ट हो कर बहुत से चेलो को अपने साथ ले शख, घडियाल बजाते हुए बिना किसी की इजाजत सभा में आकर बैठ गये और जय जयकार मचाने लगे ॥ १६ ॥

पुनः समुद्दण्डतया विनैव तत्
सभापतेः प्राप्य निदेशकल्पनम् ।
प्रसह्य केषाञ्चिदिहापि पीठिकाः
स्वयं निषेदुः किल तासु गर्विताः ॥१७॥

दूसरे दिन फिर भी बडी उद्दडता के साथ बिनाही सभापति की आज्ञा के कुछ पुरुषो की कुर्सियाँ खाली देखकर उन पर बैठ गये और बडे अभिमान से बड बड करने लगे। वे व्याख्यान मे विघ्न करना चाहते थे ॥ १७ ॥

निरीक्ष्य तेषामतिधौर्त्यमीदृशं
पुनः प्रवृत्ते यमिनामपीश्वरे ।
न कापि साऽजायत कल्पनाऽपरा
यथोचितत्वादनुवक्तृतागिराम् ॥१८॥

जब स्वामीजी ने इनका यहाँ तक बढा चढा साहस देखा कि वे सभा में भी आकर उपद्रव मचाने को उद्यत हैं तब दुबारा इनके मत का खण्डन करना आरम्भ किया जो निम्नलिखित है ॥ १८ ॥

विधाय वेशं नवयोषितामिमे
तथैव चालङ्कृतिवस्त्रधारणम् ।

---

१ रभस पु० वेगे हर्षे शब्दस्तोमे द्रष्टव्य ।

वदन्ति वाचं मिलिताः परस्परं
तदीयभावानुगतां सखीमुखाः ॥१९॥

सखीभाव को प्राप्त होकर ये लोग मूँछ मुडा कर स्त्रियों के कपडे, जेवर आदि पहनकर हर महीने में स्त्री वेष धारण करके बातें भी स्त्रियों के सी ही करते हैं जैसे " परी परी भेना, मैं आज ना खाऊँगी, मेरी चुनरिया लइए। मैं तो मा के यहाँ जाऊँगी, वहीं सोऊँगी " इत्यादि ॥ १९ ॥

भवन्ति मन्दाः प्रतिमाससमागताः
रजस्वलत्वं युवतीसमाननाः ।
निमज्य वस्त्राण्यथ गैरिकाविले-
जले पुनः पूर्ववदेव वेषगाः ॥२०॥

जब इनका रजस्वला होने का दिन आता है उस दिन गेरू का पानी अपने ऊपर गेर कर कहते हैं कि " हम रजस्वला हो गईं " और एक कोठरी मे जाकर चार दिन तक रहते हैं फिर पाँचवे दिन न्हा धो कर पुरुष बन अपना आडंबर फैला देते हैं ॥ २० ॥

ललाटदेशे तिलकं करे पटी
जपानुरूपा विषयेषु मानसम् ।
महामहाडम्बरमम्बरेक्षणा
भवत्यमीषां जनवञ्चनात्मनाम् ॥२१॥

माथे पर तिलक, और हाथ में माला और गोमुखी, ऊपर को दृष्टि, यह पूजा का आडम्बर मात्र है । यह सब भोले भाले लोगो को बहकाना है ॥ २१ ॥

इति प्रकामं प्रतिदर्शितेऽधमे
रहस्यमार्गे गुरुणा सभापि सा ।
समन्ततः पोलमवेक्ष्य तन्मते
सहस्ततालं जयशब्दमब्रवीत् ॥२२॥

इस प्रकार जब आपने इनके घर का रहस्य सबको बतला दिया तब समस्त सभा में बैठे हुए मनुष्य इनको हँसने लगे और अपने पक्ष का जय देखकर करतलध्वनिपूर्वक स्वामी जी के कथन की स्वीकृति सूचना देने लगे ॥ २२ ॥

अवेक्ष्य गोस्वामिमुखानि सज्जना-
स्तदैव रक्तानि समस्तसाधनैः ।
प्रबन्धमेतादृशमादधुः परं
यथा न शङ्कासमभूद्विपक्षिणाम् ॥२३॥

सभा में बैठे हुए गोकुलियो का क्रोध आने से लाल मुँह देखकर उपस्थित आर्यमहाशयो ने ऐसा प्रबन्ध किया कि वे कुछ उपद्रव न मचा सके और जो उपद्रव उन्होने पहले सभा में आकर किया था उसका व्याख्यान द्वारा उत्तर भी यथोचित दिया गया ॥ २३ ॥

भयेन भीताः परतो दयानिधे-
रिमे सुमन्दा अपि मन्दकान्तयः ।
स्वकीयवक्त्रेषु निवेश्य मूर्छनां
जवेन याताः स्वगृहाणि विस्मिताः ॥२४॥

स्वामीजी से भय खा कर फिर इन गोकुलियो से भी कुछ न बन सका, इनके मन के हौंसले मन में ही लीन हो गये, वे न कुछ कर सके, न धर सके। अन्त मे अपना सा मुँह लेकर जैसे आए वैसे ही लौट कर चले गये। स्वामी जी का विजय हुआ ॥ २४ ॥

अहो नवीना यमिनोस्य खण्डना
विखण्डितानाशु विधाय दुर्जनान् ।
सभान्तरङ्गान्निरवासयत्स्वयं
किमस्ति साध्यं न वशीकृतात्मनाम् ॥२५॥

धन्य है स्वामी जी की उस कथनशक्ति को जो क्षण भर में विपक्षियो का मन भङ्ग करके, बिना किसी प्रयत्न के, सभा से उनको उठा देती है और उनकी सारी शक्ति को स्तम्भित कर देती है। ठीक है, बलवान् आत्माओं को क्या असाध्य है ? कुछ नहीं ॥ २५ ॥

गतेषु विद्याविनयादिशत्रुषु
क्रमेण गोस्वामिषु सा सभापि ताम् ।
दयामयस्य प्रतिभां पदे पदे
समस्तभावैः प्रसशंस हर्षिता ॥२६॥

उन विद्या विनयादि गुणो से हीन गोस्वामियो के चले जाने पर उपस्थित आर्य महाशयो की पक्ति एकस्वर से आपका जय जयकार करने लगी और पद पद मे आपकी बुद्धि की प्रशसा करती हुई अत्यन्त प्रसन्न हुई ॥ २६ ॥

अनन्तरं तत्र पुरे निमन्त्रितः
स पारसीकैरनिमान्यतो ययौ ।
ददौ च तत्रापि विशेषवक्तृतां
यया समस्ताऽभवदार्यमार्गगा ॥२७॥

मुलतान शहर से छावनी कुछ फासिले पर बस रही है—यहाँ पर अधिकतर पारसीक रहते है। इन्होने एक दिन खास तौर पर निमन्त्रण देकर आपको बुलाया और व्याख्यान कराया। अन्त मे उन्होने बडे आदर और सम्मान के साथ आपको विदा किया ॥ २७ ॥

सभां विधायाशु विदेशवासिनां
प्रभावतो धर्मपथेऽनुरागिणीम् ।
मुनिः प्रसङ्गात्पुनराप्य तत्पुरं
विभञ्जयामास नवीनकल्पनाः ॥२८॥

आपने यहाँ पर भी व्याख्यान के प्रभाव से एक सुजन-समिति स्थापित की। अन्त मे छावनी से फिर मुलतान शहर पधारे और उन्होने अनेक प्रकार के शाक्त, पाशुपत, क्षपणक, कापालिक, वैष्णव, गाणपत, वाल्लभ, रामानुज, निम्बार्क, जैन, बौद्ध, चार्वाक, मौहमद, पेशव, शाङ्कर, आदि मतो का क्रमशः खण्डन किया ॥ २८ ॥

---

१ स स्वामी । २ सभेतिशेष ।

निशम्य तद्व्याकृतिवादविप्लवं
बुधा महान्तो दशनैर्निजाङ्गुलीः ।
पदे पदे तस्य पुरोऽदशन्गता
निरस्तशङ्काश्च पुनर्ययुर्गृहम् ॥२९॥

आपके व्याख्यानो मे आये हुए बहुत से पण्डित आपकी व्याकरण की योग्यता देख कर दाँतो के बीच मे अँगुली दबाते थे और अनेक प्रकार की शङ्काओ का उत्तर प्राप्त कर आपका गुणगान करते हुए अपने अपने घरो को जाया करते थे ॥ २९ ॥

अशेषलोकानुगता जना धृतिं
प्रवक्तृताचत्वरमेत्य नित्यशः ।
निजं निजं संशयमुत्तरोत्तरं
निवारयन्तो बिभराम्बभूविरे ॥३०॥

आपके व्याख्यान के समय अनेक सम्प्रदायो के मानने वाले असख्य पुरुष अपना अपना सदेह निवृत्त करने के लिए 'व्याख्यान चत्वर" पर आकर बैठते थे और निवृत्त-सदेह होकर धैर्य का धारण किया करते थे ॥ ३० ॥

बहूनि दृष्ट्वाथ बभूव नास्तिको-
जनेतरो यः स दिनत्रयं मुनिम् ।
मुदा समाभाष्य विशुद्धचेतसा
दृढप्रतिज्ञोऽभवदास्तिकोत्तमः ॥३१॥

राय सागरमलजी जो कि चौदह सौ पुस्तक पढ कर नास्तिक हो गये थे उन दिनो यहीं पर आये हुए थे। आपसे तीन दिन बात होने पर उन्होने शुद्ध मन से नास्तिकता छोड आस्तिकता धारण की और वैदिक धर्म के मानने-वाले बने ॥ ३१ ॥

मुनेर्गिरां कापि विभाति सा प्रभा
नियन्त्रणे या बहुनास्तिकानपि ।

नियोजयन्ती निगमोदिते विधौ
विवर्धयत्यार्यसमाजमण्डलम् ॥३२॥

आपकी वाणी में यह गुण आम तौर पर रहा करता था कि कैसा भी नास्तिक क्यो न हो आपकी प्रबल युक्तियो के सामने शिर ही झुका देता था और हार मानकर उसको वैदिक (आर्य) धर्म का शरण लेना ही पडता था ॥ ३२ ॥

कुतो न सा स्याद्यमिनां वचःसु सा
प्रभावशक्तिर्बहु यैर्गुहागृहे ।
समाधिमास्थाय नवीनकल्पना
समेधितासीत्पुरएव सर्वतः ॥३३॥

क्यो न हो ! आपकी वाणी में यह प्रभाव अवश्य होना ही चाहिए था जिन्होने कि पर्वत की कन्दराओ में अनेक प्रकार के योग साधनों द्वारा अपनी आत्मिक शक्ति को बढा पहले ही से समस्त शक्तियो का मुकाबिला करना विचारा था ॥ ३३ ॥

(साम्प्रतमनेकशक्तिसंपन्नस्यास्य महर्षेः प्रभावादेकशक्तिमतां जडदेवानां शक्तिनिष्पतनं वर्णयन्नाह)

कृतं यदारभ्य गुहोदरेऽमुना
सुदुश्चरं योगसमाधिवर्धनम् ।
विनाशभूयं ततएव सर्वथा
जगाम तत्तद्धृतमत्र तद्बलम् ॥३४॥

जबसे आपने एकांत मे पर्वतो की गुफा में बैठ कर अपना योगबल (१) बढाया तबसे झूठे देवताओ की शक्तियाँ घटने लगी अर्थात् ज्यो ज्यो आपकी शक्ति बढी त्यो त्यो उनकी शक्ति घटी। अन्त में आप अनेक शक्तिमान् हुए और वे सर्वथा शक्तिरहित हुए ॥ ३४ ॥

---

(१) योगी के लिए वास्तव में इतना सामर्थ्य हो जाता है। देखो पातञ्जल योगदर्शन।

भयान्मुनेरस्य निरस्तशक्तिका
बभूव शक्तिः प्रबभूव कुण्ठितम् ।
शतक्रतोर्वज्रमगाददर्शनं
सुदर्शनं दुर्दशया रमापतेः ॥३५॥

पहले तो आपके भय से (मनमानी) शक्ति की शक्ति अशक्त होकर नाम मात्र शेष रह गई फिर (मनमाने) इन्द्र की वह वज्रधारा कुण्ठित होकर अर्थात् मुडकर नष्ट हुई और क्या कहे चक्रपाणि का सुदर्शन चक्र भी चक्कर में पडकर अदर्शन भाव को प्राप्त हो गया ॥ ३५ ॥

विहाय शूलं बहुशूलतापितो-
जगाम शूली यददर्शनं ततः ।
पराजितो भूतलमाविशच्छुचा
त्रिशूलमस्यातिबलेन योगिना ॥३६॥

अनेक वाक्शूलों से मूर्छित होकर जबसे त्रिशूली आपके समक्ष शूल छोड मैदान से भागे तब से अभागा त्रिशूल शूलव्यथा से पीडित होकर यशोवशिष्ट हो गया। अर्थात् त्रिशूली का शूल भी शूल में पड कर अपना प्रभाव छोड गया ॥ ३६ ॥

गृहीतदण्डे यमिनामधीश्वरे
निरस्तदण्डे च भयेन तत्पतौ ।
भयाकुलाः सत्वरमुत्वरा ययु-
र्दिशः कुवेराग्निजलाधिपादयः ॥३७॥

जिस समय आपको दण्ड धारण करता देख दण्डधर अपने दण्ड को खण्डित सा जान आपको दण्डवत् करके चला गया तब से कुवेर (कुशरीर) कुवेर, जडाधिप जलाधिप, हताश हुताश बगले झाकने लगे और इतस्ततः शीघ्र ही छिप गये ॥ ३७ ॥

गतेषु देशान्तरमस्य योगिनो-
भयेन मुख्येषु बलादिषु द्रुतम् ।

न पन्नगास्त्रं न सुपर्णदैवत

न वायवीयं प्रबभूव शक्तिमत् ॥३८॥

जब कि आपके समक्ष बड़े बड़े मिथ्याकल्पित देवताओं का ही मानभजन हो गया और वह इधर उधर भागने लगे तब पन्नगास्त्र गारुडास्त्र, वायव्यास्त्र का तो नाम ही क्या लिया जाय। अर्थात् आपकी दुस्तर योगशक्ति के समक्ष इन्द्र का ऐन्द्रास्त्र विष्णु का वैष्णवास्त्र, पशुपति का पाशुपतास्त्र काल का कालास्त्र, पाशी का पाशास्त्र, कुबेर का कौबेरास्त्र, अग्नि का आग्नेयास्त्र, मदन का मोहनास्त्र और भी कल्पित देवता और उनके अस्त्र आपके समक्ष कान्तिहीन हो गये अर्थात् न चल सके ॥ ३८ ॥

निरस्तनानाविधशक्तिसञ्चया

क्व योगशक्तिः क्व मृषाकृतात्मनाम् ।

बलं मुधाकल्पितशक्तिसञ्चयं

तथापि बालैरधुनापि मन्यते ॥३९॥

अनेक शक्तियों को दमन करने वाली कहाँ योगशक्ति, कहाँ कल्पित देवताओं की मिथ्या शक्ति। ये दोनों कदापि तुल्यता को प्राप्त नहीं हो सकती पर तोभी लोक इन देवताओं की शक्ति को ही मानते चले जाते हैं। शोक ॥ ३९ ॥

करोति या[1]ऽऽकाशगतिं वशीकृता-

णिमादिसिद्धीरपि या ददाति सा ।

मनुष्यभावान्तरमाकरोति चे-

त्किमत्र चित्रं गुण[2]एव तादृशः ॥४०॥

वश मे आई हुई योगसिद्धि आकाशगमन तक देकर अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व, वशित्व इन आठ सिद्धियों को देती है। वह यदि मनुष्य का मनोभाव पलट दे तो आश्चर्य ही क्या है? उसमें तो ऐसा गुण ही है ॥ ४० ॥

---

१ योगक्रिया । २ तस्यामितिशेषः ।

जड़ो जड़त्वेन वशीकरोति चेद्
गुणान्तराधानवशाज्जडानपि ।
कथं न कुर्यात्स्ववशेऽतिचेतना
सचेतनान्योगकृतिः प्रजासृजः ॥४१॥

सूर्यकान्त, चन्द्रकान्त आदि जड मणिगण जब अपने प्रभाव से अग्नि जैसे प्रबल जड पदार्थों की शक्ति को (जकड) देता है, तब चेतन योगसिद्धि चैतनता रखते हुए मनुष्यो को क्यो कर वश मे न करेगी ? अवश्य ही करेगी ॥४१॥

दिनान्तरे श्रावयता स्ववक्तृतां
महात्मना तेन सुताकरग्रहे ।
स विक्रयो दर्शितएव सर्वथा
प्रगृह्यते यत्र पणेन तद्धनम् ॥४२॥

एक दिन यही पर व्याख्यान देते हुए श्रीस्वामीजी ने कहा कि जो लोग अपनी लडकियाँ वेचते है अर्थात् कुछ द्रव्य लेकर उनका विवाह करते हैं उन कन्याओ और वेश्याओ मे कुछ भेद नही रहता ॥ ४२ ॥

न कन्यकोद्वाहपणेन गृह्यतां
धनं मनुष्यैरिति वादिनि प्रजा ।
मुनौ सनाथेव बभूव सर्वश-
श्चकार चाऽस्यानुमतेन तां कृतिम् ॥४३॥

मनुष्यों को चाहिए कि कभी कन्या के ऊपर द्रव्य न ले । यदि वे लेते है तो महा पाप करते है। स्वय पैदा की हुई कन्या का द्रव्य लेकर विवाह करना अपना मास स्वय काट कर वेचना है । इतना आपके कहने पर सब पुरुष ठीक है ठीक है ऐसा कहने लगे और निश्चय करने लगे कि हम कदापि ऐसा न करे गे और न ऐसा करने दे गे ॥ ४३ ॥

जगत्यलं या वितनोति गोत्रतां
विवर्धते यत्करणेन तत्कुलम् ।

स्वलोभत. मैव मुना धनेन चे-

त्प्रदीयतेऽनः किमिहास्ति पातकम् ॥४४॥

जिस कन्या के सम्बन्ध से ससार म गोत्र (वश) चलता ह तथा जिसके सम्बन्ध होने पर कुल की वृद्धि होती है वही कन्या यदि लोभ के वश वेची जाय तो इससे अधिक और क्या पाप होगा ? ॥ ४४ ॥

मनुप्रदिष्टानि विवाहमिद्धये

सदा विधेयानि मतानि सज्जनैः ।

विलोकयित्वा निजशक्तिसञ्चयं

तथैव कार्य्याणि यथा भवेच्छिवम् ॥४५॥

मनुष्यो को चाहिए कि अपनी शक्तिया को देख कर मनुस्मृति के बतलाये हुए ब्राह्म,दैव, आर्ष और प्राजापत्य इन चार विवाहो मे से कोई विवाह करे जिससे अपने वश का कल्याण हो और किसी प्रकार का कष्ट भी न उठाना पडे ॥ ४५ ॥

यथा विधानं मनुना प्रदर्शितं

तथा भवेच्चेदिह पाणिपीडनम् ।

न कोपि दुःखी जगतीतले जनो-

न चाल्पजीवी न दरिद्रदारितः ॥४६॥

जिस प्रकार ब्राह्म, दैव, आर्ष और प्राजापत्य इन चार विवाहो का विधान मनु ने बतलाया है, ऐसा ससार म प्रवृत्त हो जाय तो कोई भी जन जगत् मे दु ख न भोगे और न कोई दरिद्र के दारुण कष्ट को उठावे ॥ ४६ ॥

स्वयं समाहूय वरं गुणोत्तरं

समर्चितामुत्तमवस्त्रभूषणैः ।

सुतां प्रदद्याद्युवतीमनिन्दितां

वराय यूने विधिरेष सुन्दरः ॥४७॥

सबसे उत्तम विधान तो यह है कि पिता स्वय अपनी युवती पुत्री के लिए योग्य, सदाचारी, ब्रह्मचारी, युवा वर को गुण-कर्मानुसार देख कर और उसको घर मे निमन्त्रित कर यथाशक्ति अलकृत कन्या का उसको दान दे दे ॥ ४७ ॥

न दानजं पुण्यमवाप्यते जनैः
प्रदीयते यत्र धनेन कन्यका ।
भवेत्कुतः पत्युरपीह तत्सुखं
विराजते यत्र पणेन सा वधूः ॥४८॥

जहाँ पर धन लेकर कन्या दी जाती है वहाँ दाता के लिए कुछ भी पुण्य नहीं होता । क्योकि विक्रय मे पुण्य होना असम्भव है। उस धनक्रीत वधू को प्राप्त होकर पति भी कदापि सुख को प्राप्त नहीं हो सकता ॥ ४८ ॥

समागमो वारवधूनिभो यदा
भवत्यलं नायकनायिकाऽऽगमे ।
कुतस्तदा रूपवती बलान्विता
गुणान्विता चापि भवेत्सुतोद्गतिः ॥४९॥

स्त्री एव पुरुष का जहाँ पर वेश्या और जार जैसा समागम हुआ करता हो वहाँ पर रूपवती, बलवती, गुणवती और धनवती सतान कहाँ हो सकती है ? कदापि नही । और न उनमे प्रेम हो सकता है । भला वेश्या के पुत्रो में प्रीति कहाँ ? ॥ ४९ ॥

भवन्ति पुत्रा गुणिनो यशस्विनो-
बलान्विता रूपविनिन्दितस्मराः ।
मनुप्रदिष्टेषु चतुर्षु भूतले
कृतेषु कन्याकरपीडनेष्वलम् ॥५०॥

मनुप्रोक्त ब्राह्मादि चार विवाहों से ससार में जो पुत्र उत्पन्न होते हैं वे आयुष्मान, यशस्वी, तेजस्वी, ब्रह्मवर्चस्वी, गुणवान्, बलवान्, अति सुन्दर, लोकमान्य और सभाओं मे आदर योग्य (सभ्य) होते हैं ॥ ५० ॥

यदर्थमस्मिन्क्रियते भुवस्तले
विवाहकृत्यं सुतवंशहेतवे ।
स एव चेन्नश्यति किं पुनस्तदा
फलं विवाहेन वदन्तु कोविदाः ॥५१॥

जिस प्रयोजन के लिए ससार में विवाह किया जाता है वह अपने वश का स्थापन और गुणवान् सन्तान का होना है। यदि वे दोनो विवाह से नष्ट होते हों तो ऐसे विवाहो के करने से फल ही क्या ? कुछ नहीं ॥ ५१ ॥

समस्तमेतन्मनुजैर्भुवस्तले
विधीयते लोभवशेन किल्बिषम् ।
विनाशनीयस्ततएष साधनै-
रसंशयं पश्यत नान्यथा गतिः ॥५२॥

यह जो कुछ जगत् में पाप किया जाता है सब लोभ के वश में आकर किया जाता है। इसलिए इस लोभ के नाश करने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। नहीं तो किसी प्रकार से भी सद्गति नहीं हो सकती ॥ ५२ ॥

वशे समागत्य जनोस्य भूतले
वदत्यवश्यं वचनं मृषा स्वयम् ।
ददादि कन्यामपिचापणस्थित-
प्रधानपश्वादिवदेव दृश्यते ॥५३॥

इसी के वश में आकर मनुष्य जगत् में झूँठ बोलने को उद्यत हो जाता है। इसी के वश में पडकर अपनी आत्मजा (पुत्री) को बाजार में आये हुए पशुओ के समान बेच देता है। उसीसे अपनी सद्गति को नष्ट करदेता है ॥ ५३ ॥

भवन्ति लोभान्मनुजाः क्रुधावृताः
स्मरातुरा मोहमुपागता अपि ।

प्रयान्ति नाशं बहुनिन्दनामिताः
किमस्ति पापं यदनेन नाहृतम् ॥५४॥

इसी के वश में आकर क्रोध मे फँस जाता है, इसी से कामदेव का वशीभूत होजाता है, इसीसे मोह को प्राप्त होकर अपयश का भागी बन नाश को प्राप्त होजाता है। इसके वश में पडकर मनुष्य कौनसा पाप नहीं करता ? ॥ ५४ ॥

इति प्रकामं विनिवार्य्य कन्यका-
विवाहकृत्ये धनपण्यविस्तरम्।
यथोचितैरुत्तरवीचिविस्तरै-
र्गतान्धकारामकरोदिमां सभाम् ॥५५॥

इस प्रकार अत्यन्त बलपूर्वक कन्या-विक्रय का निवारण करके उपस्थित जनो की शकाओं को दूर करते हुए आपने समस्त सभा को अन्धकार से बचाया और पुण्य का भागी बनाया ॥ ५५ ॥

प्रसङ्गतो मांसनिषेधसूचकं
वचो वदत्यत्र मुनौ मनोरमम्।
मुदैव काश्मीरत एक आगतो-
बुधः समाभाषत तद्विनिश्चयम् ॥५६॥

प्रसग से फिर एक दिन एक कश्मीर का पण्डित आपके पास आकर मास-भक्षण के विषय में कुछ प्रश्न कर रहा था, जिसका उत्तर आपने निम्न लिखित दिया और उस उत्तर से वह पण्डित निरुत्तर होगया और आपका पक्ष मान गया ॥ ५६ ॥

न विद्यते वैदिककर्मसु क्वचि-
द्विधानमीदृक् पशुमारणोचितम्।
विधेर्विधाने विहितात्मभिः स्वयं
विचार्य वाच्यं पदविग्रहक्रमम् ॥५७॥

आपने कहा कि वेद में कहीं भी हिंसा का विधान नहीं पाया जाता फिर वैदिक कार्यो में उसका विधान क्या कर माना जावे। इस बात को वेद के विषय में विचार करने वाले स्वय देखे और [अध्वर] पद के विग्रह पर ध्यान दे ॥ ५७ ॥

यमध्वरं[1] हिंसनदोषवर्जित
वदन्ति पूर्वे मुनयः स्वपुस्तके ।
बलादनादृत्य कथं भुवस्तले
विधीयते तानिदमद्य हिंसनम् ॥५८॥

"अग्नेय यज्ञमध्वरम्" [ऋ० १ म० १ सू० ४ म०] इस मन्त्र में यज्ञ को हिंसा से रहित बतलाया गया है जिसका प्रमाण और निवचन [अध्वर हिंसा धर्मादिदोषरहित ध्वरतिर्हिंसाकर्मा तत्प्रतिषेधो निपात] निरुक्त १। ८ में इस प्रकार दिया है ॥ ५८ ॥

बहून्पशून्पाहि वदत्यदो यजु-
श्चतुष्पदे शं द्विपदेपि याचते ।
न मार्यतामेकशफो भुवस्तले
न चोर्णवानित्यपि किं न भाषते ॥५९॥

'यजमानस्य पशून्पाहि' यजु० अ० म० १ 'शनो अस्तु द्विपदे श चतुष्पदे' अ० ३६ म० ८ 'माहिंसीरेकशफ पशुम्' अ० १३ म० ४८ 'इममूर्णायु वरुणस्य नाभि माहिंसी' ' अ० १३ म० ५० इत्यादि मन्त्रों से वेदो में सब पशुओं की रक्षा करना पाया जाता है ॥ ५९ ॥

घृतं दुहानामदितिं जनाय ता-
मसंशयं पालयताशु गामिति ।
प्रतिक्षणं रक्षणदक्षमक्षरं
वदन्न वेदः किमहो विलोक्यते ॥६०॥

---

१ अध्वर पु० शब्दस्तोममहानिधौ द्रष्टव्य. ।

'घृत दुहानामदिति जनयाग्ने माहिंसी.' यजु० अ० १३ म० ४९ इस मन्त्र में घृत के देनेवाली, रक्षा करने के योग्य गौ को मत मारो। यह विधान कितनी स्पष्ट रीति से वेद में गोरक्षा का विधान बतला रहा है ॥ ६० ॥

यदुच्यते यज्ञविधौ विनाशितः
प्रयाति नूनं पशुरुत्तमां गतिम्।
कथं न तातात्मजबन्धुमानिनी-
विनाशनं तत्र विधीयते जनैः ॥६१॥

यदि कहो कि यज्ञ में मरा हुआ जीव उत्तम गति को (अर्थात् स्वर्ग को) पाता है तो सबसे प्रथम अपने पिता, पुत्र, भाई, स्त्री आदि को मार कर स्वर्ग क्यो नहीं पहुँचाते? इनका स्वर्ग जाना किसको अभीष्ट नहीं है? ॥ ६१ ॥

भवन्मते नास्ति किमुत्तमां गतिम्
हतोध्वरे लब्धुमसंशयं पिता।
यदस्ति योग्यः किमलं विलम्ब्यते
भवादृशैरद्य तदीयसद्गतौ ॥६२॥

आपके मत में क्या आपका पिता सद्गति के योग्य नही है? यदि स्वर्ग में जाने योग्य है तो फिर आप उसके लिए क्यो विलम्ब करते हैं? शीघ्र ही उसको उत्तम गति प्रदान कीजिए ॥ ६२ ॥

कुलेषु ये ये मरणाय केवलं
गृहेषु वा ये जनकादयः स्थिताः।
क्रमेण सर्वेपि सुतैर्महाध्वरे
निपातनीयाः किमिहावधीरणम् ॥६३॥

जो जो पुरुष केवल मरने की ही प्रतीक्षा (इंतजारी) कर रहे हैं ऐसे पुरुष जो कुछ अपने अपने घरो में हो या वंश में हों सुपुत्रों को चाहिए कि सबको पकड़ कर उनको मार दे ताकि सबके सब उत्तम लोक को प्राप्त हो जावें ॥ ६३ ॥

स्वभावदीनान्परिपाल्य भोजनैः
पशून्पुरस्तात्सुतवत्स्वयं पुनः ।
प्रतार्य देवादिमिषेण भुञ्जते
जनाः पिशाचा इव धिङ्नराधमान् ॥६४॥

विचारे गरीब, स्वभाव से दीन जो पशु हैं उनको पहले से पाल कर पुत्र के समान उनको बढा कर फिर उनको धोखा देकर किसी मनमाने देवता के समक्ष ले जाकर अपने उदर भरने के लिए मारना ! हाय ऐसे पुरुषो को धिक्कार है ! ॥ ६४ ॥

अभक्षणं यस्य वदत्यहो विधि.
स धर्मशास्त्रेण कथं विधीयते ।
विहिंसकैरित्यनुमीयते कृतो-
विरुद्धएषः पशुमारणक्रमः ॥६५॥

जिस बात के लिए वेद अनुज्ञा (इजाजत) नहीं देता ऐसी बातो का स्मृतियो में आना स्पष्ट रीति से बतला रहा है कि यह सब विषय मासाहारी पुरुषो ने रखदिया है नही तो वेद में यह विषय क्यो न आता ॥ ६५ ॥

भवत्यलं पापसमूह एकतो-
विधेरनुज्ञा परतो विनाश्यते ।
विधीयते यैरिह मांसभक्षणं
मनुष्यजन्मापि समेत्य राक्षसैः ॥६६॥

जो पुरुष जन्म लेकर तामसी भोजन करने को उद्यत होते हैं अर्थात् मांस खाते हैं वे एक ओर तो जीवहत्या का पाप अपने ऊपर लेते हैं और दूसरी ओर वैदिक आज्ञा का उल्लघन करते हैं। वे दो पाप एक साथ करते हैं ॥ ६६ ॥

विशेषतः स्वात्मसुखस्य नाशनं
विधीयतेऽनेन न चेद्विनिश्चयः ।

परीक्ष्यतां कोऽत्र विलम्बनक्रमः
क्रमेण सर्वं स्वतएव सेत्स्यति ॥६७॥

इसलिए मांस खाना सब तरह से पाप है और शरीर एवं आत्मा दोनों के लिए हानिप्रद है। खास कर आत्मा के लिए। यदि इसमें कुछ सन्देह हो तो परीक्षा (इम्तिहान) कर लीजिए, विलम्ब का कुछ काम नहीं ॥ ६७ ॥

इति प्रमादाद्विनिवार्य कोविदं
निसर्गतः शास्त्रगुणेष्वकोविदम् ।
दयामयस्तं कतिचिद्दिनैरहो-
निबोधयामास सुयोगसाधनम् ॥६८॥

इस प्रकार शास्त्र-विषयों में अप्रवीण किन्तु लोकप्रवीण काश्मीरी पण्डित को हर प्रकार से समझा कर आपने कुछ दिनों के बाद योग-मार्ग का साधन बतलाया जिसका वह सेवन करता रहा ॥ ६८ ॥

दिनेषु गच्छत्सु हृदन्तरे यदा
महान्प्रकाशः प्रबभूव योगतः ।
तदाऽऽप्यविश्वासमसौ विमोहितः
पपात योगीश्वरपादयोरयम् ॥६९॥

सेवन करते करते कुछ दिनों में उसके आत्मा में एक प्रकार का ऐसा प्रकाश होने लगा जैसा कि आजतक कभी न हुआ हो। उसका अनुभव कर कश्मीरी पण्डित आपके चरणों में गिर गया और आप में अधिक श्रद्धावान् होगया ॥ ६९ ॥

दिनान्तरेऽर्द्धोज्झितसाधनात्पुनः
स योगमार्गादधिगत्य तत्पदम् ।

---

१ मांसाशित्वपदम् ।

वियोगमापत्यरतोस्य मानसे
न सम्बभूवात्मिकदर्शनोत्सवः ॥७०॥

जिस विधान को श्रीस्वामीजी ने बतलाया अभी वह पूर्ण न होने पाया था कि बीच म वह प्रकाश जो कि पहले दीखने लगा था बन्द होगया। अब तो वह कश्मीरी बहुत घबराया और उसका कारण विचारने लगा ॥७०॥

स कारणान्वेषणतो निजात्मजं
विलोक्य मांसादनकारणं शुचा।
निवार्य भूयोपि जगाम योगिनां
समीपमेवात्मनिरीक्षणादरः ॥७१॥

विचारते विचारते एक विश्वस्त रीति पर उसको यह मालूम होगया कि मेरे पुत्र ने मुझ को फिर गुप्त रीति से मास खिलाकर इस आनन्द से वञ्चित कर दिया। उसने पुत्र को मारा और फटकारा। अन्त में वह फिर स्वामीजी के शरण आया ॥ ७१ ॥

दयामयत्वात्पुनरप्ययं मुनि-
र्विधिं निवोध्याशु चतुर्थमाश्रमम्।
प्रदाय गेहान्निरवासयत्तथा
कृतार्थतामस्य चकार जन्मनः ॥७२॥

स्वामीजी ने दया करके उसको फिर ऐसा विधान बतलाया कि उसका आत्मा फिर शुद्ध होगया। अन्त में उसको चतुर्थाश्रम का उपदेश देकर घर से उसको बाहर किया और उसका मनुष्यजन्म सफल किया ॥ ७२ ॥

अनन्तरं कोपि बुधो यतीश्वरं
जगाद तत्सम्मतिवाञ्छया तया।
बुधोऽबुधोवा भवतां मतेऽधुना
स मोक्षमूलेत्यभिधो विदेशजः ॥७३॥

कुछ दिनो के अनन्तर पण्डित कृष्णनारायण शर्मा ने आपके पास आकर पूँछा कि आपके मत में प्रोफेसर म्येक्समूलर (मोक्षमूलर) जो वेदो के ज्ञाता और भाष्यकार माने जाते हैं, किस प्रकार के हैं ? ज्ञाता हैं वा नहीं ? ॥ ७३ ॥

इति द्विजातौ मुखचापलङ्गते
त्रिलोकवन्द्यः समुवाच तं यतिः ।
बुधत्वलेशोपि न तत्र विद्यते-
ऽधुनातु विद्यार्थिपदेपि संशयः ॥७४॥

पण्डितजी की मनशा समझकर स्वामीजी ने तुरन्त उत्तर दिया कि अभी प्रोफेसर म्येक्समूलर वेदविद्या में विद्यार्थी हैं। जितनी विद्या आज कल उनमें है उतनी वेद पढने का केवल अधिकार मात्रही बतला रही है ॥ ७४ ॥

न यावदारान्निजबुद्धिविस्तरै-
रसंशयं सायणभाष्यविस्तरम् ।
महीधराद्यैश्च कृतं जहाति नो
न तावदेषो निगमार्थकोविदः ॥७५॥

जब तक अपने आत्मिक बुद्धिबल से सायण और महीधर आदि भाष्यों का सहारा नहीं छोडे गे अर्थात् उनके ही पग पर पग रखते जायँगे तब तक उनमें वेद का पाडित्य नहीं आसकता ॥ ७५ ॥

इति प्रशस्तं यमिनामधीश्वरे
वदत्यशङ्कं स बुधोपि निर्भयः ।
निजानुमत्या पुनरुक्तिमापय-
त्तमेव भावं यमुवाच योगिराट् ॥७६॥

इस प्रकार जब पण्डितजी से स्वामीजी ने कहा तब तो पण्डितजी भी निर्भय होकर कहने लगे कि वास्तव मे आपका कथन सर्वांश में सत्य है। वैदिक विषय अति गहन है। उसका विचार करना सहज नहीं है ॥ ७६ ॥

पुनर्मुदा पृच्छति मानवेनरे
सहैकदेशे जलपानभोजने ।
निषेधयित्वा स मुनीश्वरः परं
जगाम तस्मान्नगर जयोचितम् ॥७७॥

एक महोदय ने आपसे आकर पूछा कि एक आसन पर सबके साथ खाना खाने या पानी पीने में क्या दोष है ? स्वामीजी ने उत्तर दिया कि किसी को भी इस प्रकार भोजन करने या जल पीने का अधिकार शास्त्र नहीं बतलाता ॥ ७७ ॥

स तत्र गत्वा निजकार्य्यमद्भुतं
प्रसार्य्य सर्वानपि बुद्धिमत्तमान् ।
विनोदयामास निजोक्तिसूचनै-
र्जवेन विद्यार्थिगणानपि क्रमात् ॥७८॥

इस प्रकार यहाँ के पुरुषो को नष्ट-सशय बनाकर कई प्रतिष्ठित सज्जनो के अनुरोध से २५ जोलाई सन् १८७८ ई० को आप रुडकी पहुँचे और जाते ही अपना कार्य्य आरम्भ कर वहाँ के बुद्धिमान् विद्यार्थियो को भी शिक्षा देते रहे ॥ ७८ ॥

विचारशीला यवना अपि द्रुतं
निशम्य देवं समुपागतं मुदा ।
दिदृक्षया तद्वचनानुकर्णन-
प्रवाञ्छया चापि तमभ्यवेष्टयन् ॥७९॥

बहुत से विचारशील मुसलमान भी आपको यहाँ पर आये हुए जान कर आपके दर्शन एव व्याख्यान सुनने की अभिलाषा से आपके पास आया करते थे ॥ ७९ ॥

---

१ परित इति शेष ।

समाप्तिमासेऽमृतरूपवाक्क्रमे
यथेष्टशङ्काकरणाय सूचनाम् ।
मुहुर्ददाने न शशाक कोप्यहो-
पुरोस्य कर्तुं विबुधोपि शङ्कनाम् ॥८०॥

व्याख्यान के अनन्तर आप सबको सूचित किया करते थे कि यदि किसी को कुछ पूछना अथवा आक्षेप करना या शास्त्रार्थ करना हो तो वह इस समय कर सकता है । परन्तु कोई भी खडा नही होता था ॥ ८० ॥

महानयं शोक इहास्ति विस्तृतो-
विदेशजाताः किल धर्म्ममार्गणम् ।
प्रकुर्वते देशनिवासिनो जनाः
सुखेन निद्रामधिगम्य शेरते ॥८१॥

एक दिन आपने यहाँ पर कहा कि बडे शोक की बात है कि अन्य देश के रहने वाले हमारे धर्म की खोज में लगे हुए हैं और हम आर्यसन्तान कहलाकर ऐसे सोये है कि कुछ खबर नहीं। हम लकीर के फकीर बने हुए हैं ॥ ८१ ॥

इति प्रकामं कथनापरे यतौ
पुरोदरस्थैरतिमन्दमानवैः ।
स कोपि पौराणिकपण्डितः कृते
विवादकृत्यस्य निवेशितो हठात् ॥८२॥

आपके इतना कहने पर यहाँ के कुछ मूढ पुरुषो ने एक नारायणदत्त को, जो किसी स्कूल का अध्यापक था, आपसे मूर्ति-पूजा पर शास्त्रार्थ करने के लिए बहुत कुछ उकसाया ॥ ८२ ॥

स मूर्तिपूजामनवाप्य सर्वथा
निवारितां वेदचतुष्टयादपि ।

न वादकृत्यस्य कृते तमभ्यगा-
न्मुनीश्वरं कुत्र जयोस्ति शङ्किनाम् ॥८३॥

परन्तु पण्डितजी ने जब वेदों में उसका विधान नहीं पाया तब साफ कह दिया कि वेदों में मूर्तिपूजा नहीं लिखी इसलिए इसके सिद्ध करने की कोई आवश्यकता नहीं। मैं स्वामीजी के समक्ष नहीं जाऊँगा ॥ ८३ ॥

निरीक्ष्य विद्यार्थिगणप्रगल्भतां
निजानुवादेषु तथा रुचिं पराम् ।
मुनिः समालोचनकारिणीं गिरं
प्रवर्तयामास मुदानुमोदितः ॥८४॥

एक दिन स्वामीजी ने यहाँ के इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों का उत्साह और रुचि देख पश्चिमीय फिलास्फरों (तत्त्ववेत्ताओं) के कल्पित सिद्धान्त विषयक समालोचना की, विशेषतः डार्विन की थ्यूरी का खण्डन किया ॥८४॥

न युक्तिरेषा जननादनुश्रुता
न विश्रुता चापि निरर्गला गिराम् ।
प्रवक्तृता यास्ति मुनीश्वरे परा
महानयं कोपि महाशयोत्तमः ॥८५॥

आपका कथन ऐसा युक्तियुक्त और सारगर्भित था कि बहुत से अंग्रेजी के विद्वान् चकित हो गये और कहने लगे कि ऐसी प्रबल और अकाट्य युक्तियाँ न हमने कहीं पर आजतक सुनी और न देखी ॥ ८५ ॥

इति प्रशस्ताक्षरगुम्फितां गिरं
निशम्य नानामतवादभञ्जनाम् ।
प्रकर्तुकामः स चकार खण्डनां
विदेशविद्वत्कुतर्किगिरां पुरः ॥८६॥

१ निरर्गलनानन्तगनपठनवनाम् । २ षोडशे सर्गे । ३ कुत्सिता गीः किरा नासाम् ।

जब आपने यहाँ के लोगो से अपने कथन की अपूर्वता सुनी तब अनेक मतो के खण्डन के लिए (जो कि १६ वें सर्ग मे वर्णन किया जायगा) तयार होकर 'इवोल्यूशन हन्टर लेथब्रिज' आदि थ्यूरियो का आपने फिर खण्डन किया ॥ ८६ ॥

पुनः प्रसङ्गेन समीक्ष्य छात्रका-
ञ्जगाद केयं भवता विचारणा ।
विभात्यलं पश्चिमलोकनिर्मितौ
निवेशितं शिल्पविलासकौशलम् ॥८७॥

खण्डन की परंपरा में एक दिन कालिज के उच्च श्रेणी के छात्रों से आपने फिर कहा कि आपलोग सायंस और फिलासफी का आविष्कार केवल पाश्चात्य विद्वानों से मानकर संस्कृत-विद्या की निन्दा करते हैं। यह विचार ठीक नहीं ॥ ८७ ॥

ददाम्यनुज्ञामहमद्य सर्वथा
पदार्थविद्याविषये विधीयताम् ।
मुदा भवद्भिर्निजसंशयस्थले
निवेश्यतामाशु समुत्तरास्थितिः ॥८८॥

आज मै आप लोगो को बहुत खुशी के साथ इजाजत देता हूँ कि आप लोग किसी साइन्स के सिद्धांत विषय मे मुझ से प्रश्न करे । मैं प्रामाणिक संस्कृत पुस्तको के प्रमाणो से शाब्दिक अर्थ कर अभी आप का इतमीनान कर दूँगा ॥ ८८ ॥

वृथा भवद्भिः क्रियते विनिन्दना
स्वदेशभाजां विदुषामनल्पिका ।
मयाप्यनुश्रूयतएव या न ते
पदार्थविद्यामविदुर्बुधा इति ॥८९॥

---

१ शङ्केति शेष ।

आप लोगो की यह बडी भूल है कि इस देश के विद्वान् और फिलास्फरो को जगली मान उनकी निन्दा करते हो कि वह कुछ नहीं जानते थे। मैं कहूँगा कि जिन बाते को न्यूटन और शोपनहार आज लिख रहे हैं वे बाते उन्होंने कितनेही वर्ष पहले लिखदी थी ॥ ८९ ॥

इहाऽऽप्य लोकैर्जनिमात्मिकोन्नतौ
वयः समस्तं विनियोज्य सोन्नतिः।
प्रदर्शिता या न विलोक्यते मया
विदेशविज्ञेषु कथञ्चिदप्यलम् ॥९०॥

जिस प्रकार यहाँ के विद्वानो ने प्रत्येक प्रकार की विद्या और उसकी क्रिया में अपनी सारी आयु बितादी और आत्मिक एव प्राकृतिक उन्नति में सर्वोच्च पद पाया इस प्रकार किसी भी विदेशी विद्वान् ने उसमें परिश्रम नहीं किया ॥ ९० ॥

इति श्रुताभाषणकल्पनापराः
समेत्य सर्वे पृथिवीपरिभ्रमम्।
रवेश्च तोयादिपदार्थकर्षणं
समभ्यपृच्छन्कथमेतदुच्यताम् ॥९१॥

इतना सुनकर कुछ विद्यार्थियो ने आपसे सूर्य और पृथिवी का भ्रमण और आकर्षण, तत्त्वो की व्यवस्था, पवन, मेघ, रसायन, नक्षत्र, वनस्पति आदि विद्याओं के विषय में अनेक प्रकार के प्रश्न किये ॥ ९१ ॥

असावपि प्रश्नपरम्परागतं
निबोधयन्भावमयत्नतस्तदा।
विशेषयुक्तिप्रतियोजनोज्ज्वलं
चकार सर्वानपि नष्टसंशयान् ॥९२॥

आपने भी प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सस्कृत पद्यो का अर्थ कर उनको भाया। जब वे उत्तर पाकर सतुष्ट हुए तब आपने उनसे कहा कि ये

यहाँ के विद्वानो से छिपी नहीं है। सस्कृत का प्रचार न होने से नई सी प्रतीत हाती है। ज्यों ज्यो सस्कृत और वेद-विद्या का प्रचार बढेगा त्यो त्यो आँखे खुलेगी और प्राचीन रत्न मिलते जायँगे ॥ ९२ ॥

बभाण चेयं न गतास्ति कुत्रचित्
पदार्थविद्या विदुषां मनोगृहान्।
परन्तु विद्याविलयाददृश्यतां
गतास्ति सर्वात्मतयैव सापि न ॥९३॥

यह जो पदार्थ विद्या आजकल यहाँ से उठ कर देशान्तरो में चली गई है यहाँ पर नही रही। इसका कारण केवल यही है कि उसमें कोई प्रयत्न नहीं करता ॥ ९३ ॥

यथा यथा शास्त्रपरम्परा परा
विवृद्धिमेषत्यधुना भुवस्तले।
तथा तथा सा सकलापि सत्कला
पुनः समायास्यति सर्वसाधनैः ॥९४॥

इस भारतवर्ष मे जितनाही जितना वेद, शास्त्र और अगो की पढाई में प्रयत्न बढेगा उतना उतनाही वह उन्नतिमार्ग फिर सामने आकर पूर्ववत् उपस्थित होगा ॥ ९४ ॥

इति प्रसन्नां गिरमादरादिव
प्रभाषमाणे यमिनामधीश्वरे।
मुदैव छात्रेषु बभूव सर्वथा
शिवार्यसामाजिकधर्मविस्तृतिः ॥९५॥

इस प्रकार आपकी बातो को सुन कर कालेज के सब छात्र विस्मित हो गये और वैदिक धर्म की ओर ध्यान देकर विशेष रूप से सस्कृत पढने लगे ॥ ९५ ॥

अथैकदा तत्र मुनेर्गिरां ततिं
निपीयमाना जनता विपश्चिताम् ।
निजस्य धर्माभिधपुस्तकस्य ता-
मपश्यदेकान्ततया विभञ्जनाम् ॥९६॥

एक दिन स्वामीजी का व्याख्यान सुनने के लिए [करनल मानसल साहब कमान अफिसर रुडकी और कप्तान स्टुवर्ट साहब क्वार्टरमाष्टर रुडकी] पधारे थे । इस समय स्वामीजी इ जील की समालोचना कर रहे थे ॥ ९६ ॥

परस्पराभाषणतो विविच्य तां
प्रवक्तृतामस्य मुनेः पुरोगता ।
प्रवर्तयामास विचारकल्पनां
विदेशजन्या नृपतेर्जनावली ॥९७॥

दोनो साहब आपस में बातें करते हुए ध्यान देकर आपका भाषण सुनते रहे और अंत में आपसे दोनो ने वार्तालाप करना आरम्भ कर दिया ॥ ९७ ॥

बहोः प्रवृत्ता समयादियं तदा-
विचारशैली परतो दिनान्तताम् ।
समेत्य दीपावलिदीप्तिदीपिता
पुनर्जजृम्भेऽथ निशेव कल्पनैः ॥९८॥

बहुत देर तक आपके साथ वार्तालाप करते करते सूर्यास्त हो गया । बीच में लालटेन बालने के लिए अवसर दिया गया । प्रकाश होने पर फिर सवाद आरम्भ हुआ ॥ ९८ ॥

परं समाक्षेपसमुत्तरैरयं
यदाऽऽशुमूकानकरोद्यतीश्वरः ।
तदा द्वितीयं दिवसं नियम्य ते
ययुः समासेन वचो निपीय ते ।

परन्तु स्वामीजी ने जब बडी शांति के साथ उत्तर देना आरम्भ किया तब दोनो निरुत्तर हो गये श्रोर दूसरा दिन नियत करके मकान को चले गये ॥ ९९ ॥

पुनर्द्वितीये दिवसेनिरीक्ष्यतां
जनावलिं भिन्नमतानुवर्तिनीम् ।
जयश्रिया वारितयापि सादरं
निरीक्षितोभूदयमेव सत्पतिः ॥१००॥

दूसरे दिन केवल कप्तान साहब ही पधारे । करनेल साहब नहीं आये । अंत में आपने उनकी दुबारा समालोचना करके विजय प्राप्त किया ॥१००॥

दिनान्तरे ते यवना अपि द्रुतं
विधाय पत्रव्यवहारमन्यतः ।
समीक्ष्य साम्यं न कथञ्चिदेकतो-
विमूकतामेव यथायथं ययुः ॥१०१॥

कुछ दिनो के अनन्तर यहीं पर मौलवी मुहम्मद कासिम से शास्त्रार्थ के लिए कुछ पत्रव्यवहार होता रहा परन्तु वह निष्फल ही रहा ॥ १०१ ॥

प्रसङ्गतस्तत्र दिनान्तरे कृतं
प्रदर्शयामास नवीनपुस्तकम् ।
बुधेश्वरं यत्र समीक्ष्यकारिता
व्यलेखि विज्ञैरपि नूतनोदयात् ॥१०२॥

एक दिन एक पौराणिक पण्डित ने स्वय बनाया हुआ एक व्याकरण का पुस्तक जो कि काशी में भी हो आया था श्रोर प्रतिष्ठित भी हो गया था आपको दिखाया ॥ १०२ ॥

बुधेश्वरस्तत्प्रसमीक्ष्य सत्वरं
विचार्य चाशुद्धिततीस्तमादरात् ।

जगाद पूर्वं परिपठ्यतां कचित्
तदा विधेयो रचनापरिश्रमः ॥१०३॥

आपने उस पुस्तक में सैकड़ो अशुद्धियाँ निकाल कर बनाने वाले से कहा कि आप कुछ दिन कहीं पर जाकर विद्याध्ययन करें तब पुस्तक बनावे ॥ १०३ ॥

न यावदार्षेषु जनः परिश्रमं
करोति शास्त्रेषु न तावदुत्तमम् ।
निबद्धुमीष्टे नवकल्पनोदयं
ततोष्टकं भाष्यमदश्च पठ्यताम् ॥१०४॥

जब तक अष्टाध्यायी, महाभाष्य, निरुक्त आदि ग्रन्थो में परिश्रम नहीं करता तब तक पुरुष ग्रन्थ नहीं बना सकता। इस लिए उनको पढ़िए ॥१०४॥

इति ब्रुवाणे यमिनामधीश्वरे
निजानुरूपं स मुखं ह्रिया दधत् ।
जगाम गेहं परतो जनैरियं
प्रपूरिता सर्वजनेषु कल्पना ॥१०५॥

इतना आपके कहने पर वह ग्रन्थकारजी महाराज अपना सा मुँह लेकर अपने घर को चले गये। स्वामीजी अपने कार्य में लग गये ॥ १०५ ॥

विरक्तवेषः किल सक्तुभोजनः
समागतोस्त्यत्र स योगिना समम् ।
विवादमुग्रं प्रकरिष्यतीत्यलं
परं न कोप्यस्य पुरो जनोऽगमत् ॥१०६॥

समाप्तिमारात्प्रगते समन्ततः
समस्तवादे यमिनामधीश्वरः ।
समाजगेहं प्रविधाय सादरं
जगाम तस्मादपि पत्तनात्परम् ॥१०७॥

अन्त में सब विवादों को समाप्त कर आप यहाँ २० अगस्त को समाज स्थापित कर २१ अगस्त सन् १८७८ ई० को यहाँ से चल कर २२ अगस्त को अलीगढ आये ॥ १०७ ॥

अवाप्य तत्पत्तनमादरादयं
निरन्तराख्यानपरम्परायि तैः ।
समस्तमेवात्मवशं समानयत्
पुरान्तरस्थं जनमार्यमार्गगम् ॥१०८॥

अलीगढ में आते ही आपने ऐसा व्याख्यानो का सिलसिला जारी किया कि प्रति दिन सहस्रों मनुष्य आया करते थे और आर्यसामाजिक बनते जाते थे ॥ १०८ ॥

पुरोदरस्थाः सुजनाः प्रतिष्ठिताः
सुशिक्षिताः सर्वशएव सत्वरम् ।
महद्भिरुत्साहपरम्परोदयैः
समाययुः सत्वरमुत्वरा इव ॥१०९॥

अलीगढ के समस्त प्रतिष्ठित रईस और सभ्य जन अपने सब कामों को छोडकर बडे चाव के साथ आपका व्याख्यान सुनने को उद्यत रहा करते थे ॥ १०९ ॥

निजेषु सर्वेषु मतेषु सादरं
प्रकामतः प्राक्तनसांप्रदायिकम् ।

असंशयं संशयनाशनोद्यमं
प्रचक्रिरे वेदमतानुवर्तनैः ॥११०॥

नियत समय पर आकर प्रत्येक मत और संप्रदाय के पुरुष अपने अपने मत की आपके समक्ष शंका किया करते थे और उत्तर पाकर तृप्त होजाते थे ॥ ११० ॥

महोपदेशाय विनिश्चिते दिने
सहस्रशः परिडतमानवा नवाः ।
समागता दूरतरादपि ध्रुवं
न रम्यवाञ्छा विदधाति विश्रमम् ॥१११॥

एक दिन आपने कई सहस्र पुरुषों में व्याख्यान दिया, बड़े ज़ोर शोर के साथ मत मतान्तरों का खण्डन किया। इस दिन के सभापति मौलवी फरीउद्दीन साहब सब जज अलीगढ़ थे और मनुष्य भी दूर दूर तक के आये हुए थे ॥ १११ ॥

बुधावथ द्वौ मिलनाय योगिनां
समागतौ तावपि जातदर्शनौ ।
गतौ परस्तादयमप्यतो ययौ
विधाय तत्रार्यसमाजमन्दिरम् ॥११२॥

इन्हीं दिनों पण्डित श्यामजीकृष्णवर्मा और मिष्टर हरिश्चन्द्र चिन्तामणि आपको यहाँ सुनकर मुम्बई से आये और आपसे बात चीत करके फिर मुम्बई चले गये। आपभी यहाँ समाज स्थापित कर मेरठ जाने को तैयार थे ॥ ११२ ॥

पुरान्तरे पत्तनतो वहिर्गते
विरम्य रम्ये भवने यतीश्वरः ।
अकल्पयद्वैदिकधर्म्मकल्पनां
निजोपदेशैरतिदुस्तरोत्तरैः ॥११३॥

अलीगढ से प्रस्थित होकर २६ अगस्त सन् १८७८ ई० को आप मेरठ पहुँचे और शहर से बाहर एक कोठी में ठहरकर आपने उपदेश देना आरम्भ किया ॥ ११३ ॥

समागमात्पूर्वतएव विस्तृते
तदागमस्याभ्युदये समन्ततः ।
पुरोदरात्सा जनता समागमत्
तदीक्षणायोत्तरवीक्षणाय च ॥११४॥

आपके आने से पहले ही आपका यश सर्वत्र फैल गया । इसलिए नगर और बाहर के सब लोग आपके दर्शन एवं व्याख्यान सुनने के लिए आते थे ॥ ११४ ॥

नवीनविज्ञापनदानसूचना
विशेषतः सर्वजनेषु विस्तृता ।
जनानह्नोऽयोजयदुत्तमोत्तमान्
विशङ्कनायामिह शङ्कनार्थिनः ॥११५॥

जब आपने विज्ञापनो द्वारा मनुष्यों को सूचित किया कि प्रत्येक को शास्त्रार्थ और शका करने का अधिकार है । तब तो शहर के पौराणिको में खलबली मच गई और आदोलन होना आरम्भ हुआ ॥ ११५ ॥

समागते धर्मसमाजतो दले
मुनेः समीपे बहुशङ्कनाङ्किते ।
यथोचितामुत्तरकल्पनामयं
चकार सद्वक्तृतयैव सर्वशः ॥११६॥

धर्म-सभा मेरठ की ओर से किसी पुरुष ने कुछ शकाए लिख कर आप के पास भेज दीं जिनका उत्तर व्याख्यान में आपने युक्ति और प्रमाण सहित दिया ॥ ११६ ॥

य एवमन्ये बहुशः प्रतिष्ठितैः
समाजमध्ये विषयाः समीक्षिताः ।
तएव तैः प्रश्नदलेपि योजिताः
पुराणतीर्थादिविवेचनामयाः ॥११७॥

प्रश्न वही थे जो प्राय. अनेक पौराणिकों की ओर से हुआ करते हैं। जैसे मूर्त्तिपूजा, मृतकश्राद्ध, जलमय तीर्थ और कल्पित पुराणों का मानना आदि आदि। इनसे अतिरिक्त कोई नवीन प्रश्न उस पत्र में न था ॥ ११७ ॥

समासतः प्रश्नचतुष्टयी यदा
समाप्तिमापद्यवनैरलन्तदा ।
विलिख्य पत्रे कतिचित्स्वसंशया-
न्निवेदितं योगिपदेषु तद्दलम् ॥११८॥

जब पौराणिको के प्रश्नों का उत्तर दे दिया गया तब एक मौलवी ने जिनका उर्दू का इमला तक ठीक न था, एक पत्र आपके पास भेजा जिसमें कुछ प्रश्न ,कुरान की बाबत उन्होंने किये थे ॥ ११८ ॥

विलक्षणास्तन्नियमा बभूविरे
निरर्थिका यत्कथनात्र दृश्यते ।
तथापि योगी समदात्तदुत्तरं
यथा न कोप्यत्र पुनः समागतः ॥११९॥

इस मौलवी के पत्र में जो शास्त्रार्थ के नियम थे वे बहुत विलक्षण थे। बहुत आग्रह इस बात पर था कि शास्त्रार्थ मौखिक हो। यद्यपि यह पत्र सभ्यता से बाहर था तथापि इसका उत्तर स्वामीजी ने लिख कर भिजवा दिया ॥ ११९ ॥

पुनः प्रसङ्गाद्दलमस्य सन्निधौ
पुराणभाजां बहुसज्जनोद्यमैः ।

समागतं यत्र न कस्यचिद्गता-
शुभाक्षराली समभूदऽभिख्यया ॥१२०॥

इसी प्रकार फिर दुबारा कुछ पौराणिकों ने सलाह कर कई रईसों की ओर से एक पत्र भिजवाया जिसमें शास्त्रार्थ की अभिलाषा प्रकट की, परन्तु उस पर हस्ताक्षर किसी के नहीं थे। यह कार्य अपनी प्रसिद्धि और धोखा देने के लिए किया गया था॥ १२०॥

निबोधितं योगिवरेण विस्तरै-
रिदं समस्ते नगरे प्रतिष्ठितम्।
न विद्यते धर्मसमाजकिन्दले
भयेन नामैव जनस्य कस्यचित् ॥१२१॥

आपने अपने व्याख्यान के पश्चात् उस पत्र की सारी पोल खोलदी और सबके सामने कहा कि इस पत्र के ऊपर शास्त्रार्थ के भय से किसी ने हस्ताक्षर तक नहीं किये। इसलिए यह पत्र उत्तर देने योग्य नहीं है॥ १२१॥

विना प्रबन्धं नियमोदयं विना
विनापि मध्यस्थजनं कथं भवेत्।
तदुत्तराऽऽदानपरम्परा यतो-
विरुद्धमेतत्प्रतिभाति लोकतः ॥१२२॥

बिना किसी प्रबन्ध के, बिना नियमों के, बिना किसी मध्यस्थ के, इस पत्र का उत्तर देना लोक-नियम से विरुद्ध प्रतीत होता है। इसलिए यदि शास्त्रार्थ करना हो तो सब प्रब ध कर, लाला किशनलाल रईस के हस्ताक्षर सहित पत्र भेजे॥ १२२॥

इति प्रशस्ते वचने पुरः स्थितै-
र्निजानुमत्या द्विगुणीकृतेऽमुदा।

१ सञ्जातेति शेष। २ कुत्सित दल किंदलम।

मुखानि मन्दानि बभूवुरादरात्

पुराणभाजां विदुषामसंशयम् ॥१२३॥

इस प्रकार आपके कहने पर उपस्थित जनो ने भी जब अनुमति दी तब तो पौराणिकों के मुख फीके पड गये और सब होसला ढीला पड गया ॥१२३॥

महोपदेशश्रवणाय सङ्गतै-

र्विभिन्नधर्म्मव्यवसायिभिः समम् ।

बभूव नो भाषणकल्पना यतो-

विनिर्जितास्ते पुरएव योगिभिः ॥१२४॥

आपके व्याख्यान सुनने के लिए बहुत से ईसाई भी आया करते थे। परन्तु उन्होंने न कुछ विवाद किया और न शास्त्रार्थ ही का नाम लिया, क्यो कि वे पहले ही से आपका बल जानते थे और आपके फटकारे हुए थे ॥ १२४ ॥

समन्ततः शान्तिमुपागते पुरे

मते च सम्यक्सुजनेष्वधिष्ठिते ।

विधाय तत्रापि समाजमन्दिरं

प्रयाणमस्मादकरोत्पुरायतिः ॥१२५॥

जब चारों ओर शान्ति का प्रकाश दीखने लगा तब आपने यहाँ पर २९ सितबर सन् १८७८ ई० को अपने समक्ष समाज स्थापित किया और यहाँ से देहली जाने का इरादा प्रकट किया ॥ १२५ ॥

शुभं हरिप्रस्थमवाप्य सत्वरं

विरम्य सद्दालमुकुन्दनिर्मिते ।

यथोचितं प्रावददार्यमन्दिरे

निजं समुद्देश्यमयं मुनीश्वरः ॥१२६॥

---

१ उद्यान इतिशेषः ।

९ अक्तूबर सन् १८७८ ई० को आप मेरठ से दिल्ली पधारे और लाला बालमुकुन्द के बाग में ठहर कर शाहजी के छत्ते मे आपने नवर वार व्याख्यान देना आरम्भ किया और अपना उद्देश्य सबको समझाया ॥ १२६ ॥

जनैरथाकर्ण्य बहुश्रुतैरलं
प्रवक्तृतामस्य यतेरनन्तरम् ।
महाद्विशालं हवनादिसिद्धये
विनिर्मितं वैदिकधर्ममन्दिरम् ॥१२७॥

आपके उपदेशों को सुनकर यहाँ के पुरुष अति प्रसन्न हुए और कुछ दिनों के पश्चात् ही आपकी उपस्थिति में यहाँ भी समाज स्थापित होगया ॥१२७॥

पुनर्हरिप्रस्थपुरान्निमन्त्रणा-
वशेन योगी तदवाप पत्तनम् ।
विराजते यत्र तदीयकल्पना
समस्तलोकोदयमूलकारणा ॥१२८॥

इतने ही मे आपके पास अजमेर से निमत्रण आगया । इसलिए यहाँ से चलकर आप ८ नवबर सन् १८७८ ई० को अजमेर पहुँचे जहाँ कि आपका बडा भारी कीर्तिस्तभ वैदिक यन्त्रालय आदि अनेक प्रकार की सस्थाओं से अलकृत है ॥ १२८ ॥

प्रतिष्ठितास्तन्नगरस्थसज्जनाः
प्रबन्धमेकान्तमितस्ततः शिवम् ।
तडित्पथावाप्तमुनीश्वरागम-
प्रधानवृत्ता द्रुतमेव चक्रिरे ॥१२९॥

आपके आने से पहले ही यहाँ के प्रतिष्ठित रईसो ने आपका तार पढ-कर आपके ठहरने के लिए सब प्रकार का प्रबन्ध कर लिया था और इस प्रतीक्षा मे रहे कि स्वामीजी रेल से कब उतरे और हम कब उनका दर्शन करे ॥ १२९ ॥

---

१ विविधशालायुक्तम् ।

विधाय तत्स्वागतमस्य ते तदा
धनञ्जयप्रेरितवाहनस्थले ।
यथागत तद्गतकृत्यबन्धने
समाहिताएव बभूवुरादरात् ॥१३०॥

इतने ही म रेल से आपका उतरने का समय उपस्थित हुआ। सहस्रों स्वागत कर्मचारी उपस्थित हुए। बडे समारोह के साथ वे आपको लेगये। वे लोग आपकी सेवा म हर समय उपस्थित रहा करते थे॥ १३० ॥

तत्र प्रदाय बहुशो निजधर्मवृद्ध्यै
संस्थाप्य वैदिकमतान्यपि विस्तरेण ।
व्याख्यानमादृतजनः स महात्मवर्यो-
विश्रान्तिमाप कतिचिद्दिवसानि हर्षात् ॥१३१॥

आपने भी वहाँ पर जाकर आर्य मत की पुष्टि के लिए व्याख्यान दिये और वेदिक धर्म का हरप्रकार से विस्तार किया और कुछ दिन यहीं पर विश्राम का भी इरादा करके आप योगाभ्यास म तत्पर हुए। जब कि स्वामीजी ने ही यहाँ पर विश्राम लिया तब सर्ग ने भी यहीं विश्राम करना उचित समझा। इसलिए विश्राम प्राप्त कर, ससार का उपकार करना क्योंकर हो ? यह विचार करन का आरम्भ कर दिया॥ १३१ ॥

इति श्रीमन्मङ्गलानन्दशर्म्मकृता मानलके दयानन्ददिग्विजय महाकाव्ये
समाजकल्पन नाम त्रयोदश सर्ग ।

चतुर्दशः सर्गः

अथ पुष्करयात्रायै कृतोद्योगो महामतिः ।
जगाम सत्वरं तत्र जनता यत्र साभवत् ॥१॥

कुछ समय बीतने पर आपने अजमेर से पुष्कर जाने का मनोरथ प्रकट किया। वहाँ कार्तिक शुक्ला पौर्णमासी को एक बडा भारी मेला हुआ करता है। मनोरथ होते ही सज्जनो ने सब प्रबध कर दिया और श्रीमान् जी पुष्कर पधारे ॥ १ ॥

गत्वैव वितताराऽसौ विज्ञापनमनुत्तमम् ।
सत्यासत्यविवेकाय जनताजनजातके ॥२॥

जाने के अनन्तर ही आपने एक विज्ञापन वितीर्ण कराया जिसमें यह लिखा था कि जिस किसी को सत्यासत्य का निर्णय करना हो वह हमारे पास आवे ॥ २ ॥

बहवः साधवो मान्याः कोविदाश्च मुनीश्वरम् ।
संशयच्छेदनार्थाय समाययुरितस्ततः ॥३॥

विज्ञापन पत्र के बॅट जाने पर बहुत से साधु-सन्यासी और पण्डित आपके समीप आने लगे और अपना अपना सदेह निवृत्त करके चले जाते थे ॥ ३ ॥

असावपि यथायोग्यसमुत्तरगतव्यथान् ।
सर्वानेव मनुष्यौघान्बोधयामास सत्पथम् ॥४॥

आप भी आये हुए सज्जन महाशयों को अनेक प्रश्नों का उचित उत्तर देकर उनको सन्तुष्ट करते थे और उनके लिए वैदिक धर्म का उपदेश देते रहते थे ॥ ४ ॥

पुष्कराभ्यर्णसंग्रामवासिनः केपि साधवः ।
वाममार्गमहत्त्वेन जनान्मूढानवञ्चयन् ॥५॥

पुष्कर के पास एक गाँव में कुछ वाममार्गी साधु रहा करते थे। वे कहा करते थे कि हमारे कालीतन्त्र में बड़ी भारी शक्ति है जो चाहे सो करदे। इस अवसर पर मनुष्यों ने उन साधुओं से कहा कि यदि कुछ शक्ति है तो स्वामीजी के समक्ष चलिए ॥ ५ ॥

परमस्य मुनेरग्रे तेप्यवैदिकमार्गगाः ।
निजमार्गविपर्यासाद्गतास्ता शोचनीयताम् ॥६॥

परन्तु उनमें इतना दम कहाँ था कि वे आपके समक्ष आते और अपना पक्ष सिद्ध करते। निदान वे चुप हो गये। परन्तु भेद उनका सारा खुल गया ॥ ६ ॥

समाप्ते जनताकाले ततः पुनरयं मुनिः ।
अजतुन्दमुपागत्य नित्यशो वक्तृतामदात् ॥७॥

मेले की समाप्ति होने पर आप वहाँ से फिर अजमेर पधारे। वहाँ आप वैदिक धर्म के महत्त्व पर कई दिन तक क्रमशः व्याख्यान देते रहे ॥ ७ ॥

महत्त्वं वेदमार्गस्य दर्शयन्नथ भञ्जयन् ।
पुराणजालमीमांसामार्यधर्ममवर्धयत् ॥८॥

वैदिक मार्ग का महत्त्व और अनेक कल्पित मनमाने ग्रन्थों का लघुत्व इस वार आपने इस प्रकार दिखलाया कि बहुत से लोग सचेत होकर वैदिक धर्म के प्रेमी बन गये ॥ ८ ॥

अजतुन्दगताः सर्वे सज्जना यवना अपि ।
मतमस्य महामान्यमादरादभ्ययुः शिवम् ॥९॥

आपके व्याख्यानो में, अजमेर के जितने कुछ शिक्षित और प्रतिष्ठित पुरुष थे वे सब, जाया करते थे। वे सब आपके द्वारा उपदिष्ट वैदिक धर्म को मानने लगे ॥ ९ ॥

समाचारदलेष्वस्य विजयध्वनिरुत्थिता ।
मूर्छयामास चेतांसि वेदमार्गविरोधिनाम् ॥१०॥

यहाँ पर एक समाचार पत्र छपता था जिसका नाम राजपूताना गजट था। इसमें आपका जो विजयनाद छपता था उसे देख कर वैदिक धर्म के विरोधी मूर्छित हो गये ॥ १० ॥

आमन्त्रणवशादस्मात्पुरादयमतन्द्रितः ।
पुरान्तरमभिप्रेत्य वैदिकं मार्गमातनोत् ॥११॥

निमन्त्रण आने पर यहाँ से आप नसीराबाद की छावनी जो कि अजमेर के पास ही है पधारे। वहाँ जाते ही आप वैदिक-धर्म का प्रचार करने लगे ॥ ११ ॥

बह्वो दुर्जनास्तत्र विघ्नारम्भाय संस्थिताः ।
राजशासनभीत्यैव निरुपाया बभूविरे ॥१२॥

यद्यपि बहुत से विचारहीन लोगो ने यहाँ पर कुछ उपद्रव मचाने का उपाय सोचा था, परन्तु राजकर्मचारियो की सावधानी से वे कुछ न कर सके ॥ १२ ॥

प्रभावशालिनीं तत्र वक्तृतामादरादयम् ।
बहूनि दिवसान्यादाद्वेदधर्मवशंवदः ॥१३॥

वैदिक धर्म के वशंवद श्रीस्वामीजी महाराज यहाँ पर कई दिनों तक अपने ऐसे उत्तम व्याख्यान, जो बुद्धिमानो के लिए वशीकरण मन्त्र थे, देते रहे ॥ १३ ॥

मसीहमतगास्तस्य वक्तृतामुत्तरोत्तम् ।
पिबन्तो न विवादाय शक्ताः किल समाभवन् ॥१४॥

कई ईसाई भी यहाँ पर आपके व्याख्यान सुनने के लिए लगातार आया करते थे। परन्तु उन्होंने किसी प्रकार की छेड़ छाड़ नहीं की। वे चुपचाप सुनते रहे ॥ १४ ॥

समाजकल्पनामत्र विनिवेश्य महामतिः ।
पत्तनान्तरमापेदे जयपत्तनसंज्ञितम् ॥१५॥

यहाँ पर समाज का आरम्भ कर आप यहाँ से १४ दिसम्बर सन् १८७८ ई० को जयपुर पधारे जो कि आपने पहले भी अपने पदार्पण से पवित्र किया था ॥ १५ ॥

मन्त्रिणा कृतसत्कारः स महात्मा निरन्तरम् ।
वैदिकानत्र विषयानबोधयदहर्निशम् ॥१६॥

यहाँ पर दीवान फतहसिंह ने आपका आतिथ्य किया और कई दिनों तक यहाँ भी लगातार आपने वैदिक धर्म के प्रचारार्थ उपदेश दिये ॥ १६ ॥

दर्शनेच्छायुतोप्यस्य राजा वञ्चकवञ्चितः ।
दर्शनं नाप देवस्य दुर्लभः सज्जनागमः ॥१७॥

यहाँ के महाराज आपके दर्शनों की उत्कट अभिलाषा रखते थे परन्तु मूर्खों ने उनको न मिलने दिया। यदि मिलने देते तो फिर आप कहाँ रहते ॥ १७ ॥

तथापि मन्त्रिसत्कारविशेषवशतो जनाः ।
तन्मतं समुपाजग्मुर्जलधिं निम्नगा इव ॥१८॥

तो भी दीवान साहब के कारण यहाँ पर आर्यसमाज का बहुत अच्छा प्रचार हुआ और कई पुरुषों के हृदय में वैदिक धर्म का अंकुर उत्पन्न हो गया ॥ १८ ॥

निवेश्य मतमत्रापि धर्ममार्गप्रवर्तकम् ।
पत्तनान्तरमुद्दिश्य ययौ मतिमतांवरः ॥१९॥

समाज का काम यहाँ पर आप अच्छे प्रकार प्रवृत्त कर, रईस युधिष्ठिर-सिंह जी के द्वारा निमन्त्रित हो, यहाँ से रिवाडी पधारे जो कि अलवर और देहली के ठीक बीच मे है ॥ १९ ॥

तडित्पथसमायातसमागमनसूचनाः ।
बहवः सज्जनास्तस्य स्वागताय ययुर्द्रुतम् ॥२०॥

आपके आने का समाचार पहले ही तार के द्वारा रिवाडी भिजवा दिया था। उस समाचार को पाकर रिवाडी के सज्जन आपके स्वागत के लिए रेल पर आये और आपको शहर मे ले गये ॥ २० ॥

समागत्यारमत्रापि योगिना धर्मवर्धना ।
भञ्जनान्यमतानां च युगपत्किं न कल्पिता ॥२१॥

आपने भी यहाँ पर आकर वैदिक धर्म का प्रचार और अवैदिक मतो का खण्डन एक ही साथ इस प्रकार किया कि सब पुरुष विस्मित हो गये ॥२१॥

एकादशमितैरत्र सूपदेशैरयम्मुनिः ।
पौराणिकमतानान्तु मूलच्छेदमकल्पयत् ॥२२॥

लगातार आपके यहाँ पर ग्यारह व्याख्यान होने से पौराणिक मतो की तो मानो जड ही कट चुकी थी। कोई भी पौराणिक सामने फटका तक नहीं ॥ २२ ॥

अनेकमतगैरत्र श्रुतखण्डनमण्डनैः ।
न कृता कापि सम्भाषा विभाषा क्व दुरर्थिनाम्॥२३॥

यहाँ पर अन्यमतवादी भी आपका भाषण सुनने रोज आया करते थे और कुछ पूछा भी करते थे परन्तु शास्त्रार्थ का इन्होने नाम तक नहीं लिया ॥२३॥

दूरतोप्यस्य सम्भाषासमाकर्णनलालसैः ।
गृहस्थैर्निजमित्राणि समाहूतानि सर्वशः ॥२४॥

यहाँ के गृहस्थों ने आपका व्याख्यान सुनने के लिए दूर दूर से अपने इष्ट मित्र और सबधी बुला लिये थे और आपका व्याख्यान उनको सुन-वाया ॥ २४ ॥

निजप्रतापवशतः समाजमामितिं शिवाम् ।
विधाय तत्र मुमुदे यतिराहतमज्जन. ॥२५॥

अपने व्याख्यानो के प्रभाव से यहाँ पर भी आर्यसमाज का सिलसिला आपने जारी कर दिया और कई प्रतिष्ठित सज्जनो को उसमे सम्मिलित किया ॥ २५ ॥

हरिप्रस्थमितो गत्वा कार्य्यान्तरवशादयम् ।
दिनत्रयं च विश्रम्य पत्तनान्तरमातवान् ॥२६॥

अत में यहाँ से आप १ जनवरी सन् १८७९ ई० को रवाना होकर देहली पधारे और केवल तीन व्याख्यान देकर यहाँ से मेरठ को पधारे ॥२६॥

रमयामास तत्रापि पत्रसम्बद्धभाषणैः ।
स मुनिर्मनुजानन्ते हरद्वारमितो ययौ ॥२७॥

यहाँ आकर आपने पत्र द्वारा कुछ पुरुषो से सभाषण करना आरम्भ कर दिया परन्तु वे पुरुष निरुत्तर हो गये । अत मे यहाँ से आप हरद्वार को पधारे ॥ २७ ॥

तत्र कुम्भजनौघेपि कृतव्याख्यानविस्तरः ।
स महात्मा निवासाय पत्तनान्तरमागमत् ॥२८॥

यहाँ पर आपने कुम्भ के मेले पर लगातार प्रचार किया और अत में कुछ विश्राम लेने के लिए आप यहाँ से देहरादून को प्रस्थित हुए जो कि पर्वत पर बसा हुआ है ॥ २८ ॥

कृपारामधृतोद्योगप्रबन्धविहितागमे ।
निवासे समुपागत्य विश्राममयमातवान् ॥२९॥

वहाँ पर पण्डित कृपारामजी ने आपके लिए सब प्रकार का उचित प्रबंध पहले ही से कर रक्खा था । वहाँ जाकर आप आनन्दपूर्वक विश्राम करने लगे ॥ २९ ॥

अस्वास्थ्येपि शरीरस्य धर्म्मचर्चामहर्दिवम् ।
प्रततान महायोगी कस्य निर्वृतिरुन्नतौ ॥३०॥

यद्यपि यहाँ जिस समय आप पधारे थे उस समय आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं था तथापि आप वैदिक धर्म का प्रचार करते ही रहे । धन्य है ! धन्य है ॥ ३० ॥

श्रुतभिन्नमताबद्धजनदत्तधनव्ययः ।
स महात्मा कृपाराममेकान्ते पर्यबोधयत् ॥३१॥

कुछ दिन व्यतीत होने पर आपको यह मालूम हो गया कि मेरे लिए कृपारामजी ने और मतावलम्बियों से भी धन एकत्र किया है । इसलिए एक दिन एकांत मे उनसे कहा ॥ ३१ ॥

ब्राह्मं समाजमाप्तानां जनानां मत्कृते धनम् ।
भवता न ग्रहीतव्यं यतस्ते भिन्नधर्म्मिणः ॥३२॥

जो पुरुष वैदिक-धर्म को छोड कर अन्य मतो में प्रविष्ट हो गये हैं उनका द्रव्य मेरे खर्च के लिए न लिया कीजिए । वास्तव में यह बात धर्म शास्त्र के अनुकूल है ॥ ३२ ॥

इदानीं तु सहायत्वं प्रगताः शत्रुभावताम् ।
पुनर्यास्यन्ति भिन्नत्वान्मतवादस्य ते जनाः ॥३३॥

इस समय तो वह ब्रह्मसमाजी आपके मित्र बन रहे हैं और आप उन से चन्दा भी वसूल करते हैं परन्तु जब उनके मत का खण्डन होगा तब वे आपके शत्रु हो जायँगे ॥ ३३ ॥

इति प्रोक्तवति स्वामिवर्य्ये स निजसद्मनैः ।
समारभत शुश्रूषामादरादनुचारिवत् ॥३४॥

इस प्रकार श्रीस्वामीजी के कहने पर पण्डित कृपारामजी मान गये और कहने लगे कि मै ही श्रीमानों की सेवा के लिए सर्वदा उपस्थित हूँ और क्या करेंगे ॥ ३४ ॥

एकस्मिन्दिवसेऽधर्म्मदीक्षा प्रतिवक्त्यरम् ।
बहवो भिन्नधर्म्मस्था विदेशीयाः समभ्ययुः ॥३५॥

एक दिन आपने व्याख्यान देना आरम्भ किया। विषय कुरान और इंजील की समालोचना था। कई अंग्रेज और पादरी श्रोता बन कर वहाँ उपस्थित हुए और उन्होंने व्याख्यान सुना ॥ ३५ ॥

निरीक्ष्य भिन्नमतगाँस्तत्तन्मतनिराकृतौ ।
अदादयमतिप्रह्वो वक्तृतामतिसुन्दरीम् ॥३६॥

जब आपने अनेक मतमतान्तरों के प्रचारक जन अपने व्याख्यान में आते देखे तब तो क्रमशः समस्त मतों का आपने खण्डन करना आरम्भ कर दिया ॥ ३६ ॥

यमाकर्ण्य बहुक्रोधमागतान्भिन्नधार्म्मिकान् ।
भिन्नशासनगाएव बोधयामासुरुद्धतान् ॥३७॥

जिसको सुन पादरियों को बड़ा जोश आया और वे पादरी आपे से बाहर हो गये। यहाँ तक कि नियम विरुद्ध सभा के अन्दर व्याख्यान में बोलने भी लगे ॥ ३७ ॥

क्व शान्तचित्तता वक्तुः क्व च रोषो भवादृशाम् ।
युज्यते न मतेऽस्माकं रोष इत्यब्रुवन्परे ॥३८॥

जब पादरी ने इस प्रकार का बर्त्ताव किया तब एक अंग्रेज अफसर ने पादरी को फटकारा और कहा कि कहाँ स्वामीजी की शान्ति और कहाँ आपका क्रोध! आप ऐसा न करें ॥ ३८ ॥

इति श्रुतवचोभारा भारा इव भुवो द्रुतम् ।
मध्ये सभं समुत्थाय गता भिन्नमतानुगाः ॥३९॥

इस प्रकार जब एक बुद्धिमान् अँग्रेज ने पादरियों को फटकारा तब वे सभा के बीच में से उठ कर चले गये और बुरा भला कहने लगे ॥ ३९ ॥

पृष्टा अपि मुनीशेन पुनरागमनाय ते ।
नाब्रुवन्किमपि ध्वस्तबुद्धयो रोषसङ्कुलाः ॥४०॥

जब पादरी चलने लगे तब स्वामीजी ने बडी नम्रता से पूँछा कि क्या आप कल भी पधारेगे? वे इसका कुछ उत्तर न देकर ही वहाँ से चले गये ॥ ४० ॥

समाप्ते वक्तृतोद्देश्ये गौरवर्णैः समं यतिः ।
धर्मोद्देश्यमुपाश्रित्य संवादमकरोत्परम् ॥४१॥

जब व्याख्यान-विषय समाप्त हुआ तब स्वामीजी ने अंग्रेज अफसरो से बहुत देर तक धर्म के विषय मे बातचीत की कि जिससे वे बहुत प्रसन्न हुए ॥ ४१ ॥

दिनान्तरमुपागत्य वक्तृताविषये मुनिः ।
ब्राह्मसामाजिकानान्तु सर्वथा खण्डनं व्यधात्॥४२॥

कुछ समय बीतने पर स्वामीजी ने फिर व्याख्यान देना आरम्भ किया जिसमें ब्रह्म-समाजियो का अच्छे प्रकार युक्ति एव प्रमाणो से खण्डन किया ॥ ४२ ॥

सर्वे ब्राह्मसमाजस्था यद्यपीश्वरमानिनः ।
तथापि वेदवैरुध्यात्खण्डनीया इमे मया ॥४३॥

आपने कहा कि यद्यपि ये लोग ईश्वर को मानते हैं तथापि वेद के विरुद्ध पक्ष को स्थापित करते हैं इसलिए मै इनका खण्डन करता हूँ ॥ ४३ ॥

श्रुत्वा निजमतस्यालं भञ्जनामद्भुतोपमाम् ।
ब्राह्मसामाजिकाः सर्वे वैरुध्यमुपचक्रिरे ॥४४॥

ब्रह्मसमाजियो ने जब यह सुना कि स्वामीजी महाराज ने हमारे मत का तिलशः खण्डन कर दिया तब वे बहुत बिगडे और विरोध करने लगे ॥४४॥

दिनेष्वेतेषु केनापि मिथ्याभाषणकारिणा ।
कथितं सर्वलोकानां मध्यएव महाहठात् ॥४५॥

इन्हीं दिनों में किसी मिथ्यावादी पुरुष ने समस्त सभा के बीच में बड़े जोर के साथ कहा कि आप लोग आज अपनी रक्षा का इंतजाम जितना हो सके करलें ॥ ४५ ॥

रात्रौ मुनिगृहं दग्धुं मानवास्तस्य सन्निधौ ।
गमिष्यन्ति तथान्यच्च करिष्यन्तीति पापिनः ॥४६॥

आज की रात को बहुत से लोग स्वामीजी के बँगले पर जायेंगे और बँगले में आग लगायेंगे और भी कुछ न कुछ उपद्रव मचावेंगे ॥ ४६ ॥

परमेतद्वचस्तस्य परमेश्वरलीलया ।
अनुक्तमिव सम्भूतं यशोजातमवर्द्धयत् ॥४७॥

परन्तु यह उसका कहना सर्वथा मिथ्या हुआ, कोई भी पुरुष उस दिन बँगले पर नहीं आया और न किसी ने आग लगाई । आपका प्रभाव ही ऐसा था ॥ ४७ ॥

पश्चान्मुनिजनस्यास्य गमनात्तत्र विस्तृतम् ।
बभूवार्य्यसमाजस्य मन्दिरं निर्गतोपमम् ॥४८॥

स्वामीजी के चले जाने के बाद देहरादून में भी २९ जून सन् १८७८ ई० को आर्यसमाज स्थापित होगया । जो आज तक वृद्धि को प्राप्त हो रहा है और आगे को भी होगा ॥ ४८ ॥

असावपि ततो गत्वा पुरान्तरमवस्थितिम् ।
दिनद्वयमितां चक्रे तत्र पश्चात्ततो ययौ ॥४९॥

आप भी यहाँ से १ मई सन् १८७९ ई० को रवाना होकर सहारनपुर पधारे और दो दिन वहाँ पर ठहर कर वहाँ से भी फिर आप मेरठ चले गये ॥ ४९ ॥

विश्रम्य नगरे तस्मादपरे पक्षतोधिकम् ।
मार्गस्थं पुरमुद्दिश्य ततोपि प्रययौ शनैः ॥५०॥

वहाँ पर कुछ विश्राम लेकर २५ मई को आप मेरठ से भी विदा हुए और बीच में आये हुए अलीगढ़ के लिए आप प्रस्थित हुए ॥ ५० ॥

(युग्मम्)

दिनानि कतिचित्तत्र यथायथमसौ मुनिः ।
समवस्थाय नितरां गमने मतिमादधौ ॥५१॥
शरीरास्वस्थताहेतोरत्र मासमसौ यतिः ।
पुनरारोग्यवान्नीत्वा मुरादाबादमभ्यगात् ॥५२॥

अलीगढ मे भी कुछ दिन ठहर कर आप यहाँ से छलेसर को पधारे और वहाँ शरीर अस्वस्थ हो जाने के कारण एक मास तक रहे और अंत में मुरादाबाद को पधारे ॥ ५१ ॥ ॥ ५२ ॥

पूर्वमागत्य भूपस्य जयकृष्णस्य धीमतः ।
भवने दत्तवान्योगी कतिचिद्वक्तृताः शुभाः ॥५३॥

पहली बार जब आप सन् १८७६ ई० मे यहाँ पधारे थे उस समय राजा जयकृष्णदासजी के यहाँ उतरे थे और उनके यहाँ ही कई व्याख्यान भी आपने दिये थे ॥ ५३ ॥

प्रसिद्धिवशतस्तेषु दिनेष्वेव विदेशजैः ।
साकमस्य यतेर्वादः समभूदतिमानदः ॥५४॥

प्रसिद्धि के कारण उन दिनो मे पादरियो से शास्त्रार्थ भी छिड गया था। विषय सृष्टि की उत्पत्ति का था। बहुत से लोग दूर दूर से इसको देखने आये थे ॥ ५४ ॥

सृष्ट्युत्पत्तिक्रमे ते यं नियमं प्रावदञ्जनाः ।
तमेव निशितैर्वाक्यैः खण्डयामास योगिराट् ॥५५॥

पादरी लोग सृष्टि को बने पाँच सहस्र वर्ष बतलाते थे। आपने कई विद्वानो की साक्षी देकर उनके मतव्य का तिलश खण्डन किया ॥ ५५ ॥

द्विवारमपि तस्यैव जयकृष्णस्य वेश्मनि ।
पूर्ववद्वैदिकं धर्मं वर्धयामास सर्वशः ॥५६॥

अब की दूसरी बार भी आकर आप जयकृष्णदास की कोठी में ही ठहरे और पहले के समान वैदिक धर्म का जोर के साथ प्रचार किया ॥५६॥

दिनान्तरे पुरेशस्य प्रार्थनावशतो मुनिः ।
सेनानिवेशमध्यस्थभवने वक्तृतामदात् ॥५७॥

एक दिन मुरादाबाद के कलक्टर साहब की प्रार्थना पर आपने छावनी की एक विशाल कोठी में व्याख्यान देना स्वीकार किया और उधर सब प्रबन्ध हो गया ॥ ५७ ॥

राजनीतिं समुद्दिश्य प्रस्तुतो वाक्यविस्तरः ।
समस्तपुरलोकानां मनांसि पुरतोऽहरत् ॥५८॥

आज का व्याख्यान सुनने के लिए दूर दूर से रईस एकत्रित हुए और सभ्यों की उपस्थिति होने पर 'राजनीति' विषय पर आपने व्याख्यान देना आरम्भ किया ॥ ५८ ॥

अन्यान्याश्रयभावेन प्रजाभूपव्यवस्थितिम् ।
वदता तेन का युक्तिर्नोद्दता रीतिवर्णने ॥५९॥

वेदादि सत्य शास्त्रों के प्रमाणों से आपने इस व्याख्यान में राजा और प्रजा का ऐसा अन्योन्याश्रय अधिकार और सम्बन्ध बतलाया कि सब दंग रह गये ॥ ५९ ॥

वेदादिसत्यशास्त्राणामन्तरे सर्वमस्त्यलम् ।
दृश्यते नैव मालिन्यान्मनसामिह वर्ननम् ॥६०॥

व्याख्यान के अंत में आपने यह भी कह दिया था कि ये सब बातें वेद और आर्ष ग्रन्थों में विद्यमान हैं परन्तु मनुष्य उसे देखते नहीं। देखें तो पता लगे ॥ ६० ॥

इति वादिनि योगीन्द्रे समाजस्थे च मानवे ।
नगराधीशभावस्थः स्वामिनं वह्वपूजयत् ॥६१॥

इतना आपके कहने पर श्रोतागण और कलक्टर साहब अत्यन्त प्रसन्न हुए और उन्होंने आपका सत्कार किया। चलते समय कलक्टर साहब ने कहा कि यदि आप जैसे महात्मा कुछ दिन पहले होते तो सन् १८५७ ई० का उपद्रव कभी न होता ॥ ६१ ॥

स्वीकृत्य तत्कृतां पूजामसौ योगिजनेश्वरः ।
समाजमन्दिरं तत्र विधाय प्रययावितः ॥६२॥

स्वामीजी के समक्ष ही यहाँ पर हवनोत्तर विधिपूर्वक समाज स्थापित हो गया और आप यहाँ से मत्स्यदेशान्तर्गत बदायूँ के लिए प्रस्थित हुए ॥ ६२ ॥

तदागमनतः पूर्वमेव कल्पितमुत्तमैः ।
समाजमन्दिरं योगी निरीक्ष्य मुदितोऽभवत् ॥६३॥

यहाँ पर आपके आने से पहले ही १८७९ ई० को समाज स्थापित हो चुका था । आप आकर उसके समारोह को देख अति प्रसन्न हुए ॥ ६३ ॥

रम्ये गङ्गाप्रसादस्य भवने मुनिराडयम् ।
वक्तृतावेशतो यूनां मनांसि वशमानयत् ॥६४॥

पहला व्याख्यान आपका यहाँ पर महाशय गङ्गाप्रसादजी के दीवानखाने में हुआ जिसमे आपने अपनी मधुर वक्तृता से जनो के मनो को मुग्ध कर दिया ॥ ६४ ॥

चतुष्कपथविन्यस्तकरादानार्थके गृहे ।
ददता तेन तत्रापि न रीतिः परिवर्जिता ॥६५॥

दूसरा आपका व्याख्यान चुंगी की कोठी मे हुआ जिसमे कई सहस्र मनुष्यो की उपस्थिति हुई और एक साथ आपकी धूम मच गई ॥ ६५ ॥

प्रतिपक्षिषु सर्वेषु पक्षतामागतेष्वरम् ।
पुराणयवनाद्यानां सपक्षमतनोद्यतिः ॥६६॥

जब आपने समस्त प्रतिपक्षियों को अपने पक्ष में आता देखा तब पुराण और यवनो के सिद्धांत का आपने खण्डन करना आरम्भ कर दिया ॥ ६६ ॥

समागमनवाञ्छोऽपि यावनः कोऽपि कोविदः ।
भयादेव निजार्थस्य मूकतामवरामितः ॥६७॥

यहाँ के मुसलमानो ने आपसे शास्त्रार्थ करने के लिए मुहम्मद कासिम मौलवी को बुलवाया परन्तु वह आपके समक्ष आने को उद्यत नहीं हुआ ॥ ६७ ॥

रामप्रसादनाम्नाऽत्र मनुजेन यथोचिताः ।
कृताः पुराणविषये शङ्कास्तिलशोऽकरोत् ॥६८॥

पण्डित रामप्रसादजी ने आकर कुछ आपके समक्ष प्रश्न किये जिनका उचित उत्तर पाकर अंत मे पण्डितजी चुप ही हो गये, कुछ भी न बोल सके ॥ ६८ ॥

इतः पुरान्तरं पश्चात्प्रसङ्गवशतो मुनिः ।
समाजमन्दिरे पूर्वनिर्मिते वक्तृतामदात् ॥६९॥

अंत में १४ अगस्त सन् १८७९ ई० को स्वामीजी यहाँ से बरेली गये। वहाँ समाज स्थापित हो ही चुका था। उसी मे ठहर कर आपने अपने कार्य का आरम्भ कर दिया और प्रचार आरम्भ हुआ ॥ ६९ ॥

राजकीयपदाध्यक्षा बहवस्तत्र सज्जनाः ।
योगिराजवचः श्रुत्वा परामापन्मुदः कलाम् ॥७०॥

आपके व्याख्यानो मे शहर के बड़े बड़े रईस और राजकर्मचारी तथा जिले के प्रधान शासक कलक्टर साहब और भी उनके शासक गण आया करते थे ॥ ७० ॥

दिनान्तरमुपागत्य विपक्षी कोपि योगिनम् ।
जगाद मनुजश्रेष्ठमादरादेव वेगवान् ॥७१॥

कुछ दिनो के अनन्तर बरेली के प्रसिद्ध पादरी स्काट साहब आपके समीप उपस्थित हुए और अत्यन्त सभ्यता के साथ मधुर वचनो से आपसे पूछने लगे ॥ ७१ ॥

यदेतद्भवतां पक्षे पुनरागमनं मतम् ।
तदेतत्कथमाभाति जीवस्य गतदेहिनः ॥७२॥

यह जो आपके मत में आवागमन का सिलसिला अर्थात् जीव मरने के बाद फिर जन्म लेता है, यह सिद्धात किस प्रकार से माना जावे और क्यो कर माना जावे ? ॥ ७२ ॥

अवतारो मनुष्याणां सम्भवत्यथवा मते ।
भवतामीश्वरस्यापि योग्यमत्रोच्यतां वचः ॥७३॥

और अवतार जो प्रकट हुआ करता है वह आपके मत मे जीवात्मा का होता है अथवा उस परमेश्वर का ? यह विषय आपके सिद्धात में किस प्रकार माना जाता है ? ॥ ७३ ॥

क्रियते वा न वा पक्षे भवतां पापकर्मणाम् ।
ईश्वरेण क्षमा देव ब्रूहि प्रश्नत्रयोत्तरम् ॥७४॥

कृपा करके यह भी बतलाइए कि किये हुए पापो को जीवात्मा भोग ही लेता है या ईश्वर उनको क्षमा कर देता है ? आपका इसमे मतव्य क्या है ? ॥ ७४ ॥

इति वादिनमेकान्तं विपक्षिणमयं यतिः ।
समीक्ष्य समदात्तेषां प्रश्नानामुत्तरं शिवम् ॥७५॥

इस प्रकार पादरी स्काट साहब के तीन प्रश्न हुए उनको सुन कर स्वामीजी अति प्रसन्न हुए और क्रमशः उन तीनो प्रश्नों का उत्तर देने के लिए उद्यत हुए ॥ ७५ ॥

जीवस्य तात्त्विके रूपे गमनागमने स्वयम् ।
भवतश्चेतनावत्त्वाच्चञ्चलत्वाच्च तद्गतेः ॥७६॥

उन्होंने कहा—जीव का जो वास्तविक स्वरूप है उसमें आना और जाना यह स्वाभाविक धर्म से सबन्ध है क्योकि जीव का चेतन और चञ्चल होने से ॥ ७६ ॥

अजरामरभावस्थो जीवो नोत्पद्यते यदि ।
त्वमेव वद तद्याति क्व चायं विषयान्तरे ॥७७॥

यह अजर अमर जीवात्मा यदि आवागमन के चक्र में नहीं आता तो एक शरीर छोडने पर कहाँ जाता है ? यह आपभी नहीं बतला सकते ॥७७॥

वद्धस्यैकान्ततो मुक्तिर्मुक्तस्यैकान्ततो मते ।
बन्धोऽस्माकं वरीवर्ति सर्वशास्त्रानुकम्पिनः ॥७८॥

जो किसी प्रकार के बँधन मे बँधा हुआ है उसका किसी न किसी समय मे छुटना आवश्यक है और जो छूटा हुआ है उसका बन्धन भी अवश्य ही होना है ॥ ७८ ॥

विहाय जीर्णवस्त्राणि यथा देही नवं नवम् ।
वसनं समुपादत्ते जीवस्तद्वद्वपुर्नवम् ॥७९॥

जिस प्रकार एक पुरुष पुराने कपडा को उतार कर नये कपड़े पहन लेता है इसी प्रकार जीव भी पुराने शरीर को छोड़ नये शरीरो को धारण करता जाता है ॥ ७९ ॥

यथा नवीनवस्त्रेषु मनुजस्य सदा रुचिः ।
एवं नवीनदेहेषु सदा जीवात्मनो रुचिः ॥८०॥

जिस प्रकार मनुष्य सर्वदा नवीन वस्त्रो के धारण करने मे अभिलाषा करता है इसी प्रकार जीव भी सर्वदा नवीन शरीर धारण करने को उद्यत रहा करता है ॥ ८० ॥

बद्धो यथेहते मुक्तिं मुक्तोऽप्येवं स्वयेच्छया ।
बन्धनं प्रार्थयत्येवं पारम्पर्यक्रमः स्थिरः ॥८१॥

बद्ध जीवात्मा जिस प्रकार छुटने के लिए प्रयत्न करता है इसी प्रकार मुक्त जीवात्मा बंधन मे आने के लिए प्रयत्न करता है यह उसका स्वाभाविक गुण है ॥ ८१ ॥

दृश्यते बहुधा लोके नैकवस्तुनि तत्परम् ।
मानसं मनुजस्यात्र न सुखे नासुखे दृढम् ॥८२॥

बहुधा देखा गया है कि मनुष्य का स्वभाव एक सा नहीं रहता । वह सुख से भी उकताता है और दुःख से भी। एक पदार्थ मे इसकी रुचि एक सी कदापि नहीं रहती ॥ ८२ ॥

अवतारोपि जीवस्य सम्भवत्यनपायिनः ।
न कथञ्चन पक्षे मे परमेश्वरसम्भवः ॥८३॥

अवतार भी कर्मो के द्वारा जीवो का हो सकता है, ईश्वर का नहीं। मुक्त जीव अथवा बद्ध जीव जन्म मरण के चक्र मे आते है। विशेष "दशा वतार-खण्डन काव्य" में देखो ॥ ८३ ॥

अकाय इति यं वेदः कथयत्यनिशं पुनः ।
स कथं कायवानत्रावतरत्यद्भुतं महत् ॥८४॥

जिस ईश्वर को वेद अकाय, अव्रण, अस्नाविर आदि विशेषणो से पुकारता है उस ईश्वर का देहधारी होना कब सभव है ? कभी नहीं ॥८४॥

समस्तशक्तिमानीशो यद्येकान्तनुमाश्रयेत् ।
कः समस्तमिदं विश्वं पश्चादात्मवशं नयेत् ॥८५॥

और भी देखिए, वह समस्त शक्तिमान् ईश्वर यदि एक शरीर के अदर आकर बैठ जावे तो समस्त ससार का भरण, पोषण, और पालन कौन करे ॥ ८५ ॥

न कर्मबन्धनं तत्र न क्लेशकलनं मतम् ।
न विपाकाशयावासस्तस्य शास्त्रेषु कल्पितः ॥८६॥

न उस ईश्वर म किसी प्रकार का कर्मो का बन्धन है, न किसी प्रकार का उसको क्लेश होता है और न कभी वह गर्भाशय मे आकर प्रविष्ट होता है। यही शास्त्रो का सिद्धात है ॥ ८६ ॥

अणोरणीयान्महतो महीयानपि यः प्रभुः ।
निर्दिश्यते समस्ताभिः श्रुतिभिः स कथं भवेत्[1] ॥८७॥

जिस ईश्वर को अणु से अणु और विभु से विभु माना है और ऐसा ही जिसका श्रुतियो ने प्रतिपादन भी किया है वह किसी भी प्रकार से जन्म नहीं ले सकता ॥ ८७ ॥

---

१ गभगत इतिशेष ।

नास्मिन्मते कृतं कर्म शुभं वाप्यशुभं क्वचित् ।
क्षन्तुमर्हति जीवस्य परमात्मा फलप्रदः ॥८८॥

जो कुछ जीव ने कर्म किया है चाहे शुभ हो या अशुभ हो उसका उसको अवश्य फल भोगना पड़ेगा । परमात्मा क्षमा नहीं करेगा ॥ ८८ ॥

शुभेन शुभमाप्नोति कर्मणा फलमात्मवान् ।
अशुभेनाशुभं तत्र विपर्य्यासो न विद्यते ॥८९॥

जीवात्मा शुभ कर्मों से अच्छा फल पाता है और बुरे कर्मों से बुरा फल पाता है । इसमें किसी प्रकार का अदल बदल नहीं है । स्वयं किया हुआ स्वयं ही भोगना पड़ता है ॥ ८९ ॥

क्षन्तुमर्हति चेज्जीवं पापेभ्यः परमेश्वरः ।
फलदत्वं कथं तस्य कर्मबन्धश्च देहिनाम् ॥९०॥

यदि ईश्वर जीवों को किये हुए पापों से बचा दे अर्थात् उनके पापों को क्षमा कर दे तो पहले तो ईश्वर फलदाता क्यों माना जावे और जगत् को कर्मानुबंधि क्यों कहा जावे ? ॥ ९० ॥

इति वादिनि योगीन्द्रे वेदशास्त्रयुतं वचः ।
स विपक्षी गतक्लेशो वाचंयम इवाभवत् ॥९१॥

इस प्रकार वेद और शास्त्रों के सिद्धान्तों से पदे पदे सम्बद्ध और युक्ति-युक्त अपने प्रश्नों का उत्तर प्राप्त कर पादरी स्काट साहब तुष्ट हो अंत में चुप हो गये ॥ ९१ ॥

लेखनक्रमबद्धेऽत्र विवादे शङ्कनोत्तरे[1] ।
तथाभूतां यथा तत्र सन्देहो नाभवत्पुनः ॥९२॥

जिस समय बरेली में यह शास्त्रार्थ हुआ उस समय दोनों पक्ष के लेखक मौजूद थे जो अक्षरशः (एक एक अक्षर) लिखते रहे । इसलिए किसी प्रकार की शंका नहीं रही ॥ ९२ ॥

---

१ कृत्यल्युटो बहुलमिति पाणिनीय सूत्रधातुभ्यो ल्युट् ।

धर्मपुस्तकमध्यस्थानिमान्वीक्ष्य निरुत्तरः ।
विषयान्गतवानेव स नत्वा मुनिसत्तमम् ॥९३॥

जिस समय प्रश्नोत्तर समाप्त हुए और साथ ही बाइबिल के पत्रे उलट पुलट कर पादरी स्काट भी चुप हो गये उस समय मनुष्य चकित हो गये और पादरी साहब स्वामीजी को प्रणाम करके चल दिये ॥ ९३ ॥

प्रशान्ते नितरां तत्र प्रतिपक्षजनागमे ।
योगिराडपि दूरस्थं पत्तनं प्रत्यगादरम् ॥९४॥

जब यहाँ पर कोई भी प्रतिपक्षी सामने न आया तब श्रीस्वामीजी भी यहाँ से शाहजहाँपुर को पधारे और ४ सितम्बर सन् १८७९ ई० को शाहजहाँपुर पहुँच गये ॥ ९४ ॥

विज्ञापनदलादानादानमानवपूरिते ।
नगरे तत्र देवस्य कीर्तिः कां न कृतिं व्यधात् ॥९५॥

पहुँचने के साथ ही आर्यसमाज की ओर से विज्ञापन दिये गये जिनको देख कर सहस्रों पुरुष आपके दर्शनार्थ आने लगे और सर्वत्र आपकी कीर्ति फैल गई ॥ ९५ ॥

तदागमनतः पूर्वमेव पौराणिका जनाः ।
पुरान्तरमभिप्रेत्य गुहालीना इवाबभुः ॥९६॥

आपके पधारने से यहाँ के साम्प्रदायिकों में बडी खलबली मची और पौराणिक तो यहाँ से भाग कर दूसरे शहरों मे जा छिपे और उनके तो छक्के ही छूट गये ॥ ९६ ॥

केचिदङ्गदनामानं पौराणिकजनं जवात् ।
समानेतुमितो यातास्तत्पुरं भयवेपिताः ॥९७॥

कुछ पौराणिक आपस में सलाह करके यहाँ से अंगदराम को, जो कि पीलीभीत के स्कूल मे अध्यापक थे, लिवाने गये ताकि कुछ लोग धोखा खा जायँ ॥ ९७ ॥

अङ्गदेनाङ्गदः पूर्वं पराजित इति प्रथा ।
पुरे तत्राभवद्यत्र महात्मा समतिष्ठत ॥९८॥

अङ्गद शास्त्री ने अङ्गद पण्डित को परास्त किया यह जो बात पहले कही गई थी वह शाहजहाँपुर और पीलीभीत में सर्वत्र प्रसिद्ध हो गई थी ॥ ९८ ॥

भीतः स्वामिवचोबाणैरङ्गदो नापतत्पुरम् ।
पत्रमात्रविनोदेन वञ्चयामास तान्नरान् ॥९९॥

स्वामी जी के भय से पीलीभीत वाले अङ्गद ने शाहजहाँपुर आना स्वीकार नहीं किया केवल एक दो पत्र लिख कर अपने पौराणिकों को बहका लिया ॥ ९९ ॥

अनागमनतस्तस्य सत्वरं तत्पुरस्थया ।
समालिङ्गितएवाभूद्विजयोद्गतया श्रिया ॥१००॥

अङ्गद के न आने पर पौराणिक दल सर्वथा मलिन-मुख हो गया और श्रीस्वामीजी महाराज विजय लक्ष्मी को प्राप्त हो कर प्रसन्न वदन हो गये ॥ १०० ॥

समाजमन्दिरं तत्र निरीक्ष्य यतिसत्तमः ।
गमनाय मनश्चक्रे ततोपि नगरान्तरे ॥१०१॥

अन्त में समाज का मन्दिर, जोकि पहले ही से था देख कर आप यहाँ से लखनौ पधारे, जोकि सिलसिले में लगा हुआ था और बड़ा शहर था ॥ १०१ ॥

अनिर्जितमनस्थाना मनुजाना पुरोदरे ।
कला वृद्धिमवापाभन्निर्जितानान्तु मन्दताम् ॥१०२॥

जिनको स्वामीजी ने वैदिक धर्म का प्रेमी जान अनुगृहीत किया उनकी मुखशोभा बढने लगी और जिनको अवैदिक जान अनुग्रह का पात्र नहीं बनाया वे मन्द हो गये ॥ १०२ ॥

सप्तकं तत्र विश्रम्य दिवसानां महात्मना ।
समाजस्थापनां कृत्वा गमने मतिरादृता ॥१०३॥

१८ सितम्बर सन् १८७९ ईसवी को आप लखनौ पहुँच गये और एक सप्ताह तक आपने यहाँ पर विश्राम किया। अन्त मे कानपुर होते हुए आप फर्रुखाबाद पधारे ॥ १०३ ॥

पुरान्तरमभिप्रेत्य मुनिना सा प्रकल्पिता ।
वक्तृता यामुपाकर्ण्य हर्षशोकावलङ्कृतौ ॥१०४॥

यहाँ आकर आपने लगातार इस प्रकार व्याख्यान देना आरम्भ किया जिससे मनुष्यो मे एक साथ हर्ष और शोक प्रादुर्भूत हो गया ॥ १०४ ॥

मित्रकल्पेषु मुनिना हर्षसंहृतिराहिता ।
शत्रुकल्पेषु विन्यस्ता दीप्तशोकव्यवस्थितिः ॥१०५॥

जो पुरुष वैदिक धर्म के प्रमी थे उनके चित्त में तो आनन्द-समुद्र उमडने लगा और जो उसके विमुख थे उनमे शोक सा छाया हुआ था ॥ १०५ ॥

पौराणिकजनैस्तत्र कृतापि बहु धूर्तता ।
न चचाल मुनेरग्रे निरस्तकलिकर्मणः ॥१०६॥

पौराणिको ने अबकी बार भी अपनी चाल चलने के लिए कोई कसर नहीं रक्खी, परन्तु उनकी कोई चाल न चल सकी ॥ १०६ ॥

प्रश्नानपि यथायोग्यं पौराणिकजनैः कृतान् ।
भञ्जयामास सहसा दूरीकृतमतक्रमः ॥१०७॥

बहुत से पौराणिको ने अनेक प्रकार की शङ्कायें भी आप के समक्ष प्रस्तुत की जिनका उत्तर आपने खण्डनमण्डनपूर्वक खूब दिया ॥ १०७ ॥

भिन्नपक्षाश्रयी कोपि धर्मसामाजिकं बलम् ।
दर्शयित्वापि पक्षस्य निर्बलत्वादधोऽभवत् ॥१०८॥

---

१ मनुजैरितिशेषः ।

यहां पर एक ब्राह्मण ने, जाकि बी० ए० था, स्वामीजी के विरुद्ध एक सभा स्थापित की। परन्तु पक्ष के निर्बल होने से वह आप भी निर्बल हो गया ॥ १०८ ॥

निर्जितो विदुषा यूथैस्तर्जितो गृहमानवैः ।
त्रिशङ्कुपदवीमेव भूषयामास मध्यगः ॥१०६॥

इधर उस ब्राह्मण को विद्वानों ने लताड़ा, उधर घर के मनुष्यों ने विचारे को आड़े हाथों लिया अब वह त्रिशंकु की तरह बीच में ही लटकता रह गया ॥ १०९ ॥

बहिरार्यमताविष्टैर्गृहे धर्ममतानुगैः ।
कृता का दुर्दशा तस्य न रोषावेशसङ्कुलैः ॥११०॥

बाहर तो आर्यसमाजिकों ने कोई दुर्दशा बाकी न छोड़ी और घर में धर्मसमाजियों ने उसका निरादर किया। क्या खूब ॥ ११० ॥

विधाय तत्र सहसा समाजं सकलेष्टदम् ।
मुमुदे यमिनामीशः कृतकार्य्यतया वृतः ॥१११॥

समस्त वाञ्छित फलों के देने वाले वैदिक वृक्ष का आधार जो आर्य समाज है उसको अपने समक्ष बढ़ता देख कर स्वामीजी मन में अति प्रसन्न हुए ॥ १११ ॥

गमने कृतसंवाञ्छस्ततोथ स यतीश्वरः ।
प्रवक्तुं धर्मकृत्याणि पत्तनान्तरमासवान् ॥११२॥

अत में यहां से रवाना हो कर कानपुर और इलाहाबाद होते हुए २३ अक्तूबर सन् १८७९ ई० को आप मिरज़ापुर पहुँच गये ॥ ११२ ॥

शरीरास्वास्थ्यभावेपि निजकार्य्यपरो मुनिः ।
प्रययौ कतिचिन्नीत्वा दिवसानि पुरान्तरम् ॥११३॥

यद्यपि आपका शरीर अति परिश्रम के कारण खिन्न था तथापि आपने यहां आकर अपने कार्य में कुछ विलम्ब न किया ॥ ११३ ॥

नियमानुस्मृतिं कृत्वा कृतसंवादकल्पनः ।
स महात्मा निजोद्देश्यैर्वैदिकं धर्म्ममातनोत् ॥११४॥

यहाँ से विदा हो कर आपने ३० अक्तूबर को दानापुर पहुँच कर नियमानुसार वैदिक धर्म का प्रचार करना आरम्भ कर दिया ॥ ११४ ॥

विपक्षधर्मवन्तोपि सत्यमार्गपरायणाः ।
समभूवन्निदं चित्रं विस्मितामकरोत्पुरीम् ॥११५॥

आपके यहाँ पर पधारने से विपक्षी जन भी वैदिक धर्म के अनुकूल बन गये । यह आश्चर्य समस्त नगर को अचम्भे में ले आया ॥ ११५ ॥

पौराणिकजनैस्तत्र चतुर्भुजपदाभिधः ।
समाहूतोपि वादाय पराभवमवाप्तवान् ॥११६॥

यहाँ के पौराणिकों ने आपसे शास्त्रार्थ करने के लिए बाहर से पण्डित चतुर्भुज को बुलाया परन्तु वे आपके समक्ष आने को उद्यत नहीं हुए ॥ ११६ ॥

योग्यताभावतस्तस्मिन्गते जाते च मन्दिरे ।
समाजस्य गतौ चक्रे मतिं मतिमतांवरः ॥११७॥

योग्यता न होने के कारण पण्डित के न आने और समाज स्थापना होने पर आप यहाँ से चलने को उद्यत हुए और लौट कर लखनौ पधारे ॥ ११७ ॥

पुरान्तरमुपागत्य कतिचिद्दिवसान्ययम् ।
विश्रम्यागतलोकानां संशयच्छेदमातनोत् ॥११८॥

५ मई सन् १८७९ ई० को आप लखनौ पहुँच गये और आगत महाशयों का स्वागत कर उनके संशयों की निवृत्ति करते रहे ॥ ११८ ॥

निवेश्य वचसामत्र प्रभावं भावपूरितम् ।
गमनाय कृतोत्साहो बभूवाथ ययावितः ॥११९॥

अत में यहाँ पर अपने व्याख्यानों द्वारा वेदिक धर्म का गौरव बढा कर यहाँ से सातवी बार आप फर्रुखाबाद पधारे ॥ ११९ ॥

गत्वा तत्र महायोगी कल्पयित्वा तथासनम् ।
वाहिनीमध्यमागत्य वक्तृतामुत्तमामदात् ॥१२०॥

२० मई सन् १८८० ई० को फर्रुखाबाद पहुँच और विश्राम लेकर उप देश देना आरम्भ किया और छावनी फतहगढ म भी आपने उपदेश दिया ॥ १२० ॥

विदेशगेन केनापि योगसाधननिश्चये ।
कृतवादः समाधानं निपेधमयमावदत् ॥१२१॥

आपका उपदेश सुनकर एक दिन ज्वाइन्ट मजिष्ट्रेट ने आपसे कुछ योग-विषय में प्रश्न किये थे जिनका उत्तर आपने यथोचित दिया। १२१ ॥

मद्यमासपरा लोका योगमार्गव्यवस्थितौ ।
न शक्नुवन्ति संस्थातुमेतल्लोके प्रतिष्ठितम् ॥१२२॥

आपने कहा कि मद्य और मास के सेवन करने वाले पुरुष योगाभ्यास में कदापि स्थिर नहीं हो सकते। यह बात ससार मे प्रसिद्ध है ॥ १२२ ॥

इति वादिनि योगीन्द्रे तत्र याते च तत्परम् ।
समाजकल्पना साभूत्पत्तने विस्तृतिर्गिराम् ॥१२३॥

आपके इतना कहने पर प्रश्नकर्ता निरुत्तर हुए और समाज स्थापित हुआ। आप भी यहाँ से मेनपुरी पधारे और वहाँ जाते ही आपने व्याख्यान देना आरम्भ कर दिया ॥ १२३ ॥

उपदेशसमुद्देश्यात्तत्र गौरानना जनाः ।
यवनाश्चापि योगीन्द्रं परितः पर्य्यवेष्टयन् ॥१२४॥

आपका उपदेश सुनने के लिए कलक्टर साहब और सिविल सर्जन आदि कई अग्रेज और प्रतिष्ठित मुसलमान लोग भी आया करते थे ॥ १२४ ॥

अहो मुनिरयं योगी न श्रुतो न च वीक्षितः ।
समोनेनेति सभ्याली तमलं सर्वतोवदत् ॥१२५॥

और व्याख्यानों के अत में खडे हो कर आपको धन्यवाद दिया करते थे और कहा करते थे कि आप जैसे योगी हमने आज तक कहीं नहीं देखे ॥१२५॥

अन्तिमे दिवसे दत्वा वक्तृतां वीक्ष्य चादरात् ।
समाजमन्दिरं तस्मादाप तत्परपत्तनम् ॥१२६॥

अन्तिम दिवस मे आप व्याख्यान देकर चलने को उद्यत हुए और ८ जुलाई को मेरठ पहुँच गये और शहर से बाहर एक कोठी में ठहरे ॥१२६॥

तत्र गत्वैव देवेन कृते व्याख्यानविस्तरे ।
समस्तापि पुरी तस्य मुखालोकनमातनोत् ॥१२७॥

आपने जाने के साथ ही अपना काम आरम्भ कर दिया और व्याख्यान देना आरम्भ किया जिसको सुनकर सब शहर के लोग मुहँ ताकते रह गये ॥ १२७ ॥

परमस्य भयावेगात्पौराणिकजनाधमाः ।
विपरीतकृतौ नैजं समयं निन्युरागतम् ॥१२८॥

पौराणिक पण्डितो को जब कुछ और न सूझा और जब वे स्वामीजी से डर गये तब उन्होंने एक कथकड को बहकाया और वह बहक गया ॥ १२८ ॥

व्याख्यानभवनाभ्यर्णागतकाथिकगायनैः ।
व्याख्यानश्रुतिभङ्गाय कल्पिता तैर्मुधा कृतिः ॥१२९॥

स्वामीजी के व्याख्यान भवन के समीप ही वह प्रति दिन उपदेश के समय रामायण गाया करता था कि कोई आपका भाषण सुन न सके ॥१२९॥

परमत्रापि विषये लज्जिता एव तेऽधमाः ।
निजानि भवनान्येव गताः किं स्यादतःपरम् ॥१३०॥

परन्तु इस विषय में भी उनको लज्जित होना पडा । हार झक मार कर वे अपने अपने घर जा बैठे । स्वामीजी के कार्य में कोई विक्षेप न हुआ ॥१३०॥

एतस्मिन्नेव समये रमा या पूर्वसूचिता ।
पत्रालापैः समागत्य देवादध्ययनं व्यधात् ॥१३१॥

इन्हीं दिनों में पण्डिता रमाबाई (जिसका पत्रालाप आपसे पूर्व हो चुका था) यहाँ आई और आपसे संस्कृत पढ़ती रही ॥ १३१ ॥

व्याख्यानकल्पनां श्रुत्वा दत्वा चापि यथोचिताम् ।
पुस्तकादानमानाभ्यां योगी तां मुदितां व्यधात् ॥१३२॥

रमाबाई ने यहाँ पर चार पाँच व्याख्यान भी दिये और स्वामीजी के कई व्याख्यान सुने । विदा होते समय स्वामीजी ने स्वरचित पुस्तकें दीं और वह प्रसन्न हो चली गई । इसका विशेष वृत्तान्त मेरे बनाये हुए "रमामहर्षिसंवाद" नामक काव्य में पढ़िए ॥ १३२ ॥

गतायां किल देशं स्वं रमाया मुनिराडसौ ।
थियोसोफीकलाख्यायाः सभायाः प्रेक्षणं व्यधात् १३३

रमा के चले जाने पर स्वामीजी ने थियोसोफिकल सोसाइटी के कार्यों की समालोचना की और उनको खूब विचारा ॥ १३३ ॥

पत्रालापादिकं कृत्वानल्पविज्ञानवानयम् ।
आमन्त्रणवशात्तस्मात्पुरान्तरमुपागमत् ॥१३४॥

इस सभा के साथ में आपका बहुत सा पत्रालाप भी होता रहा । अन्त में कई प्रतिष्ठित जनों के बुलाने पर आप यहाँ से मुजफ्फरनगर गये ॥१३४॥

निहालचन्द्रदेवस्य भवने कृतसंस्थितिः ।
स कृतां मनुजैः श्राद्धे शङ्कनां समपूरयत् ॥१३५॥

१५ सितम्बर सन् १८८० ई० को पहुँच कर रायबहादुर निहालचन्द्र की कोठी में ठहरे । उन दिनों श्राद्ध के दिन थे इसलिए रायबहादुरजी ने आपसे उसी विषय में प्रश्न किये जिनका उत्तर इस प्रकार था—॥ १३५ ॥

न मृते मानवे दत्तं जीवद्भिः सलिलादिकम् ।
प्राप्नोति नितरां तस्माद् व्यर्था तद्दानकल्पना ॥१३६॥

इस शरीर से जीवात्मा के निकल जाने पर जो उसके नाम से जल आदि पदार्थ दिया जाता है वह सबका सब निष्फल हो जाता है ॥ १३६ ॥

शुभाशुभं निजं कर्म स्वात्मनैव सह स्थितम् ।
भवतीति विनिश्चित्य न श्राद्धं फलदं मृते ॥१३७॥

अपना किया हुआ कर्म अपने साथ ही रहता है और अपने कोही फल देता है इसलिए मरे हुए के नाम पर देना सर्वथा निष्फल है ॥ १३७ ॥

एवं वादिनि देवेशे सकला जनता तदा ।
मुदायुताऽभवत्किं न फलं सूते सदा गतिः ॥१३८॥

इस प्रकार आपके उत्तर देने पर सब लोग अत्यन्त प्रसन्न हुए । सज्जनो का समागम किस किस आनन्द का कारण नहीं होता ? ॥ १३८ ॥

नगरस्था बहिस्थाश्च बुधाः प्रश्नपरायणाः ।
समुत्तराणि सम्प्राप्य विशङ्काइव सम्बभुः ॥१३९॥

बहुत से जन नगर से और बाहर से आपके पास शका करने के लिए आते थे परन्तु उत्तर सुन कर शकारहित हो जाते थे ॥ १३९ ॥

रुष्टमप्ययमात्मीयैर्जनमालापनैः स्वकैः ।
बोधयामास कान्येषां कथा तत्र शुभात्मनाम् १४०॥

आपके व्याख्यान में यदि कोई झगडा भी करता था तो उसको आप सतोष-जनक उत्तर देते थे और भडके हुए को शात कर दिया करते थे ॥ १४० ॥

प्रमाणपूर्वकाभाषविनोदैरस्य सन्निधौ ।
न संशयो मनुष्याणां समभूद्धृदयान्तरे ॥१४१॥

आपका उत्तर इस प्रकार प्रमाणो के साथ होता था कि उसमें कोई किसी प्रकार का सदेह ही बाकी नहीं रहता था ॥ १४१ ॥

---

१ आसमन्ताद्भाषणमाभाष ।

निवृत्तिमागते तस्मिन्पुरे सम्भाषणादिभिः ।
पुरान्तरमुपागम्य विज्ञापनदलान्यदात् ॥१४२॥

जब इस नगर में मनुष्यों की सब शङ्कायें सम्भाषणों द्वारा निवृत्त हो गईं तब आप ७ अक्तूबर सन् १८८० ई० को यहाँ से देहरादून पधारे और जाने के साथ ही आपने विज्ञापन बँटवा दिये ॥ १४२ ॥

तस्य प्रदानमात्रेण सज्जनाः सौख्यनिर्भराः ।
दुराग्रहपरा लोका मनस्येव लयं गताः ॥१४३॥

विज्ञापन देने से जिज्ञासु जन तो आनन्दित हुए और दुराग्रही अभिमानी मन में कुढने लगे और विवश हुए ॥ १४३ ॥

पौराणिकजनास्तद्वद्यवनाश्च यथायथम् ।
कृत्वापि वादविस्तारं पराजयमवाप्नुवन् ॥१४४॥

यहाँ के पौराणिक और यवन लोग कुछ शास्त्रार्थ के लिए छेडछाड करते रहे, परन्तु अन्त में उनकी वह सब छेडछाड निष्फल हो गई । कोई न बोला ॥ १४४ ॥

दूरदेशस्थितेनापि निजख्यातिवशादरम् ।
स्वामिना सह संवादं कृत्वापि न कृतं यशः ॥१४५॥

एक ईसाई ने भी यहाँ पर अपनी प्रशंसा के लिए स्वामीजी से कुछ प्रश्न किये परन्तु वे भी अन्त में ठहर न सके इसलिए वहाँ उनकी निन्दा हुई ॥ १४५ ॥

धावमानमिमं दृष्ट्वा सभामध्यान्महाशयाः ।
सहस्ततालमट्टाट्टहासमेवाशु चक्रिरे ॥१४६॥

जिस समय स्वामीजी ने उनके प्रश्नों का उत्तर देना आरम्भ किया उस समय आप सभा से उठ कर चल दिये, इस लिए मनुष्य हँस पडे ॥ १४६ ॥

दिनानि कतिचित्तत्र विश्रम्य यमिनांवरः ।
पुरान्तरमुपागत्य वैदिकं धर्ममभ्यधात् ॥१४७॥

अत में कुछ दिन स्वामीजी यहाँ पर ठहर कर फिर मेरठ पधारे और आते ही वैदिक धर्म का उपदेश देने लगे ॥ १४७ ॥

दिनत्रयमिहास्थाय यमिना तेन सत्वरम् ।
सर्वमेव पुरं धर्म्ममार्गे सवेशितं बलात् ॥१४८॥

तीन दिन लगातार मेरठ में उपदेश देकर नगर के समस्त सभ्यजनों को आपने वैदिक मार्ग में लगाया ॥ १४८ ॥

प्रसङ्गवशतो गत्वा पुरान्तरमयं यतिः ।
वेदसूर्य्यप्रकाशेन मतध्वान्तं न्यवारयत् ॥१४६॥

२५ नवम्बर सन् १८८० ई० को आप यहाँ से आगरे पधारे और वैदिक सूर्य के प्रकाश से मतरूप अन्धकार को मिटाने लगे ॥ १४९ ॥

पौराणिकजनास्तत्र दोषारोपणवाञ्छया ।
मुनेरुपरि दोषेण स्वयमेवावृता बभुः ॥१५०॥

पौराणिको ने आपके विषय में अनेक प्रकार की गप्पें उडाई परन्तु उन दोषों ने उलटा उन्हीं को घेर लिया ॥ १५० ॥

रवेरुपरि यो धूलिं निक्षिपत्यज्ञतावशात् ।
सएव रजसा तेन धूसरत्वं प्रयात्यलम् ॥१५१॥

यह दृष्टात यहाँ पर ठीक घटता है कि सूर्य के ऊपर जो धूल गेरना चाहता है वह उस धूल से स्वय मलिन हो जाता है ॥ १५१ ॥

परोपकारिणां यद्वल्लोके भवति तद्यशः ।
परापकारिणां तद्वन्निराद्दतिरिति स्थितम् ॥१५२॥

जिस प्रकार इस जगत् में परोपकारी पुरुषो की कीर्ति होती है इसी प्रकार ठगों की निन्दा भी हुआ करती है ॥ १५२ ॥

देवेन वेदवाक्यैस्तैः सर्वेषां हृदयोदरात् ।
बहुकालजमालस्यं दूरमेव कृतं बलात् ॥१५३॥

यहाँ पर स्वामीजी ने अपने उपदेशो से मनुष्यों के हृदयो में जमे हुए आग्रह और आलस्य को दूर निकाल कर फेंक दिया ॥ १५३ ॥

दशामेतामलं वीक्ष्य पौराणिकजनव्रजे ।
या स्थिता सापि नष्टैव जीवनाशा भयोदयात् ॥१५४॥

स्वामीजी के उद्यम और उत्साह की दशा देख कर पौराणिको की रही सही आशा भी टूट गई। जीविका बिना जीवन कहाँ ? ॥ १५४ ॥

रूमन्देशागतः कश्चिद्विपक्षी भिन्नधर्मवान् ।
यथायथं समागत्य धर्मचर्चामलं व्यधात् ॥१५५॥

एक दिन रोमन कैथलिक ईसाइयो के लाल पादरी से आप मिले और उन्होने जो कुछ अपना मन्तव्य था स्वामीजी को सब सुना दिया ॥ १५५ ॥

योगिराडपि संवादकल्पने धृतविस्तरः ।
निग्रहस्थानमायातं प्रतिवादिनमभ्यधात् ॥१५६॥

स्वामीजी ने भी उनकी सब बात सुन कर उनका प्रतिवाद करना आरम्भ किया और निग्रह-स्थान में आये हुए उन पादरी साहब से कहा ॥ १५६ ॥

इटलीदेशजो यर्हि भूत्वा प्रतिनिधिः प्रभोः ।
पोपदेवो[1] भवच्छङ्काश्छिनत्तीति मतं मया ॥१५७॥

यदि इटली के रहनेवाले पोप ईश्वर के प्रतिनिधि (स्थानापन्न) हैं यह आपका मत है तो उसमें यह दोष है ॥ १५७ ॥

परं तद्गतशङ्कानां मनुजत्वात्समुत्तरम् ।
को ददाति समाधत्तेऽनुमन्ता चास्ति को वद ॥१५८॥

पोप जी मनुष्य हैं, मनुष्य में भ्रांति होना सम्भव है । पोपजी की शंकाओं का उत्तर देनेवाला आपके यहाँ कौन है ? ॥ १५८ ॥

---

१ पोपशब्दोयमिटलीदेशवासिभिर्धर्माचार्यपदे निर्दिश्यते, भारतवर्षीयैश्च वञ्चकापरपर्यायोऽयं शब्दो मन्यन्ते, मयापि स्वकृतावव्युत्पन्नं प्रातिपदिकं मत्वा वञ्चकार्थक एवायं मूलपौराणिकेषु तत्र तत्र निवेशित इति दिक् ।

इति प्रवदति प्राज्ञे लाटनामा स मानवः ।
वाचंयम इति प्रातिपदिकं सफलं व्यधात् ॥१५९॥

आपके इस कथन पर लाल पादरी जी चुप हो गये और "वाचयम" शब्द को ससार मे चरितार्थ कर दिखलाया ॥ १५९ ॥

देवानामुपदेशस्य प्रभावेनातिसत्वरम् ।
समाजमन्दिरं तत्र समभूदतिशोभनम् ॥१६०॥

आपके उपदेशो के प्रभाव से यहाँ पर २६ दिसम्बर सन् १८८० ई० को आर्यसमाज स्थापित हो गया और आनन्द होने लगा ॥ १६० ॥

पौराणिकजनैस्तत्र निर्बलत्वाच्चतुर्भुजः ।
विवादाय समाहूतोऽभवदत्यन्तमानवान् ॥१६१॥

पौराणिको ने समाज स्थापित देखकर आपसे शास्त्रार्थ करने के लिए अत्यन्त अभिमानी पण्डित चतुर्भुज को बुलाया ॥ १६१ ॥

परमेष निजां वीक्ष्य दुर्दशां पूर्वतो मतेः ।
न जगाम यतीशस्य समक्षमपि लज्जितः ॥१६२॥

परन्तु पण्डित चतुर्भुज अपनी दुर्दशा होने के भय से आपके समक्ष ही नहीं आये, शास्त्रार्थ तो जहाँ तहाँ रहा ॥ १६२ ॥

गमने कृतसन्नाहो देवदेवस्ततोऽप्यलम् ।
जगाम भरताभिख्यं पुरं भूपनिमन्त्रणात् ॥१६३॥

यहाँ से आप १० मार्च सन् १८८० ई० को राजा के बुलाने पर रियासत भरतपुर (जो कि आगरे के पास ही है) पधारे ॥ १६३ ॥

जयध्वनिसमाबद्धैर्मनुजैरयमात्मवान् ।
विशाले भवने तत्र रक्षितोभूदलङ्कृते ॥१६४॥

यहाँ के पुरुषों ने बडे हर्ष के साथ आपका स्वागत किया और बडी कोठी में आपके ठहरने का प्रबंध किया गया ॥ १६४ ॥

राजा जनसहस्रेण सहितोऽस्य महामतेः ।
पूजामिह तथा चक्रे यथा देवस्य सञ्जयः ॥१६५॥

यहाँ के राजा ने सहस्त्रों नर नारियों समेत आपका दर्शन एवं विभवोचित सामग्री से पूजन भी एक साथ किया ॥ १६५ ॥

असावपि शुभाशस्यामयैर्वैदिककल्पनैः ।
राजानं तोषयामास धर्ममार्गपरायणैः ॥१६६॥

आपने भी वदिक धर्म की दीक्षा देने वाले राजाओ के द्वारा ससार मे होने वाले कार्य राजा को उपदेश द्वारा बतलाये ॥ १६६ ॥

एवं दिनत्रयं तत्र विश्रम्य यमिनांवरः ।
जयपत्तनमागत्य प्रारेभे धर्मवक्तृताम् ॥१६७॥

इस प्रकार उपदेश देते हुए स्वामीजी तीन दिन यहाँ ठहर कर यहाँ से जयपुर पधारे । वहाँ जाते ही आपने व्याख्यान देना आरम्भ किया ॥१६७॥

नानाकविवरैस्तत्र कृष्णभट्टादिभिर्मुनिः ।
नवैर्निजपदैर्भूयो भूयः स्तुतिपथीकृतः ॥१६८॥

यहाँ के कृष्ण भट्ट आदि कई कवियो ने नवीन श्लोक बना कर आपकी बडी प्रशसा की और आपका मान किया ॥ १६८ ॥

बहुवादसमावेशभयात्पौराणिकव्रजे ।
नगरान्तरमायाते मुनिर्जयमवाप्तवान् ॥१६९॥

यहाँ के पौराणिको को यह भय हुआ कि कभी शास्त्रार्थ न छिड जाय। इसलिए वे पलायित होने लगे। आपका जय तो स्वय सिद्ध ही था ॥ १६९ ॥

ततोऽजतुन्दमागत्य सत्वरं यमिनांवरः ।
निजव्याख्यानसम्भारैर्दुर्जनानां क्षयं व्यधात् ॥१७०॥

अत में यहाँ से आप ५ मई सन् १८८१ ई० को अजमेर पधारे और जाने के साथ ही आपने व्याख्यान देना आरम्भ किया जिससे दुर्भावो का नाश हो गया ॥ १७० ॥

गतेषु दिवसेष्वत्र विदुषां वेदपाठिनाम् ।
गृहाणि तृणबद्धानि भस्मसादभवन्क्षणात् ॥१७१॥

कुछ दिनो के बाद यहाँ के कुछ वेदपाठी पण्डितो के फूस के मकान अग्नि से जल गये थे और वह अत्यन्त दरिद्री थे ॥ १७१ ॥

दरिद्रत्वादयं तेषां निजैरेव धनव्ययैः ।
छादयामास गेहानि धर्मकार्यमिति ब्रुवन् ॥१७२॥

इस लिए आपने अपनी तरफ से उनके मकान बनवा दिये थे और कहा कि यह धर्म का कार्य है, सबको करना चाहिए ॥ १७२ ॥

पेशोरदेशजस्तत्र लेखरामाभिधः सुधीः ।
समागत्य स्वशङ्कानां विलये मोदमाप्तवान् ॥१७३॥

इन्हीं दिनो पण्डित लेखरामजी पेशावर से आये हुए थे और आपसे अपनी शकाओ का निवारण कर प्रसन्न हो चले गये ॥ १७३ ॥

बहुधा भागरामाख्यः कोपि राजपदाग्रणीः ।
देवराजस्य वक्तृत्वे प्रबन्धं पूर्णमादधात् ॥१७४॥

अजमेर के जज रायबहादुर पण्डित भागरामजी प्रायः आपके व्याख्यानों का पूर्ण रूप से प्रबन्ध किया करते थे ॥ १७४ ॥

प्रबन्धकल्पने तद्वच्छ्रवणे च निवेशितः ।
स महात्मोभयानन्दमापदत्यन्तहर्षवान् ॥१७५॥

और व्याख्यान के दिन प्रारम्भ से लेकर अत तक आपका व्याख्यान पूर्णरूप से सुन कर आनन्दित होते थे ॥ १७५ ॥

क्रियैका ह्यर्थसम्भूतिकारिकेति पतञ्जलेः ।
कथनं तेन कार्तार्थ्यं नीतमत्र न संशयः ॥१७६॥

एक क्रिया दो अर्थों की देने वाली होती है यह कहावत जज भागरामजी ने संसार में सफल करके सबको दिखादी ॥ १७६ ॥

एवं निवासमाकुर्वन्नजतुन्दपुरे मुनिः ।
निमन्त्रणागमे तस्मान्मसूदापत्तनं ययौ ॥१७७॥

स्वामीजी भी इस प्रकार यहाँ पर उपदेश देकर निमन्त्रण आने पर २३ जून सन् १८८१ ई० को मसूदा पधारे ॥ १७७ ॥

तत्र राज्ञा कृतातिथ्यः स मुनिर्वाटिकोदरे ।
यथाक्रमं स्थितो धर्मं बोधयामास मानवान् ॥१७८॥

जाने के साथ ही मसूदाधीश राजा बहादुरसिंहजी ने स्वयं आपका स्वागत कर एक रमणीय उद्यान (बगीचे) में आपको ठहराया। स्वामीजी ने भी लगातार व्याख्यान देना आरम्भ कर दिया ॥ १७८ ॥

मण्डले निखिले राज्ञस्तदागममहोत्सवः ।
समभूद्बुद्धिमद्धर्म्यमण्डले सोत्कतां दधत् ॥१७९॥

बुद्धिमानों के हृदय में उत्कण्ठा को बढ़ाता हुआ आपके आने का समाचार समस्त राजधानी के अन्दर एक साथ फैल गया ॥ १७९ ॥

बुधवर्यास्तु देवस्य दर्शनादेव हर्षिताः ।
परं भिन्नमतज्ञास्तु विवादमपि चक्रिरे ॥१८०॥

इस रियासत में जितने बुद्धिमान् थे वे तो आपके दर्शन से ही आनन्दित हुए परन्तु अन्य मत के लोगों से विवाद भी हुआ । १८० ॥

यदा वैदिकधर्मस्य प्रस्तुता मुनिना ततिः ।
तदा ते पुस्तकाभावाद्धावं धावं ययुर्दिशः ॥१८१॥

परन्तु जिस समय स्वामीजी ने वैदिक सिद्धान्तों द्वारा उनके सिद्धांत का खण्डन किया तब उन्होंने कहा कि हमारे पास हमारे मत की पुस्तकें नहीं। इतना कह वे भाग गये ॥ १८१ ॥

दुराचारपरास्तत्र केपि पूर्वत आगताम् ।
रीतिमस्य मतारम्भात्तत्यजुर्निरयोन्मुखीम् ॥१८२॥

इस रियासत में कुछ पुरुष ऐसे थे जो मुसलमानो की बादशाही में जबरदस्ती मुसलमान बनाये हुए लोगो को अपनी कन्या देते थे परन्तु आपने उनको इस काम से हटाया ॥ १८२ ॥

[साम्प्रत तामेव वर्णयति]

शासने यावने पूर्वमत्र देशे प्रतिष्ठिते ।
बहवो मनुजास्तेषां बलाद्यवनतामयुः ॥१८३॥

अब उसी को दर्शाते हैं—जो हिन्दू भाई मुसलमानो की अमलदारी में मुसलमान बनाये गये उन से कुछ लोग सम्बन्ध रखते हैं ॥ १८३ ॥

ते गते समये तेषां पृथक्त्वाद्यवनात्मनाम् ।
पुत्रिकाऽऽदानमुत्सृज्य दानमन्वारभन्त तत् ॥१८४॥

वह सम्बन्ध यह था कि अपनी लडकी उन नये मुसलमानो को देते तो थे परन्तु उनकी लडकी आप नहीं लेते थे ॥ १८४ ॥

मुनिना ते यथायोग्यवचनैर्विनिवारिताः ।
न तेभ्यः पुनरात्मीयां पुत्रिकामदुरुन्नताः ॥१८५॥

स्वामीजी ने उनको समझा कर इस बुरे काम से हटाया और आर्य जाति का महत्त्व उनको दिखलाया ॥ १८५ ॥

लक्षशः पुत्रिकास्तेन योगिना रक्षिता बलात् ।
परमात्ममयं देवं तुष्टुवुर्मनसा स्मरन् ॥१८६॥

उस समय से आज तक लाखो लडकियाँ मुसलमान होने से बच गई जो कि ईश्वर को ध्यान मे लाकर धन्यवाद देती होगी ॥ १८६ ॥

बहूनि यज्ञकर्म्माणि तन्वानः स महामनाः ।
फलमेषां यथायोग्यं वर्णयामास सर्वशः ॥१८७॥

इस रियासत में हवन का लाभ बताकर आपने कई बड़े बड़े यज्ञ कराये और धूमधाम से वैदिक धर्म का प्रचार किया ॥ १८७ ॥

समीपगतदेशेषु वक्तृताभिरयं तम. ।
निवार्य्य पुनरत्रैव मूर्यवद्युतिमान्बभौ ॥१८८॥

इस रियासत के आस पास बसे हुए नगरों में भी आप उपदेश देने जाते थे और फिर यहीं आकर विराजमान होते थे ॥ १८८ ॥

विशेषवक्तृतादानाभावेपि मुनिराडयम् ।
पक्षमेकमिह स्थित्वा धर्ममार्गमवर्धयत ॥१८९॥

यद्यपि दुबारा २१ सितम्बर सन १८८१ ई० को आकर १५ दिन आप यहाँ ठहरे थ परन्तु विशेष व्याख्यान न देकर सामान्य आप सदुपदेश ही देते रहे ॥ १८९ ॥

❋ सर्वतोगमनबन्धः ❋

न ते न ते ते न ते न ते न ते न न ते न ते ।
न ते न ये ये न ते न ते न ये न न ये न ते ॥१९०॥

[अन्वय]

येन—येन—ननेन (जनेन) ते – ते—(अनिर्वचनीयाविषया) येन—येन—(प्रकारेण) [तस्य महर्षेरग्रे प्रश्नरूपेण विन्यस्ता] तन—तेन—ननेन—(जनेन) ते—ते—(प्रसिद्धा विषया) तन—तेन—(प्रकारेण) [तदुत्तरद्वारा] न (प्राप्ता इति) न—किं त्ववश्य प्राप्ता इत्येकोर्थः ।

(अथवा)

येन—येन—नयेन (नीतिमार्गेण) तेन—(मुनिना) ते—ते—(प्रसिद्धा. पुरुषा) न –(नीता इति) न—(किन्तु नीता इत्यर्थः) तेन—तेन—(प्रसिद्धेन) नयेन (नीतिमार्गेण) ये—(अधमा) ते—न (अगु नते—नते—(नम्रनामापन्ने—)सरले इत्यर्थ —नये—(नीतिमार्गे—)ते—(अधमा) न—(यातीति शेष) एवमष्टावर्था अन्वेष्यूह्या ।

स्वामीजी की प्रशंसा कहाँ तक करें जिस जिस नम्र पुरुष ने उन उन विषयो को जिस जिस प्रकार पूँछा उस नम्र पुरुष ने उन उन विषयों को उस उस प्रकार अवश्य प्राप्त किया (अथवा) जिस जिस नीति मार्ग के द्वारा उस मुनि ने वह वह प्रसिद्ध जन अच्छे मार्ग में लगा दिये उस उस प्रसिद्ध नीतिमार्ग से जो अधम थे वह न गये क्योंकि सरल नीति मार्ग में

वे अधम जन नहीं आया करते है। (इस श्लोक के) केवल दो अर्थ यहाँ मैंने बतला दिये बाकी आठ प्रकार के और अर्थ पण्डित स्वय निकाले। इस पद्य के दस अर्थ हैं॥ १९०॥

※ द्व्यर्थकः ※

यथायमं यथान्यायं यथाधर्मं यथागमम्।
सत्कृताऽसत्कृताचापि मतामतविपर्य्यये ॥१९१॥

आपने यहाँ की जनता को मतवाद के विषय मे शास्त्र, धर्म और न्याय के अनुकूल और यमो (पाँच विधि) के अनुकूल सत्कृत भी किया और असत्कृत भी किया। (यह श्लोक द्व्यर्थक है)॥ १९१॥

करुणाकरुणावेशैरेवमत्र महामुनिः।
धर्मागममवस्थाप्य किं न चक्रेऽपरं परम् ॥१९२॥

करुणा और अकरुणा इन दोनो के आवेश से आपने यहाँ पर धर्म का स्थापन कर क्या क्या अच्छा काम नहीं किया अर्थात् समस्त धर्म-कार्यो का आपने यहाँ पर प्रचार किया॥ १९२॥

तृतीयवारमागत्य मुनिना तेन सत्कृता।
सभा सभयमेनं तैर्नुनाव पदविस्तरैः ॥१९३॥

इधर उधर भ्रमण कर तीसरी वार फिर आपने यहाँ आकर व्याख्यानो द्वारा सभा को सतुष्ट किया। वह सतुष्ट हुई सभा आपकी इस प्रकार प्रशसा करने लगी जो निम्न लिखित है—॥ १९३॥

[युग्मम्]

※ षोडशदलकमलबन्धः ※

कृतशातमतव्रात ! वृतश्रुत ! धृतव्रत !।
हृतध्वान्त ! यतस्वान्त ! नुतदान्त ! शतस्तुत ! ॥१९४॥

※ गोमूत्रिकाबन्धः ※

अव देव ! जनं लोके पापकर्म्मपरायणम्।
भवदावर्तनं[1] शङ्के पोपै[2]शर्म्मतुरायै[3]णम् ॥१९५॥

---

१ आसमन्ताद्वर्तनमवस्थानम्। २ पोपा वञ्चका। ३ तुरायणा यज्ञ विशेष।

मनो के समूह को कृश करने वाले, वेद के स्वीकार करने वाले व्रत के धारण करने वाले, अंधकार का नाश करने वाले, मन के रोकने वाले, योगियो की प्रशंसा करने वाले, अनेक जनो के स्तुति योग्य, हे स्वामीजी महाराज ! पाप कर्म मे लगे हुए पुरुषो की सदुपदेश से रक्षा कीजिए इस जगत् मे आपका रहना अधर्मियो के आनन्द का विनाश करने वाला और सतो को सुख देने वाला है ॥ १९४ ॥ १९५ ॥

[युग्मम्]

※ छत्रबन्धः ※

धर्म्मकार्यकृते जात ! धनमानविभावित ! ।
धैर्य्यवीर्य्यविभावौ तौ धैर्यवीर्य्यविभावितौ ॥१९६॥
विधेहीति यथायोग्यं नुनवृत्तो यतीश्वर. ।
समाहूतो ययौ लोकैस्तत्परं पत्तनोत्तमम् ॥१९७॥

धर्मकार्य के लिए उत्पन्न हुए, धन और मान के द्वारा पूजित हुए हे स्वामीजी महाराज आप उस धैर्य और वीर्य के नाम मात्र प्रभाव को वास्तव में धैर्य और पराक्रम के साथ मे लगा दीजिए। इस प्रकार प्रशसा को पहुंचाये हुए स्वामीजी महाराज रायपुराधीश ठाकुर हरीसिहजी के कई बार बुलाने पर १९ अगस्त सन् १८८१ ई० को रायपुर पधारे ॥ १९६ ॥ १९७ ॥

मार्गे समागतान्पश्यन् वनभागानलङ्कृतान् ।
जगदीशेन स मुनि. प्रपेदे तत्पुर द्रुतम् ॥१९८॥

मार्ग में आये हुए अनेक प्रकार के वनो को (जिनको कि परमेश्वर ने सजाया था) देखते देखते स्वामीजी उस नगर मे पहुंच गये जिनके लिए मसूदा से चले थे ॥ १९८ ॥

तत्र नानाविधाचारैः कृतातिथ्य. पुरेश्वरः ।
दर्शनं देवदेवस्य कृतवानितरत्यजन् ॥१९९॥

वहाँ पर पहुंचते ही ठाकुर साहब ने सब काम छोड आपका स्वागत-पूर्वक दर्शन किया और सब प्रकार आपके ठहरने का अच्छा प्रबंध कर दिया जो कि उनको उचित था ॥ १९९ ॥

प्रसङ्गवशतस्तेन योगिना सचिवः स्वयम् ।
पर्य्यपृच्छत भूपोपि तदुत्तरमदादिदम् ॥२००॥

बातचीत करते करते प्रसग वश स्वामीजी ने ठाकुर साहब से पूछा कि आपकी रियासत के मन्त्री कौन है ? स्वामीजी के प्रश्न के उत्तर में ठाकुर साहब ने निम्न लिखित उत्तर दिया ॥ २०० ॥

देव धीसचिवो यो मे मुख्यः स तु गतोधुना ।
पुरान्तरमयन्तस्य स्थानापन्नीकृतो मया ॥२०१॥

महाराज ! हमारी रियासत के मुख्य मन्त्री तो आज कल जोधपुर गये हुए हैं जिनका कि नाम (इलाहीबख्श) है परन्तु आजकल उनकी जगह पर (करीमबख्श) है और वे आपके समक्ष ही हैं ॥ २०१ ॥

परमेतौमहाभाग यवनावेव जन्मना ।
वर्तेते गुणकर्मभ्यामपि तादृशवासनौ ॥२०२॥

परन्तु ये दोनो वैदिक धर्म के मानने वाले नहीं हैं । न इनका खानपान आदि व्यवहार आर्यसम्मत है ॥ २०२ ॥

समाकर्णितवाक्योथ योगी बुद्धिमतां वरम् ।
धर्मशास्त्रोचितं किञ्चिद्राजानमिदमब्रवीत् ॥२०३॥

स्वामीजी ने इतना सुन कर सामने बैठे हुए ठाकुर हरिसिंहजी से कुछ कहना आरम्भ किया ॥ २०३ ॥

मनुनानुमते धर्मशास्त्रे यादृग्व्यवस्थितिः ।
प्रतिष्ठितास्ति भूपानां सैव कल्याणकारिणी ॥२०४॥

महाराजा मनु ने जो व्यवस्था राजाओ के लिए बतलाई है वही सर्वांश में कल्याणकारिणी है ॥ २०४ ॥

समेषु सचिवेष्वेव धर्मकार्यव्यवस्थितिः ।
सम्भवेदिति सर्वांशे मनुवाक्यं विचार्य्यताम् ॥२०५॥

समान धर्म, समान आचरण वाले अमात्य में ही धर्म का भार रखना चाहिए यह मनु का वचन सर्वांश में मानने योग्य है ॥ २०५ ॥

असमाने समानत्वं यः करोति महीपतिः ।
स विनाशं समभ्येति धर्ममार्गविमर्दनात् ॥२०६॥

जो राजा असमान अमात्य के ऊपर भरोसा रखता है वह नाश को प्राप्त होता है क्योंकि वह धर्म का नाश करता है ॥ २०६ ॥

इति शास्त्रसमायुक्ते भाषमाणे यतीश्वरे ।
वचो निपीय सहसा कृतार्थोऽभून्महीपतिः ॥२०७॥

इस प्रकार शास्त्रानुकूल सम्मति देने पर राजा कृतार्थ हुआ और अत्यन्त प्रसन्न हो कर आपकी स्तुति करने लगा ॥ २०७ ॥

अनन्तरमसौ योगी कृतप्रश्नं महीपतिम् ।
राजधर्माननुप्रोक्तान्बोधयामास तत्त्वत. ॥२०८॥

कुछ समय बीतने पर ठाकुर साहब ने आपसे राजधर्म के विषय में प्रश्न किया जिसका उत्तर निम्न लिखित दिया गया—॥ २०८ ॥

वेदवेदाङ्गशास्त्रेषु सर्वदा दत्तचेतसा ।
भूपेन भाव्यमखिलप्रजापालनकारिणा ॥२०९॥

राजा इस प्रकार का होना चाहिए जो कि वेद वेदाग जानता हो समस्त प्रजा का एकसा पालन करता हो ॥ २०९ ॥

यस्य राज्ये द्विजन्मानो वेदवेदाङ्गपारगाः ।
वसन्ति सर्वदा वृद्धिं तस्य राज्यं प्रयात्यलम् ॥२१०॥

जिस राजा के राज्य में वेद के जाननेवाले ब्राह्मण रहा करते हैं उस राजा का राज्य सर्वदा वृद्धि को प्राप्त होता है ॥ २१० ॥

यत्रापमानमेतेषां राज्ये भवति भूभृताम् ।
नाशं समेति तद्राज्यं स्वयमेवाम्लकुम्भवत् ॥२११॥

जिसके राज्य में .विद्वानो का अपमान होता है उसका राज्य इस प्रकार नष्ट होता है जिस प्रकार अचार का घडा ॥ २११ ॥

अतः सर्वप्रकारेण सम्मानं प्रापयन्द्विजान् ।
धर्मकार्य्ये रतो भूयाद् भूप एतत्सुखावहम् ॥२१२॥

इसलिए राजा को चाहिए कि विद्वानो का सर्वदा सम्मान करे और सर्वदा अपना मन धर्म के कार्यो मे लगावे ॥ २१२ ॥

निर्णयो दण्डनीतेर्यः समाम्नातो मनुस्मृतौ ।
स एव सर्वधर्मार्थकाममोक्षप्रदः स्मृतः ॥२१३॥

दण्डनीति के विषय में जो कुछ मनुस्मृति म बतलाया गया है वही राजाओ के लिए कल्याण करनेवाला है ॥ २१३ ॥

एवं निबोधयित्वैनं राजानं पार्श्ववर्तिनम् ।
धर्मकार्याणि मुदितो बभूव यमिनांवरः ॥२१४॥

इस प्रकार राजा के प्रश्न का उचित उत्तर देकर स्वामीजी अपने मन में अति प्रसन्न हुए और राजा भी कृतार्थ हो गया ॥ २१४ ॥

अत्रान्तरे बभूवात्र यवनैः सह योगिनाम् ।
संवादो यत्र सहसा यवना मूकतां गताः ॥२१५॥

इसी बीच मे यहाँ के यवनों के साथ उनके उत्पत्ति-विषय में विचार हुआ जिसमे वे मूकता को प्राप्त हो गये ॥ २१५ ॥

अनन्तरं समायातैर्जनैः सत्रा यतीश्वरः ।
प्रकाममकरोत्तेषां शिवाय किल भाषणम् ॥२१६॥

अत में स्वामीजी भी अपने पास आये हुए पुरुषो के साथ धार्मिक बातचीत करते हुए समय बिताते रहे ॥ २१६ ॥

केषाञ्चिदीश्वरे नानाविधाः शङ्काः हृदि स्थिताः ।
वारयामास सहसा नानायुक्तिनिबन्धनैः ॥२१७॥

जो कोई पुरुष आपके पास आकर ईश्वर के विषय में प्रश्न करता था उसका उत्तर आप देकर उसे तुष्ट करते थे ॥ २१७ ॥

केनचिद्यज्ञविषये कृता शङ्का यथोचिताम् ।
दूरीचकार सम्बोध्य तत्प्रमाण स वेदवित् ॥२१८॥

जो कोई पुरुष यज्ञ विषय में आकर प्रश्न करता था वह उसका उत्तर सुन कर स्वयं मूक हो जाता था ॥ २१८ ॥

एवं स नीतसमयो महात्मा योगिनांवरः ।
समागतेषु धर्मस्य मनुजेषु मतं व्यधात् ॥२१९॥

इस प्रकार यहाँ पर समय बिताते हुए आपने अनेक जनों के संशयों को निवृत्त कर वैदिक धर्म का स्थापन किया ॥ २१९ ॥

एतावतैव कालेन पौराणिकजनै. कृता ।
शास्त्रार्थकल्पना यस्यां पराजयमिताः स्वयम् ॥२२०॥

इसी बीच में पौराणिकों ने आकर कुछ बात की जिसमें वे स्वयं प्रमाणाभाव से निरुत्तर हो गये ॥ २२० ॥

निरीक्ष्य योगिवर्यस्य प्रभावं योगसञ्चिनम् ।
निरस्तकान्तयः सर्वे बभूवुर्मतवादिनः ॥२२१॥

आपके व्याख्यानों का प्रभाव देख कर बहुत से मतवादी नष्टकांति हो गये और इधर उधर जा छिपे ॥ २२१ ॥

पराजितेषु सहसा सर्वेषु मतवादिषु ।
दूरीकृतमतध्वान्तः शुशुभे यमिनां वरः ॥२२२॥

समस्त मतवादियों के परास्त होने पर वैदिक धर्म के प्रचारक श्रीस्वामीजी अत्यन्त शोभा को प्राप्त हुए ॥ २२२ ॥

जयश्रिया वृतं वीक्ष्य यतिवर्यं हतप्रभाः ।
सर्वेऽपि सहसाऽभूवँश्चकिताः सत्रपाश्च ते ॥२२३॥

जयलक्ष्मी से आपको अलकृत देख कर यहाँ के समस्त मतानुयायी चकित एव लज्जित हो गये ॥ २२३ ॥

गतेष्वनन्तरं तेषु यवनेषु यतीश्वरः ।
वक्तृताविभवैस्तस्य नगरं पर्य्यवेष्टयत् ॥२२४॥

अत में उनके जाने पर स्वामीजी ने भी ऐसा प्रचार किया कि सारे शहर मे एक साथ हलचल मच गई ॥ २२४ ॥

महोत्साहैर्महायोग्यं महामान्यैर्महाधनम् ।
कृतं मन्दिरमालोक्य समाजस्य मुदं ययौ ॥२२५॥

बडे उत्साह के साथ यहाँ के लोगो ने आपके समक्ष ही में समाज स्थापित किया जिसे देख स्वामीजी अति प्रसन्न हुए ।। २२५ ॥

पुरान्तरमितो गत्वा समाह्वानैरयं मुनिः ।
ततान वक्तृता भव्याः संशयानप्यनाशयत् ॥२२६॥

यहाँ से विदा हो कर स्वामीजी ९ सितम्बर सन् १८८१ ई० को व्यावर पधारे और जाने के साथ व्याख्यान आरम्भ किया ॥ २२६ ॥

उपदेशवशादस्य तत्रापि परिकल्पितम् ।
समाजमन्दिर विज्ञैरार्यधर्मपरायणैः ॥२२७॥

आपके उपदेश के प्रभाव से यहाँ पर भी समाज स्थापित हो गया । यहाँ स्वामीजी लगातार १५ दिन तक रहे ॥ २२७ ॥

सौहार्दाद्भिन्नमार्गस्थैः कृता वार्ता परं बुधैः ।
प्रकल्पिता न शास्त्रार्थकल्पनाऽनल्पविस्तरा ॥२२८॥

यहाँ के पादरी भी कुछ आपसे प्रीतिपूर्वक बातचीत करते थे परन्तु कुछ उन्होने विवाद नहीं किया ॥ २२८ ॥

निवृत्ते जनसंवादे प्रवृत्ते च गतिक्रमे ।
मसूदानगरं प्राप पुराणं यमिनांवरः ॥२२९॥

मनुष्यों की शंका निवृत्त होने पर २४ सितम्बर सन् १८८१ ई० को आप यहाँ से मसूदा पधारे और १० दिन तक यहां पर रह कर आपने वैदिक धर्म का प्रचार किया ॥ २२९ ॥

कारणात्पुनरस्मात्स प्रतिष्ठस्थानेषु संवसन् ।
राजधानीमयम्प्राप राजकार्य्यैरलङ्कृताम् ॥२३०॥

मसूदा से विदा होकर हुरड़े रूपाहेली और गापड़े होते हुए ६ अक्तूबर सन् १८८१ ई० को रियासत बनेडा पधारे ॥ २३० ॥

तत्र राजा यथायोग्य कृतातिथ्यो यतीश्वरः ।
सिषेवे चरणौ तस्य स्वयमेव यथायथम् ॥२३१॥

पहुंचने के साथ यहाँ के राजा ने आपका बड़ा मान किया और आतिथ्य का अच्छा प्रबन्ध कर दिया । वे प्रति दिन आपके पास उपस्थित हुआ करते थे ॥ २३१ ॥

श्रावणाय कुमारौ तौ सामवेदस्य योगिनाम् ।
समीपे तेन विन्यस्तावारमौ बहुशास्त्रनात् ॥२३२॥

राजा साहब के दो पुत्र थे जो सामवेद गाया करते थे । वे दोनों स्वामीजी को सामवेद सुनाया करते थे ॥ २३२ ॥

सामवेदलसद्गानचतुरौ तौ कुमारकौ ।
परीक्ष्य विषये भव्ये यतिस्तुष्टिमुपाययौ ॥२३३॥

आपने इन दोनों की परीक्षा ली । परीक्षा लेने के बाद अत्यन्त सन्तुष्ट हुए । राजा से भी इस बात को राज्य में बढ़वाया ॥ २३३ ॥

पारितोषिकसद्भावे पुस्तके प्रवितीर्य सः ।
राज्यमात्रे समालोच्य विद्यामतिमुदं ययौ ॥२३४॥

राजा के दोनों पुत्रों को स्वामीजी ने अपनी बनाई पुस्तकें पारितोषिक (इनाम) में दीं । इस राज्य में विद्या का अधिक प्रचार देख कर स्वामीजी मन में अति प्रसन्न हुए ॥ २३४ ॥

निघण्टुनामकं वेदकोषमत्रैव संस्थितात् ।
सरस्वतीगृहादेष यमिनांवर आददे ॥२३५॥

यहाँ के राजकीय पुस्तकालय 'सरस्वतीसदन' में एक वैदिक कोष निघण्टु का बडा प्राचीन पुस्तक था ॥ २३५ ॥

पर्य्यालोच्य यथौचित्यं मेलनं च विधाय सः ।
निजेन पुस्तकेनाथ प्रत्नं तत्पुस्तकं ददौ ॥२३६॥

स्वामीजी ने वहाँ से मगाकर अपने निघण्टु से मिलाया और दो तीन शब्दो का भेद मिलाकर पुस्तक वापस कर दिया ॥ २३६ ॥

चक्राङ्कितानलं वीक्ष्य तत्र योगीश्वरो जवात् ।
मतं वैष्णवतामात्तं भञ्जयामास सर्वशः ॥२३७॥

यहाँ पर चक्रांकित भी अपना अड्डा जमाये हुए थे इसलिए स्वामीजी ने इनकी खूब ही खबर लेडाली ॥ २३७ ॥

दृष्ट्वा निजमतस्यात्र खण्डनं मुनिना कृतम् ।
रोषेण विकृताः सर्वे बभूवुर्वैष्णवा जनाः ॥२३८॥

अपने मत का खण्डन सुन कर वैष्णव अत्यन्त क्रुद्ध हुए और अनेक प्रकार का उपद्रव मचाने का इन्होने उद्योग किया ॥ २३८ ॥

तानवेक्ष्य यतीन्द्रोपि रोषेण विकृताननान् ।
गुप्तं रहस्यमेतेषां पुनरप्युदघाटयत् ॥२३९॥

उन वैष्णवों को क्रोध से विकृत मुख देखकर स्वामीजी ने भी इनका रहस्य खोल दिया जो कि अत्यन्त गोपनीय एव नितात घृणित है ॥ २३९ ॥

अन्ते निजसदुद्योगैर्दूरीकृतमहत्तमाः ।
स महात्मा यथायोग्यं कल्पयामास शासनम् ॥२४०॥

इस प्रकार अनेक प्रकार की युक्तियों से चक्रांकितों के चक्र का खण्डन कर स्वामीजी सज्जनों को और शिक्षाप्रद बात बताने लगे ॥ २४० ॥

आर्य्यमन्दिरमत्युग्रमधिवेश्य यतीश्वरः ।
गतो निज मनोभाव दत्वा नव्यमगात्पुरम् ॥२४१॥

यहाँ पर समक्ष ही समाज का मंदिर स्थापित देख कर आप अत्यन्त संतुष्ट हुए और यहाँ से २६ अक्तूबर सन् १८८१ ई० को चित्तौरगढ़ गये ॥ २४१ ॥

तत्राथ कविराजेन कृतातिथ्यमहोत्सवः ।
स महात्मा निवासाय निजा चक्रे मतिं शुभाम् ॥२४२॥

यहाँ पर आपके आतिथ्य का जो कुछ सामान था कविराज श्यामल दास ने सब एकत्र किया और स्वामीजी का उचित सत्कार किया। विश्राम के लिए स्वामीजी कुछ दिन यहाँ पर ठहर गये ॥ २४२ ॥

निवसन्नत्र केनापि सत्रा तैलङ्गशास्त्रिणा ।
सुब्रह्मण्याभिधेयेन तर्के वादः प्रकल्पितः ॥२४३॥

यहाँ पर एक ब्रह्मण्य शास्त्री से, जो तेलंग ब्राह्मण थे, न्याय विषय में कुछ विचार होना आरम्भ हुआ ॥ २४३ ॥

तमप्येष महायोगी सूत्तरादानविस्तरैः ।
विमूकतां निनायालं किमस्मादधिकं बलम् ॥२४४॥

स्वामीजी ने उनकी समस्त बाते सुन कर ऐसा खण्डन करना आरम्भ किया कि वे अपनी सब युक्तियाँ भूल गये ॥ २४४ ॥

राजानो बहवस्तत्र दर्शनाय समागताः ।
यतीशं पर्यसेवन्त कल्पद्रुममिवामराः ॥२४५॥

यहाँ पर आपका उपदेश सुनने के लिए आसीन्द के राजा अर्जुनसिंहजी, भीलवाड़े के राजा फतहसिंहजी, शाहपुरा के राजा नाहरसिंहजी,

कानूड के राजा उम्मेदसिंहजी, शाबडी के राजा राजसिंहजी उदयपुर के राजा महाराणा सज्जनसिंह आदि अनेक नरेश आया करते थे और उपदेश सुन कर तृप्त होते थे ॥ २४५ ॥

समाहितमनस्कत्वात्पिबन्तो वक्तृतामृतम् ।
दोषाक्रान्तेपि हृदये निर्जरत्वमुपाययुः ॥२४६॥

यद्यपि इन राजाओं के हृदय सर्वथा सांसारिक बातों से रहित न थे तथापि एकाग्रचित्त होकर आपके उपदेशामृत पान करने से देवत्व को प्राप्त हो गये ॥ २४६ ॥

कृतामरफलप्राप्तीनेतान्वीक्ष्य मुनीश्वरः ।
निजामरफलप्राप्तिं सफलामन्वमन्यत ॥२४७॥

यहाँ पर अमर फल पाये हुए इन राजाओं को देख कर स्वामीजी ने अपनी अमर फल की प्राप्ति सफल करली । स्वामीजी का अमर फल की प्राप्ति के लिए यत्न करना और उस यत्न में सफल हो जाना तीसरे सर्ग में मैंने वर्णन किया है । दर्शक वहीं पर देखे ॥ २४७ ॥

निमन्त्रितोपि तैर्भूपैर्मुनिराजः पृथक्पृथक् ।
मुम्बापुरीत आगत्यागमिष्यामीत्यवोचत ॥२४८॥

यहाँ से अपनी अपनी राजधानियों में आपके पधारने के लिए कई राजाओं ने भिन्न भिन्न रूप से आपके समक्ष निवेदन किया, परन्तु स्वामीजी ने उन से यही कहा कि मैं मुम्बई से लौटकर आऊँगा ॥ २४८ ॥

भूभुजा रहितां वीक्ष्य नगरीं मार्गसङ्गताम् ।
निवसन्मुनिराडस्यामल्पाह्यानि ततो ययौ ॥२४९॥

यहाँ से रवाना होकर स्वामीजी २१ दिसंबर सन् १८८१ ई० को इन्दौर पहुँचे जो कि मुम्बई के रास्ते में पड़ता था । परन्तु यहाँ के महाराजा, जो कि आपके अनन्य भक्त थे, यहाँ पर उपस्थित नहीं थे । इसलिए कुछ दिन ठहर कर आप मुम्बई के लिए प्रस्थित हो गये ॥ २४९ ॥

प्राप्तं दक्षिणभागस्य तिलकायितपत्तनम् ।
तडिन्मार्गेण राजापि सूचयामास योगिनम् ॥२५०॥

३० दिसंबर सन् १८८१ ई० को आप मुम्बई पहुँच गये और महाराजा इन्दौर का पश्चात्ताप सूचक तार भी साथ ही साथ पहुँच गया जिसमें अनुपस्थितिजन्य अपराध का क्षमापन और दुबारा पधारने का प्रार्थनापत्र भी साथसाथ था ॥ २५० ॥

प्रत्यावृत्तिप्रसङ्गाप्तसमागमविनोदनाम् ।
तडिन्मार्गेण देवोपि सूचयामास भूभुजम् ॥२५१॥

स्वामीजी ने भी उस तार के उत्तर में तारही द्वारा महाराजा को सूचना दी जिसमें यह लिखा था कि लौटते समय में अवश्य आऊँगा ॥ २५१ ॥

परस्परपरिप्राप्ततडिन्मार्गशुभार्थनौ ।
द्वावप्यभूतां मुदितौ राजा योगी च सर्वशः ॥२५२॥

इस प्रकार दोनो तरफ से तार द्वारा समाचार विदित होने पर इन्दौर के राजा और श्रीमान् योगिराज स्वामीजी भी अत्यन्त सतुष्ट हुए ॥ २५२ ॥

चरणस्पर्शवाञ्छेन समुद्रेणावृते शुभे ।
भवने कृतसंवासो मुनिराप कृतार्थताम् ॥२५३॥

चरणस्पर्श के लिए समीप आये हुए समुद्र से परिवेष्टित एक रमणीय स्थान में (जिस को कि मैंने भी स्वय देखा है) स्वामीजी का निवास हुआ, यह स्थान वालकेश्वर के पास है ॥ २५३ ॥

वार्षिकोत्सवमुद्दिश्य मुनेरागमः शिवः ।
सामाजिकमलचक्रे जनं हर्षपरिप्लुतम् ॥२५४॥

स्वामीजी का अब की वार जो यहाँ पर पधारना हुआ वह समाज के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में हुआ । इसलिए बड़ा ही आनन्द हुआ ॥ २५४ ॥

दाक्षिणात्या जनास्तत्र चतुर्वेदपरायणाः ।
हवनं कारयामासुः समाजे समुपागताः ॥२५५॥

उत्सव में बहुत से दक्षिणी ब्राह्मण (जो कि एक एक करके चारो वेद जानते थे) समाज में आकर चारो वेदो के मन्त्रों से हवन करा रहे थे ॥ २५५ ॥

जनं तेष्ववलोक्यायं योगी वार्धक्यसङ्गतम् ।
पठन्तं चतुरो वेदानुवाच परमार्थवित् ॥२५६॥

उनमें एक वृद्ध ब्राह्मण जो कि स्वरसहित चारो वेद कण्ठस्थ रखता था उसको देखकर कई प्रतिष्ठित पुरुषो से स्वामीजी कहने लगे ॥ २५६ ॥

(युग्मम्)

विश्रुतं यदिदं लोके चतुराननकल्पनम् ।
तदेतद्दृश्यतामत्र द्विजे ब्रह्मत्वमद्भुतम् ॥२५७॥
भिन्नमस्माद्वदन्त्येते यदिदं ब्रह्मकल्पनम् ।
मृषैव तत्समालोच्यं परमेश्वरशासनात् ॥२५८॥

ससार में ब्रह्मा का जो चतुर्मुख विशेषण सुना करते हैं वह यही हो सकता है । इससे भिन्न कोई ब्रह्मा नहीं हो सकता ॥ २५७—२५८ ॥

सामगायनपूतेस्मिन्सामाजिकमहोत्सवे ।
हर्षेण महताविष्टो मुनिर्व्याख्यानमातनोत् ॥२५९॥

सामवेद के गान से अति रमणीय सामाजिक उत्सव में श्रीस्वामीजी ने भी अपने श्रीमुख से व्याख्यान दिया था ॥ २५९ ॥

बहवो वणिजस्तत्र धनाढ्याः स्वामिनामिनम्[1] ।
अनुव्रजन्तो हृदये वाञ्छामेनामकल्पयन् ॥२६०॥

---

१ इन राजानम् ।

यहाँ के बहुत से सेठ साहूकार आपके अनुयायी थे और उनके हृदय में अकस्मात् यह इच्छा उत्पन्न हुई—॥ २६० ॥

सूचनां यदि योगीशः कुर्य्याद्द्रव्यपरिग्रहे ।
तदावयमलं दद्मो धनमस्मै यथायथम् ॥२६१॥

यदि स्वामीजी हम से कुछ इशारा (सकेत) करें तो समाज के लिए हम बहुत सा द्रव्य दे देवे ॥ २६१ ॥

परमेनानयं योगी सूचयामास नो तदा ।
तस्य सार्वजनीनत्वात्समाजस्य हितैषिणः ॥२६२॥

परन्तु स्वामीजी ने उनके लिए कुछ नहीं कहा इसका कारण यह था कि समस्त देशों के लिए हित करनेवाला यह समाज स्वय ही समस्तजनों से सहायता का अभिलाषी हो सकता है ॥ २६२ ॥

सार्वदैशिककार्य्येस्मिन्यथारुचि यथाधनम् ।
सर्वएव यथायोग्यं साहाय्यं कर्तुमर्हथ ॥२६३॥

इस समाजरूप सार्व-दैशिक कार्य में अपनी अपनी रुचि के अनुसार समस्त पुरुष सहायता दे सकते हैं ॥ २६३ ॥

विदितं सर्वथा लोके वृत्तमेनदवस्थितम् ।
मनुजैर्न समाजोयमेकमानवकल्पितः ॥२६४॥

संसार में यह बात प्रसिद्ध है और समस्त भद्रजन इस बात को जानते भी हैं कि समाज किसी एक पुरुष का नाम नहीं है ॥ २६४ ॥

शब्दस्यार्थवशादेव यत्र कार्य्यव्यवस्थितिः ।
न तत्र कथनं साधु साधूनामतिविस्तरम् ॥२६५॥

जहाँ पर शब्दार्थ के विचार से ही कार्य सिद्ध हो सकता हो वहाँ पर मुख से सकेत कहना अच्छा मालूम नहीं होता ॥ २६५ ॥

भवेद्यदि ममैवान्यत्कार्यं किमपि तत्कृते ।
कथनाप्यतिशोभेत मुखेन न तदस्ति मे ॥२६६॥

हाँ, यदि कोई खास मेरा काम होता तो कहना भी ठीक था। इस समय वह भी नहीं है। फिर कहने से क्या प्रयोजन ॥ २६६ ॥

सतां विभूतयो यद्यप्यलं परहिते रताः ।
तथापि नैव साधूनां कथनं शोभते मुखात् ॥२६७॥

यद्यपि सज्जनो की विभूति परोपकार के लिए होती है, तथापि सन्यासियो को अपने मुख से कहना ठीक नहीं ॥ २६७ ॥

इति वादिनि योगीन्द्रे तदाशयमुपेयुषी ।
सभा सम्पूरयामास मण्डपं धनविस्तरैः ॥२६८॥

इस प्रकार आपके कहने पर आपका आशय जान कर समस्त सभा धनवृष्टि से सभा को पूर्णरूप से पूर्ण करने लगी ॥ २६८ ॥

(युग्मम्)

कश्चिद्वैदूर्यरत्नानां प्रभाभिः समपूरयत् ।
मण्डपं कोपि नितरां विद्रुमैः कोपि मौक्तिकैः ॥२६९॥
सुवर्णरजतादीनां तत्र साकल्पनाभवत् ।
या न वर्णनमापेदे मनसा वचसाप्यलम् ॥२७०॥

जिस सभा में बैठा हुआ कोई पुरुष समस्त सभा को वैदूर्यरत्न की चमक से, कोई विद्रुम की झलक से, कोई मोतियो की दमक से शोभित करता था, उस सभा में सोना, चाँदी आदि धातुओ की कौन गिनती है ? इसलिए यहाँ पर बहुत सा धन आ गया ॥ २६९ ॥ २७० ॥

एवं यथायथं जाते नितान्तं द्रव्यसंग्रहे ।
कोषवानपि कोषत्वं प्राप सामाजिको महः ॥२७१॥

वार्षिकोत्सव में इस प्रकार सर्वत. धन आने पर पहले से भी कोष-युक्त उत्सव अत्यन्त कोषवान बन गया ॥ २७१ ॥

महामहोत्सवे तत्र विदुषामपि कल्पना ।
विकल्पनां समायाता वीक्ष्य योगेश्वरप्रभाम् ॥२७२॥

स्वामीजी का इस उत्सव पर व्याख्यान सुन कर वहाँ के पौराणिक विद्वानो की रही सही बुद्धि भी चक्कर मे पड़ गई। सब हत कान्ति हो गये ॥ २७२ ॥

निवृत्तिमागते तस्मिन्वार्षिकोत्सवविस्तरे ।
वणिजामुत्तमः कोपि समाभाषत योगिनम् ॥२७३॥

जब समाज का उत्सव समाप्त हो गया तब एक सेठजी ने अपने पुत्र को कुछ उपदेश देने के लिए स्वामीजी से प्रार्थना की ॥ २७३ ॥

योगिराजोपि संवीक्ष्य भक्तिं तस्य तनूभवम् ।
शिक्षयामास बालानामुपयोगीनि कानिचित् ॥२७४॥

स्वामीजी ने भी सेठजी की उत्कट भक्ति देख कर उसके पुत्र के लिए कुछ उपयोगी बाते बतला दी जो निम्न लिखित हैं ॥ २७४ ॥

[तान्येव कार्याण्याह]

प्रातरुत्थाय तोयेन प्रक्षाल्यवदनं स्वकम् ।
ईश्वरोपासना कार्य्या सर्वतः पूर्वमादरात् ॥२७५॥

सबसे प्रथम ब्राह्म मुहूर्त में उठ कर अपना मुँह धो, उस ईश्वर की प्रार्थना और उपासना प्रति दिन करनी चाहिए ॥ २७५ ॥

पश्चात्पितरमुद्दिश्य मातरं च यथाक्रमम् ।
वन्दना प्रत्यहं कार्य्या नम्रभावेन पादयोः ॥२७६॥

तदनन्तर अत्यन्त भक्ति-पूर्वक माता और पिता का प्रति दिन चरण छूते हुए वन्दना करनी चाहिए ॥ २७६ ॥

अनन्तरं यथाधीतं पर्य्यालोच्य क्रमागतम् ।
भोजनादिकमाश्वेवं गन्तव्यं गुरुसन्निधौ ॥२७७॥

---

१ कार्याणीति शेषः । २ कृत्वेति शेषः ।

फिर पिछला पढ़ा हुआ पाठ विचार कर क्रमानुसार स्नान, सन्ध्यादि करके भोजन से निवृत्त हो कर पढने के लिए गुरु के समीप जाना चाहिए ॥ २७७ ॥

गमनावसरे नैजं पुस्तकं स्वयमादरात् ।
ग्रहीतव्यं न भृत्यादि द्वारा नेयं मदागमात् ॥२७८॥

जाते समय अपना पुस्तक स्वय ले जाना चाहिए, किसी नौकर के द्वारा पुस्तक नहीं ले जाना चाहिए ॥ २७८ ॥

गत्वा कुलगुरोः पार्श्वे प्रणत्य च यथायथम् ।
विधातव्यमलं मत्वाऽध्ययनं परमं कृतम् ॥२७९॥

अपने कुलगुरु के समीप जाकर उनको अभिवादन करके पढने को अपना सर्वोपरि कर्तव्य समझ कर पढना चाहिए ॥ २७९ ॥

सर्वदा स्वासनादुच्चैः स्थापनीयं स्वपुस्तकम् ।
यतस्तत्रास्ति सम्बद्धं वैदिकं सांम्परायिकम् ॥२८०॥

हर समय अपने से पुस्तक ऊँचा रखना चाहिए, चूँ कि उसमें इस लोक एव परलोक दोनो लोको में कल्याण करनेवाली शिक्षाये सम्बद्ध हैं। यहाँ पर (साम्पराय शब्द) उपनिषद्१ में लिया गया है जिसका अर्थ परलोक-विचार के हैं (कठ ६ । ३५ देखिए) ॥ २८० ॥

यथाध्येता दधात्युच्चैः पुस्तकं श्रद्धया युतः ।
अध्येतारं तथा विद्या करोति सकलोन्नतम् ॥२८१॥

जिस प्रकार पढने वाला अपने पुस्तकों को श्रद्धा से ऊँचे पर रखता है इसी प्रकार विद्या भी उसको सबसे ऊँचा बना देती है ॥ २८१ ॥

इति वैदिकमार्गोत्थं बालक्रममुदाहरन् ।
योगी कृत्यान्तरासक्तोऽभवदाशु प्रसङ्गतः ॥२८२॥

---

१ औपनिषदीय शब्द ।

इस प्रकार उसको बालकोपयोगी उपदेश देकर प्रसङ्ग वश स्वामीजी दूसरे कार्य की तरफ ध्यान देने लगे ॥ २८२ ॥

कृतॉछ्ववपुरे नव्यान्नियमान्दश योगिराट् ।
सार्वभौमजनस्यार्थे नियम्य मुदितोभवत् ॥२८३॥

लाहौर में बनाये हुए समाज के दश नियमों को यहाँ भी नियत कर स्वामीजी अपने मन में अत्यन्त ही प्रसन्न हुए ॥ २८३ ॥

(युग्मम्)

अस्मिन्नेव शुभे काले तत्रत्येन यथायथम् ।
वणिजा सूचना दत्ता केनचित्सर्वजन्तुषु ॥२८४॥
यो मूर्तिपूजनं वेदे दर्शयेत्कोपि मानव. ।
पञ्चसाहस्रिका मुद्राः स लभेत यथायथम् ॥२८५॥

इसी अवसर म मुम्बई के एक सेठ ने, जिनका कि नाम मथरादास था, एक विज्ञापन इस प्रकार का छपवा कर बटवा दिया था कि जो कोई वेदों से मूर्तिपूजा सिद्ध कर दे तो उसको मै पाँच सहस्र रुपये पारितोषिक (इनाम) देने को तैयार हूँ ॥ ३८४ ॥ २८५ ॥

परं कस्याभवत्तत्र शक्तिरेतादृशी यया ।
पारितोषिकलाभोभूदस्मिन्नवसरे भयात् ॥२८६॥

परन्तु स्वामीजी के समक्ष किसी का भी साहस नहीं हुआ कि इस इनाम को ले कर अपने घर में रख ले ॥ २८६ ॥

इत्थमत्र कृतोद्योतो महात्मा मनुजैरितः ।
निमन्त्रितो ययौ यानैः खाण्डवं पुरमादरात् ॥२८७॥

इस प्रकार यहाँ पर पूर्ण रूप से आनन्द की वर्षा कर, निमन्त्रित हुए आप २४ जून सन् १८८२ ईस्वी को यहाँ से खँडुआ पधारे, जहाँ कि पहले किसी समय खाण्डव वन था, जिसको अर्जुन ने जलाया था ॥ २८७ ॥

तत्र नानाबुधैरेषः कृतातिथ्यो यतीश्वरः ।
वाञ्छितानि यथायोग्य पूरयामास देहिनाम् ॥२८८॥

अनेक सज्जनो ने यहाँ पर आपका स्वागत किया, और आतिथ्य किया। आपने भी आने के साथ ही वैदिकधर्म का प्रचार करना आरम्भ कर दिया ॥ २८८ ॥

निवारितमहाशब्दबद्धमेघदलो यतिः ।
शारदीनचमच्चन्द्रचन्द्रिकामातनोदरम् ॥२८६॥

अनेक प्रकार की गर्जना करनेवाले, अज्ञानरूप घनघोर घटाओं को हटा कर आपने यहाँ शरदऋतु के चन्द्रमा का प्रकाश सर्वत्र कर दिया, अर्थात् अज्ञान हटा कर ज्ञान का प्रकाश किया ॥ २८९ ॥

प्रसङ्गाद्गमनस्यायं विधानाच्च सदागतेः ।
इन्दौरनगरं भेजे धर्षयन्धूर्तमण्डलीः ॥२६०॥

अन्त में निमन्त्रण आने पर की हुई अपनी प्रतिज्ञा को पूर्ण करने के लिए ४ जुलाई सन् १८८२ ईसवी को आप यहाँ से मूर्खों की मण्डली में भय उत्पन्न करते हुए, इन्दौर पधारे ॥ २९० ॥

अनवेक्ष्यात्र राजानं मुनिना बहुनादृता ।
समात्रसितिरात्मीया गमनेऽतः कृता रुचिः ॥२६१॥

परन्तु महाराजा इन्दौर के इस समय भी उपस्थित न होने के कारण स्वामीजी ने यहाँ पर रहना उचित न समझा। इसलिए दूसरे ही दिन आपने जाने की इच्छा प्रकट की ॥ २९१ ॥

यद्यप्ययं तदामात्यैरादृतोपि यथायथम् ।
तथापि तत्र नो भेजे वसतिं कार्यविस्तरात् ॥२६२॥

यद्यपि महाराजा इन्दौर के दीवान साहब ने आपसे ठहरने के लिए बहुत कुछ आग्रह किया, परन्तु कार्य के वश श्रीस्वामीजी यहाँ पर अधिक दिन निवास करने को उद्यत नहीं हुए ॥ २९२ ॥

पत्तनान्तरतः प्राप्ते समाह्वानाय मानवे ।
ययौ परमकारुण्यान्मुनिनायकशासकः ॥२६३॥

इतने ही में आपके लिए रतलाम से निमन्त्रण पत्र लेकर एक पुरुष उपस्थित हुआ। इसलिए आप यहाँ से ५ जुलाई सन् १८८८ ईसवी को इन्दौर से रतलाम पधारे ॥ २९३ ॥

अवाप्य तत्पुरं हर्षादागतैः सज्जनैः सह ।
नियते भवने वासं कल्पयामास देवराट् ॥२९४॥

रतलाम पहुँच कर स्वागत के लिए आये हुए पुरुषों के साथ साथ राजा के एक अति रमणीय बँगले में आप निवास के लिए पधारे ॥ २९४ ॥

नाना व्याख्यानविस्तारैर्दूरीकृतमदागमः ।
सदागमपदं तेने वेदरीत्यनुशासनात् ॥२९५॥

वहाँ जाते ही व्याख्यानों का आरम्भ भी हो गया, जिससे मनुष्यों में विद्यमान अज्ञान नष्ट हुआ और ज्ञान का उदय हुआ ॥ २९५ ॥

प्रतिगेहं प्रतिजनं प्रतिरथ्यं प्रतिस्थलम् ।
व्याख्यानविस्तृतिः साभूत्तदागमनसम्भवा ॥२९६॥

हर एक के घर पर, हर एक पुरुष के पास, हर एक मार्ग पर, समस्त स्थलों में, आपके व्याख्यान का विज्ञापन लगा हुआ था ॥ २९६ ॥

सामाजिकमतन्यासे कल्पिते तत्र मानवैः ।
मुदा परमया युक्तो बभूवाद्य महामुनिः ॥२९७॥

कुछ पुरुषों में, यहाँ पर वैदिक धर्म की रुचि देख कर स्वामीजी अपने मन में अत्यन्त ही प्रसन्न हुए ॥ २९७ ॥

गमने दत्तचित्तत्वाद्गच्छन्मार्गेऽथ संवसन् ।
पुरेषु बहुषु प्रायो वैदिकं धर्म्ममाननोत् ॥२९८॥

यहाँ से आप आगे जाने के लिए उद्यत थे। इसलिए मार्ग में आये हुए जावरा आदि नगरों में विश्राम करते हुए वैदिक धर्म का सर्वत्र प्रचार करते गये ॥ २९८ ॥

---

१ स्वागतायेति शेष ।

महोद्योगे कृतारम्भा महान्तः कुत्र तन्वते ।
विश्रामं यावदारब्धं न याति परिपूर्णताम् ॥२९९॥

एक महान् कार्य के लिए उद्यत हुए महा पुरुष तब तक विश्राम नहीं लेते जब तक कि उसकी पूर्ति न हो जाय ॥ २९९ ॥

इति निश्चित्य यद्रम्यं समुद्दिश्य पुरं मुनिः ।
प्रस्थितोभूत्तदालोच्यमग्रे विश्रामकल्पनात् ॥३००॥

अपने मन में ऐसा निश्चय कर, जिस उत्तम राजधानी को आप जाने के लिए उत्सुक थे उसका वर्णन अग्रिम सर्ग में किया जायगा। दर्शक महाशय वहीं पर देखे ॥ ३०० ॥

※ हारबन्धः ※

इत्थं सुखेन सुमहाः स भवे समस्ते
विस्तार्य विश्रममवाप मनुष्यभावात् ।
वेदोदितानि दिनदीप्तिसमाप्तिकाले
को नाम कोमलतया न तनोत्यवस्थाम् ॥३०१॥

वे अत्यन्त प्रकाशवान् स्वामीजी समस्त संसार में इस प्रकार वैदिक कर्मो का उपदेश देते हुए, मनुष्य-भाव से कुछ विश्राम लेने की इच्छा प्रकट करने लगे। क्योंकि दिन के अवसान समय में, कोमलता को प्राप्त हुआ कौनसा पुरुष थकावट अनुभव नहीं करता। अर्थात् सूर्यास्त के समय कार्य करनेवाले सभी पुरुष थक जाते हैं और विश्राम लेना चाहते हैं। इसलिए कविरत्न भी सायङ्काल के समय इस सर्ग को समाप्त कर, रात भर के लिए, अब विश्राम करते है ॥ ३०१ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
कल्पितसमाजपर्यालोचनं नाम चतुर्दशः सर्गः ।

पञ्चदशः सर्गः

अथोत्सुकः सज्जनसिंहवर्म्मा
दयानिधेरस्य समीपदेशम् ।
समस्तसम्भारयुतं पुमांसं
विसर्जयामास निमन्त्रणाय ॥१॥

ऋषि दयानन्द के प्रताप को सूर्य के प्रताप से भी बढ़ा हुआ देख कर मन में आनन्दित हुए महाराणा सज्जनसिंहजी ने आपके दर्शनों की अभिलाषा से आपके पास निमन्त्रण देने के लिए अपने एक पुरुष को भेजा ॥ १ ॥

दयामयत्वादयमप्यनेकै-
रलङ्कृतन्तन्नगरं महीपैः ।
जगाम वेदोदितधर्मवृद्ध्यै
तडित्पथेनापितसर्ववृत्तः ॥२॥

उदयपुराधीश महाराणा सज्जनसिंहजी के बुलाने पर आप भी तार के द्वारा अपने आने की सूचना देकर अनेक राजाओं द्वारा सुशोभित उदयपुर को वैदिकधर्म के प्रचारार्थ ११ अगस्त सन् १८८२ ई० को पधारे ॥ २ ॥

अशेषवृत्तोदयमञ्जुलं तत्
ससर्गवत्पत्तनमप्यवाप्य ।
मनोरमे सज्जनसिंहभूप-
स्योद्यानमध्ये विरराम रागात् ॥३॥

अनेक प्रकार के चरित्रों से विचित्रता को प्राप्त हुए उस उदयपुर को ईश्वरीय सृष्टि के समान रमणीय देख कर महाराणाजी के अत्यन्त मनोहर सज्जननिवास नाम के बाग में आप ठहरे ॥ ३ ॥

प्रकाशमन्दीकृतसूर्य्यभासं
दयामयं वीक्ष्य समागतं ते ।
पुराणभाजो नितरां दिनेपि
न किञ्चिदालोकयितुं प्रशेकुः ॥४॥

अपने तेज से मन्द किया है सूर्य का प्रकाश जिन्होंने ऐसे ऋषि दयानन्द के प्रकाश को देख कर, वहाँ के पौराणिक पण्डित चकाचौंध में पड़ गये और दिन में भी उनको कम दीखने लगा ॥ ४ ॥

कुतः समायात इहायमुग्रः
क विश्रमं यास्यति चायमेव ।
मुहुः प्रतोलीषु बभूव कोपि
मुखामुखि प्राथमिको विवादः ॥५॥

ये स्वामीजी यहाँ पर कहाँ से आये हुए हैं ? कहाँ पर इनके रहने का प्रबन्ध किया गया है ? कुछ दिनों तक उदयपुर के सब रास्तो पर यही चर्चा हुआ करती थी ॥ ५ ॥

तपोनिधेरागमनेन सद्यः
पुरे पुरे कीर्तिकथाप्रचाराः ।
तथा विचेलुर्गमने निरभ्रे
यथा शरच्चन्द्रमरीचिधाराः ॥६॥

उदयपुर में आपके आने पर आस पास के समस्त नगरों में आपकी कीर्ति के समाचार इस प्रकार फैलने लगे जिस प्रकार निर्मल आकाश में शरदऋतु के चन्द्रकिरण दौड़ते हों ॥ ६ ॥

दयामयस्यागमनात्पुरस्ता-
द्यथायथं राजेनि तत्पुरस्थे ।

रजोगुणः पूर्णनयात्रतस्थे
निसर्गतो यः समुपैति भूपान् ॥७॥

आपके आने से पहले ही महाराणा सज्जनसिंह के अन्दर सर्वांश में रजोगुण के भाव रहा करते थे, जोकि स्वभाव ही से किसी किसी राजा में हुआ करते हैं ॥ ७ ॥

दिवा सुषुप्तिर्विषयप्रसक्तिः
स्वधर्मकार्यप्रथने विरक्तिः ।
प्रवृत्तिरेकान्तत्यारम्भेषु
तदा समासीदतिनीरसेषु ॥८॥

दिन में सोना, शृङ्गार में अधिकतर आसक्त रहना, अपने धर्म के कार्यों से अलग रहना, सर्वदा खेल तमाशे में, जोकि सर्वांश में व्यर्थ हैं, तत्पर होना आदि आदि बातें महाराज में थीं ॥ ८ ॥

न पूजनं वैदिककर्मभाजां
न माननं पूर्णविरागभाजाम् ।
अमंस्त भूपः सहसा तदानीं
स्वशर्ममूलं किमतोधिकं स्यात् ॥९॥

वैदिक-मार्ग में तत्पर पुरुषों का तथा साधु और महात्माओं का सत्कार करना आप तब तक अपने कल्याण का एक मात्र मार्ग नहीं मानते थे, इससे अधिक क्या होता ॥ ९ ॥

परं मुनीन्द्रस्य निरीक्षणेन
तदीयसम्भाषणतश्च सर्वे ।
विनाशमापुर्लघु दुर्गुणौघा
दिनोदये ध्वान्तपरम्परावत् ॥१०॥

परन्तु स्वामीजी के आने पर, आपके व्यवहारों के दर्शन से और आपके साथ सम्भाषण करने से आपके सब दुर्गुण इस प्रकार नष्ट हुए जिस प्रकार सूर्य के उदय होने पर अन्धकार नष्ट होता है ॥ १० ॥

वदाम्यतः किं नु परं निशादौ
निशान्तकाले च स भूमिपालः ।
समागमस्योत्कतया विसृज्य
समस्तकार्य्याणि तमेव भेजे ॥११॥

इससे अधिक मैं क्या कहूँ । स्वामीजी के आने पर महाराणा सज्जनसिंहजी दोनों समय अर्थात् सायङ्काल और प्रातःकाल अपने समस्त कार्यों को छोड कर आपकी सेवा में उपस्थित होते थे ॥ ११ ॥

मुहुर्विलोक्याथ मुनीश्वरस्य
समस्तभावेन स राजवर्य्यः ।
समाधियोगं परमात्मदृष्टेः
प्रसन्नतामाप तथैव चक्रे ॥१२॥

अनेक प्रकार से आपके कार्यों को देख कर महाराणाजी अपने मन में अत्यन्त सन्तुष्ट हुए और उनके आचरणों का ही स्वयं अनुकरण करने लगे । सायं प्रातः सन्ध्या, हवन आदि कार्यों को करके वे प्राणायाम भी किया करते थे ॥ १२ ॥

प्रसङ्गतः सोध्ययनस्य तत्र
मुदैव वैशेषिकसूत्रभाष्यम् ।
पतञ्जलेर्योगपदानुवादं
समध्यगीष्टाथ मुनेः प्रसादात् ॥१३॥

स्वामीजी से प्रति दिन चार चार पाँच पाँच घण्टे तक आपने संस्कृत पढ़ना आरम्भ कर दिया, भाष्यसहित वैशेषिकदर्शन, वृत्तिसहित योगदर्शन आपने स्वामीजी के प्रसादरूप में प्राप्त किया, अर्थात् पढ़ लिया ॥ १३ ॥

मनुप्रदिष्टां नियमस्य रीतिं
क्रियामपि प्राणनिरोधभूताम् ।
स योगमार्गस्य ऋषिप्रभावा-
दवाप सर्वामपि शर्ममूलाम् ॥१४॥

मनुस्मृति में बतलाई हुई नियमों के पालन करने की रीति, प्राणायाम करने की क्रिया, योगमार्ग की समस्त कथा आपने स्वामीजी से सीखी, जोकि समस्त कल्याणों की देनेवाली है ॥ १४ ॥

मुनीश्वरस्तं नियमानुबन्धा-
द्दिनस्य चर्य्यां परिबोध्य लेखैः ।
प्रसन्नतामाप यथा तथैव
निरीक्ष्य भावं मनुजाधिपस्य ॥१५॥

स्वामीजी ने महाराणाजी को नियमपूर्वक काम करते देख कर दिन-चर्या का समस्त प्रकार उनको लिख कर दिया और उसके पालन में उनको लगा हुआ देख कर अपने मन में स्वामीजी बड़े प्रसन्न हुए ॥ १५ ॥

सुपात्रविन्यासवशेन रम्या
नवोदयानन्दितसर्वलोका ।
गुरूननन्तातिशयेन लोके
प्रसन्नतामापयतीह विद्या ॥१६॥

अच्छे पात्र में, अच्छे समय अच्छी तरह से धरी हुई, फिर अच्छे ही अच्छे फलों की देनेवाली अच्छी विद्या, संसार में गुरुओं के गौरव को बढ़ाया करती है इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है ॥ १६ ॥

नियम्य भागं समयस्य हर्षा-
द्दशेन कृत्यस्य स भूमिपालः ।
स्वयं प्रचक्रे समयेवशिष्टे
विशेषकार्यप्रतिबन्धमच्छम् ॥१७॥

महाराणा सज्जनसिंहजी प्रत्येक कार्य को नियत समय पर करने लगे, अर्थात् उन्होंने अपने प्रत्येक कार्य का समय नियत कर दिया था। वे अपने अपने समय पर ही सब काम किया करते थे। वे समय पर नहीं ॥ १७ ॥

निरीक्ष्य धर्मेनुमतिं नृपस्य
निसर्गतः सज्जनसिंहनाम्नः ।
स योगिवर्यो मनसि स्वकीये
विचार्य किञ्चित्स्वगतं चकार ॥१८॥

स्वामीजी ने महाराणा सज्जनसिंहजी की धर्म मे प्रवृत्ति देख कर मन में एक विचार उठाया और वे उसका परिणाम अच्छे प्रकार विचार कर महाराणाजी से कहने को उद्यत हुए ॥ १८ ॥

निजानुमत्या बहु बोधयित्या
तदीयराज्यस्थितमानवानाम् ।
कृते नितान्तं नवपाठशालाः
स कारयामास मुनिर्महीशम् ॥१९॥

उनको अपनी सम्मति अच्छे प्रकार बतला कर रियासत के समस्त श्रीमानों के लडको के पढने के लिए नवीन पाठशालाये बनवाने का उद्यम किया था जो उनके लिए उचित ही था ॥ १९ ॥

अधीत्य यस्यां बहवो मनुष्याः
समस्तशास्त्राणि तथास्त्रविद्याम् ।
निजं निजं वैदिकधर्ममार्गं
प्रपेदिरे सत्पुरुषार्थयोगात् ॥२०॥

जिसमें बहुत से श्रीमानो के नव युवक अनेक शास्त्र एव अस्त्र शस्त्रों का विधान भी सीख कर अपने वैदिक धर्म का अच्छे प्रकार प्रचार करने के लिए उद्यत हुए और उस पर चलने लगे ॥ २० ॥

मुनीश्वराज्ञावशतः स सर्वं
विधाय तत्तत्कथनानुरूपम् ।
पदे पदे वैदिकधर्मवृद्धिं
चकार धर्मोचितकार्य्यसक्तः ॥२१॥

महाराणा सज्जनसिंहजी स्वामीजी के कथनानुसार समस्त कार्यों को करते हुए पद पद में वैदिक धर्म की वृद्धि के लिए उद्यत हुए और अनेक प्रकार से उसकी पुष्टि करने लगे ॥ २१ ॥

बलेन राज्यानुगतप्रबन्धे
नियम्य भाषां निजदेशभूषाम् ।
निवारयामास समस्तभाषाः
स योगिराजप्रतिलब्धविद्यः ॥२२॥

स्वामीजी से विद्या पढ़ कर महाराणा सज्जनसिंहजी ने रियासत के समस्त न्यायविभागों में देवनागरी का प्रचार किया और बहुत से अरबी के शब्दों का स्वामीजी से संस्कृत में अनुवाद कराया ॥ २२ ॥

मुनिप्रदिष्टां मनुदण्डनीतिं
समस्तराज्येपि निवेशयित्वा ।
स भूपवर्यो निजराज्यभाजां
कृते तु कल्पद्रुरिवाभवत्किम् ॥२३॥

स्वामीजी से महाराणा ने मनुस्मृति के दण्ड-प्रकरण को अच्छे प्रकार देख कर और विचार कर उसी के अनुसार रियासत में दण्ड देना आरम्भ किया। इसी से महाराणाजी अपनी रियासत के लिए एक प्रकार के कल्पवृक्ष बन गये ॥ २३ ॥

प्रसङ्गतश्चारणपाठशालां
निरीक्ष्य विद्यार्थिगणान्परीक्ष्य ।

मुदा दयानन्दयतीश्वरस्तां
ददौ स मूर्तां करुणामिवाज्ञाम् ॥२४॥

यहाँ पर एक चारण-पाठशाला थी जिसमें पचास विद्यार्थी पढते थे। स्वामीजी ने एक दिन उनकी परीक्षा ली और कई आवश्यक बाते बता कर सस्कृत पढने की आज्ञा दी और उनकी योग्यता से प्रसन्न होकर एक दिन उनको भोजन भी कराया ॥ २४ ॥

विविच्य विश्वव्यवसायविद्यां
मनोनुकूलान्यपि चेष्टितानि ।
मुनिः प्रकामं स्वगतं समस्तं
विचार्य्य पश्चादवदन्महीपम् ॥२५॥

ससार भर में आनन्द देनेवाली अनेक प्रकार की विद्याओ का विवेचन करके महाराणा सज्जनसिह के उद्यमो को अपने अनुकूल देख कर स्वामीजी ने पहले कुछ विचारा और फिर महाराणाजी से कहा ॥ २५ ॥

यदुच्यते सज्जनसिंह राजन्
मया पुरस्तात्तव देशवृद्ध्यै ।
विनीतभावेन तदेकमत्या
निपीयतामद्य विधेर्निदेशात् ॥२६॥

हे राजन् ! आपके देश की उन्नति के लिए जिस प्रस्ताव को आपके समक्ष मे प्रस्तुत करता हूँ उसको विनीत-भाव से एकाग्र चित्त होकर सुनिए। ऐसी बाते न सर्वदा कही जा सकती हैं और न सुनी ही जा सकती हैं ॥ २६ ॥

अभावतः सद्भिषजां भवन्ति
मनुष्यमात्रेपि नवीनरोगाः ।
तएव वृद्धिं प्रगता नयन्ति
यशोवशेषं मनुजाननन्तान् ॥२७॥

सच्चे वैद्यों के अभाव से भारतवर्ष में अनेक प्रकार के रोग नवीन नवीन रूप से मनुष्यों में प्रादुर्भूत होते हैं और वहीं रोग वृद्धि को प्राप्त होकर अनेक भद्र-जनों को संसार में नामावशिष्ट कर देते हैं ॥ २७ ॥

विदेशवैद्यादरणान्न रोगाः
प्रयान्ति नाशं शतशोऽपि दृष्टाः ।
स्वदेशभाजां मनुजेश्वराणां
निवासपानाशनवानभेदैः ॥२८॥

विदेश में पैदा हुए वैद्यों के आदर से ये रोग सैकड़ों बार शान्ति रूप में आकर भी, इस देश में पैदा होने वाले महाराजा के स्थान, भोजन जल, वायु के भिन्न होने से शान्ति (नाश) को प्राप्त नहीं होते ॥ २८ ॥

निसर्गतो भिन्नगुणस्वभाव-
कर्मानुबन्धव्यसनानुविद्धा ।
न भाति सा देशविशेषवास-
व्ययोपयुक्तौषधदानचर्चा ॥२९॥

स्वभाव ही से भिन्न भिन्न गुण कर्म स्वभाव वाली, अपने अपने देश के अनुकूल फल देनेवाली जो अनेक ओषधियों की व्यवस्था है वह इतर देश में पैदा हुए वैद्य कदापि समस्त देशों के लिए उपयोगी नहीं बना सकते ॥ २९ ॥

रसावलेहासवचूर्णपाक-
प्रयोगशून्याः किल ते कदापि ।
महर्षिनिर्दिष्टविधानतस्त-
द्विदन्ति नो योजनमौषधानाम् ॥३०॥

इस देश के लिए उत्तम फल देने वाले रस, अवलेह, आसव, चूर्ण, पाक, आदि औषधों के बनाने में वे इसलिए असमर्थ होते हैं कि वे ऋषियों के बनाये हुए प्रकार से, औषधों का प्रयोग करना ही नहीं जानते ॥ ३० ॥

परीक्षणं सद्धमनीगतीनां
न पाचनं रक्तरसादिभेदैः ।
विशोधनं तन्मलवीर्ययोश्च
न विद्यते तत्कृतपुस्तकेषु ॥३१॥

नाड़ियो की गति किस समय किस प्रकार की होती है, रक्त कितने दिनो में असली हालत पर आता है, रस कितने दिनो में बनता है, वीर्य के गुण दोष कितने प्रकार के होते हैं, मल का शोधन किस प्रकार करना होता है यह सब बात उनके ग्रन्थों में नहीं है ॥ ३१ ॥

न कालविज्ञानमतिप्रशस्तं
न रोगनिर्णायकदेशसाम्यम् ।
न रोमकूपान्तरभावएव
समेति तेषां हृदये निसर्गात् ॥३२॥

न अच्छे प्रकार उनको काल का ज्ञान होता है, न रोग की परीक्षा के लिए देश काल का उनको ज्ञान होता है । रोमो के अदर किस किस प्रकार के सकोच विकाश होते हैं ये बातें उनके हृदयो में अच्छी तरह उत्पन्न नहीं होती ॥ ३२ ॥

अतो विधेयो भिषजां प्रसादः
स्वदेशभाजां मनुजैः सदैव ।
भवन्ति ये सच्चरकप्रवीणा-
स्तथा जगद्विश्रुतसुश्रुतज्ञाः ॥३३॥

इसलिए जहाँ तक होसके रोग होने पर अपने देश के वैद्यों से चिकित्सा करानी चाहिए जो भले प्रकार वेद का उपवेद आयुर्वेद जानते हो, और चरक तथा सुश्रुत में प्रवीण हों ॥ ३३ ॥

भवेदभावो भिषजां यदात्र
विधाय तद्वाशु सुपाठशालाः ।

नियोजनीया भिषजांवरिष्ठाः

समस्तलोकाध्ययनाय तासु ॥३४॥

यदि योग्य वद्यो का यहाँ पर अभाव हो तो एक वैद्यविश्वविद्यालय बनवाया जाय। उसमे अनुभवी वैद्यो का पढ़ाने के लिए रख कर नवीन नवीन कलाओं के जाननेवाले वैद्य तैयार करने चाहिएँ ॥ ३४ ॥

इति प्रसादोदयमञ्जुलाङ्गीं

गिरं वदत्यानतभूपमध्ये ।

धनोदयोपि प्रबभूव तत्र

तदीयसम्प्रोक्तविधानहेतोः ॥३५॥

इस प्रकार अपने देश की भलाई के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने पर समस्त सरदारो ने आपकी बात का अनुमोदन किया और उसके लिए द्रव्य इकट्ठा करने का उपाय भी सोचा गया ॥ ३५ ॥

यदीह जीवेत्स महानुभावो-

दशाब्दमात्रं पुनरप्युदारः ।

समस्तभावेन भवेदवश्यं

तदेतदारात्परमेप मन्त्रे ॥३६॥

यदि इस भारतवर्ष में महाराणा सज्जनसिंहजी और योगिराज स्वामीजी कुछ दिन और जीते रहते तो यह काम अच्छे प्रकार सिद्ध हो जाता, परन्तु देश के दुर्भाग्य से ये दोनों परोपकारी अधिक न जी सके ॥ ३६ ॥

मनोभिलाषो मनसि प्रलीनो-

महामुनेरत्र विचारितेर्थे ।

न सिद्धिमाप्नोति कदाप्यभीष्टं

महेश्वरेच्छाविपरीतमेषाम् ॥३७॥

ऋषिदयानन्द की यह आन्तरिक अभिलाषा मन मे उठ कर मन ही मे समाप्त हो गई। ठीक भी है, जिस कार्य म ईश्वर की कृपादृष्टि नहीं होती, वह कार्य कदापि पूर्णता को प्राप्त नहीं होता ॥ ३७ ॥

मनस्यभूदस्य मुनेः प्रशस्ते
भवेद्विशाला किल वैद्यशाला।
समस्तसामन्तधनव्ययेन
भुवस्तलालङ्करणप्रधाना ॥३८॥

स्वामीजी के मन मे यह उत्कट इच्छा थी कि इस आर्यावर्त मे समस्त राजा महाराजाओ की ओर से एक वैद्यविश्वविद्यालय (युनीवर्सिटी) बने, जो इस देश के लिए भूषण के समान हो ॥ ३८ ॥

समस्तलोकेऽपि तदेकशाला
विनिःसृताः सद्भिषजांवरिष्ठाः।
महौषधैर्व्याधिविनाशनेन
गतामयङ्कुर्युरिमं स्वदेशम् ॥३९॥

उस विश्वविद्यालय मे पढे हुए वैद्यराज इस देश के अनेक प्रान्तों में भ्रमण करे और अपने अमृतरूपी औषधो से मनुष्यो का इलाज करके देश मात्र को नीरोग बनावे ॥ ३९ ॥

न कर्हिचित्सिद्धिमुपैति साध्यं
जनैरनेकैरपि यत्प्रदिष्टम्।
सुखेन सिद्धिं समुपैति लोके
यदीप्सितं तस्य जगद्विधातुः ॥४०॥

अनेक पुरुषों द्वारा निश्चय किया हुआ भी कार्य परमात्मा की इच्छा न होने पर सिद्ध नहीं होता, और जो कार्य परमेश्वर को अभीष्ट होता है वह बिना किसी के सहारे भी सिद्ध हो जाता है ॥ ४० ॥

मृतेः परं यानि भवन्ति लोके
बहूनि चिह्नानि जनैर्मतानि ।
न तानि साधूनि जनोत्तमाना-
मिति प्रशस्तं स मुनिर्जगाद ॥४१॥

इस प्रकार स्वामीजी महाराज महाराणाजी से बात चीत करते रहे । प्रसङ्ग आने पर स्वामीजी ने यह भी कहा कि मरने के पश्चात् समाधि या और कोई चिह्न बनवाना मनुष्यो की बडी भूल है ॥ ४१ ॥

प्रसङ्गतः श्रीकविराजनामा
बभाण योगीन्द्रमिमं तदर्थे ।
परं न देवः प्रददौ प्रशस्तां
स्वसम्मतिं तत्र ततो न साभूत् ॥४२॥

इसी अवसर में कविराज श्यामलदासजी मरने के बाद अपनी समाधि बनवा देने को आपसे पूछने आये । आपने उनसे कहा कि देखना, कविराज जी ! ऐसा काम कभी भूल कर भी मत करना ॥ ४२ ॥

समावदत्तं करुणापयोधि-
र्भुवस्तले कृत्यमिदं करोति ।
जडप्रतिष्ठां मनुजेषु तस्मात्
कदापि नेदं भवता विधेयम् ॥४३॥

इसी प्रकार का काम ससार में जड पूजा की प्रथा चलानेवाला होता है इसलिए बुद्धिमानो को चाहिए कि कभी किसी को ऐसे काम करने की आज्ञा न दे और न स्वय करे ॥ ४३ ॥

ममापि नाशात्परतो भवद्भि-
र्निपातनीयानि कृषिप्रधाने ।
ममास्थिखण्डानि वनप्रदेशे
यतो न नामापि ममात्र भूयात् ॥४४॥

मेरे मरने के पश्चात् मेरी अस्थियो को किसी खेत में डाल देना जिससे जगत् में मेरा नाम और पन्थायियो के सा न रह जावे। मेरी समाधि या मेरे नाम का और कोई चिह्न कदापि न बनवाना ॥ ४४ ॥

कदापि नेदं करणीयमार्य्यैः
कृपां विधायोपरि मे विशालाम् ।
भवेयमेवं करणेन लोके
जडानुरागप्रथनापरोहम् ॥४५॥

मेरे ऊपर अपनी महती कृपा रख कर मेरे मरने के बाद इन बाते का स्मरण तक न करना, नही ता मै भी इस ससार में जड पूजा का चलानेवाला समझा जाऊँगा ॥ ४५ ॥

भवत्यनेनैव जनेषु लोके
स मूर्तिपूजाप्रसरः क्रमेण ।
परम्पराभावमयं प्रयाति
मतानुवादः किल मूढबुद्धौ ॥४६॥

इस प्रकार किये हुए काम ही धीरे धीरे मूर्ति पूजा के चलानेवाले बन जाते हैं और परम्परा से मूर्ख पुरुषो की बुद्धि में मत के निमित्त हो जाते हैं। इन्हीं को फिर मूढ पुरुष कल्याण का मार्ग समझने लगते हैं ॥ ४६ ॥

विनाशनार्थं जगतीतलेहं
जनिं गतो यस्य पथस्य दैवात् ।
स एव चैवङ्करणेन लोके
प्रतिष्ठितः स्थास्यति मन्निमित्तात् ॥४७॥

जिस जड पूजा की जड उखाडने के लिए मैं ससार में उत्पन्न हुआ हूँ, उसी जड-पूजा का किसी प्रकार के चिह्न छोडने पर प्रवर्तक बन जाऊँगा और मेरे निमित्त से यह मार्ग और भी पुष्ट हो जायगा ॥ ४७ ॥

---

१ पथ —पु० शब्दस्तोमे द्रष्टव्य ।

यएव तन्मार्गविभञ्जक: स्यात्
प्रवर्तकस्तस्य कथ स भूयात् ।
स्वभावतो विश्वतले विरुद्ध-
प्रवर्तकत्व न कदापि सिद्धम् ॥४८॥

जो पुरुष जिस मार्ग का विनाश करनेवाला समझा जाता है वह पुरुष उस मार्ग के बढाने का कारण नहीं बन सकता । यह बात ससार मे प्रसिद्ध है कि दो विरुद्ध बात एक पुरुष मे नहीं रहती ॥ ४८ ॥

न मे मतिर्वाञ्छति मन्निमित्त
यशोविशेषादपरं किंचन ।
किमप्यभावान्मम नामभृत
विरुद्धमेतन्मम सर्वथैव ॥४९॥

इतना कह कर आपने फिर भी बडे जोर के साथ कहा कि मै नहीं चाहता हूँ कि मेरे मरने के बाद मेरा कोई भी स्मारक ससार में स्थिर किया जावे । मेरे मन्तव्य से यह बात सर्वथा विरुद्ध है ॥ ४९ ॥

इति ब्रुवत्येव यतीश्वरे ते
समागता भूपतयः प्रसिद्धाः ।
निरीक्ष्य यानेष महानुभावो-
जगाद तेषा पुरतो यथार्हम् ॥५०॥

इतना कहते ही आपके पास महाराजा जोधपुर, महाराजा शाहपुरा, महाराजा भीलवाडा आदि कई राजा लोग उपस्थित हुए, जिनको देख कर आपने इस प्रकार कहना आरम्भ किया ॥ ५० ॥

मनुस्मृतावित्थमिदं प्रशस्तं
निरीक्ष्यते चेदधिपो जगत्याः ।
परोप्यथो न्यायपरो जनो वा
निवोधयेत्तत्सकलं विधेयम् ॥५१॥

मनुस्मृति मे यह स्पष्ट रीति से लिखा हुआ है कि' यदि कोई राजा अथवा अन्य कोई अधिकारी पुरुष धर्मानुसार कुछ आज्ञा करे तो उस आज्ञा का सबको पालन करना चाहिए ॥ ५१ ॥

यदि ब्रुवीताधिपएव दुष्टं
तथापरो वा न कदापि तस्य ।
वचो विधेयं मनुजैरितीदं
मनुस्मृतावेव निरीक्ष्यणीयम् ॥५२॥

यदि कोई स्वामी किसी कारणवश अपने आदमियो से अधर्म का काम कराना चाहे तो उसे कदापि नहीं करना चाहिए। यह भी आज्ञा मनुस्मृति मे ही दी हुई है ॥ ५२ ॥

इति ब्रुवाणं यमिनामधीशं
जगाद कश्चिद्यदि देव कश्चित् ।
महीश्वरो भिन्नमतानुवादै-
र्विवासयेत्तर्हि किमत्र कार्य्यम् ॥५३॥

आपके इतना कहने पर ठाकुर मनोहरसिंहजी रईस सरदारगढ ने कहा कि यदि कोई राजा किसी को अपने से विरुद्ध जान कर देश से निकाल दे, तो क्या करना उचित है ॥ ५३ ॥

स्वयं प्रदत्तां धरणीं स्वयं यो-
मतस्य वैरुध्यवशान्नरेशः ।
पुनर्यदीच्छेद्बलवान्ग्रहीतुं
तदापि किं कार्यमितीह वाच्यम् ॥५४॥

श्रौर भी सुनिए, जो राजा स्वय दी हुई जागीर को अपनी आज्ञा का पालन न करता देख कर प्रजा से फिर वापिस ले ले तब क्या करना चाहिए ? ये महाराणा साहब हमारे प्रभु हैं। यदि हम इनकी आज्ञा न माने तो जागीर न रहे ॥ ५४ ॥

यतीश्वरोऽदः श्रवणीयमेवं
निपीय तं प्राह यदि स्वधर्मे ।
स्थितस्य भिक्षोपगमेन वृत्ति-
र्भवेद् भवेत्सापि भवेत्प्रशस्ता ॥५५॥

इस प्रकार सङ्केत (इशारे) से कही हुई ठाकुर साहब की बात को अच्छे प्रकार सुन कर स्वामीजी बोले—अपने धर्म में आरूढ होकर, भिक्षा से भी मनुष्य निर्वाह कर ले तो बहुत उत्तम है ॥ ५५ ॥

अधर्ममार्गोपगतौ समन्ता-
द्यदीन्द्रभोगोपि जनानुपेयात् ।
तदापि तस्मिन्न पदं निधेयं
स्वधर्मरक्षाकृतपक्षपातैः ॥५६॥

अधर्म मार्ग में चलने से यदि मनुष्य को इन्द्र भोग की भी प्राप्ति हो जाय तो उसे कदापि स्वीकार नहीं करना चाहिए । धर्म ही संसार में एक जीवन है । उसका बिगडना मरने का द्वार है ॥ ५६ ॥

वरं विदेशेषु विशेषवासो-
वरं धनाभाववशेन भिक्षा ।
परं स्वधर्माचरणादधर्मे
वरं न पादार्पणमार्यजातेः ॥५७॥

अपने स्थान से निकल कर परदेश में निवास करना अच्छा, धन के पास न रहने पर भिक्षा माँग कर निर्वाह करना अच्छा, परन्तु धर्म से हट कर अधर्म पर कदम रखना आर्यजाति के लिए अच्छा नहीं ॥ ५७ ॥

इति प्रशस्तं निगदत्यधीशे
मुनौ समस्तापि महर्षिगोष्ठी ।
चकार तेनैव सहानुभूतिं
महर्षिणा साकमथो जगाम ॥५८॥

इस प्रकार आपके कहने पर समस्त महाराजे आपके साथ सहानुभूति प्रकट करते हुए, आपके विश्वास की प्रशंसा करने लगे और अन्त मे चरण छू कर अपने अपने नगरो को चले गये ॥ ५८ ॥

यतीश्वरोप्यध्ययनाय पार्श्वे
समागतान्मोहनलालमुख्यान् ।
निबोधयामास निजानुमत्या
समस्तमङ्गादिकमल्पकालम् ॥५६॥

उनके जाने पर स्वामीजी भी मोहनलाल, जगन्नाथसिंह, ब्रजनाथ, रामप्रसाद, कर्माश्रय आदि कई शिष्यो को अपनी इच्छानुसार कुछ वेदाङ्ग पढाते रहे और सदुपदेश भी दिया करते थे ॥ ५९ ॥

जगाद चैतन्यदिगानवाञ्छा
भवेत्तदा सामपदप्रगीतिः ।
सुखं विधेया परमात्मलब्धा
न कर्हिचिद्वारबधूभिरुक्ता ॥६०॥

एक दिन आपने उपदेश देते समय अपने शिष्य वर्गो से कहा कि जब कभी गाना सुनने या गाने की रुचि हो तो, स्वर-पूर्वक वेदो का गाना सुनना चाहिए। विषय वर्धक गान कदापि न सुनना न गाना चाहिए ॥ ६० ॥

शुनीसमानाः किल वारयोषाः
कदापि सेव्या न महीपवर्यैः ।
यतः प्रसङ्गाद्भवतीहलोके
विनिन्दना व्यर्थधनव्ययश्च ॥६१॥

राजाओ को चाहिए कि आप सिंह समान होकर कुतियो के समान वेश्याओ से कदापि न मिलें। अपने अनुरूप (योग्य) वीराङ्गनाओं से सम्बन्ध करे, जिससे न लोक मे निन्दा हो, न द्रव्य का व्यर्थ व्यय हो ॥ ६१ ॥

ज्ञाते स्वधर्मानुमतिं ददाने
मुनौ जनाः केऽपि समागतास्तम् ।
महर्षिपूज्यं परितो निविष्टा
ययाचिरे किञ्चिदृदो वदन्तः ॥६२॥

इस प्रकार धार्मिक शिक्षा देते हुए आपके पास आकर कुछ रियासत के जमीन्दारों ने आपसे निवेदन किया और गद्गद होकर इस प्रकार कहने लगे ॥ ६२ ॥

परोपकारव्रतराजयोगे
नियन्त्रिताना यदि नो विमुक्तिम् ।
भवान्विदध्यात्कथनेन नर्हि
महत्फलं स्यादिदमेव वाच्यम् ॥६३॥

हे महाराज ! हमारा एक अभियोग (मुकद्दमा) महाराणाजी के यहाँ लगा हुआ है उसमें आप महाराणाजी से कह कर न्याय करा दीजिए । हम लोग आपके बहुत ही कृतज्ञ (अहसानमन्द) होंगे ॥ ६३ ॥

इति ब्रुवाणानधमान्नयज्ञो-
विचार्य तेषां कपटप्रयोगम् ।
स्वराजदन्तद्युतिभिः समन्ता-
त्कृतप्रकाशो मुनिरेवमाह ॥६४॥

इस प्रकार उन जमींदारों की कपट कूट बात सुन कर मानो अपने राज दन्तों की प्रभा से उनके हृदयगत अन्धकार को मिटाते हुए आप सबके समक्ष इस प्रकार कहने लगे—॥ ६४ ॥

न धर्म एषः किल मद्विधानां
भवानुविद्धेषु मतेषु बन्धः ।

अतो यथेच्छं धरणीप एव
करोतु वा मा कुरुतात्प्रसादम् ॥६५॥

मुझ जैसे सन्यासियो का सासारिक बाते मे हस्तक्षेप करना सर्वथा पाप है। इसलिए आपके कार्यों मे महाराजा साहब अनुग्रह करे या आप लोगो का निग्रह करे मुझे कुछ प्रयोजन नहीं ॥ ६५ ॥

न मध्यमेत्याहमिदं कुकृत्यं
भवन्नियोगानुगतं विरुद्धम् ।
स्ववेषवासाश्रमधर्मकार्यैः
कदापि कर्तुं प्रयतो भविष्ये ॥६६॥

मेरा आप लोगो के बीच में पड कर महाराणा सज्जनसिहजी से कुछ कहना अपने वेष (लिबास) और आश्रम तथा धर्म से विरुद्ध है। इसलिए आप लोगो का कहना मैं कदापि न मानूँगा ॥ ६६ ॥

इतीदमाकर्ण्य गतेषु लोके-
ष्वनन्तरं सज्जनसिंहनामा ।
मुनीश्वरं नम्रतया रहस्ये
परीक्षणेच्छावशतो बभाषे ॥६७॥

आपका इतना कथन सुन कर उनके चले जाने पर महाराणा सज्जन-सिहजी आपके समीप आये और आपकी मशा लेने के लिए नम्र होकर एकान्त मे इस प्रकार कहने लगे ॥ ६७ ॥

महामुने खण्डनमत्र लोके
विहाय धीमान्यदि सर्वथैव ।
पुराणपक्षस्य महोपदेशै-
र्भवान्विदध्यात्सकलं वरं स्यात् ॥६८॥

हे महर्ष ! यदि आप देशकालोचित मूर्तिपूजा का खण्डन सर्वथा छोड़ कर संसार में काम करें तो आपके साथ सबकी सहानुभूति हो जाय और आपका कार्य भी अच्छे प्रकार चलने लगे ॥ ६८ ॥

इदन्तु जानन्ति भवन्तएव
स्वयं मदीया बहुराज्यभूमिः ।
सदैकलिङ्गेश्वरदत्तचित्तैः
कृता तदर्थे ममपूर्वजाग्र्यैः ॥६६॥

यह तो आप स्वयं ही जानते हैं कि यह मेरी रियासत पहले ही से एक लिङ्गेश्वर महादेव के अधीन चली आती है और मेरे पूर्वजों ने उसी के अर्पण कर दी है ॥ ६९ ॥

समस्तमेतन्मम राज्यमद्य
मनीषितश्चेत्क्रियतां भवद्भिः ।
प्रधानभावेन वयन्तु सर्वे
तवैव सेवार्थमुपस्थिताः स्मः ॥७०॥

यदि आप चाहें तो मेरा समस्त राज्य, जोकि एकलिङ्गेश्वर महादेव के अधीन है ले लीजिए और उसके राजा बनिए । हम तो केवल आपके चरण-सेवक हैं । आपकी सेवा करते रहेंगे ॥ ७० ॥

भविष्यति प्राप्तिरपि प्रकामं
महाधिपत्यस्य तदन्वयेन ।
बहूनि राजोचितसाधनानि
समागमिष्यन्ति भवत्समीपे ॥७१॥

यदि आप चाहें तो केवल इस मन्दिर के ही महन्त बन सकते हैं और लाखों रुपयों की सम्पत्ति पर आपका अधिकार भी हो सकता है । जो आपकी रुचि हो वह लीजिए और खण्डन करना छोड़ दीजिए ॥ ७१ ॥

इति श्रुताभाषणतारतम्यः
स योगिराजोऽपि रुषा समेतः ।

जगाद राजानमिदं प्रकाशं
शृणुष्व भो सज्जनसिंहवर्म्मन्! ॥७२॥

इस प्रकार महाराणा सज्जनसिंहजी की बाते सुन कर आप अत्यन्त क्रोध में भर गये। आपको फटकार कर स्वामीजी बडे जोर से यो कहने लगे जो निम्न लिखित रूप में वर्णन किया गया है ॥ ७२ ॥

प्रलोभनैस्त्वं मम भोगवाञ्छां
निवेश्य चित्ते परमेश्वरस्य।
विधेरवज्ञाकरणे किमर्थ
प्रवर्तसे मा वद वाक्यमीदृक् ॥७३॥

महाराणाजी! आप मुझे लालच देकर उस सर्वशक्तिमान् जगदीश्वर की अवज्ञा करने पर उद्यत करना चाहते हैं ॥ ७३ ॥

इमानि ते सुन्दरमन्दिराणि
तथातिलघ्वी किल राज्यभूमिः।
कदापि नो मे परमेश्वराज्ञा-
विलङ्घने दास्यति साहसानि ॥७४॥

ये आपके मन्दिर और यह छोटीसी रियासत मुझे किसी दशा में उस परमेश्वर की आज्ञा के विरुद्ध नहीं कर सकते ॥ ७४ ॥

जवेन चेद्धावनमद्य कुर्या
तवात्र भूमौ सकलं तदैव।
निवृत्तिमेष्यत्यधुनैव राज्यं
यदर्थमेवं वदसि क्षितीश ॥७५॥

यदि मैं इस समय जोर से भागना आरम्भ करूँ तो एक ही दौड में आपके राज्य के बाहर निकल सकता हूँ, जिसका मुझे आप लोभ देते हैं ॥७५॥

निसर्गतो. कोपि कदापि यस्य
न गन्तुर्माष्टं परमेश्वरस्य ।
कथं तदुद्देश्यमहं विहाय
व्रजामि राज्याद्वद दूरदेशम् ॥७६॥

जिस परमेश्वर के राज्य से कोई भी पुरुष बाहर नहीं जा सकता उसकी आज्ञा को छोड कर मै किस प्रकार आपका कहना मानूँ ॥ ७६ ॥

कदापि नाहं परमेश्वरं तं
विहाय वेदानुगतिश्च लोके ।
नवीनमार्गानुगतो यतिष्ये
विनिश्चयोयं परमो मदीयः ॥७७॥

आप निश्चय रखिए, मै कभी परमात्मा और वेदो की आज्ञा के विरुद्ध कोई काम नहीं कर सकता। यह मेरा परम निश्चय है ॥ ७७ ॥

इति प्रकामं मुनिनायकेन
निपीय सम्भाषितमादरेण ।
वचः सलज्जश्चकितोतिनम्रः
क्षमाभिकाङ्क्षी समभून्महीपः ॥७८॥

इस प्रकार आपका वचन सुनकर महाराणा सज्जनसिंहजी अपने मन में चकित और लज्जित हुए और नम्र होकर क्षमा माँगने लगे ॥ ७८ ॥

अनन्तरं तत्र परोपकारिणी
निवेशिता कापि सभा यतीश्वरैः ।
बभूव यस्यां कविराजउत्तमः
सुखेन मन्त्रित्वपदे निवेशितः ॥७९॥

अन्त में यहाँ पर एक स्वामीजी ने परोपकारिणी नामक सभा स्थापित की जिसमें महाराणा उदयपुर प्रधान और कविराज श्यामलदासजी मन्त्री हुए। इसका विवरण अग्रिम सर्ग में विस्तर से किया गया है ॥ ७९ ॥

इति प्रसन्नताङ्कितो मुनीश्वरः प्रकामतो-
निवेश्य तत्र मानसे बभूव हर्षनिर्भरः ।
परोपकारिणीं सभां भवन्ति के न भूतले
परोपकारकारिणो जनाः प्रसादपूरिताः ॥८०॥

इस प्रकार स्वामीजी अनेक राजा महाराजाओं के मध्य में इस सभा का स्थापन कर मन मे अति प्रसन्न हुए। ठीक भी है, परोपकारी जन परोपकारिणी सभा के स्थापन होने से क्योंकर आनन्दित न हो ॥ ८० ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
परोपकारिणीपरिषद्विन्यसन नाम पञ्चदश सर्ग ।

षोडशः सर्गः

श्रीमानिहान्तिमदलं नियमप्रबन्धै-
रावद्धमेकमभिलिख्य तदैव काले ।
राजाधिराजकृतशासनरीतियोगैः
पूर्णं विधाय समभूद्गतभार एव ॥१॥

ऋषि दयानन्द ने इसी उदयपुर में अपना अन्तिम शिक्षा-पत्र (वसीयतनामा) लिख कर और उसी समय उसकी रजिष्टरी करा कर अपने अवशिष्ट जीवन को हलका बना लिया ॥ १ ॥

यस्यानुवाद इह सर्वनिरीक्षणाय
देशोन्नतिप्रणिहितान्तरवासनेन ।
प्रत्यक्षर समभिलिख्यत इत्यवेक्ष्य
सर्वे जनास्तदनुकूलमिहापि कुर्युः ॥२॥

सर्व साधारण के अवलोकनार्थ उस शिक्षा पत्र का अविकल अनुवाद आज मैं यहाँ पर वर्णन करता हूँ ताकि इसी की देखा देखी और सज्जन गण भी अपने जीवन में करें ॥ २ ॥

लोकप्रसिद्धमिदमस्ति जनाः पुरस्ता-
द्गच्छन्तमेव नितरामनुयान्ति तस्मात् ।
सर्वोपकारकरणे कृतनिश्चयस्य
सन्दर्श्यतेऽन्तिमदलं मयका महर्षेः ॥३॥

ससार में बहुत से पुरुष इस प्रकार के हुआ करते हैं कि वह देखादेखी एक पुरुष को आगे जाता देख कर उसके पीछे ही चले जाते हैं इसलिए सर्वोपकारी ऋषि दयानन्द का आज मैं शिक्षा पत्र दिखाना चाहता हूँ ॥३॥

नीचैः प्रदिष्टमहनीयतमाभिधेया-
न्नीचैः स्थितेन नियमेन निबन्धयित्वा ।
वस्त्रादिकं निजपरिश्रमलब्धमद्य
सर्वं परोपकृतये मनसा ददामि ॥४॥

मैं स्वामी दयानन्द सरस्वती निम्न लिखित तेईस सज्जनो को निम्न लिखित नियमो के अनुसार नियन्त्रित करके वस्त्र, पुस्तक, धन और यन्त्रालय आदि अपने सर्वस्व का अधिकार देता हूँ ॥ ४ ॥

अध्यक्षतामुपगताः किल ते मदीयं
सर्वस्वमप्युपकृतिप्रवणाः सदैव ।
वेदोदितेषु सकलेष्वपि साधनेषु
संयोजयन्तु मयि जीवति वा मृते वा ॥५॥

अध्यक्षता (मालिकपन) को प्राप्त हुए वे तेईस आर्य पुरुष परोपकार और सुकार्य में मेरे सर्वस्व को लगा दे । यह अधिकार उनको मेरे मरने तथा जीने पर भी रहेगा ॥ ५ ॥

एवं विलिख्य किल शीर्षकलेखमादौ
पश्चाद्विधाय च शिवामभिधां सभायाः ।
ये ये महाशयवरा नियमे नियुक्ता-
स्तानेव सम्प्रति रसादिह वर्णयामि ॥६॥

इस प्रकार सबसे प्रथम आरम्भिक शीर्षक लेख लिख कर पत्र में सभा का नाम परोपकारिणी रख के जिन तेईस महाशयो को अधिकारी बनाया, अब मैं उनका वर्णन करता हूँ ॥ ६ ॥

संसारमात्रसरसीगतनव्यभव्य-
नानाशुभार्यजनपद्मविकासहेतुः ।

यस्यां सभापतिपदेनुमतो मुनीन्द्रै-
रग्रेसराभ इव सज्जनसिंहवर्म्मा ॥७॥

संसार रूप समुद्र में उत्पन्न हुए जितने आर्यकुल-कमल हैं उनके खिलाने के लिए सूर्य्य समान श्रीमन्महाराजाधिराज महीमहेन्द्र महाराणा "सज्जनसिंहजी" उदयपुराधीश जी सी एस आई राज मेवाड़ इस सभा के सभापति हुए ॥ ७ ॥

दैवात्प्रधानपदवीमधिगत्य येन
पुर्य्यां लवस्य पुनरत्र महर्षिपत्रे ।
भाग्योदयादुपसभापतिनापि लब्धा
वेविद्यते स किल सम्प्रति मूलराजः ॥८॥

जिन्होंने पहले लाहौर के आर्यसमाज में प्रधान पद प्राप्त किया था वह लाला "मूलराज" असिस्टेन्ट कमिश्नर इस सभा के उपसभापति नियत हुए ॥ ८ ॥

किं वर्णयामि किल तस्य दलस्य वृत्तं
यस्मिन्नहो महति मन्त्रिपदे नियुक्ताः ।
"श्रीश्यामदासकविराज"वराः प्रकामं
भाग्योदयादुदयपत्तनएव जाता. ॥९॥

इस शिक्षा-पत्र का मैं कहाँ तक सौभाग्य वर्णन करूं जिसमें उदयपुर के ही वास कर रहनेवाले श्रीयुत कविराज 'श्यामलदासजी" ही उत्तम मन्त्री के पद पर नियत किये गये ॥ ९ ॥

लब्ध्वापि येन सयराष्ट्रपुरे नवीनां
भाग्येन भव्यपदवीमुपसर्गशून्या ।

---

१ यत्रान्यक्रियापदं नास्ति तत्रास्तिर्भवन्तीपरः प्रथमपुरुषो युज्यत इतिभाष्यम् ।

मन्त्रीत्यलम्भि पदवी विदुषांप्रसादा-
दस्मिन्स रामशरणोदिवमारुरोह ॥१०॥

जिन्होने मेरठ के आर्यसमाज में पहले उपप्रधान पदवी को प्राप्त किया, वे लाला "रामशरणदासजी" रईस इस सभा में दूसरे मन्त्री नियत किये गये ॥ १० ॥

आपज्जनिं दिनमणेः शमनस्य यासी-
देकोदरी भगवती यमुनामुनापि ।
तत्तीरजेन किल मोहनलालनाम्ना
दिव्योपमन्त्रिपदवी रभसादलम्भि ॥११॥

जिनका जन्मस्थान यमुना के तट पर बसे हुए मथुरा नगर में था, और आज कल जो उदयपुर मे आकर रहने लगे है वे पण्ड्या "मोहनलालजी" इस सभा के उपमन्त्री बनाये गये ॥ ११ ॥

यत्सभ्यमण्डलमलङ्कुरुते नितान्त
मूर्धाभिषिक्तकुलमौक्तिकतामुपेतः ।
शौर्येण धैर्यपरिधारणतश्च लोके
राजाधिराजइव नाहरसिंहवर्म्मा ॥१२॥

क्षत्रिय वंश के भूषण, राजोचित अनेक गुणों के अद्वितीय आधार, सिंह के समान शूरवीर, श्रीमन्महाराजाधिराज "नाहरसिंहजी" शाहपुराधीश सबसे प्रथम सभासदों में नियत किये गये ॥ १२ ॥

सर्वाधिपत्यमधिगत्य बलेन येन
पट्टाभिषेकसमये समलम्भि सत्यम् ।
तत्पट्टवर्धनपदं गुणपारवश्या-
दस्मिन्स सभ्यपदमाप विचित्रपत्रे ॥१३॥

राजसिंहासन पर पदार्पण करते समय जिन्होने वास्तव में अपने नाम को सफल बनाया वेह "तखतसिंहजी" वेदले राजमेवाड इस सभा के सभासदो मे दूसरे अङ्क पर नियत किये गये ॥ १३ ॥

यन्नामवर्णगणएव जयं ब्रवीति
यश्चाधिपत्यमपि दर्शयते मनुष्यान् ।
येनादरादिव कृतार्थ्यमते मनीषा
भूमण्डले विजयते स महोदयोपि ॥१४॥

शत्रुओ के बीच मे जिन्होने अपने बल से विजय (फतह) प्राप्त कर उन पर अपना अधिकार जमाया, तथा आर्यसमाज मे भी जिन्होने अधिक यश प्राप्त किया वे "फतहसिंहजी" भीलवाडा तीसरे सभासद् बने ॥ १४ ॥

येनार्जुनोपि यशसा वपुषा बलेन
मन्दीकृतः सकलवैरिजनप्रहर्ता ।
नेत्राम्बुभिः स्नपितवैरिबधूकपोलः
सोयं गुणेन महितोऽर्जुनसिंहवर्म्मा ॥१५॥

समस्त शत्रुओ का जीतनेवाला, वैरियो के वधूजनो का रुलानेवाला, अर्जुन भी जिन्होने अपने यश, बल और रूप से नीचे कर दिया वे आसीन्द के राजा "अर्जुनसिंहजी" इस सभा में चैाथे सभासद् बने ॥ १५ ॥

येनादृता गजगतिर्वपुषोगुरुत्वा-
दत्यन्तमञ्जुलपदार्पणतश्च लोके ।
दानी दमी विनयनीतिपरः स किं नो-
लोकान्तरे विजयते गजसिंहवर्म्मा ॥१६॥

शरीर की गुरुता (भारीपन) एवं मन्दगति से जिन्होने गज की गर्दन का अनुकरण कर लिया वे दानी, जितेन्द्रिय, विनीत, उदयपुर के "गजसिंहजी वर्म्मा" इस सभा के पाँचवे सभासद् बने ॥ १६ ॥

सन्दर्शिता सकलविश्वतलेपि येन
वीरस्वभावमहती घटना प्रकामम् ।
रम्याजतुन्दपुरगौरवरक्षणार्थे
सोयं महोदयबहादुरसिंहवर्म्मा ॥१७॥

जिन्होंने अपने नाम के अनुसार सारे देश में अपनी बहादुरी दिखादी वे मसूदा जिला अजमेर के " बहादुरसिह " इसके छठे सभासद् बने ॥१७॥

सौन्दर्य्यसञ्चयमलं प्रविधाय वेधा
यद्रूपनिर्मितिपरिश्रममाततान ।
विश्वाभिरामगुणगौरवगर्वखर्वः
सभ्येष्वभूदहह, "सुन्दरलालशर्म्मा" ॥१८॥

ससार भर की सुन्दरता को एकत्र करके विधाता ने जिनके बनाने का परिश्रम उठाया वह अत्यन्त सुन्दर गुण वाले राय बहादुर "पण्डित सुन्दरलाल जी" सुप्रेण्टेण्डेन्ट वर्कशाप अलीगढ इसके सातवे सभासद बने ॥ १८ ॥

येन स्वकर्मवशतो भुवनेतिलोला
लक्ष्मीः प्रबन्धविधिना भवने स्वकीये ।
दासीकृता चलति मन्थरभावतोद्य
लोकोत्तरः स "जयकृष्ण" पदाभिधानः ॥१९॥

जिन्होंने अपने प्रताप से अत्यन्त चञ्चल लक्ष्मी को भी अपने घर में बन्द कर दिया वे सी एस आई राजा जयकृष्णदास डिप्टीकलेकृर विजनौर वा मुरादाबाद इसके आठवे सभासद् बने ॥ १९ ॥

येन प्रतापवशतः प्रधने रिपूणा-
मस्त्राणि सुन्दरतया मदनोत्सवेषु ।
वस्त्राणि चापि न हठेन पृथक्कृतानि
"दुर्गाप्रसाद" इह सोपि समागतोभूत् ॥२०॥

जिन्होने अपने प्रताप से शत्रुओ के शस्त्र और अङ्गनाओ के वस्त्र बिना किसी परिश्रम के ही नीचे गिरा दिये वे सेठ " दुर्गाप्रसादजी " कोषाध्यक्ष आर्यसमाज फर्रुखाबाद इसके नवे सभासद् बने ॥ २० ॥

सर्वस्वदानपरतावशतोत्र येन
कीर्तिः समस्तमनुजेषु निवेशिताऽऽस्ते ।
लोकं पृणाधिकगुणो महनीयकर्मा
"नाथः स कोपि जगतां" वितान लक्ष्मीम् २१

अनेक बार आर्यसमाज के लिए अपना सर्वस्व देकर जिन्होने अपनी कीर्ति समस्त भद्रजनो के हृदयो में स्थापित की वे लोकोत्तर गुणशाली सेठ "जगन्नाथजी" रईस फर्रुखाबाद इसके दशवे सभासद् बने ॥ २१ ॥

येनार्जितापि पदवी महती समाज-
स्थानान्तरे निखिलगौरवधारणेन ।
नानाविधप्रतिनिधिप्रकटीकृतार्थः
"श्रेष्ठी स निर्भय"पदेन ततान शोभाम् २२

जिन्होने अपनी उदारता से फर्रुखाबाद के आर्यसमाज में प्रधान पदवी को प्राप्त किया वे सेठ ' निर्भयरामजी " विसाऊ, राजपूताना इस सभा में ग्यारहवे सभासद् बने ॥ २२ ॥

आविर्भवन्नवनवोदयकीर्तिवेगात्
प्रागल्भ्यमासवति यत्र गुणेन जाता ।
कालीपदेन घटना शुभनाम्नि पूर्वा-
पाश्चात्यभागघटना चरणेति वर्णैः ॥२३॥

नवीन कीर्ति के प्रताप से सुन्दरता को प्राप्त हुए जिन्होने फर्रुखाबाद के समाज मे मन्त्री पद को प्राप्त किया वे " लाला कालीचरणजी " इस सभा के सभ्यवृन्द में बारहवी सख्या को प्राप्त हुए ॥ २३ ॥

विच्छेदयन्भवसमुद्रसमुद्भवानि
जालानि मन्दमनुजैरनुसङ्गतानि ।

येनार्धनामघटना सफलीकृताभू-
दर्धानपश्यत जना इह तं पुमांसम् ॥२४॥

ससार के अनेक जालो के छेदन से जिन्होने अपने नाम का अर्धभाग सफल किया वे बाबू "छेदीलालजी" गुमास्ते कमसरियट, छावनी मुरार (ग्वालियर), इस सभा के तेरहवे सभासद् बने ॥ २४ ॥

लब्धं सुखेन किल येन पुरे लवस्य
मन्त्रित्वमार्य्यमनुजेषु गुणोत्तरेण ।
भाग्योदयाधिगतसुन्दरवर्णनामा
सोप्यत्र सभ्यगणनां बलवानुपागात् ॥२५॥

जिन्होंने लाहैार के आर्यसमाज मे पहले अपने भाग्य के वश मन्त्री पद प्राप्त किया वह लाला "सांईदासजी" इस सभा के चैादहवें सभ्य नियत हुए ॥ २५ ॥

किं चीरसागरगतेन मदीयमेव
नामाधिगत्य किल येन विडम्बितानि ।
मिथ्यैव सर्वभुवनानि धिगीदृशं त-
मित्थं प्रहासकुशलोत्र बभूव सभ्यः ॥२६॥

जिन्होने क्षीरसागर में सर्वदा रहनेवाले विष्णुभगवान को झूँठा जान कर हॅस दिया, वह दानापुर के समाज मे मन्त्री के पद पर आरूढ हुए बाबू "माधवदासजी" इस सभा के पन्द्रहवें सभासद् बने ॥ २६ ॥

नीतानि येन यदुवंशभवेन बाल्ये
गोपेषु नन्दपरिवार्धितबालकेन ।
गोमण्डले बहुदिनानि सएव मन्ये
तारुण्यमाप्य परिषद्यभवत्समेतः ॥२७॥

जिन्होने बचपन के कुछ दिन गोपाल बन कर व्रज मे व्यतीत किये वे रायबहादुर "गोपालेरावजी" मेम्बर कौन्सिल गवर्नर बम्बई तथा प्रधान आर्यसमाज मुम्बई पूना इसके सोलहवे सभासद् बने ॥ २७ ॥

यन्नाम सर्वभुवनेषु तनोति शोभां
तन्नामवर्णनमलं न भवेदितीव ।
मत्वा मयापि मनुजस्य सभां गतस्य
कस्यापि नाम न निवेशितमत्र पद्ये ॥२८॥

जिनका नाम सर्वत्र ही विख्यात हो चुका उनके अधिक वर्णन से कुछ फल नही मिलेगा । इसलिए प्रशसनीय रावबहादुर "महादेव गोविन्द रानाडे" जज पूना इस सभा के सत्रहवें सभासद् बने ॥ २८ ॥

यः श्यामजीति भुवने विदितोस्ति यश्च
देशान्तरेपि शिवमार्य्यमतं ततान ।
वेदोपवेदपरिशीलनदत्तचेताः
सर्वातिमं पदमवाप स चात्र गोष्ठ्याम् ॥२९॥

अपने निज बल से देशान्तरो मे भी जाकर जिन्होने वैदिक धर्म का प्रचार किया वे पण्डित "श्यामजीकृष्णवर्म्मा" प्रोफेसर, सस्कृत यूनीवर्सिटी आक्सफोर्ड, लन्दन, इस सभा के अठारहवें सभासद् बने ॥ २९ ॥

एवं समस्तपरिषत्पतिनामधेया-
न्यावेश्य तत्र नियमानपि यानकार्षीत् ।
पत्रे निजे मुनिमहर्षिनुताङ्घ्रियुग्म-
स्तानत्र सादरमहं विनिवेदयामि ॥३०॥

इस प्रकार समस्त २३ मेबरो के नाम लिख कर जिस प्रकार शिक्षा पत्र मे स्वामीजी ने नियमो का उल्लेख किया है वह सब इस सर्ग के अवशिष्ट भाग मे मैं दिखलाता हूँ ॥ ३० ॥

आद्ये यदस्ति नियमे लिखितं तदेतद्
द्रव्यं मदीयमनिशं व्ययमेषु यायात् ।
वेदोपवेदऋषिदर्शनसत्प्रचार-
तन्मुद्रणाध्ययनलेखनपाठनादौ ॥३१॥

पहले नियम में ऋषि ने यह लिखा कि "जितना मेरा द्रव्य है वह सर्वदा वेद वेदाङ्गादि शास्त्रों के प्रचार में अर्थात् उनकी व्याख्या करने कराने, पढ़ने पढ़ाने, सुनने सुनाने, छापने छपवाने, आदि में व्यय हो ॥ ३१ ॥

वेदोक्तधर्मकथनाय विभिन्नदेशे-
ष्वार्य्यान्नियोज्य विदुषो भृतिदानमानैः ।
यन्मे मतं विदितमस्ति शिवं प्रचाराद्
द्वीपान्तरेष्वपि भवद्भिरलं निवेश्यम् ॥३२॥

वेदोक्त धर्म के उपदेश और शिक्षा अर्थात् उपदेशक-मण्डली नियत करके देश देशान्तर और द्वीप द्वीपान्तरों में भेज कर सत्य के ग्रहण करने और असत्य के त्याग आदि में व्यय हो ॥ ३२ ॥

अत्रापि ये मृतिवियोजितबन्धुवर्गा-
दीना भवेयुरधनाः शिशवो यथावत् ।
तेषां धनेन परिपालनमाधनान्तं
कार्य्यं महोदयवरैर्मम सर्वभावैः ॥३३॥

इस आर्यावर्त में भी जो कोई अनाथ और दीनजन हो अर्थात् जिनकी रक्षा कोई न कर सकता हो, उनके पालन-पोषण और शिक्षा आदि में मेरा धन व्यय हो ॥ ३३ ॥

एवन्निवेश्य नियमान्मुनिराद्यपङ्क्तौ
यादृग्द्वितीयनियमोदयमाततान ।

सोपि प्रसाद इव तस्य मुनेः स्वचित्ते
संस्थापनीय इह सर्वजनैर्यथावत् ॥३४॥

इस प्रकार पहले नियम में तीन बातो का उल्लेख करके जो जो बाते दूसरे नियम के अन्दर नियमित की हे वे सब निम्न लिखित पद्यो में देख लीजिएगा ॥ ३४ ॥

यद्वन्महोदयवरैर्मयि विद्यमाने
कार्याणि साधयितुमाद्रियते प्रयत्नः ।
तद्वन्मृतेपि मयि तादृशकल्पनाभिः
कार्यो यथोचिततया सकलोपि यत्नः ॥३५॥

इस सभा के सभ्यगण जिस प्रकार मेरी उपस्थिति में अनेक उचित कार्यो के लिए प्रबन्ध करते हैं इसी प्रकार मेरे मर जाने पर भी समस्त कार्यो का ठीक ठीक प्रबन्ध करे ॥ ३५ ॥

आयव्ययोपगमसङ्कुलनं तृतीये
षष्ठेऽथवा नियमितैर्मनुजैर्विधेयम् ।
मासे सुखेन कमपि द्विजमत्र कृत्ये
संयोज्य पुस्तकविमुद्रणयन्त्रकस्य ॥३६॥

इस सभा मे नियुक्त महोदय तीसरे या छठे महीने में किसी पुरुष को वैदिक यन्त्रालय का हिसाब किताब समझने और पडतालने के लिए भेजे, जिससे हिसाब में गडबड न हो ॥ ३६ ॥

दृष्ट्वा समस्तघटनां धनसञ्चयस्य
हस्ताक्षराङ्कितमरं दलमेकमेकम् ।
सर्वैधिकारिमनुजा विदितेतिवृत्ताः
सम्प्रेष्य तन्नियमितेन जनेन कार्याः ॥३७॥

वह सभासद् वहाँ जाकर कुल आमदनी और खर्च की जाँच पडताल करके उस बही के नीचे अपने हस्ताक्षर करे और इस पडताल की एक एक प्रति प्रत्येक सभासद् के पास भेज दे ॥ ३७ ॥

तेपि त्रुटिं समवलोक्य दले निजाङ्कैः
पत्रैर्निवेद्य नियमानुगतान्मनुष्यान् ।
भव्यां स्वसम्मतिमपि प्रतियोज्य तत्र
सन्देहमात्मविषयं विलयं नयन्तु ॥३८॥

यदि वह भी यन्त्रालय के प्रबन्ध मे कुछ त्रुटि देखें तो उसके सुधारने के लिए अपनी सम्मति लिख कर प्रत्येक सभासद् के पास भेजें और प्रत्येक सभासद् को उचित है कि अपनी सम्मति सभापति के पास लिख भेजें ॥ ३८ ॥

लोकान्तरागतदलानि समीक्ष्य योगा-
द्यां सम्मतिं प्रतिदिशेत्परिषत्प्रधानः ।
सैवादरादहरहः परिसेवनीया
सर्वैरपि द्विजवरैर्नियमानुसारात् ॥३९॥

उन पत्रो को देख कर सभापति जो सर्वसम्मत यथोचित प्रबन्ध करे उसका सबको पालन करना चाहिए और इस कार्य मे किसी सभासद् को भी आलस्य नहीं करना चाहिए ॥ ३९ ॥

एवं द्वितीयमपि तं नियमं विधाय
यद्यत्तृतीयनियमे मुनिराबभाषे ।
सर्वैर्महाशयवरैस्तदलं निपीय
साफल्यमस्य वपुषः क्रियतां प्रसादात् ॥४०॥

इस प्रकार दूसरे नियम में इतनी बातो का नियमन करके ऋषि ने तीसरे नियम में जो लिखा है उसको भी देख कर समस्त महाशय अपने जीवन को सफल करे ॥ ४० ॥

स्थाने यथेदमतिधर्म्मपरोपकार-
कार्य्यं तथैव सभया क्रियतां सदैव ।
उत्साहपौरुषसमुन्नतधर्मभावै-
रेषस्तृतीयनियमो मुनिना प्रदिष्टः ॥४१॥

इस सभा को उचित है कि जैसा यह परम धर्म और परमार्थ का काम है वैसाही उसको उत्साह, पुरुषार्थ, गम्भीरता और उदारता से करे। किसी प्रकार का सकोच या आलस्य न करे ॥ ४१ ॥

यद्वर्णितं मुनिवरैर्नियमे तृतीये
सन्दर्शितन्तदखिलं मयकापि हर्षात् ।
यद्यन्निवेशितमतः परतश्चतुर्थे
तद्वीक्ष्यता सहृदयैरतिगूढभावम् ॥४२॥

इस प्रकार ऋषि दयानन्द ने जो कुछ तीसरे नियम के अन्दर बतलाया वह मैने भी आप लोगो को बतला दिया। जो कुछ चाथे नियम के अन्दर वर्णन किया जायगा उसको भी सज्जन देखे ॥ ४२ ॥

ये ये मया नियमिताः परिकल्प्य गोष्ठीं
ते नाशमाप्तवति मय्यधिकारमीयुः ।
यश्चाधिपत्यविषयो मम वस्तुमध्ये
वेविद्यते स भवतात्किल तेषु सर्वः ॥४३॥

जिन प्रागुक्त तेईस आर्यसज्जनो को मैंने परोपकारिणी में नियुक्त किया है वह मेरे मरने के पश्चात् सब प्रकार से मेरे स्थानापन्न समझे जावें अर्थात् जो कुछ मुझे अपने सर्वस्व पर अधिकार है वही अधिकार उनका भी है और भविष्यत् मे होगा ॥ ४३ ॥

यः कोपि तेषु परमार्थमतिं विहाय
स्वार्थेषु दत्तहृदयो नियमाद्विरुद्धम् ।

कुर्यात्तमन्यपरिषत्पतयो विविच्य
मिथ्येति चित्तपुटकेषु विभावयन्तु ॥४४॥

यदि उक्त सभासदो में से कोई सभासद् स्वार्थ (लालच) में पड कर इन नियमो के विरुद्ध (जिनको कि मैं बतला रहा हूँ) काम करे या कोई इनसे भिन्न पुरुष मेरे कार्य मे हस्तक्षेप (दस्तन्दाजी) करे ता वह सर्वथा मिथ्यावादी समझा जावे ॥ ४४ ॥

एवं विधाय नियमं स यतिश्चतुर्थ
यत्पञ्चमे गदितवान्नियमे तदेतत् ।
सर्वैः प्रसन्नहृदयैरधुना समीक्ष्यं
भव्यां वसन्ततिलकामुपयातमेवम् ॥४५॥

इस प्रकार चैाथे नियम के अन्दर आवश्यक बातों को बता कर जो कुछ ऋषि ने पाँचवें नियम मे बतलाया उसको सबके अवलोकनार्थ मै यहाँ पर लिखता हूँ ॥ ४५ ॥

यद्वत्सभेयमधुना मयि वर्तमाने
सर्वस्य वस्तुनिचयस्य तथा ममापि ।
रक्षामहोन्नतिपदे यतते तथैव
दाहादिकर्मविषये नियता यतेत ॥४६॥

जिस प्रकार इस सभा को मेरी विद्यमानता (मैाजूदगी) में मेरी तथा मेरे सब पदार्थों की यथाशक्ति रक्षा और उन्नति करने का अधिकार है, उसी प्रकार मेरे मृतक शरीर के संस्कार का भी उसे पूर्ण अधिकार है ॥४६॥

जीवो यदा मम सुखं परलोकमेयात्
तस्मिन्गते मम वपुर्न जले न भूमौ ।
नारण्यभागविषयेषु निवेश्यमग्नौ
तद्दाहकर्म्मविधिनैव विधेयमेवम् ॥४७॥

मेरा जीवात्मा जब इस पञ्चभौतिक (पञ्चभूतों से बने हुए) शरीर के छोड़ कर लोकान्तर के चला जावें, उस समय मेरा मृतक शरीर न जल मे बहावे, न पृथ्वी मे गाडें, न जङ्गल मे फेंके, किन्तु जिस प्रकार मैं आगे बतलाता हूँ उसी विधान से दाह-कर्म के साथ उसका सस्कार करदें ॥४७॥

दिव्यां विधाय महतीं नवचन्दनौघै-
वेंदी निवेश्य किल तत्र वपुर्मदीयम् ।
वेदोदितेन विधिना परमाणुमार्गे
सम्प्रापणीयमिति मे प्रथमं विधानम् ॥४८॥

सबसे प्रथम सुन्दर और बड़ी वेदी बना कर उसमे केवल चन्दन की चिता बना कर उसके बीच मे मृतक-शरीर के रख कर वैदिक रीति से मेरा दाह करना ॥ ४८ ॥

नैवं भवेद्यदि तदा युगलन्तु खार्यो-
स्तच्चन्दनं किल चतुष्टयमाज्यभारः ।
सार्धं क्रमेण नुतयोस्तगरागराणां
युग्मं तदाऽऽर्यपुरुषैरुपचेयमेव ॥४९॥

यदि ऐसा सम्भव न हो सके तो दो मन चन्दन, चार मन घृत, ढाई मन तगर और ढाई मन अगर अच्छे प्रकार लेकर एकत्र करके पहले रखना ॥ ४९ ॥

तस्मात्परं भवतु दिङ्मितपूर्वमानं
शुद्धं पलाशमधुपिप्पलकाष्ठकूटम् ।
ग्राह्यं ततः परमरं कथनान्ममैव
कर्पूरमप्यतिसुगन्धिमदार्यवर्य्यैः ॥५०॥

फिर उसके पीछे शुद्ध और बेघुना पलाश अथवा शमीवृक्ष या पीपल का दश मन काष्ठ (जोकि यज्ञ कर्म के योग्य हो) पवित्रता से एकत्र करके यथायोग्य रखना ॥ ५० ॥

---

१ दशप्रस्थमितोद्रोणः खारीद्रोणचतुष्टयम् ।

प्रस्थानि पञ्च च तदर्धमितं सुगन्धि-
द्रव्यं ततोर्धमथ केसरमुत्तमं स्यात् ।
कस्तूरिका युगलरूप्यमिता परस्ता-
द्यत्सुगन्धिकरणं सकलं तदस्तु ॥५१॥

उसके अनन्तर पाँच सेर कपूर, ढाई सेर और सुगन्धित द्रव्य, इलायची जावित्रा आदि, डेढ सेर उत्तम केसर, दो तोले कस्तूरी और भी इसके अलावा जो जो सुगन्धित बालछड, कपूरकचरी, बुरादा आदि उत्तम पदार्थ हो, एकत्र करना ॥ ५१ ॥

संस्कारविध्यनुमतेन यथोचितेन
वेदोदितेन विधिना मम देहभस्म ।
सर्वैर्जनैर्निगममार्गगतैः स्मशाने
कर्तव्यमेतदपरं न ममास्ति कृत्यम् ॥५२॥

तदनन्तर वेदोक्त रीति से, जोकि 'सस्कारविधि' नामक पुस्तक में लिखी हुई है, वेदी बना कर उन मन्त्रो से, जोकि अन्त्येष्टि प्रकरण मे लिखे हुए हैं, मेरे मृतक-शरीर को भस्म करे । इसके सिवा वेद के विरुद्ध और कुछ न करे ॥ ५२ ॥

नोपस्थिता यदि भवेन्निखिला जनाली
तस्मिन्ममान्तसमये निजकार्यवश्यात् ।
तह्यादरेण समुपस्थितमित्रवर्यै-
रेतद्विधेयमखिलं मम देहकृत्यम् ॥५३॥

यदि उस समय इस सभा के समस्त सभासद् उपस्थित न हो तो जो कोई उस समय उपस्थित हो वही इस मेरे अन्तिम कार्य को विधिवत् करे, किसी प्रकार की त्रुटि न रक्खे ॥ ५३ ॥

यावान् व्ययः किल भवेदिह कार्यमध्ये
देयः स सत्वरमलं सभया तदैव ।

ग्राह्यश्च तैर्जनवरैर्विहितं ममेदं
यैः कार्यमुत्तमतया निगमानुकूलम् ॥५४॥

और जितना व्यय (खरचा) मेरे इस अन्तिम कार्य मे लगे उतना उस कार्य के उपरान्त वह जन सभा से ले लेवे। सभा को भी उचित होगा कि वह तुरन्त दे देवे ॥ ५४ ॥

एवं समस्तमपि देहविनाशकाल-
योग्य वचो यतिवरो नियमेत्र दैवात् ।
निर्दिश्य यद्वदितवानपरं तदेत-
च्छष्टे निरीक्ष्यमधुना नियमे भवद्भिः ॥५५॥

इस प्रकार अन्तिम समय के लिए जितना कुछ वक्तव्य था उसको पाँचवें नियम मे कह कर जो जो आगे कहेंगे उसे छठे नियम मे देखिए ॥५५॥

ये ये मया नियमिता मनुजाः प्रबन्धे
ते ते सुखेन मयि जीवति वा मृते वा ।
सभ्यानसभ्यमनुजात्तपदे विधातुं
शक्ताः पृथक् च करणेऽधममानवानाम् ५६

इस सभा मे जिन महोदय महानुभावो को मै प्रबन्ध करने के लिए नियत कर चुका वे मेरे जीवित रहने पर और मरने के उपरान्त इस बात का अधिकार रखते हैं कि चाहे जिस सभासद् को पृथक करके उसके स्थाना पन्न किसी और योग्य सामाजिक आर्य्य पुरुष को नियत करदे ॥ ५६ ॥

एतत्परं किल विचार्यमिह प्रधानै-
र्यावन्न कोपि खलु दुष्टगुणो मनुष्ये ।
लभ्येत नो तदवधेर्मम पारिषद्यः
केनापि कारणवशेन विवासनीयः ॥५७॥

परन्तु इस बात का सब सभासदो को ध्यान रखना चाहिए कि कोई सभासद् उस समय तक सभा से अलग न किया जावे जब तक कि उसमें

कोई दुर्गुण न पाया जावे तथा उसके कार्य में किसी प्रकार की अनुचित (बेजा) कार्यवाही न पाई जावे ॥ ५७ ॥

निर्दिश्य षष्ठनियमं विधिनासमेतं
योगी यदन्तिकजनान्कथयाम्बभूव ।
तत्सादरं निजमनोरमकर्णयुग्म-
सत्कुण्डलोपममिहापि विलोकनीयम् ॥५८॥

इस प्रकार छठे नियम मे जिन जिन बातो को ऋषि दयानन्द ने नियमित किया उनका वर्णन हो चुका। अब सातवें नियम में जिन जिन बातो का नियमन करेंगे उनका वर्णन निम्न लिखित प्रकार से होगा ॥ ५८ ॥

मद्वत्सभेयमपि[1] शिक्षणपत्रमेतद्
व्याख्यातुमर्हति तथा नियमस्य सेवाम् ।
आधानमुद्धरणमप्यथ कर्तुमीष्टे
कस्यापि दुर्गुणयुतस्य तथा शुभस्य ॥५९॥

मेरे समान इस सभा को इस बात का पूर्ण रूप से अधिकार होगा कि वह सर्वदा स्वीकार-पत्र (वसीयतनामे) की व्याख्या अथवा उसमें लिखे हुए नियमो का पालन अथवा किसी सभासद् को अलग करके उसके स्थान मे अन्य सभासद् को नियत करे ॥ ५९ ॥

दुःखे ममोपरि समागतवत्यनिष्टे
तद्वारणाय बहु सत्वरमेव दैवात् ।
सर्वैः सभापतिभिरेकमतं विधाय
कार्यं विधेयमचिरेण यथा सुखी स्याम् ॥६०॥

मेरे ऊपर दैववश से आपत्ति के आने पर उसके अति शीघ्र निवारण करने के लिए उपाय सोचे और यथासम्भव यत्न करे। परन्तु वह उपाय तथा प्रयत्न सर्व सभासदो की सम्मति से निश्चय अथवा निर्णीत हो। किसी एक सभासद् का न हो ॥ ६० ॥

---

१ मयातुल्यम्मद्वत् ।

वैरुध्यमासवति सभ्यगणे नियुक्ते
या सम्मतिर्बहुजनैरनुमोदिता स्यात् ।
सैवादरादहरहः परिपालनीया
मान्या तथा द्विगुणिता परिषत्पतेर्वाक् ॥६१॥

यदि सभासदो की सम्मति में परस्पर विरोध पाया जावे तो बहुपक्ष के अनुसार अर्थात् जिसमे अनेक सभासद् सहमत हो कार्य किया जावे और प्रत्येक समय में तथा प्रत्येक कार्य मे सभापति की दी हुई सम्मति औरों की दी हुई सम्मति की अपेक्षा द्विगुण (दूनी) मानी जावे ॥ ६१ ॥

एवं विविच्य नियमं करुणापरोयं
योगीश्वरो यदपरं वचनं बभाषे ।
तत्सावधानमनसा सकलैर्मनुष्यै-
रालोकनीयमधुना पुरतः समेतम् ॥६२॥

इस प्रकार सातवें नियम में जो कुछ ऋषि ने बतलाया उसका वर्णन हो चुका । जो कुछ आगे कहेंगे वह आठवें नियम में वर्णित होगा ॥ ६२ ॥

यावन्न तत्पदगतो मनुजोपरः स्यात्
तावत्सभेयमधिकारिजनत्रयाणाम् ।
सिद्धेऽपराधविषयेपि बलाद्विदध्यान्
निर्वासनं न नियमानुगता दशायाम् ॥६३॥

किसी दशा में भी यह सभा तीन से अधिक सभासदों को अपराधों के सिद्ध (साबित) होने पर भी अलग न कर सकेगी जब तक कि उनकी जगह और योग्य सभासदो को नियत न कर ले ॥ ६३ ॥

एवं समस्तमुनिपूजितपादपद्मः
स्वामी विधाय नियमं वसुतामुपेतम् ।

---

१ कस्याश्चिदपीतिशेषः ।

यद्यज्जगाद नवमे नियमे यमस्थ-
स्तत्सादरं शृणुत मानवमात्रवर्य्याः ॥६४॥

अनेक मुनियों ने पूजित किया है चरण युगल जिनका ऐसे ऋषि दयानन्द आठवें नियम में जो कुछ कह चुके वह आप लोगों ने देख लिया। अब जो कुछ आगे कहेंगे उसका वर्णन निम्न लिखित है ॥ ६४ ॥

यायान्मृतिं यदि च कोपि स पारिषद्यो-
यद्वा विरुद्धकरणे निरतः स्वयं स्यात्।
तं सत्वरं मम सभा सकलानुमत्या
निर्वास्य तस्य विषयेऽपरमादधीत ॥६५॥

यदि किसी सभासद् का देहान्त हो जावे अथवा वैदिक धर्म को छोड़ कर उक्त नियमों के विरुद्ध कार्य करने को उद्यत हो जावे तो सभापति को उचित होगा कि समस्त सभासदों की सम्मति से उसको अलग करे तथा उसकी जगह किसी और योग्य आर्य पुरुष को, जोकि वेदोक्त-धर्म युक्त कार्य करता हो, नियत करे ॥ ६५ ॥

एतद्विचारकरणं पुनरत्र कार्यं
यावन्नवीनमनुजोपगमो न भूयात्।
तत्तत्पदेषु न कदापि ततः कथञ्चित्
पूर्वं नवीनकृतिरादरतो विधेया ॥६६॥

परन्तु सभापति को इस बात का अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि जब तक अपने पद से निर्वासित सभासदों का स्थान आये हुए सभासदों से पूर्ण न हो तब तक किसी भी नवीन कार्य का, जोकि अब तक प्रस्तुत न हुआ हो, प्रस्ताव नहीं उठाना चाहिए। तब तक साधारण प्रस्तावों पर ही निर्णय होना चाहिए ॥ ६६ ॥

एवं विधाय नियमं नवमं यतीन्द्रो-
यत्सर्वभावमहितं पुनरप्युवाच।

तत्के न कर्णपथमादरतोत्र लोके
नेष्यन्ति वैदिकपथानुगता मनुष्याः ॥६७॥

इस प्रकार आनन्दकन्द जगदानन्द ऋषि दयानन्द अपने मुखकमल से नवें नियम को कह कर जिस प्रकार दशम नियम को कहने के लिए उद्यत हुए वह सबका सब निम्न लिखित प्रकार से वर्णित है ॥ ६७ ॥

अस्याः समस्तविषयेष्वधिकार आस्ते
गोष्ठ्या नवीनबहुकृत्यविधानमार्गे ।
नव्योपचारकरणे निखिलेषु तेषू-
पायेषु चापि भवतादनिशं स्वतन्त्रा ॥६८॥

इस सभा को इस बात का पूर्ण रूप से अधिकार होगा कि वह समय पर सब प्रकार का उचित प्रबन्ध करे तथा मेरी और मेरे कार्य की उन्नति किस किस प्रकार से होगी इस बात पर भी ध्यान दे ॥ ६८ ॥

स्वीये सभामुपगतस्य नवे विचारे
पूर्णो जनस्य यदि नो भवतात्तदातु ।
नूनं समाजगतसम्मतिरूपलेखै-
र्विश्वास आशु नियते समये विधेयः ॥६९॥

यदि सभा को अपने किये हुए परामर्श अथवा विचार पर पूर्ण रूप से निश्चय न हो या विश्वास न हो तो किसी नियत समय का निर्धारण करके अपने किये हुए निश्चय पर विश्वास होने के लिए लेख द्वारा समस्त आर्य-समाजों के सभासदो से उचित सम्मति ले लेवे ॥ ६९ ॥

भिन्नेषु भिन्नविषयानुगते विचारे
प्रायः समस्तपरिषत्पतिषु प्रकामम् ।
सारांशमेकदिवसे परिषद्विविच्य
कुर्यात्समस्तमपि तद्बहुपक्षसिद्धम् ॥७०॥

यदि आर्य-समाजो के सभासदो के भिन्न भिन्न विषयो पर अपने अपने विचार भिन्न होवें तो उन सबके आये हुए विचारो को कए दिन नियत करके विचारा जावे और बहुपक्षानुसार उचित प्रबन्ध किया जावे ॥ ७० ॥

इत्थं विविच्य दशमं नियमं मुनीशो-
विन्यस्य चापि नियते समये परस्तात् ।
एकादशं नियममाशु ततान सोयं
सर्वैरपीश्वरमतानुगतैः समीक्ष्यः ॥७१॥

इस प्रकार ऋषि दयानन्द ने दशवे नियम में जिन जिन बातों का उल्लेख किया उनका वर्णन हो गया । वे जो कुछ आगे कहने को उद्यत थे उन बाते का वर्णन निम्न लिखित प्रकार से है ॥ ७१ ॥

न्यूनाधिकत्वमथ मन्नियतप्रबन्धे
तत्स्वीकृतिर्विनिमयादथवा विपत्ते ।
अस्वीकृतिर्नियतवाग्विषयस्य सर्वै-
र्गोष्ठीपतेः पुरतएव निवेदनीया ॥७२॥

जिस कार्य का जिस प्रकार मैने प्रबन्ध किया है, यदि उसमें कुछ घटाना हो अथवा बढाना हो, सर्व सम्मत होने पर उसका स्वीकार करना हो अथवा उसमें कुछ अस्वीकार होतो सभा को चाहिए कि सभापति के पास भेजे ॥ ७२ ॥

कस्यापि सभ्यमनुजस्य विवासनं वा
भिन्नस्य तत्र विषये विनियोजनं वा ।
आयव्ययावपि धनस्य तथोपयोगं
दृष्ट्वा सभा परिषदः पतये ब्रुवीत ॥७३॥

अयोग्य मालूम होने पर किसी सभासद् को सभा से अलग कर देना अथवा उचित समझने पर किसी अन्य सभासद् को सभा में नियत करना अथवा आमदनी और खर्च की जाँच पडताल करनी हो तो भी सभा सभापति को लिखे ॥ ७३ ॥

सर्वेषु तेषु धनहानिसमागमेषु
योग्यानुयोज्यकरणापटुरादरेण ।
वर्षे तदर्धदिवसेष्वथवा विविच्य
गोष्ठीपतिः सकलमेव शिवं विदध्यात् ॥७४॥

इन बातो के अतिरिक्त (अलावा) यदि धन सम्बन्धी बातो मे जॉच पडताल करने पर कोई हानि प्रतीत हो अथवा किसी प्रकार का लाभ प्रतीत हो तो सभापति को उचित होगा कि वह वर्ष भर मे अथवा छः महीने में उसका निरीक्षण करे ॥ ७४ ॥

समुद्र्य यन्त्रानिलयेऽखिलसभ्यवर्या-
नावेदयन्नियमितान्विषयान्क्रमेण ।
सर्वैक्यसम्मतिवशान्नवकार्य्यबन्धे
दद्यात्स्वसम्मतिमनेकजनानुकूलाम् ॥७५॥

स्वय निरीक्षण करने के अनन्तर जो कुछ सभापति उस निरीक्षण किये हुए का परिणाम (नतीजा) निकाले उसको यन्त्रालय मे छपवा कर चिट्ठी के द्वारा समस्त सभा के सभासदो के पास भेज दे और सर्व सम्मति के अनुसार किसी भी नवीन कार्य के लिए अपनी उचित सम्मति दे देवे ॥ ७५ ॥

एकादशं नियममेवमयं समाप्य
सर्वोपकारकरणाय कृतप्रयत्नः
यं द्वादशं नियममादरतो जगाद
सोप्येष कर्णपुटके क्रियतां मनुष्यैः ॥७६॥

इस प्रकार ग्यारहवें नियम मे आवश्यक कतिपय बातो का नियमन करके जिन जिन बातो का स्वामीजी ने फिर प्रस्ताव उठाया उन सब बातो का वर्णन बारहवें नियम मे होगा ॥ ७६ ॥

अस्मिन्मदीयनियमे यदि कोपि वादो-
जायेत तस्य शमनं स्वयमेव कार्य्यम् ।

नैवं भवेद्यदि तदा किल राजगेहे
तस्यार्पणेन शमनं विधिवद्विधेयम् ॥७७॥

यदि इस स्वीकार-पत्र के विषय मे कोई झगडा उठे तो उसे राजगृह में न ले जाना चाहिए किन्तु जहाँ तक हो सके यह सभा अपने आप उसका निर्णय करले। यदि आपस मे किसी प्रकार निर्णय न हो सके तो फिर न्यायालय से निर्णय होना चाहिए ॥ ७७ ॥

एवं विलिख्य यमिनांवर आदरेण
तं द्वादशं नियममादरतो यमारात्।
नव्यं त्रयोदशमहो नियमं जगाद
सोयं न किं समभिवीक्ष्यत आदरेण ॥७८॥

इस प्रकार सन्यासियो के आचार्य ऋषि दयानन्द बारहवे नियम का भली भांति वर्णन करके जिस तेरहवें नियम का वर्णन करने के लिए तैयार थे क्या आप लोग उसको नही देखेंगे ? अवश्य ही देखना होगा ॥ ७८ ॥

जीवन्नहं यदि किमप्युपकारबुद्ध्या
कस्मैचिदार्यपुरुषाय धनादिजातम्।
सत्पारितोषिकामिषेण ददामि चेत्त-
न्न ग्राह्यमार्य्यमनुजैर्मयि मृत्युमाप्ते ॥७९॥

यदि मै अपने जीते जी किसी योग्य आर्य पुरुष को पारितोषिक (इनाम) देना चाहूं और उसकी लिखत पढत कराकर रजिस्ट्री करा दूँ तो सभा को चाहिए कि उसको माने और दे ॥ ७९ ॥

एवं यथोचितमलं प्रविधाय योगी
दैवात्त्रयोदशमिमं नियमं क्रमेण।
मोदाच्चतुर्दशमपि प्रजगाद सोयं
सर्वैः स्वनेत्रविषयीक्रियतां मनुष्यैः ॥८०॥

इस प्रकार ऋषि दयानन्द को जो कुछ तेरहवें नियम में बतलाना था वह पूर्ण रूप से बतला दिया। अब जो कुछ चौदहवें नियम में बतलावेंगे उसे भी सज्जन अवलोकन करे ॥ ८० ॥

कालादतः परमलं मयि जीविते वा
लोकान्तरभ्रमणवासनया गते वा ।
उक्तान्मदीयनियमान्भुवनप्रमाणान्
केनापि कारणवशेन समस्तसभ्याः ॥८१॥

इस सभा को इस बात का पूर्ण रूप से अधिकार होगा कि वह मेरे अवशिष्ट जीवन मे अथवा मेरे शरीरान्त होने पर उक्त नियमो को जोकि अब तक तेरहवी सख्या तक पहुँचे हुए हैं किसी विशेष कारण से न्यूनाधिक करे परन्तु निम्न लिखित बातों ही के लिए करे ॥ ८१ ॥

देशोपकारकरणाय विशेषलाभ-
स्यार्थेऽथवा परहितोपगमाय सर्वे ।
न्यूनाधिकत्वपदवीमपि यापयेयु-
र्यस्मात्परोपकरणं मम मुख्यकृत्यम् ॥८२॥

यदि न्यूनाधिक करने पर कोई किसी प्रकार का मेरे अथवा मेरी सभा के लिए विशेष लाभ हो सके अथवा कोई परोपकार हो सके, चूँकि मेरा प्रधान कर्तव्य केवल परोपकार ही करना है ॥ ८२ ॥

एवं चतुर्दशमिमं प्रविधाय योगी
सर्वस्वमभ्युपकृतौ विनियोजयित्वा ।
नीचैर्नियन्त्रितदलस्य चकार हर्षा-
द्धस्ताक्षराणि निजनामनिबोधकानि ॥८३॥

इस प्रकार चौदहवे नियम को समाप्त कर जो कुछ अपने पास था परोपकार के लिए सब कुछ सभा के अधिकार में करके शिक्षा-पत्र के नीचे भाग में अपने नाम के बतलानेवाले हस्ताक्षर किये, जो (हस्ताक्षर दयानन्दसरस्वती) इस प्रकार से उस पर विद्यमान हैं ॥ ८३ ॥

इत्थं समस्तमपि यल्लिखितं मुनीशै-
रन्त्ये दले करुणया मयका तथैव ।
श्रीपिङ्गलोक्तमधुमाधववृत्तबन्धे
निर्माय दर्शितमनेकजनोपकारि ॥८४॥

शिक्षा पत्र (वसीयतनामे) में जो भी कुछ ऋषि दयानन्द ने ससार के उपकारार्थ लिखा वह सबका सब महर्षि पिङ्गलाचार्य प्रोक्त मधुमाधवी नामक वृत्त में मैंने भी लिख कर बतला दिया ॥ ८४ ॥

नेदृग्विधं जलधिवेष्टितभूमिभागे
केनाप्यकारि मनुजेन यथा महर्षिः ।
सर्वोपकारकरणाय चकार शिक्षा-
पत्रोदयं नियमनिर्मितगूढभावम् ॥८५॥

जैसा शिक्षा पत्र इस ससार में ऋषि दयानन्द ने दिग्विजय के बाद बना कर दिया, इस प्रकार का आज तक किसी भी दिग्विजयी पुरुष ने नहीं दिया । इसलिए आपके समान परोपकारी न कोई हुआ और न होगा ॥ ८५ ॥

किं शङ्करेण कृतदिग्विजयेन लोके
येनोदरंभरयएव समस्तभावैः ।
काषायवस्त्रकृतभोजनभाजनाङ्काः
संवर्धितानपरमित्यनिशं वदन्तः ॥८६॥

स्वामी शङ्कराचार्य ने जो बौद्धो के समय में दिग्विजय किया उससे क्या अधिक फल हुआ ? काषायवस्त्र की झोली बना कर भिक्षा माँगनेवाले 'अहब्रह्मास्मि' के कहनेवाले उदरम्भरी ही ससार में बढ गये, कुछ धार्मिक कार्य की वृद्धि न हुई ॥ ८६ ॥

नादेयमम्बु न नदीपरिपालनाय
यद्वत्प्रदीपकलिका परदर्शनाय ।

तद्वत्सतामखिलमप्युपकारएव
भूमण्डले भवति नात्मकृतेर्थजातम् ॥८७॥

जिस प्रकार नदी का जल नदी के उपकार के लिए नहीं होता, जिस प्रकार प्रदीप का प्रकाश प्रदीप के उपकार के लिए नही होता, इसी प्रकार सज्जनो का पदार्थ केवल अपने ही उपकार के लिए नहीं होता, किन्तु औरो के लिए होता है ॥ ८७ ॥

आविर्भवन्नवनवोदितनव्यपर्णः
पार्श्वे समागतजनोपकृतौ सुकर्णः ।
आरण्यकोदितचतुष्पथपान्थवर्णः
कोप्यत्र भूमिवलये भवति प्रपर्णः ॥८८॥

पुराने पत्तों के गिर जाने पर नवीन नवीन पत्तो वाला, अपने पास आये हुए जनो के लिए राजा कर्ण के समान, जङ्गल के चौराहे पर चलनेवालो के लिए (वर्ण) वट वृक्ष के समान, इस ससार मे विरले ही होते हैं ॥ ८८ ॥

वातावधूननवशात्क्वचिदुद्गिरद्भि-
स्तोयं क्वचिन्न विषयेऽचलतामुपेतैः ।
धैर्येण सज्जनवरैः सकलोपकार-
सम्पादने कृतपदैर्जलदैर्न तुल्याः ॥८९॥

परोपकारी पुरुष के लिए मेघ की उपमा देना उचित नही । क्योकि मेघ वायु के वेग से चञ्चल हो जाता है, कहीं बरसता है, कही नहीं बरसता । पर परोपकारी पुरुष ऐसे धीर होते हैं कि वे कभी चञ्चल नहीं होते । चञ्चलता उनसे कोसो दूर रहती है । वे विश्वमात्र के लिए उपकार करते हैं, सबका हित चाहते है ॥ ८९ ॥

धन्यः स कोपि जगतीतलचक्रवर्ती
येनेदृशं जगति कर्म कृतं परार्थे ।
कल्पद्रुमोपमितिमाप्तवता किमन्य-
द्वक्तव्यमस्ति विबुधैरपि कार्यमेवम् ॥९०॥

इस लिए उस ऋषि दयानन्द को कोटिशः धन्यवाद देने चाहिएँ कि जिसने केवल परोपकार के लिए कल्प-वृक्ष हो कर अपना सर्वस्व दे दिया। इससे अधिक मैं भी क्या कहूं। केवल इतनाही वक्तव्य है कि आप के अनुसार और भी सज्जन महाशय परोपकार के लिए कटिबद्ध हों ॥ ९० ॥

नवमिदमितिवृत्तं सर्वलोकेषु वेगात्
कथयितुमिव याते देवदेवेपि भानौ ।
कविरवहितचित्तः सर्वकृत्यं विहाय
प्रमुदितमतिरेकं लोकनाथं नुनाव ॥९१॥

इस प्रकार इस सर्ग में वर्णन किये हुए नवीन चरित्र को लोकान्तरों में कहने के लिए जाते हुए भुवनभास्कर सूर्य को देख कर, एकाग्रचित्त कविरत्न भी अन्य कार्यों को छोड कर, प्रसन्नमन हो, उस अजर, अमर, अभय, अविनाशी, अनन्त, अनुपम, ईश्वर की स्तुति करने लगे ॥ ९१ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये

महर्षिनिर्मित शिक्षापत्रवर्णन नाम षोडश सर्ग ।

सप्तदशः सर्गः

अथ लोकदर्शितपथः स मुनि-
मतजालखण्डनमनुक्रमितुम् ।
समदान्मतिं मतिमतां पुरतो-
निजगाद चेदमितिवृत्तमरम् ॥१॥

श्रीमती परोपकारिणी सभा और उसके नियम बन जाने पर, ससार-गत मनुष्यों को मार्ग बतलाने वाले श्री १०८ ऋषि दयानन्द, अनेक मते। के खण्डन के लिए प्रवृत्त हुए और उपास्थत सभ्यो के समक्ष इस प्रकार कहने लगे.—॥ १ ॥

यदिदं जनेषु जगति प्रथितं
निगमेतरानुगतशैवमतम् ।
तदिदं कथञ्चिदपि नाद्रियतां
विबुधैरनन्तनरकानुगतम् ॥२॥

यह जो आज कल ससार मे वैदिक मार्ग से सर्वथा विरुद्ध और इसी लिए आशव शैवमत प्रचलित हो रहा है इसका कोई आदर न करे, क्योकि यह मत अनेक प्रकार की यातनाये भुगवाता है ॥ २ ॥

न मतानि वेदनिचये गदिता-
न्यलमत्र यानि बहुधा जगति ।
प्रथितानि तत्तदुपकल्पनया-
ऽधममानवैरनुकृतानि वृथा ॥३॥

जितने मत मतान्तर आज कल संसार मे प्रचलित हो रहे हैं, वह वेद से लेश मात्र भी सम्बन्ध नहीं रखते। इन मनमाने मतों को, मनमाने मनुष्यो के नाम से, मतिमन्द मनुष्यो ने ही चला रक्खा है ॥ ३ ॥

न शिवः कदापि जनिमेति परः
प्रथितं चकास्ति भुवने तदिदम्।
परमेष योऽस्ति शिवनामपरः
स नटो न नेति हृदये ध्रियताम् ॥४॥

शिव, जिसमें कि सारा जगत् शयन करता हो, कदापि जन्म नहीं लेता। इसी लिए वह अजन्मा कहाता है। यह सर्वत्र प्रसिद्ध है। परन्तु आज कल जो शिव माना जाता है, वह एक नटराज था। कोई योग्य पुरुष नहीं था ॥४॥

मृगचर्मधारणमिदं तनुते
वनभूमिवासकरणं परतः।
बहुनर्तनं च डमरोरनुगं
नटतां न किं वदत दर्शयति ॥५॥

मृगचर्म आदि का धारण करना, जङ्गल मे रहना, डमरू बजा बजा कर अनेक स्थलो मे नाचना, यह इनकी अनुच्चकुलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है और सर्वसम्मत है। देखिए, कविराज क्या कहते है—"अविरत नृत्यतु हर." ग० ल० ॥ ५ ॥

गलबाहुदेशविषयेषु कृतं
भुजगानुबन्धनमिदन्तनुते।
जगतीतलेषु कणयाचकतां
चरवृत्तितामपि तथास्यबलात् ॥६॥

---

१ प्रमाणमप्यस्य नटत्वे लभ्यते यथा "नृत्यावसाने नटराजराज" इतिनन्दिकेश्वर काशिकायाम्।

गले मे और बाँहो मे साँपो का लपेटना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि यह कोई भिक्षुक और गारुडिक (सपेरा) साँपो का पकडनेवाला था, जैसा कि मुद्राराक्षस मे, चररूप से, उसका वर्णन आया करता है ॥ ६ ॥

नरमुण्डमण्डलकृता यदि चे-
न्निहिता गले स्रगपि तेन ततः ।
किमयं प्रयाति परमेश्वरतां
बहवो भ्रमन्ति भुवनेऽस्य समा[1]: ॥७॥

मरघट मे पडे हुए नरमुण्डो की माला पहरना कोई परमेश्वर होने मे प्रमाण नही है । इस प्रकार के बहुत से पुरुष घूमा करते हैं । स्मशान में रहना, पिशाचो (राक्षस) से मिलना, आदि अनुचित बाते देख कर ही पुष्पदन्त ने लिखा है कि—"अमङ्गल्य शीलम्" म० स्तो० ॥ ७ ॥

कथयन्ति मूढमतयो बहुधा
निहिता जटासु गिरिशेन नदी ।
क्व निरन्तरप्रसरणाभुवने
सरितो भवन्ति मनुजस्य वशे ॥८॥

बहुत से अनपढ कहा करते हैं कि नटराज ने गङ्गा जटाओ मे रक्खी, परन्तु यह नही विचारते कि हर समय सिलसिलेवार बहनेवाली गङ्गा इतने दिन रुकी कैसे रही जो कई बन्ध लगाने पर भी नहीं रुकती ॥ ८ ॥

हिमपर्वतात्समुदयः सुतरां
स्वयमेव दर्शयति किं न बलात् ।
प्रकृतां जनैरधमवादकथां
धिगिमां समस्तनरकानुगताम् ॥९॥

गङ्गा का हिमालय पर्वत (गङ्गोत्तरी) से प्रकट होना कल्पना को व्यर्थ नहीं बनाता, जोकि मनुष्यो ने जटाओ से ।

---

१ समकक्षा जना इत्यर्थ ।

वास्तव में उनकी यह बात शोचनीय है। देखिए (भुव' प्रभवः) इस सूत्र के भाष्य मे साफ लिखा है कि—"हिमवतो गङ्गा प्रभवति" ॥ ९ ॥

डमरोर्निबन्धनमिदं प्रथमं
मृगतर्णकानुगमनं परतः ।
बहुभिल्लरूपपरिधानमदः
सकलां निबोधयति तस्य कथाम् ॥१०॥

डमरू का बजाना, हिरनो के बच्चों के पालना, भील (एक प्रकार की जङ्गली जाति) का सा भेष बनाना, उसकी बाते जतला रहा है। इन्हीं बातो के देख कर भारतचम्पूकार ने आपके लिए "शवरत्वजुषः" पद का प्रयोग किया है ॥ १० ॥

वृषभोपसङ्गमनतोऽवगतं
बहुधा स्मशानगमनादपि च ।
नटएव नायमितरो जगतां
परिवञ्चनाय भुवने समभूत् ॥११॥

बैल के ऊपर चढ कर जाना, प्राय मरघट में रहना, चिता में अधिकतर लोटना प्रत्यक्ष मे हमको जतला रहा है कि यह कोई बना हुआ नट था, और अपना नाम जगत् में शिव बतलाता था ॥ ११ ॥

शशिलेखया गगनसङ्गतया
कथमस्य मूर्ध्नि विहिता वसतिः ।
कथना मृषैव शशिधारणजा
न विलोक्यते जगति पुंसु तथा ॥१२॥

चन्द्रमा के साथ सम्बन्ध रखनेवाली चन्द्रकला, भूतलचारी मनुष्य में क्यो कर आ गई ? यह भी एक बनावटी और जगत् मे असम्भव बात है। परन्तु चन्द्रकला नाम का एक भूषण, भील जाति की स्त्रियाँ पहना करती हैं। शायद यह वही हो ॥ १२ ॥

अतिमादकद्रविणसेवनतः
स्वयमेव तस्य विषमास्ति मतिः ।
परतश्च बिल्वदलचर्वणया
वनमानुषत्वमुपयाति शिवम् ॥१३॥

भङ्ग, धतूरा आदि मादक द्रव्यो के सर्वदा सेवन से आप शिव की बुद्धि का पता ता स्वय लगा सकते हैं कि—वह कहाँ तक ठीक थी और उनकी रही सही योग्यता बेलपत्रों के खाने से हो गई। कहिए, अब भी कुछ कसर रही? ॥ १३ ॥

यदि भोजपत्रपरिवेष्टनतो-
धिकतां प्रयाति कदलीवसनम् ।
तदिदं न दृश्यतइहापि परं
तदभावएव मयकात्रमतः ॥१४॥

भोजपत्र से केले की छाल अधिक गरम और मजबूत नहीं होती, परन्तु आपके लिए उन भोजपत्रो का भी अभाव ही रहा। वह भी पूरे तौर पर शरीर ढाँकने को न मिले। देखिए, यह बात शिवपुराण आदि ग्रन्थो मे लिखी हुई है॥ १४ ॥

इति यस्य लोकपरिवञ्चकता
प्रथितास्ति तेन रचितं भुवने ।
मतमेतदद्भुतमतो न बुधैः
श्रवणीयमस्य चरितं विकृतम् ॥१५॥

जिस पुरुष की यह दशा थी, यह रईसी और यह रङ्ग ढङ्ग था, उस पुरुष ने इस जगत् में भोले भाले लोगो को अपनी मुट्ठी में करने के लिए यह जाल फैलाया। अब भी यदि आप लोगो को विश्वास (इतमीनान) न हुआ हो तो और सुनिए ॥ १५ ॥

नयनत्रयन्तु बहुधा जगति
प्रतिवीक्ष्यते किल गवां विकृतौ ।

किमनेन तस्य जड़ता परमा
न मता भवद्भिरधुनापि रसात् ॥१६॥

प्राय. देखा गया है कि—छोटी गायो में कसाई लोग तीसरी आँख लगा कर कहा करते हैं कि—यह महादेव का नादिया है और नटराज के लिए भी त्रिनेत्र शब्द आया करता है जैसा कि—"पञ्चवक्त्र त्रिनेत्र' इससे विकृताङ्गता तो प्रत्यक्ष ही सिद्ध है। देखिए यास्काचार्य क्या कहते है (हानिवदाधिक्यमप्यङ्गानाविकारः) इसका उदाहरण वामन देता है कि—यथा "अक्ष्णा काणः, तथैव मुखेन त्रिलोचनः" इति ॥ १६ ॥

बहुधा हिमालयतले जगति
प्रथितोऽस्ति रुद्रनयनो विटपः।
फलमस्य वर्तुलमिहस्थजनै-
र्बहुवीक्ष्यते पशुगले निहितम् ॥१७॥

हिमालय पर्वत की तराई में रुद्राक्ष नाम एक वृक्ष प्राय. हुआ करता है, जिसका सछिद्रफल वहाँ के पुरुष पशुओ के गलो में बाँधा करते हैं। रुद्र की आँख से इसका पैदा होना, जटाओ से गङ्गा की तरह प्रत्यक्ष विरुद्ध है ॥ १७ ॥

किमनेन तस्य परमेश्वरता
वदतागता जनवरा यदिदम्।
मतमस्ति मन्दमतिभिर्विहिता
बहुकल्पनेति मयकानुमतम् ॥१८॥

यदि उस वृक्ष के फल कोई पुरुष कण्ठ आदि देशो में बाँध लेवे तो क्या परमेश्वर बन जायगा। मालूम होता है कि यह पन्थ मन्दबुद्धियो ने ही चलाया, नहीं तो इसमें इतनी असम्भव बाते न होतीं। इतने से "सत्वय नीलकण्ठः" का निराकरण हो गया ॥ १८ ॥

अनुयायिभिः किल नटस्य नटै
स्तदभिन्नरूपभरणाज्जगति।

मतमत्र शैवसमभिख्यमिदं
मनुजान्तरेषु कृतमादरतः ॥१६॥

उस नटराज के अनुयायी (पीछे चलनेवाले) लोगों ने उसके समान वेश धारण कर इस शैव मत को मन्दमतियों के हृदय में स्थापित किया है अर्थात् जैसे सेवक वैसे ही सेव्य। भद्रता किसी में भी नहीं ॥ १९ ॥

निधनं गते नटवरे परतो-
जडमूर्तिरत्र रचिता मनुजैः ।
प्रथिताधुनापि किल यत्करणा
निरयोन्मुखेषु मनुजेषु भुवि ॥२०॥

उस नटराज के मर जाने पर उसके पन्थाइयों ने उसके नाम की अनेक प्रकार की मूर्तियाँ बनवा कर उसके मत को चलाया जोकि अब तक चल रहा है और भङ्ग पिलवा रहा है ॥ २० ॥

अभवत्पुरा रजतशैलतटे
शिवनामवान्स तु महीपवरः ।
नृपवंशजो जगति यस्य कथा
कविभिः स्वकीयरचनासु धृता ॥२१॥

कैलाशपर्वत का राजा अर्थात् उस पर अधिकार रखनेवाला, जो शङ्कर-सिंह हुआ वह तो चन्द्रवंशी एक राजा था, जिसकी कथा (जीवनचरित्र) बहुत से कवियों ने बनाई है और वह प्रचलित है ॥ २१ ॥

हिमवन्महीपसुतया गिरिजा-
समभिख्यया जगति यस्य कृते ।
विहितं तपोन्यमनुजैरसह्यं
बहुधार्मिकः समभवत्स नृपः ॥२२॥

हिमगौर नामक राजा की आर्या नामक कन्या ने, जोकि मेनका से उत्पन्न हुई, जिसके लिए बड़ा दुश्चर तप किया, वह राजा शङ्करसिंह अति प्रतापी और वैदिक धर्म का अनुगामी हुआ था ॥ २२ ॥

परमेतदस्ति किल यत्प्रथितं
मतमस्य तेन न कृता जगति ।
रचना यतः स परमात्मपरो-
न शिवं क्षमो बहु विडम्बयितुम् ॥२३॥

यह जो आज कल शैव मत फैल रहा है वह उसका चलाया हुआ नहीं है क्योंकि वह ईश्वर का परम भक्त था । वह उसकी नकल नहीं कर सकता था । यह बात कालिदास ने निज ग्रन्थ में "आत्मानमात्मन्यवलोकयन्त" इस पद्य के द्वारा बतलाई है ॥ २३ ॥

मनुजः कथं भुजचतुष्टयवा-
न्यदि चेदिदं कथमयं मनुजः ।
विपरीतमेतदितरेतरता
स्वयमेव याति पशुमानवताम् ॥२४॥

इस प्रकार शैवमत की समालोचना करके अब वैष्णवमत की आलोचना करते हैं । देखिए सृष्टि क्रम के विपरीत मनुष्य चार हाथ वाला नहीं बन सकता । यदि है तो मनुष्यत्व से भिन्न है । ये दोनो बातें परस्पर विरुद्ध हैं । यह भी कोई विचित्र जीव विशेष है जो कुछ मनुष्य के समान और कुछ और जीवों के समान है ॥ २४ ॥

जलधौ कथं निवसनं प्रथितं
मनुजस्य सर्पमयविष्टरके ।
अयमप्यलं शिवपदानुगतः
प्रतिभाति कोपि नटएव नवः ॥२५॥

साँपों की बनी हुई शय्या पर समुद्र के अन्दर रहना मनुष्य धर्म से कहीं बहुत दूर है । इस प्रकार की गप्पें चलानेवाला यह भी कोई अजीब बाजीगर

मालूम होता है। इस मत का चलानेवाला कौलिक नामक बढ़ई था। पञ्चतन्त्र मे इसकी कथा पढ़िए ॥ २५ ॥

बहवो भवन्ति जलधौ मनुजा-
जलमानवेत्यभिधया प्रथिताः ।
किमुतेष्वयं किमथवा जलग-
स्तिमिरेष राघवसमानवपुः ॥२६॥

समुद्र के भीतर अनेक प्रकार के जल-जन्तु होते हैं। हो न हो यह भी कोई जल मानुष है। या यह कोई राघव मत्स्य जैसा अन्य ही जल-जन्तु होगा। जल मे अधिकतर रहना इस प्रकार के प्राणियों का ही काम है। मनुष्य का नहीं ॥ २६ ॥

युगलन्तु तत्र नृपचिह्नमहो-
परिवीक्ष्यते जगति सर्वजनैः ।
परमस्ति चिह्नयुगलन्तु तथा
वनमानवेषु बहुधास्ति यथा ॥२७॥

दो चिह्न तो इसमे राजाओं के से दीखते हैं। एक गदा और दूसरा चक्र का धारण, परन्तु दो चिह्न ऐसे हैं जो मनुष्यों मे नहीं होते। एक शङ्ख दूसरा कमल। भला गदा के साथ मे कमल और चक्र के साथ मे शङ्ख किस काम के लिए उपयोगी बनेगा ॥ २७ ॥

यदि विष्णुरेष नगराधिपति-
र्जलधिप्रधाननृपकन्यकया ।
उररीकृतस्तदपि सेश्वरता
न कथञ्चिदत्र मयकानुमता ॥२८॥

यदि यह विष्णुकाची नामक नगर का राजा, कौलिक (बढ़ई) माना जावे और साथ मे ही सामुद्रिक राजा की, लक्ष्मी नामक पुत्री से इसका विवाह भी माना जावे तब भी यह परमेश्वर तो नहीं बन सकता ॥ २८ ॥

यदि विष्णुरेष परमात्मसमः
कथमस्य जन्मचरितं प्रथितम् ।
वसतिः कथं जलनिधौ शयनं
पवनाशनेषु वनिता च कथम् ॥२६॥

यदि इसको परमेश्वर माना जावे तो बन नहीं सकता। क्योकि वह अजन्मा है। इसका जन्म हुआ है। वह सर्वव्यापी है। यह समुद्रवासी है। वह हृदय-शायी है। यह सर्प-विष्टरशायी है। वह असङ्ग है। इसके साथ इसकी स्त्री लक्ष्मी भी है॥ २९ ॥

अनुमीयते मतमिदं मयका
मनुजैः कुतश्चिदधिगत्य कृतम् ।
प्रथितं तदेव मनुजेष्वपि किं
न हि चेदहो कुतइदं समभूत् ॥३०॥

मालूम होता है यह पन्थ लोगों ने किसी की देखा देखी चलाया और जगत् मे फैला दिया है। यदि ऐसा नहीं तो यह आया कहाँ से ? गरुड रूप विमान बना कर कौलिक बढई ने दो लकडी के हाथ बना यह नाटक खेला है। यह कथा पचतन्त्र आदि मे मिलती है॥ ३० ॥

तिलकाङ्कनं जगति यत्प्रथितं
बहुतप्तयाथ किल मुद्रिकया ।
परतः स्वदेहदहनं च तथा
मनुजावरेषु तदिदं प्रकटम् ॥३१॥

और तिलक छाप आदि का लगाना जो मनुष्यो ने आरम्भ किया वह भी उत्तम कोटि के मनुष्यो में नहीं देखा जाता॥ ३१ ॥

न विलोक्यते क्वचिदिदं चरितं
परमेश्वरस्तिलकवानिति यत् ।

न च मुद्रयापि दहनं मयका
परमेश्वरे जगति दृष्टमदः ॥३२॥

यह बात आज तक कहीं भी नहीं देखी गई कि निराकार परमेश्वर के भी तिलक लगे हुए हो या वह तप्त मुद्राओं से दग्ध किया गया हो। यह समस्त मनमानी कपोल कल्पित बाते मूढो ने चलाई हैं कि जिससे मनुष्य चकित होजावे। जब तक मनुष्य अजीब नकल नहीं करता, तब तक मन्दों का उसमे अनुराग नहीं होता ॥ ३२ ॥

निजकल्पनापरतया मनुजै-
र्विरचय्य वैष्णवमतन्तदिदम्।
परिवञ्चितं सकलविश्वमहो
बहुधा पुराणघटनापि कृता ॥३३॥

मतिमन्दों ने अपनी कल्पनाओं द्वारा पूर्वोक्त मत से निराला यह वैष्णव मत चलाया है और इसके द्वारा मनुष्यों का बहकाया है। उसके साथ ही विष्णु के नाम का एक पुराण भी गढ डाला, जिससे सब साधारण में इस का प्रचार हो ॥ ३३ ॥

अतिचित्रमेतदपरं यदिदं
चतुराननोद्गमनमाचरितम्।
उदरोद्गताब्जदलखण्डतले
नहि दृश्यतेत्र भुवने तदिदम् ॥३४॥

इस प्रकार वैष्णव मत की समालोचना होने के बाद ब्रह्मा की आलोचना करते हैं। देखिए, पेट (उदर) मे से पैदा हुए कमल पुष्प के अन्दर से चारो तरफ़ जिसके मुख हो ऐसी व्यक्ति का पैदा होना कितना असम्भव है! जरा विचार तो कीजिए ॥ ३४ ॥

सलिलाशये भवति पद्मलता
मनुजोदरे न किल सा प्रथिता।

नियमेतरञ्चरितमेतदलं
परिहासमात्रकरणाय मतम् ॥३५॥

जो कमल तालाबो के बीच में पैदा होता है और खास कर कीचड से, उस कमल की पहले तो मनुष्य के उदर से उत्पत्ति ही कपोल-कलिपत है। ऐसी नियम विरुद्ध बात का गढना केवल विद्वानो मे कल्पान्त तक हँसी कराना है ॥ ३५ ॥

यदि पद्मकोषवसतिर्भ्रमर-
श्चतुराननः स कथमेतदपि ।
नियमाद्विरुद्धमुदियायमते
न कथञ्चिदेति मम तच्चरितम् ॥३६॥

यदि कमल के अन्दर बन्द हुए भ्रमर (भौरे) को हम चतुरानन माने, तब भी ठीक नही, क्योकि नियम विरुद्ध है। वहाँ पर पद्मकोष में बन्द हुआ भ्रमर चतुरानन नहीं किन्तु कुण्ठितानन हो जाता है। देखिए " निष्क्रियो-भवति पङ्कज मध्ये " ॥ ३६ ॥

परितो मुखानि यदि तस्य कथ
शयनक्रिया भवति सा यदि वा ।
परिमर्दनं न कथमस्य भवे-
न्मुखनासिकाद्यवयवानुगतम् ॥३७॥

यदि सर्वतोमुख होने से उसको एक विकृताङ्ग पुरुष माने तो भी उसकी व्यवहार कल्पना किसप्रकार की माने । एक मुख से भोक्ता माने, या चारो से, और सोने के लिए किस कम्पनी का पलँग मगवाये, जिससे सर्वतोभव मुखो का परिमर्दन न हो ॥ ३७ ॥

मनुजैः श्रुतं क्वचिदिदं चरितं
मनुजो विहङ्गमाधिरुह्य खगः ।

---

१ चतुर चञ्चल प्रवीण वा आनन मुख यस्येति विग्रह ।

विचरत्यहो विहगवज्जगतीं
धिगियं मनुष्यरचना जगति ॥३८॥

और भी देखिए, चार मुख, आठ हाथ वाला अथवा एक मुख चार हाथ वाला पहले तो मनुष्य ही बनाना सृष्टि क्रम के विरुद्ध कल्पित है, तथापि उनके लिए पक्षिरूप सवारी का होना और भी कल्पित है। कहाँ तक निर्वाह करें॥ ३८॥

किमिदं वदामि चरितं विकृतं
मनुजैरिहापि बहुधाऽऽचरितम्।
जडमूर्तिमश्मरचितां परतः
परिकल्प्य पूजनमदो विततम् ॥३९॥

लोगो ने जिस मूर्तिपूजा का इस भारत मे प्रचार किया है उसका मै कहाँ तक वर्णन करूँ। निराकार ईश्वर की मनमानी प्रतिमा बना कर उसे बदनाम कर उसके द्वारा खाने कमाने का भी ढग निराला ही बनाया है॥ ३९॥

निखिलेपि येन भुवने सुतरां
परमात्मना रचितमन्नजलम्।
पुरतोस्य सत्करणमश्ममये
विनिवेद्य हास्यमिदमाचरितम् ॥४०॥

जिस ईश्वर ने समस्त भुवनो मे प्राणियो का निर्वाह-साधन, अन्न और जल आदि बनाया, उसको एक जड पत्थर की मूर्ति में, जोकि कारीगरो ने बनाई है, बिठला कर रोटी, पानी आदि से उसका आदर किया है॥ ४०॥

रविचन्द्रतारकसमूहकरं
परमेश्वरं जडमयप्रकृतौ।
विनिधाय दीपशिखया विहिता
बहु हास्यमेतदनलप्रतिभा ॥४१॥

१ धिग्योगे प्रथमापि दृश्यते यथा [धिगया कष्टसश्रया] इति

सूर्य, चन्द्र, तारा आदि अनेक प्रकार के प्रकाशक पदार्थो को जिस ईश्वर ने प्रकाशित किया उसको अप्रकाश (प्रकाशरहित) एक मूर्ति में बिठला कर दो बत्तियो की रोशनी दिखाना आरम्भ किया। यह उसका कितना अपमान है ॥ ४१ ॥

भुवनेश्वरं नियतदेशपतिं
यदि कल्पयेदहह तस्य कथम्।
न भवेदनन्तनवदुर्दशया
नरकेष्वलं नियतमेव गमः ॥४२॥

जो पुरुष समस्त विश्वपति को एक जड पदार्थ का पति मान कर उसका अपमान करना आरम्भ करे, उस पुरुष का, यदि अनेक प्रकार की यातनाओ में गिर कर दुःख भोगना न हो, तो और क्या हो? यही उसके लिए दण्ड है ॥ ४२ ॥

मदमांसभक्षणपरैर्मनुजै-
रिदमत्र शाक्तमतमप्यपरम्।
प्रथितं यदस्ति सकले जगति
प्रतिवीक्ष्यतामहरहो निहितम् ॥४३॥

इस प्रकार कल्पित ब्रह्मदेव की समालोचना कर, शाक्तमत की आलोचना करते हैं। देखिए, आज कल जो जगत् में शाक्तमत प्रतीत होता है, इसको मद्य और मास खानेवालो ने चलाया है। चूँकि इसका यही "महाप्रसाद" है ॥ ४३ ॥

क्क पराऽऽत्मशक्तिरनिरीक्ष्यकला
क्क जडाऽश्मशक्तिरतिमांसपरा।
न कथञ्चिदत्र मनुजैः क्रियता-
मितिभावना जडमयप्रकृतौ ॥४४॥

निराकार ईश्वर के साथ रखनेवाली कहाँ निराकार शक्ति! कहाँ फिर जडमूर्ति में कल्पना की हुई मद्य, मास, रक्त खानेवाली शक्ति! इस मत में

किसी भी बुद्धिमान् पुरुष को पडकर अपना पवित्र जन्म नष्ट नहीं करना चाहिए ॥ ४४ ॥

यदि शक्तिरेकपरमेश्वरगा
दशधाऽथवा च नवधापि च सा ।
कथमागता सकलशक्तिमयं
परमेश्वरं प्रतिविहाय भुवम् ॥४५॥

यदि इस शक्ति को ईश्वरीय शक्ति माना जाय तो सर्वशक्तिमान् उस ईश्वर को छोड कर अकेली यह शक्ति यहाँ आई क्यो, और निराकार शक्ति मे, अष्टभुजा, दशभुजा, चतुर्भुजा आदि भेद क्यो कर हो सकते हैं ? ॥ ४५ ॥

समवायतः परतरे सततं
निहितापि सा यदि ततः प्रचलेत् ।
गतशक्तिरेव तदहो जगतां
प्रभवेत्पतिः कथमिदं प्रभवेत् ॥४६॥

समवाय सम्बन्ध से, सर्वदा ईश्वर मे रहनेवाली शक्ति यदि ईश्वर को छोड कर अन्यत्र चली जावे, तो उतनी देर तक वह परमात्मा अशक्त माना जायगा। यदि ऐसा माना जायगा तो जगत् का पालन पोषण नहीं बन सकता ॥ ४६ ॥

यदि पार्वती पतिरता स्वपति
परिहाय सत्कुलभवा विचरेत् ।
जगतीतले कथमतिप्रथिता
क्व सती क्व चाथ कुलटा विकटा ॥४७॥

यदि कहा जावे कि यह शक्ति पार्वती का ही रूपान्तर है तो एक रूप से उसके ऊपर व्यभिचार का दोष लगाना है। पतिव्रता पार्वती अपने पति को छोड क्यो कर ससार में विचरेगी ? यदि विचरेगी तो पतिव्रता क्यों कर रहेगी ? ॥ ४७ ॥

---

१ भवेदितिशेष ।

नरकोन्मुखैरिह कृता मनुजै-
नैवतन्त्रमन्त्ररचना जगति ।
न कदापि सा मनुजधर्मपरा
पशुतानुरूपघटनानुगमात् ॥४८॥

इसलिए जगत् में जितनी शाक्तमत फैलानेवाली तन्त्र मन्त्र आदि की रचना है, उसको मूर्ख जनो ने अपने निर्वाहार्थ चलाया है। काली, तारा, त्रिपुर-सुन्दरी, बगलामुखी, छिन्नमस्ता, मातङ्गी, कमलात्मिका आदि कल्पित नाम एव रूप बना कर लोगो ने मनुष्यो को इस पन्थ में प्रवृत्त किया है ॥ ४८ ॥

महदद्भुतं मनुजवत्सकलं
पशुवद्विधाय वदनाऽऽरचनम् ।
गणपेति तस्य कथनाकरणं
खनकात्मकेथ शकटे गमनम् ॥४९॥

इस प्रकार शाक्त मत की आलोचना कर गणपत्य की आलोचना आरम्भ करते हैं। बडे आश्चर्य की बात है कि एक जन्तु को आधा पशु और आधा मनुष्य बना कर उस का नाम गणेश धरदिया है और उसकी सवारी मे चूहा लगा दिया है ॥ ४९ ॥

क्रमुकात्मके गणपतौ मनुजै-
नैवतन्तुजालमभिवेष्ट्य मुधा ।
भुवनेषु येषु रचना विहिता
यदरं भवेत्तदधिकं न पुनः ॥५०॥

जिस जगत् मे (क्रमुक) सुपारी को गणेश मान उस पर तागा लपेट मनुष्यो को बहकाया उसमें जो कुछ हो सब थोडा है। सुपारी के गणेश का पूजन करना मनुष्यो की अद्वितीय मन्दता मे सर्वोच्च प्रमाण (सबूत) है ॥५०॥

---

१ तोष्वितिशेष ।

अभवत्पुरा गणधरात्मतया
मनुजाधिपः स किल नाशमगात् ।
अवनीतले मिथुनभावगतः
स च हूणदेशवसनोप्यभवत् ॥५१॥

पहले एक किन्नर देश में गणधर नाम का राजा हुआ था जो अपने बल से हूण देश का राज्यकारी बन अपना जीवन वही व्यतीत कर गया था ॥५१॥

तदनुव्रजैर्गणपतेरधुना
मतमेतदत्र रचितं जगति ।
कथमत्र कोपि मनुजो भवता-
द्विदुषां मते यदि भवेत्स जडः ॥५२॥

उस राजा के अनुचरो ने वही पर उसके मर जाने के बाद इस मत को चलाया जो अब तक जगत् मे प्रख्यात है। आप जैसे विद्वानो के मत में यह मत ऐसा ही होना चाहिए जैसा कि मूर्ख पुरुषो के लिए होना चाहिए (या उचित हो) ॥ ५२ ॥

न निरीक्ष्यते क्वचिदिदं चरितं
वनिता मलाज्जनिमितो मनुजः ।
यदि वा[1] भवेत्स न करोति महत्
प्रधनं स्वभावतइदं प्रथितम् ॥५३॥

जो इस गणेश का इस प्रकार कथानक बनाया गया है कि वह पार्वती के मैल से पैदा हुआ है, वह असङ्गत है। मनुष्य और पशुओ के सृष्टि क्रम से विरुद्ध है। यदि हुआ होगा तो जू की योनि मे हो सकता है परन्तु वह युद्ध नहीं कर सकता ॥ ५३ ॥

अभवद्गणेशइति कोपि बुधो-
भुवि भारतं समलिखद् बहु यः ।

---

१ यूकात्मक ।

स ममार पूर्वमुदितो मयका
नरएव सोपि न पशुर्विकृतः ॥५४॥

गणपति नामक एक विद्वान् भी व्यास के समय में उत्पन्न हुआ था जिसने महाभारत लिखा और बढाया है। परन्तु वह विद्वान् इस मत का चलानेवाला नहीं हुआ। क्योंकि वह नास्तिक और चार्वाक मत का मानने वाला था ॥ ५४ ॥

यदि नानकेतिमनुजेन कृतं
मतमादरान्नयति नारकिताम्।
गमनोन्मुखैः किमिति नाद्रियते
सुलभोयमस्ति किल तस्य पथः ॥५५॥

इस प्रकार परिकल्पित गणपति मत की आलोचना कर और मतों की आलोचना आरम्भ करते हैं। यदि संसार में नानक का चलाया हुआ मत उच्छृङ्खलमार्ग में जाने के लिए सबसे सीधा मार्ग है तो उसके लिए मार्गान्तर की क्या अपेक्षा है ॥ ५५ ॥

परमात्मवादपरकैरितर-
र्यदिदं मतं विरचितं तदपि।
यदि सत्यमस्ति मरणं न पुनः
प्रभवेत्तथाविधमतेषु नृणाम् ॥५६॥

"अहं ब्रह्मास्मि" के माननेवालों का यदि मत सच्चा है तो उस पर चलनेवाले मरण धर्म को क्यों प्राप्त होते हैं? ब्रह्म कदापि न मरता, न जीता और न पैदा होता है ॥ ५६ ॥

अहमेव तत्त्वमिति सेति कथा
नवमुण्डिभिर्विरचिता जगति।
मनुजान्करोति बहुनास्तिकता-
निरतानतो न विबुधानुमता ॥५७॥

"अहं ब्रह्मास्मि, तत्त्वमसि" आदि महावाक्यो की कथा नवीन मुण्डियों ने बना कर खडी की है। यह मनुष्यो को नास्तिक बना देती है इसलिए यह अवैदिक है ॥ ५७ ॥

अयमस्ति चेति वचनं यदि तं
परमेश्वरं कथयति प्रथितम् ।
न निरूपणं विगतरूपमयं
पुनरत्र तिष्ठति कथञ्चिदपि ॥५८॥

यदि "अयमात्मा ब्रह्म" यह वचन परमेश्वर को निर्दिष्ट करता है तो उस का स्वरूप अनिर्देश्य नही रहता। 'अयमात्मा यह निर्देश साकार में बनता है, न कि निराकार मे। परमात्मा तो वाणी का भी विषय नहीं है। "यन्नेति नेति वचनैर्निगमा अवोचु" ॥ ५८ ॥

यदि जीवएव परमेश्वरता-
मुपयाति तर्हि कथमत्र मता ।
बहुलक्षणा प्रकृतिवादपरा
निरुपद्रवं भवतु सर्वजगत् ॥५९॥

यदि कहो कि जीव ही ईश्वर बन जाता है। ईश्वर कोई भिन्न पदार्थ नहीं, तो फिर उसमें तटस्थ लक्षण या स्वरूप लक्षण (जन्माद्यस्य यतः) त० (अकायमव्रणम्) स्व० आदि आदि प्रकृति से भिन्न क्यो लगाते हो ? ब्रह्म में तो कोई प्रकार का उपद्रव ही नहीं रहता ॥ ५९ ॥

प्रकृतेर्विकार इह कं श्रयतात्
परिहाय जीवघटनां त्रिगुणाम् ।
परमेश्वरोपगममिच्छति चे-
न्न पुनः कथञ्चिदपि सोऽस्य गुणः ॥६०॥

जितना यह प्रकृति का विस्तार जीवों के सम्बन्ध से अनेक रूप होकर प्रतीत होता है यह भी नहीं रह सकता। क्योंकि जीव ईश्वर बन गया।

यदि परमात्मा मे ही उस प्रकृति का सम्बन्ध मानें तो वह बनता नहीं। ईश्वर केवल साक्षी है और स्वय निर्गुण है ॥ ६० ॥

अभवत्स कोपि मतमूलधरो-
बुधनामवानधमभूतकथः ।
निगमेतराऽधुनिकवादपरो-
विहितं नु येन भुवि बौद्धमतम् ॥६१॥

इस प्रकार मायावादियो की समालोचना कर आगे चलते है। मतो की प्रथा जगत् मे चलानेवाला सबसे प्रथम एक बुद्ध हुआ, जिसने वैदिक सिद्धान्तो को न मान कर एक नया बौद्धमत अपने नाम से प्रचलित किया ॥ ६१ ॥

दिवमाप्तवत्यथ कथञ्चिदितो-
जगतीतलात्तदनुगैर्मनुजैः ।
तदभावतः प्रतिकृतिर्विहिता
रचितापि चास्य बुधदेवकथा ॥६२॥

उस बुद्ध के पश्चात् उनके मत के चलानेवाले लोगो ने सबसे प्रथम एक उसकी प्रतिकृति—मूर्ति—बनाई और उसके नाम की कथा बना कर जगत् में उसको विख्यात किया। कथा और पुराणो का प्रसग भी यहीं से आरम्भ हुआ ॥ ६२ ॥

परतो बभूव जिनदेवकथा
जगतीतलेऽवरपथानुगता ।
बहवः समेत्य किल यां मनुजा
विमतिं गता इति मयानुमितम् ॥६३॥

इसके अनन्तर ससार मे जिन देव की कथा प्रकट हुई और इस मत के अनेक भेद बने। इसने भी ससार में मूर्तिपूजा का सिलसिला जारी किया और बहुत से लोगो में यह मत फैल गया ॥ ६३ ॥

तदनुव्रजैर्नवपुराणधरै-
मैतभेदकल्पनधिया रचिता ।
लघुकालतो भुवि सनातनतां
प्रगताधुना तु जड़मूर्तिकथा ॥६४॥

जैनो के साथ भोले हिन्दुओ ने भी उनकी देखा देखी कुछ मनमानी मूर्तियाँ बनाई और उनके नाम के नये ग्रन्थ बना कर उनका नाम पुराण रक्खा । उनमे यह प्रसिद्ध किया कि ईश्वर अवतार धारण करता है और मत्स्य, कूर्म, वराह आदि योनियो म आता है ॥ ६४ ॥

अनलङ्कृता नरमयी रहिता
वसनैर्जिनस्य रचिता प्रतिमा ।
मतमादरादनुगतैर्मनुजै-
रचनापि सा जिन पुराणमयी ॥६५॥

सिलसिला भी देखिए । जैनो ने अपने मन्दिरो मे भूषणरहित दिगम्बर (नग्न) और एक मूर्ति बना कर उसका पूजन आरम्भ किया । इसी लिए सबसे अधिक अजायबघरो मे जैन मत की नग्न मूर्तियाँ ही मिलती हैं और वह सब औरङ्गजेब के द्वारा तुडवाई हुई मिलती है ॥ ६५ ॥

अतिभूषणा युगलभावगता
वसनैर्वृता तदितरैर्मनुजैः ।
परिकल्पिता निरयमार्गमयी
प्रतिमा नृणां तदनुगा च कथा ॥६६॥

हिन्दुओ ने उनके स्थान मे उनके विरुद्ध अच्छे प्रकार अनेक प्रकार के भूषण और वस्त्र पहना कर युगल जोडा अर्थात् एक स्त्री और एक पुरुष की मूर्ति स्थापन की और युगलरूप की ही कथा भी लिख डाली ॥ ६६ ॥

उभयेपि ते निगमभिन्नमते
निरता नयन्ति जनतां कुपथम् ।

परिदृश्यते तदिदमत्र जनै-
रितरेतरोदितमताश्रयणात् ॥६७॥

यह दोनो मूर्तिपूजा के प्रचारक अर्थात् जैन और हिन्दू वैदिक सिद्धान्तो से विमुख होकर मनुष्यो को बहकाने के लिए आपस मे मिले हुए से काम करते हैं और सामान्य पुरुषो को भ्रम मे डालते हैं ॥ ६७ ॥

तदिदं जनैर्जिनमतादुदितं
परिपूजनं जडशिलानुगतम् ।
परिहाय सेव्यमनुरागवशा-
दधुना विधिप्रणिहितं सकलम् ॥६८॥

इसलिए जैनो से चली हुई मूर्तिपूजा को छोड कर अब मनुष्यों को चाहिए कि सच्चे वैदिक मार्ग का भक्तिपूर्वक अवलम्बन करें और वेद में कहे हुए आचरणो का ही बर्ताव कर समस्त आनन्द के भागी बनें ॥ ६८ ॥

करणं न यस्य मुनिभिर्गदितं
न च रूपमप्यथ च नो जननम् ।
सकलेष्टदश्च किल यो जगतां
परिपालने च निरतः सततम् ॥६९॥

जिस ईश्वर का कोई कारण नहीं है और जो नीरूप होकर जगत् का साक्षी और कर्मो का फल देनेवाला है तथा समस्त जगत् का जो पालन-पोषण करनेवाला है उस एक सच्चिदानन्द रूप ईश्वर को मानो और कुछ नहीं ॥ ६९ ॥

इति सर्वथा जडमतप्रथनां
क्रमशो निवार्य्य मुनिराडऽवरम् ।
सकलं पुराणरचनञ्च ततः
परतो बभूव मुदमेव गतः ॥७०॥

इस प्रकार उपस्थित महाराजाओं के समक्ष महर्षि दयानन्द सरस्वती क्रमश मूर्तिपूजा का निषेध, मतो की आलोचना और पुराणो का ढकोसला बतला कर मन मे अति प्रसन्न हुए और अद्वितीय यश के भागी बने ॥ ७० ॥

मनुजाधिपोपि सकलं यमिना
परिपीय वाक्यनिचयं मुदितः ।
निगमेतरा प्रकृतिपूजनगां
मतिमुद्धरन्यमपरः समभूत् ॥७१॥

महाराणा सज्जनसिंहजी भी आपका यह अमृतातिशायी (अमृत से भी अधिक) मीठा उपदेश सुन प्रसन्न हुए और तन, मन, धन से वैदिक-धर्म का पालन कर नगर मे अवैदिक मत का उच्छेद करते रहे ॥ ७१ ॥

जनतोत्सवे सुतसमुद्भवने
मुनये मुदाधनमदाज्जनपः ।
मुनिरप्यनाथजनतोषकृते
नगरान्तरं तदभिनोदितवान् ॥७२॥

महाराणाजी के जब पुत्र उत्पन्न हुआ तब उन्होने आठ सौ रुपये आपके अर्पण किये । आपने भी उस द्रव्य को अग्राह्य समझ कर अनाथालय फीरोजपुर के लिए भिजवा दिया । वास्तव म 'राजान्नन्तेजआदत्ते" यह ठीक है ॥ ७२ ॥

गमनोत्कतामनुगते परमां
मुनिनायके स शिविकादिमयम् ।
सकलं विधाय करणं जगदे
यमिनांवरं परमनम्रतया ॥७३॥

स्वामीजी ने जब यहाँ से जाने की इच्छा प्रकट की तब महाराणाजी ने सब पालकी आदि का प्रबन्ध किया और दो सहस्र मुद्रा आपकी भेट की, जिसको आपने तुरन्त परोपकारिणी के भेट किया । अन्त में महाराणाजी अति गद्गद होकर कहने लगे—॥ ७३ ॥

भगवन्भवान्स्वरचितां यदि तां
विवृतिं विमुद्रयितुमेष्यति माम् ।
ऋतुं[1]दर्शनेषु तदहं द्रविणं
सकलं तदर्थमरमेव पुनः[2] ॥७४॥

यदि आप स्वय किया हुआ षड्दर्शनो का भाष्य छपवावें तो बीस हजार उसके छपने के लिए मै हीं इतना कह कर आपसे कुछ बोला न गया। वास्तव में वियोग समय का दृश्य बडा अद्भुत होता है। मनुष्य का गला स्वय गद्गद हो जाता है ॥ ७४ ॥

इतिवादिनं तमधिकं पुरतो-
नृपतिं तथास्त्वितिवदन्मुनिराट् ।
प्रजगाम तत्परतरं नगरं
मनुजाधिवाह्यमधिरुह्य सुखम् ॥७५॥

उस समय महाराणा साहब हाथ जोड कर अधोमुख खडे थे। उनकी आँखों में जल भर रहा था और वाणी गद्गद हो रही थी। उनकी यह दशा देख कर महर्षि ने "तथास्तु" कह कर उनकी इच्छा का अनुमोदन किया। इस प्रकार १ मार्च सन् १८८३ ईसवी को आप उदयपुर से शाहपुरा पधारे ॥ ७५ ॥

प्रगते मुनौ सकलहर्षकरे
तदनुव्रजैर्जनवरैर्विहिता ।
महती समाजघटनात्र पुरे
महतां महत्त्वमिदमेव परम् ॥७६॥

आनन्दकन्द जगदानन्द ऋषि दयानन्द के प्रस्थित होने के पश्चात् उदयपुर में भी नियमानुसार समाज का कार्य आरम्भ होने लगा। कई प्रतिष्ठित महोदय इस समाज के सभासद् बने और उत्साह से काम करने लगे ॥७६॥

---

१ ऋतुशब्देन लक्षणाया तदुपलक्षिता षटसंख्या समवगन्तव्या। २ दास्यामीतिशेषः ।

नगरेषु वर्त्मनि गतेषु मुनि-
बंहुसंवसन्नरवरार्थनया ।
बहुधाऽऽर्य्यमन्दिरकृतोद्यमनः
प्रययौ महत्पुरमपि क्रमशः ॥७७॥

शाहपुरे के लिए प्रस्थित होकर ये स्वामीजी मार्ग मे नीमाहेड, चित्तौड आदि नगरो मे कामदारो के विशेष अनुरोध से ठहरते हुए वैदिक धर्म का उपदेश देते थ और आर्य-मन्दिरो के लिए प्रेरणा करते जाते थे ॥ ७७ ॥

दिनएव तत्पुरमवाप्य यति-
र्नववाटिकोदरगतोच्चशिले ।
सिकतान्धुसन्निधिमितेन्यवस-
त्कृतसर्वलोकनमनो भवने ॥७८॥

इस प्रकार स्वामीजी क्रमश ठहरते हुए ९ मार्च सन् १८८३ ईसवी को चार बजे दिन के शाहपुरा पहुँच गये और रेतिया कुए के पास नाहरनिवास नामक बाग मे, जहाँ कि आपके ठहरने का पहले ही से प्रबन्ध हो चुका था, उतरे ॥ ७८ ॥

नगराधिपोपि सकलं करणं
स्वयमेव देवसविधे नितराम् ।
मुदमाप देवकथनाधिगतं
स विधाय सर्वमनमच्च मुदा ॥७९॥

महाराजा शाहपुरा ने जो कुछ आपके लिए उपयुक्त आवश्यक पदार्थ थे सबको एकत्र कर दिया, जिससे किसी प्रकार का दुबारा कष्ट न उठाना पडे और आपके चारो तरफ पहरा बिठला दिया, जिससे बिना आपकी आज्ञा के कोई अन्दर न आ सके ॥ ७९ ॥

---

१ प्रान्तेषु । २ सिकतामुपगत अन्धु कूप । ३ साधकतम वस्तु ।

विहितासनो मुनिवरः परतः
प्रथयाम्बभूव निजमागमनम् ।
मतवादभञ्जनपरां च कथां
सकलेपि राज्यपरिषत्पटले ॥८०॥

आपने भी यहाँ आने के साथ ही वैदिक धर्म का प्रचार करना आरम्भ कर दिया और साथ ही अनेक प्रकार के मतो का खण्डन भी आरम्भ कर दिया। इससे समस्त रियासत में आपके आने का यश फैल गया॥ ८०॥

मनुजाधिपं प्रतिदिनं नियतं
घटिकात्रयं मनुकृतां रचनाम् ।
मुनिराडऽनुग्रहतएवपरं
समबोधयत्स च मुदाभ्यपठत् ॥८१॥

महाराजा को प्रतिदिन नियमपूर्वक सायङ्काल के समय तीन घण्टा आप मनुस्मृति को, जो राजाओं के लिए अवश्य पढनी चाहिए, पढाया करते थे। महाराजा भी उस समय विनयपूर्वक जी लगा कर पढा करते थे॥ ८१॥

मनुनिर्मिते[२] मुनिवरः सकलं
समबोधयन्मिलितपद्यचयम्[१] ।
मनुजेश्वरं प्रकरणान्वयतो-
न मिलन्ति धूर्तकृतयः सुकृते ॥८२॥

मनुप्रणीत धर्मशास्त्र में जितने श्लोक प्रक्षिप्त थे आपने महाराजा को प्रकरणशः सब बतला दिये और उनसे कह दिया कि आज से आप इन श्लोकों को प्रामाणिक न माने। ठीक भी है, विद्वानो के लेख में अविद्वानो का लेख छिपा नहीं रहता॥ ८२॥

---

१ समूहे। २ धर्मशास्त्रे।

अथ योगशास्त्रमपि तं नृपतिं
परिपाठयन्विधिविधानयुतम् ।
कणभुग्विनिर्मितमपि क्रमशः
समबोधयत्सकलमात्मगतिः ॥८३॥

मनुस्मृति पढने के बाद आपने महाराजा को योगदर्शन पढाया। उसके साथ साथ प्राणायाम की रीति भी बतलाई। अन्त मे कणाद ऋषि प्रोक्त वैशेषिकदर्शन भी आपने राजा को पढाया जिससे महाराजा शाहपुरा निपुण हो गये ॥ ८३ ॥

परतः प्रसङ्गवशतो मुनिराड्
द्विजमेकमानतमुदारगुणम् ।
पदयोर्निवेदनत आत्मबला-
दकरोद्विधानवशतः स्वसमम् ॥८४॥

प्रसग से यहाँ पर आपने एक ब्राह्मण को, जोकि आपसे कई बार प्रार्थना कर चुका था, सन्यास दीक्षा को ग्रहण कराया और उसको दण्ड देकर उसका नाम ईश्वरानन्द सरस्वती रक्खा। उसको असद्गति से सद्गति का मार्ग बतला दिया ॥ ८४ ॥

कृतकृत्यतामुपगतः स जनो-
बहुधा विदन्नपि[1] पुनः पठने।
कृतनिश्चयो यतिवरैः क्रमशो-
विनियोजितः प्रतिजगाम ततः ॥८५॥

यद्यपि वह कृतकृत्य होकर पहले भी कुछ लिखा पढा था, परन्तु पढने में उसकी अधिक रुचि देख कर आपने उसको विद्योपार्जन ही में फिर प्रवृत्त किया और यहाँ से उसको इलाहाबाद (प्रयाग) भेज दिया ॥ ८५ ॥

---

१ विद्वानपि ।

मुनिना निजानुवशतो नियत-
प्रतिबन्धबन्धनविधानवशात् ।
निजनिर्मिते निगमयन्त्रगृहे
विनियुक्तएव किमतोप्यधिकम् ॥८६॥

उस समय प्रयाग में आपका वैदिक यन्त्रालय उपस्थित था। आपने उस ईश्वरानन्द के ठहरने और पढने आदि का सुभीता देख उसी में रहने के लिए कह दिया। वह ईश्वरानन्द यहाँ आकर रहने लगा ॥ ८६ ॥

प्रतिमासमाप्य किल सोपि मुदा
"कलदार" पञ्चकमतिकृपया[1] ।
मुनिनायकस्य परमेश्वरतो
नितरामवाप च विबोधकलाम् ॥८७॥

निर्वाह के लिए एक पत्र वैदिक यन्त्रालय के प्रबन्धकर्ता को लिख दिया कि ५) रुपये मासिक ईश्वरानन्द को दिया जावे। तदनुकूल पाँच रुपये उनको मिलते रहे और आपकी कृपा से वे पढने में कृतकार्य हुए ॥ ८७ ॥

इह चापि केचिदविनीततराः
सबलेन तेन मुनिना प्रसभम् ।
कृतशङ्कनाः परमगर्वरताः
प्रमदारताः प्रतिदिनं प्रहताः ॥८८॥

यहाँ पर रामसनेहियो के सबसे बडे एक महन्त रहते थे। वे प्रतिदिन आपसे कुछ न कुछ शङ्का किया करते थे। परन्तु जब आपने शास्त्रार्थ के लिए उनसे कहा तो वे हट गये, इसलिए आपने भी खूब फटकारा ॥ ८८ ॥

अथ कोपि तत्र नवमार्गगतः
कृतवेदबाह्यबहुधाचरणः ।

---

१ मतान्तरे ऋकारो न स्वर ।

मुनिनायकस्य भवनं न ययौ
निजकर्मगोपनभयादिव किम् ॥८९॥

एक दादूपन्थी भी यहाँ पर रहता था, जो कुछ कुछ संस्कृत मे भी टाँग अड़ाता था। अपने मत की पोल खुल जाने के भय से जब तक स्वामीजी यहाँ रहे तब तक वह कभी उनके आश्रम पर नही आया॥ ८९॥

परमेषमूर्खतरएत्य सदा
पथि वाटिकोपगमनाय कृते।
प्रतिवादमारभत नित्यमल
प्रसमीक्ष्य यान्तम[1]ऽतिगर्ववशात् ॥९०॥

परन्तु वह मूर्ख जब स्वामीजी शौच आदि के लिए जङ्गल जाया करते थे उस समय मौका देख कर रास्ते म आ बैठता था और जो कुछ अण्ड बण्ड मन मे आता था बका करता था॥ ९०॥

दिवसान्तरे स मुनिनातिशठः
प्रतिभर्त्सितो निगदितश्च हठात्।
न तवेव मेऽपि समयो नितरां
विफलस्तदेहि मम वासगृहम् ॥९१॥

जब स्वामीजी ने इसको रोज रास्ते मे अटकता देखा तब एक दिन उससे कहा कि उदासीनपुङ्गवजी! जैसा आप अपना समय व्यर्थ खोते हैं इस प्रकार मैं नहीं खोना चाहता। यह मेरा समय अमूल्य और अप्राप्य है॥ ९१॥

यदि ते रुचिर्मम वचःसु तदा
हृदये धृतापि गतविघ्नतया।
परिशङ्कना मम समुत्तरतो-
नितरां त्वया गतमदा क्रियताम् ॥९२॥

---

१ स्वामिनमितिशेष।

यदि आपको कुछ पूँछना हो, या किसी विषय में वार्तालाप करना हो, तो आप मेरे आश्रम पर, जहाँ मै ठहरा हुआ हूँ, आइए। आपके जो कुछ प्रश्न होंगे मैं सबका उचित उत्तर दूँगा। यहाँ अवसर नही है ॥ ९२ ॥

इति वादिनं मुनिवरं स शठः
कथयाम्बभूव न मते मम तु ।
जगदस्ति कालकलनापि न सा
कुतएव वादकलना भवताम् ॥९३॥

इस प्रकार स्वामीजी के कहने पर वह बोला कि मेरे मत में तो काल कुछ चीज ही नही है। न मेरे मत में यह जगत् है। जब जगत् और काल ही कुछ चीज नही तब आपसे वार्तालाप करना कहाँ रहा ॥ ९३ ॥

मुनिनायकोपि तमभाषत रे !
यदि नास्ति सज्जगदिदं क्व भवान् ।
समयोपि नास्ति यदि तत्सकलं
कथमेतदस्ति निजकर्मपरम् ॥९४॥

उसको इस प्रकार बोलते हुए देख कर स्वामीजी ने उससे कहा कि यदि तुम्हारे मत में जगत् ही नहीं तो तुम भी कहाँ हो ? कहीं नहीं। काल के न होने से यह जो कुछ तुम कह रहे हो यह भी कुछ नहीं है ॥९४॥

इति वादिनं यतिवरं न पुनः
प्रजगाद मूर्खजनराड्भयतः ।
मुनिनायकोपि निजकर्म्मरतः
प्रबभूव तत्र नगरे परतः ॥९५॥

इस प्रकार फटकार लगने पर वह मूर्ख दुम दबा कर चलता बना। स्वामीजी भी उसके जाने पर अपने कार्य में प्रवृत्त हुए। वास्तव में ऐसे पुरुषो के लिए जब तक उचित उत्तर नही मिलता तब तक वे चुप नहीं होते ॥ ९५ ॥

दिवसैककेत्र नगरे पतितं
भवनस्य कस्यचिदसच्छदनम् ।
यदधोगताः किल जना मरणं
ययुरेव यर्हि न भवेत्स मुनिः ॥९६॥

एक दिन वहाँ पर अचानक एक कोठी की छत, जोकि नई बन रही थी, टूट पडी । उसके नीचे कई पुरुष दब गये । यदि उस समय स्वामीजी वहाँ उपस्थित न होते तो उनका जीवन किसी दशा में भी न रहता ॥ ९६ ॥

प्रसमीक्ष्य तत्र मुनिराडभय-
स्तदधोगतौ विगतचित्तमरम् ।
मनुजौघमस्य नगरस्य हठात्
स्वयमेव किन्न स चकार बलम् ॥९७॥

आपने जब उनको दबा हुआ देखा तब बिना किसी के कहे सुनेही आप जिस दशा में बैठे हुए थे उसी हालत में जाकर उनके बचाने के लिए स्वय लग पडे । उन्होने अपने अमूल्य वस्त्रा की कुछ परवा न की ॥ ९७ ॥

शिलयावृतान्मुनिरयं मनुजान्
विनिवार्य तां बृहदुपान्ताशिलाम् ।
समजीवयत्स्वबलतो नितरां
परजीवनाय समदात्स्ववपुः ॥९८॥

जिस शिला के नीचे कई पुरुष दब गये थे उसको अकेले ही हटा कर शीघ्र उनको उसके नीचे से निकाल दिया और उनको जीवनदान दिया । कहाँ तक कहें । न केवल उनके किन्तु भारत के बचाने में उन्होंने अपना प्राण तक दे दिया ॥ ९८ ॥

अथ कोपि रामगढपत्तनतो-
विबुधोयतेरुपगतः सविधम् ।

नयने निजे सफलतामनयत्
मुनिदर्शनादथ च भाषणतः ॥६६॥

कुछ दिनो के अनन्तर आपके दर्शन के लिए रामगढ से पण्डित कालूरामजी आये थे। आपने स्वामीजी के अनुपम दर्शन से अपने नेत्र कृतार्थ किये और अमृतमय वाणी सुन कर्णकुहर भी पुनीत किये ॥ ९९ ॥

परिपीय देवकथनं परम
स बुधो गतान्तरमदः परतः ।
निजदेशमाप्य लघु देवगिरा
कथयाम्बभूव किल धर्मकथाम् ॥१००॥

कुछ दिन तक पण्डितजी आप से धर्मोपदेश लेते रहे। अन्त में उन्होंने पूछा कि मेरे योग्य कुछ कार्य बताइए। स्वामीजी ने कहा, आप अपने देश में जाकर वैदिक धर्म का प्रचार करें। पण्डितजी ने भी जाकर ऐसा ही किया ॥ १०० ॥

इतरोपि कोपि हरदत्तबुधः
समुपेत्य देवचरणौ प्रणमन् ।
कृतभाषणः परमतुष्टमनाः
प्रययौ गृहं निजमनन्यमनाः ॥१०१॥

यहाँ के प्रतिष्ठित पण्डित हरदत्तजी भी आपके दर्शनार्थ आये थे और कुछ समय तक वार्तालाप करके अत्यन्त प्रसन्न हुए। अन्त में आपसे आज्ञा पाकर अपने घर को चले गये ॥ १०१ ॥

उपदेशमस्य यमिनोजनपः
परिपीय कर्णयुगलेन तदा ।
भवने निजे समकरोन्महतीं
नववेदिकामाखिलमङ्गलदाम् ॥१०२॥

श्री १०८ स्वामीजी के लगातार उपदेश सुनते हुए महाराजा शाहपुरा ने अपने अन्त पुर (राजमहल) में एक बडी यज्ञशाला बनवाई जिसमे वे बडे बड़े नैमित्तिक हवन मास और वर्ष के अन्त म करते रहे ॥ १०२ ॥

नियमाद्धविः स मनुजैकपति-
जुहवाञ्चकार जनशर्मकृते ।
बहुशालमेकमकरोद्भवनं
शुभयज्ञकर्म्मकरणाय बहिः ॥१०३॥

नियमपूर्वक प्रतिदिन महाराजाजी अग्निहोत्र करने लगे और अनेक मनुष्यो के बैठने योग्य आपने एक यज्ञमन्दिर बाहर भी बनवाया ॥ १०३ ॥

हवनस्थलेऽथ विहिते जनपो
महदार्य्यमन्दिरमपि प्रथितम् ।
यदनुव्रजाः समभवन्बहुधा
विबुधास्तदायमकरोन्मुदितः ॥१०४॥

भीतर और बाहर यज्ञमन्दिर बनवाने के बाद महाराजा ने आर्यमन्दिर भी बनवाना आरम्भ कर दिया, जिसके बनने पर कई पुरुष आर्यसमाज के अनुयायी और कल्याणभागी बने ॥ १०४ ॥

मुनिनायकं समभिवीक्ष्य गतौ
कृतनिश्चयं परत एष नृपः ।
नववेदभाष्यपरिमुद्रणसद्-
द्रविणे निजांशमपि योजितवान् ॥१०५॥

इतने ही में स्वामीजी ने यहाँ से जाने की इच्छा प्रकट की, जिसको सुन महाराजा बडे दुःखित हुए और २५०) वेदभाष्य के लिए देने लगे ॥ १०५ ॥

उपदेशकानिह निजव्ययतो-
विनियोज्य भूपवर एष महान् ।

शिवमार्य्यधर्म्ममनुवर्धयितुं
परमं चकार पुरि यत्नमलम् ॥१०६॥

और ३०) मासिक पर एक पण्डित को रख कर महाराजा ने वैदिक धर्म के प्रचार मे सहायता देना स्वीकार किया, जोकि श्रीस्वामीजी का परम उद्देश्य था। इस बात से स्वामीजी अति प्रसन्न हुए ॥ १०६ ॥

न बभूव यावदिह सर्वमिदं
मनुजः सयोधपुरजो यमिनम्।
समवेत्य सर्वमितिवृत्तमलं
निजगाद दूतवरवेषमितः ॥१०७॥

इस प्रकार आपस में बाते हो ही रहीं थी कि जोधपुराधीश महाराजा यशवन्तसिंह की तरफ से उमरदानजी निमन्त्रण-पत्र लेकर स्वामीजी की सेवा में उपस्थित हुए और महाराजा का समाचार सुनाने लगे ॥ १०७ ॥

अवगत्य तस्य कथनं मुनिराड्
गमनोत्सुकः समभवत्स यदा।
मनुजाधिपः परमनम्रतया
निजगाद मित्रइव सोपि तदा ॥१०८॥

जब महाराजा जोधपुर का निमन्त्रण आपने स्वीकार किया और जाने का उत्साह प्रकट किया, उस समय महाराजा शाहपुरा ने शिष्य होने पर भी मित्रवत् होकर आपकी सेवा मे इस प्रकार निवेदन किया—॥ १०८ ॥

गमनन्तु देव भवता क्रियते
परमेतदाशु हृदये ध्रियताम्।
पुरमाप्य तत्र गणिकाविषये
किमपि प्रवाच्यमितिनास्त्यपरम् ॥१०९॥

हे महाराज! यदि आपने जोधपुर का जाना स्वीकार कर लिया तो वहाँ पर जाकर कुछ वेश्याओं का खण्डन न कीजिएगा। यदि आप ऐसा करेंगे तो आपके लिए परिणाम में कष्ट होगा ॥ १०९ ॥

इति वादिनं नरपमेष मुनि-
निजगाद नाऽघविटपॉल्लघुना ।
निशितेन किन्तु महता महतो-
विनिपातयामिरभसादसिना ॥११०॥

राजा का इस प्रकार कहना सुन आपने उत्तर दिया कि राजन्! मै बढे हुए पापो के वृक्षों को नख-शस्त्र से काटने को उद्यत न हूँगा, किन्तु मै उन को अत्यत पैनी तलवार से काटूँगा। आशय इसका आप स्वय समझे ॥११०॥

इति तं निबोध्य जनपं स मुनि-
र्गमनाय निश्चितमतिस्त्वरितम् ।
अजतुन्दनामकमवाप पुरं
यदगात्प्रसङ्गवशतः स्वपथम् ॥१११॥

आपसे इतना कह कर ज्यष्ठ कृष्ण चतुर्थी शनिवार सवत् १९४० को दिन के चार बजे शाहपुरे से आप अजमेर के लिए प्रस्थित हुए, जोकि जोधपुर के रास्ते मे ही पडता है ॥ १११ ॥

कृतकार्यतामुपगतो नितरां
गमनेथ योधपुरजे सुमनाः ।
परिवीक्षितः सहृदयैः स यदा
प्रतिबोधितोपि बहुधैव तदा ॥११२॥

बहुत ही शीघ्र अजमेर पहुँच कर स्वामीजी ने कुछ विश्राम लिया। इतने ही मे जोधपुर जाने की खबर सर्वत्र फैल गई। आप भी जब सर्वथा जाने को ही तैयार हुए, तब कुछ आपके मित्रो ने आपसे निवेदन किया ॥ ११२ ॥

भगवन्गतिस्तु भवतानुमता
मरुदेशजेषु नगरेषु परम् ।

१ वर्तमानसामीप्ये वर्तमानवद्वा ।

मनुजास्तु तत्र जननं प्रगताः
पशवो भवन्ति किमिदं क्रियते ॥११३॥

भगवन्! आपने मरुदेश के नगरो मे जाना तो स्वीकार किया, परन्तु उस देश के मनुष्य तो सर्वथा मूर्ख होते है। आपने बिना सोचे समझे ऐसे देशों में जाना केवल दुःख भोगने के लिए ही स्वीकार किया है ॥ ११३ ॥

इति मानसे बहु विविच्य यते
गमनं न तत्र भवता क्रियताम्।
यदि सम्मतिः किल भवेद्भवतां
न परन्तदास्ति वचनं महताम् ॥११४॥

यदि आप हमारी प्रार्थना स्वीकार करे तो जोधपुर कदापि न जायँ। यदि आपको जानाही स्वीकृत है तो आपकी इच्छा को कौन रोक सकता है। हमारा तो केवल निवेदन करना ही परम कर्तव्य है ॥ ११४ ॥

इति वादिनः स्वपुरुषान्स यति-
र्नयनाश्रुपातबहुसिक्तभुवः।
यदुवाच योग्यमथ शोककरं
शृणुतादरात्तदिदमद्य जनाः ॥११५॥

इस प्रकार अश्रुपातपूर्वक निवेदन करते हुए अपने प्राणप्रिय मित्रों से आपने वृत्तान्त सुन कर उत्तर दिया। वह एक तरफ़ से योग्य और दूसरी तरफ़ से शोक बढानेवाला भी है। वह इस प्रकार का है—॥ ११५ ॥

यदि तद्भवा मम कराङ्गुलिभिः
करदीपिकानुगतकार्यमपि।
भुवनोदयाय लघु कुर्युरलं
न तदापि रौक्ष्यमनुयास्यति माम् ॥११६॥

प्रियवरो ! यदि उस देश के मनुष्य वैदिक धर्म और देशोपकार के लिए मेरी अँगुलियों मे कपड़े लगा और उनको जला कर मशाल का भी काम लेंगे तब भी धर्म के प्रचार से मै कदापि न हटूँगा ॥ ११६ ॥

क्रियतां प्रबन्ध इति योगिवरे
कथनाय चित्तमनुधावयति ।
परमादरादिव परो मनुजो-
निजगाद मान्यवरमादरतः ॥११७॥

मेरे जाने का तुम शीघ्र प्रबन्ध करो। इस प्रकार दृढ निश्चयपूर्वक अपने मित्रो से कहते हुए आपको देख कर एक आपका परम मित्र फिर भी आपके चरणो मे गिर कर यह कहने लगा ॥ ११७ ॥

यदि गन्तुमेव नितरां भवता-
मधिकं मनोभवति तर्हि वयम् ।
न कथञ्चिदप्यनुशयादपरं
निगदामहे चरणदर्शनतः ॥११८॥

हे कृपालो ! यदि आपको जोधपुर जाना सर्वथा ही स्वीकृत है, तो हम आपके समक्ष कुछ नहीं कहते । केवल श्रीमानो के चरणों में ही हमारा अनुराग रहे । यह ईश्वर से प्रार्थना करते हैं और आपकी कृपा चाहते हैं ॥ ११८ ॥

इयदादरात्प्रतिविधेयमहो
मुनिवर्य तत्रभवता भवता ।
निजभाषणेषु मधुवाक्प्रथनं
न कठोरवागनुगतं किमपि ॥११९॥

परन्तु इतना वक्तव्य और भी है । आप वहाँ जाकर किसी प्रकार का किसी के ऊपर आक्षेप न करे और कोमल वाणी से समस्त व्याख्यान आदि का काम ले । कठोर वाणी का प्रयोग न करे ॥ ११९ ॥

इति वादिनीं परमभक्तिमतीं
हितवद्वचः प्रकथनानुगताम् ।
परिवीक्ष्य मित्रपरिषज्जनतां
पुनरप्युवाच निजधर्मरतः ॥१२०॥

इस प्रकार परम भक्ति से निवेदन करती हुई अपनी मित्र मण्डली को देख कर आप अपने उद्देश्य पर ध्यान रखते हुए, फिर भी जो कहने लगे, वह तीसरी बार का उत्तर भी ध्यान देकर सुन लीजिए ॥ १२० ॥

न कदाप्यधर्मकुटपङ्क्तिमहं
नखकृन्तनेन विनिपात्य पुनः ।
परिवर्धितामहह कर्तुमहो-
प्रयतिष्य एवमधुना वृयताम् ॥१२१॥

आपने कहा कि मैं पापों की वृक्ष पंक्तियों को नुहरने से, अथवा कैंची से कलम कर उनको बढ़ाऊँगा नहीं। कैंची से उनको कलम करना, उनके लिए वृद्धि का कारण बन जाता है। मैं ऐसा कभी न करूँगा ॥ १२१ ॥

परशुप्रहारकरणेन ततां
बहुमूलसन्ततिमिह प्रथिताम् ।
अघशाखिनां निजपरिश्रमतो-
विनिपातयेयमिति मे मननम् ॥१२२॥

मैं उनकी जड़ पैने कुठारों से काट कर, उनका भारतवर्ष से मूलोच्छेदन करूँगा ताकि वह फिर न बढ़े। मेरा यही कर्तव्य है, यही मन्तव्य है, यही जगत् का मुख्य उपकार है और कुछ नहीं ॥ १२२ ॥

इति वादिनि प्रतिभया विनता
न जगाद मित्रपरिषत्किमपि ।
मुनिनायके किमपरं परतः
परमेश्वरं स्वमनसाऽऽश्वऽनमत् ॥१२३॥

निज प्रतिभानुकूल आपके इस प्रकार के कहने पर मित्र-मण्डली और आपसे कुछ कहने को उद्यत न हुई, किन्तु आपके कल्याण के लिए उस जगदीश्वर, जगदाधार, जगदन्तर्यामी का स्मरण करने लगी ॥ १२३ ॥

यतिराडपि स्वकरुणावशतो-
मरुदेशराजकथनात्परतः ।
प्रतिगन्तुमेव नितरां स्वमनः
समयोजयज्झटिति योधपुरम् ॥१२४॥

स्वामीजी भी निमन्त्रण पत्र के ऊपर अधिक ध्यान देकर, कृपा करके मई सन् १८८३ ई० को, अजमेर से जोधपुर के लिए प्रस्थित हुए ॥ १२४ ॥

कालो यदा मनुजमादरतः स्वगेहं
वेगादिवाह्वयति तस्य तदा समक्षे ।
मित्रोक्तिरप्यरिवचः समतां प्रयुंक्ते
वैरानुविद्धमनसान्तु गिरां कथा का ॥१२५॥

जिस समय मनुष्यों के लिए काल अपना निमन्त्रण भेज देता है, उस समय उनके समक्ष मित्रों की भी बातें शत्रुओं के समान प्रतीत होती हैं। शत्रुओं की बातों का तो कहना ही क्या ॥ १२५ ॥

नो तं कथञ्चिदपि बोधयितुं समर्थः
पुत्रो न बान्धवगणो न मनोरमापि ।
नो मित्रतामुपगतः सुजनो न चाम्बा
यं कालकूटरचना[1] समुपैति जन्तुम् ॥१२६॥

जिस पुरुष के समीप काल की कूट रचना उपस्थित होती है, उस पुरुष को न पुत्र समझा सकता है, न भाई, न स्त्री, न मित्र, न माता, न पिता ॥ १२६ ॥

न लोको नाऽऽलोको न शिवमशिवं नापि हितकृन्
न मित्रं नामित्रन्न हितमहितं वा न मननम् ।

---

१ कालेन समयेन कृता कूटरचना ।

न वेद्यं नावेद्यं भवति बहुधाऽऽसन्नमरणे
मनुष्ये सर्वस्मिन्नपि विरलमेतद्गत पदम् ॥१२७॥

आसन्नकाल मनुष्य के लिए लोक, आलोक, शिव, अशिव, हितकारी मित्र और शत्रु, हित, अहित, विचार, अविचार, वेद्य, अवेद्य, कुछ भी प्रतीत नहीं होता। यह अवस्था वास्तव में अनिवचनीय होती है ॥ १२७ ॥

इति बहुविधभावे कालचक्रस्य बन्धे
पतितमसमयेपि स्वान्तमुद्धर्तुकामः।
कविरविरलतारं यामिनीशेषभागं
समवासितिमनैषीदाप्य सर्ग प्रभातम् ॥१२८॥

इस प्रकार काल के विषय में अनेक प्रकार के सकल्प विकल्पो के मध्य में असमय निमग्न हुए, अपने मन को शीघ्र निकालने के लिए, जब तक कविरत्न ने उत्कण्ठा की तभी तक उषा का सामने दर्शन हुआ, रात्रि के साथ साथ यह सर्ग भी समाप्ति को प्राप्त हो गया ॥ १२८ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
कल्पितमतसमालोचन नाम सप्तदश सर्ग ।

---

१ ईषदर्थे नञ् ।

अष्टादशः सर्गः

प्रस्थितं लघु निशम्य योगिनं
सर्वएव बहुशोकसङ्कुलाः ।
तत्पुरस्थमनुजाः सभाभव-
न्वास्तवे सकलविश्रमगडनम् ॥१॥

भारतवर्ष के अद्वितीय रत्न, भारत जननी के एक मात्र सुपुत्र, आनन्द-कन्द, जगदानन्द, ऋषि दयानन्द को प्रस्थित सुन अजमेर के सज्जन वास्तव मे दु:खसागर मे गोते खाने लगे ॥ १ ॥

एकतः किल विधाय तां क्षपा-
मन्यतः प्रतिविधाय तद्दिनम् ।
शोकहर्षविषयेण भानुता-
माप योगिजन एष किन्न ताम् ॥२॥

एक ओर अपने वियोग से रात्रि का दृश्य दिखा कर, दूसरी ओर अपने समागम से दिन का दृश्य दिखा कर, क्या स्वामीजी सूर्य के पद को प्राप्त नहीं हुए ? सूर्य भी अपने गमन से एकत्र रात्रि अन्यत्र दिन करही देता है ॥ २ ॥

गच्छता मरुभुवं तपस्विना
यत्प्रदर्शितमनन्यसाहसम् ।

तस्य कः किल करोतु तुल्यतां
तोयराशिवलयाङ्कितस्थले ॥३॥

मरुदेश जाने के आरम्भ में जिस अनन्य साहस को ऋषि दयानन्द ने दिखाया उसकी समता इस भूमडल मे कौन और किसके साथ कर सकता है? कोई भी नहीं कर सकता ॥ ३ ॥

राजभिः पथि रथाश्वमश्वकै-
र्धीवरोपवहनैर्नगैस्तथा ।
सर्वएव किल कारणोच्चयः
साधितो यतिपतेरनुग्रहात् ॥४॥

मार्ग के सुख के लिए स्थल स्थल पर रथ, घोडे, हाथी, गाडी और आपके लिए पालकियो का मार्ग मे इतना प्रबन्ध किया गया था कि किसी प्रकार का कष्ट न उठाना पडे और कई योग्य पुरुष इस कार्य के लिए निमन्त्रित थे ॥ ४ ॥

आगतं यतिवरं निशम्य ते
बाष्पयानमधिरुह्य वेगवत् ।
सत्प्रबन्धकरणाय सर्वतः
स्वागताय च नृपाः समभ्ययुः ॥५॥

जोधपुर के लिए आपको अजमेर से प्रस्थित सुनकर समस्त राजाओं ने आपके ठहरने के लिए प्रबन्ध करना आरम्भ कर दिया और उचित प्रबन्ध के अनन्तर आपके स्वागत के लिए सब उपस्थित हुए ॥ ५ ॥

ते यथोचितविधानसाधनाः
स्वागतादपरकालएव तत् ।
पत्तनं समनयन्त योगिनं
यत्र सर्वमितिवृत्तमाभवत् ॥६॥

उन्होने नगर से बाहर ही बडे समारोह के साथ आपका स्वागताचार किया । तदनन्तर स्वामीजी का राजमहलो से सुशोभित जोधपुर शहर के भीतर अपने साथ लाये ॥ ६ ॥

कस्यचिद्युवनकस्य मञ्जुले
रम्यरम्यनवपादपाकुले ।
योगिवर्य्यमिममाश्रमे तदा
ते नृपाः समनयन्यथोचिते ॥७॥

जहाँ पर एक सुन्दर उपवन मे आपके उतारने का प्रबन्ध किया गया था वहीं पर आपका सामान लगवा दिया और आपभी उस दिन (२९ मई को) वहीं पर आकर अपने उचित कार्यो मे प्रवृत्त हुए ॥ ७ ॥

किञ्चिदेव समयान्तरे नृपौ
योगिदर्शनकृते तमाश्रमम् ।
प्रापतुः सकलतापनाशनं
दर्शनं च सममेव दैवतः ॥८॥

कुछ ही देर के बाद महाराजा प्रतापसिंहजी और राजा तेजसिंहजी स्वय उस आश्रम में श्री १०८ स्वामीजी के दर्शनार्थ उपस्थित हुए जहाँ कि आपका विश्रामालय बनाया गया था ॥ ८ ॥

लब्धयोगिवरदर्शनौ च तौ
चारणादिपुरुषान्यथायथम् ।
द्वारपालगृहपालकर्मणि
प्रत्यवेक्ष्य निरतान्गृहङ्गतौ ॥९॥

आश्रम के भीतर आकर राजोचित रीति से दोनो महाशयो ने स्वामीजी का दर्शन किया । उसके अनन्तर चारण मूलदान को स्वामीजी के कार्य प्रबन्ध में लगाया और दरवाजे पर पहरा बिठला कर आप अपने घर चले गये ॥ ९ ॥

पञ्चविंशति निवेद्य राजतीः
पञ्चता अपि सुवर्णमुद्रिकाः ।
किंनताविह नरोत्तमौ तदा
किन्न चक्रतुरनुक्तसत्क्रियाम् ॥१०॥

मिलने के समय २५) रुपये तेजसिंहजी ने और ५ अशर्फी महाराजा प्रतापसिंहजी ने आपकी भेंट की और मार्ग में आने से जो कष्ट हुआ उसकी क्षमा मांगी, साथही और भी समयोचित वृत्तान्त आपसे पूछा ॥ १० ॥

पक्षमात्रसमयादनन्तरं
तत्पुराधिप उपेत्य योगिनम् ।
पूर्वमादरतया धनं पुनः
स्वं शरीरमपि भूतले न्यधात् ॥११॥

आपके जोधपुर में आने के पन्द्रह दिन बाद जोधपुराधीश जशवन्तसिंहजी आपसे मिलने आये । मिलने के समय महाराजा ने पहले धन पश्चात् शरीर भूमि पर झुकाया और आप नीचे ही बैठ गये ॥ ११ ॥

स्वामिनापि विनयादधः स्थितं
भूपतिं समभिवीक्ष्य मानसे ।
हर्षितेन निजपार्श्वविष्टरे
तस्य संवसितिरादृता जवात् ॥१२॥

स्वामीजी ने भी अत्यन्त भक्ति से महाराजा को जमीन पर ही बैठा देख अपने बराबर पडी हुई कुर्सी पर बैठने के लिए इशारा किया । अपने में राजा साहब की अधिक भक्ति देख कर स्वामीजी मन में बडे प्रसन्न हुए ॥ १२ ॥

यद्यपि प्रतिजगाद भूपति-
र्नैव योग्यमिदमस्ति मत्कृते ।

---

१ किंनतौ-कुत्सितप्रकारेण नतौ ।

सेव्यसेवकविधानमीदृशं
नो नियोजयति मामिह स्थितौ ॥१३॥

जिस समय स्वामीजी ने महाराजा के लिए कुर्सी पर बैठने की इजाजत दी उस समय हाथ जोड कर महाराजा ने कहा कि मेरे लिए आपके बराबर बैठना सर्वथा अनुचित है। सेव्य सेवक भाव इसके लिए इजाजत नहीं देता ॥ १३ ॥

तं तथापि यतिराडनुग्रहा-
त्पार्श्ववर्तिनि निवेश्य विष्टरे ।
भूपतिं भुवनवन्दितोप्यभू-
द्धर्ममार्गमुपदेष्टुमुद्यतः ॥१४॥

इस प्रकार कहते हुए महाराजा को स्वामीजी ने हाथ पकड कर कुर्सी पर बैठने का अनुरोध किया। महाराजाजी इतने कहने पर कुर्सी पर बैठ गये। स्वामीजी ने भी आपके लिए धर्मोपदेश करना आरम्भ किया ॥१४॥

वादनत्रयमितं मुनेः पुरः
कालमेष जनपोऽनयन्नतः ।
वक्तृतावसितिरप्यतःपरा
सम्बभूव बहुविस्तरोदयात् ॥१५॥

तीन घंटे तक बराबर महाराजा आपका अमृतमय उपदेश सुनते रहे। अंत में समय अधिक हो जाने के कारण उन्होने विश्राम के लिए आपसे प्रार्थना की। इसलिए उपदेश समाप्त हुआ ॥ १५ ॥

अन्त एष नरपः समब्रवीद्
भाग्यतोत्र भवतां समागमः ।
प्राप्तकालइव भाति तद्विभो
प्रत्यहं भवतु वक्तृतामहः ॥१६॥

---

१ उत्सव ।

उपदेश के अंत में महाराजा आपसे कहने लगे कि आपका यहाँ पर पधारना हमारे अदृश्य सौभाग्य का कारण है। इसलिए जब तक आप इस स्थल को सुशोभित करें तब तक प्रति दिन मेरे लिए उपदेश देते रहें ॥१६॥

एवमेकदिवसक्रियोत्तरं
भानुना सह गते महीपतौ ।
सा निशापि शशिना समं नभः
प्रावृणोद्यतिवरोपि चासनम् ॥१७॥

इस प्रकार महाराजा का पहले दिन का समागम सूर्य के साथ साथ समाप्ति को प्राप्त हुआ। इसके अनन्तर चन्द्रमा के साथ साथ रात्रि बढने लगी। साथ ही स्वामीजी का आसन पर बैठ कर योगाभ्यास भी बढने लगा॥ १७॥

तत्परेथ दिवसे यतीश्वरो-
राजके समयतः प्रभामितः ।
वेदवादनमितात्सुविस्तृते
वक्तृतामचकथद् भुवस्तले ॥१८॥

दूसरे दिन से स्वामीजी ने यह नियम किया कि दिन के चार बजे से छ बजे तक तो मैदान में, जहाँ कि सब महाराजा आदि माननीय जन एकत्र होते थे, व्याख्यान दिया करेंगे। निदान उन्होंने ऐसा ही किया भी॥ १८॥

तत्परं नियमिते मुनीश्वरः
प्रत्यहं स्वसमये विलक्षणैः ।
सूक्तैर्जनसमस्तशङ्कना:
सत्वरं गतमदा इवाकरोत् ॥१६॥

छः बजे तक मैदान में व्याख्यान देकर अपनी कोठी मे आगये। यहाँ पर भी नियमानुसार आठ बजे तक आपने मनुष्यो की शंकाओ का निवारण किया। फिर अपने कार्य मे तत्पर हुए॥ १९॥

---

१ राज्ञा समूहे।

तत्समीपगतपण्डितावली
नो विवादमकरोदविद्यया ।
स्वात्मशङ्कनमलं निवार्य सा
मार्गमस्य सहसा समागमत् ॥२०॥

आस पास के बडे बडे प्रसिद्ध पण्डित भी आपसे शास्त्रार्थ करने के लिए उद्यत नहीं हुए किन्तु जिन जिन विषयो मे उनको शकाये थी आपके पास आकर निवृत्त करते थे और आपके पक्ष ही का अनुमोदन करते रहे ॥ २० ॥

चक्रदग्धवपुषामिह स्थले
खण्डनेन मुनिना निरादृता ।
मण्डली दिनमणेरिवोदये
कौशिकायितमुपाचरद्भयात् ॥२१॥

जब कि यहाँ पर आपने चक्राकितो का, जिनका कि यहाँ पर जोर भी अधिक था, खण्डन करना आरम्भ किया तब तो समस्त चक्राकित इस प्रकार छिप गये जिस प्रकार सूर्य के उदय होने पर दिवाध छिप जाते है ॥ २१ ॥

तत्पुरोदरगता जनव्रजा-
स्तं यतीश्वरमवाप्य दैवतः ।
मानसोदरगता विशङ्कना-
दूरमेव लघु कर्तुमभ्ययुः ॥२२॥

यहाँ के प्राय. समस्त प्रतिष्ठित श्रीमान्‌जन आपको दैव से यहाँ पर आया हुआ जान अपनी अपनी अनेक प्रकार की शकाये निवृत्त करते थे। यहाँ पर एक प्रकार का मेला सा लगा रहता था ॥ २२ ॥

यावनं मतमुपागता अपि
स्वामिनः सदुपदेशविस्तरैः ।

मानवा इह विहाय किम्मतं
तन्मते निजमतिं समादधुः ॥२३॥

स्वामीजी के व्याख्यान में अधिकतर मुहम्मदअली वगैर. मुसलमान भी आया करते थे परन्तु वह बहस का नाम तक नहीं लेते थे। जो कुछ स्वामी जी उनके मत का खण्डन करते थे चुपचाप सुनकर चले जाते थे ॥ २३ ॥

कोपि तत्र यवनेषु बुद्धिमान्
देवदेवमवलोक्य सत्वरम् ।
नो भवादृशजनैर्विकल्पनां
कर्तुमेति मतिरेवमब्रवीत् ॥२४॥

एक यहां पर मुसलमानों में मुहमदअली थे जो कि सर्वोत्तम माने जाते थे । उन्होने जब कभी बात आपडी तब स्वामीजी से कह दिया कि आपसे बहस करना फिजूल है। आपतो पहुँचे हुए साधु हैं। हमारा और आपका क्या मुकाबिला ॥ २४ ॥

केपि तत्र यवनाः स्वशङ्कनां
कर्तुमिच्छवइवातिजल्पनाः ।
स्वामिनं समभिगम्य निर्भया
दुस्तराण्यपि समुत्तराण्यगुः ॥२५॥

कोई कोई मुसलमान अपने को बहस मे चलता पुरजा मान कर आपसे अपनी शकाये मिटाने को आया करते थे, परन्तु जब स्वामीजी उनके मत की आलोचना प्रारभ करते थे तब सबके सब दांतों के बीच अगुली दबा कर चले जाते थे ॥ २५ ॥

अब्रवीद्यवन एक ईदृशं
वक्तृतावसितिमाप्य पामरः ।

---

१ कुत्सित स्वमतम् । २ समभितिशेष । ३ प्राप्ता ।

नो भवेत्तव तु वक्तृता यदि

स्यादहो यवनराज्यमत्र तत् ॥२६॥

एक मुसलमान ने जिसका नाम [फैजुल्लाखा] था एक दिन आपके व्याख्यान के अंत में क्रोध में आकर कहा कि यदि आज मुसलमानो का राज्य होता तो इस प्रकार के व्याख्यान आप कदापि नहीं दे सकते ॥ २६ ॥

एवमुक्तवति तत्र किञ्जने

स्वाम्यपि प्रतिजगाद चेद्भवेत् ।

यावनं सकलमत्र शासनं

क्षत्रियद्वयबल तदाप्यलम् ॥२७॥

स्वामीजी ने भी उसका उत्तर तुरन्तही दिया और कहा कि कुछ बात नहीं थी। यदि यहाँ पर ऐसे मुसलमानो का राज्य होता तो उनके लिए दो क्षत्रिय राजपूतो का बल पर्याप्त होता ॥ २७ ॥

एवमावदति योगिनाम्वरे

तत्र केपि बहुशास्त्रमानिनः ।

क्षत्रियाः स्वयमुपेत्य योगिनं

प्रावदन्वद विभो समुत्तरम् ॥२८॥

इतना कहते ही आपके पास राजा शिवनाथसिंहजी और उनके भाई मोहनसिंहजी उपस्थित हुए जो कि संस्कृत के भी विद्वान् थे। उचित प्रणामादि कार्य्य होने पर वे कुछ निम्न लिखित शंकाये प्रस्तुत करने लगे ॥ २८ ॥

शाक्तशैवमतवादकल्पना

कीदृशी च नवमुण्डिमण्डना ।

सुष्ठु वा न वद योग्यमुत्तरं

पक्षपातकरणं न शान्तिकृत् ॥२९॥

---

१ अस्माक कृते भविष्यतीतिशेष ।

उन्होंने पूँछा कि आप पक्षपात छोडकर इस विषय मे स्वतन्त्र समति दे कि नवीन वेदान्तियो का एव शाक्त और शैवो का जो मत है किस प्रकार का है। आप इन मतों को अच्छा मानते हैं या बुरा ? ॥ २९ ॥

एवमुद्धुरतरं निशम्य तद्
भाषणं यतिवरः समब्रवीत् ।
सर्वथैव नरकोन्मुखी मता
मे मते मतविवादकल्पना ॥३०॥

इस प्रकार आपका साकूत प्रश्न सुन स्वामीजी कहने लगे कि मेरे मत (सिद्धात) में जितना कुछ वेदो से विपरीत मतो का जाल है सबका सब बुरा है। शैव हो या शाक्त हो या नवीन वेदात हो ॥ ३० ॥

एवमुद्गिरमिमं यतीश्वरं
ते समेत्य किल बाहुजाः परम् ।
साधुसाध्विति निगद्य माननां
कर्तुमस्य जयवादमब्रुवन् ॥३१॥

इस प्रकार आपका पक्षपातरहित उत्तर सुन कर वे दोनों अति प्रसन्न हुए और आपका पक्ष मान गये। अत मे स्वामीजी से इन दोनो का अधिक स्नेह हो गया। कुछ देर के बाद आपकी प्रशसा करते हुए वे दोनों चले गये॥३१॥

कोपि तत्र बुधराड् यतीश्वरं
भारतैकनवरत्नमादरात् ।
संवदन्नतिविनम्रभाषणः
सर्वमस्य हितकृत्यमाकरोत् ॥३२॥

यहाँ पर एक पण्डित शिवनारायण जी थे वे महाराजा जोधपुर के प्राइवेट सेक्रेटरी थे। उनका स्वामीजी से अति स्नेह होगया। वे प्रति दिन आकर आपका दर्शन करते थे और आपका सब इतजाम देख जाते थे ॥ ३२ ॥

---

१ उत्कृष्टां वाचम् ।

एकदा यतिवरो महीभुजां
दुर्दशोपरि ददौ स्ववक्तृताम् ।
यद्गिरामतिगभीरकल्पना
पूर्वराजचरितान्यलम्भयत् ॥३३॥

एक दिन आपने क्षत्रियो की दुर्दशा पर एक व्याख्यान दिया जिसमें एक एक शब्द अत्यन्त गम्भीर भाव को लिये हुए था और प्राचीन धार्मिक राजाओ का स्मारक एव आदर्श दिखलानेवाला था ॥ ३३ ॥

आप्य चावसरमित्थमब्रवीत्
येत्र केपि परिणीतकामिनीम् ।
वेश्यया सह विहाय कुर्वते
सङ्गमं पशवएव ते मताः ॥३४॥

प्रसग से आपने इसी व्याख्यान मे यह भी कहा था कि जो लोग अपनी एक विवाहिता रानी को छोडकर और स्त्रियो के साथ अनुचित बर्ताव करते है वे महा पाप के भागी होते हैं ॥ ३४ ॥

शोचनीयदशया समन्विता
वास्तवे पशुसमानधर्मिणः ।
सम्भवन्ति किल ये निजस्त्रियं
तोषयन्ति न समस्तसाधनैः ॥३५॥

उनकी दशा वास्तव में शोचनीय होती है। उनसे पशु अच्छे होते हैं जो पुरुष अपनी स्त्री को प्रसन्न नही रखते और उसके बिना यथेच्छ काम करते है। उनका यह कार्य सर्वथा शोचनीय और निन्दनीय होता है ॥ ३५ ॥

एवमाप्य समयं यतीश्वरः
खण्डनस्य रभसादुवाच तान् ।

ये जडाश्मपरिपूजने रता-
स्ते जना न परमेश्वरानुगाः ॥३६॥

इस प्रकार एक पक्ष का समर्थन कर स्वामीजी ने दूसरे दिन मूर्ति-पूजकों के प्रति कहा कि जो पुरुष जड पाषाण की पूजा में अपना समय बिताते रहते हैं वे कदापि परमेश्वर के कृपापात्र नहीं बनते ॥ ३६ ॥

सर्वशक्तिसहितं महेश्वरं
ये विहाय जडमूर्तितत्पराः ।
ते विनिन्दनपराः प्रभोरहो
किं न सर्वमयताऽपहारिणः ॥३७॥

जो मनुष्य सर्वशक्तिमान, जगदाधार, जगदीश्वर, जगदन्तर्यामी का आश्रय छोड कर उसको एक मूर्ति में मानते हैं वे उसकी व्यापकता को हटाकर एक प्रकार से उसकी निन्दा करते हैं ॥ ३७ ॥

मण्डलेश्वरमिवैकदेशपं
सर्वशक्तिपमऽनन्यशक्तिपम् ।
सर्वदेवगतमेकदेवगं
सर्वविश्वनिलयं गृहैकगम् ॥३८॥

जो पुरुष विश्व के पति को एक देश का पति मानते हैं, सर्वशक्तिमान् को एक शक्तिवाला मानते हैं समस्त देवतो के अदर प्रकाश देने वाले को, एक देवता में मानते है, समस्त विश्व में व्यास को एक गृह में बैठा हुआ मानते हैं ॥ ३८ ॥

ये जनाः स्वहृदये विचारय-
न्त्युद्भ्रमादिव मदान्धमानसाः ।
ते न कामिह नियन्त्रणाम्बला-
द्यान्ति कर्मफलसङ्गमादिव ॥३९॥

वे मूर्ख पुरुष इस जगत् में कौन से दुःख को नहीं भोगते ? जो जो दुर्दशा वे उस जगन्नियन्ता की करते हैं उससे कई गुनी अधिक उनको प्राप्त हो जाती है। उलटे कामों का तो फल ऐसा होना ही चाहिए ॥ ३९ ॥

शोकमोहभयतापपीडना-
न्यत्र यानि विलसन्ति भूतले ।
तानि दण्डवदलंसमीक्षया
विश्वपः प्रतिददाति निश्चितम् ॥४०॥

इस संसार में जो कुछ शोक मोह, भय, ताप आदि अनेक प्रकार के कष्ट भोगने पड़ते हैं वे सब अपने ही कर्मों के फल रूप होते हैं और ईश्वर उनका फल देने वाला होता है। इसीलिए उसको साक्षी माना गया है ॥ ४० ॥

एवमावदति योगिनां वरे
सान्ध्यविध्यनुगमादिवातुरा ।
सा सभा निजगृहोचितैः पथै-
स्तानि तानि भवनान्यरं ययौ ॥४१॥

इस प्रकार व्याख्यान देते हुए सायङ्काल हो गया। छः बजने के साथ ही स्वामीजी अपने बंगले को पधारे और श्रोता लोग भी आपका गुणगान करते हुए अपने अपने घर चलने लगे ॥ ४१ ॥

देवएष समयानुबन्धने
पूर्णदृष्टिरभवद्यथायथम् ।
तेन तस्य सकलानि साधना-
न्युत्तमानि नितरां समाभवन् ॥४२॥

स्वामीजी अपने समय का पूर्ण रूप से ध्यान रखते थे। इसलिए उनका कोई भी कार्य बिगड़ने नहीं पाता था। उनके सब काम समय पर तैयार रहते थे और वे स्वयं समय पर ही करते थे ॥ ४२ ॥

---

१ लक्षणया सभागतजनावली ।

एकदा दशनिनादनात्परं
शेषकार्यमितरेह्ननीत्यलम् ।
तत्पुरस्थनरपोपि किं न सः
प्रेषितो निगदता निजं गृहम् ॥४३॥

एक दिन महाराजा जशवतसिहजी आपसे कुछ बातचीत करते रहे। इतने ही मे दस बज गये। स्वामीजी ने राजा साहब से निःशंक कह दिया कि शेष वार्तालाप कल के लिए रखिए। जाइए। आराम कीजिए ॥४३॥

सर्वमस्य समयानुयन्त्रणा-
द्भोजनं गमनमागमस्तथा ।
वक्तृता लिखनपाठनादिकं
स्वस्वकालगतमेव चाभवत् ॥४४॥

जो कुछ भी स्वामीजी का भोजन, गमन, आगमन (जाना आना) भाषण, लिखना, पढना, पढाना, था सब अपने अपने समय पर हुआ करता था। समय पर स्वामीजी और काम छोडकर उस नियत कार्य को ही करते थे ॥ ४४ ॥

एकदात्र चरतः प्रतिश्रुतं
यत्किमप्यतिनिकृष्टभाववत् ।
तन्न वर्णयितुमिच्छतीव मे
मानसं यतिवरस्य वर्णने ॥४५॥

एक दिन आपने यहाँ के एकचर (गुप्त दूत) से यहाँ के राजा जशवतसिह की कुछ अप्रकट (प्राइवेट) बाते सुनली जिनका वर्णन हिंदी जीवनचरितो में विस्तारपूर्वक लिखा हुआ है। इस पवित्र काव्य में हम उन बातों का उल्लेख करना उचित नहीं समझते ॥ ४५ ॥

कर्णशूलमिदमस्य योगिनो-
मानसं न सकलेन्द्रियव्रजम् ।

मूर्च्छितं प्रतिचकार वेगव-
दारुणेन गरलेन सम्मितम् ॥४६॥

कर्णशूल से भी अधिक पीडा देने वाला यह पाप वृत्तांत न केवल ऋषि के मन को बल्कि समस्त इन्द्रियगण को भी मूर्छित कर गया। क्योंकि दारुण विष से भी यह अधिक विषधर था ॥ ४६ ॥

सत्यमेव निगदन्ति कोविदा
नो विषं खलवचः समं यतः।
भक्षणाद्गरलमत्र दुःखदं
तत्तु कर्णपुटकश्रवादपि ॥४७॥

यह जो विद्वानों का कथन है कि खल का वचन विषधर से भी अत्यन्त विषधर होता है वह ठीक है। विष तो खाने पर असर दिखाता है परन्तु खल का वचन श्रवण मात्र से असर कर देता है ॥ ४७ ॥

खेदएष इति योगिनांवरः
स्वे मनोमयपुटे यदभ्यधात्।
वेगतः स्वगतमेव तद्वच-
स्तस्य हानिकरमाभवद्ध्रुवम् ॥४८॥

इस प्रकार गुप्त दूत की गुप्त बातें सुनकर जो ऋषि ने अपने मन में पश्चात्ताप किया, वही पश्चात्ताप आपके लिए हानिकारक हुआ और भारत-वर्ष को शोकसागर में डुबो गया ॥ ४८ ॥

केयमस्य भुवनस्य दुर्दशा
सङ्गतास्ति परमेश्वर! प्रभो!।
या न याति विलयं कुबुद्धिभि-
र्वर्द्धिता प्रतिदिनं विवर्धते ॥४९॥

आप अपने मन में विचार करने लगे कि हे परमात्मन्! इस भारतवर्ष के लिए यह क्या दुर्दशा उपस्थित हुई जो किसी प्रकार भी शान्ति को प्राप्त नहीं होती और प्रति दिन बढती ही चली जा रही है ॥ ४९ ॥

केन केन किल कर्मणा जनाः
पापपुण्यवशगेन भूतले ।
यान्ति जन्म विलयं च नेमिव-
न्न प्रवृत्तिमनुयुञ्जते सुखे ॥५०॥

न मालूम किन पापो से और किन पुण्यों से मनुष्य यहाँ पर जन्म ले लेते हैं और उन उन कर्मों का फल भोग भोग कर विनाश को प्राप्त हो जाते हैं। रथ चक्र के समान इन्हीं धधो मे लगे रहते हैं। मुक्ति को कोई नहीं चाहता ॥ ५० ॥

का भविष्यति दशास्य नो मया
बुध्यतेऽधमचरित्रतत्परैः ।
यत्र सर्वमनुजैरलङ्कृता
गर्हणैव तव हे दयामय! ॥५१॥

न मालूम इस ससार की अब क्या दशा होगी। कुछ समझ में नहीं आता। जहाँ पर पाप कर्मों में प्रवृत्त हुए पुरुष कुछ भी आपका भय नहीं मानते बल्कि आपकी निन्दा (अवज्ञा) किया करते हैं ॥ ५१ ॥

कश्च पापमखिलं भुवस्तलाद्
भूतिमाप्य भुवने विनाशयेत् ।
कश्च सज्जनचकोरचन्द्रिका-
चातुरीपदमटेदलङ्कृतम् ॥५२॥

वह कौन सा मनुष्य होगा जो इस भारतवर्ष में जन्म लेकर जितना कुछ पाप कर्म फैल रहा है सबको एक साथ हटावेगा और सज्जनरूपी चकोरो के लिए अपनी प्रभाव रूपी चन्द्रिका का अद्वितीय पात्र होगा ॥५२॥

एवमात्मनि विचारवानसौ
योगिराडनुशयादिवान्वहम् ।
तत्पुरोपवनविभ्रमागमै-
स्तान्यहानि कथमप्ययापयत् ॥५३॥

इस प्रकार अपनी आत्मा में विचार करते करते ऋषि दयानन्द पश्चात्ताप के साथ आप भी खिन्न हुए और बगीचों में भ्रमण करते करते कुछ दिन व्यतीत करने लगे। कारण इसका कुछ और ही था ॥ ५३ ॥

केषुचित्प्रतिगतेषु यत्नतः
सद्दिनेषु मनुजाधिपः स्वयम् ।
योगिनं निजनिवासमन्दिरे
वक्तृतार्थमवरः समाह्वयत् ॥५४॥

कुछ दिनों के बाद महाराज जशवतसिंहजी ने आपको अपने महलों में आने को निमन्त्रित किया। इसका कारण यह था कि वे महलों में भी आपका व्याख्यान कराना चाहते थे ॥ ५४ ॥

योगिराडपि नितान्तहर्षितः
स्वीचकार गमनं महद्गृहे ।
यस्य कारणमिदं विशेषतः
सूपदेशकरणं समाभवत् ॥५५॥

महाराजा का निमन्त्रण पत्र आने पर स्वामीजी ने जाना स्वीकार किया, परन्तु कारण इसका भी अत्यन्त दुरूह था। इस अवसर पर आप एक विशेष उपदेश देना चाहते थे जो कि कई दिन से उनके चित्त में आविर्भूत हुआ था ॥ ५५ ॥

वीक्ष्य तत्र चरितं विचित्रितं
रोषपूरितमना यतीश्वरः ।

मानसे सकलविश्वदुर्दशा-
माश्वपश्यदयमात्ममानसः ॥५६॥

यहाँ का कुछ हाल सुन कर स्वामीजी मन में रुष्ट हुए। वे मन में भावी दुर्दशा का अनुमान कर अपने उपदेश में वर्तमान राजाओ की जो प्रवृत्त दशा है उसका अच्छे प्रकार चित्र खीचने लगे ॥ ५६ ॥

यद्वदुत्तमविशालदर्पणे
सत्वरं पतति वस्तुनः प्रभा।
तद्वदेव मुनिचित्तसत्पुटे
तच्चरित्रमभवद्विचित्रितम् ॥५७॥

जिस प्रकार निर्मल विशाल दर्पण म सामने आये हुए पदार्थ का चित्र (प्रतिबिब) बहुत शीघ्र पड जाता है इसी प्रकार स्वामीजी के विशुद्ध और विशाल हृदय मे जगत् की भावी दशा का चित्र खिँच गया ॥ ५७ ॥

स्पष्टमेव किल वक्तृतोदये
योगिराडगददुत्तरोत्तरम्।
सिंहयूथमधुना शुनीव्रजं
याति वैषयिकभोगवाञ्छया ॥५८॥

उपदेश देते समय स्वामीजी ने स्पष्ट रीति से कह दिया कि मालूम होता है और वह समय अब बहुत शीघ्र आने वाला है कि जब विषय की लालसा से सिहो के समूह कुतियों के पीछे पीछे दौडा करे गे ॥ ५८ ॥

नैजदेशगतभूपदुर्दशा-
नाटकाङ्कितहृदन्तरप्रभः।
विस्तरेण निजगाद भूभुजां
मध्यएव स यथोचितां गिरम् ॥५९॥

मै आज कल के राजपूत राजाओ की दुर्दशा देख कर अनुमान करता हू कि क्षत्रियो के वश इस कलिकाल में सर्वथा अधोगति को प्राप्त होंगे।" नहीं तो इस प्रकार के कुकर्म क्यों उपस्थित होने लगे ॥ ५९ ॥

पापकर्मनिरताः किल स्त्रियः
साम्यमुद्धरतया शुनीव्रजैः ।
यान्ति तद्गमनकर्मतत्पराः
किं न तत्पतयएव वास्तवे ॥६०॥

इस ससार मे जितनी नीच और व्यभिचारिणी स्त्रियाँ हैं वे कुतियो के समान हैं । जो पुरुष उनके साथ व्यभिचार करने मे तत्पर रहते हैं वे क्यो कर कुत्तो के समान न हो ॥ ६० ॥

रूपहानिबलहानिकारकं
बुद्धिनाशधननाशकार्य्यपि ।
कीर्तिसन्ततिसुखादिसाधनं
नाशमेव किल यापयत्यदः ॥६१॥

वास्तव मे व्यभिचार रूप को नष्ट कर देता है, धर्म को भ्रष्ट कर देता है, बल को क्षीण कर देता है बुद्धि और धन का सत्यानाश कर देता है, वश का विध्वस, कीर्ति का प्रध्वस और सुख-सम्पत्ति का विनाश कर देता है ॥ ६१ ॥

इत्युदीरयति योगिनां वरे
तत्पुरस्थनृपचित्तमञ्जसा ।
सत्वरं समभवद्धृतप्रभं
धर्ममार्गगमने धृतव्रतम् ॥६२॥

आपके इतना कहने पर महाराजा के चित्त पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि वे सचेत हो गये और धर्म मार्ग पर चलने के लिए उद्यत हुए ॥ ६२ ॥

मानवा अपि तदा महामुने-
स्तद्वचो बहुनिपीय हर्षिताः ।

तत्र पापकरणादराः परं
शोकमापुरितरेतरेक्षणाः ॥६३॥

इस सभा में बैठे हुए मनुष्य भी आपके भाषण से आज बहुत कुछ आनन्द को प्राप्त हुए परन्तु जो मनुष्य पापी, दुराचारी और अधर्मात्मा थे वे आपस में देखने लगे और घबराने लगे कि अब क्या करे ॥ ६३ ॥

योगिनाप्यनुगतं महीभुजं
वीक्ष्य नैजकथनाफलोदयः ।
स्पष्टएव किल दर्शितोजने
सत्यवागनुभवश्च तादृशः ॥६४॥

ऋषि दयानन्द ने भी महाराजा को अपने कथनानुकूल चलता देख कर अपने कथन का परिश्रम सफल माना और साथ में यह भी मनुष्यों को दिखा दिया कि सत्य का और सत्यवादी का सर्वत्र जय होता है ॥ ६४ ॥

येष्वहःसु मुनिना निजेच्छया
वर्णिता सकलभूपदुर्दशा ।
तेष्वहःसु भुवनस्य सा दशा[1]
या न वक्तुमुचिता महाधमा ॥६५॥

जिन दिनो आपने अपनी इच्छानुसार वर्तमान राजाओ का दुर्दशा-पूर्ण चित्र खीचा उन्हीं दिनो मे ससार की भी आपने वर्तमान दशा अच्छे प्रकार दिखला दी जो कि वास्तव में अनिर्वचनीय थी ॥ ६५ ॥

वर्णनावसरएव पार्वती-
जानकी-द्रुपद-भीम-पुत्रिका ।
सच्चरित्रमपि तेन योगिना
वर्णितं मुदमितेन तद्यथा ॥६६॥

---

१ किं न वर्णितासीत् ।

व्याख्यान के अवसर मे पातिव्रत का पक्ष आने पर स्वामीजी ने महारानी सीता, महारानी दमयन्ती, महारानी द्रौपदी आदि अनेक पतिव्रताओ का दृश्य दिखलाया और साथ ही आधुनिक स्त्रियो का दोष भी बतलाया ॥६६॥

येयमस्ति भुवनस्य सदृशा
साद्य किं नृपविधानतः स्थिरा ।
किं तु धर्मरतयोषितामियं
वर्तते प्रबलभाग्यकल्पना ॥६७॥

आपने एक आर्य्य पुरुष से बातचीत मे कहा कि जो कुछ छोटी छोटी रियासतो की अब भी कुछ अच्छी अवस्था है वह रानियो के पातिव्रत धर्म के कारण से है। ये बिचारी अपने धर्म का पालन किया करती है ॥ ६७ ॥

यादृशी भुवि मनुष्यवर्त्तना
तादृशी यदि भवेत्सुयोषिताम् ।
सर्वथैव विलयस्तदा भवे-
न्नात्र शङ्कनमवस्थितं लघु ॥६८॥

आज कल जैसे पुरुषो के कर्म है यदि ऐसे ही स्त्रियो के होते तो कभी का बेडा डूब गया होता। यहाँ पर क्षत्रियो का नाम भी न रहता। इन धार्मिक रानियो का यह प्रभाव है कि वे आज तक स्थिर हैं ॥ ६८ ॥

इत्युदीरयति कोविदोत्तमे
सा सभा किल विसर्जिताऽभवत् ।
कष्टमित्यपि नितान्तदुःखितो-
भानुराप वरुणाङ्किताां दिशम् ॥६९॥

इस प्रकार स्वामीजी के कहने पर सभा विसर्जित हुई। स्वामीजी अपने स्थान को पधारे। सब लोग अपने अपने स्थलो को सिधारे। भुवन-भास्कर सूर्य भी आज की बातो से, जो कि महाराजा ने की, अप्रसन्न हो वरुण की दिशा को चले गये ॥ ६९ ॥

क्षालनाय जलधिं गते रवौ
कल्मषस्य भुवनावलोकनात् ।
सङ्गतस्य हिमदीधितिर्जवात्
किंकिमित्यनुवदन्समापतत् ॥७०॥

पापी जगत् के देखने से उत्पन्न हुए पाप के धोने के लिए समुद्र के पास सूर्य को जाता देख कर क्या हुआ क्या हुआ, कहता हुआ चन्द्रमा शीघ्र ही निकलने को उद्यत हुआ ॥ ७० ॥

गच्छतो दिनकरस्य वारुणी[1]-
मागतस्य च ततो निशाम्पतेः ।
पीतिमा समवदन्न वारुणी-
पानजं किमु फलं भुवस्तले ॥७१॥

वारुणी को जाते हुए और वारुणी के सङ्ग से लौट कर आते हुए सूर्य और चन्द्रमा की जो पीतिमा है क्या वह वारुणी के (मदिरा के) सगम का फल नहीं बतलाती ? ॥ ७१ ॥

तुल्यमार्गगमनादहर्दिवं
तुल्यकार्यकरणादपि ध्रुवम् ।
मित्रशोकसमये निशापतिः
सख्यमात्मकिरणैरदर्शयत् ॥७२॥

एक मार्ग में जाने आने से और एक सा काम करने से सूर्य का मित्र चन्द्रमा और चन्द्रमा का मित्र सूर्य माना गया है इसलिए सूर्य के अस्त में चन्द्रमा उपस्थित हुआ ॥ ७२ ॥

अस्तपर्वतगतार्द्धमेकतो-
भानुविम्बमुदयाचलोद्गतम् ।

---

१ दिशमितिशेष ।

चन्द्रविम्बमपि तादृगन्यतः
काञ्चिदाप कमनीयतां दिवि ॥७३॥

एक ओर से छिपा हुआ सूर्य का अर्द्ध भाग और दूसरी तरफ से निकला हुआ चन्द्रमा का अर्धभाग आकाश में एक अनिर्वचनीय शोभा का कारण बन गया ॥ ७३ ॥

संमदादुभयतः करे दधद्-
भाजनं विधृतभिक्षुकव्रतः ।
कालभिक्षुरभवत्समन्ततो-
दत्तदृष्टिरुडुमोदकव्रजे ॥७४॥

समयरूप सन्यासी प्रसन्न हो दोनो हाथों मे भिक्षा-कपाल लेकर जो इधर उधर देखने लगा तो तारागण रूप मोदक एकत्र देख मानो मन में फूला नहीं समाया ॥ ७४ ॥

योजनार्थमुभयोरुपस्थितो-
यावदेव विधिरेकतोगतम् ।
विम्बमेकमपरं च पूर्णता-
माप विस्मयमतो ययौ कविः ॥७५॥

दोनो सूर्य और चन्द्रमा के आधे आधे टुकडे को जोडने के लिए जब तक विधाता आया तब तक एक सर्वथा छिप गया दूसरा निकल आया इस-लिए कवि (शुक्र) हँस पडे ॥ ७५ ॥

नो विरुद्धगुणयोर्भुवस्तले
सङ्गमो भवति योजनादिति ।
ख्यापयन्रविरगादधस्तलं
शीतगुश्च रभसान्नभस्तलम् ॥७६॥

विरुद्ध गुण वाले दो पदार्थो का कदापि सगम नहीं हुआ करता। जोडने वाला कितना ही चतुर हो यह दिखलाने के लिए सूर्य जोडने से पहले पाताल चला गया और चन्द्रमा आकाश को ॥ ७६ ॥

तेन रात्रिसमये समुद्गतं
यत्कलङ्ककमदर्शि भूतले ।
तस्य विम्बमधुनापि दृश्यते
निर्मलेस्य हृदये व्यवस्थितम् ॥७७॥

रात्रि को प्राप्त होकर किरणो द्वारा जगत् में फैला हुआ पाप जो चन्द्रमा ने देखा उसका चिह्न उसके अन्दर आज तक विद्यमान है और कोई बात उसके अन्दर नहीं है ॥ ७७ ॥

प्रातरेत्य भुवनं पुनारविः
सादरं किरणपङ्क्तिमस्तृणोत् ।
योगिराडपि निजोचितां कृतिं
हर्षवेगवशतः समातनोत् ॥७८॥

प्रात.काल होते ही सूर्य ने भुवन मे आकर फिर अपना किरण-समूह फैलाया। स्वामीजी ने भी अपने कर्तव्य आरम्भ किये । दोनो ने अपना अपना काम आनन्दपूर्वक आरम्भ किया ॥ ७८ ॥

मोहतोयधिपरिप्लुतं जनं
वेद नौ समवलम्बनोदयात् ।
वीक्ष्य भारततले समुद्धरन्
कानि कानि चरितानि नाकरोत् ॥७९॥

मोहसागर के अन्दर डूबे हुए इस जगत् को वेदरूपी नौका का सहारा देकर स्वामीजी ने निकाला। वह कौन सा उपकार बाकी रहा जो जगत् के उद्धारार्थ स्वामीजी ने नहीं किया ? ॥ ७९ ॥

एवमेव समये गते यतिः
पत्रमेकमभिलिख्य सादरम् ।

सत्वरं मरुभुवांपतेः कृते
ऽप्रेषयत्सकलभावगर्भितम् ॥८०॥

इस प्रकार कुछ समय बीतने पर स्वामीजी ने महाराजा प्रतापसिंहजी के लिए एक पत्र लिखा और वह मनुष्य के द्वारा शीघ्र ही उनके पास पहु-चवा दिया ताकि उत्तर मे विलम्ब न हो जावे ॥ ८० ॥

यत्र सर्वमितिवृत्तमाहितं[1]
तत्तदीयनगरस्य योगिना ।
मन्त्रवत्पुरपतिर्विलोकयन्
मूकएव समतिष्ठतानतः ॥८१॥

उस पत्र मे आपने जितनी जोधपुर रियासत की खराबी की बाते थी महाराजा को लिख दी ताकि वह इसका शीघ्र उचित प्रबन्ध कर अपने राज्य को निर्दोष बनावे ॥ ८१ ॥

आत्मनोपि विषये सुशिक्षणां
वीक्ष्य तद्दलगतां महीपतिः ।
शिष्यवद्गुरुजनोचितप्रथां
स्वीचकार समदर्शयच्च ताम् ॥८२॥

उस पत्र को पढ कर महाराजा ने स्वामीजी को अपना गुरु माना और आप शिष्य बनकर जो जो आपने बतलाया सब उसी रीति से किया और स्वामीजी को भी तदनुकूल दिखला दिया ॥ ८२ ॥

यानि यानि करणानि योगिना
सुप्रबन्धविषयोचितान्यलम् ।
दर्शितानि जनपाय दैवत-
स्तानि तानि सकलान्यकारयत् ॥८३॥

---

१ स्थापितम् ।

उस पत्र में आपने यह भी लिख दिया कि अमुक अमुक बातो के सुधारने से आप इस कार्य मे सिद्धहस्त हो जावे गे। आप ध्यान दे। आपके ऊपर रियासत का बडा भारी भार है ॥ ८३ ॥

एवमत्र भुवने कृतोद्यमो-
यावदेष न समाप्तिमाययौ ।
तावदेव परमेश्वराज्ञया
कोपि दूतइव पादयोरगात् ॥८४॥

इस प्रकार जब तक स्वामीजी अपना काम जगत् मे पूरा न करने पाये तभी तक एक ईश्वरीय निर्देश आपके चरणो मे आकर अचानक उपस्थित हो गया ॥ ८४ ॥

वाचिकं स विनिवेद्य सादरं
स्वागताय विनियोज्य चेतरत् ।
गन्तुमिच्छुरिव नायकाङ्गणं
व्यत्यतिष्ठत समुत्तरेच्छया ॥८५॥

वह मुक्त पुरुषो का भेजा हुआ कुछ इशारा आपको समझा कर जाने के लिए तैयार हो, आपसे जवाब मागने की प्रतीक्षा करता रहा अर्थात् काल उपस्थित होकर कहने लगा कि चलिए आपके साथी मुक्त पुरुष आपको याद करते हैं, बहुत दिन हो गये ॥ ८५ ॥

आदरात्प्रतिगतेऽनुलभ्यतां-
वाचमस्य विदुषोपि दूतके ।
तन्नियोजितजनाः समन्तत-
श्चक्रिरे गमनसर्वसाधनम् ॥८६॥

आपने भी उससे इशारे मे कह दिया कि चलो आते हैं। बहुत देर नहीं है। इतना सुन कर वह चला गया। इधर उस दूत के लगाये हुए जन चारो ओर से आपके जाने की तैयारियाँ करने लगे ॥ ८६ ॥

सर्वतः प्रथममेष पाचको-
धौडमिश्रइह दुष्टमानवैः ।
सत्कृतो गरलदानकर्मणि-
प्रेरितश्च धनदानलोभनैः ॥८७॥

सबसे पहले आपका रसोई बनाने वाला रसोइया जिसका नाम धौड-मिश्र था काल दूतो ने पट्टी पर चढाया और उससे कहा कि जो तुम स्वामीजी को विष दे दो तो तुमको हम इतना द्रव्य देंगे ॥ ८७ ॥

धीवरस्तदपरं महाधमै-
र्नोदितो धनमिहाहरत्पुनः ।
दूरदेशमगमन्मुनेर्द्रुतं
सप्त तानि शतकानि यन्मितिः ॥८८॥

फिर आपका पानी भरने वाला कहार जो था उसको कालदूतो ने सिखाया और वह भी ७०० रुपये लेकर भाग गया । उसका कुछ पता न लगा । भला सकेत में काम करने वालो का पता कैसे लगता ? ॥ ८८ ॥

एवमेष बहु दूतचेष्टितं
वीक्ष्य सत्वरगतौ कृतोद्यमः ।
कारणान्तरवशाद्दिनैककं
वस्तुमत्र पुनरादृतोऽभवत् ॥८९॥

इस प्रकार के अनेक उपद्रव देख कर आप यहाँ से चलने को उद्यत हुए परन्तु विशेष कारण से आज २७ दिसम्बर को न चल सके । कारण और कुछ नहीं, वही काल की कूट रचना है ॥ ८९ ॥

प्रातरत्र कृतपूर्ववत्क्रियः
सौरभाणि पयसा समं मुदा ।

सायमेष समभक्तयत्पुनः
स्वीचकार शयनं क्रमागतम् ॥६०॥

२९ दिसम्बर को जो कुछ आप प्रति दिन अपना काम करते थे प्रातःकाल से लेकर सायकाल पर्यन्त करते रहे। सायकाल को आपने आम खाकर धौडमिश्र से दूध लेकर पिया। फिर आप सो गये ॥ ९० ॥

एवमेष मुनिरुत्तरोत्तर-
ध्वस्तसर्वमतवादकल्पनः।
भारतोदरगतेषु पत्तने-
ष्वादरेण निगमोक्तमातनोत् ॥६१॥

इस प्रकार के समस्त कल्पित मतो के विध्वस में दक्ष ऋषि दयानन्द भारतवर्ष के भीतर बसे हुए प्रसिद्ध प्रसिद्ध नगरो में एकतः वैदिक धर्म प्रचार कर चुके और सबसे पहले विद्याध्ययन के मिष से उत्तर, फिर क्रमशः पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उनका मध्य विजय कर भुवर और स्वर लोक में वैदिक धर्म का प्रचार करने को उद्यत हुए। निमत्रण भी आ ही गया। अब केवल पोशाक बदलनी बाकी रही थी ॥ ९१ ॥

यत्कृतं मुनिवरेण भारते
भारतोदयकृते शिवं कृतम्।
भारतोन्नतिनिविष्टचेतसा
भारते भवतु तन्मुदे सताम् ॥६२॥

जो कुछ ऋषि ने भारत के अन्दर भारत की उन्नति के लिए भारत की उन्नति में दत्तचित्त होकर शुभ कार्य किया वह सज्जनो के लिए सुख देने वाला हो। यही वक्तव्य बाकी रहा और कुछ नहीं ॥ ९२ ॥

यत्परं समभवत्तदग्रिमे
वर्णितं न रसभङ्गकारणात्।
अत्र सज्जनवरैर्विलोक्यतां
योगिराजचरितं मनोरमम् ॥६३॥

अब जो कुछ वृत्तात बाकी रहा उसका वर्णन अगले १९ मे सर्ग में किया जायगा। रसविच्छेद के कारण यहाँ पर नही कर सकते। सज्जन गण वही पर देखने की कृपा करे ॥ ९३ ॥

❀ चक्रबन्धः ❀

तत्त्वं सर्वसुखात्मकं समकलं सानन्दमेकं परं
लब्ध्वा येन गुणाकरेण महता संबोधितं तन्मुदा।
मुक्तेर्वर्त्म दयामयेन महतां मान्येन हर्षात्तदा
दाम्यन्तं तमलं लयान्तमुदितं रम्यं सदानं सदा[1] ॥९४॥

समस्त आनन्द का भडार एक रस जो ईश्वर का अनिर्वचनीय स्वरूप है, उसको योग बल से जानने वाले ऋषि ने सबके लिए मुक्ति का मार्ग बतला दिया। दानी दमन करनेवाले यशरूप से जगत् में सर्वदा स्थिर, उस ऋषि दयानन्द को हृदय मे धन्यवाद दीजिए और स्मरण रखिए ॥ ९४ ॥

इति निरवधिसौख्यावाप्तिकामः स योगी
यदनुदिनमकार्षीद्विश्वमध्ये चरित्रम्।
तदखिलमिह भक्त्या वर्णितं सज्जनानां
विलसतु परिशुद्धे मानसे सर्वभावैः ॥९५॥

अनन्त सुख की कामना करनेवाले ऋषि ने जो जो प्रति दिन इस जगत् में कार्य किया सबका सब इस महाकाव्य मे मैंने अन्यय भक्ति से वर्णन किया सज्जनो के विमल अत. करण में वह सर्वदा समस्त भावों से विद्यमान रहे और विजय को प्राप्त हो ॥ ९५ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
सदुपदेशावसान नामाष्टादश सर्ग।

---

१ नमतइतिपद्यशेष।

एकोनविंशः सर्गः

इससे पहले सर्ग में दूध पीकर स्वामीजी का शयनात वर्णन किया गया है। अब उसके बाद के वृत्तांत सुनाने के लिए यह सर्ग[1] आरम्भ किया जाता है:—

अथाल्पसमयादेव चित्ते विष्टरशायिनाम्।
स्वामिनामभवत्कोपि महोद्वेगो भयावहः ॥१॥

पलग पर लेटे हुए स्वामीजी का थोडी ही देर में जी मचलाया और उनके चित्त में भयङ्कर उद्वेग आरम्भ हुआ, जिसका कारण आगे बतलावेंगे ॥ १ ॥

अल्पकालात्परं दैवावेगादिव रुजाकरम्।
शूलमौदरिकं चित्तं व्यथयामास वेगवत् ॥२॥

जी मचलाने के बाद कुछ देर में अत्यन्त कष्टदायक उदरशूल हुआ जिसके होने पर आपका चित्त और भी खिन्न हो गया और कष्ट बढ गया ॥ २ ॥

सत्रा दुग्धेन मिष्टान्तर्गतकाचकणाणुगा।
निदानमभवत्तस्य सपीतिरुपजीविका ॥३॥

पीछे से निश्चित रीति पर मालूम हुआ कि दूध में चीनी के साथ काँच पीस कर दिया गया था। वही इस रोग का कारण हुआ। वह शरीर में प्रविष्ट हो कर निकल न सका ॥ ३ ॥

---

१ कण्ठाभरणमते. भिन्नलिङ्गता गुण अतएव न परिचयो मलिनात्मना प्रधानम् इति माघ ।

आदिनोदयमेतेन न कोप्युत्थापितो जनः ।
समदर्शितया तत्र निद्राविच्छेदकारणात् ॥४॥

अपने समान सबका सुख दुःख समझ कर प्रातःकाल होने तक आपने निद्रा से किसी भी पुरुष को नहीं जगाया । इसलिए उपाय न होने पर कष्ट बढ़ता गया ॥ ४ ॥

वमने सत्यपि श्रीमान्स्वयमेव जलादिकम् ।
समानीयाऽऽस्यसंशुद्धिमकार्षीच्छुद्धकल्पनः ॥५॥

वमन होने पर भी आप स्वयं उठ कर जल ले लेते थे और उससे हाथ मुहँ धोकर फिर लेट जाते थे, फिर उठते थ, फिर लेट जाया करते थे ॥५॥

विरुद्धनियमाधानाद्दिनानन्तमुरित्थितिः ।
नैर्बल्यतो न सञ्चारकल्पना च तदाभवत् ॥६॥

आज प्रातःकाल आप ब्राह्म मुहूर्त के बदले दिन चढ़े उठे । इसका कारण शरीर की निर्बलता और बचैनी थी । इसीलिए भ्रमण करने को भी कहीं नहीं गये ॥ ६ ॥

जनानाज्ञापयत्स्वीयान्हवनाय तदा यतिः ।
मातरिश्वा न तत्रत्यः समीचीनो यतोऽभवत् ॥७॥

उठने के साथ ही आपने अपने नौकरो को आज्ञा दी कि हवन करो ! जिससे रात्रि भर का दुर्गंधित वायु मकान से निकल जाय और शुद्ध वायु आ जाय ॥ ७ ॥

अत्रान्तरे महावेगादभूद्दैवोदयादिव ।
शूलमौदरिकं पश्चादतीसारश्च वेगवान् ॥८॥

इतने ही मे बडे जोर के साथ उदरशूल उठा और साथ ही अतीसार का भी होना आरम्भ हुआ, जिससे और भी बेचैनी और निर्बलता बढ़ती ही चली गई ॥ ८ ॥

अस्यामपि दशायां स यतिराडतिधैर्य्यवान् ।
नागमत्क्लैव्यमेकान्तं सत्यमेवावदज्जनान् ॥६॥

इस दशा मे भी श्री १०८ स्वामीजी महाराज अत्यन्त धैर्य से काम लेते थे और पूछने पर अपनी वास्तविक दशा सबको बतला दिया करते थे ॥ ९ ॥

पूर्वं भिषग्वरः कोपि नाम्ना सूर्य्यमलो मुनेः ।
चिकित्सां कर्तुमारेभे दिनानां दशकं यतः ॥१०॥

सबसे पहले डाकृर सूर्यमलजी की चिकित्सा आरम्भ हुई । आपने अत्यन्त श्रद्धा के साथ दस दिन तक आपका इलाज किया ॥ १० ॥

तदनन्तरमारेभे चिकित्सां यवनो भिषक् ।
यस्योपचारतो रोगो वृद्धिमेवाप नित्यशः ॥११॥

उसके बाद राज की ओर से डाकृर अलीमर्दानखा का इलाज आरम्भ हुआ जिसके होने से दिन दिन बीमारी बढती ही चली गई ॥ ११ ॥

उपचारादलं तस्य प्रत्यहं यमिनां वपुः ।
क्षयमेवाप दौर्बल्यात्कृष्णपक्षे यथा शशी ॥१२॥

इसीलिए इसकी चिकित्सा से स्वामीजी का दिव्य शरीर कृष्णपक्ष में चन्द्रमा की तरह दिन दिन क्षीण ही होता चला गया । कुछ भी आराम न हुआ ॥ १२ ॥

चत्वारिंशदतीसारा मूर्च्छनाश्च सहस्रशः ।
दिनैकके ऽभवन्वेगादत्तकाचप्रकोपनात् ॥१३॥

अब दूध में दिया हुआ काँच शरीर की सधि सधि में प्रविष्ट हो गया इसलिए एक ही दिन में चालीस चालीस दस्त और बार बार मूर्छा का आना आरम्भ हुआ ॥ १३ ॥

पर्यङ्काङ्कगतस्यास्य भागव्यत्ययकर्मणि ।
बहुदुःखमभूच्छोषो मुखताल्वादिषु स्फुटः ॥१४॥

पलंग पर लेटे हुए स्वामीजी को करवट बदलना भी कठिन हो गया। करवट लेने की भी शक्ति नहीं रही और मुख सूखने लगा ॥ १४ ॥

मस्तकोपरि चिह्नानि हिक्काऽऽगमनमुद्धुरम् ।
भाषणे कष्टता चापि समाभवदतः परम् ॥१५॥

गरमी के कारण तालु चटकने लगा, जीभ पर छाले पड गये, माथे पर छोटी छोटी फुंसियाँ निकल आईं, हिचकियों का तार बँध गया ॥ १५ ॥

एतावत्यपि संवेगे रोगस्य गरलागमात् ।
कान्तिरस्य तथैवासीद्यथा पूर्वमवस्थिता ॥१६॥

इतने पर भी आपके मुख की चमक दमक वैसी ही बनी रही जैसी की पहले थी। मुख की काति के ऊपर किसी प्रकार का अन्तर न आया ॥१६॥

यमिनोस्य दशां दुष्टा गोपयन्तो न भूपतेः ।
पुरतोन्ववदन्यस्माद्गुगतः पर्यवर्धत ॥१७॥

दुष्ट जन स्वामीजी की दशा को छिपा कर महाराजा जोधपुर के सामने कुछ का कुछ कह दिया करते थे। इसलिए उनकी चिकित्सा ठीक ठीक न हुई ॥ १७ ॥

चिकित्सामस्य भिषजः समीक्ष्य हृदये स्वके ।
सूर्यप्रसादो भिषजांवरिष्ठः पर्यतप्यत ॥१८॥

डाकृर अलीमर्दानखाँ का इलाज देखकर स्वामीजी के भक्त डाकृर सूर्यप्रसादजी अपने मन ही मन कुढते थे और दुखी होते थे ॥ १८ ॥

समक्षमागतान्भव्यानवेक्ष्य मनुजानयम् ।
कथयामास देवाय नौषधं साधु दीयते ॥१९॥

किसी किसी समय अपने पास आये हुए पुरुषों से कह भी दिया करते थे कि स्वामीजी की चिकित्सा अच्छी तरह नहीं होती। यह बात अच्छी नहीं है॥ १९ ॥

चपलं क्रियतां दूरमतएवायमुद्धतः ।
पदे निवेश्यतामन्यो वैद्यराडस्य दुर्मतेः ॥२०॥

इसलिए इनको यहाँ से अलग कर दिया जाय और इनकी जगह कोई अच्छा वैद्य बुलाया जाय तो स्वामीजी को आराम हो ॥ २० ॥

एवमाभाषमाणेस्मिन्भिषजामुत्तमे तदा ।
अभवन्विस्मिताः सर्वे बभूवुश्च शुचाऽऽकुलाः ॥२१॥

डाकृर सूर्यमल की बात सुनकर समस्त पुरुष अचम्भे में आ गये और स्वामीजी की हालत देखकर मन में बडे दुखी हुए ॥ २१ ॥

अकस्मादजतुन्दस्थमनुजेन निरीक्षिता ।
देवरोगसमाचारकल्पना मुद्रिते दले ॥२२॥

इतने ही में एक अजमेर समाज के सभासद ने अचानक ११ अक्टूबर सन् १८८३ ई० को राजपूताना गजट में यह समाचार पढा कि स्वामीजी जोधपुर में बीमार हैं ॥ २२ ॥

तां समस्तार्यमनुजे दर्शयित्वा स मानवः ।
समस्तमेव नगरं शोकाकुलमिवाकरोत् ॥२३॥

इस खबर को समस्त अजमेर के पुरुषो के पास लेजाकर सर्वत्र विदित किया कि स्वामीजी बीमार हैं । खबर सुनते ही समस्त जन शोकाकुल हो गये ॥ २३ ॥

पूर्वं तु तैर्न विश्वासः कृतोस्मिन्मुद्रिते दले ।
शत्रुकार्यमिति ज्ञात्वा परमप्रीतिवर्धनात् ॥२४॥

पहले तो अजमेर के पुरुष राजपूताना गजट पर विश्वास नहीं लाते थे वह इसलिए कि शायद किसी विरोधी पुरुष ने यह झूठी खबर छाप दी हो ॥ २४ ॥

---

१ जातावेकवचन मनुजव्राते इत्यर्थ ।

परमेकदिने कश्चिद्वणिग्योधपुरं गतः ।
निरीक्ष्य यमिनां लीलां मूर्छितोभूदधः पतन् ॥२५॥

परन्तु एक दिन अजमेर-समाज की ओर से सेठ जेठमलजी स्वामीजी का हाल देखने के लिए जोधपुर पहुँचे। वे स्वामीजी की हालत देखकर मूर्छित हो गये ॥ २५ ॥

समाश्वास्य समाभाष्य योगिना सह सत्वरम् ।
अजतुन्दमुपागत्य सर्वं वृत्तमुदाहरत् ॥२६॥

सचेत होने पर स्वामीजी से बात कर जेठमलजी बहुत ही शीघ्र अजमेर आ गये और स्वामीजी की वास्तविक दशा सबको सुना दी। तब सबको विश्वास हुआ ॥ २६ ॥

एतावतैव कालेन तडिन्मार्गमुपेयुषी ।
स्वामिरोगदशा सर्वं भारतं व्याकुलं व्यधात् ॥२७॥

विश्वस्त रीति पर मालूम होते ही चारों ओर तार से खबर फैल गई, जिसमें समस्त आर्यावर्त मे कोलाहल मच गया और खेद हुआ ॥ २७ ॥

बहवः सज्जनाः सर्वां विहायावश्यकां कृतिम् ।
गतास्तद्दर्शनोत्कण्ठा व्याकुलाः पुण्यशालिनः २८

बहुत से सज्जन महाशय (जो कि स्वामीजी को इष्ट देव मानते थे) तुरन्त ही खबर पाकर आपका दर्शन करने के लिए जोधपुर पहुँच गये ॥ २८ ॥

दृष्टैव यमिनामीशं रुदन्तः साश्रुलोचनाः ।
समब्रुवन्महाभाग ! कथं नादायि सूचना ॥२९॥

जाने के साथ ही आपकी यह हालत देखकर आँखों में आँसू भर कर रोने लगे और कहने लगे—महाराज, आपने हमको खबर क्यों नहीं की ॥२९॥

वदतो वीक्ष्य मुनिराडेतानेवं शुचाकुलान् ।
समब्रवीच्छरच्चन्दचन्द्रिकानिर्मलां गिरम् ॥३०॥

स्वामीजी भी अपने भक्तों को इस प्रकार शोकाकुल देख कर शरद् ऋतु के चन्द्रमा की चमक को भी मात करने वाली निर्मल वाणी से कहने लगे ॥ ३० ॥

मा भवन्तु शुचाऽऽविष्टा भवन्तो न किमप्यदः ।
भवत्येव शरीरेऽत्र कष्टं नाश्चर्यमीदृशम् ॥३१॥

आप लोग शोक से व्याकुल न हो, कोई बात नहीं है । शरीर को कष्ट हुआ ही करता है । इसमे आश्चर्य ही क्या है । कुछ बात होती तो लिख भी देता ॥ ३१ ॥

भवन्तो दुःखमाप्स्यन्ति श्रुत्वा मत्कष्टमण्वपि ।
पारवश्यान्मम प्रीतेरतोनादायि सूचना ॥३२॥

मेरे कष्ट का हाल सुनते ही सब लोग घबरा जाते इसलिए मैंने आप लोगो को सूचना नही दी । यही कारण है और कुछ नहीं ॥ ३२ ॥

एवं कथितवत्यस्मिन् मुनौ बाष्पविलोचनाः ।
सर्वे जनाः समावेष्ट्य योगिनं ददृशुः शिवम् ॥३३॥

इस प्रकार आपके कहने पर बाहर से आये हुए सब आपके मित्र आँसूभरी आँखो से आपको चारो ओर घेर कर टकटकी लगाये देखने लगे ॥ ३३ ॥

पुनरेकोवदद्देवं त्यज्यतामत्र संस्थितिः ।
सत्वरं गम्यतामस्माद्भिन्नदेशे सुखावहे ॥३४॥

साथ ही एक मित्र ने आपसे निवेदन किया कि महाराज आप यहाँ से वायुपरिवर्तनार्थ यदि अन्यत्र पधारे तो बहुत अच्छा हो ॥ ३४ ॥

एवं गदितवन्तं तं तथास्त्वितिवदन्मुनिः ।
समाह्वयत राजानमुवाच च निजां मतिम् ॥३५॥

स्वामीजी ने भी यह अच्छा समझ कर प्रातःकाल होते ही महाराजा जोधपुर को बुलवाया और अर्बुदगिरि जाने को उनसे अपनी इच्छा प्रकट की ॥ ३५ ॥

निषिद्धोऽपि महीपेन निन्दाव्याकुलितात्मना ।
न मुनिः स्वमनोवाञ्छां गोपयामास वेगवान् ॥३६॥

महाराजा ने कहा कि ऐसे समय में मैं कैसे आपसे जाने को कहूँ । इस समय आपके जाने से मेरी बड़ी बदनामी होगी, परन्तु स्वामीजी का मन देख कर वह भी लाचार हो गये ॥ ३६ ॥

अत्यन्तशोचनीयां तां यदागमदयं दशाम् ।
तदा वैद्यवरानुज्ञाप्यभूद्देशविपर्य्यये ॥३७॥

अंत में १५ अक्तूबर को जब आपकी हालत बहुत शोचनीय हो गई तब सिविलसर्जन एडम साहब की भी यह राय हुई कि आपका आबू पर जाना बहुत अच्छा है ॥ ३७ ॥

अर्बुदं गिरिमेष्यामीत्युक्ते नियमितं दिनम् ।
समभूद्यमिना तूर्णं प्रबन्धश्च समाभवत् ॥३८॥

१६ अक्तूबर को आपका यहाँ से प्रस्थान नियत हुआ । उसके लिए सब सामान तैयार किये गये, ताकि मार्ग में किसी प्रकार का उनको कष्ट न हो ॥ ३८ ॥

मुख्याधिकारपुरुषैः समं राजापि सत्वरम् ।
विनयावनतौ भूमौ निविश्य मुनिमब्रवीत् ॥३९॥

१५ अक्तूबर की शाम को महाराजा जोधपुर मुख्य मुख्य कर्मचारियों को लेकर आपके समीप आये और लज्जित हो नीचा सिर करके कहने लगे ॥ ३९ ॥

अहो दौर्भाग्यमस्माकमीदृशी भवतां दशा ।
दूरदेशं नयत्यद्य श्रीमन्तं मम पत्तनात् ॥४०॥

मैं बड़ा मन्दभागी हूँ जो आप ऐसी दशा में मेरी रियासत से बाहर जाते हैं । मेरे लिए यह बड़ा अमंगल है और सर्वदा के लिए कलंक है, परन्तु क्या करूँ ॥ ४० ॥

एवमाभाष्य विनयात्सार्द्धे द्वे हेमभाजने ।
सहस्रे हैममुद्राणामर्पयद्दीनभावतः ॥४१॥

इतना कह कर एक बडे भारी सुवर्ण के थाल मे महाराजा जोधपुर ने स्वय रोते रोते अढाई हजार अशरफियाँ निकाल कर रख दी ॥ ४१ ॥

काश्मीरवस्त्रयुगलं तथान्यदपि सादरम् ।
निवेद्य पादयुगलं पस्पर्श नतमौलिना ॥४२॥

दो और बढिया दुशाला उसी थाल पर रखकर और भी बहुत सा सामान आपके लिए भेट किया और आपके चरणो पर अपना शिर रक्खा ॥ ४२ ॥

निषिद्धेनापि बहुधा यमिना यन्महीभुजा ।
समदायि बहु द्रव्यं तदा स्वीकृतिमागमत् ॥४३॥

स्वामीजी ने यह सब सामान लेने से इनकार किया परन्तु जब महाराजा ने न माना तब स्वीकार कर लिया और रखने की आज्ञा दी ॥ ४३ ॥

नियते दिवसे तस्य परार्द्धे समुपागतौ ।
नृपावन्यौ मुनिं द्रष्टुं सहस्रैः सज्जनैर्वृतौ ॥४४॥

१६ अक्तूबर को दुपहर के बाद महाराजा प्रतापसिहजी और महाराजा जशवतसिहजी अनेक मनुष्यो समेत आपको विदा करने के लिए आये ॥४४॥

[युग्मम्]

सुखासीनमिमं दैवात्पर्य्यंकाङ्के निरीक्ष्य तौ ।
विष्टरे वेत्रसम्बद्धे निविश्य शनकैः परम् ॥४५॥
निद्राविनिगमे देवमाभाष्य बहुमाननात् ।
कर्मचारिजनानाज्ञापयामासतुरुत्वरम् ॥४६॥

स्वामीजी इस समय पलग पर सो रहे थे इसलिए चुपचाप जशवत-सिहजी कुर्सी पर बैठ गये और प्रतापसिहजी पलग के पास फर्श पर बैठ गये जब स्वामीजी की आँखे खुली तब दोनो ने सामने आकर

शिर झुका कर प्रणाम किया और जाने का प्रबंध करने के लिए स्वयं उद्यत हुए ॥ ४५ । ४६ ॥

मनुष्यवाह्यमद्यैव सिंहासनमनुत्तमम् ।
समानयंतु वेगेन भवन्तो धीवरांश्च तान् ॥४७॥

कामदारों को आज्ञा दी गई कि तुम बहुत ही शीघ्र सोलह कहारों की पालकी (तामजाम) तैयार करा कर यहाँ पर उपस्थित हो ॥ ४७ ॥

इति सम्भाष्य मनुजान्व्यजनावहनस्थिरान् ।
मनुजान्नियतांस्तूर्णं चक्रतुः शोकसङ्कुलौ ॥४८॥

इस प्रकार कामदारों को आज्ञा देकर पालकी के साथ साथ चलने वाले पखाकुलियों को महाराजाओं ने स्वयं बुलाकर नियत किया ॥ ४८ ॥

नानाशीतलसम्भारान्यथायथमिमौ नृपौ ।
विधाय राजपुरुषप्रबन्धाय बभूवतुः ॥४९॥

इसके अतिरिक्त और भी सामान तैयार कराया गया । दो खस की टट्टियाँ और कई सिपाही एवं सेवक खास तौर पर नियत किये गये जिससे बीच में कष्ट न हो ॥ ४९ ॥

अर्बुदं गिरिमुद्दिश्य तडिन्मार्गानुमोदनात् ।
प्रेषिता सकला ताभ्यां प्रबन्धानुविधायिता ॥५०॥

चलने के समय आबू को तार दिया गया कि स्वामीजी आते हैं । महाराजा जोधपुर की कोठी में ठहरेंगे । सब सामान तैयार रहे । महाराजा की आज्ञा है ॥ ५० ॥

सायङ्कालमुपागम्य शिबिकायां यतीश्वरम् ।
संनिवेश्याधिपः पुर्य्याः पद्भ्यामेव तमन्वगात् ॥५१

तार देने के बाद सायंकाल के समय स्वामीजी को पालकी पर बिठलाया गया और बगीचे तक महाराजा जोधपुर पैदल ही आपके पीछे पीछे चले ॥ ५१ ॥

आवाटिकमयं गत्वा सत्वरं मनुजाधिपः ।
रोधयामास शिविकां दर्शनाय महामतेः ॥५२॥

बगीचे के दरवाजे पर पालकी को रुकवाया और पीछे से शीघ्र आकर आपका दर्शन किया। यही कारण पालकी रुकवाने का था ॥ ५२ ॥

निजामूर्णामयीं मृद्वीं शाटिकां स कटीवरे ।
निवध्य नैजहस्तेन विनयावनतोभ्यधात् ॥५३॥

दर्शन करने के बाद आपके आराम के लिए फुलालेन की अपनी खास पेटी महाराजा ने स्वय स्वामीजी की कमर में बाँध दी और गद्गद हो कहने लगे ॥ ५३ ॥

नास्ति लोके मया तुल्यो मनुजो भुवि यो मुनिम् ।
एवं विधं समुत्सृज्य निजकार्य्ये रतो भवेत् ॥५४॥

मेरे समान इस जगत् में दूसरा अभागा नहीं है जो इस दशा में भी आपको छोडकर अपने कार्य में लगा हुआ और विदीर्ण हृदय न हो ॥ ५४ ॥

क्षन्तव्यएव भवता मत्कृतागःसमुच्चयः ।
किमन्यदपरं वाच्यं पुरस्तात्तव हे विभो ! ॥५५॥

आप इस मेरे अपराध को क्षमा करे (जो कि इस समय मैं आपके साथ साथ नहीं जाता हूँ) और मैं आपके समक्ष कुछ कह ही नहीं सकता ॥ ५५ ॥

(त्रिभिर्विशेषकम्)

वक्तव्यमेतदपरं वर्ततेऽर्बुदपर्वतम् ।
समेत्य भवतामेषा यदा नश्येदवस्थितिः ॥५६॥
तदा निर्मुक्तरोगेण श्रीमता मम संनिधौ ।
तडिन्मार्गेण संप्रेष्यं सर्वमप्यात्मवर्तनम् ॥५७॥
सूचनोत्तरमेवाहं सत्वरं भवदन्तिके ।
समागत्य समानेष्ये भवन्तं स्वगृहं पुनः ॥५८॥

केवल इतना वक्तव्य और है कि जिस समय आप आबू पर जाकर नीरोग हो जावे उस समय मुझे तार दे। मै फिर आपको लेने के लिए आऊँगा ॥ ५६ । ५७ । ५८ ॥

इत्युक्त्वा शिविकावाहानप्यवोचदय नृपः ।
सावधानतया सर्वे भवन्तो यान्तु वर्त्मनि ॥५६॥

आपसे इतना कह कर कहारो से भी कहा कि तुम लोग रास्ते में बडी सावधानी से स्वामीजी महाराज को पहुँचाओ। किसी प्रकार का मार्ग में कष्ट न हो ॥ ५९ ॥

(युग्मम्)

सुखसम्प्राप्तसंवासः स्वामी यदि भवत्कृते ।
स्वहस्तलिखितं पत्रं दास्यति प्रीतिपूर्वकम् ॥६०॥
तदा सर्वे भवन्तोत्र मम राज्ये समागताः ।
पारितोषिकमानाभ्यां युक्ता अपि भविष्यथ ॥६१॥

यदि आनन्दपूर्वक स्वामीजी को पहुँचा कर इनका हस्ताक्षरित पत्र लाओगे ता राज्य की ओर से तुम लोगो को अच्छा पारितोषिक (इनाम) मिलेगा ॥ ६० । ६१ ॥

एवमुक्त्वा जनव्रातं प्रणम्य च मुनीश्वरम् ।
पुनरागमनस्यार्थे विनयं बह्वदर्शयत् ॥६२॥

इस प्रकार नौकरो से कह कर श्रीस्वामीजी महाराज का दर्शन करके बार बार फिर दर्शन देने की प्रार्थना करते हुए महाराजा जोधपुर बिदा हुए ॥ ६२ ॥

भृत्यानथ यथायोग्यसेवासम्भारतत्परान् ।
विधाय साश्रुनयनो रुदन्गृहमगान्नृपः ॥६३॥

अत में बार बार नौकरों को ताकीद कर गद्गद कण्ठ महाराजा जोधपुर पृथ्वी को आँसुओं से सींचते हुए जैसे तैसे अपने घर को लौटे ॥ ६३ ॥

कथयामास चैवं यो वैद्यराण्मुनिमुत्तमम् ।
करिष्यति सहस्रे द्वे परितोषिकमाप्स्यति ॥६४॥

चलते चलते महाराजा ने यह अपनी अभिलाषा प्रकट की कि जो वैद्य स्वामीजी महाराज को अच्छा करेगा उसको मैं दो हजार रुपये इनाम दूंगा ॥ ६४ ॥

एवमादृतसत्कारो यतिराट् सुखविष्टरे ।
निषण्णः प्रययौ हर्षादर्बुदं गिरिमद्भुतम् ॥६५॥

इधर स्वामीजी का भी सफर बढा । आबू पर्वत का दृश्य स्वामीजी के मन को अपनी तरफ खीच कर मानो स्वामीजी का समय काटना सुलभ करता था ॥ ६५ ॥

मध्ये मध्येऽवतीर्यासौ वाष्पयानादतन्द्रितः ।
हवनं कारयामास परमात्मप्रसादनम् ॥६६॥

मार्ग में जहाँ जहाँ पर ठहरते जाते थे वहाँ वहाँ पर हवन कराया करते थे और मनुष्यो से कहते थे कि ईश्वराज्ञा को यथाशक्ति हर समय पालन करना चाहिए ॥ ६६ ॥

गच्छत्यपि महावेगाद्वाष्पयाने यतीश्वरः ।
हवनाधानधूमेन धूमयानमकल्पयत् ॥६७॥

बडे वेग के साथ जाती हुई रेल के भीतर भी, अपनी रिजर्व गाडी के अन्दर हवन कुण्ड में गेरी हुई सामग्री का धूम मानो (धूमशकटी) शब्द को चरितार्थ करता था ॥ ६७ ॥

एकदा हवनारम्भे ब्राह्मणा वेदपारगाः ।
समागत्य महाहर्षाद्धवनं चक्रिरे समम् ॥६८॥

एक दिन सायकाल के समय अग्निहोत्र हो रहा था । इतने में दो वेद-पाठी ब्राह्मण कहीं से आकर हवन में सम्मिलित हुए और वेदमन्त्र पढने लगे ॥ ६८ ॥

हवनान्ते यतिश्रेष्ठस्तेभ्यो मुद्रैककं मुदा ।
दापयामास विदुषां सत्कारमिव वर्धयन् ॥६९॥

चलते समय स्वामीजी ने अपने मनुष्यों से कहा कि इनको भोजन करने के लिए एक एक मुद्रा दे दो। ऐसा ही किया गया [मुद हर्ष राति ददातीति मुद्रा] इति मुद्रा शब्दनिर्वचनम् ॥ ६९ ॥

काले गते पुराणज्ञानपि सन्निधिमागतान् ।
वारयामास धर्म्मात्मा सत्वरं यमिनांवरः ॥७०॥

थोड़ी देर के पश्चात् कई ब्राह्मण काशी माहात्म्य आदि लेकर आपके पास आये और जोर जोर से पढने लगे। स्वामीजी ने उनको तुरन्त निकलवा दिया ॥ ७० ॥

न देयं पणमप्येभ्यो मन्देभ्य इति भाषता ।
मुनिना दर्शिता सत्यं पौराणिकनिराकृतिः ॥७१॥

और अपने सेवको से कहा कि इन मन्दमतियो को एक पैसा भी मत दो। ऐसे पाखण्डियो को मेरे समक्ष मत आने दो। वास्तव में इनकी यही दुर्दशा करने योग्य है ॥ ७१ ॥

एवं कृतमहायज्ञः पथि भारतभूषणः ।
स योगिवर्यो गमने मतिमादादनुत्तमाम् ॥७२॥

इस प्रकार मार्ग मे आये हुए अनेक स्थलों में यज्ञ करते कराते भारत-वर्ष के अद्वितीय रत्न श्री १०८ स्वामीजी महाराज आगे जाने के लिए उत्कण्ठित हो रहे थे ॥ ७२ ॥

यस्मिन्काले महायोगीजगामार्बुदपर्वतम् ।
तदैव वैद्यवर्योऽस्मात्प्रत्यावृत्तिमुपागमत् ॥७३॥

जिस समय स्वामीजी महाराज आबू को जा रहे थे उस समय जालधर के रहने वाले डाक्टर लक्ष्मणदासजी आबू से लौट कर अजमेर जा रहे थे ॥७३॥

परं महामतेरस्य मुनेर्वीक्ष्य दशामयम् ।
पुनरप्यर्बुदं गोत्रं मुनिना सममाययौ ॥७४॥

परन्तु मार्ग मे स्वामीजी की शोचनीय दशा देख कर उन्होंने अजमेर जाने का मनोरथ बदल दिया और स्वामीजी के साथ ही फिर आबू लौट आये ॥ ७४ ॥

प्राप्यार्बुदगिरिं योगी निश्चिते भवने स्थितिम् ।
विधाय तद्भवं वस्तु सिषेवे शान्तमानसः ॥७५॥

स्वामीजी भी आबू पहुँच कर महाराजा जोधपुर की कोठी में [जो कि पहले ही से आपके लिए तैयार की गई थी] उतरे और वहाँ की चीजें सेवन करने लगे ॥ ७५ ॥

वैद्योपि तानि तान्याशु समानीयौषधान्यरम् ।
समये समये दायं दायं व्यत्ययभागभूत् ॥७६॥

डाकृर लक्ष्मणदास भी समय समय पर अनेक प्रकार के औषध बना बना कर आपको देते रहे और दवाओ में तबदीली करते रहते थे ॥ ७६ ॥

अत्रान्तरे समायाता तडिन्मार्गेण सूचना ।
वैद्यराजस्य सविधे शीघ्रमागम्यतामिति ॥७७॥

इतने ही में सर्कारी नौकर होने के कारण लक्ष्मणदासजी के पास तार आ गया कि वे अपनी नौकरी पर शीघ्र आकर उपस्थित हों ॥ ७७ ॥

वैद्यराजस्ततो दृष्ट्वा राजकीयनियन्त्रणम् ।
भृतेरस्वीकृतौ चेतः कृत्वा तत्पत्रमप्यदात् ॥७८॥

डाकृर लक्ष्मणदासजी ने एक तरफ से तार का आना और दूसरी तरफ़ से स्वामीजी की सेवा से अलग होना जानकर नौकरी से इस्तीफ़ा दे दिया ॥ ७८ ॥

भृत्यस्वीकृतिकामोपि तत्र नाप यदा स्थितिम् ।
विवशः प्रयतौ तस्मादजतुन्दपुरं भिषक् ॥७९॥

जब डाक्टरजी का भेजा हुआ इस्तीफा नामजूर हुआ तब तो विवश होकर आपको जाना ही पडा परन्तु हृदय से आप बडे दुखी हुए ॥ ७९ ॥

(युग्मम्)

गमनावसरे दत्वा दिवसत्रयभेषजम् ।
स्वामिनं प्रार्थयामास वैद्यराजः शुभार्थिनम् ॥८०॥
भगवन्भवताप्याशु तत्रैव विधिपूर्वकम् ।
नानौषधिप्रयोगाय गन्तव्यं यत्र मे स्थितिः ॥८१॥

चलते समय आपने दो तीन दिन की दवाई तैयार करके रख दी और कह दिया कि आपभी अजमेर ही पधारे वहीं पर मैं आपका इलाज करूंगा ॥ ८० । ८१ ॥

(विशेषकम्)

एवमाभाषमाणेत्र वैद्यराजे यतीश्वरः ।
नाङ्गीचकार गमनं पूर्वं तु समयोचितम् ॥८२॥
परतस्तद्वचो मत्वा मुनिवर्योस्य शर्मदम् ।
गमनं स्वमतौ दध्रे बहुशो भिषजार्थितः ॥८३॥
स्वीकृतप्रार्थनः सोन्ते सत्वरं भिषजां वरः ।
प्रणम्य बहुशो देवं प्रययौ बहुशः स्मरन् ॥८४॥

स्वामीजी ने पहले तो इनका कहना अस्वीकार किया परन्तु फिर बहुत कुछ कहने सुनने पर स्वीकार किया । प्रार्थना स्वीकार होने पर वैद्यजी चले गये ॥ ८२ । ८३ । ८४ ॥

गते भिषग्वरे तस्मिन्बहवो वैद्यपुङ्गवाः ।
मुहुर्मुहुर्यतिश्रेष्ठं वीक्षयामासुरादरात् ॥८५॥

डाक्टर लक्ष्मणदासजी के जाने पर डाक्टर गुरुचरणदास, सिविलसर्जन एडिम साहब श्रीस्वामीजी का इलाज करने लगे ॥ ८५ ॥

प्रतापसिंहनामाथ राजापि मुनिपुङ्गवम् ।
द्रष्टुमभ्याययौ योधपुरादरमतिप्रभम् ॥८६॥

एक दिन जोधपुराधीश महाराजा प्रतापसिंहजी श्रीस्वामीजी के दर्शनार्थ स्वयं आबू पधारे और आकर समस्त प्रबंध करने लगे ॥ ८६ ॥

नानाराजनिदेशात्ते नानावैद्या यथायथम् ।
नानौषधविधानेन योजयामासुरानताः ॥८७॥

महाराजा जोधपुर एवं महाराजा शाहपुरा के कथनानुसार डाक्टर और सिविलसर्जन समय समय पर अच्छी अच्छी औषधियाँ बना बना कर देते रहे ॥ ८७ ॥

तडिन्मार्गस्य सा कापि घटनासमभूत्तदा ।
या न राजेश्वरस्यापि सूत्सवेऽभूदनारता ॥८८॥

आपके आबू रहने पर तारों का यह हाल हो गया कि दिन रात चलते थे। तार देने वाले बाबू आश्चर्य में आकर कहते थे कि इतने तार तो वाइसराय के पधारने पर भी नहीं आते ॥ ८८ ॥

वैद्योक्तस्मरणादेष मुनिपुङ्गव आदरात् ।
अजतुन्दगतौ चक्रे निजं मन उदारधीः ॥८९॥

डाक्टर लक्ष्मणदासजी के कथनानुसार २६ अक्तूबर ८३ ई० को श्रीस्वामीजी महाराज प्रातःकाल आबू से प्रस्थित हो शाम तक अजमेर पहुँच गये ॥ ८९ ॥

आपर्वतादर्बुदकादजतुन्दपुरं प्रति ।
उत्तमं यानमस्यार्थे समागतमभूत्तदा ॥९०॥

आबू रोड से पहले दर्जे की एक पूरी गाडी आपके लिए रिजर्व कराई गई थी और अजमेर तक वह आपकी स्पेशलगाडी एक ही दिन में पहुँच गई ॥ ९० ॥

तस्मिन्नेनमवस्थाप्य बह्वस्तन्महाशयाः ।
अजतुन्दपुरं देवं निन्युः शोकसमाकुलाः ॥९१॥

उस गाडी में श्रीस्वामीजी को सवार करा कर बहुत से महाशय साथ साथ वहाँ से चले और रास्ते भर हर प्रकार का प्रबन्ध करते रहे ताकि किसी प्रकार का कष्ट न हो ॥ ९१ ॥

तत्रापि शकटस्थाने शिविकाङ्कितमस्तकाः ।
स्वागताय जनाः सर्वेऽवतिष्ठन्दर्शनेच्छया ॥९२॥

जब रेलवे स्टेशन अजमेर पर पहुँच गये तब अजमेर के समस्त भद्र पुरुष पालकी लेकर आपके स्वागताचार के लिए उपस्थित मिले ॥ ९२ ॥

प्राप्य तत्पुरमानन्दाच्छिविकाङ्के यतीश्वरम् ।
अवरोप्याथ नियते भवने निन्युरादरात् ॥९३॥

उन्होने श्रीस्वामीजी को रेल से उतारा और अत्यन्त कोमल पालकी पर सवार कराया तथा धीरे धीरे सावधानी के साथ नियत किये हुए स्थान में पहुँचाया ॥ ९३ ॥

तत्रावतार्य्य योगीशं विष्टरेष्यवरोप्य ते ।
निशार्धसमये शीतव्याकुला अभवञ्जनाः ॥९४॥

वहाँ पर आपको उतार कर पलग पर लिटाया और सब बात का प्रबध हो गया। इस समय रात के तीन बजे थे। मनुष्यो को शीत मालूम होने लगा ॥ ९४ ॥

परमेष यतिस्तत्र महदौष्ण्यमिति ब्रुवन् ।
कारयामास गेहस्य द्वारोद्घाटनमाकुलः ॥९५॥

परन्तु स्वामीजी को उस समय भी गरमी मालूम हुई। इसलिए कोठी के सब दरवाजे खुलवाये गये परन्तु शाति तब भी नहीं हुई ॥ ९५ ॥

द्वितीयदिवसात्पूर्ववैद्यराजेन सर्वशः ।
औषधोपगमः सम्यक् कृतएव यथोचितः ॥९६॥

दूसरे दिन से डाकृर लक्ष्मणदास ने श्रीस्वामीजी का इलाज शुरू किया और अनेक प्रकार के औषध थोडी थोडी देर के बाद आपको दिये गये ॥९६॥

परमस्यौषधादत्र नाभवत्कोप्यनुग्रहः ।
निग्रहस्तु स्वयं तस्य कथयामास शोकताम् ॥९७॥

परन्तु दैववश आपके औषधो ने जैसा फल आबू पर दिया वैसा फल यहाँ पर नही दिया। अच्छे अच्छे औषध भी इस समय निर्वार्य हो गये ॥ ९७ ॥

मसूदानगरं गन्तुमेकदा स्वजनानयम् ।
कथयामास धर्मस्य प्रचाराय दृढव्रतः ॥९८॥

इसी समय श्रीस्वामीजी ने अपने सेवको से कहा कि हमको मसूदा ले चलो। वहाँ पर जाकर धर्मोपदेश करेगे और प्रचार करेगे ॥ ९८ ॥

परमत्रत्यमनुजैरानन्दे सति तत्पुरम् ।
समेष्याम इति प्रोक्तं नाधुनेति यथोचितम् ॥९९॥

परन्तु इस पर सबो ने आपकी दशा देख कर कहा कि अभी नहीं, आराम होने पर आपको ले चलेगे। यह समय कहीं पर जाने योग्य नहीं है ॥ ९९ ॥

दिनद्वयेन मे सौख्यमनन्तं भवितेति सा ।
मुनिवागत्र विषये बहुस्मर्तव्यतामगात् ॥१००॥

स्वामीजी ने यह बात सुनकर सबसे कहा कि "दो दिन में हमको पूरा पूरा आराम हो जायगा" यह आज का उत्तर सबके लिए स्मरण रखने योग्य है ॥ १०० ॥

अधुना सर्वदेहेस्य पिटिकाः प्राभवन्बलात् ।
नैर्बल्पमपि चात्यन्तमभवच्छोकदायकम् ॥१०१॥

यहाँ आने पर आपके शरीर पर छोटी छोटी फुन्सियाँ उगने लगी और २९ अक्तूबर को शरीर अत्यन्त ही निर्बल हो गया। साथ ही गरमी बढ़ने लगी ॥ १०१ ॥

मनुजानुत्थितेरर्थे निगाद्य शुभविष्टरे ।
समातिष्ठत योगीन्द्रः परमेश्वरदत्तधीः ॥१०२॥

अपने सेवकों से आपने उठाने का इशारा किया। जब आपको बिठाया गया तब आपने कहा कि अब छोड दो। फिर कुछ देर तक आप बिना सहारे ही बैठे रहे ॥ १०२ ॥

अतिसत्वरमस्याद्य श्वासः प्रचलितोभवत् ।
मग्नश्च परमानन्दे समभूद्योगिराडपि ॥१०३॥

इस समय श्रीमान् का श्वास जल्दी जल्दी चल रहा था, परन्तु आप उसे रोक रोक कर बाहर निकालते रहे और ईश्वर के ध्यान में मग्न हो रहे थे ॥ १०३ ॥

रात्रावस्यां महत्कष्टमभूदस्य जगद्गुरोः ।
परमेकरसः श्रीमानयं न तदमन्यत ॥१०४॥

यद्यपि आज की रात भर आपको अधिक कष्ट रहा परन्तु आप ईश्वर के ध्यान मे मग्न थे, इसलिए मालूम नही हुआ। यह कष्ट कफ के बढने से हुआ ॥ १०४ ॥

प्रातरेव भिषग्वर्यसमाह्वाने कृतश्रमा ।
जनता जनमान्यस्य मुनेरस्याभवत्पुरः ॥१०५॥

दूसरे दिन ३० अक्तूबर को प्रात काल होते ही वैद्य लाने के लिए मनुष्य गये और शीघ्र ही डाक्टर न्यूमन साहब को लिवा लाये ॥ १०५ ॥

(युग्मम्)

वैद्यराट् सत्वरं तत्रागत्य वीक्ष्य च योगिनम् ।
न दृष्ट ईदृशो देवो मयकेत्यवदद्द्रुतम् ॥१०६॥
य ईदृशेतिकष्टेपि न कामप्यतिपीडनाम् ।
नाटयत्यतिधैर्य्यस्य प्रभावमिव दर्शयन् ॥१०७॥

जिस समय डाक्टर साहब ने श्रीमान् को देखा, उस समय बडे आश्चर्य में हुए और कहने लगे कि धन्य है श्रीस्वामीजी को जो इतने कष्ट पर भी आह तक नही करते। हमने इस प्रकार दिल के मजबूत ससार में अन्य नहीं देखे ॥ १०६ । १०७ ॥

हेतावपि विकारस्य समुपस्थितिमागते ।
येषां न चित्तमुद्विग्नं ते धीरा इति सम्मतम्॥१०८॥

विकार के जितने कारण हैं वे सब जब एकत्र होजावे तब भी जिन का मन विकार को प्राप्त न हो वही पुरुष " धीर " कहने योग्य होते हैं अन्य नहीं ॥ १०८ ॥

एवमुक्त्वा कफघ्नन्तद्ददावौषधमुत्तमम् ।
परं तेनापि नास्याभूद्विशेषः शोकउद्गतः ॥१०९॥

इतना कह और कण्ठ में कफ की प्रबलता देख कर उसकी निवृत्ति के लिए औषध दिया परन्तु उस दिये हुए औषध से कुछ सफलता प्राप्त नहीं हुई ॥ १०९ ॥

एकादशनिनादानां श्रवणाद्दिवसे मुनिः ।
शौचाय गतवान्हैमपीठे निर्भयमानसः ॥११०॥

दिन के ११ बजे से आपका श्वास विशेष बढा । श्रीमान् ने शौच जाने की इच्छा प्रकट की । आज्ञा पाते ही चार पुरुषो ने आपको चौकी पर बिठलाया ॥ ११० ॥

(विशेषकम्)

चतुर्भिर्मनुजैस्तत्र वेदैरिव निवेशितः ।
शौचक्रियां यथायोग्यं विधाय निरगाद्बहिः ॥१११
स्वयमेव जलं तस्मिन्दिवसे तेन योगिना ।
हस्ताननपदादीनां गृहीतुं शुद्धये शुचि ॥११२॥
दन्तधावनमेकान्तं विधाय मनुजैर्धृतः ।
पयःफेननिभां शय्यामसेवत यथोचिताम् ॥११३॥

श्रीमानजी शौच गये । शौच जाकर उन्होंने स्वय जल लेकर समस्त कार्य किया । हाथ पैर धोने के बाद दतधावन किया । अन्त मे पलङ्ग पर जा कर आप लेट गये ॥ १११ । ११२ । ११३ ॥

निरुध्य वायुमासीनो योगमार्गेण योगिराट् ।
परमेश्वरसद्ध्याने दत्तचित्तोऽभवत्ततः ॥११४॥

यद्यपि इस समय श्वास जल्दी जल्दी चल रहा था तथापि प्राणायाम के द्वारा उसको रोक कर आप धीरे धीरे निकालते थे और ईश्वर के ध्यान में मग्न थे ॥ ११४ ॥

(युग्मम्)

कीदृशी भवतामद्य चित्तवृत्तिरिति द्रुतम् ।
पृष्टे जनेन कथयामास योगीश्वरेश्वरः ॥११५॥
मासान्तरे तथा सौख्यं न लब्धं कुत्रचिन्मया ।
यथाद्य वर्तते तस्य करुणातो जगत्पतेः ॥११६॥

आपसे इस समय पूछा गया था कि आपकी तबीयत कैसी है ? आपने उसका उत्तर दिया कि " एक मास के पश्चत् आज का दिन आराम का है " ॥ ११५ । ११६ ॥

एवमुक्तवति श्रेष्ठे मुनौ सा जनता तदा ।
सुप्तमीनह्रदावस्थां नाटयामास सर्वशः ॥११७॥

इस प्रकार आपका उत्तर सुन कर उपस्थित समस्त जनो की ऐसी निस्तब्ध दशा हो गई कि जैसी शांत सरोवर की होती है ॥ ११७ ॥

अत्रान्तरे समागत्य लवपत्तनतो द्रुतम् ।
जनः कोपि यतिश्रेष्ठं पप्रच्छ सभयं शनैः ॥११८॥

इसी समय आपके देखने के लिए लाहौर से लाला जीवनदासजी आ गये । सामने आकर उन्होंने इस प्रकार का प्रश्न किया—॥ ११८ ॥

कुत्रावस्थितिरद्यास्ति भवतामिति सूचिते ।
शान्तिमध्य इति प्रोक्त्या तोषयामास तं जनम् ११९

महाराज ! आज आपकी स्थिति कहाँ है ? श्रीस्वामीजी ने उसका उत्तर दिया—आज हमारी स्थिति ईश्वरेच्छा मे एव शाति में है ॥ ११९ ॥

दशामस्य महावेगविह्वलामीक्ष्य सज्जनाः ।
न बहिर्नान्तरं शोकं रोद्धुमुद्यमिनोऽभवन् ॥१२०॥

आपकी तत्कालीन दशा देख कर आपके प्रेमी हृदय में उत्पन्न हुए शोक को न छिपा सकते थे और न प्रकट कर सकते थे ।। १२० ।।

(युग्मम्)

दिनेऽस्मिन्नेव मनुजैरजतुन्दगतैः स्वयम् ।
वैद्यान्तरसमाहूत्यै सूचनादायि सत्वरम् ॥१२१॥
तामवाप्यार्गलपुरादागच्छामीति सूचयन् ।
मुकुन्दलालनामा तान्सान्त्वयामास विह्वलान् १२२

उसी दिन अजमेर के आर्य पुरुषो ने डाक्टर मुकुन्दलालजी को तार दिया। उसके उत्तर मे उन्होंने भी शीघ्र आने की सूचना देकर उनको शान्त किया ।। १२१ । १२२ ॥

वेदवादनतः पश्चादात्मानन्दमरं मुनिः ।
समाह्वयत सोप्याशु समागत्यावतिष्ठत ॥१२३॥

श्रीस्वामीजी ने चार बजे आत्मानन्द को बुलाया । आज्ञा पाते ही आत्मानन्दजी सम्मुख आकर खड़े हुए । स्वामीजी ने सिरहाने की ओर बैठने का सकेत किया । वे बैठ गये ।। १२३ ।।

(युग्मम्)

समीपावस्थितं वीक्ष्यमुनिस्तं करुणार्द्रया ।
विलोक्य सुदृशा पश्चादुवाच मधुराक्षरम् ॥१२४॥
किमिच्छसि वदाशु त्वमात्मानन्द ! यथोचितम् ।
समयेऽत्र न संकोचस्त्वया कार्यो विजानता ॥१२५॥

बैठे हुए आत्मानन्द को पहले तो स्वामीजी ने देखा । देखने के अनन्तर उनसे पूँछा कि कहो आत्मानन्द ! तुम क्या चाहते हो ? जो कुछ तुम्हारी इच्छा हो बिना किसी शका के कहो ।। १२४ । १२५ ।।

मुनेरिदं वचः श्रुत्वा नेत्रवारिपरिप्लुतः ।
सत्वरं गद्गदगिरा समवोचदिदं वचः ॥१२६॥

स्वामीजी की इस प्रकार बात सुन कर आत्मानन्द की अश्रुधारा चल पडी। मोह के वश कण्ठ गद्गद हो गया। चेहरे पर उदासी छा गई। उत्तर में उन्होने कहा—॥ १२६ ॥

मनसा कर्मणा वाचा भवदानन्दतः परम् ।
न मेस्ति हृदये किञ्चिन्महर्षे साम्प्रतं कृतम् १२७

स्वामीजी ! जगदन्तर्यामी सर्वव्यापक ईश्वर इस बात का साक्षी है कि मैं सिवाय आपके आराम के मन, वचन, कर्म से कुछ भी अन्य पदार्थ नहीं चाहता हूँ ॥ १२७ ॥

एवमाभाषमाणं तमात्मानन्दं यतीश्वरः ।
स्वकरेण शिरोदेशे पस्पर्श निजगाद च ॥१२८॥

आत्मानन्द की यह बात सुनकर स्वामीजी ने अपना हाथ बढाया और उसके सिर पर रख कर उनको शांत किया और उनसे इस प्रकार कहा ॥ १२८ ॥

देहोयं भूतसम्भूतः किमस्य भविता शिवम् ।
किं वाऽशिवं परं लोके शिवं ते भवतादिति ॥१२९॥

यह पचभूतो का बना हुआ शरीर है। इसका अच्छा क्या होना है। परन्तु तुम इस ससार में आनन्दपूर्वक रहो। किसी प्रकार का तुमको कष्ट न हो ॥ १२९ ॥

एवमस्मै शिवां दत्वा मुनिराशिषमागतम् ।
वाराणसीतः सदय गोपालगिरिमब्रवीत् ॥१३०॥

इस प्रकार आत्मानन्दजी को आशीर्वाद देकर काशी से उनके दर्शनार्थ आये हुए गोपालगिरि को आपने बुलवाया और उनसे इस प्रकार पूँछा ॥ १३० ॥

महामते यदिष्टं ते वर्तते मनसि स्थितम् ।
ब्रूहि शङ्कां परित्यज्य लज्जां च समयोचिताम् १३१

गोपालगिरिजी! आपकी क्या इच्छा है? आप क्या चाहते हैं? समस्त शकाओं को मन से निकाल कर आप अपने हृदय की यथेष्ट इच्छा प्रकट करें ॥ १३१ ॥

इति पृच्छति योगीन्द्रे गोपालगिरिरानतः ।
पस्पर्श प्रथमं पादौ समुवाच ततः परम् ॥१३२॥

स्वामीजी के इस प्रकार पूँछने पर गोपालगिरि अत्यन्त लज्जित हुए और नीचे को गरदन झुका कर उन्होंने पहले तो स्वामीजी के चरण छुए और फिर कहा—॥ १३२ ॥

भगवन्भवदानन्दं विहाय भवसङ्गतम् ।
न मेन्यदस्ति हृदये यद्वदाम्यधुना पुरः ॥१३३॥

महाराज! इस समय सिवाय आपके आराम होने के मेरे मन में कोई भी इच्छा नहीं है। ईश्वर से यही ध्यान लगा है कि आपको शीघ्र आराम हो ॥ १३३ ॥

इत्थमुक्त्करुणं तस्मिन्वदत्यानतकन्धरे ।
रुदत्यविरतं योगी दयानिधिरवोचत ॥१३४॥

इस प्रकार करुणारस भरे हुए शब्दों को कह कर गोपालगिरिजी नीचे को सिर करके रोने लगे। स्वामीजी ने उनको समझा कर कहा ॥१३४॥

सखे विहाय भवता सर्वदा कष्टमागतम् ।
सुखेन जगति स्थेयन्न दुःखं ते भविष्यति ॥१३५॥

भाई! यह देह है। इसका क्या अच्छा होगा। इसका अच्छा होना या न होना कर्म फलाधीन है। परन्तु तुम "आनन्दपूर्वक रहना" ॥ १३५ ॥

एवमानन्दजननीमाशिषं मुनिपुङ्गवः ।
प्रदाय चपलं तस्मै विचारान्तरमागमत् ॥१३६॥

इस प्रकार काशी से दर्शनार्थ आये हुए गोपालगिरि को आनन्दप्रद आशीर्वाद देकर स्वामीजी महाराज अन्य विचारों में प्रवृत्त हुए ॥ १३६ ॥

दशामिमां यतीन्द्रस्य तडिन्मार्गादुपागताम् ।
निशम्य बहुशोकार्ता नगरेष्वभवञ्जनाः ॥१३७॥

स्वामीजी की यह दशा देख कर अजमेर के सभ्यों ने समस्त नगरों को तार दे दिया, जिसके देते ही भारतवर्ष में एक साथ खलबली मच गई ॥ १३७ ॥

(युग्मम्)

नानानगरवास्तव्या नागत्य पुरतः स्थितान् ।
जनान्यया कृपादृष्ट्या वीक्षयामास योगिराट् १३८
न सा वर्णयितुं शक्या न समर्थास्ति लेखनी ।
लिखितुं न मनोप्यारााद्विवेचयितुमुद्यतम् ॥१३९॥

अनेक नगरों से अनेक पुरुष आने लगे और श्रीमानों के समक्ष उपस्थित होने लगे। आये हुए पुरुषों को जिस कृपादृष्टि से स्वामीजी ने देखा, उसका वर्णन करने के लिए न मेरी वाणी समर्थ है, न लेखनी लिखने को समर्थ है, न मन विचारने को समर्थ है अर्थात् उस समय की करुणादृष्टि अनिर्वचनीय थी। उसे केवल वही अनुभव कर सकते हैं जो उपस्थित हुए हों, अन्य नहीं ॥ १३८ । १३९ ॥

सर्वानपि जनान्वीक्ष्य धैर्य्यमाश्रियतां परम् ।
नौदासीन्यमिति प्रीत्या सान्त्वयामास मूर्च्छितान् ॥

समस्त जनों को शोक से मूर्छित देख कर स्वामीजी कहने लगे कि तुम लोग उदास क्यों हो गये हो? धैर्य को धारण करो, चित्त को शांत रक्खो ॥ १४० ॥

युग्मं शतकयोस्तद्वत्काश्मीराम्बरयोरपि ।
आत्मानन्दाय शान्ताय भीमसेनाय चाप्यदात् ॥

इतना कह कर स्वामीजी ने दो दुशाले और दो सौ रुपये माँगे। जब लाये गये तब आधा आधा आत्मानन्द और भीमसेन को देने के लिए कहा। निदान उनको दिये गये ॥ १४१ ॥

मार्गोपरि जना ये ये गतवन्तः स्वयेच्छया ।
सर्वेभ्यो रौप्ययुगलं महर्षिः समदापयत् ॥१४२॥

रास्ते में अकस्मात् जो पुरुष आते थे उनके लिए दो दो रुपये प्रत्येक को दिलवाते थे । यह वृत्तात मेरे पिता पण्डित टीकारामजी ने स्वय देखा था॥ १४२ ॥

अस्मिन्नवसरेप्यस्य सैव शोभा व्यतिष्ठत ।
या पुरासीन्मुखश्रीश्च द्वैगुण्यमभजत्तदा ॥१४३॥

इस समय तक आपके चेहरे पर किसी प्रकार का शोक या घबराहट न थी। मुख की कांति पहले से और भी उज्वलता को प्राप्त हो गई थी ॥१४३॥

कृतवार्तो जनैः सार्धमेष योगी यथायथम् ।
पञ्चवादनतः पश्चात्प्राणायाममकल्पयत् ॥१४४॥

मनुष्यो के साथ साथ बातचीत करने करते आज आपको शाम के पाँच बज गये । नियमानुसार आपने आज भी प्राणायाम किया और प्रसन्न रहे ॥ १४४ ॥

कीदृशी स्वस्थतेदानीमिति पृष्टे जनैर्यतिः ।
शिवा प्रकाशतामिस्रसाम्यभूरित्यभाषत ॥१४५॥

उपस्थित जनो ने जब आपकी तबीयत का हाल पूँछा तो उत्तर में श्रीमानों ने कहा कि अच्छा है " तेज और अधकार का भाव है" इसके कई अर्थ हो सकते है । दिन का अत रात्रि का आरम्भ—एक अर्थ बन सकता है । कृष्ण पक्ष का अत शुक्ल पक्ष का आरम्भ—दूसरा अर्थ बन सकता है प्राकृतिक शरीर का अन प्रकाशमय मुक्तावस्था का आना—तीसरा अर्थ बन सकता है और भी इसी प्रकार के अर्थ हैं ॥ १४५ ॥

सार्धपञ्चनिनादान्ते शोकेन महृतावृतान् ।
प्रसन्नवदनो योगी मनुजानिदमब्रवीत् ॥१४६॥

इतने ही में साढे पाँच बजने का समय हुआ । साढे पाँच बजते ही पास में बैठे हुए शोक से व्याकुल पुरुषो को श्रीमानो ने इस प्रकार की आज्ञा दी ॥ १४६ ॥

ये मया सह ये चान्ये दूरतः समुपागताः ।
जनाः सर्वे समाहूय क्रियन्तां सङ्गताः क ते ॥१४७॥

जितने आर्य पुरुष मेरे साथ के अथवा जो दूर देश से आये हुए हैं उन सबको बुला कर एकत्र करो। वह कहाँ पर हैं? सबको सूचना दो ॥ १४७ ॥

भवन्तु पुरतः सर्वे सस्थिता मनुजोत्तमाः ।
शिरोभागमिताः कोपि मा समक्षे निषीदतु ॥१४८॥

और जब सब आर्य पुरुष एकत्र हो जावे तब उनको हमारे पीछे की तरफ खडा करो। कोई भी जन हमारे सामने खडा न हो ॥ १४८ ॥

एवमाज्ञाप्य मनुजान्मुनिर्ध्यानपरोभवत् ।
जनाः सेवकतामाप्तास्तदुक्तं समकल्पयन् ॥१४९॥

इस प्रकार आज्ञा देकर आप ध्यान में तत्पर हुए और सेवकों ने सबको बुलाकर एकत्र किया और पीछे की ओर उनको खडा किया ॥ १४९ ॥

निरीक्ष्य मनुजान्सर्वानेकदेशे कृताञ्जलीन् ।
पुनराज्ञापयामास मुनिर्वेदविदांवरः ॥१५०॥

जब आपने सबको अपने पीछे खडा देखा उस समय फिर आपने अपने सेवकों से इस प्रकार कहा—॥ १५० ॥

(युग्मम्)

यावन्ति गोपुराण्यस्मिन्भवने सन्ति सर्वतः ।
क्रियन्तां तानि सर्वाणि निष्कपाटानि सत्वरम् १५१
यदेतदूर्ध्वभागस्थहृदि गोपुरयोर्युगम् ।
निष्कपाटं तदप्याशु विधेयं तरसाधुना ॥१५२॥

इस मकान के चारों ओर के जो दरवाजे हैं उनको खोल दो और ऊपर की छत में जो दो छोटे छोटे दरवाजे हैं उनको भी खोल दो ॥१५१। १५२॥

निर्दिश्य मनुजानेवं भूपाज्ञावशतो द्रुतम् ।
समागतौ बुधौ योगी पर्यपृच्छत्क्रमागतम् ॥१५३॥

आज्ञा पाते ही उसका पालन किया गया । इतने ही में उदयपुराधीश के भेजे हुए मोहनलाल और पड्या विष्णुलाल आगये । आते ही श्रीमानों ने उनसे यह पूँछा ॥ १५३ ॥

पक्षः कोस्ति तिथिः कास्ति वारः कश्चाद्य विद्यते ।
समयः कश्च सम्प्राप्तः सर्वमेतदुदीर्यताम् ॥१५४॥

बतलाओ कि आज कल कौनसा पक्ष है ? क्या दिन है कौन वार है ? कौनसा मास है और अब कौनसा समय वर्तमान रूप मे विद्यमान है ॥१५४॥

(युग्मम्)

एवमाज्ञप्तयोर्मध्ये तयोरेकः समब्रवीत् ।
पक्षयोर्मध्यमस्त्यद्य महर्षे शुक्लकृष्णयोः ॥१५५॥
अमावस्या तिथिर्भव्या विद्यते मङ्गलाभिधः ।
स वासरोपि कालोयं सन्धिवेलामुपागतः ॥१५६॥

आज्ञा पाते ही उन दोनों में से एक ने कहा कि आज कृष्णपक्ष का अत, शुक्लपक्ष की आदि अमावास्या, मगलवार, कार्तिकमास, एव सायकाल का समय है ॥ १५५ । १५६ ॥

निशम्य दिनवृत्तान्तं गृहाकाशमितस्ततः ।
समीक्ष्य मुदितस्वान्तो गायत्रीमपठत्स्वरैः ॥१५७॥

इतना सुनकर आप अति प्रसन्न हुए और छत के दो दरवाजे और दीवारो की ओर दृष्टि की और साथ ही ऊँचे स्वर से गायत्री मन्त्र का पाठ किया ॥ १५७ ॥

वेदमन्त्रैस्ततः पुण्यैः परतो देवभाषया ।
नृभाषयापि देवस्य गुणानन्ववदत्तदा ॥१५८॥

उसके बाद वेदमन्त्रो से ईश्वर की स्तुति की। तदनन्तर संस्कृत के श्लोको द्वारा उपासना की। अंत में भाषा काव्य के द्वारा ईश्वर के गुणो का वर्णन किया ॥ १५८ ॥

हर्षोत्फुल्लेन मनसा ध्यायञ्छ्रीपरमेश्वरम् ।
तदुद्देश्यादिवार्यं तामिमां गिरमथावदत् ॥१५९॥

उसके अनन्तर बडे हर्ष के साथ, प्रफुल्लित चित्त हो, कुछ देर तक समाधि में मग्न रहे। अंत मे अपने दोनो नयन पकजो को खोल कर यो कहने लगे—॥ १५९ ॥

(युग्मम्)

हे दयामय ! हे सर्वशक्तिमन्परमेश्वर ? ।
तवाज्ञावशतो लोके मयेदं धर्मशासनम् ॥१६०॥
मनसा कर्मणा वाचा शुद्धभावेन सर्वदा ।
गतप्रायमिवानीय पुनरत्र निवेशितम् ॥१६१॥

"हे दयामय ! हे सर्वशक्तिमान् !" हे परमेश्वर ! मैने तेरी आज्ञा के वश होकर वह वैदिक धर्म प्रचार जो कि नष्ट हो चुका था दुबारा तन, मन, धन से स्थापित किया ॥ १६० । १६१ ॥

इयमेव तवेच्छास्ति या मया जगतीतले ।
निवेशितास्ति सा नूनं तवेच्छा पूर्णतामियात् १६२

तेरी यही इच्छा है जो कि मैने ससार मे प्रचलित की है वह "तेरी इच्छा पूर्ण हो', सर्वत्र विस्तृत हो, पुष्पित एव फलित हो ॥ १६२ ॥

लीला त्वया समीचीना कृतेयं यदहं लघु ।
प्रेरितोस्मि निजाभीष्टनानादेशविलोकने ॥१६३॥

"अहा' यह "तैने अच्छी लीला की" जो कि यहाँ से मुझको शीघ्र ही मनोवाछित अनेक लोको के देखने के लिए प्रेरित किया। धन्य है ! ॥१६३॥

※ चतुर्दलकमलबन्धः ※

समस्तभुवनावास ! समन्तादेकवद्रस! ।
सर्वार्तिनाशने हंस ! सर्वदा हृदये वस ॥१६४॥

हे समस्त भुवनो मे रहने वाले ! हे सर्वदा एकरस ! हे समस्त कष्टों के निवारण में समर्थ ! परमात्मन् ! आप सर्वदा मेरे हृदय मे स्थित रहें ॥ १६४ ॥

वदन्नेवं स मुनिराडुत्तानशयनस्थितः ।
स्वयमर्धेन भागेन विधाय शिवमासनम् ॥१६५॥

इतना कह कर जो श्रीमान्‌जी एक प्रकार से सीधे लेटे हुए थे करवट के रूप मे हो गये [यह एक योग मार्ग का आसन है] ॥ १६५ ॥

(युग्मम्)

ख-वेद-ग्रह-राकेश-मिते विक्रमवत्सरे ।
दीपोत्सवसमारम्भाह्निनायितनिशोदये ॥१६६॥
प्राणायामक्रियायोगाध्यायन्निर्विषयं महः ।
एकदैव निजं जीवं लोकान्तरमलम्भयत् ॥१६७॥

फिर विक्रम सवत् [१९४०] कार्तिककृष्णा अमावस्या मगलवार साय-काल के ठीक छः बजे प्राणायाम के द्वारा ध्यानावस्थित हो ईश्वर का स्मरण करते हुए जीवन देने वाले प्राणवायु को कुछ देर रोक कर एक साथ ही लोकांतर को पहुँचा दिया ॥ १६६ । १६७ ॥

गते लोकान्तरं देवे दयानन्दे यतीश्वरे ।
आनिशं समभूदत्र हाहाकारो भुवस्तले ॥१६८॥

श्री १०८ महर्षिदयानन्दसरस्वतीजी महाराज के यशोवशिष्ट होने पर इस अभागे भारतवर्ष में रात भर हाहाकार मचने लगा ॥ १६८ ॥

भारतस्थमिदं वृत्तं निवेदयितुमग्रतः ।
सत्वरं रविरापेदे लोकान्तरमनन्तरम् ॥१६९॥

भारतवर्ष के इस शोक वृत्तांत को लोक-लोकांतरो मे पहुँचाने के लिए शीघ्र ही सूर्य भी अस्ताचल की चोटी को पहुँच गया ॥ १६९ ॥

मालिन्यमाययुः सर्वा दिशो रात्रिविडम्बिताः ।
विदिशश्च महाशोकसंकुलाः सहसाभवन् ॥१७०॥

जितनी दिशाये थी उन सब पर रात्रि के व्याज से उदासी छा गई। विदिशाओ के भीतर एक प्रकार का अचानक कोलाहल मच गया ॥ १७०॥

समन्ताद्भारते वर्षे रात्रावेव तडित्पथैः ।
शोकवृत्तमिदं व्याप्तं रोदयामास सज्जनान् ॥१७१॥

रात भर मे समस्त भारतवर्ष में तारो द्वारा पहुँचाये हुए इस समाचार ने सज्जन मात्र को रुलाना आरम्भ कर दिया ॥ १७१ ॥

प्रातरत्र विमानस्य रचनाऽनल्पसुन्दरी ।
नरेन्द्रैः कल्पिता सर्वैर्मुनिप्रेतकृते शिवा ॥१७२॥

प्रातःकाल होते ही आपके मृत शरीर के लिए अनेक महाराजाओ ने विमान बनाना आरम्भ कर दिया जो वास्तव मे अनुपम बना था ॥ १७२ ॥

(विशेषकम्)

शोभाविहसितानन्तपुष्पके पुष्पकाधिके ।
सम्पादिते नरवरैर्विमाने मानवत्तरैः ॥१७३॥
मृतं शरीरमेतस्य जीवितादधिकप्रभम् ।
स्नपितं विमलैस्तोयैश्चर्चितं चन्दनैर्वृतम् ॥१७४॥
पुष्पमालासहस्रेण क्षौमाम्बरविभूषितम् ।
विमाने क्षीरफेनाभे सज्जनैर्निहितं मुनेः ॥१७५॥

अपनी शोभा के समक्ष पुष्पक विमान की शोभा को हँसने वाले, इसीलिए उससे भी सुन्दर, विमान के बनने पर जीवित अवस्था से भी अत्यन्त दमकते हुए श्रीमान् के प्रेत को पवित्र जल से स्नान एवं चन्दन से चर्चित

कराके पुष्पमालाओ करके पुष्पित तथा रेशमी वस्त्रो से विभूषित बनाकर दूध के झाग जैसे मुलायम विमान के भीतर सज्जनो ने उनको रख दिया ॥१७३। १७४। १७५॥

मुखमस्य तदावस्थं शतसूर्यसमप्रभम् ।
निरीक्षितुमलं सर्वे राजानोभ्यपतन्द्रुतम् ॥१७६॥

जिस समय आपके शव को विमान के भीतर रक्खा उस समय शत सूर्यो की प्रभा को धारण किये हुए आपके मुख के देखने के लिए इधर उधर से अनेक राजे महाराजे तरसते रहे ॥ १७६ ॥

धन्यास्ते भुवने मान्याः कीर्तिमन्तश्च ते जनाः ।
यैर्महर्षेरिहावस्थमलोकि विमलं मुखम् ॥१७७॥

ससार में वही पुरुष धन्य हैं, वही मान्य है, वही कीर्तिमान् हैं जिन्होंने इस समय मे भी आपके मुखारविन्द का भाग्य से अवलोकन किया हो ॥१७७॥

रुदन्तः सर्वमप्येतद्विधाय समयोचितम् ।
वेदध्वनिमलं चक्रुर्जनाः शोकसमाकुलाः ॥१७८॥

इस प्रकार समयोचित जब सब काम तैयार हो गया तब सब पुरुषों ने मिलकर शव उठाने से पहले उच्च स्वर से वेद मन्त्रो का पाठ किया॥ १७८॥

(युग्मम्)

दशवादनतः पश्चाद्राजभिर्बलवत्तरैः ।
विमानमस्य वेगेन निजांसेषु निवेशितम् ॥१७९॥
निवेश्य परया भक्त्या निजांसेषु महीभुजः ।
विमानमस्य देवर्षेरगच्छन्भरमन्थराः ॥१८०॥

उसके बाद दस बजे के अनन्तर बडे बडे बलवान् राजाओं ने अत्यन्त भक्ति के साथ आपके विमान को अपने अपने कधों पर रक्खा और रख के भार के अधिक होने से धीरे धीरे रुदन करते हुए चलना आरम्भ किया ॥ १७९। १८० ॥

नानावादित्रघोषेण बधिरीकृतदिङ्मुखे ।
पथि विश्रम्य विश्रम्य जना ययुरनावृताः ॥१८१॥

अनेक प्रकार के बाजो के शब्दो से जिस मार्ग मे किसी प्रकार का भी शब्द कर्ण-गोचर न हो ऐसे मार्ग से बीच मे ठहर ठहर कर सब मनुष्य चलने लगे ॥ १८१ ॥

येन मार्गेण गतवानग्रतोऽस्य मुनेः शवः ।
जनौघः पुष्पवर्षेण छादयामास तं पथम्[1] ॥१८२॥

जिस मार्ग से श्रीमानो का शव जा रहा था उस मार्ग को भक्ति भरित पुरुषों ने पुष्पो से इस प्रकार छा दिया कि सिवा पुष्पो के अन्य कुछ न दीख पड़ता था ॥ १८२ ॥

रामानन्दादयः सर्वे रुदन्तः सास्रमग्रतः ।
पठन्तो वेदमन्त्रौघानव्रजन्रोदनस्वरैः ॥१८३॥

सबसे प्रथम श्रीमानो के शिष्य ब्रह्मचारी रामानन्द और गोपालगिरि विमान के आगे आगे वेदमन्त्र पढते जाते थे । उसके बाद चारो ओर आर्य पुरुष, उसके बाद अन्य भागराम आदि प्रतिष्ठित जन प्रबन्ध करते हुए चलते जाते थे ॥ १८३ ॥

वेदध्वनिसमारम्भैर्वृष्ट्या च कुसुमोत्थया ।
सत्वरं दृष्टिमापेते "मलूसर" सरोवरः ॥१८४॥

इस प्रकार वेद-ध्वनि करते हुए, फूल बर्साते हुए, बाजे बजाते हुए, बीच बीच मे ठहर ठहर कर चलते चलते "मलूसर" नामक सरोवर दृष्टि-गोचर हुआ ॥ १८४ ॥

आज्ञानुसारतः सर्वे देवदेवस्य दक्षिणे ।
दिशः कोणे विमानन्तन्नितरामवतारयन् ॥१८५॥

स्वामीजी की आज्ञा थी कि हमारा शरीर नगर के दक्षिण भाग में भस्म किया जावे तदनुकूल सरोवर के दक्षिण भाग मे आपका विमान उतारा गया ॥ १८५ ॥

---

१ अकारान्त पुल्लिङ्ग पथशब्द शब्दस्तोमे वरीवर्ति ।

समवस्थापिते भूमौ विमानेऽस्य महामुनेः ।
संस्कारविधिनिर्दिष्टविधिना वेदिराभवत् ॥१८६॥

विमान उतारने के बाद सस्कार विधि में जिस विधान से जितनी लम्बी चौडी वेदी बतलाई गई है उसी प्रकार उसका बनाना आरम्भ किया गया ॥ १८६ ॥

(त्रिभिर्विशेषकम्)

अत्रान्तरे महाभागो भागरामः शुचाकुलान् ।
मनुजान्भाषणद्वारा धृतधैर्यानिवाकरोत् ॥१८७॥
सा विद्या तस्य विप्रर्षेः सा च देशहितैषिता ।
परोपकारिता सेति वर्णयामास तद्गुणान् ॥१८८॥
यानाकर्ण्य समस्तापि जनता चित्रवत्तदा ।
विदीर्णहृदया वेगादभवद्रोदनाकुला ॥१८९॥

इतने बीच में पण्डित भागरामजी ने मनुष्यों को धैर्य दिलाने के लिए स्वामीजी की विद्या, देशहितैषिता, परोपकारिता आदि अनेक गुणो का वर्णन करना आरम्भ किया, जिसको सुनकर शोक मे मग्न और विदीर्ण-हृदय भी जनता चित्र-लिखित सी हो गई ॥ १८७ । १८८ । १८९ ॥

(युग्मम्)

निवृत्ते भाषणात्तस्मिन्भागरामे महोदये ।
सुधीः सुन्दरलालोपि वक्तुमुद्योगमातनोत् ॥१९०॥
परं बाष्पावृता दृष्टिस्तस्य गद्गदकण्ठता ।
हृदयाकुलता चापि नाकरोद्वक्तुमादरम् ॥१९१॥

भागरामजी के बाद पण्डित सुन्दरलालजी ने भी कुछ बोलने का साहस किया, पर आँखो में आँसू, गले में बाष्प और हृदय में शोक उनको बोलने की आज्ञा नहीं देते थे ॥ १९० । १९१ ॥

समये तत्र कान्यासन्हृदयानि विदीर्णताम् ।
न यानि दाडिमीपक्वफलवन्नागमन् क्षणात् १९२

उस समय कौनसे ऐसे हृदय थे जो पके अनार के समान विदीर्ण नहीं हुए और फूट के समान स्वय फूटकर नहीं बिखर गये थे ? ॥१९२॥

एतावतैव कालेन निष्पन्नावेदिरुत्तमा ।
यस्यां स्वीकारपत्रानुकूला सर्वाभवत्कृतिः ॥१९३॥

इतने ही मे श्रीमान् के शव लिए वेदी तैयार होगई जिसमे, "स्वीकार पत्र" के अनुसार सब सामग्री चुनी गई, जो निम्नलिखित विद्यमान है ॥१९३

(पञ्चभि.कुलकम्)

खारीद्वयमितं नव्यं चन्दनं तदनन्तरम् ।
खारीणां दशकं शुद्धमाम्रकाष्ठमभूत्तदा । ॥१९४॥
चतुष्टयं तु खारीणामाज्यमासीत्सुगन्धितम् ।
पञ्चसेटकमानं तत्कदलीगर्भसम्भवम् ॥१९५॥
सार्द्धद्विसेटकं तत्तत्सर्वमासीत्सुगन्धितम् ।
केशरं समगात्तत्रार्द्धसेटकमितं नवम् ॥१९६॥
युग्मरूप्यमिता नव्या कस्तूरी सङ्गताभवत् ।
तगरागरकाष्ठानि खारीद्वयमितान्यतः[1] ॥१९७॥
अन्यानि यानि वस्तूनि सौरभ्यजनकान्यपि ।
सर्वाणि सङ्गतान्यत्रातुलान्येव धनव्ययैः ॥१९८॥

२ मन नवीन चन्दन, १० मन आम्र काष्ठ, ४ मन शुद्ध घृत, ५ सेर कर्पूर, २॥ सेर जावित्री, आध सेर केशर २ तोले कस्तूरी, २ मन अगर और तगर । इतना तो वसीयत के अनुसार था, बाकी जो जो समय समय पर सुगन्धित द्रव्य था उपस्थित होगया ॥ १९४ । १९५ । १९६ । १९७ । १९८ ॥

अनन्तरं मुनेरस्य वेदीमध्ये निवेशितम् ।
शरीरं मनुजैरुग्रशोकव्याकुलमानसैः ॥१९९॥

---

१ परतरमिति शेष ।

इसके अनन्तर श्री १०८ स्वामीजी का मृतक शरीर विमान से निकाल कर, विधिपूर्वक बनाई हुई वेदी के मध्य भाग मे सब महाशयो ने रख दिया ॥ १९९ ॥

मध्ये चितं मुनेर्देहे स्थापिते विध्यनुग्रहात् ।
सत्वरं योजयामास रामानन्दो धनञ्जयम् ॥२००॥

वेदी के मध्य भाग में, मृत शरीर के स्थापनानन्तर ब्रह्मचारी रामानन्द ने, वेद मन्त्रपूर्वक, कर्पूर के द्वारा, चिता मे अग्नि का प्रवेश कर दिया ॥२००॥

धनञ्जये मुनेर्देहमात्मन्याधातुमुत्सुके ।
भागशः सर्वभूतानां प्रादुरासीत्तदाऽऽहुतिः ॥२०१॥

अग्नि ने प्रवेश होते ही, महर्षि के समस्त शरीर को, आपही लेना चाहा था, कि सब हिस्सेदार, इतने मे अपना अपना हिस्सा लेने को तैयार हो गये ॥ २०१ ॥

सूर्यं चक्षुरगाद्वातमात्मा द्यौरन्वगाद्दिवम् ।
पृथिवीं पार्थिवो भागो जलीयो जलमन्वगात् २०२

सबसे प्रथम सूर्य ने अपना भाग "चक्षु" लिया, वायु तो अपना भाग "प्राण" पहले ही ले चुका था, आकाश ने अपना भाग अपने में मिला लिया, रही पृथ्वी वह भी धीरे धीरे अपना भाग ले रही थी। जल का भाग अग्नि ने मेघमण्डल को पहुँचा दिया। बस यही भाव (सूर्यं चक्षुर्गच्छतु) इस मन्त्र में बतलाया गया है ॥ २०२ ॥

अग्नयेऽनुमते स्वाहेत्यादि मन्त्रैर्मुहुर्मुहुः ।
प्रावर्तत महान्यज्ञो नरमेधाभिधो मुनेः ॥२०३॥

अन्त में "अग्नये स्वाहा" "अनुमते स्वाहा" आदि मन्त्रों से नरमेध की आहुतियाँ होती रही और कई बार ये मन्त्र दुबारा पढे गये ॥२०३॥

यद्गताग्निशिखासङ्गी पवनः सौरभान्वितः ।
पूरयामास भूलोकं भुवर्लोकमपि द्रुतम् ॥२०४॥

जिस समय यह नरमेध हो रहा था उस समय वायु के द्वारा सर्वत्र पहुँचाया हुआ सुगन्ध, सब मनुष्यों के मस्तिष्कों को सुवासित कर रहा था ॥ २०४ ॥

(विशेषकम्)

क्रमेण नरमेधस्य समाप्तौ सर्वमानवाः ।
सरोवरे कृतस्नानाः समभूवन्ननन्तरम् ॥२०५॥
चिताग्निकुण्डरक्षायै नियम्य निजपूरुषान् ।
शोकेन महताऽऽविष्टाः स्मरन्तोऽस्य मुनेर्गुणान् २०६
हा दयानन्द हा देव हा मुने क्वेतिवादिनः ।
सायङ्काले निजस्थानान्यगमन्कथमप्यतः ॥२०७॥

विधिपूर्वक नरमेध यज्ञ के समाप्त होने पर, उपस्थित महाशयों ने मल्लूसर नामक सरोवर में स्नान किया । फिर वेदी की रक्षा करने के लिए कुछ मनुष्यों को नियत कर के, अत्यन्त शोक में मग्न, महर्षि के गुणों को याद करते हुए, हा महर्ष ! हा मुने !! हा देव !!! हा स्वामिन् !!! हा दयानिधे !!! हा भारतरत्न !!! आप कहाँ गये । इस प्रकार कहते हुए सायकाल के समय जैसे तैसे वहाँ से उठकर, सब मनुष्य अपने अपने मकानों को चले गये ॥ २०५ । २०६ । २०७ ॥

❀ व्योमबन्धः ❀

शुभवासनया भुवने निगमोदितमार्गमथाशु-
शिवतुल्यगुणः स विधाय जवेन रसादविनाशि ।
पदमापदहो जनिमत्र गतैर्नितरां दुरवाप-
मदएव जगत्यधुना तु वदन्ति मुने तव नाम ॥२०८॥

पवित्र गुणवाले स्वामीजी कल्याण की कामना से जगत् मे वैदिक मार्ग का बडे वेग से प्रचार कर इस लोक मे जन्म लेने वाले प्राणियो के लिए अलभ्य मोक्ष पद को आनन्दपूर्वक प्राप्त हो गये । यही चर्चा आपके जानने पर [हे मुने !] आज भारतवर्ष में सर्वत्र हो रही है ॥ २०८ ॥

इत्थं यथोचितविधानतयास्य देहं
भस्मान्तमत्र विनिवेद्य यथाकथञ्चित् ।
सर्गान्तरास्थितमनाः कविरस्तमाप्ते
भानौ समापयदिमं नियमेन सर्गम् ॥२०९॥

इस प्रकार महर्षि के शरीर का इस सर्ग में विधिपूर्वक भस्मांत वर्णन कर जैसे तैसे हृदय को थामते हुए अपना मन अगले सर्ग की तैयारी में देकर नियमपूर्वक सूर्य के अस्त होने पर इस सर्ग को यहीं पर कविरत्न ने भी समाप्ति पर पहुँचा दिया ॥ २०९ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
महर्षिस्वर्गारोहणवर्णन नामैकोनविंशतितम सर्ग ।

विंशातितमः सर्गः

अथ शोकसमाकुला मही
    समभूदार्य्यवरे दिवङ्गते ।
अवगम्य तदीयसद्गुणा-
    नतिमोहप्रदभावपूरितान् ॥१॥

स्वामीजी के देहात के बाद, समुद्र परिवेष्ठित समस्त भारतवर्ष, शोकाक्रात हो गया, और अत्यन्त मोह दिलाने वाले भावो से पूर्ण होकर उनके गुणो का स्मरण करके तारस्वर से रोने लगा ॥ १ ॥

निखिलं परमेश्वरस्य त-
    च्चरितं वर्तत इत्यरं शुचा ।
कथमप्यवधार्य्य साहसा-
    त्समुपालम्भमिति व्यचीकरत् ॥२॥

जो कुछ यह कार्यवाही हुई है वह सब परमेश्वर की ओर से हुई है ऐसा अपने मन में निश्चय कर शोक से व्याकुल आर्य्यजनता साहस करके परमात्मा के लिए भी उलाहना देने लगी ॥ २ ॥

अहहेश्वर केयमौचिती
    तव लोके प्रतिभाति यत्त्वया ।
जनरत्नमयं यतीश्वरः
    परलोकानुगतौ नियन्त्रितः ॥३॥

---

१ अस्मिन्सर्गे वियोगिनी वृत्तम् ।

हे परमात्मन्! क्या यह आपके लिए उचित था जो कि भारतवर्ष के एक मात्र पुरुषरत्न को आपने अचानक असमय में उठाकर इस अभागिनी भारत-जननी को अत्यन्त शोक का पात्र बना दिया ? ॥ ३ ॥

यदि ते न कृपा जगत्यलं
किमयं विश्वतले मुनीश्वरः ।
जननाय समेधितः कुतः
पुनरित्थं द्रुतमेव नाशितः ॥४॥

यदि इस भारतवर्ष पर आपकी पूर्ण कृपा नहीं थी तो आपने ऐसे पुरुष रत्न को यहाँ पर पैदा ही क्यो किया ? यदि थी तो फिर इतनी जल्दी असमय में उनको यहाँ से उठा ही क्यो लिया ? यह बात समझ में नहीं आती ॥ ४ ॥

त्वदनुव्रजधर्म्मवर्धना-
कलितस्वान्तरभावभावितम् ।
हरता यमिनं त्वयाधुना
न समीचीनमिदं प्रकल्पितम् ॥५॥

आपके दिये हुए वैदिक धर्म की वृद्धि में सर्वदा अपना तन, मन, धन लगाने वाले, आर्य समाज के प्रवर्तक, कलियुग की कुचालो को कुचलने के लिए अद्वितीय कुलाचल समान स्वामीजी को जो आपने अचानक अपने पास बुला लिया यह आपने अच्छा नहीं किया ॥ ५ ॥

यदि निर्दयता तवाप्यहो
हृदये कुत्र दयालुता पुनः ।
यदि सा किमियं विमर्षणा
भवताकारि वदस्व सूत्तरम् ॥६॥

यदि आपके हृदय में निर्दयता है तो इस दयालुता के लिए और दूसरा कौन सा स्थान मिलेगा जो केवल आपके आधार पर ही खडी हुई है ? यदि वह दयालुता आपमें विद्यमान है तो यह अति क्रूर कर्म आपने किस तरह से किया ? इसका आप अच्छे प्रकार उत्तर दीजिए ॥ ६ ॥

इति तं परमेश्वरं शुचा
समुपालभ्य समस्तमण्डली ।
पुनरुद्धुरमोहवर्धनात्
सकलङ्कं किल कालमाक्षिपत् ॥७॥

इस प्रकार शोक मे व्याकुल आर्यमडली साहस के वश होकर परमात्मा के लिए भी उलाहना देकर उस काल को, जो कि अनेक ऋषि मुनियों के नष्ट करने के कलक को अपने माथे पर लगा चुका, इस प्रकार कहने लगी ॥ ७ ॥

अयि दुष्ट कराल काल ते
क्व गता सा करुणा यतस्त्वया ।
सहसैव मुनीश्वरो महा-
न्यशसैवात्र कृतः प्रतिष्ठितः ॥८॥

अरे! दुष्ट! कराल! काल! तूने यह क्या अनर्थ कर डाला? तेरी दया आज कहाँ चली गई? तू आज निर्दय क्यो हो गया? तूने आज बिना ही किसी को खबर दिये हुए स्वामीजी को भारत मे केवल नाम मात्र ही रख दिया! ॥ ८ ॥

किमिदं कुरुषे महाधमं
शुभरत्नानि भुवो जवाद्धरन् ।
निजगेहमलं समृद्धिमत्
कुरुषे यद्वहु तस्करायितम् ॥९॥

तू यह क्या अत्यन्त अन्याय करने लगा जो कि ससार भर के अच्छे अच्छे रत्न जबरदस्ती भूमडल से उठा उठा कर अपने घर को ले जा रहा है, और उनसे अपने घर की शोभा बढा रहा है, अपने को धनवान् बना रहा है? यह अचानक चोरी करना छोड दे। चोरी करना अच्छा नहीं है ॥ ९

---

१ आक्षिप्तवतीत्यर्थः ।

अयि निर्दय काल यद्भवान्
प्रभवेन्मूर्तिमयस्तदा वयम् ।
तव पेषणमेव सर्वथा
किल कुर्म्मः परमद्य किं भवेत् ॥१०॥

रे निर्दय काल ! यदि तू इस समय किसी प्रकार मूर्तिमान् हो जाता तो इस प्रकार तेरा चूर चूर करके धर देते जो तू भी किसी समय याद करता। क्योंकि तू यहाँ से अच्छे अच्छे रत्नो को चुराकर ले जाता है। परन्तु क्या करे आज तू मूर्तिमान् नहीं है। इसीसे हमारा कुछ बस नहीं चलता। यदि तुझको इस बात का घमड है कि मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता तो तू थोडी देर के लिए मूर्तिमान् बन जा, फिर देख तेरी क्या गति होती है॥ १०॥

बहुधानुमतं जनैरिदं
ननु देवा अपि तस्कराइति ।
यदि नो कथमत्र भूजला-
ग्निभिरेषः कवलीकृतो यतिः ॥११॥

हमको आज तक यह विदित नहीं हुआ था कि देवता लोग भी चोरी किया करते हैं। आज यह पता लगा कि देवता भी चोरी करते हैं। यदि चोरी न करते होते तो कल तक विद्यमान स्वामी दयानन्दसरस्वती आज ही कहाँ चले जाते। मालूम होता है कि स्वामीजी के शरीर में से पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश इन पाँचो देवतो ने अपना अपना भाग ले लिया अर्थात् पञ्चतत्त्वो से बना हुआ स्वामीजी का शरीर पञ्चतत्त्वो में ही मिल गया। यह अभिप्राय है॥ ११॥

इति कालमलं समाक्षिपन्
बहुदेवानपि शोकविह्वला ।
यतिवर्य्यगुणानुवादिनी
जनता तत्परमेवमावदत् ॥१२

इस प्रकार शोक से विह्वल आर्य्यजनता, कराल काल के लिए, तथा अनेक देवताओं के लिए भी उलाहना देकर अन्त में स्वामीजी के गुणों का ही स्मरण करके विलाप करने लगी और कहने लगी—॥ १२ ॥

क्व गतोऽसि महामते मुने
परिमुच्यात्र जनान्भवार्णवे ।
वद वाचमनन्तसौख्यदा
किमियं ते बहु धार्ष्ट्यकल्पना ॥१३॥

हे स्वामिन्! आप हम सबको इस प्रकार भवसागर में निरालम्ब छोड़ कर कहाँ चले गये। जरा हृदय के लिए शांति देने वाली वाणी से सम्भाषण तो कीजिए। आप अपने चरणसेवकों के साथ इतनी निःस्नेहता क्यों करते हैं॥ १३ ॥

न वयं परिवञ्चितास्त्वया
यमिनामीश वियोगविह्वला ।
सकला जगती ससागरा
परिमुष्टा किल सौख्यगौरवात् ॥१४॥

आपने अपने वियोग से केवल हमही को वञ्चित नहीं किया किन्तु आज समुद्र परिवेष्टित समस्त भारतवर्ष को सुख से रहित कर दिया। यही नहीं, समुद्र के पार बसे हुए अनेक द्वीप द्वीपान्तरों को भी शोक सागर में डुबो दिया ॥ १४ ॥

यदि तद्गमनं त्वया कृतं
जनसौहार्दपरीक्षणाकृते ।
तदलं पुनरत्र दर्शनं
परिदेहि स्वजनेषु सौहृदात् ॥१५॥

यदि आप हमारे प्रेम का अन्दाजा लगाने के लिए कहीं चले गये हैं तो आइए, शीघ्र दर्शन दीजिए। इतनी देर में तो आपको अन्दाजा लग गया होगा। अब अधिक दुःख न कीजिए। प्रीति की रीति इतनीही देर निभ सकती है॥ १५ ॥

भवता तु पुरा समीरितं
मनुजानप्यहमात्मना सह ।
गमयन्व्रजितास्म्यहोद्य किं
स्वयमेवात्र विहाय नो गतः ॥१६॥

आपने तो हमसे पहले यह कहा था कि जहाँ हम जायँगे वहाँ सबको ले चलेंगे । यह आपने क्या किया ? हम सबको यहाँ छोडकर आप अकेले ही स्वर्ग लोक की सैर करने चले गये । हम को अब वहाँ पर कौन ले चलेगा ॥ १६ ॥

क्व गता तव सा सुभाषिता
विलयं कुत्र गता दयालुता ।
जनता किल यत्प्रलोभिता
तव सङ्गं न विहातुमुद्यता ॥१७॥

जिसके लोभ से लुभाया हुआ मनुष्यो का समूह थोडी देर के लिए भी आप का सङ्ग नहीं छोडता था, वह आप का मुग्ध मधुर, मन्दस्मित आज कहाँ चला गया ? वह मधुर भाषण कहाँ गया ? आपकी वह दयालुता कहाँ छिप गई ? ॥ १७ ॥

अहहार्यसमाजपोषकः
परिभुग्नोद्य महाबलो भुजः ।
विलयं प्रगतः सरस्वती-
हृदयालम्बनभूतमानवः ॥१८॥

हा तन, मन, धन से सर्वदा आर्यसमाज की रक्षा करने वाला अत्यन्त बलवान् आज वैदिक धर्म का दहना हाथ कट गया ! सरस्वती देवी का एक मात्र हृदयालवन आज उसको असहाय छोडकर नष्ट हो गया ॥ १८ ॥

विगतोद्य विनोदपद्मिनी-
सहधर्मा रविरस्तपर्वतम् ।

सहसैव कुहूममामितो-

दयितो भूतलवासिनां विधुः ॥१९॥

आनन्दरूप पद्मिनी का खिलाने वाला, भगवान् भुवन भास्कर, आज पद्मिनी को अधखिली छोड कर अस्ताचल की उच्च शिखा पर पहुँच गया। भारतवासियो का प्राणप्यारा, मातृभूमि का जीवनाधार, वह अनुपम निष्कलक, अमृतकिरण, अचानक ही (कुहू) अमावस्या के भीतर छिप गया ॥ १९ ॥

कथमत्र समागतः कथं

प्रगतः सोद्य न बुद्धिमेत्यदः ।

परमेतदुपैति तद्भवे

गमने कारणमागमेप्यजः ॥२०॥

आप मोक्ष का सुख छोड कर इस अभागे भूतल मे क्यो आये थे और क्यो फिर इतनी जल्दी आप यहाँ से परलोक सिधारे ? यह दोनो बाते समझ में नहीं आती, परन्तु इतना अवश्य मन मे आता है कि आपके यहाँ पर जन्म देने में और भेजने में तथा वापस लौट कर जाने मे परमेश्वर कारण है ॥ २० ॥

अयि भारतभारतीपते!

प्रतिवाचं वद कुत्र ते गतम् ।

रविमण्डलभास्वरं वपु-

र्वदनं तच्च शशिप्रभोपमम् ॥२१॥

हे ! भारतभारती के नायक ! हमारी बातो का कुछ उत्तर तो दीजिए। सूर्यमडल के समान प्रकाश देने वाला, आपका शरीर, आज कहाँ चला गया ? चमकती दमकती चन्द्रमा की चमक को चपेट की लपेट मे लिटाने वाला आपका मुख किस घर मे जाकर छिप गया ? ॥ २१ ॥

क्व गता तव कम्बलस्थिति-

र्बहु योगाभ्यसनक्रियापि सा ।

मधुरा किल भाषणक्रिया
विधुराद्यानुविभाति शोकदा ॥२२॥

कबल के आसन पर स्वस्तिकासन से बैठ कर योगाभ्यास के द्वारा समाधि का बढाना, आज किधर रह गया ! सच तो यह है कि आपका हम लोगो से प्रीतिपूर्वक मधुर भाषण करना ही आज हमको दुखदायी हो गया ॥ २२ ॥

दिवसद्वयमध्यएव मे
भवितानन्दइति प्रभाषता ।
किमयं परिदर्शितो महान्
रुदनानन्द इति प्रबोधय ॥२३॥

आराम के विषय मे हम लोगो के पूछने पर जो आपने यह कहा था कि दो ही दिन के भीतर भीतर हमको पूरा आराम होगा, क्या उसके बदले में आपने हमको यह रोने का आनन्द दिखाया ! यह तो कहिए ॥२३॥

न हि केवलमद्य मानवै-
र्विभिरप्याशु वियोगचूंकृतैः ।
प्रतिरुध्यतएव ते गुणा-
स्तव शोकाग्निसमेधने रताः ॥२४॥

आपके वियोग में आज केवल मनुष्य ही नहीं किन्तु विरह में भरे हुए, जगलों में वृक्षो पर बैठे हुए, पक्षी भी, चोचो के द्वारा चू चू करते हुए आपके गुणो को याद करते है। सच तो यह है कि आपके गुण ही आपकी शोकाग्नि को बढाने के लिए उद्यत हो रहे हैं ॥ २४ ॥

गतएव स वेदवल्लरी-
परिषेक्तेति समस्तभारते ।
तव नामगुणानुवर्णना
नवबालैरपि कथ्यतेधुना ॥२५॥

वेदरूपिणी लता का, जो कि बहुत दिनों से मुरझाई धरती पर पड़ी हुई थी, सींचनेवाला माली आज भारतजननी की गोद से निकल गया! इस प्रकार आपका गुणानुवाद गाते गाते छोटे बालक तक भी आज रो रहे हैं ॥ २५ ॥

क्व गताः किल ते गुणोदया-
विधिना ये लघु तुभ्यमर्पिताः ।
जगदीश्वरशासनानुगा-
वद कुत्राद्य गताः समाधयः ॥२६॥

परमात्मा ने जिन गुणों को केवल आपही के हाथ सौंपा था उन गुणों को आज आप कहाँ छोड़ कर चलदिये ? ईश्वर का साक्षात्कार करानेवाकी वह तेरह घण्टे की समाधियाँ आज किधर रह गई ॥ २६ ॥

न गतः किल यावदुद्गतः
स महाञ्छङ्करशोकवारिधिः ।
तदवध्यनुगच्छता त्वया
न कृतं किं व्रणएव ताडनम् ॥२७॥

स्वामी शंकराचार्य के मरने का जो शोक था अभी तो उसको भी हम नहीं भूले थे इतने ही मे आपके इस महा शोक ने मानो घाव में एक घन से घनी चोट लगादी या नमक छिड़क दिया ॥ २७ ॥

यदि सख्यसमीक्षया भवान्
प्रगतः शङ्करपार्श्वमादरात् ।
कथमत्र गिरापि हे मुने !
न समुक्तं किमियं भवत्कृपा ॥२८॥

यदि आप मित्र होने के कारण स्वामी शंकराचार्य से मिलने को चले गये तो यहाँ पर इतना तो कह जाते कि मैं इतने दिनों में आऊँगा। आपने तो इतना भी नहीं कहा। यह आपकी क्या कृपा हुई! ॥ २८ ॥

यदि कोपि जनो व्रजत्यहो
नवदेशं यमिनाम्पते तदा ।
सकलं निजमित्रमण्डलं
परिपश्यन्प्रतियाति दृश्यते ॥२६॥

यदि कोई पुरुष दूर देश के जाने के लिए तैयार होता है तो वह पहले अपने इष्ट मित्रों से अच्छे प्रकार मिल लेता है । यह दृष्टांत ससार भर में विद्यमान है । आपसे तो छिपा ही क्या रहा है ॥ २९ ॥

भवता तु न कश्चिदागतो-
नयनाभ्यामवलोकितः कृतम् ।
किमिदं यदि गुप्तकर्मणां
करणाय प्रगतोसि तद्वद ॥३०॥

परन्तु आपने तो सामने आया हुआ भी कोई इष्ट मित्र अपनी दोनों आंखें खोल कर नहीं देखा । यह क्या किया । यदि आप किसी अकथनीय कार्य के लिए गये हुए हो तो कहिए ॥ ३० ॥

स्वगतं यदि ते किमप्यहो
गदनीयं जगदीशसंनिधौ ।
मिषतः किमिति प्रगच्छसि
प्रथितोयं तव मार्गविस्तरः ॥३१॥

यदि आपको अपनी कोई खास बात परमात्मा के समक्ष कहनी थी तो आप बहाना करके यहाँ से क्यो पधारे । आपके लिए तो सूर्यमण्डल में होकर जाने का सीधा रास्ता पडा हुआ है ॥ ३१ ॥

यदि देशहितैषितावशात्
परमात्मानमगास्त्वमुत्तमम् ।
तदिदं तव सख्यकार्मणं
परमेतत्त्वयि वर्तते स्वयम् ॥३२॥

यदि आप इस अपने भारतवर्ष देश के लिए कुछ खास कर परमात्मा से प्रार्थना करने के लिए गये हुए हैं तो आपकी इस देश के साथ अत्यन्त प्रीति पहले ही से विद्यमान थी। यह कोई नई और छिपी हुई बात नहीं है॥ ३२॥

करुणापरता क्व साधुना
यमिनामीश! जनेषु ते वद।
बहुयामगदः श्रुतिस्थितिं
वत साप्यद्य गतास्ति मूर्छनम् ॥३३॥

जिस करुणा के आप भण्डार थे और जिस करुणा का आप में अद्वितीय अनुराग था, वह करुणा आज हम लोगो से उठ कर किनसे मिलने के लिए गई हुई है, जिन श्रुतियों को अनेक वार आप पढा करते थे वह भी आज आपके वियोग शोक से मुरझाई हुई इधर उधर पडी हुई है॥ ३३॥

यदि दीपकवत्त्वया कृता
नितरां भारतदीप! दीपना।
भुवने कथमन्धकारता-
मधुना त्वं प्रकरोषि तद्वद ॥३४॥

हे भारत के दीप! यदि आपने समस्त भुवनो मे दीपक जैसा प्रकाश फैला कर अविद्यारूप अधकार को निकाल दिया था तो आज समस्त देशों में शोक और मोह रूप अधकार फैलाने के कारण आप क्यो बने?॥ ३४॥

वद सत्वरमेतदुत्तरं
यमिनामीश! दिवङ्गते त्वयि।
कथमत्र विनिर्णयः पथां
प्रभविष्यत्यतिसङ्कुलात्मनाम् ॥३५॥

इस बात का तो आप उत्तर दीजिए कि आप तो यहाँ से आनन्दरूप में जाकर मग्न हो गये। यहाँ पर अत्यन्त मिले हुए मार्गो में, जो अनेक सम्प्रदायों के लिए जा रहे हैं, हमको सीधा रास्ता बतलाने को कौन समर्थ होगा॥३५॥

न परं मतमस्ति वैष्णवं
न शिवं शैवमतं न यावनम् ।
निगमोदितमेव सेव्यतां
मतमित्थं वद को वदिष्यति ॥३६॥

ससार के कल्याण के लिए वैष्णवमत पर्याप्त नहीं है। शैव मत भी जगत् का शिव करने वाला नहीं है। मुहमदी मत का तो कहना ही क्या है। इसलिए सबको वैदिक मार्ग पर ही चलना चाहिए यह अब कौन कहेगा ? ॥ ३६ ॥

वद कोद्य भुवस्तले मुने !
बहुपाखण्डवतां समुन्नतम् ।
मदमादरतो निपातय-
न्निगमानां प्रथनं करिष्यति ॥३७॥

पाखड फड के रोट खाने वाले लठो का जो बढा चढा अभिमान मौजूद है उसको शास्त्रार्थ रूपी तोप से उडाकर दूर फेकने वाला आज ससार में कौन है जो वैदिक मार्ग का अच्छे प्रकार जगत् में विस्तार करे ॥ ३७ ॥

वद कुत्र गुणाः परस्परं
कृतसख्याइव भूतले मुने !
विनिवासमतिं निजेच्छया
प्रकरिष्यन्ति दिवं गते त्वयि ॥३८॥

जिन गुणों के लिए ससार में और कोई स्थान नहीं मिला था, और जो गुण आप में मित्र भाव से सर्वदा रहने को उद्यत थे, आज वह सबके सब गुण किस स्थान में रहे गे ? यह तो बताइए ? ॥ ३८ ॥

प्रकरिष्यति को यथोचितां
वत गोरक्षणहेतवे सभाम् ।

कुलमप्यधुना विदामहोरलं
वद को भूवलये करिष्यति ॥३९॥

आपके बिना इस संसार में अब इन दीन गौवो की दशा पर दया करके गोरक्षिणी नामक सभा कौन स्थापित करेगा ? और कौन विद्वानो से द्वेष हटा कर आपस मे इन सब की एक विद्यासभा स्थापित करेगा ? कोई नहीं ॥ ३९ ॥

वद वैदिकधर्मकल्पना
कमलं प्राप्य भुवस्तलेऽधुना ।
सकलं मतजालमुत्थितं
विलयं नेष्यति योगिनांपते ! ॥४०॥

आपके बिना, किस अद्वितीय अवलम्ब को पाकर, खडी हुई, वैदिक धर्म प्रथा, भारतवर्ष मे उठे हुए अनेक मतवाद रूप जालो को नीचे गिराने के लिए प्रयत्न करेगी ? अर्थात् आज उसका अवलम्ब कोई नहीं रहा ॥ ४० ॥

मतवादविनाशनक्षमं
परमात्मप्रतिबोधितार्थदम् ।
वद को निगमद्वयोपरि-
क्रमशो भाष्यमलं करिष्यति ॥४१॥

अनेक मतमतांतरो के विनाश करने में समर्थ, परमेश्वर के बतलाये हुए अर्थ का बताने वाला, अद्वितीय, अनुपम, भाष्य अब सामवेद और अथर्ववेद पर बना कर कौन तयार करेगा ? ॥ ४१ ॥

नलतो भुवि रामचन्द्रतो-
बुधतः कृष्णमहीश्वरादपि ।
अधिकस्तवशोकविप्लवो-
जनमद्याकुलयिष्यति स्फुटम् ॥४२॥

आपसे पहले महाराजा नल, मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र, योगिराज महात्मा श्रीकृष्ण आदि जितने पुरुष भारत-जननी की गोद से उठकर चलदिये उन सबसे अधिक आपका शोक आज जन-समूह को रुलायेगा ॥ ४२ ॥

इतिहासवदेव ते कथा
भुवमेतां समलंकरिष्यति ।
न भविष्यति दृष्टिगोचरं
तव तन्मञ्जुलदर्शनं वपुः ॥४३॥

जिस प्रकार भारतवर्ष में महाराजा रामचन्द्रजी की कथा मात्र हो गई, जिस प्रकार श्रीकृष्ण की कथा केवल नाम मात्र रह गई, इसी प्रकार आपकी भी कथा ही शेष रहेगी। आपका दर्शन तो अब होगा ही नहीं ॥ ४३ ॥

न भवन्ति निरन्तरस्रवा
नयनानां रुदनेन हा मुने ! ।
विनिरोधपरा दिवं गते
त्वयि चित्तं तु विचेतनामितम् ॥४४॥

आपके गुणो का स्मरण करके, आज इन अभागिनी आंखो से, निरन्तर गिरता हुआ पानी, बद ही नहीं होता। क्या करे ! आपके चरणारविन्दो का जिस समय मन में ध्यान आता है उस समय वह अचेत हो जाता है ॥ ४४ ॥

मधुरस्मितमञ्जुलाननं
नयनैर्यैः प्रतिवीक्षितं तव ।
विनिरीक्ष्यत अद्य तैरहो
तव हा हा रुदनोत्सवो महान् ॥४५॥

जिन नेत्रो द्वारा हम सब लोगो ने मुग्ध, मधुर मन्दस्मित आपका वह मुख देखा था, हा ! आज उन्हीं अभागे नेत्रो से यह आपका रोदनोत्सव देखा जा रहा है, हा ! क्या ही शोक की बात है ! कुछ कहा नहीं जाता ॥ ४५ ॥

अयि भारतवर्षसागरो-

द्गतनानाजनपद्मबोधक ! ।

कियता समयेन ते पुनः

किरणानां प्रसरो भविष्यति ॥४६॥

हे ! भारतवर्ष रूपी समुद्र में उत्पन्न हुए अनेक मनुष्य रूपी सुगंधित कमलो के खिलाने वाले सूर्य रूपी स्वामी दयानन्द ! कृपा करके यह तो बतलाइए कि कितने समय के बाद फिर आपकी किरणें खिलेंगी ॥ ४६ ॥

यदि याति स भानुरस्ततां

प्रहराणां गणनात्र तिष्ठति ।

तव तु प्रतिबन्धको यमः

समयं नो परिदर्शयिष्यति ॥४७॥

यदि भारतवर्ष से इस सूर्य का लोकातर मे गमन होता है तो भारतवासी उसके उदय तक तीन अथवा चार प्रहर का समय मानते हैं, परन्तु आपके अस्त में तो अभागा यमराज कारण है । यह हमको फिर दुबारा आपके उदय का समय क्यो कर दिखलाएगा ! हा ! शोक ! ॥ ४७ ॥

गमनात्तव देव ! या निशा

समभूदत्र समस्तभारते ।

वद तामधुना विदाम्पते !

कतमो वारयिता सहस्रगुः ॥४८॥

आपके चले जाने के कारण भारतवर्ष मे जो रात्रि उपस्थित हुई है उस को आज कौन सा सहस्र किरण उदय को प्राप्त होकर हटाने के लिए समर्थ होगा ? यह तो कृपा करके जरा बतला दीजिए ॥ ४८ ॥

मृगराजवदत्रगर्जना-

मनिशङ्कुर्वति ये जनाधमाः ।

भवनादपि नागता बहिः
सुखमेष्यन्ति यथार्थमद्य ते ॥४९॥

मृगराज के समान सर्वदा गर्जना करते हुए आपको देख कर जो पौराणिक पण्डित भय के मारे मकानो से भी नहीं निकला करते थे आज वे आपको इस भारत में न देख कर आनन्दपूर्वक मैदानो में विचरेंगे ! ॥ ४९ ॥

अतिदीनजनानुवर्तिनी
तव या सा समभून्मतिर्यते ! ।
विलयं क्व गता वदस्व हा
हतमेतत्सकलं त्वया जगत् ॥५०॥

दीन और अनाथों को देख कर आपके हृदय में जो दया उत्पन्न होती थी आज वह कहाँ जाकर नष्ट हो गई ! आज तो हम सब दीन और अनाथ हो रहे हैं और आपके शोक में विह्वल है ॥ ५० ॥

पदशः प्रतिपादयिष्यता
निगमानां विनियोगगौरवम् ।
भवताद्य कथं वियोगिता
प्रतिलब्धा वद हा यतीश्वर ! ॥५१॥

एक एक पद का, अलग अलग वेद के मन्त्रो में "विनियोग" का गौरव बतलाते हुए आपने आज क्यो 'वियोग' का स्वरूप धारण कर लिया यह तो बतलाइए ? मन्त्रों के लिए "विनियोग " बतलाया, विधवाओं के लिए "नियोग" बतलाया, हमारे लिए "वियोग" क्यो बतलाया ? हमारे लिए अभागा "सयोग" का "प्रयोग" कहाँ जाकर "उपयोग" पा गया ? अब हम क्या "उद्योग" करे ? हमारा तो सारा "सुयोग" दैव "दुर्योग" से "अभि योग" में आगया ! ॥ ५१ ॥

सकलोपि वधूजनस्त्वया
सधवः कल्पितएव हा मुने ! ।

विधवा पुनरद्य भारती
कथमेषा न विलोक्यतेऽधुना ॥५२॥

हा! इस भारतवर्ष में समस्त विधवाओं को "वैदिक" मन्त्रों के प्रमाणों द्वारा सिद्ध हुए नियोग से आपने सधवा बना दिया, अर्थात् सब विधवाओं को नियोग प्राप्त पति के संयोग से सौभाग्यवती बना दिया परन्तु यह अभागिनी भारत-भारती आज आपने अपने वियोग से सर्वदा के लिए विधवा बना दी। इसको आप करुणारूप दृष्टि से अब क्यों नहीं देखते? ॥ ५२ ॥

तव नामपदाग्रएव या
बहुरागाकुलिता व्यतिष्ठत ।
गतवत्यधुना त्वयि प्रभो!
लभतां कुत्र पदं सरस्वती ॥५३॥

आप में अत्यन्त अनुराग से जो सरस्वती, सर्वदा आपका तो कहना ही क्या है, आपके नाम के भी सामने ही रहा करती थी, और साथ में नाम लेने से अपने को सर्वांश में कृतकृत्य मानती थी। हा! वह सरस्वती आज आप के परलोक जाने पर किसके यहाँ जाकर रहे? किससे अपना मन बहलावे? किसको अपना पति मानकर सौभाग्यवती बने? हा! शोक! ॥ ५३ ॥

अबलेयमिति त्वया कृपा
क्रियतामत्र सरस्वतीपते! ।
लभतादियमप्यलं यतः
क्वचिदानन्दपदावलम्बनम् ॥५४॥

हे सरस्वती के स्वामिन्! आप इसको अबला जानकर, इसके ऊपर करुणा कीजिए, अनाथा समझ कर इसको सनाथा बनाइए, दीना मानकर इस पर आप दया कीजिए। आप तो दया और आनन्द के भंडार हैं। आप में तो दया और आनन्द की लहरें (परम्परा से) उठा करती हैं। इसके लिए भी किसी लहलहाती लहर का हलका सहारा बतलाइए जहाँ जाकर यह भी अपने मन को शांत करे और आप के गुण गाया करे ॥ ५४ ॥

तव वैदिकयन्त्रणालयो-
बहु दुःखाय विचेष्टतेऽधुना ।

विदधाति महाशुचं पुन-
र्नितरामार्यसमाजकल्पनम् ॥५५॥

आपने अपनी पुस्तको को छपाने के लिए यह जो वैदिक यन्त्रालय भारतवर्ष में छोडा है वह आपके स्वर्ग जाने पर आपके गुणो का स्मरण दिलाता हुआ हमको शोकसागर में डुबो रहा है और आपके द्वारा स्थापित किये हुए समस्त आर्य्यसमाज आज हमको रुला रहे है ॥ ५५ ॥

शरदुद्गतपूर्णवैधव-
द्युतिगौरं तव हाऽऽस्यदर्शनम् ।
क्रकचायितमातनोत्यहो
हृदयोत्थे निखिलेपि कर्मणि ॥५६॥

शरद् ऋतु मे उदय को प्राप्त हुए, पूर्ण चन्द्र मडल के प्रभा मडल समान वह आपका मुख मडल आज हमारे मन मे उठे हुए समस्त सकल्पो को विदारण करने के लिए "क्रकच" आरे के समान हो रहा है ॥ ५६ ॥

नितरां परिरक्षिता प्रभो!
पिशुनेभ्यो बहु या धृतिस्त्वया ।
वद सम्प्रति कस्य सन्निधौ
दिवमासे त्वयि सा गमिष्यति ॥५७॥

इस कराल कलिकाल मे जिस 'धृति' को आपने अपने शरीर में स्थान देकर, उसके नाश मे तत्पर चचलचित्त दुर्जनो से बचा लिया, आज आपके स्वर्ग जाने पर वह धृति किस प्रकार धृति धारण करे अर्थात् आज आपके वियोग में धैर्य का भी धैर्य टूट गया। धर्म का पहला लक्षण धैर्य्य आज निरालब होगया, यह अभिप्राय है ॥ ५७ ॥

बहुशास्त्रनिरीक्षणात्त्वया
हृदि याऽधारि यथायथं क्षमा ।
कमुपेत्य वियोगविक्लवा
हृदयं भावयताद्यदाधुना ॥५८॥

अनेक शास्त्रों के दर्शन करने से जिस क्षमा को आपने अपने हृदय में धारण किया था वह क्षमा आज आपके स्वर्ग जाने से उस कराल काल पर रुष्ट होती हुई अपने नाम को क्योंकर कृतार्थ करे। अपने निवास स्थान के छीने जाने पर क्रोध में भरी हुई क्षमा के लिए भी आज क्षमा नहीं आती अर्थात् धर्म का दूसरा लक्षण क्षमा भी आज निराधार हो गया ॥ ५८ ॥

परिपालितएव यस्त्वया
बहुधा दुःखमुपेयुषापि हा ।
स नितान्तविलज्जितोऽधुना
लभतां कुत्र पदं मुने दमः ॥५९॥

अनेक प्रकार के कष्टों को अपने ऊपर झेलकर भी जिस प्राण प्यारे दम को आपने अपने से दम भर भी अलग नहीं किया अर्थात् सर्वदा ही अपने साथ रक्खा वह दम आज आपके यहाँ से चले जाने पर किसके दम से रहे। आपके जाने से यह विचारा बदम दम किसके सहारे अपना दम ले। कदम कदम पर इस दम के लिए अब दम घोटना पड़ता है। एक दम आपने इस बिचारे दमको दम देकर बेदम कर दिया। धर्म का तीसरा लक्षण दम (इंद्रियों का दमन) भी आज बेदम और निराश्रय होगया ॥ ५९ ॥

परवञ्चकतानुवर्तिनां
मनुजानां हृदयेषु यस्त्वया ।
विहितं तदभावकल्पनं
तदलं पश्य करोति रोदनम् ॥६०॥

दूसरों के अनेक प्रकार के पदार्थ लेने में ही जिनका सारा समय बीतता था उन पुरुषों के हृदय में अपने प्रभाव से अस्तेयता का भाव उत्पन्न करके आज आप परलोक सिधारे। अब कहिए वह अस्तेय किसको अपना फल दिखलावे ? यह भी विचारा चौथा लक्षण अधरही रह गया ॥ ६० ॥

अपवित्रतया न सद्गति-
र्भवितेति प्रतिपादनापरे ।
त्वयि निर्वृतिमादरादिता
कमुपेयादधुना शुचिक्रिया ॥६१॥

बिना पवित्रता के कदापि सद्गति नहीं हो सकती ऐसा प्रतिपादन करते करते आपके स्वर्ग जाने पर यह बिचारी पवित्रता भी आज गताश्रय हो गई अर्थात् धर्म का पाँचवाँ लक्षण भी आज निरर्थक होगया ॥ ६१ ॥

विधुरा भवतानुपालिता
नितरां या चिरवर्णिताधुना ।
विरते भवति प्रवर्तता
वत कुत्राद्य निराश्रयाऽबला ॥६२॥

वेदो के विचार करने पर जो आपने अडतालीस वर्ष का ब्रह्मचर्य धारण किया तथा जिस ब्रह्मचर्य का सबके लिए आपने उपदेश दिया वह ब्रह्मचर्य आज आपके न होने पर कहाँ चरितार्थ हो ? उसके लिए कहीं पर भी स्थान नहीं। यदि हो तो बतलाइए । इसलिए आज धर्म का यह छठाँ लक्षण भी ससार से छट गया ॥ ६२ ॥

बहुपापसमाकुले जग-
त्यवलंब्यात्र तवैव मानसम् ।
सहसा त्वयि याति साधुना
वद धीः कुत्र करिष्यति स्थितिम् ॥६३॥

अनेक प्रकार के पापो से सकीर्ण धरातल में आपही का अवलब लेकर निश्चित बैठी हुई 'धी' अचानक आपके चले जाने से कहाँ पर जाकर स्थिर हो ? इसके लिए अब कोई आधार नहीं रहा । न कोई इससे काम लेने के योग्य रहा । इसके शत्रु ही ससार मे रह गये । इससे धर्म का यह सातवाँ लक्षण भी आज निष्फल होगया ॥ ६३ ॥

वद देव ! मुने ! सुविद्यता
कमुपेयादिह सत्यभाषिता ।
दिवमासवति त्वयि द्रुतं
स च रोषातिगमोपि निर्बलः ॥६४॥

हे महात्मन्! यह तो बतलाइए कि आपके अचानक स्वर्ग जाने पर यह विद्या अब कहाँ जावे? सत्यभाषिता कहाँ जाकर विराजे? अक्रोध कहाँ पर जाकर घर बनाये? आपने इन सबको एक साथ अनाथ बना दिया। सच तो यह है कि आपके चले जाने से धर्म के सभी लक्षण निराधार हो गये। आपही इनका सर्वांश म पालन करते थे। आपही इनका प्रचार करते थे। आपही इनका आदर करने थे। न अब इनका पालक रहा, न कोई प्रचारक रहा, न कोई आदर करने वाला रहा। हा! परमात्मन्! यह तूने क्या किया? क्या सोचा? क्या विचारा?॥ ६४॥

विधिना परिवञ्चिता वयं
जगदीशेन विमोहमापिताः।
समयेन वियोगवह्निना
परिदग्धास्तव देव! हा हताः ॥६५॥

हा! दैव ने आज हम सबको ठगलिया। परमात्मा ने मोहित कर दिया। इस कराल काल ने आपके वियोग रूप अग्नि से जला दिया। हा स्वामिन्! यह आपने क्या किया? हम सबको मार कर आप मुक्त होगये। हा विधात·! आज हम सब तो मारे गये, ठगे गये। क्या करे, कहाँ जाये। कुछ समझ में नहीं आता॥ ६५॥

इति यावदलं न सा सभा
गुणविस्तारकथामपूरयत्।
परतः प्रबभूव तावता
समयेनोदयएव भास्वतः ॥६६॥

इस प्रकार स्वर्गवासी ऋषि दयानन्द के वियोग मे मग्न आर्यसभा जब तक उनके गुणो का पूर्ण रूप से वर्णन न कर चुकी तब तक भगवान् भुवन-भास्कर सूर्य उदयाचल की ऊँची चोटी पर आकर उपस्थित हुए अर्थात् प्रातःकाल होगया॥ ६६॥

दिननायक एतदाकुलं
जगदालोक्य वियोगवह्निना।

करुणाहृणितेन सान्त्वना-
मनसा तानिदमाह मञ्जुलम् ॥६७॥

ऋषि दयानन्दजी के वियोगजन्य शोक से घवडाये हुए इस जगत् को देख कर कमलिनी नायक (सूर्य) अपने करो द्वारा, जो कि एक सहस्र से अधिक थे, उसको उठाकर करुणा करके भरे हुए अपने अपने भावो से, उन सबको समझाता हुआ सा, इस प्रकार सूचित करता था जो निम्न लिखित है ॥ ६७ ॥

किमिदं क्रियते महोदयाः!
परिवीक्षध्वमयं क्रमो भुवि ।
प्रथितोस्ति ततो विधेर्वशा-
दलमत्रैव निधीयतां मतिः ॥६८॥

हे महोदयो ! यह आप क्या करते हैं जो इस प्रकार हाथ पर हाथ रख कर बैठे हुए हैं। उठिए। उठकर देखिए। जो मै अपने भावो से सूचित करता हूँ। यही कम ससार मे विद्यमान है। इसलिए इसको समझ कर इसी में मन लगाइए। अपना अधिक समय शोक में न बिताइए ॥ ६८ ॥

गतएव भुवस्तलादहो
परलोकं यमिनामधीश्वरः ।
न भविष्यति दृष्टिगोचरो-
रुदनेनात्मविशोषणेन वा ॥६९॥

स्वामी दयानन्द सरस्वतीजी तो सर्वदा के लिए इस असार ससार को छोड कर चले ही गये। इसमे तो कुछ सदेह ही नहीं है और न अब किसी प्रकार से दृष्टिगोचर हो सकते हैं। चाहे आप रोवे या अपने आत्मा को सुखाए। जो कुछ ईश्वर की इच्छा से होना था वह तो हो ही गया। अब इसमें कुछ बाकी नही रहा है ॥ ६९ ॥

विफला मनसः प्रतारणा
मुनिवर्यस्य समागमाशया ।

रहिता च फलेन तत्त्वतो-
निजकार्योपरतिः प्रतीयते ॥७०॥

जो दुबारा इस जगत् मे स्वामीजी से मिलने की आशा रखनी है वह केवल मन को ठगना है। इस निष्फल आशा मे अब कुछ न मिलेगा और जो अपने अपने कार्यों मे अरुचि करनी है वह भी सर्वथा निष्फल ही है ॥ ७० ॥

इति चेतसि शान्तिमागते
परिचिन्त्यात्मगतं यदुच्यते ।
पुरतो भवतां मयाधुना
हृदये तद्ध्रियतां यथोचितम् ॥७१॥

इस बात को अपने मन में भलीभाँति विचार कर जो कुछ आप लोगों के लिए मैं प्रस्तुत करता हूँ उसमें मन लगाइए और उसके अनन्तर अपने अपने देश और काल के अनुसार बर्ताव कीजिए । यही बुद्धिमानो का परम कर्तव्य है ॥ ७१ ॥

अहमेमि यदास्तपर्वतं
विधियोगादथवा नियन्त्रणात् ।
स्वकृतिं दहने तदाद्भुतां
प्रतिमुञ्चामि निशागमेऽचलाम् ॥७२॥

जिस समय मैं इस भारतवर्ष में बारह घटा रहकर यहाँ से अस्ताचल की चोटी पर पहुँचता हूँ उस समय अपना कार्य अग्नि को सौंप जाता हूँ। वह अग्नि मेरे अभाव में वही काम देता है जो अपनी विद्यमानता में मैं दिया करता हूँ । अग्नि भी बुत जाने पर अपना काम वाणी को सौंप जाता है। यह कथानक उपनिषदों में अच्छे प्रकार वर्णन किया गया है ॥ ७२ ॥

स च मामुदयाचलस्थितं
परिवीक्ष्याशु मयार्पितां प्रभाम् ।

विनिवेश्य मयि प्रभातके
गतभारत्वमुपैति दृश्यते ॥७३॥

जब मैं यूरुप अमेरिका आदि पातालतालुतलवासी लोको में भ्रमण करता हुआ प्रातःकाल फिर उदयाचल की चोटी पर पहुँच जाता हूँ तब वह अग्नि मेरा निक्षेप (अमानत) रूप प्रकाश फिर मेरे लिए अर्पण करदेता है और आप गतभार हो जाता है ॥ ७३ ॥

अपरं च विलोक्यते मया
भुवने गच्छति वृद्धभावताम् ।
जनकेति समस्त धूर्वह-
स्तनयोस्मिन्भवति प्रभाववान् ॥७४॥

और भी मैं देखता हूँ । जब ससार में पिता वृद्धावस्था में निरर्थक (बेकार) हो जाता है उस समय उसका योग्य पुत्र उसके समस्त कारबार का भार अपने ऊपर लेकर भावी के लिए धूर्वह माना जाता है ॥ ७४ ॥

जनकोपि विलोक्य धूर्वहं
स्वसुतं सादरमात्मकर्मसु ।
क्रमशो गतभारतामितो-
भवतीत्यत्र कुतो न दृश्यते ॥७५॥

अति वृद्ध पिता भी जब उसको समस्त कार्यों में लगा हुआ देखता है तब अपनी चिन्ताओं से छुटकारा पाजाता है और विगत भार होकर अपने मरने के दिन गिना करता है । यह बात ससार में प्रसिद्ध है ॥ ७५ ॥

सुतवत्परिपालयन्निमं
स समाजं यदि मृत्युमाप्तवान् ।
न तदास्य वियोगमूर्छना
हृदये कापि निधीयतां मुनेः ॥७६॥

यदि ऋषि दयानन्द इस आर्यसमाज को पुत्रवत् मानकर इसका तन, मन, धन से पालन कर चुके ह और अपने पश्चात् कार्य करने के लिए छोड गये हैं तो उनके वियोग म अधिक शोक करना अच्छा नहीं है ॥ ७६ ॥

यदि सैकसुते विचारणा
मुनिवर्यस्तु समस्तभारतम् ।
सुत इत्यवगम्य भव्यया
निजदृष्ट्या परिवीक्ष्य निर्गतः ॥७७॥

जब एक पुत्र के ऊपर सारा ससार का काम चलता रहता है तो ऋषि दयानन्द ने तो समस्त भारतवर्ष को अपना पुत्र माना है और उसके बचाने के लिए जीवन भर प्रयत्न किया है। जिस ऋषि दयानन्द के लाखों धर्मात्मा सच्चे धर्मपुत्र मौजूद हो उसके लिए तो कहना ही क्या है ॥ ७७ ॥

सुतवन्मुनिधर्मपालनं
क्रियतामत्र भवद्भिरादरात् ।
सकलेपि यथा भुवस्तले
स मुनेरेव मनोरथो भवेत् ॥७८॥

इसलिए उठो ! पुत्र के समान उनके कथन का पालन करो। जीवन भर के लिए उनकी आज्ञा का पालन करना अपना कर्तव्य समझो, जिससे समस्त भारतवर्ष में उनका मनोरथ फलीभूत हो जावे। उनके अभीष्ट वैदिक धर्म की दिन दिन वृद्धि होती रहे, उनका जीवित सर्वस्व आर्य्यसमाज उन्नति के उच्चतर शिखर पर पहुँच जावे, उनका हृदय रूप वेदों का प्रचार सर्वत्र सर्व प्रकार से होता रहे। यही सत्पुत्रों का काम है ॥ ७८ ॥

यशसा महतां वपुः सदा-
ऽमरतां प्राप्य वितिष्ठते महत् ।
न शरीरमिहावतिष्ठते
जनिमाप्तस्य जनस्य बुध्यताम् ॥७९॥

सज्जनो का शरीर इस ससार में यशरूप होकर ही सर्वदा के लिए रहा करता है। स्थूल शरीर का तो कभी न कभी नाश होना ही है। इसलिए सज्जन उसका भरोसा नहीं रखने। केवल अपने कर्तव्य का ही पालन करते रहते हैं॥ ७९॥

जनिमत्र गतस्य भूतले
मृतिरेकान्ततया भविष्यति।
मृतिमाप्तवतो जनिःपुन-
र्गतिचक्रं परिवर्तते स्वयम् ॥८०॥

जिस पुरुष की यहाँ पर उत्पत्ति हुई है उसका एक बार नाश अवश्य होना है। जो पुरुष मर चुका है उसका जन्म भी अवश्य ही होना है। यह आवागमन का चक्र तो लगा ही हुआ है। परन्तु भेद इतना है कि जिस रूप में एक बार जन्म लेकर पुरुष मरता है उसी रूप में दुबारा आकर जन्म नहीं लेता है। रूपातर में परिणत होकर जन्म लिया करता है। इसी भाव को लेकर श्रीकृष्णजी ने गीता मे अर्जुन को भी समझाया है "जातस्य हि ध्रुवो मृत्यु." ॥ ८० ॥

दिवसापगमादनन्तरं
निशयाऽऽपूर्यतएव तद्वियत्।
क्षणदापगमे दिनोदयः
स्फुटमेतद्गतिचक्रदर्शनम् ॥८१॥

दिन के अनन्तर रात का आना जिस प्रकार प्रत्यक्ष में विद्यमान है और रात्रि के अनन्तर दिन का आना प्रत्यक्ष दीख रहा है इसी दिन और रात्रि के गति चक्र के समान मनुष्यो का आवागमन चक्र भी अनिरुद्ध है। महा मोह-रूप कटाह में भूतो को गिरा कर सूर्य रूप अग्नि में दिन रात्रि रूप काष्ठ लगाता हुआ काल मास रूप चमचे से चला चला कर भूना करता है॥ ८१॥

सुखतः परमस्ति दुःखता
पुनरन्ते सुखमेव केवलम्।

न सदा सुखमेव नोऽसुखं
रथचक्रभ्रमिवद्विलोक्यताम् ॥८२॥

सुख के अनन्तर दु:ख का आना, दु:ख के अनन्तर सुख का आना, रथ के चक्र के समान, ऊपर नीचे होता है। न किसी के लिए सर्वदा सुख ही प्राप्त होता है न सर्वदा दु:ख ही प्राप्त होता है। दोनो बाते आगे पीछे बनी रहती हैं। मनुष्य सुख को सहज (अचानक मे ही) भोग लेता है। दुःख को बडी देर तक मानता रहता है। यही बात रामायण मे लक्ष्मण के प्रति मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्रजी कह गये हैं "सुखस्यानन्तर दु:खम्" ॥ ८२ ॥

तदलं बहुशोककल्पना-
न्मुनिवर्यस्य दिवङ्गतात्मनः।
महतामियमस्ति वञ्चना
स्वतएवात्र भुवस्तले स्थिरा ॥८३॥

इसलिए सद्गति को प्राप्त हुए स्वामीजी के लिए अधिक शोच न कीजिए। महात्मा पुरुषो की एक प्रकार की शैली होती है कि आप अतर्हित होकर मनुष्य की परीक्षा लिया करते है ॥ ८३ ॥

इयमार्यसमाजवल्लरी
मयि लोकान्तरमागते नवा।
प्रचलिष्यति वा विशुष्कता-
मुपयास्यत्यधिकारिभेदतः ॥८४॥

मेरे इस पाँच भौतिक शरीर के अनन्तर यह कोमल आर्यसमाज रूपिणी लता मनुष्यो के द्वारा उपयोग पाकर वृद्धि को प्राप्त होगी अथवा मनुष्यों का अनुराग हटने पर सर्वथा विशीर्णपत्रा हो जावेगी। ये दोनो बाते अधिकारी और अनधिकारी पुरुषो के ऊपर निर्भर है ॥ ८४ ॥

इति लोकपरीक्षणेच्छया
प्रगतः सोपि महामुनिर्दिवम्।

अतिसूक्ष्मशरीरधारणा-
दधुना नात्र विलोक्यते जनैः ॥८५॥

इस प्रकार दोनो बातों में आप लोगों की परीक्षा लेने के लिए वह ऋषि इन्हीं भूर्भुवःस्वः तीन लोको में अतर्धान होगये और अत्यन्त सूक्ष्म शरीर धारण करने से आप लोगो की दृष्टि में नहीं आते ॥ ८५ ॥

गतवान्पुरएव मे दिवं
स महात्मा वसुदेवनन्दनः ।
विलयं प्रययौ ततः पुरा
मम वंशस्य विभूषणं रघुः ॥८६॥

महाभारत के प्रधान नेता गीता के सपादक श्रीकृष्ण महाराज मेरे ही समक्ष परलोक को सिधारे। रामायण के अद्वितीय नेता मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्रजी उनसे भी पहले चले गये। इसी प्रकार आर्यसमाज के प्रधान नेता जगदेकनन्दन, आनन्दकन्द जगदानन्द श्री १०८ ऋषि दयानन्द अब चले गये ॥ ८६ ॥

जगदप्यतिजीर्णतां गतं
परमात्मा प्रलयान्तरे पुनः ।
बहुकर्मफलानुबन्धना-
दुदयं प्रापयति प्रसङ्गतः ॥८७॥

कहाँ तक कहे। इस जगत् को भी जब परमात्मा जीर्ण हालत में देखता है तब प्रलय के बहाने से नष्ट कर देता है फिर दुबारा मनुष्यों के कर्मानुकूल बना करके खडा कर देता है। प्रलय में कार्य जगत् का नाश हो जाता है यह बात दर्शनो में प्रसिद्ध है। कारण मात्र उस समय रह जाता है ॥ ८७ ॥

इति भारतवर्षमण्डलं
निजगत्या प्रतिबोध्य भास्करः ।

भुवनान्तरमपि दर्शयन्

समयस्यास्य गतिभ्रमं जवात् ॥८८॥

इस प्रकार भुवनभास्कर सूर्य अपनी गति के द्वारा ससार की स्थिति को चञ्चल बता कर समय की अति चञ्चलता दिखाने के लिए अस्ताचल की चोटी पर चढ़ गये अर्थात् सायङ्काल होगया ॥ ८८ ॥

चतुरोपि निबोधको यथा

निजचाञ्चल्यवशाज्जनव्रजम् ।

न करोति गतार्थमुष्णगुः

स तथा तानकरोन्न शिक्षितान् ॥८९॥

उपदेश देनेवाला कैसा ही चतुर हो परन्तु वह अपनी चञ्चलता के कारण जिस प्रकार श्रोताओं को तृप्त नहीं कर सकता इसी प्रकार चञ्चल गति और गरम बोलने वाला सूर्य ऋषि के वियोग से विह्वल आर्य मडल को अच्छे प्रकार शांति न देसका अर्थात् जगत् मे शोक बाकी रह गया ॥ ८९ ॥

हृदये प्रविविच्य तत्कथां

पुनरुक्तामिव कर्तुमुद्यतः ।

हिमदीधितिरापि तत्पदं

सुहृदामीदृशएव संक्रमः ॥९०॥

इस बात को अपने मन मे विचार कर अपने मित्र की बातें फिर दुबारा समझाने को उसके स्थान पर शीतकिरण आ गये और वही अपने मित्र की बातें समझाने लगे। मित्रता के यही माने होते हैं अर्थात् चन्द्रोदय हो गया ॥ ९० ॥

शिशिरांशुरयं यदा जनान्

शिशिरैरात्मकरैरबोधयत् ।

प्रबभूव तदा सभापि सा

निजकार्येषु निषक्तमानसा ॥९१॥

जब कुमुदिनी नायक ने अपने शीतल शीतल किरणो (वचनो) द्वारा शोकमूर्छित भुवन को जगाया तब वह आर्यमित्र मण्डली भी सचेत हो गई और अपने अपने कार्यों में लग गई। मधुर बोलना सर्वत्र ही काम कर देता है, यह भाव है ॥ ९१ ॥

सकलं यतिवर्यकल्पितं
वसनाद्यं वसु पत्रदर्शनात्।
परिवीक्ष्य तथा विलिख्य त-
द्गतशोकापि शुचा व्यतिष्ठत ॥९२॥

स्वीकार-पत्र (वसीयतनामे) के अनुसार जो कुछ स्वामीजी का वस्त्र, पुस्तक आदि सामान था सब देख भाल कर जनता सूची मे लिखने लगी और उचित कार्य में तत्पर हुई परन्तु सर्वथा अभी गतशोक नहीं हुई ॥९२॥

शनकैरयमेति मन्दता-
मतिशोको हृदयान्तरं गतः।
महतामपि कात्र वर्णना
लघुभावत्वमुपेयुषां पुनः ॥९३॥

महात्माओ के वियोग का शोक बुद्धिमान् भी शीघ्र नहीं मिटा सकते और छोटे मोटे पुरुषो की तो बात ही क्या है। इसलिए अभी स्वामीजी का ताजा शोक न मिटा और न मिट सकता था, न कभी मिटेगा ॥ ९३ ॥

क्षणदापगमेऽथ सत्कथा-
पगमाद्यावदयं निशापतिः।
न ययौ तदवध्ययं कवि-
र्निजसर्गान्तमकल्पयद्रसात् ॥९४॥

यह सोच कर थोडी रात्रि रहने पर जब तक मनुष्यो को किरणो द्वारा समझाता हुआ चन्द्रमा मन मन में जाने की इच्छा कर ही रहा था कि कविरत्न ने उसके जाने से पहले ही अपने सर्ग को समाप्त कर दिया अर्थात् चन्द्रमा के अस्त और सूर्य्य के उदय के मध्य में यह सर्ग पूर्ण किया ॥ ९४ ॥

एवं महार्यपरिषत्पतिशोकभावा-
बद्धं समस्तमनुजेश्वरमण्डलं तत् ।
शीतांशुभिः कुमुदिनीदयितो निवार्य्य
वेगाज्जगाम चरमाचलकूटकोटिम् ॥९५॥

कुछ ही देर के बाद चन्द्रमा भी अपनी अमृतमय शीतल किरणों से स्वामीजी के वियोग से सन्तप्त अनेक आर्य्यराजाओं को कुछ कुछ शान्त कर अस्ताचल की ऊँची चोटी की नोक पर से सबको "नमस्ते" करके छिप गया ॥ ९५ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
शोकसमूर्च्छन नाम विंशतितम सर्ग ।

एकविंशः सर्गः

याते मुनौ विधिवशादमरालयं सा
गोष्ठी शुचातिविकलापि पदे तदीये ।
नव्योदयं प्रतिनिधिं विनिवेश्य तस्थौ
केनापि वञ्चितसमस्तधनेव तत्र ॥१॥

जगदीश्वर की प्रेरणा से आनन्दकन्द जगदानन्द ऋषि दयानन्द के लोकातर जाने पर किसीने मानो जिसका समस्त धन ठग लिया हो ऐसी शोक से अत्यन्त व्याकुल आर्यमहाशयो की सभा ऋषि दयानन्दजी के पद पर आर्यसमाज की प्रतिनिधि को स्थापित कर यथाकथञ्चित् शाति को प्राप्त हुई ॥ १ ॥

नापत्पदं यदपि चेतसि शोकतान्ते
सा कापि हर्षकलिका विवशेव तेषाम् ।
कार्योदयात्तदपि ते मुदितायमाना
लोके बभुः सकलसभ्यजनैर्नमस्याः ॥२॥

यद्यपि शोकाकुल महाशयो के हृदय में आनन्द की कला ने पूर्णरूप से अपना प्रभाव नहीं दिखाया तथापि सज्जनो के द्वारा प्रशसनीय वह आर्य-महाशय अपने अपने कार्यो में प्रवृत्त होने से आनन्दित से प्रतीत होने लगे। वास्तव में आनन्दित होना तो अब कठिन है ॥ २ ॥

चेतस्यलं विशतु नाम कथं स हर्षो-
लोके विदां परमसख्यमुपागतैर्यैः ।
सत्राशितं यतिवरेण गतं तथोक्तं
गीतं निपीतमुपनीतमपि प्रसङ्गात् ॥३॥

उन परम विद्वान् आर्यमहोदयो के हृदयो मे क्योंकर एक साथ आनन्द आकर निवास करे जिन्होने उत्कट भाग्यो के उदय से श्रीस्वामीजी महाराज के साथ साथ कहीं पर भोजन, कहीं पर गमन, कहीं पर भाषण, कहीं पर वेदगान, कहीं पर जलपान आदि कार्य भी किये हो ? ॥ ३ ॥

गीता मतेः पथमनेकविधा न नीताः
किंवा न पीतमखिलोपनिषत्पयोपि ।
नायाति सा तदपि तस्य मुनेर्वियोगे
शान्तिर्विधेर्विलसितं किमिदं विचित्रम् ॥४॥

महर्षि के वियोग मे अनेक बार गीता को मति मार्ग पर पहुँचाया, उपनिषद् रूप ब्रह्मद्रव को, जो कि पीने के साथ ही शाति देता है, अनेक बार पिया परन्तु आपके वियोग द्वारा प्राप्त हुए शोकानल की शाति प्राप्त नहीं हुई । यह विधाता ने अद्भुत बात करदी ॥ ४ ॥

ये सज्जना जगति जन्मतएव जन्तो-
र्जन्मान्तरोपगमनक्षयकारणानि ।
कर्माणि वेदविधिना विलयं नयन्ति
तेषां वियोगसमये न कथं शुगीयात् ॥५॥

ठीक भी है । जो सज्जन जगत् में जन्म लेने के समय से ही श्रौर मनुष्यों के लिए लोकांतर ले जाने वाले कर्मो के छेदन मे वैदिक शास्त्र लेकर प्रवृत्त होते हैं अर्थात् आप जन्म लेकर श्रौरो के लिए मुक्ति सुख देते हैं उनके वियोग समय में क्योकर शोक प्राप्त न हो ॥ ५ ॥

धर्मोदयाय जनिमाप्तवतां समस्त-
लोकोपकारकरणाय वपुर्भृतां या ।

लोके स्थितिर्दुरितनाशकरी समुक्ता
सा कोविदैरवगताखिलवेदतत्त्वैः ॥६॥

केवल वैदिक धर्म की वृद्धि के लिए जिन सज्जनों का जन्म होता है, ससार मात्र के उपकार के लिए जिनका शरीर होता है, दीन अनाथों के रक्षार्थ जिनका धन होता है, ऐसे सज्जनो का जगत् में रहना ही समस्त पापों का नाश करने वाला होता है। यह सिद्धात वेद के तत्त्ववेत्ता लोग कहते और मानते हैं॥ ६ ॥

माभूद्विधेः करुणया भुवि सज्जनानां
योगो यदस्तु न परस्परमित्रता तैः।
सा चेल्लयं व्रजतु तद्विरहागमोत्र
भूयात्स चेन्मरणमप्यरमेव भूयात् ॥७॥

यदि हम पर ईश्वर की पूर्ण कृपा हो तो सबसे पहले तो सज्जनो के साथ हमारा मेल ही न हो, यदि किसी कारणवश मेल भी हो तो उनके साथ में पूर्णरूप से मित्रता न होने पावे। यदि किसी कारण मित्रता भी होजावे तो उनके वियोग का समय हमारी आँखो के सामने न आवे और यदि आ जावे तो हमारी भी मृत्यु मे कुछ विलम्ब न हो॥ ७॥

लोकोपकारकमनन्तगुणाधिवासं
वेदोक्तधर्मपरिपालनबद्धभावम्।
योगीश्वरं यदयमाशु जहार वेधा-
स्तेनैव मन्दपदवीमुपयातवान्किम् ॥८॥

समस्त लोकों के उपकार में दत्तचित्त, अनन्त गुणो के एक मात्र भंडार, वेदोक्त धर्म के पालन करने में दत्तभाव, श्रीस्वामीजी महाराज को जो कि शीघ्र ही यहाँ से विधाता ने बुला लिया मालूम होता है कि इसीलिए वह मन्द पदवी को प्राप्त होगया नहीं तो "निर्विवेकी विधाता धातुः पुरा कोपि न बुद्धिदोभूत्" यह क्यो कहा जाता॥ ८॥

नैतादृशं जगति केनचिदत्र कार्यं
सम्पादितं जनिमितेन जनेन लोके।

याद्दङ्महामुनिरयं निरयं विहातुं
चक्रे भुवस्तलगताखिलकर्मभाजाम् ॥९॥

संसार में जन्म लेने वाले मनुष्यों के लिए अधम गति का विनाश करने वाला जैसा उपाय श्री १०८ स्वामीजी महाराज ने बतलाया ऐसा उपाय आज तक किसी ने भी नहीं बतलाया। इसीलिए आपका वियोग दारुण दुःख का देनेवाला माना गया है ॥ ९ ॥

लोके बभूव स भुवो यदि भारहारी
रामस्तथा जनिमगान्मनुजापहारी ।
नन्दस्य सूनुरपि वेदभरापहारी
नाभूदिमं यतिवरं नु विहाय हारी ॥१०॥

महाराजा रामचन्द्र ने यदि भारतवर्ष मे जन्म लिया तो केवल [भूभार हरणार्थ] पृथिवी के भार उतारने के लिए लिया ? श्रीकृष्णचन्द्र ने भी यदि भारत मे जन्म लिया तो केवल महाभारत के द्वारा जमीन को ही हलका किया परन्तु वैदिक धर्म के उद्धारार्थ, वेदों की रक्षा करने के लिए उन पर लगाये हुए कलंको के मिटाने के लिए सिवा स्वामीजी के और कोई भी उत्पन्न नहीं हुआ ॥ १० ॥

किं शङ्करेण विधिमार्गविनाशकेन
लोके जनिं गतवता विलयेपि यस्य ।
तेऽवैदिकाइव जगत्परिवञ्चयन्ति
ब्रह्माहमित्यनिशमादरतो वदन्तः ॥११॥

कर्मकाण्ड एवं उपासनाकांड के ऊपर पोता फेरने वाले शंकरस्वामी के आविर्भाव से भी संसार को क्या लाभ हुआ जिनके मरने पर [अहं ब्रह्मास्मि] कहने वाले एक प्रकार से अवैदिक सन्यासी पैदा होने लगे ॥ ११ ॥

यद्दृश्यते जगति सर्वमिदं तदेत-
द्ब्रह्माद्वितीयमिति वादवतां मतेन ।

नास्तीश्वरो न निगमो न सुखं न दुःखं
नो जन्म नापि मरणं न यमो न योगः ॥१२॥

जो कुछ संसार में दीखता है वह सब ब्रह्म ही ब्रह्म है और कुछ नहीं। यह जिनका सिद्धांत है उनके मत में न कोई ईश्वर है, न उसका ज्ञानरूप कोई वेद है, न सुख है, न दुःख है, न जन्म है, न मरण है, न पाप है, न पुण्य है, न योग है, न यमनियमों का पालन है, कुछ नहीं। केवल नास्तिकता का अड्डा जमा हुआ है ॥ १२ ॥

सर्वं तदेतदिह जन्म समेत्य योगी
विद्याबलेन मनुजान्परिबोधयित्वा ।
नानामतात्मकमतङ्गजकेसरीन्द्रो-
लोकान्तराध्वपथिकत्वमियाय दैवात् ॥१३॥

इन सब बातों को ऋषि दयानन्द ने भारतवर्ष में जन्म लेकर अपनी विद्या के बल से सबको समझा दिया। अंत में वह केसरी, जो कि अनेक मतरूपी मतवाले मतंगजों को पछाड़ चुका था, विधाता के इच्छावश होकर लोकांतर जाते हुए मार्ग का पथिक बन गया ॥ १३ ॥

तस्याधुना मतिमतामधिपस्य यद्यत्
कार्यं तदेव निखिले जगतीतलेऽत्र ।
सम्पादयिष्यति समस्तमनोगतानि
वेदोन्नतौ सकलमर्पयतां धनं वः ॥१४॥

अब उस विद्वानों के आचार्य ऋषि दयानन्द का जो जो कार्य है वही समस्त इस भूमंडल में वेद की उन्नति के लिए अपना तन, मन, धन लगाने वाले आप लोगों का समस्त मनोवांछित फलों को पूर्ण करेगा अर्थात् वही हमारे लिए ऋषि के फलों को दे देगा ॥ १४ ॥

एवं विचारयति तत्र गते मनुष्य-
व्राते परोपकरणाय निवेशितायाम् ।

हर्षोदयात्परिषदि प्रथमं नियुक्ताः
सर्वे समाययुरनन्तधना नरेन्द्राः ॥१५॥

इस प्रकार उस समय उपस्थित हुए मनुष्यों में विचार करते करते परोपकारिणी सभा में पहले ही से नियुक्त समस्त राजे महाराजे एकत्र हुए। जिनका वर्णन मैं पीछे गये हुए सोलहवे सर्ग में कर चुका हूँ। इसका पूरा पूरा वृत्तात वहीं पर देखे ॥ १५ ॥

ते सर्वमस्य महनीयविचित्रकीर्ते-
रालोक्य वस्तुनिचयं विरता न यावत् ।
तावन्मनस्युचितमुन्नतभावगर्भं
नव्यं जगाद रभसादुदितं स कश्चित् ॥१६॥

वह एकत्र हुए हुए समस्त राजे महाराजे तथा प्रधान, उपप्रधान, मन्त्री, कोषाध्यक्ष, पुस्तकाध्यक्ष, सभासद आदि आपकी छोडी हुई समस्त वस्तुए देखकर जब तक निश्चिन्त नहीं हुए तभी तक उनमें से प्रधान महाशय उठकर इस प्रकार कहने लगे ॥ १६ ॥

विश्वोपकारकरणाय महौषधानि
यान्यत्र तेन रचितानि सुपुस्तकानि ।
तेषां प्रचारकरणे निखिलैर्मनुष्यै-
रेकान्तमुत्तमतया क्रियतां प्रयासः ॥१७॥

माननीय आर्यपुरुषो! ससार के उपकार के लिए महौषध अर्थात् सजीवन रूप जिन पुस्तको को श्रीमान् परमपदारूढ श्री १०८ स्वामी दयानन्द सरस्वतीजी ने बनाया तथा जिनका वर्णन भी गये हुए अष्टम सर्ग में पूर्णरूप से हो चुका उन सत्यार्थप्रकाश आदि पुस्तकों के प्रचार करने में समस्त पुरुष पूर्णरूप से प्रयत्न करे ॥ १७ ॥

विस्तार्यतां जगति वैदिकभाष्यमस्य
सा भूमिका भवतु सर्वजनस्य भूमिः ।

सत्यार्थनामकसुपुस्तकसत्प्रकाशः
सर्वं प्रकाशयतु विश्वतलं प्रभावैः ॥१८॥

समस्त पुरुषो को चाहिए कि आपके किये हुए ऋग्वेद तथा यजुर्वेद भाष्य को जगत् मे विस्तृत करे, आपकी बनाई हुई ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका समस्त मनुष्यो में की भूमिका बने। आपके निर्माण किये हुए सत्यार्थ प्रकाश का प्रकाश अपने प्रभावो से समस्त ससार को प्रकाशित करे अर्थात् हृदयो में भरे हुए अज्ञानरूप अधकार को हटाकर ज्ञान का प्रकाश करें ॥ १८ ॥

आप्तपदं प्रतिनिधिः किल यस्तदीयं
योगीश्वरस्य स समस्तदिगन्तरेषु ।
दिव्योपदेशकसमूहसुवक्तृताभि-
र्विस्तारमानयतु वैदिकधर्ममेकम् ॥१९॥

परमपदारूढ ऋषि दयानन्द के स्थान में जो प्रतिनिधियाँ स्थापन की गई हैं उनको चाहिए कि वे देशदेशातर एव द्वीपद्वीपातरो में जाने के लिए अपने यहाँ अच्छे सदाचारी सुयोग्य विद्वान् उपदेशक नियत करके वैदिक धर्म को सर्वत्र विस्तृत करे ॥ १९ ॥

विज्ञापनैरहरहो नगरेषु देया
विज्ञप्तिरुद्धतजनेषु यथा पुरस्ते ।
वादे भवन्तु निरताः परतो नितान्तं
लज्जावनम्रशिरसो नवतर्कवादैः ॥२०॥

उपदेश देने के लिए नियत किये हुए उन विद्वानों को भी यह उचित होगा कि वे बडे बडे नगरो में जाकर पहले तो अनेक मतो के मानने वाले पुरुषों में विज्ञापन वितीर्ण करे फिर शास्त्रार्थ के लिए उनको तैयार करके अत में उनको वाद में परास्त करे ॥ २० ॥

नानामतानुगतमानवमर्दनेन
यावन्न भूमिवलये भविता विचारः ।

तावन्न वृद्धिमुयास्यति सत्त्यमेव
सर्वेषु नव्यनगरेषु शिवः समाजः ॥२१॥

जब तक प्रबल युक्ति एव प्रमाणो द्वारा अनेक मतमतातरो के मानने वाले पुरुषो का शास्त्रार्थ मे पराजय न होगा तब तक समस्त लोको का कल्याण करनेवाला आर्यसमाज नवीन नवीन नगरो मे कदापि स्थापित न होगा। इसलिए यह अवश्य कर्तव्य है ॥ २१ ॥

तस्मान्नियोज्य विबुधानिह कार्यमध्ये
वादानुवादलघुवादकृतौ प्रवीणान्।
संख्यावतां समुदयाय विधेयमेव
तादृग्विधं गुरुकुलं सकलैः प्रयासैः ॥२२॥

इसलिए इस शास्त्रार्थ रूप कार्य मे वेद वेदाग जानने वाले वाद, अनुवाद तथा शीघ्रवाद मे प्रवीण अनेक विद्वानो को नियुक्त करके भविष्यत् के लिए अच्छे अच्छे विद्वान् उत्पन्न करने को तन, मन, धन से प्रयत्न कर एक गुरुकुल खोलना चाहिए ॥ २२ ॥

यस्मिन्नशेषनिगमागमलब्धदीक्षा-
स्त्रैवेदिकं व्रतमहर्निशमादधानाः।
देवाः षडङ्गमपि वर्णिगणानुपेता-
नध्यापयन्तु निगमं मुनितुल्यवेषाः ॥२३॥

जिसमे समस्त वेद वेदागो के जानने वाले सर्वदा त्रैवेदिक व्रत के धारण करने वाले देवता लोग पास मे आये हुए ब्रह्मचारियो को, जिन्होंने कि मुनि जैसा वेष धारण किया हो, न्याय, वैशेषिक, मीमासा, योग, सांख्य, वेदात, शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, ज्योतिष, छन्द इन समस्त अग उपागों सहित ऋग, यजु, साम, अथर्व इन चारो वेदो को मय आयुर्वेद, धनुर्वेद, गाधर्ववेद, शिल्पवेद इन उपवेदो को दशोपनिषद् समेत पढाया करे ॥ २३ ॥

ते तत्र सम्यगधिगत्य समस्तदीक्षां
कुर्वन्तु तोयनिधिमध्यमुपागतेषु।

देशेषु वैदिकपथस्य शिवं प्रचारं
सर्वेषु तत्परमनेकदिगन्तरेषु ॥२४॥

वे ब्रह्मचारी गण उस गुरुकुल मे समस्त वेदवेदागो को पढ कर समुद्र के मध्य मे आये हुए तथा समुद्र के पार में बसे हुए देशदेशातर और द्वीप द्वीपातरो में वैदिक धर्म का पूर्ण रूप से प्रचार करना आरम्भ करे ॥ २४ ॥

केचित्त्रिशङ्कुतिलकां दिशमासमुद्र-
मन्ये कुबेरपरिगोपितरत्नकोषाम् ।
पौरन्दरीं तदितरे वरुणानुरक्ता-
मेके व्रजन्तु निगमाध्वविधानदक्षाः ॥२५॥

उनमे से कोई "त्रिशकुतिलका" अर्थात् दक्षिण दिशा में जाकर वैदिक धर्म का प्रचार करे, कोई "कुवेरपालित" अर्थात् उत्तर मे कोई "पौरदरी" अर्थात् पूर्व दिशा मे, कोई "वरुणलांछन" अर्थात् पश्चिम दिशा में सर्वत्र जा जा कर धर्म का प्रचार करे ॥ २५ ॥

वेदप्रचारनिधिना सकलं तदेतत्
कार्यं विधेयमुदयाय निधेरथास्य ।
देयं समस्तपुरुषैर्वसु ऋद्धिमात्तै-
रन्यैर्यथोचितपरिश्रमदानमेव ॥२६॥

यह समस्त कार्य वेदप्रचारनिधि के द्रव्य से होता रहे और वेदप्रचार-निधि के लिए समस्त आर्य पुरुष मिलकर द्रव्य एकत्र करें। उनमें जो जो धनी हो वे धन से सहायता करे और जो जो निर्धन हैं वे अपने शरीर से उसके लिए प्रयत्न करे ॥ २६ ॥

वेविद्यते यदिदमस्य धनं महर्षे-
र्यच्चापि पुस्तकविमुद्रणयन्त्रमास्ते ।
सर्वं महर्षिनिधिनामतएव लोके
संस्थाप्य तस्य परिवर्धनमत्र कार्यम् ॥२७॥

जो धन महर्षि दयानन्दसरस्वतीजी का विद्यमान हे या उनका 'वेदिक यत्रालय' है वह सब धन और यत्रालय महर्षि के नाम से ही चलता रहे और उस महर्षि निधि की वृद्धि के लिए सब महाशय प्रयत्न करें और उसकी रक्षा करते रहे ॥ २७ ॥

अल्पव्ययेन निखिलान्यपि पुस्तकानि
मुद्राप्य तत्र समये समये यथेष्टम् ।
देयानि दीनजनबोधकृते नियुक्तै-
रस्मिञ्जनैः पुरतएव महर्षिणाऽलम् ॥२८॥

इस कार्य मे पहले ही से नियुक्त किये हुए पुरुषो को यह उचित होगा कि वह महर्षि के नाम से जमा किये धन से उनके ही यत्रालय में उनकी बनाई हुई पुस्तके छपवा छपवा कर स्वल्प मूल्य पर सबके लिए वितीर्ण किया करे ॥ २८ ॥

बाल्ये वियोगमधिगत्य जनिप्रदात्रो-
र्येऽनाथतामुपगताः शिशवो जगत्याम् ।
ते सर्वएवमनुजैः परिपोषणीया-
योगीश्वरस्य कथने कृतपक्षपातैः ॥२९॥

और महर्षि के कथन में अधिक श्रद्धा रखने वाले पुरुषो को यह भी उचित होगा कि वह बाल्यावस्था मे माता तथा पिता से सदैव के लिए पृथक् हुए अनाथ बालको को एकत्र कर उनकी तन मन धन से सर्वदा रक्षा किया करे ॥ २९ ॥

निर्माय मुख्यनगरेषु धनव्ययेन
तेषां कृते भवनमाढ्यतमैर्निजेन ।
तन्नामको निधिरपि प्रतिवर्षमेव
संवर्धनीय इति तस्य मुनेरभीष्टम् ॥३०॥

बडे बडे नगरो में अपने अपने धन से उनके लिए स्थान बना कर उनमें उनको रक्खें और उनके नाम से एक निधि खोल कर उसको प्रति वर्ष

बढ़ावे और उस निधि के धन से ही उनका पालन किया करे । यह महर्षि का अत्यन्त अभीष्ट है ॥ ३० ॥

एवं कृते न यवनाः स्वमतेषु बाला-
न्नेष्यन्ति सूत्रपरिभूषितमानवानाम् ।
नापीशवीयमतवादपराः कदापि
द्रक्ष्यन्ति वेदविशदाध्वनि गच्छतस्तान् ३१

ऐसा करने पर शिखा सूत्र धारियों के जो अनाथ बालक है उनको उनसे विरुद्ध धर्म वाले कदापि न ले सके गे । न उनके धर्म का नाश होगा । साथ ही वह आर्य धर्म के मानने वाले और वैदिक मार्ग की रक्षा मे तत्पर बने रहेंगे ॥ ३१ ॥

ये केचिदत्र यवनैरथवेशवीयै-
र्लोभेन वा भयबलेन कृताः स्वधर्मे ।
शुद्धेर्बलेन किल ते पुनरार्यधर्मे
व्रात्याइव द्विजगणाः सुनिवेशनीयाः ॥३२॥

और जो ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र प्राचीन समय मे वैदिक धर्म के विरोधियो ने भय दे कर अथवा लोभ से अपने मत मे कर लिये हैं उनको व्रात्य समझ कर शुद्धि के द्वारा प्रायश्चित्त कराते हुए फिर आर्य धर्म में प्रवृत्त कराना चाहिए ॥ ३२ ॥

कालान्तरे विधिनिबोधितमार्गमेत्य
सर्वेपि ते जलतपोध्ययनप्रयोगात् ।
शुद्धिं गता निजनिजोचितवर्णभेदा-
न्नेष्यन्ति दीर्घतपसा न किमप्यसाध्यम् ३३

वैदिक धर्म के अनुसार चलते हुए वह सब कालातर में सत्यभाषण, विद्याभ्यास, तप के प्रभाव से अपने अपने वर्णो में, जिनमें कि वे पहले थे, मिलाये जाये गे क्योंकि बडी बडी कठिन तपश्चर्याओ के समक्ष कोई भी पदार्थ असाध्य नहीं है ॥ ३३ ॥

कन्योपयोगिपठनालयनिर्मितौ यद्-
द्रव्यं तथान्यदपि सर्वमिदं पुरेषु ।
सामाजिकव्ययत एव नियोजनीयं
कोषश्च सर्वपुरुषैः परिपूरणीयः ॥३४॥

कन्याओ के पठनार्थ जो नगरो मे विद्यालय या पाठशाला खोली जावे उनके लिए जो धन का व्यय किया जावे वह सब समाजो से ही किया जावे और सामाजिक कोष की पूर्ति के लिए तन, मन, धन से सबको परिश्रम करना चाहिए ॥ ३४ ॥

यावन्न सर्वनगरेषु सुताजनानां
पाठालयस्य परतः पठनस्य चापि ।
कश्चिद्भविष्यति नवो नियमो न ताव-
द्योगीश्वरस्य ऋणतो गतभारता स्यात् ३५

जब तक समस्त नगरों में कन्याओ के लिए पठन का प्रबध तथा विद्यालयो का प्रबन्ध न किया जायगा तब तक उस आनन्दकन्द जगदानन्द ऋषि दयानन्द के ऋण से आर्यजन विगतभार न होगे । यह ध्यान रखना चाहिए ॥ ३५ ॥

याः शैशवे परिणयादगमन्कुमार्यो-
वैधव्यमत्र सकलेपि पुनर्नियोगात् ।
इच्छानुरूपपतिसङ्गमनेन तासां
पूर्तिं समेतु मनसानुमतोभिलाषः ॥३६॥

बाल विवाह के प्रभाव से जो विधवाये आज करोडो की सख्या तक पहुँच गई हैं उनका अक्षतयोनित्व सिद्ध होने पर पुनर्विवाह तथा क्षतयोनित्व सिद्ध होने पर नियोग कराकर अनेक प्रकारो के पापो से उनको बचाना और आनन्दित कराना चाहिए ॥ ३६ ॥

आषोडशं न हि कदापि कुमारिकाणा-
मग्रे विधेयमिह वर्षमनार्यजुष्टम् ।

दानं न चापि वरदर्शनमन्तरैव
लोभेन नाप्यधिकमायुमुपेयुषेपि ॥३७॥

एक ओर ऐसा करते हुए दूसरी ओर उनका सोलह वर्ष से पहले कदापि विवाह न करना चाहिए। साथ ही वर के बिना ही देखे या लोभ के वश अधिक अवस्था वाले के साथ भी विवाह न करना चाहिए। यह मार्ग सर्वोत्तम माना गया है ॥ ३७ ॥

एवं कृते नहि भविष्यति कापि बाला
प्राणेश्वरेण रहिता न च कापि लोके।
दुष्टा न चापि कुलटा न वियोगतान्ता
नो पुत्रपौत्रधनधान्यसमृद्धिशून्या ॥३८॥

ऐसा कहने पर इस भारतवर्ष में कोई भी बाला अपने प्राणेश्वर से यौवनावस्था मे वियोग को प्राप्त न होगी, न कोई व्यभिचार-दोष से ग्रस्त होगी, न पुत्र-पौत्रो के सुख से वञ्चित रहेगी, न धन, धान्य, मान्य के बिना रहेगी ॥ ३८ ॥

नाशं गमिष्यति मदोद्धतदुष्टयूनां
सर्वोपि भूमिवलये स मनोभिलाषः।
पूर्तिं समेष्यति परोपकृतौ रतस्य
पक्षे शशीव चरमे स मुनेः प्रयासः ॥३९॥

जिन काशीनाथ आदि मूढ पुरुषो ने वैदिकमार्ग का नाश करना चाहा उनका सारा मनचीता फीका पडजायगा और संसार के उपकार में दत्त-चित्त महर्षि दयानन्द का मनोरथ शुक्लपक्ष में चन्द्रमा की तरह दिन दिन पूर्णता को प्राप्त होगा ॥ ३९ ॥

एवं निवेदयति वेदविदांवरिष्ठे
गोष्ठीपतौ नृपतिभिः परिपूरिता सा।
रम्या सभा तदुदितं सकलं यथाव-
द्योगीश्वरस्य कथनादुररीचकार ॥४०॥

इस प्रकार बुद्धिमानो में अग्रगण्य श्रीयुत सभापति की वक्तता समाप्त होने पर अनेक राजा महाराजो से भरीहुई वह सभा आनन्द को प्राप्त हुई और महर्षि के उद्देश्यानुकूल प्रधानजी की वक्तृता का अनुमोदन करने लगी ॥ ४० ॥

स्वीकृत्य सर्वमपि योगिवराभिलाष-
संपूरकं मुदमिता परिषत्तथा सा ।
चक्रे यथाल्पसमयेन दिगन्तरेषु
प्रादुर्बभूव निगमप्रथमः समाजः ॥४१॥

अनुमोदन करने पर महर्षि दयानन्द के उद्देश्यो की सर्वांश मे पूर्ति करने के लिए उस सभा ने ऐसा उद्योग किया कि थोडे ही दिनो म चारो दिशाओ मे वैदिक धर्म का स्थापन करनेवाला आर्यसमाज स्थापित हो गया ॥ ४१ ॥

कुत्रापि तद्गुरुकुलं भुवनप्रसिद्धं
कुत्राप्यनाथभवनं सदनं कृपायाः ।
कुत्रापि भारतसुतापठनोपयोगि-
विद्यालयस्य भवनं समकारि तैस्तैः ॥४२॥

कहीं पर ससार में विख्यात गुरुकुल का स्थापन होने लगा, कहीं पर दया का सदन अनाथभवन स्थापित होने लगा, कहीं पर कन्याओं के पठन योग्य विद्यालय स्थापित हुए। कहाँ तक कहे, सभी कार्य एक साथ वृद्धि को प्राप्त हुए ॥ ४२ ॥

सर्वं तदेतदिह यस्य दयामयस्य
कारुण्यतो जगति वृद्धिमुपैति नित्यम् ।
देवः स सर्वभुवनाधिपतिः करोतु
सिद्धानि तस्य सुमुनेः कथितानि नूनम् ॥४३॥

जिस करुणावरुणालय जगदीश्वर, जगदाधार, जगदन्तर्यामी की असीम कृपा से यह सब कुछ प्रति दिन वृद्धि को प्राप्त होता है वही समस्त भुवनो

का अधिपति परमेश्वर उन आनन्दकन्द जगदानन्द ऋषि दयानन्द के मनोरथो को पूर्ण करे । इस श्लोक में आया हुआ " सिद्ध " शब्द अन्तिम सर्ग मे मागलिक है, साथ ही ग्रन्थ देखने, सुनने, पढने वालो को सिद्ध सकल्प बनाने वाला है ॥ ४३ ॥

येनातिपुण्यपरिपाकवशादुपेतं
मुक्तिस्वरूपमखिलोपकृतौ विहाय ।
दत्तं समस्तमपि शर्म विषं निपीतं
सर्वाननन्तसुखमापयता यतेन ॥४४॥

जिन्होने अपने पूर्वोपार्जित पुण्य पु जो के वश प्राप्त हुए मुक्ति सुख को भारतवर्ष के उद्धार के लिए छोड कर स्वय कई वार विष खाया और समस्त जनों को वैदिक धर्मरूपी ईश्वराज्ञा पर चला कर अनन्त सुख का भागी बनाया ॥ ४४ ।

यो बन्धनैरविरतं भुवनं यथाव-
द्बद्धं विलोक्य सदयो जनतापशान्त्यै ।
लोके जनिं समधिगत्य चकार सर्वा-
न्निर्बन्धनान्निगममार्गनिबोधनेन ॥४५॥

दया के अद्वितीय भडार जो महर्षि इस ससार को अनेक मतमतातरों के बधनों में चारो ओर से फँसा देखकर उनके बधनो को काटने के लिए स्वय असमय में गर्भरूप बधन में पडकर वैदिक सिद्धातों को बता, सबको मुक्तबधन कर गये ॥ ४५ ॥

नानामतप्रथनकारणमत्र योगी
यो योगसाधनवशेन विलोक्य नूनम् ।
भाग्योदयेन भुवनोदरभूमिभाजां
तन्नाशनेऽर्पितसमस्तमतिर्बभूव ॥४६॥

जो महर्षि अनेक परिश्रमो द्वारा प्राप्त किये योग बल से समस्त मतो के फैलाने का जो मूल कारण अविद्या है उसको पूर्णरूप से जानकर भारतवर्ष में उत्पन्न हुए मनुष्यो के भाग्योदय से उस अविद्या के नाश में दत्त चित्त हुए ॥ ४६ ॥

वेदत्रयीपठनतो विमुखान्नितान्त-
मज्ञानकालकवलीकृतसर्वदेहान् ।
यो भूतलद्विजगणानवलोक्य तेषां
पूर्णोदयाय निजजीवनमप्यदात्त् ॥४७॥

जो महर्षि वेदो के पढने से सर्वथा विमुख इसीलिए अज्ञान रूप मृत्यु से सर्वथा घिरे हुए भारतवर्ष के द्विजगणो को देखकर पूर्णरूप से उनके दुबारा उद्धार के लिए अपना जीवन तक सादर अर्पण कर गये ॥ ४७ ॥

दीनां वनेषु मतवादभयेन लीना-
माकृष्टमञ्जुवसनामदयं यथावत् ।
पौराणिकैरहरहो वचसामधीशां
तां द्रौपदीमिव पुनः प्रथितामकार्षीत् ॥४८॥

जो महर्षि मतवादो के भय से दीन इसीलिए वनो में छिपी हुई निर्दयता पूर्वक पौराणिको के द्वारा उतारे हुए सुन्दर वस्त्र वाली द्रौपदी जैसी सरस्वती को फिर दुबारा उच्चपद पर पहुँचा कर उसको आनन्दित बना गये ॥ ४८ ॥

सर्वांशएव दशलक्षणकं विनष्टं
यो धर्ममीक्ष्य करुणावरुणालयस्तम् ।
प्रत्युज्जिजीवयिषुरात्मसमर्प्पणेन
सर्वानयोजयदमुष्य समेधनाय ॥४९॥

जो करुणावरुणालय महर्षि दयानन्द दश लक्षण वाले धर्म को सर्वांश मे विनष्ट होता देखकर उसके फिर दुबारा जिलाने के लिए न केवल अपने आत्म समर्पण से किन्तु समस्त भद्रजनो के आत्मसमर्पण द्वारा पूरा पूरा प्रयत्न कर गये ॥ ४९ ॥

लोपङ्गतामहह भारतवर्षमध्या-
देकान्तमेकविधभोजनवासशैलीम् ।

मैत्रीमथोऽव्यवहृतिं मतवादवेगै-
र्यः पूर्ववत्पुनरिह प्रथयाम्बभूव ॥५०॥

अनेक मतवादो के भेद से नष्ट हुई जिस प्राचीन शैली को सर्वांश में भारतवर्ष से जाती देखकर जिस ऋषि ने फिर दुबारा उसको यहाँ रखने के लिए एक भाषा, एक इष्टदेव, एक भोजन, एक व्यवहार, सर्वांश मे प्रवृत्त कर दिये ॥ ५० ॥

द्वीपान्तरेष्वपि महर्षिवशात्प्रसिद्धं
सर्वोत्तमं जगति भारतवर्षमेतम् ।
नानामतानुगमनैर्विलयं प्रयातं
योलं विलोक्य करुणोद्गमनादरोदीत् ॥५१॥

जो महर्षि इस भारतवर्ष को अपने यहाँ उत्पन्न हुए अनेक पतञ्जलि आदि ऋषियो के कारण सर्वत्र प्रसिद्ध होने पर भी आज मतो की अनेकता से नष्ट होता देखकर हृदय में उत्पन्न हुई करुणा के वश होकर पश्चात्ताप करते रहे ॥ ५१ ॥

हे निर्जराभय ! निरामय ! दीनबन्धो !
देवाधिदेव ! दनुजान्तक ! देववंद्य ! ।
दिव्यस्वभाव ! लघु भारतवर्षमेनं
रक्षेति योऽनवरतं वदनादवादीत् ॥५२॥

जो महर्षि इस भारत को डूबता देख, हे परमात्मन् ! हे देवो के देव ! हे दनुजातक ! हे दीनबन्धो ! हे करुणासिन्धो ! हे अजर ! हे अमर ! हे अभय ! हे अजन्मन् ! इसकी रक्षा कीजिए यही अपने मुख से सर्वदा कहते रहे ॥ ५२ ॥

तस्योदयात्प्रभृति भारतवर्षमध्ये
यद्यच्चरित्रमभवत्सकलं तदत्र ।

योगीश्वरस्य मरणावधि सभ्यवर्य-
संवीक्षणाय समधात्स कवीन्द्रवर्यः ॥५३॥

उन योगिराज महर्षि दयानन्दसरस्वतीजी महाराज ने जन्म से लेकर स्वर्गारोहण पर्यंत इस भारतवर्ष मे जो जो कार्य, जहाँ जहाँ पर, जितने जितने दिन, जिस जिस प्रकार, जब जब किये वह सबके सब इस महाकाव्य में समस्त सभ्य पुरुषो के अवलोकनार्थ उस महाकवि ने वर्णन किये ॥ ५३ ॥

विश्वोदयस्थितिविनाशकरः स देवो-
नानामनोरथपथानुगतां स्वशक्तिम् ।
सत्वप्रधानपरमाणुगतां विधाय
यद्वंशमस्य जगतः पुरतो व्यधत्त ॥५४॥

जिसके व श को ससार का उत्पादन एव पालन तथा विनाश करने वाले परमेश्वर ने मनोरथ रूप मार्गो में दौडने वाली अनेक अपनी शक्तियें को सत्वगुण प्रधान परमाणुओ मे प्रवृत्त कर इस जगत् के निर्माण से पहले ही बना दिया ॥ ५४ ॥

नित्यं यमेषु नियमेषु निवद्धभावं
वेदोदरस्थितपदार्थविचारदक्षम् ।
लोकातिशायिनि तपस्यधिकं निविष्टं
दृष्ट्वा सनाढ्य इति यं मुदितो बभाषे ५५

यम तथा नियमो के पालन में दत्तचित्त एव वेदों में भरे हुए पदार्थों के विचारने में प्रवीण और लोकोत्तर तपश्चर्या मे सर्वदा लगे हुए जिस व श को परमात्मा ने स्वय सनाढ्य शब्द के द्वारा सबोधित किया था [सनस्तपसि वेदे च सत्वे विद्यानुभावयोरिति कोष.] ॥ ५५ ॥

नानाध्वरानुगतहोतृगणाधिपत्ये
पूर्वं निवेशितपदो निखिलादितेयैः ।

सर्वाधिकस्वहविभागविभोगपीनो
यद्वंशभूषणमलं समभूत्स वेधाः ॥५६॥

अनेक यज्ञो में होताओ ने प्रधान पदवी को पहुँचाया हुआ, समस्त देवो ने सबसे प्रथम यज्ञ भागो का भोक्ता माना हुआ, इसी लिए सबसे अधिक यज्ञ भाग के द्वारा अत्यन्त पुष्ट ब्रह्मा, जिस वंश का सबसे प्रथम भूषण बन गया था ॥ ५६ ॥

सत्वानुगेन परमाणुगणेन जुष्टं
सत्वोन्नतं हृदि विचार्य यदीयवंशम् ।
सत्वे निविष्टमतयो यमयोगयुक्ताः
सर्वे समन्वयुरहो सनकादयोपि ॥५७॥

सत्वगुण प्रधान परमाणुओ के द्वारा बनाये हुए इसीलिए सत्वगुण प्रधान जिस सनाढ्यवंश को देखकर सत्वगुण में सर्वदा तत्पर तथा यम, नियम, योग आदि में लवलीन, सनक, सनन्दन, सनातन, सनत्कुमार आदि बडे बडे ऋषि, मुनि, महर्षि अपना प्रभव मानते थे ॥ ५७ ॥

नान्यत्र कुत्रचिदपि स्वमनोनुकूलं
रम्यं निवाससदनं भवितेति मत्वा ।
लोके समस्तविबुधैरनिशं नमस्या
यद्वंशमेव समगान्नु सरस्वती सा ॥५८॥

इस सनाढ्यवंश के अतिरिक्त अन्यत्र कही भी अपनी इच्छा के अनुकूल सुन्दर तथा पवित्र निवास भवन नहीं प्राप्त होगा। ऐसा मन में विचार कर जिस सनाढ्यवंश को संसार में प्रति दिन विद्वानो के द्वारा वंदनीय श्रीमती सरस्वती भी अपना निवासस्थान मानने लगी ॥ ५८ ॥

तस्मिन्नभूदमरवन्द्यसनाढ्यवंशे
सूरिर्जवाहरइति प्रथितःस्वनामा ।
विद्याबलेन विनयेन नयेन येन
विस्तारिता जगति कापि नवीनकीर्तिः ॥५९॥

देवताओ द्वारा वदना करने योग्य उस सनाढ्यवंश मे एक अन्वर्थ नामक श्रीमान् पण्डितराज जवाहर हुए जिन्होने अपनी विद्या एव विनय आदि गुणो के द्वारा अपनी कीर्ति को सर्वत्र विस्तृत कर दिया था [जवेन आसमतात्कीर्तिं हरति प्रापयतीति जवाहर इत्यन्वर्थमभिधानम्] ॥ ५९ ॥

यद्वंशवासकरणाय निजं विधाता
गङ्गोदरस्थितमनेकगुणैरुपेतम् ।
यज्ञोपयोगि सुपलाशकुशावकीर्ण
तच्चारु चन्द्रनगरं समदाच्चिरत्नम् ॥६०॥

जिनके निवास करने के लिए अनेक गुण पूर्ण गगानदी के मध्य भाग मे बनाया हुआ, यज्ञों के उपयोगी, अनेक पलाशकुश आदि पदार्थों से अलकृत, चन्द्रनगर नामक अपने निवास स्थान को ही विधाता ने अर्पण कर दिया था। इसीलिए यह अति प्राचीन भी है ॥ ६० ॥

तस्मिन्ननेन वसता विबुधेन काले
भार्यां विवाहविधिना समवाप्य तस्याम् ।
सोलम्भि विश्वविदितस्तनयोऽचिरेण
यन्नामसुन्दरमकारि भगीरथेति ॥६१॥

उस चन्द्रनगर में निवास करते हुए पण्डित जवाहरजी ने विद्याध्ययन के उपरांत वैदिक रीति से द्वितीय आश्रम में प्रविष्ट होकर वह जगद्विख्यात समस्त गुणो का पात्र पुत्र प्राप्त किया जिसका शुभनाम पण्डित भागीरथ शर्म्मा था और जो अत्यन्त विद्वान् थे ॥ ६१ ॥

सम्प्राप्तसर्वविभवोथ भगीरथोपि
विद्याबलेन समये कृतदारकृत्यः ।
पुत्रं जगत्त्रयविभूषणमाप टीका-
रामाभिधं मुनिमहर्षिसमानकृत्यम् ॥६२॥

काल क्रम से समस्त विद्या आदि गुणो को प्राप्त कर पण्डित भगीरथजी ने भी गृहस्थाश्रम में पदार्पण करके तीनो लोकों के लिए भूषण समान मुनि

एव महर्षियो के तुल्य आचरण रखने वाले श्रीमान् पण्डित टीकारामजी को प्राप्त किया, जो कि मेरे पिताजी थे ॥ ६२ ॥

सोपि स्वबुद्धिविभवेन सुबुद्धिनाम्नीं
भार्यामवाप्य समये ससुबोधमेकम् ।
मामात्मजं शिवकरीं तनयां च लेभे
यन्नाम शान्तिरिति सर्वजगत्प्रसिद्धम् ॥६३॥

उन पण्डित टीकारामजी ने भी ब्रह्मचर्यपूर्वक विद्याध्ययन कर छत्तीस वर्ष के उपरात गृहस्थाश्रम को प्राप्त कर श्रीमती सुबुद्धिदेवी को, जो कि मेरी माता हैं और इस समय विद्यमान हैं, प्राप्त किया और सुबोधचन्द्र शर्म्मा के सहित मुझ अखिलानन्दशर्म्मा को तथा शाति नामक मेरी बहिन को भी प्राप्त किया ॥ ६३ ॥

सोऽहं मुनेश्चरितमस्य जगत्प्रसिद्धं
मत्वा विनोदयितुमात्मगिरं प्रसन्नाम ।
नानागुणैरुपचितं नवभावगर्भं
नव्यं च भव्यमपि काव्यमकार्षमेतत् ॥६४॥

वह मैं अखिलानन्दशर्म्मा समस्त लोकों में विख्यात महर्षि दयानन्द सरस्वती महाराज के जीवन चरित्र के वर्णन द्वारा अपनी प्रसन्न वाणी को आनन्दित एव सफल करने के लिए अनेक गुणयुक्त तथा नवीन नवीन भावों से अभिराम इस 'दयानन्ददिग्विजय महाकाव्य, को बना कर सहृदय पाठको के लिए अर्पण करता हूँ ॥ ६४ ॥

ये केपि मद्रचितकाव्यमुदारचित्ताः
सर्वेश्वरे निरुपमे विनिवेश्य भक्तिम् ।
द्रक्ष्यन्ति नैव मतजालसमाकुलास्ते-
यास्यन्ति दुःखमनिशं सुखमेव तेषाम् ॥६५॥

जो कोई पुरुष उदारचित्त निराकार परमात्मा में विश्वास एवं भक्ति रख कर मेरे बनाये हुए इस दयानन्ददिग्विजय महाकाव्य, को देखेगे वे

कदापि अनेक मतमतान्तर रूप जालो में फस कर कष्ट नहीं पायेगे । ईश्वर उनके लिए सर्वदा आनन्द ही आनन्द करेगे । ग्रन्थ के अत में यह उत्तम आशीर्वाद है ॥ ६५ ॥

इति परमदयालोर्यस्य साहाय्यमेत्य
व्यरचि महदपीदं काव्यरत्नं मयारम् ।
निखिलजगदधीशः सोद्य मे वन्दिताङ्घ्रि-
र्दिशतु सकलभावैरुत्तमानन्दमित्योऽम् ॥६६॥

इस प्रकार जिस परम दयालु परमेश्वर की सहायता प्राप्त कर [२३४८] पद्यो से भरा हुआ इसीलिए समस्त काव्यो से अधिक पद्यवाला यह दयानन्ददिग्विजय महाकाव्य शीघ्र ही मैने समाप्त कर दिया । वह समस्त लोको का स्वामी परमेश्वर समस्त भावो से आज मुझको उत्तम आनन्द प्रदान करे । यही एक प्रार्थना है । सर्ग के अत मे [इत्योम्] शब्द सबके लिए कल्याणकारक है ॥ ६६ ॥

इति श्रीमदखिलानन्दशर्म्मकृतौ सतिलके दयानन्ददिग्विजये महाकाव्ये
हर्षोदयोनामैकविंशतितम सर्ग

मार्ग कृ० १० र० स० १९६३

दयानन्ददिग्विजयान्तर्गत चित्र-काव्योद्धारः

सर्वतोगमनबन्धः

सर्ग १४ श्लोक १९०

न	ते	न	ते	ते	न	ते	न
ते	न	ते	न	न	ते	न	ते
न	ते	न	ये	ये	न	ते	न
ते	न	ये	न	न	ये	न	ते
ते	न	ये	न	न	ये	न	ते
न	ते	न	ये	ये	न	ते	न
ते	न	ते	न	न	ते	न	ते
न	ते	न	ते	ते	न	ते	न

चित्र-सख्या १

षोडशदलकमलबन्धः

सर्ग० १४ श्लोकः १९४

चित्र सख्या २

छत्रबन्धः

सर्गः १४ श्लोकः १९६

चित्र-संख्या ६

हारबन्धः

सर्गः १४ श्लोक ३०१

चित्र-संख्या ५

चक्रबन्धः

सर्गः १८ श्लोकः ९४

चित्र-सख्या ६

चतुर्दलकमलबन्धः

सर्ग १९ श्लोक १६४

स

चित्र-सख्या ७

व्योमबन्धः

सर्गः १९ श्लोकः २०८

चित्र-संख्या ८

त्रुटिपूर्तिः

१—प्रथमसर्गस्थे तृतीयपद्ये 'धाम्न स्मरणमित्यत्र' शर्परे खरि वा विसर्ग-लोप" इति वार्तिकेन विसर्गलोपाभाव ।

२—प्रथमसर्गस्थे त्रयोदशे पद्ये 'निरर्थकामित्यत्र' ' प्रत्ययस्थात्के" तिसूत्र-'असुप इति' पाठाद् बहुपरिव्राजका नगरीतिवन्नेत्त्वम् ।

३—प्रथमसर्गस्थेऽष्टादशे पद्ये 'निनीषव' इति क्रियाया "स्वस्माद्रमिति" शेषाध्याहारेण साङ्गत्यम् ।

४—प्रथमसर्गस्थे पञ्चविंशतितमे पद्ये 'विन्यसन्' इति क्रियापद "असगताविं" त्यस्य भौवादिकस्य बोध्यम् । धातूनामनेकार्थत्वात् स्थापयन्निति तदर्थ ।

५—प्रथमसर्गस्थे द्वात्रिंशत्तमे पद्ये 'पूर्णवर्णना' इत्यस्य स्थाने पूर्णवर्णना इति पठनीयम् ।

६—प्रथमसर्गस्थे चतुस्त्रिंशत्तमे पद्ये 'आलभन्निति' क्रियाया "अनुदात्तेत्त्वलक्षणमत्मानेपदमनित्य मत्वा प्रयोगो मन्तव्यः ।

७—प्रथमसर्गस्थे षट्त्रिंशत्तमे पद्ये 'दयितेक्षणाङ्कै' इत्येकमेव पदमविच्छेदेन पठनीयम् ।

८—द्वितीयसर्गस्थेऽष्टाविंशतितमे पद्ये सागरगत कमलवर्णन "सरिदुदधिगत पङ्कजेन्दीवरादीति' दर्पणोक्तकविसमयप्रसिध्यनुसारेण विहितम् ।

९—षष्ठसर्गस्थे एकोनविंशतितमे पद्ये 'बोधयञ्जनानि' त्यस्य स्थाने "बोधयञ्जनानिति" पठनीयम् ।

१०—षष्ठसर्गस्थेऽष्टाशीतितमे पद्ये 'ययाचे' इतिद्विकर्मकधातो॰ प्रयोगेपि मण्डलतइति पञ्चम्यन्तपदप्रयोग॰ "कारकञ्चेद्विजानीयाद्या यां मन्येत सा भवेदिति" महाभाष्यनियमाद्विवक्षितत्त्वाच्च कारकस्य'याचते पौरवात्कम्बलमितिवत् ।

११—सप्तमसर्गस्थपञ्चत्रिंशत्तमपद्यटीकाया 'भागलपुरस्य' स्थाने "वर्धमाननगरम्" पठनीयम् ।

१२—एकादशसर्गान्तर्गते षोडशे पद्ये 'समागते' इत्यस्य स्थाने "समागतेः" इति पठनीयम् ।

१३—एकादशसर्गगते एकोनचत्वारिंशत्तमे पद्ये 'स्थानगतो' इत्यस्य स्थाने "स्थानगतैा" इति पठनीयम् ।

१४—चतुर्दशसर्गान्तर्गतचित्रप्रकरणे 'गामूत्रिकाबन्ध' इत्यस्य स्थाने "गैामूत्रिकाबन्ध" इति पठनीयम् ।

१५—विंशतितमे सर्गे षट्पञ्चाशत्तमे पद्ये 'पूर्णवैधव इत्यस्य स्थाने "चन्द्रमण्डल" इति पठनीयम् ।

१६—एकविंशतितमे सर्गे त्रिषष्ठितमे पद्ये 'नाम्नीमिति' पद "अनउपधालोपिनोन्यतरस्यामिति" सूत्रनियमेन विकल्पविहिते ङीपि बोध्यम् ।

(क) शोभार्थको 'विभ्रमशब्दः' शब्दसमूहवाची, 'विस्तर' शब्दः सरोवरवाची, 'सरस्वच्छब्दो' मध्यवाची, तथाकारान्त 'अन्तर'शब्दो मार्गवाच्यकारान्तः 'पथशब्दो' यज्ञवाची, पुंल्लिङ्गोऽध्वरशब्दश्चात्र महाकाव्ये 'शब्दस्तोममहानिधि' कोषप्रामाण्यवशात्तत्र तत्र विन्यस्त इतिबोध्यम् ।

(ख) एतदतिरिक्तस्थले यदि कुत्रचिन्मात्रादिभङ्गवत्पदमुपलभ्येत तदपि विद्वद्भिर्विधाय तच्छुद्धिं पठनीय यतस्तन्मुद्रणसमये तदुपरिदत्तमात्राविचलनमभूदिति निवेदयते । (ग्रन्थकारः)

यन्त्रालय-प्रशस्ति.

भवनैरुन्नतयूपैर्विद्युद्दीपैरनेकविधभूपै ।
स्वायत्तीकृतसुषमा भुवनेस्मिञ्जयति किल सा पू ॥ १ ॥

उन्नतस्तम्भ युक्त, अनेक विशाल भवनो से सुन्दर विद्युत् के चमचमाते प्रदीपो से चमकती हुई, अनेक राजा-महाराजाओ से प्रतिष्ठित, इसीलिए परम शोभा को अपने वश मे करनेवाली इस लोक में एक प्रयाग नगरी है ॥ १ ॥

यस्यामनेकगुणगौरवपूर्णभावा ब्रह्मर्षयो गुणवशादवसन्पुरा ते ।
यानीश्वरी भगवती वचसामधीशा लावण्यवद्धृदयमण्डनतामनैषीत् ॥२॥

जिस प्रयाग नगरी में अनेक गुणो के गौरव से पूर्ण थे भाव जिन के ऐसे भरद्वाज आदि ब्रह्मर्षि पहले रहा करते थे। जिन ब्रह्मर्षियो को सरस्वती देवी अपने हृदय का भूषण मानती थी ॥ २ ॥

तस्यामनेकसुविशालगृह समन्ताद्यन्त्रालयो हसितदेवपुरप्रतिष्ठ ।
किं नास्ति यत्र बहवो विबुधा सुखेन सशोधयन्ति रचयन्ति च पुस्तकानि ॥

उस प्रयाग नगरी में एक बडा भारी इडियन प्रेस, है जो भारतवर्ष में अद्वितीय है। वह अति सुन्दर होने पर भी अनेक चित्रो से विचित्र है तथा जिसमें बालरामायण आदि अनेक ग्रन्थों के रचयिता एव सशोधक—
(हापुर जिला मेरठ निवासी श्री पण्डित श्रीरामजीशर्म्माजी के सुपुत्र)—

पण्डित रामजीलालशर्म्मा

तथा—(धनमऊ जिला मैनपुरी निवासी श्रीपण्डित सेवकरामशर्म्माजी द्विवेदी के सुपुत्र)—

पण्डित सुन्दरलालशर्म्मा, द्विवेदी

आदि अनेक विद्वान् नियत हैं ॥ ३ ॥

दृक्पातमात्रपरिवर्जितवेङ्कटेशे नीचैर्गुणेन कृतनिर्णयसागरेपि ।
यस्मिन्नशेषसुषमाविशदे महीपा मुद्रापयन्त्यविरत निजपुस्तकौघान ॥४॥

अपनी सुन्दरता के समक्ष जिसने भारतवर्ष के समस्त यन्त्रालयों को मन्द कर दिया ऐसे इडियन प्रेस, में राजा, महाराजाओ के अनेक पुस्तक निरन्तर प्रकाशित होते रहते है। वास्तव में यह प्रेस भारत का एक भूषण इसीलिए अद्वितीय है ॥ ४ ॥

भूमण्डलाभरणभूतगुणेत्रयन्त्रे वर्णैर्विचित्रयति कोपि नवीनचित्रम्।
कश्चिद्विलोकयति कार्यचय तदन्यो नव्यान्निबोधयति योजयति प्रवीणान् ॥५

इस इडियन प्रेस, मे जर्मन से आया हुआ कोई अनेक रङ्गो से चित्र (फोटो) बना रहा है, कोई उसको देख रहा है, कोई किसी को कुछ काम सिखा रहा है, कोई चतुर पुरुषो को काम मे लगा रहा है। इस प्रकार इसमें काम होता रहता है ॥ ५ ॥

यन्त्रालय स किल पुस्तकरत्नमेतन्मत्वा जनोन्नतिकर गुणपारवश्यात्।
सर्वोत्तमेन नववर्णचयेन तूर्णं प्राकाश्यमानयदनेकविचित्रचित्रम् ॥ ६ ॥

उस यन्त्रालय ने इस "दयानन्ददिग्विजयमहाकाव्य" को ग्रन्थो में रत्न एव मनुष्यो के लिए लाभदायक समझ कर गुण की परवशता से सर्वोत्तम टाइप में मुद्रित एव अनेक चित्रो से अलङ्कृत करके प्रकाशित किया है ॥ ६ ॥

सर्वे महोदयवरास्तदिद प्रसादादादाय पुस्तकमध कृतपद्मपत्रे।
नेत्रे पवित्रयितुमादरणीयशोभ पश्यन्तु सत्वरमद कथन मदीयम् ॥७॥

इसलिए सब महोदयगण प्रसन्नता-पूर्वक इस पुस्तक को ले कर कमलों की शोभा को मात करनेवाले अपने नयन-कमलो को कृतार्थ एव पवित्र करने के लिए शीघ्र ही पढे। यही मेरा अन्तिम निवेदन है ॥ ७ ॥

ग्रन्थकार

सहायक-सूची

रायबहादुर पण्डित परमानन्दजी चतुर्वेदी, बी० ए०, दीवान स्टेट, झालावाड़।

महाराणा हीरासिंहजी, के० सी० एस० आई० महाराजा धामी, शिमला।

श्रीमान् सेठ जयनारायणजी, हेरिसनरोड, बड़ा बाजार, कलकत्ता।

आर्य्य-मित्र-मण्डल के समस्त सभासद्, कटरानील, देहली।

श्रीयुत महाराजा अमरसिंहजी, स्टेट नामली, रतलाम।

श्रीयुत प्रेमप्रकाशजी, प्राईवेट सेक्रेटरी, महाराजा नामली।

आर्य्यसमाज आगरे के सभासद्, हींग की मण्डी, आगरा।

श्रीमान् सेठ शिवसहायजी, नीमच।

श्रीयुत मदनलालजी डाक्टर, कुचामनरोड, जोधपुर।

श्रीयुत गोविन्दसिंहजी मनसबदार पातूर, डिस्ट्रिक्ट आकोला, विदर्भ।

श्रीमान् अवधविहारीलालजी आर्य्य, दीवान स्टेट थमरवाँ, हरदोई।

श्रीयुत मक्खनलालजी, डाइरेक्टर, स्टेट धार।

श्रीपण्डित प्यारेलालजी स्टेशन मास्टर, पटुण्डा, एन० एम० आर०।

श्रीपण्डित कुँवरलालजी स्टेशनमास्टर, मालाखेड़ा, आर० एम० आर०।

श्रीयुत वनवारीलालजी सबरजिस्ट्रार, जजो, सहारनपुर।

आर्य्यसमाज के कतिपय सभासद्, लुधियाना, पञ्जाब।

राय गिरिधारीलालजी, प्रधान, चावड़ीसमाज, देहली।

महाराजा हनुमनरामजी, स्टेट ल्वान, जयपुर।

श्रीहीरालालजी प्रधान, आर्य्यसमाज, भरुच।

सेठ माङ्गीलालजीगुप्त, कविकिङ्कर, नीमच।

इन उपर्युक्त महानुभावों को मैं हार्दिक धन्यवाद देता हुआ सब महाशयों का कृतज्ञ हूँ।

ग्रन्थकार